10. *Lobularia syn. Alyssum* (Used medicinally for gonorrhoea)

D. Ornamental plants (सुन्दरता प्रदान करने वाले पौधे)

11. *Matthiola* (मेटीथियोला)
12. *Lobularia* (लोबोलेरिया)
13. *Cheiranthus* (Wall flower) (केरीएन्थस)
14. *Nasturtium* (Water cress) (नस्टरशियम)

प्रश्न 39—क्रूसीफरी कुल के दो पौधों का वनस्पतिक नाम तथा आर्थिक महत्ता लिखिये। See Q. 37 (*Lucknow 1981*)

प्रश्न 40—आप कुल पैपवरेसी व क्रूसीफेरी में किस प्रकार भिन्नता करेंगे ?

How will you distinguish between Family Papaveraceae and Cruciferae ?

(*Kanpur 80*, *Gorakhpur 81*, *Allahabad 77*, *Bundelkhand 87*)

पैपवरेसी (Papaveraceae)	क्रूसीफेरी (Cruciferae)
1. इनमें पत्ती विभाजित (divided) अथवा संयुक्त (compound) होते हैं ।	1. पत्ती simple अथवा विभाजित (divided) होती है ।
2. पुष्प एकल (solitary) होते हैं ।	2. पुष्प रेसीम अथवा कोरीम्बो रेसीम में व्यवस्थित होते हैं ।
3. वाह्यदल (sepal) प्राय: 2 व शीघ्र गिरने वाले (caducous) होते हैं ।	3 बाह्य दल (sepals) चार होते हैं ।
4. दल (petals) चार अथवा अधिक व शीघ्र गिरने वाले होते हैं ।	4. दल (petals) चार होते हैं ।
5. पुंकेसर (Stamen) प्राय: अनेक (many) होते हैं ।	5. प्राय: छः पुंकेसर (stamen) होते हैं तथा tetradynamous होते हैं ।
6. फल केप्सूल या नट capsule or nut है ।	6. फल सिलीकुआ (siliqua) अथवा सिलीकुला (silicula) होता है ।

प्रश्न 41—रेफेनस सेटाइवस किस कुल का सदस्य है । इसके विशिष्ट लक्षण का वर्णन करो ।

Refer Raphanus sativus to its family and give its distinguishing features. (*Lucknow 78*)

रेफेनस सेटाइवस (Raphanus sativus) (मूली) क्रूसीफेरी (cruciferae) कुल का सदस्य है । इसके विशिष्ट लक्षणों के लिए कृपया प्रश्न 37 देखें ।

प्रश्न 42—ऐसे कुछ व पौधों का नाम बताइये जिसमें Tetradynamous stamen पाये जाते हैं । Refer Q. 37 (*Raj. 78*)

कुल 6—कैपैरिडेसी

Family 6—Capparidaceae (Capparis family)

प्रश्न 43—कुल कैपैरीडेसी का संक्षिप्त एवं सचित्र वर्णन करो । इसके आर्थिक महत्व पर भी टिप्पणी लिखो ।

Write an illustrated and concise account of the family capparidaceae. Add a brief note on its economie importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी		एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स		डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली		लिग्नोसी (Lignosae)
थैलेमीफ्लोरी	Or	केपरीडेल्स
पेराइटेल्स		**केपरीडेसी**
केपरीडेसी		**(Capparidaceae)**
(Capparidaceae)		(हचिन्सन के अनुसार)
(बैन्थम व हुकर के अनुसार)		

वितरण (Distribution) :

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 45 वंश (genera) व 700 जातियाँ (species) हैं। इस काल के सदस्य प्रायः संसार के ऊष्ण (tropical) शुष्क (dry) क्षेत्रों (regions) में पाये जाते हैं। इस कुल के सदस्य प्रायः शुष्कोद्भिद लक्षणों (xerophytic characters) वाले होते हैं। इस कुल के काफी सदस्य भारतवर्ष में बहुतायत से पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—इस कुल के सदस्य शाक (herbs) क्षुप (shrubs) अथवा वृक्ष (tree) हो सकते हैं। **गाइनेन्ड्राफासिस पेन्टाफिला** (Gynandropsis pentaphylla) एकवर्षीय शाक (Annual herb) : **कैपेरिस एफिला** (Capparis aphylia) पत्तीविहीन (leafless) क्षुप (shrubs) तथा **क्रैटीवा नरवाला** (Crataeva nurvala) छोटा वृक्ष (tree) है। कुछ पौधे **मीरुआ** (Maerua) आरोही (climber) भी होते हैं।



A FLOWERING BRANCH
(CLEOME)

Fig. 16—Cleome gynandra (Family capparidaceae) (contd)


STIGMA
OVULE
OVARY
GYNOPHORE
STAMEN
ANDROPHORE
PETAL
SEPAL
THALAMUS
PEDICEL
STIGMA
OVARY
GYNOPHORE
ANTHER LOBE
CONNECTIVE
FILAMENT

L. S. FLOWER GYNOECIUM STAMENS

(CLEOME GYNANDRA)


OVARY WALL
HAIRS
LOCULE
OVULES
PLACENTA

T. S. OVARY

FLORAL DIAGRAM

(CLEOME GYNANDPA)

Fig. 16—Cleome gynadra (Family capparidaceae)

जड़ (Root)—जड़ इनमें मुख्यतः मूसल (tap) व शाखित होती है।

स्तम्भ (Stem)—तना प्रायः ऊर्ध्व (erect) शाखित (branched).


FLOWER
FRUIT
STEM
LEAF
A flowering twig
STIGMA
STYLE
PETAL
OVARY
OVULES
SEPAL
THALAMUS
PEDICEL
L. S. Flower
ANTHER LOBE
FILAMENT
Stamen
STIGMA
STYLE
OVARY
Gynoeciu
OVARY WALL
OVULES
LOCULE
PLACENTA
T. S. ovary
Cleome
Floral Diagram

Fig. 17—Cleome Viscosa (Family Capparidaceae)

ठोस (Solid), बेलनाकार (cylinderical) शाकीय (herbaceous) अथवा कोष्ठीय (woody) होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—पत्तियाँ प्रायः (simple) अथवा पाणिवत संयुक्त (palmately compound), एकान्तर (alternate) तथा अनुपत्र युक्त (stipulate) अथवा अनुपत्ररहित (exstipulate) हैं। **कैपेरिस एफिल** (Caparis aphylla) आदि में पत्तियाँ बहुत कम विकसित अथवा अनुपस्थित होती हैं। **कैपेरिस स्पाइनोस** (Capparis spinosa) आदि के अनुपत्र (Stipules) शूलीय (spiny) हो जाते हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—

पुष्पक्रम प्राय रेसीमोस (racemose) प्रकार का होता है। **किल्ओम** (cleome), **गायनेन्ड्रपसिस** (Gyoandropsis) आदि में रेसीम (raceme) पुष्पक्रम होता है, **मीरुआ** (maerua) **कैपेरिस डेसीडुआ** (Capparis decidua) में कोरीम्ब (cerymb) पुष्पक्रम होता है। **क्रेटिवा नरवाला** (Crataeva nurvala) में पुष्पक्रम कोरिम्बोस गुच्छा (corymbose clusters) प्रकार का होता है। **कैपेरिस सिपेरिआ** (Capparis sepiaria) में अम्बेल (umbel) पुष्पक्रम होता है। कभी-कभी पुष्प एकल (solitary) हो सकते हैं जैसे **निबुहरिया** (Niebuhria) में।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्रायः पूर्ण (complete) द्विलिंगी (hermaphrodite), सवृन्त (pedecillate), एक्टीनोमोरफिक कभी-कभी जाइगोमोर्फिक (zygomorphic) [उदाहरण *capparis aphylla*], हाइपोगाइन्स (hypogynous) एवं सहपत्री (bracteate) होते हैं।

बाह्य दल पुंज (Calyx)—बाह्यदल (sepals) प्रायः चार होते हैं जो दो भ्रमियों (whorls) में व्यवस्थित तथा स्वतन्त्र (free or polysepalous) होते हैं। **कैपेरिस डेसीडुआ** (capparis decidua) में बाह्य दल (sepals) असमान होते हैं। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) होता हैं।

दल पुंज (Corolla)—प्रायः चार petals होते हैं जो स्वतन्त्र (free or polypetalous) होते हैं। इनसे पुष्प दल विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) होता है।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamen) की संख्या चार से लेकर अनिश्चित तक होती है **किल्ओम टेट्रेडा** (cleome tertrandra) में चार पुंकेसर 4 stamens) **किल्ओम स्पाइनोसा** (cleome spinosa) **गोयनेन्ड्रापसिस** (gynandropsis) में छः पुंकेसर (6 stamen), **किल्ओम विस्कोसा** (cleome viscosa) 12 से 14 पुंकेसर (stamen), तथा **किल्ओम चेलीडीनाई** (cleome chelidonii) **क्रैटीवा** (cratoeva), **कैपेरिस** (capparis) आदि में पुंकेसर (stamen) की संख्या अनिश्चित होती है।

इस कुल के सदस्यों के पुष्पों के पुंकेसर (stamen) दलों (petals) के मध्य पूर्व (internode) विकसित हो जाती है जिसे **पुमंग धारक** (androphore) कहते हैं। कभी-कभी इसी प्रकार की रचना पुंकेसर (stamen) व जायांग (gynoecium)

के बीच **जायांग धारक** (gynophore) विकसित होती है। पुमंग धारक व जायांग धारक को एक साथ **पुमंग जायांग धारक** (gnyandrophore) कहते हैं। **गाइनेन्ड्रापसिस पैन्टाफिल्ला** (gynandropsis pentapylla) में दोनों ही रचनायें पुमंग धारक (androphore) एवं जायांग धारक (gynophore) पूर्ण रूप से विकसित होती हैं।

पुंकेसर (stamen) में पतला धागे जैसा सूत्र (filament) तथा परागकोष (anthers) आधार लग्न (basiflxed) एवं द्विकोषीकी (bicelled) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—जायांग प्रायः जायांग धारक (gynophore) पर उत्पन्न होते हैं तथा यह प्रायः द्वि-अण्डपी (bicarpellary), युक्ता अण्डपी (syncarpous) होती है। इसमें अण्डाशय (ovary) उर्ध्व (superior), एक कोष्ठकी (unilocular) होता है। इसमें कभी-कभी भित्तीय (parietal) बीजाण्डासन (placenta) के भीतर की ओर अत्यन्त वृद्धि होने पर बहुकोष्ठकी (multilocular) हो जाती है। अण्डाशय (ovary) में बीजाण्डान्यास (placentation)


GYNOPHORE
OVARY
STAMEN
COROLLA
CALYX
L.S. FLOWER
HABIT SKETCH
T.S. OVARY
FLORAL DIAGRAM

Fig. 18—Capparis horida (family Capparidaceae)

भित्तीय (parietal) होता है। इसमें वर्तिका नली (style) छोटी एवं वर्तिकाग्र (stigma) सरल (simple) होता है।

फल (Fruit)—फल प्राय: सिलीकुआ (silipua) होता है परन्तु कभी-कभी यह नट (nnt); बेरी (berry) अथवा ड्रप (drupe) भी हो जाता है।

बीज (Seed)—बीज अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—इन पुष्पों में कीट परागण (insect pollination) होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\oplus \text{⚥} K_{2+2}C_4A_4 \text{ to } \infty G\underline{(2)}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल का आर्थिक महत्व बहुत अधिक नहीं है। इस कुल के कुछ पौधे औषधि गुण युक्त, खाने योग्य तथा सुन्दरता के लिये अत्यन्त उपयोगी है। इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

1. **कैपेरिस एफिल्ला (Capparis aphylla syn. Capparis decidua) [करोल]**—इस पौधे का फल टींट (tentl) सब्जी व अचार के रूप में उपयोगी हैं। इन पौधों की छाल (bark) खांसी, दमा आदि रोगों की औषधि निर्माण में प्रयोग होती है।

2. **क्लिओम विस्कोसा (Cleome viscosa) [Hur-hur]**—यह वर्षा ऋतु में उगने वाला पीले पुष्पों युक्त शाखीय पौधा है। इसके बीज व पत्तियाँ औषधि के रूप में उपयोगी हैं।

3. **क्रेटिना रेलीगोसा (Crataeve religosa syn. crataeve nurvala [वराना]**—यह एक छोटा वृक्ष होता है इसकी पत्तियाँ व छाल (bark) औषधि निर्माण में सहायक हैं।

4. **गायनेन्ड्रोपसिस पैन्टाफाइला (Gynandropsis pentaphylla) [हुल-हुल]**—ये सफेद पुष्पों वाले वर्षा ऋतु में पाये जाने वाले शाकीय पौधे हैं इनकी जड़ें, तने तथा पत्तियाँ औषधि के रूप में उपयोगी हैं।

5. **मेरिया (Maerua)**—ये सुन्दरता के हेतु उगाये जाने वाली झाड़ियां हैं। इनकी जड़े टानिक (tonic) निर्माण में भी सहायक हैं।

प्रश्न 44—क्लीओम गाइनैन्ड्रा की वर्गीकृत स्थिति, कुल का नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र दीजिये। Refer Q. 43 (*Rohelkhend 84*)

प्रश्न 45—Cleome gyandra का पुष्प सूत्र एवं पुष्प चित्र दीजिये।
Refer Q. 43 (*Agra 1981*)

प्रश्न 46—ऐसे कुल के पौधे का नाम बताइये जिसमें gynosphore पाया जाता है। Refer Q. 43 (*Rajathan 1978*)

प्रश्न 47—आप निम्न में पहचान कैसे करेंगे—

(How you will distinguish between)—(*Indore 78, Kanpur 79*)

1. क्रूसीफ़ेरी एवं केपेरीडेसी।

Capparidaceae and crusiferae. (*Poona 80, Gorkhpur 85*)

2. कुल पापावरैसी एवं कैपेरीडेसी। Family papaveraceae and capparidaceae.

(*Pooaa 1950, Agra 83*)

क्रूसीफेरी (Cruciferae)	कैपरीडेसी (Capparidaceae)
1. पत्तियां प्राय: सरल (simple) व exstipulate होते हैं।	1. पत्ती प्राय: सरल (simple) अथवा पणिवत (palmate) संयुक्त (compound) व स्टीपुलेट (stipulate) होती हैं।
2. पुष्प सहपही (ecracteate) नहीं होते हैं।	2. पुष्प सहपत्री (bracteate) होते हैं।
3. जायांगधर व पुमंगधर (gynophore and androphore) नहीं होते हैं।	3. इनमें जायांगधर (gynophore) व पुमंग जायांगधर (androynophore) होता है।
4. चार दल (petals 4) व क्रूसीफार्म (cruciform) होती है।	4. चार दल (4 petals) होती है।
5. पुंकेसर (stamens) 6 हैं तथा tetradynamous हैं।	5. इसमें पुंकेसर (stamens) छ: अथवा अधिक होने हैं।
6. इनमें फल सिलिकुआ (siliqua) अथवा सिलिकुला (silicula) होता है।	6. इनमें फल केप्सूल (capsule)अथवा बेरी (berry) होता है।
7. बीज तेलीय (oily) होते हैं।	7. बीज तेलीय (non-oily) नहीं होते।

पैपैरावरेसी (Pappaveraeae)	केपेरीडेसी (Capparidaceae)
1. पत्ती प्राय: विभाजित अयवा (compound) होती हैं।	1. पत्ती प्राव: सरल (simple) अथवा पणिवत (palmate), सयुक्त (compound) व स्टीपुलेट (stipulate) होती है।
2. पुष्प सहपत्री (ebracteate) नही होते हैं।	2. पुष्प सहपत्री (bracteate) होते हैं।
3. इनमें जायांगधर (gynophore) व पुमंगधर (androphore) नहीं होते हैं।	3. इनमें जायांगधर (gynophore) व पुमंग जायांगधर (androgynophore) होते हैं।

गण-कॅरियोफिल्लनी
(Order—Caryophyllineae)

इस गण (order) के सदस्यों के पुष्पों में प्राय: पुंकेसर (stamens) की संख्या निश्चित (यदा कदा अनिश्चित), अण्डाशय (ovary) एकवेश्मी (unilocular) तथा मुक्तास्तास्तम्भीय (free central) अथवा अक्षीय (axile) होता है।

कैपरीडेसी

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण के अन्तर्गत चार कुल (family) आते हैं, जो निम्न हैं—

1. फ्रैंकेनिएसी (Frankeniaceae)	2. केरियोफिल्लेसी (Caryophyllaceae)
3. पारचूलेसी (Portulaceae)	4. टेमेरीसिनी (Tamariscineae)

कुल 7—केरियोफिल्लेसी

Family 7—Caryophyllaceae [Pink Family]

प्रश्न 48—केरियोफायलेसी कुल के प्रमुख लक्षणों का वर्णन करो। इसके अपने क्षेत्र में पाये जाने वाले कुछ पौधों का नाम उनके आर्थिक महत्व सहित लिखो।

Discuss the important characters of caryophyllaccae and stae a few common plants of your lacality, indicating their economic importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली	हर्वेसी
थेलेमेफ्लोरी	केरयोफाइलेल्स
केरियोफिल्लेसी (Caryophyllaceae)	**केरियोफिल्लेसी (Caryophyllaceae)**
[बैंथम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 80 वंश (genera) तथा 2100 जातियाँ (species) हैं। ये पौधे समस्त विश्व में वितरित है परन्तु मुख्य रूप उत्तरी ठण्डे प्रदेशों (north temperate and colder regions) में पाये जाते हैं। इसके वितरण का मुख्य केन्द्र मेडीटरेनियन (mediterranean) प्रदेश में है।

वर्धी लक्षण (Vegetative Character)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्राय: एकवर्षीय (annual) अथवा वर्षानुवर्षी (perrennials) शाक (herbs) होते हैं। कुछ पौधे अकेन्थोफाइलम (acanthophyllum) निम्न क्षुप (under shurbs) भी होते हैं।

मूल (Root)—प्राय: मूलसा (tap) जड़ होती है।

स्तम्भ (Stem)—स्तम्भ प्राय: ऊर्ध्व (erect), शाकीय (herbaceous) शाखित (branched), ठोस (solid), चिकना (smooth) तथा प्राय: पर्वसन्धियों (nodes) पर फूले हुये होते हैं।

पत्ती (Leaf)—पत्तियाँ प्राय: सरल (simple), अभिमुख (opposite & dacussate) अछिन्नकोर (entire), लुम्बी रेखाकार (linear) अथवा लेन्साकार


FLOWER BUD
FLOWER
LEAF
STEM
A flowering twig
ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
Stamen
SEPAL
PETAL
STIGMA
STAMEN
OVARY
OVULE
THALAMUS
PEDICLE
L. S. Flower
STIGMA
STYLE
OVARY
THALAMUS
Gynoecium
OVULE
LOCULE
OVARY WALL
T. S. Ovary
Stellaria
Floral Diagram

Fig. 19—Stellaria (Family Caryophyllaceae)

lanceolate). प्राय: अननुपत्री (exstipulate) कभी-कभी अनुपत्री (stipulate) होती है, इन पत्तियों में जालिकावत् शिरा विन्यास (raticulate venation) होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—पुष्पक्रम प्राय: ससीमाक्षी (cymose) होता है। सामान्य रूप से यह dichasial अथवा युग्म शाखित ससीमाक्ष (dichasial cyme) होकर एकल शाखी ससीमाक्ष (monochasial) में समाप्त हो जाता है। कभी-कभी पुष्पक्रम ससीमाक्ष (racemose) प्रकार भी हो सकता है जैसे **अरेनोरिया** (areneria), **गिथागो** (githoga) आदि में।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्राय: क्रमिक (regular), त्रिज्या सामित (actionmorphic) प्राय: द्विलिंगी (bisexual) किन्तु यदाकदा एकलिंगी (unisexual) जैसे **लायचिनस** (*Lychins*) में, प्राय: पचतयी (pentamerous) यदाकदा चर्तुतयी (tatramerous) होते हैं। पुष्प प्राय: पूर्ण (complete) व जायांगधर (hypogynous) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: चार या पाँच बाह्यदल (sepals), ये स्वतंत्र अथवा जुड़े हुए (poly or gamosepalous), चिरलग्न (persistant) तथा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।



Fig. 20—Saponaria plant


FLOWER BUD
FLOWER
STYLE
OVARY
PEDICEL
Gynoecium
BRANCH
ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
LEAF
Stamen
STEM
OVULES
LOCULE
OVARY WALL
PLACENTA
Dianthus
⊕
T. S. Ovary
A flowering twig
PETAL
STAMENS
STYLE
OVULES
SEPAL
LOCULE
DISC
OVARY
PEDICLE
L. S. Flower
Floral Diagram

Fig. 21—Dianthus plant.

दलपुंज (Corolla)—प्राय: चार या पाँच दल (petals) [कभी-कभी जैसे सेगीनो (Sagino) में अनुपस्थित], पृथकदली (polypetalous) प्राय: द्विशाखी (bifid or notched) तथा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।


FLOWER
BRANCH
LEAF
FRUIT
STEM
STIPULE
ROOTS
ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
STAMEN
A FLOWERING PLANT
STIGMA
OVARY
GYNOECIUM
SEPAL
PETAL
STAMEN
STIGMA
OVARY
OVULES
PEDICEL
THALAMUS
L.S. FLOWER
⊕
OVULE
LOCULE
PLACENTA
OVARY WALL
T.S. OVARY
SPERGULA
FLORAL DIAGRAM

Fig. 22—Spergula arvensis (family Caryophyllaceae)

पुमंग (Androecium)—प्राय: पुंकेसरों (stamens) की संख्या 8 से 10 तक होती है—यदाकदा इनकी संख्या 1, 2, 3, 4 अथवा 5 होती है। ये सभी पुंकेसर (stamen) पृथक पुंकेसर (polyandrous) तथा द्विवर्त पुंकेसरी (obdeplostemenous) होते हैं। अर्थात् पुंकेसर (stamens) प्राय: 5, 5 के दो चक्करों (whorls) में लगे रहते हैं। इसमें परागकोष (anthers) द्विपालिक (bilobed) होते हैं तथा ये लम्बाई में स्फुटन (dehiscence) करती है कभी-कभी इस कुल में दलाभ (petaloid) बन्थय पुंकेसर (staminodes) भी पाए जाते हैं।

जायांग (Gynoecium)—इसमें प्राय: पाँच अण्डप (carpels) होते हैं। जायांग युक्तांण्डपी (syncarpous) तथा स्वतन्त्र वर्तिकाओं (free style) वाला होता है। अण्डाशय (ovary) प्राय: ऊर्ध्व (erect), एक कोष्ठकी (unilocular), तथा मुक्त स्तम्भीय (free central) बीजाण्डन्यास (placentation) वाला होता है। कभी-कभी अण्डाशय (ovary) तीन से 5 कोष्ठकों वाला (three to 5 chambered) तथा अक्षीय (axile) बीजाण्डविन्यास (placentation) वाला होता है।

फल (Fruit)—प्राय: एक कोष्ठकी केप्सूल (unilocular capsule) होता है। कभी-कभी एकीन (Achene) अथवा नट (nut) भी होता है।

बीज (Seed)—प्राय: छोटे व भ्रूण पोषी (small and endospermic) होते हैं।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$\oplus$ ⚥ $K_4 \text{ or}_5 \; C_4 \text{ or}_5 \; A_{5+5} \; G\underline{(5)} \text{ or } \underline{(3)}$

स्टोलेरिया मीडया का पुष्प सूत्र

Br $\oplus$ ⚥ $K_5 \; C_5 A_{5+5} \; G \; \underline{(3)}$

कुल का आर्थिक महत्व (Economic Importance of Family)—इस कुल का आर्थिक महत्व चुछ कम है। इस कुल के कुल सामान्य पौधे तथा उनका आर्थिक महत्व निम्न प्रकार है—

1. **सेपोनेरिया (Saponaria)**—यह बचीचो में लगाया जाने वाला एक सुन्दर (ornamental) पौधा है। इसकी एक जाति *saponaria Vaccaria* [English Cowherb] का रस साबुन के स्थान पर प्रयोग होता है।

2. **स्परगुला आरवेन्सिस (Spergula arvensis)**—यह एक शीतकालीन घास (weed) है तथा यह मूत्रल (diuretic) होती है।

3. **डायएन्थस (Dianthus) [Pints]**—ये पौधे सुन्दर पुष्पों वाले हैं तथा सामान्य रूप से बगीचों में उगाये जाते हैं। इनकी मुख्य जातियों (species) का प्रयोग औषधि के रूप में किया जाता है।

4. **जिपसोफिला (Gypsophilla)**—यह एक अत्यधिक सुन्दर बगीचों में उगाया जाने वाला पौधा है।

5. **स्लाइन (Silene)**—*Sileneapetala* पौधे का रस नेत्र रोगों में उपयोगी है।

6. लाइसिन कोरोनेरिया (**Lychinis coronaria**)—इस पौधे की जड़ों का रस फेफड़ों एवं यकृत (lungs and liver) रोगों में उपयोगी है।

7. अरीनेरिया (**Arenaria**)—यह एक बगीचे में सुन्दरता के लिए उगाये जाते हैं।

8. स्टीलेरिया मीडया (**Stellaria media**)–यह गेहूं के खेतों में तथा आसपास उगाने वाली सामान्य घास (weed) है।

प्रश्न 49—ऐसी family का नाम लिखो जिसमें free central placentation होता है।

Refer Q. 48

प्रश्न 50—कुल केपरीडेसी एवं केरियोफिल्लेसी के मध्य विभेदक लक्षण का वर्णन कीजिये। (*Gorakhpur 78, Punjab 78*)

Distinguish between family capparidaceae and caryophyllaeae. (*Gorakhpur 1981*)

केपरीडसी (Capparidaceae)	केरयोफिल्लेसी (Caryophyllaceae)
1. पौधे शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody) होते हैं।	1. पौधे प्राय: शाकीय (herbaceous) होते हैं।
2. पत्तियाँ एकान्तर (alternate) सरल अथवा संयुक्त (simple or compound) अनुपत्री (stipulate) अथवा अन-अनुपत्री (exstipulate) होती हैं।	2. पत्तियां अभिमुख सरल (simple) पूर्ण (entire) तथा अन-अनपुत्री (exstipulate) होते हैं।
3. पुष्पक्रम रेसीमोस होता है (inflorescence is racemose)	3. पुष्पक्रम साइमोस होता है।
4. पुष्प एक्टीनोमोरफिक अथवा जाइगोमोरफिक तथा एकलिंगी (unisexual) अथवा द्विलिंगी (bisexual) होते हैं।	4. इनमें पुष्प प्राय: द्विलिंगी तथा एक्टीनोमोरफिक होते हैं।
5. इसमें बाह्यदल (sepals) चार से आठ तक होती है।	5. इनमें sepals 4 से 5 तक होते हैं।
6. इनमें दल (Petals) चार से अनिश्चित तक होते हैं।	6. इनमें दल चार या पाँच होते हैं।
7. इनमें पुंकेसर (stamens) की संख्या 4 से अनिश्चित तक होती है।	7. इनसे पुंकेसर 3 से 10 तक होते हैं।
8. इनमें गायनोफोर (Gynophore) उपस्थित होता है।	8. इनमें गायनोफोर अनुपस्थित होता है।
9. इनमें भित्तीय जरायुविन्यास (parietal placentation) होता है।	9. इनमें स्वतन्त्र केन्द्रीय जरायुविन्यास (free central placentation) होता है।

गण माल्वेस
Order—MALVALES

गण (order) मालवेल्स के बाह्यदल (sepals) के कोरछादी पुष्पदल विन्यास (valvate aestivation), असंख्य पुंकेसर (indefinite stamens) एक संघी (monoadelphous), बहुकोष्ठकी (multilocular) अंडाशय (ovary) तथा अक्षीय जरायु-विन्यास (axile placentation) विशिष्ट लक्षण हैं इनमें पत्तियाँ सरल (simple) एकान्तर (alternate) तथा अनुपत्री (stipulate) होती है।

बैन्थम हुकर के मतानुसार इस (order) के अन्तर्गत निम्न तीन कुल (families) हैं :—

1. मालवेसी (Malvaceae)
2. स्टरक्युलीयेसी (Sterculiaceae)
3. टीलयेसी (Tilaceae)

कुल 8—मालवेसी
(Family 8—MALVACEAE)
(Cotton or Hibiscus Family)

प्रश्न 51—मालवेसी कुल के विभेदक लक्षणों का वर्णन इसके पुष्प सूत्र पुष्प चित्र तथा कुछ आर्थिक महत्व के पौधों सहित करो।

State the distinguishing features of Malvaceae giving its floral formula, floral diagram and few plants of economic importance. (*Marathwada 79*)

वर्गीकन स्थिति (Systematic Position) :

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली	लिगनोसी (Lignosae)
थैलेमीफ्लोरी	मालवेल्स
मालवेल्स	मालवेसी
मालवेसी (Malvaceae)	(Malvaceae)
[बैन्थम हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

कुल मालवेसी के अन्तर्गत लगभग 82 वंश (genera) तथा 1500 जातियाँ (species) हैं। इस कुल के पौधे विश्व के लगभग समस्त भागों में पाये जाते हैं परन्तु ये उष्ण अमेरिका (American tropics) में अधिकांश रूप में पाये जाते हैं। भारतवर्ष में इस कुल के पौधे काफी संख्या में पाये जाते हैं। इनमें से कुछ पौधे जंगली रूप में (wild form) तथा कुछ पौधे उगासे (cultivated) जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—इस कुल के कुछ पौधे शाकीय (herbs), कुछ पौधे क्षुप (shrubs) तथा कुछ पौधे वृक्ष होते हैं।

जड़ (Root)—इसमें जड़ मूसला (tap root) तथा शाखित (branched) होती है।

स्तम्भ (Stem)—तना प्राय ऊर्ध्व (erect), शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody), शाखित (branched), वेलनाकार (cylindrical) होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—इनमें पंत्तियाँ बड़ी व सरल (simple), अनुपत्री (stipulate), एकान्तर (alternate) सवृन्त (petiolate), अण्डाकार (ovate) तथा जालिकावृत नाड़ी विन्यास (raticulate venation) वाली होती है। कभी-कभी पत्तियों की आकृति हस्ताक्षर (palmate) होती है। कभी-कभी पत्तियाँ संयुक्त (compound) भी हो सकती हैं।

पुष्पाय लक्षण (Floral Characteres)

पुष्पक्रम (Inflorescense)—इसमें पुष्पक्रम प्रायः साइमोस (Cymose) होता है। यह एकल कक्षी (solitary axillary) अथवा एकअग्री (solitary terminat) होता है। वहुत कम कभी-कभी रेसीमोस पुष्पक्रम भी हो सकता है।

पुष्प (Flower)—इसमें प्रायः पुष्प सवृन्त (pedicillate), क्रमिक (regular) पेंटामेरस (Pentamerous) द्विलिंगी (bisexual), जायांगमर (hypogynous) पूर्ण (complete), त्रिज्यासमित (actinomorphic) तथा निपत्री (ebracteate) अथवा कभी-कभी सहपत्रीकी (bracteate) होते हैं।

ऊपरी बाह्यदल (Epicalyx)—**साइडा** (sida) **एब्यूटीलोन** (abution) व **बोमबेक्स** (bombax) वंशों (genera) के अतिरिक्त प्रायः सभी वंशों (genera) में 3 अथवा अधिक सहपत्रकों (bracteoles) का एक चक्कर (whorl) पाया जाता है। इसको ऊपरी बाह्यदल (epicalyx) कहते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय पाँच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये मुक्त बाह्यदली (gamosepalus) अथवा पृथक बाह्यदली (polysepalous) हो सकते हैं। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरछादी (valvate) होता है।

दलपुंज (Corolla)—दल (petals) की संख्या प्रायः पाँच होती है। ये पृथकदली (polypetalous) होते हैं, इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) न्युद्वेष्ठित (twisted) होता है। दल (petals) आधार पर पुंकेसर नलिका (staminal tube) से जुड़े रहते हैं।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamens) असंख्य (numerous or indefinite) तथा एक नलिका (tube) जिस पुंकेसर नलिका (staminal tube) कहते हैं, पर पाये जाते हैं। इसमें पुंकेसर एकसंघी (monoadelphous), पराग कोष (anther) एककोशिका (monothecous) तथा पृष्ठ लग्न (dorsifixed) होते हैं। पुंकेसरी नलिका (staminal tube) दलपुंज (corolla) में संयुक्त होता है अर्थात् स्टेमन (stamen) इपीपेटलस (epipaetalous) होते हैं। पुंकेसरी नलिका (staminal tube) वर्तिकानली (style) के चारों ओर होती है।

जायांग (Gynoecium)—अण्डपी (carpels) की संख्या 5 से अनिश्चित (indefinite) तक हो सकती है। ये युक्ताण्डपी (syncarpus) होते हैं। इनमें अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior) बहुकोष्टकी (multilocular) होता है। इसमें बीजाण्डविन्यास (placentation) स्तम्भीय (axial) होता है। वर्तिका


STAMINAL TUBE
STIGMA
COROLLA
CALYX
STAMENS
EPICALYX
LEAF
STIGMA
STAMENS
OVULE
OVARY
STEM
PEDICEL
A FLOWERING TWIG
L S FLOWER
⊕
FLORAL DIAGRAM
HIBISCUS ROSA SINENSIS

Fig. 23—Hibiscus Rosa sinesis (Family Malvaceae)

(style) पुंकेसर नलिका (staminal tube) के अन्दर स्थित रहती है। वर्तिकाग्र (stigma) की संख्या अण्डपों (carpels) की संख्या के समान होती है।

फल (Fruit)—प्राय: कैप्सूलर, केरसीग्यूलस अथवा मिदुर (capsular carcerules or shizocardic) होते हैं।

बीज (Seed)—अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्राय: कीट परागण (insect pollination) होता है।

पुष्पसूत्र (Floral Formula)—

$\oplus$ ⚥ Epicalyx 3 to 7 K (5) $C_{(5)}$ A (α) G $\underline{(5 \text{ to } 12)}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)

1. गोसीपियम (Gossypium) [कपास (Cotton) अथवा रुई]—इस पौधे की बीजों की सतह से प्राप्त रेशों (fibers) से सभी प्रकार का कपड़ा बनाया जाता है। इनका प्रयोग खली (cattle feed) तेल (oil) के रूप में भी पर्याप्त मात्रा में होता है। इनके बीजों से प्राप्त तेल खाने योग्य (edible) होता है।



A FLOWERING BRANCH

FLORAL DIAGRAM OF SIDA CORDIFOLIA

Fig. 24—Plant Sida (Family Malvaceae)

2. हिबीस्कस (Hibiscus)

(A) हिबीस्कस एस्कूलेन्टस (Hibiscus esculents)—इस पौधे के को भिण्डी (Bhindi or lady's finger) कहते हैं। यह एक सामान्य (vegetable) है।

(B) हिबीस्कस केनाबिनस (Hibiscus cannabinus)—[पटसन (Pat or Bimlipatam Jute)—इस पौधे के तने से प्राप्त रेशे (fibers) रस्सि डोरियाँ, कागज की लुंदी आदि बनाने में प्रयोग होते हैं।

(C) हिबीस्कस रोजा साइनेनसिस (Hibiscus rosa sinensis)—[गु Gurual or shoe flower)] यह एक सुन्दर पुष्पों वाला वृक्ष है।



Fig. 25—Malva sylvestris (Family Malvaceae)

(3) एब्यूटीलोन इन्डीकम (Abutilone indicum)—

[कंघी] इसके तनों से प्राप्त रेशें (fibers) रस्सी निर्माण में उपयोगी हैं। इन पौधों का प्रयोग औषधि रूप में भी होता है।

(4) यूरीना लोबेटा (Urena lobeta Syn. U. Sinua) [विलायती सन्]

यह पौधा प्राय: बंगाल में उगाया जाता है इसके तनों से प्राप्त रेशे (fiber) जूट (jute) के स्थान पर उपयोगी होते हैं। इस पौधे के चिपचिपे बीज साबुन निर्माण में प्रयोग होते हैं।

(5) एलथिका रोजया (Althaea rosea) [Holly hock-गुलखेरा]—

यह बगीचों में सुन्दर पुष्पों के लिए उगाया जाने वाला पौधा है—

इनके अतिरिक्त अन्य बहुत से पौधे जैसे *Malvestrum. Malva, Sida, Bambax*, आदि आर्थिक महत्व के हैं।

प्रश्न 52—मालवेसी कुल के किसी प्रारूपिक पुष्प की रचना का चित्र द्वारा वर्णन करो। इस कुल के विशिष्ट लक्षणों, पुष्प चित्र तथा आर्थिक महत्व को भी समझाइये।

Explain the orgaisation of a typical flower of the family Malvaceae with the help of diagrem Give distinguishing characters, floral formula, floral diagram, economic importance and uses.

(*Vikram 80*)

See Q. 51

प्रश्न 53—मालवेसी कुल के फल का सचित्र वर्णन करो।

Discuss and sketch the fruit of Malvaceae.

In the family Malvaceae the fruit which is generally found is a Capsule.



Fig. 26—Fruits of family Malvaceae
1. Hibiscus esculentus. 2. Cotton.

This is a simple, many seeded, uni or multilocular, dehiscent fruit which develop from a superior (sometimes inferior) bi-or polycarpellary ovary Examples are *Cotton, Hibiscus esculents* (*Bhtndi*) *Abutilon etc.* (See Fig. 26)

प्रश्न 54—भिण्डी का कुल, वनस्पतिक नाम तथा आर्थिक महत्व बताइये। (*Reeva 83*)

Refer Q. 51

प्रश्न 55—उस कुल का नाम तथा पुष्पीय लक्षण का वर्णन करो। जिसमे monadelphons condition पायी जाती है। (*Rohalkhand 84*)

See Q. 51

प्रश्न 56—ऐसे कुल व पौधे का नाम बताइये जिसमें Monoadelphou Androecium पाया जाता हो। (*Rajasthan 78*)

Refer Q. 51

3

द्विबीज पत्री (क्रमशः)

पृथक्दली (क्रमशः) श्रेणी-डिस्कीफ्लोरी

[Dicotyledons—(Contd:) Polypetalae Contd.) Series-Disciflorae]

श्रेणी डिस्कीफ्लोरी (series disciflorae) के सदस्य के बाह्यदल पुंज (calyx) में स्वतन्त्र तथा संयुक्त (united) बाह्यदल (sepal) होते हैं जो प्राय: अण्डाशय (ovary) से संयुक्त रहते हैं। प्राय इनमें अण्डाशय (ovary) के नीचे एक प्रमुख (prominent) रिंग (ring) उपस्थित रहती है। इनमें प्राय: पुंकेसरों की संख्या अनिश्चित होती है।

इस श्रेणी के अन्तर्गत बैन्थम हुकर के वर्गीकरण के अनुसार चार गुण (4 orders) तथा 23 कुल (families) हैं।

गण-जिरेनियेल्स

(Ordea—GERANIALES)

इस गण (order) के अन्तर्गत बैन्थम हुकर के अनुसार निम्न 11 कुल (families) हैं—

1. लाइनी (Lineae)
2. हयुमीरीयेसी (Humiriaceae)
3. मेलपीघयेसी (Malpighiaceae)
4. जाइगोफिल्ली (Zygophylleae)
5. जीरेनीयेसी (Geraniaceae)
6 रूटेसी (Rutaceae)
7. सिमेसयुबी (Simasubeae)
8. ओकोनेसी (Ochnaceae)
9. बरसीरेसी (Burseraceae)
10. मीलयेसी (Meliaceae)
11. चैलीटीयेसी (Challetiaceae)

कुल 9—रूटेसी

(Family 9—RUTACEAE)

(Citrus or Orange Family)

प्रश्न 57—रूटेसी कुल के प्रमुख लक्षणों का वर्णन करो तथा इसके कुछ आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो।

Describe the important characters of Rutaceae and few plants of Economic importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी
  डाइकोटीलीडन्स
    पोलीपेटली
      डिस्कीफ्लोरी
        जिरेनियेल्स
          रूटेसी (Rutaceae)
          (बैंथम व हुकर के अनुसार)

एन्जोस्पर्मी
  डाइकोटीलीडन्स
    लिगनोसी (Lignosae)
      रूटेल्स (Rutales)
        रूटेसी (Rutaceae)
        (हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)

इस कुल (Family) के अन्तर्गत लगभग 143 वंश (genera) तथा 1300 जातियाँ (specles) आती हैं। इस कुल के पौधे प्रायः ऊष्ण (tropical) समऊष्ण (Sub-tropical) प्रदेशों (regions) में पाये जाते हैं। इस कुल के पौधे आस्ट्रेलिया तथा दक्षिणी अफ्रीका में प्रमुख रूप से पाये जाते हैं। भारतवर्ष में पाये जाने वाले इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

एगिल मेमरलोज (*Aegle marmelos Vern. Bel*) संतरा नारंगी (*Citru species*), कामनी (*Murraya exotica*) आदि।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे क्षुप (shrub) अथवा छोटे वृ (small trees) होते हैं तथा प्रायः ये फलों के लिये उगाये जाते हैं।

जड़ (Root)—इनमें जड़-मूसला (tap root) व शाखित (branched) होती हैं।

स्तम्भ (Stem)—इनमें स्तम्भ काष्ठीय (woody), ऊर्ध्व (erect), शाखि (branched) प्रायः कांटेदार (often spiny), ठोस (solid), बेलनाकार (cylindrical) होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—पत्तियाँ प्रायः compound, अभिमुख अथवा एकान्त (opposite or alternate) अनुपत्री (exstipulate) होती हैं। इन पत्तियों प्रायः तेल ग्रन्थि (oil gands) पायी जाती हैं। **सिट्रस** (citrus) में पत्ती देखने सरल (simple) लगती हैं लेकिन इनमें इनका पंखयुक्त (winged) वृन्त (petiole पत्रदल (lamina) से संयुक्त हो जाता है तथा एक पत्रक (leaflet) को प्रदर्शि करता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्प-क्रम (Inflorescence)—पुष्प-क्रम प्रायः साइमोस (cymose) प्रका का होता है। कुछ पौधों में जैसे *citrus media* में पुष्प-क्रम रेसीमोस (racemose) triphasia anrantiola में एकल (solitary) पुष्प-क्रम होता है। पुष्प अक्षी अथवा अग्रीय कोरम्बि (axillary or terminal corymb) में विन्यस्त रहते हैं।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्रायः नियमित (regular), पैन्टामेरस (pentamerous), कभी-कभी टेट्रामेरस (tetramerous), आधोजायी (hypogynous) उभयलिंगी (hermaphrodite), एक्टीनोमोरफिक (actinomorphic), संयु

(pedicillate) निपत्री (ebracteate) होता है। इन पुष्पों में प्रायः अण्डाशय (ovary) के नीचे एक डिस्क (disc) पायी जाती है।


FLOWER
A FLOWERING BRANCH
FLESHY HAIRS
SEED
T.S. FRUIT
T.S. PISTIL
V.S. FLOWER
FLORAL DIAGRAM

Fig. 27—Citrus anurantium (orange) (Family Rutaceae)


FLOWER BUD
LEAFLET
FLOWER
LEAF
STEM

A BRANCH OF
MURRAYA EXOTICA


STIGMA
STYLE
PETAL
STAMEN
OVARY
THALAMUS
SEPAL
PEDICEL
⊕

V S FLOWER
(MURRAYA EXOTICA)

FLORAL DIAGRAM
(MURRAYA EXOTICA)

Fig. 23—Murraya exotica (Family Rutaceae)

बाह्य दल (Calyx)—प्राय: चार अथवा पाँच बाह्यदल (sepal) होते हैं, सामान्यत: पृथक बाह्यदली (polysepalous) तथा कोरछादी (imbricate) अथवा क्विनकंसियल (quncuncial) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।

बाह्यदल (Corolla)—प्राय: चार या पाँच दल (petals) होते हैं। ये प्राय: पृथक्दली (polypetalous) (कभी-कभी आधार पर संयुक्त) तथा कोरछादी पुष्प विन्यास (imbricate aestivation) वाले होते हैं। **कोरिआ स्पेसिओसा** (*correa-speciosa*) में दल (petals) संयुक्त होकर घंटाकार (campanulate) हो जाते हैं। दल (petals) विभिन्न रंगों के होते हैं।

पुमंग (Androeccium)—प्राय: 8 अथवा 10 पुंकेसर (stamens) होते हैं। परन्तु कभी-कभी इनकी संख्या इससे कम अथवा अनिश्चित तक हो सकती है। पुंकेसर (stamen) आबडीपली स्टेसनस (obdiplostamenous) अवस्था में उपस्थित रहते हैं। सिट्रस (*citrus*) आदि कुछ वंशों (genera) पुंकेसर (stamens) बन्डलो (groups) में पाये जाते हैं अर्थात् बहुसंधी (polyadalphous) अवस्था होती है। **कामनी** (*Murrya exotica*) में दस पुंकेसर (ten stamens) पाँच-पाँच पुंकेसरों (stamens) के दो चक्करों (whorls) के एकान्तर (alternate) तथा दूसरा अभिमुख (opposite) होता है। पुंकेसर (satmens) के सन्तु (filaments) पृथक होते हैं। इनमें परागकोष (anter lobes) द्विपिण्डकी (bilobed), तथा अन्तर-मुखी (introrse) है।

जायांग (Gynoecium)—जायांग प्राय: तीन, चार अथवा पाँच अण्डपी (carpels) होता है। कभी-कभी अण्डपों (carpels) की संख्या इससे कम अथवा अधिक भी हो सकती है। अण्डप (carpels) युक्ताण्डप (syncarpous) होते हैं। अण्डाशय (ovary) में तीन से अनिश्चित तक कोष्ठक (locules) पाये हैं तथा प्रत्येक कोष्ठक में एक अथवा अधिक बीजाण्ड (ovules) पाये जाते हैं। इनमें सामान्यत: बीजाण्डन्यास (placentation) स्तम्भीय (axile) होता है परन्तु कभी-कभी जैसे **फेरोनिया (Feronia)** में बीजाण्डन्यास भित्तीय (parietal) होता है।

फल (Fruit)—फल इनमें भरी (Berry) जैसे **मुराया एक्सोटिका** (*Murrya exotica*) आदि में, हैस्पेरीडियम (hesperidium) जैसे **सिट्रस** (*citrus*) आदि में केप्सूल (capsule) जैसे **एक्रोनाइकिया** (*Acronychia*) आदि में, प्रकार के, होते हैं।

बीज (Seed)—प्राय: अभ्रूणपोषी (non-endospermic) कभी-कभी भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्राय: कीट पतंगों (insect) द्वारा होता है।

पुष्पसूत्र (Floral formula)

$\oplus$ ⚥ $K_4\ \text{or}_5\ C_4\ \text{or}_5\ A_8\ \text{or}_{10}\ \text{or}\ \alpha\ G\ \underline{(5\ \text{to}\ \alpha)}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

यह कुल आर्थिक दृष्टिकोण से पर्याप्त महत्व का है। इस कुल के पौधों से विटामिन युक्त फल प्राप्त होते हैं जो स्वास्थ्यवर्धक हैं। इस कुल के कुछ पौधे औषधि


FRUIT
STEM
LEAF

A FLOWERING TWIG


PETAL
ANTHERS
STIGMA
STYLE
OVULE
DISC
THALAMUS
SEPAL
PEDICEL

L.S. FLOWER


STIGMA
STYLE
OVARY
DISC

GYNOECIUM


ANTHERS
LOCULE
OVULE
PLACENTA
CONNECTIVE
OVARY WALL

T.S OVARY



FLORAL DIAGRAM

CITRUS

रूटेसी

1. एगिल मेरमीलोज (Aegle marmelos) [बेल (Bel)]

इसके फल खाने योग्य (edible) होते हैं तथा इन फलों के गूदे से पेट की बीमरियों के लिये औषधि निर्माण भी किया जाता है। इस पौधे की पत्तियाँ हिन्दू स्त्रियों द्वारा सावन मास में भगवान शंकर की पूजा में भी प्रयोग की जाती है।

2. सिट्रस ओरेन्टियम (Citrus aurantium) [खट्टा (Sour orange)] :

इस पौधे के फल खाये जाते हैं। इस पौधे की पत्तियों से प्राप्त वाष्पशील तेल; इत्र मिठाइयाँ आदि समान बनाने में उपयोगी हैं।

3. सिट्रस ओरन्टीफोलिया (*Ctirus aurantifalia* Syn. *Limonia aurantifolia, Limonia, acidisima, Citrus lima, Citrus medica*) [*Lima*= कागजी नींबू]

इस पौधे के फल खाने योग्य होते हैं। इन फलों से अचार, जेम, जेली, एल्कोहलिक पेय आदि भी तैयार किये जाते हैं।

4. सिट्रस लाइमीटीयडस (*Citrus limettioide* Syn. *Citrus medica varity limetta*) [Sweet lemon=नींबू]

इस पौधे से खाने योग्य फल प्राप्त होते हैं। इसकी पत्तियों से वाष्पशील तेल petitgrain oil प्राप्त होना है जो इत्र, मिठाइयाँ, कॉस्मेटिक तथा अन्य सुगन्धित पदार्थों के निर्माण में उपयोग होता है।

5. सिट्रस लाइमन (Citrus Lemon, Syn, C. *media varity Limounm*) :

इस पौधे के फल बज नींबू अथवा **गलगल** कहलाता है। ये खाने में लेमन स्कवैश निर्माण में उपयोगी है।

6. सिट्रस मेक्सिमा [Citrus maxima (Shad lock चकोतरा)] :

इस पौधे के फल खाये जाते हैं।

7. सिट्रस रेटीक्यूलेटा (Citrus reticulata Syn. *C. nobils*) :

इस पौधे के फल सन्तरे (Mandarin) कहलाते हैं। ये खाने के लिये काफी लोकप्रिय हैं।

8. सिट्रस सानेनसिस (Citrus sinensis) [Sweet orange=मुसम्मी] :

इस पौधे के फल अत्यन्त स्वास्थवर्धक होते हैं।

9. मुराया एक्सोटिक (Murraya Syn. *Murraya paniculata*) :

यह एक पुष्पों वाली सुगन्धित झाड़ी है।

10. रुटा ग्रेवीयोलन्स (Ruta graveolens)

प्रश्न 58—सिट्रस (citrus) का पुष्प सूत्र दीजिये।

(*Rajasthan 84*)

Refer Q. 57

प्रश्न 59—रुटेसी कुल के पौधे के वनस्पतिक नाम तथा उनकी महत्ता लिखिये।

(*Luckuow 1981*)

Refer Q. 57

प्रश्न 60—उस कुल के पुष्पीय लक्षणों का वर्णन करो जिसमें **obdiplostemonous condition** पायी जाती है। (*Rohelkhad 84*)

Refer Q. 57

प्रश्न 61—रूटेसी कुल का आर्थिक महत्व का वर्णन करो।

Discuss the economic importance of Rutaceae. (*Agra 79*)

प्रश्न 62—कुल रूटेसी के पुष्पीय लक्षण दो तथा इस कुल के चार आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो। (*Nagpur 1983*)

Refer Q. 57

प्रश्न 63—आप निम्न में किस प्रकार पहचान करोगे—

(अ) कुल रूटेसी व मालवेसी।

(ब) कुल रूटेसी व केरियोफिल्लेसी।

How you will distinguish between— (*Bundelkhand 87*)

(a) **Family Rutaceae and Malvaceae.** (*Gorakhpur 1981*)

(b) **Family Rutaceae and Caryophyllaceae.**

(*Agra 75*)

रूटेसी एवं मालवेसी में भिन्नता

रूटेसी (Rutaceae)	मालवेसी (Malvaceae)
1. वे प्राय: झाड़ी (shrubs) वृक्ष (trees) यदाकदा शाक (herbs) होते हैं।	1. ये प्राय: शाक (herbs). क्षुप (shrub) तथा यदाकदा वृक्ष (trees) होते हैं।
2. इनमें स्तम्भ (stem) ऊर्ध्व (erect) व काष्ठीय (woody) होता है।	2. इनमें स्तम्भ ऊर्ध्व व शाकीय (erect and herbaceous) होते हैं।
3. पत्ती संयुक्त (compound) एकान्तर (alternate) कभी-कभी सरल व अभिमुख (simple and opposite) होती है।	3. पत्ती सरल (simple) व एकान्तर (alternate) होती है।
4. पुष्पक्रम (Inflorescence) प्राय: साइमोस होता है।	4. पुष्पकम प्राय: कक्षीय साइम (axillary cyme) होती है।
5. पुंकेसर (stamen) वहुसंघी (polyadalphous) होते हैं।	5. पुंकेसर (stamen) एकसंघी (Monoadalphous) होते हैं।

रूटेसी एवं केरियोफिल्लेसी कुलों में भिन्नता

रूटेसी (Rutaceae)	केरियोफिल्लेसी (Caryphyllaceae)
1. ये प्राय: झाड़ी (shrubs), वृक्ष (trees) यदाकदा शाक (herbs) होते हैं।	1. पौधे प्राय: शाकीय (herbaceous) होते हैं।
2. पत्ती संयुक्त (compound), एकान्तर (alternate), कभी-कभी सरल व अभिमुख (simple and opposite) होती है।	2. पत्ती सरल (simple) व अभिमुख (opposite) होती है।
3. पुंकेसर (stamen) बहुसंघी (polyadalphous) होते हैं।	3. पुंकेसर (stamen) तीन से दस तक तथा पोलीएन्ड्रस (polyandrous) होते हैं।
4. इनमें स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) होता है।	4. इनमें मुक्त स्तम्भीय (free central) बीजाण्ड विन्यास (placentation) होता है।
5. इनमें बीज अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।	5. इनमें बीज भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

प्रश्न 64—सन्तरे का वनस्पति नाम, कुल का नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र दीजिये। Refer Q. 57 (*Indore 83*)

कुल 10—मीलयेसी
(Family 10—MELIACEAE)
(Neem or Margosa family)

प्रश्न 65—मीलयेसी कुल के मुख्य लक्षणों का वर्णन करो तथा इस कुल के आर्थिक महत्व के पौधे के नाम लिखो।

Describe the important characters of Meliaceae and state a few plants of economic importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीन्डस	डाइकोटीलीडन्स
पीलोपेटली	लिगनोसी (Lignosae)
डिस्कीफ्लोरी	मिलयेल्स
जिरेनियेल्स	**मीलयेसी**
मीलयेसी	(Meliaceae)
(Meliaceae)	(हचिन्सन के अनुसार)
(बैन्थम के अनुसार)	

वितरण (Distribution)

मीलयेसी (Meliaceae) एक छोटा कुल (family) है जिसके अन्तर्गत

लगभग 50 वंश (genera) तथा लगभग 800 जातियाँ (species) आती हैं। इस कुल के पौधे प्राय: ऊष्ण प्रदेशों (tropical regions) में पाये जाते हैं। नीम (**Melia azadirachta**) इस कुल का प्रमुख पौधा है।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्राय: वृक्ष (tree) अथवा क्षुप (shrub) होते हैं। इनकी काष्ठ (wood) से प्राय: एक विशिष्ट प्रकार की गन्ध (characteristic smell) आती है।

मूल (Root)—प्राय: मूसला जड़ (tap-root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—स्तम्भ काष्ठीय (woody) शाखित (branched) ठोस (solid) एवं ऊर्ध्व (erect) होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—पत्तियाँ प्राय: पक्षवत संयुक्त (pinnately compound) अथवा बहुसंयुक्त (decompound) प्रकार की होती है। कभी-कभी पत्ती सरल (simple) भी हो सकती है। पत्तियाँ प्राय: एकान्तर (alternate), अननुपत्री (exstipulate) होती हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—

प्राय: साइमोस (cymose) प्रकार का होता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: उभलिंगी (hermaphrodite), यदाकदा (reraly) एकलिंगी (unisexual), युग्मभाजी (actiomorphic) उत्तरातर (Hypogynous) सवृन्त (pedicillate) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: चार या पाँच बाह्य दल (sehals) होते हैं। बाह्यदल (Sepals) प्राय: संयुक्त दली (gamosepalous) होते हैं। बाह्यदल प्राय: सूक्ष्म (minute) होते हैं; इनमें प्राय: कोरछाद़ी (imbricate) यदाकदा कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) होता है।

दल पुंज (Corolla)—प्राय: दल (petals) चार या पाँच (कभी-कभी तीन से आठ तक) पृथकदली (polypetalous) होता है। इनमें पुष्प दल विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate), कोरछादी (imbricate) अथवा व्यावर्तित (contorted) प्रकार का होता है।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamens) की संख्या प्राय: 8 से 12 तक होती है। ये पुंकेसर प्राय: संयुक्त (fused) होकर एक पुंकेसरीय नाल (staminal tube) बना लेते हैं अर्थात् मोनोएडलफस (monoadalphous) होते हैं। पुंकेसर प्राय: अवृन्त (sessile) होते हैं। परागकोष (anther) प्राय: द्वि-कोशीय (2 celled) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—इनमें प्राय: 2 से 5 तक अण्डप (carpels) होते हैं। अण्डाशय (ovary) उत्तराधर (superior) तथा दो से पाँच कोष्ठीय (2 to 3 loculed) होते हैं। अण्डाशय (ovary) में स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) होता है। इसमें वर्तिका (style) सरल (simple) होती है। वर्तिकाग्र (stigma) समुन्ड (capitate) अथवा पालित (lobed) होता है।



Fig. 29—Melia azadirachta (Neem) Family Meliaceae)

फल (Fruit)—प्राय: बेरी (berry) अथवा केप्सूल (capsule) यदाकदा (rarely) ड्रप (drupe) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) अथवा अभ्रूणपोषी (non-endospermic) तथा पंखयुक्त (winged) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्राय: वायु का परागण (anemophily) अथवा कीट परागण (entomophily) होता है।

पुष्प सत्र (Floral Formula)—

$\oplus$ ⚥ $K_{(4)}$ or $_{(5)}C_4$ or $_5A_{(8-10)}\underline{G_{(2-5)}}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

कुल मीलयेसी (meliaceae) पर्याप्त आर्थिक महत्व का कुल है। इस कुल के पौधों से काष्ठ (wood) एवं औषधियाँ (drugs) मुख्य रूप से प्राप्त की जाती हैं। इस कुल प्रमुख पौधे निम्न प्रकार हैं—

1. नीम (Melia azadirachta syn. Azadirachta indica)—

नीम (margosa) भारतवर्ष में पाया जाने वाला सामान्य वृक्ष है। इस पौधे का प्रत्येक भाग औषधीय गुण (medicinal properties) युक्त होता है। इसकी छाल (bark), पत्तियाँ (leaves) जख्म, घाव को धोने में प्रयोग होती हैं। इसकी पत्तियों से साबुन, पेस्ट आदि बनाया जाता है। **इसकी पत्तियाँ गर्म कपड़ों के साथ**


STAMEN
STAMINAL TUBE
PETAL
STIGMA
STYLE
OVARY
OVULE
NECTARY
SEPAL
THALAMUS
PEDICEL
L.S. FLOWER
FLOWERS
INFLORESCENCE
STEM
LEAF
A FLOWERING TWIG
ANTHERS
PORTION OF STAMINAL TUBE (OUTER VIEW)
ANTHER
PLACENTA
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T.S. OVARY
PORTION OF STAMINAL TUBE (INNER VIEW)
STIGMA
STYLE
OVARY
NECTARY
GYNOECIUM
FLORAL DIAGRAM

MELIA

Fig. 29 B—नीम

कीट रक्षा के लिए होती हैं। इसके फल निबौली से नीम का तेल प्राप्त किया जाता है जो साबुन, अनेक प्रकार के मरहमों के बनाने में उपयोगी है। इस पौधे की लकड़ी, काष्ठ (wood) के रूप में प्रयोग होती है।

2. तून (Toona ciliate syn. cedrela toona)—

तून (red cedor) पंजाब, आसाम, बिहार आदि में पाया जाने वाला सामान्य वृक्ष है। इस पौधे की छाल (bark) टानिक (tonic) के रूप में प्रयोग होती है। इसकी काष्ठ (wood) फर्नीचर (furniture) आदि के निर्माण में उपयोग है।

3. माहगनी (Swlerenia mahagoni)—

माहगनी (West Indian Mahagony) मद्रास में उगाया जाने वाला प्रमुख वृक्ष है। इस पौधे से प्राप्त (woody) अत्यन्त उपयोगी है।

4. रोहन (Soymida fedrifuge)—

रोहन (Indian red woody plant) राजस्थान, बिहार आदि प्रदेशों में पाया जाने वाला सामान्य वृक्ष है। इस पौधे की छाल (bark) से प्राप्त लाल रेशे (red fibers) से रस्सियाँ बनाई जाती हैं। इस पौधे की छाल रंगाई (colouring) तथा पेचिस व दस्तों की दवाई के निर्माण में भी उपयोगी है। इस पौधे की लकड़ी टिम्बर के रूप में भी उपयोगी है।

5. बकैन (Melia azabarch)—

बकैन (Pride of India) सड़कों के किनारे उगाया जाने वाला छोटा वृक्ष है। इस पौधे की पत्तितों का रस तथा इस पौधे के बीज गठिया आदि रोगों के लिए औषधि निर्माण में उपयोगी हैं।

प्रश्न 66—मिलीयेसी कुल के विभेदक लक्षणों का एवं सम्बन्धों का वर्णन कीजिए।

State the distinguishing characters and affinities of family Meliaceae.

(Bhopal 79)

कृपया प्रश्न 65 देखिये।

प्रश्न 67—कुल रूटेसी व मीलयेसी में आप कैसे पहचान करेंगे?

Distinguish between family Rutaceae and Meliaceae.

रूटेसी एवं मीलयेसी कुलों में भिन्नता

रूटेसी (Rutaceae)	मीलयेसी (Meliaceae)
1. पौधे क्षुप (shrub) अथवा शाक (herbs) होते हैं।	1. पौधे प्राय: वृक्ष (trees) होते।
2. पत्तियाँ एकान्तर (alternate) अथवा अभिमुख (opposite), सरल अथवा संयुक्त (simple or compound) होती है।	2. पत्तियाँ एकान्तर (alternate) तथा पक्षवत संयुक्त (Pinnately compound) होती हैं।

रूटेसी (Rutace)	मीलयेसी (Meliaceae)
3. पुष्पक्रम (inflorescence) कई प्रकार का होता है।	3. पुष्प-क्रम (inflorescence) प्राय: साइमोस (cymose) होता है।
4. बाह्य दल (sepals) तीन से पाँच तक होते हैं।	4. बाह्य दल (sepals) चार अथवा पाँ होते हैं।
5. दल (petals) तीन से पाँच तक कभी-कभी अनुपस्थित होते हैं।	5. दल (petals) चार या पाँच कभी-कभी आठ होते हैं।
6. Stamen 8 से 10 तक तथा Polyadalphous होते हैं।	6. Stamen 10 या 12 होते हैं तथा संयुक्त होकर एक Staminal tube बनाते हैं।
7. फल हस्पीरीडियम (hesperidium) प्रकार का होता है।	7. फल बेरी (berry) कैप्सूल (capsule) अथवा ड्रूप (drupe) होता है।

4

द्विबीज पत्री (क्रमशः) पृथकदली (क्रमशः) सीरीज-केलिसी फ्लोरी

[Dicotyledons (Contd.) Polypetalae (Contd.) Series—Calyiciflorae)

सीरीज केलिसीफ्लोरी (series calyciflorae) के सदस्यों में प्राय: बाह्य: दल (sepals) संयुक्त (fused) तथा (adntate to ovary) होती है। इसमें दल प्राय: (petals) पृथक (free) तथा अण्डाक्षय (ovary) प्राय: अघर (inferior) होता है।

गण रोजेल्स (order—ROSALES)

इस सीरीज के अन्तर्गत बैंथम हुकर के वर्गीकरण के अनुसार निम्न पाँच गण (orders) आते हैं—

(1) रोजेल्स (Rosales)
(2) मिरटेल्स (Myrtales)
(3) पेसीफ्लोरेल्स (passiflorals)
(4) फाइकोडेल्स (Ficoidales)
(5) अम्बीलेल्स (Umbellales)

इस गण (order) के सदस्यों में प्राय: उभयलिंगी (bisexual) [यदाकदा एकलिंगी] चक्रिक (cyelic), पैन्टामेरस (Pentamerous) तथा प्राय: एक्टीनोमोरफिक (actinomorphic) [यदाकदा जाइगोमोरफिक] पुष्प होते हैं। इन पुष्पों में प्राय: अक्षीय (axile) बीजाण्ड विन्यास (Piacentation) होता है।

इस गण (order) के अन्तर्गत बैंथम हुकर के वर्गीकरण के अनुसार 9 कुल famiiies आते हैं—

1. कोनोरेसी (Connaraceae)
2. लेग्यूमीनेसी (Leguminosae)
3. रोजेसी (Rosaceae)
4. सेक्सीफ्रऐगेसी (Saxifragaceae)
5. क्रेसयुलेसी (Crassulaceae)
6. ड्रोसीरेसी (Drosaraceae)
7. हेमेमीलीयेडी (Hamamelideae)
8. ब्राउनीयेसी (Brunieeae)
9. हेलोओरेगी (Haloragea)

कुछ 11—लेग्यूमीनेसी
(Family 11—LEGUMINASAE)

लेग्यूमीनेसी मामान्य रूप से मटर कुल (pea family) कही जाती है। यह एक बहुत बड़ा कुल (family) है इसके अन्तर्गत लगभग 550 वंश (genera) तथा 1200 जातियाँ (speeies) आती हैं। ये पौध प्रायः सभी प्रकार की जलवायु में पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं।

मटर (*Pisum sattvum*), मूंगफली (*Arachis hypogea*), शीशम (*Dalbergia sisso*), कचनार (*Bauchinia zeriegata*), कीकर (*Acacia*) आदि इस कुल के कुछ प्रमुख सदस्य है।

बैंथम हुकर के मतानुसार इस कुल को तीन उपकुलों (sub-family) में विभाजित किया जाता है—

1. पेपलीयनेसी (Papilionatae)
2. सीसलपीनोयेसी (Caesalpinaceae or caesalpinoideae)
4. माइमोसेसी (Mimosaceae or mimosoideae)

हचिन्सन के मतानुसार उपरोक्त तीनों उपकुल (sub-families) लेग्यूमीनेलस (leguminales) गण (order) के तीन कुल (families) हैं।

उपकुल 1—पेपीलीयोनेसी
(Sub Family 1—PAPILIONACEAE)

प्रश्न 68—उपकुल पेपलीयोनेसी के विशिष्ट लक्षणों एवं आर्थिक महत्व का विवरण दीजिये।

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीन्स
पोलीपेटली	लिगनोसी
केलीसीफ्लोरी	लेग्यूमीनेल्स
रोजेल्स	**पोपीलीयोनेसी**
लेग्यूमीनेसी	**(Papilionaceae)**
पेपीलीयोनेसी (Papilionaceae)	
(बैंथम हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)—

यह एक बड़ा कुल (large family) है। इसके अन्तर्गत लगभग 375 वंश (genera) आते हैं। इस कुल के पौधे भारत के पहाड़ी तथा मैदानी प्रदेशों में सामान्य रूप से पाये जाते हैं। इस कुल के पौधे प्रायः शरद ऋतु में पुष्पन (flowering) करते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (habit)—इस कुल के पौधे शाक (herbs) जैसे चना, मटर मूंगफली, छोटी झाड़ियाँ (under shrubs) जैसे **क्रटोलेरिया, इन्डोफेरा** अथवा झाड़ी (shrubs) जैसे अरहर अथवा वृक्ष (tree) जैसे शीशम हो सकते हैं। कुछ पौधे जैसे सेम आरोही (climbing) होते हैं।

जड़ (Root)—इसमें शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है। जड़ पर नाइट्रोजन स्थिरीकरण जीवाणु (nitrogen fixing bacteria) युक्त ग्रन्थियां (nodules) पायी जाती हैं।

स्तम्भ (Stem)—शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody) होती है। यह ऊर्ध्व (erect) अथवा प्रतानी (tendrilar) आरोही (climber) शाखित (branched), ठोस (soild), बेलनाकार (cylindrical) अथवा कोणीय (angular) होता है।

पत्ती (Leaf)—पत्ती सरल (simple) अथवा संयुक्त (compound) होती है तथा प्राय: पूर्ण रूप से (जैसे *lathyrus aphaca* में) अथवा आँशिक रूप से (जैसे *pisum sativum*) [मटर में] तन्तुओं (tendrils) में रूपान्तरित रहती है। कभी-कभी जैसे *desmodium gyrans* (telegraph plant) में पत्रक (leaflets sleeping movement) और स्वायन गति (autonomous movment) प्रदर्शित करते हैं। इनमें पत्तियाँ एकान्तर (alternate) अथवा अभिमुख (opposite) अथवा चक्करदार (whorled) होती है। प्राय: संयुक्त पत्तियाँ (compound leaves) पिक्षाकार (pinnate) व अनुपत्री (stipulate) होती हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: रेसीमोस (racemose) प्रकार का होता है। यह कभी-कभी अग्रीय (terminal) अथवा पूर्ण विपरीत रेसीम (leaf opposed raceme) होता है जैसे **क्रोटोलेरिया** में, कभी-कभी यह रेसीम (raceme) प्रकार का होता है जैसे *melilotus trigonilla* में, कभी-कभी यह कोरम्बोस रेसीम (corymbose raceme) प्रकार का होता है जैसे अरहर में; कभी-कभी यह कक्षीय (axillary) होता जैसे सेम में, कभी-कभी यह पेनीकिल (panicle) प्रकार का होता है. जैसे शीशम में।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्राय: सवृन्त (pedicillate), जाइगोमोरफिक (zygomorphic) उभयलिंगी (hermaphrodite), पूर्ण (complete), नियमित (regular) सहपत्री (bracteate), उत्तराधर (hypogynous) अथवा परिजायांगी (perigynous) होते हैं।

बाह्यदलपुंज (Calyx)—इनमें प्राय: पाँच बाह्यदल (sepals) होती है जो संयुक्त बाह्यदली (gamosepalous) तथा कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) युक्त होती है।

दलपुंज (Corolla)—इनमें पाँच दल (5 petals) होते है तथा ये पृथक दलीय (polypetalous) होते हैं। इनमें पाँच दल (petal) असमान (unequal) होते हैं। इनमें प्राय: सबसे ऊपर बड़ा दल (large petal) स्टैण्डर्ड अथवा वैक्जीलम (standard or vexillum), दो स्वतन्त्र (free) पार्श्व (lateral) दल (petal) पंख (wing) तथा नीचे की ओर दो संयुक्त (fused) दल (petals) कील (keel or carinal) कहलाते हैं। इस प्रकार के दलपुंज (corolla) को papilonaceous or butterfly shaped corolla कहते हैं। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) प्राय: अवरोही कोरछादी (descending imbricate) अथवा वैक्सीलरी (vexi-


MODIFIED LEA
INTO TENDRIL
FLOWER
STIPULE
STEM
TENDRIL

(LATHYRUS APHACA)
A PART OF PLANT


STIGMA
STAMENS
PETAL
STAMENS
OVARY
STIGMA
STYLE
SEPAL
STYLE
OVARY
STAMEN
THALAMUS
PEDICEL

L. S. FLOWER

ANDROECIUM AND GYNOECIUM

(LATHYRUS APHACA)

Fig. 20—Lathyrus aphaca (family papilionaceae)



T. S. OVARY

(LATHYRUS APHACA)

FLORAL DIAGRAM

Fig. 30—Lathytus aphace (family papiliaonaceae)

llary) होता है। दल (petals) प्रायः सुन्दर रंगों वाले (beautifully coloured) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्रायः दस पुंकेसर (stamene) होते हैं। यह पुंकेसर (stamens) प्रायः बाह्यदल पुंज (calyx) के नीचे एक डिस्क पर लगे रहते हैं तथा प्रायः ये दो पूलों (bundles) में [द्विसंघी=Diadalphous] 9+1 अथवा 5+5 में पाये जाते हैं। यदाकदा एकसंघी (monoadalaphous) अवस्था तथा बहुत कम स्वतन्त्र (free) अवस्था में भी पाये जाते हैं। परागकोष (anthers) प्रायः द्विकोशिकी (bicelled) पृष्ठ लगन (dorsifixed) व इन्ट्रोंस (introse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—यह प्रायः एकअण्डपी (monocarpellary) होता है। इनमें अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), एककोष्ठकी (unilocular) तथा सीमान्त बीजाण्डविन्यास (marginal placentation) वाली होती है। इसमें वर्तिका (style) प्रायः मुड़ी हुई व रोमिल (hairy) तथा वर्तिकाग्र (stigma) सरल व चपटा होता है।

फल (Fruit)—प्रायः लेग्यूस (legume) अथवा (pod) होता है।

बीज (Seed)—प्रायः अभ्रूणपोषी (nonendospermic) होता है।

परागण (Pollination)—प्रायः कीट परागण (entomophily) होता है।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$$⚥ \cdot|\cdot K_{(5)}C_{1+2+2}(A)_{(9)+1}G1$$


LEAF-LET TENDRIL
LEAF-LET
FLOWER
FRUIT
FOLIACEOUS STIPULE
TWIG
FLOWER
STANDARD
WIN
KE
PETALS
DIADELPHOUS STAMEN
FLORAL DIAGRAM
T.S. OVARY
L.S. OF CARPEL

Fig. 31—Pisum sativum (family Papilionaceae)

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

यह कुल (family) पर्याप्त आर्थिक महत्व की है। इस कुल के पौधों के औषधि; रंग, रेशे, (fibers), दालें (pulses) काष्ठ (wood) आदि पर्याप्त मात्रा में प्राप्त किये जाते हैं। इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न प्रकार हैं—

1. मूँगफली (Groundnut) [Arachis bypogea]—इस पौधे के बीजों से तेल निकाल कर खाने में प्रयोग किया जाता है। यह तेल हाइड्रोजीनेशन

(hydrogenation) द्वारा वनस्पति घी (vegetable ghee) में परिवर्तित कर प्रयोग किया जाता है। इस पौधे के फल शरद् ऋतु में भूनकर खाये जाते हैं।

2. ढाक (Dhak) [Butea frondosa]—यह रंग प्रदान करने वाला सुन्दर (ornamental) वृक्ष है। इसका प्रयोग कुछ औषधियों के निर्माण में भी होता है।

3. सन Sunn hemp [Crotolaria Juncae]—इस पौधे के तनों से प्राप्त रेशे (fiberr) रस्सियाँ, चटाइयाँ तथा कागज निर्माण में प्रयोग होते हैं।

4. चना (Gram) [Cicer arietinum]—इस पौधे के बीज कच्चे तथा भूनकर खाये जाते हैं। इनके बीजों को पीसकर आटा व बेसन बनाया जाता है जो विभिन्न प्रकार से खाया जाता है। इस पौधे की पत्तियाँ सब्जी के रूप में प्रयोग होती हैं। इनका प्रयोग दाल की भाँति भी किया जाता है।

5. अरहर (Pigeon Pea) [Cajanus indicus]—(Syn. Cajanus Cajoun) इस पौधे के बीज मनुष्यों द्वारा दाल (Pulse) के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

6. शीशम (Shisham) [Dalberigia sisso]—इस पौधे की काष्ठ (wood) से फर्नीचर आदि का निर्माण किया जाता है।

7. सेम (Sem) [Dolichos Lablab Syn. Lablab uiger]—इस पौधे की हरी पत्तियाँ व बीज सब्जी के रूप में खाये जाते हैं।

8. नील (indigo) [Indigofera finctoria]—यह पौधा औषधि गुण सम्पन्न होता है। इस पौधे से प्राप्त रंग (dye) नील (nell) के रूप में प्रयोग किया जाता है।

9. मसूर (Lentil) [Lens culinaais Syn. Lens escutenta]—इस पौधे के बीज दाल के रूप में खाये जाते हैं।

10. मटर (Garden pea) [Pisum sativum variety arvense Syn. P. arvense]—इस पौधे के बीज सामान्य रूप से सब्जी के रूप प्रयोग किये जाते हैं।

11. मैथी (Trigonella)—इसकी पत्तियाँ सब्जी के रूप में तथा बीज मसाले के रूप में प्रयोग होते हैं।

प्रश्न 69—Pisum का पुष्पसूत्र, पुष्प सूत्रतथा पुष्प चित्र बनाइये।

Refer Q. 68 (*Kanpur 83; Agra 80*)

उपकुल 2—सीसलपीनोयडी
(Sub. family 2—Caesalpinoideae)

प्रश्न 70—संक्षेप में कुल सीसलपीनीयली के विभेदक लक्षणों का वर्णन करो। इस कुल से सम्बन्धित कुल आर्थिक महत्व वाले पौधे के वनस्पतिक नाम लिखो।

Describe in brief the distinguishing characters of the family caesalpinoideae. Give botanical names of some plants of economic importance belonging to this family.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटालाडन्स
पोलीपेटली	लिगनोसी
केलेसीपलोरी	लैग्यूमीनेल्स
रोजेल्स	**सिसलपीलीयेसी**
लेग्यूमीनोसी	**(Caesalpiaceae)**
Caeselpinoideae	[हचिन्सन के अनुसार]
[बैंथम व हुकर के अनुसार]	


LEAF-LET
STEM
TWIG
STIGMA
STAMEN
OVARY
CALYX
COROLLA
L.S. FLOWER
OVARY WALL
OVULES
T.S. OVARY
FLOWER
FLORAL DIAGRAM

Amaltas
Fig. 32—Cassia fistula (Amelitas) (Family Caesalpiniaceae)

वितरण (Distribution)—इस कुल के अन्तर्गत लगभग 135 वंश (genera) हैं जो प्राय: सर्वत्र पाये जाते हैं । इस कुल के पौधे अधिकांश रूप से ऊष्ण (tropical) तथा उप-ऊष्ण (sub-tropical) प्रदेशों में पाये जाते हैं ।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्राय: वृक्ष (tree), झाड़ियाँ (shrubs) तथा कभी-कभी बहुत कम (rarely) शाक (herbs) होते हैं । कुछ पौधे आरोही (climbing) भी हो सकते हैं ।

जड़ (Root)—प्राय: शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती हैं ।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: ऊर्ध्व (erect), काष्ठीय (woody) अथवा शाकीय (herbaceous) बेलनाकार (cylindrical), शाखित (branched), ठोस (solid) होता है ।

पत्ती (Leaf)—प्राय: पिच्छाकार (pinnate) अथवा द्वि-पिच्छाकार (bipinnate) संयुक्त (compound) होती । कभी-कभी सरल पत्ती (simple leaf) भी हो सकती है । पत्ती की पत्रक (leaflets) प्राय: युग्मों (pairs) में लगे होते हैं । ये पत्तियाँ प्राय: सवृन्त (petiolate) होती हैं तथा इनके वृन्त (petiole) का आधार (leaf base) फूला हुआ (pulvinus) होता है । पत्रक (leaflet) प्राय: अण्डाकार (ovate), अरोमिल (glabrous), अछिन्नकोर (entire) तथा जालिकावत शिराविन्यास (raticulate venation) वाले होते हैं । ये पत्तियाँ सामान्यत: अनुपत्री (exstipulate) होती हैं । कभी-कभी बहुत सूक्ष्म (minute) आशपाती (caducous) अनुपत्र (stipules) पाये जाते हैं ।

पुष्पीय लक्षण (Floral characters)

पुष्पक्रम (Iufloresecnce)—प्राय: रेसीमोस (racemose) कभी-कभी साइमोस (cymose) होता है ।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्राय: सवृन्त (pedicillate) एक व्यासममित (zygomorphic), उभयलिंगी (bisexual), पूर्ण (complete), जायांगधर (hypogynous) तथा सहपत्री (bracteate) होता है ।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: पाँच बाह्यदल (5 sepals) होते हैं । ये प्राय: पृथक वाह्यदली (polysepalous) यदाकदा-संयुक्त बाह्यदली (gamosepalous) होते हैं इनमें प्राय: पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरछादी (imbricate) कभी-कभी कोरस्पर्शी (valvate) होता है ।

दलपुंज (Corolla)—प्राय: पाँच दल (5 petals) होती हैं, ये पृथक दली (polypetalous) होती है तथा इनमें आरोही कोरछादी पुष्पदल विन्यास (ascending imbricate aestivation) होता है ।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamen) प्राय: 10 होते हैं । ये सामान्य रूप से स्वतन्त्र (free) तथा कभी-कभी विभिन्न प्रकार से जुड़े होते हैं । कभी-कभी संख्या 3, 5, 7 तक रह जाती है ।

जायांग (Gynoecium)—एक अण्डपी (mono-carpellary), अण्डाशय (ovary) उत्तराधर (superior) एककोष्ठकी (unilocular) तथा सीमान्त विन्यास (margial placentation) युक्त होता है । इनमें वर्तिका (style) लम्बी व वर्तिकाग्र (stigma) सरल होता है ।



Fig. 33—Tamarind (Family caesalpinoideae)

फल (Fruit)—शिम्ब (pod) अथवा लीमेन्टम (lomentum) होता है।

बीज (Seed)—अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्रायः परागण कीटों (entomophilly) द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral diagram)—

$\cdot|\cdot$ ⚥ K_5 or $_{(5)}C_5A_{10}\underline{G1}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

यह कुल आर्थिक दृष्टि से पर्याप्त महत्वपूर्ण है। इस कुल में पौधों से औषधि काष्ठ (wood), भोजन (food) तथा अन्य बहुत सी महत्वपूर्ण वस्तुयें प्राप्त होती हैं। इस कुल के कुछ पौधे निम्न हैं—

1. अमलताश (Cassia fistula)—यह एक सुन्दरता के लिए उगाया जाने वाला वृक्ष है। इस पौधे स फलों से प्राप्त गूदा (pulp) दस्तावर औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। इस पौधे की काष्ठ (wood) भी महत्वपूर्ण है।

2. गुलमोहर (Peacock flower) [Delomix regia syn. Poinciana regia]—यह एक सुन्दरता के लिए उगाया जाने वाला सामान्य पौधा है। इसके पुष्प सुन्दर लाल रंग के होते हैं।

3. अशोक (Ashok tree) [Saraca indica]—यह वृक्ष सुन्दरता के लिए उगाया जाता है। इस वृक्ष से बहुत सी आयुर्वेदिक औषधियाँ भी तैयार की जाती हैं।

4. कचनार (Mountain ebony) [Bauhinia variegata syn. B. candida]—इस पौधे की पुष्प कलिकायें (flower buds) सब्जी के रूप में खायी जाती हैं।

5. इमली (Tamarind) [Tamarindus indica]—इस पौधे के फूल खाने योग्य होते हैं तथा ये पेट के रोगों के लिये एवं दस्तावर औषधि के रूप में प्रयुक्त होते हैं। इन पौधों की छाल (bark) रंगाई में प्रयोग होती है। इमली से स्वादिष्ट चटनी भी बनाई जाती है।

6. पतंग (Log wood) [Haemotoxylon campechianum]—इस पौधे की हृदय काष्ठ (heart wood) से हीमोटाक्सीलीन (haemotoxylene) नामक अभिरंजक (dye) प्राप्त होती है। यह रंग (dye) स्टेन (staining) में भी प्रयोग होती है।

उपकुल 3—माइमोसोयडी

(Sub. Family 3—Mimosoideae) (Acacia family)

प्रश्न 70—कुल माइमोसोयडी का संक्षिप्त सचित्र वर्णन करो।

Write an illustrated and concise accouut of the family Mimosoideae.

वर्गीकरण स्थिति **(Systematic Position)**

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली	लिगनोसी
केलीसीफ्लोरी	लैंग्यूमीनेल्स
रोजल्स	**माइमोसोयडी**
लैंग्यूमीनेसी	**(Mimosoideae)**
माइमोसोयडी	
(Mimosoideae)	(हचिन्सन के अनुसार)
(बैन्थम हुकर के अनुसार)	

वितरण **(Distribution)**

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 49 वंश (genera) हैं। ये ऊष्ण (tropical) समऊष्ण (sub-tropical) प्रदेशों में बहुतायत में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्रायः वृक्ष (trees) अथवा झाड़िया (shrubs) होते हैं। बहुत कम ये शाक (herbs) भी हो सकते हैं। इस कुल के अधिकांश पौधे कटीले (spiny) तथा शुष्कोद्भिद् (xerophytes) होते हैं।

जड़ (Root)—इन पौधों में प्रायः काफी गहराई तक गई हुई शाखित मूसला जड़ (deep branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—इन पौधों में तना (stem) प्रायः उर्ध्व (erect), शाखित (branched), बेलनाकार (chlindrical), काष्ठीय (woody), ठोस (solie) होता है। इन पौधों के तनों के ऊतकों (tissues) में प्रायः गोंद (gum) व टैनिन (tannin) उपस्थित रहता है।

पत्तियाँ (Leaves)—पत्तियाँ प्रायः द्विपिच्छाकर (bipinnate) संयुक्त (compound) होती हैं। बहुत कम पत्तियाँ सरल (simple) हो सकती हैं। प्रायः पत्तियाँ एकान्तर (alternate) व अनुपत्री (stipulate) होती हैं। अनुपत्र (stipules) कीकर (*Acacia*) आदि में काँटो (spines) में परिवर्तित हो जाते हैं। कुछ पौधों में

जैसे छुई मुई के पौधों में (Mimosa pudica) में पत्रक गति (leaf movement) प्रदर्शित करते हैं। **आस्ट्रेलियन अकेसिया** (Australian acacia—e. g. acacia melonoxylon) वृन्ते (petiole) चपटा होकर पत्ती के समान फिल्लोड (phyllode) बना लेता है।


TWIG
POD
L.S. OF FLOWER
FLORAL DIAGRAM

Fig. 34—Acacia arabica (Kiker) (Family Mimosoideae)

माइसोसोयडी

पुष्पीय लक्षण (Floral Character)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—

रेसीमोस (racemose), शूकी (spike) अथवा मुण्डक (capitulum or) (head) होता है।

पुष्प (Flower)—इनमें पुष्प छोटे (small), अवृन्त (sessile), त्रिज्या (actinomorphic) नियमित (regular), उभयलिंगी (hermaphrodite), जायांगधर (hypogynynous), पूर्ण (complete) होते हैं।


FLOWER
HEAD
INFLORESCENCE
PISTIL
A FLOWERING TWIG
FLORAL DIAGRAM
MIMOSA PUDICA

Fig. 35—Mimosa pudica (Family Mimosoideae)

बाह्यदल पुंज (Calyx)—चार या पाँच बाह्य दल (petals) होते हैं ये प्राय: युक्ता बाह्यदली (gamosepalous), सहजात (connate) होते हैं। इनमें प्रायः कोरस्पर्शी (valvate) कभी-कभी कोरछादी (imbricate) पुष्प दल विन्यास (aesti vation) होता है।

दल पुंज (Corolla)—चार या पाँच दल (detals) होते हैं। ये दल (petal) पृथकदली (polypetalous) होते हैं तथा इनमें पुष्पदली विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate) होता है। इन पुष्पों में दल प्रायः सूक्ष्म (minute) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्राय: पुंकेसर (stamens) संख्या में अनिश्चित (indeflnite) होते हैं, परन्तु कभी इनकी संख्या 10 अथवा चार भी होते हैं। ये पुंकेसर प्राय: आकर्षक चमकीले, सुगन्धित होते हैं। इसके परागकोष (anthers) द्विकोशिकी (bicelled), पृष्ठ लग्न (dorsifixed) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—एकअण्डपी (monocarpellary), अण्डाशय (ovary) उर्ध्व (suderior), एककोष्टकी (unilocular) तथा सीमान्त बीजाण्ड विन्यास (marginal placentation) वाली होती है। इनमें वर्तिका (style) लम्बी व तन्तु रूप (filiform) तथा वर्तिकाग्र (stigma) सिरीय (terminal) व सरल (simple) होता है।

फल (Fruit)—प्राय: शिम्ब (legume) अथवा लोमेन्टम (lomentum) होता है।

बीज (Seed)—अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होता है।

पुष्पसूत्र (Floral Formula)—

$$\oplus\ ⚥\ K_5C_5A\alpha G\ \underline{1}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)

यह कुल पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इस कुल के कुल प्रमुख पौधे निम्न हैं—

1. बबूल, कीकर (Acacia) [*Acacia arabica Syn. A. nilotica*] :

इस वृक्ष की छाल (bark) रंगाई में, इनकी छाल से प्राप्त गोंद (gum) मिठाई आदि निर्माण में प्रयोग होता है। यह काठ (wood), दातौन तथा टोकरियाँ आदि के निर्माण में भी उपयोगी हैं।

2. कत्था, खेर (Catechu) [*Acacia catechu*] :

इस पौधे में प्राप्त कत्था पान के साथ खाने व रंगाई में प्रयोग किया जाता है।

3. सिरिस (Siris) [*Albizia lebbeck Syn. Mimosa lebbeck or Acacia lebbeck*] :

इस पौधे का काष्ठ (wood) फर्नीचर, रेल की बोगी आदि बनाने में प्रयोग की जाती है।

4. लाजवन्ती अथवा छूई मुई (Sensitive plant) [*Mimosa pudica*] :

यह पौधा सुन्दरता के लिए उगाया जाता है।

5. जम्बू (**Iron wood tree**) [*Xylia xylocarpa Syn. Xylia dolabriformis*] :

इस पौधे की काष्ठ (wood) बहुत मजबूत होती है । इसकी लकड़ी मकान रेलवे स्लीपर, पुल आदि बनाने में अत्यन्त उपयोगी है ।

6. जंगल जलेबी (**Manila Tamarind**) [*pithecellobiam dulcc Syn. Mimosa dulis or Inga dulcis*] :

यह पौधा हेज (hedge) के रूप में उगाया जाता है । इस पौवे की फलियाँ भी खाने योग्य होती हैं ।

प्रश्न 72—लेग्यूमीनेसी कुल के उपकुलों के विभेदक लक्षणों का सचित्र वर्णन करो। यह भी बताइये इन तीनों उपकुलों को लेग्यूमीनेसी कुल के अन्तर्गत क्यों रखा जाता है ?

Give an illustrated account of the common distinguishing charcrers of sub-familles of Leguminosae. St ate why the subfamilies have been put in Leguminosae. (*Vikram 78*)

वैन्थम व हुकर ने लेग्युमीगसी कुल (family leguminosae) को निम्न तीन उपकुलों (sub-families) में विभाजित किया—

(i) पेपीलीयोनेटी (Papilonatae)
(ii) सीसलपीनोयडी (Caesalpinoideae)
(iii) माइमोसोइडी (Mimosoidae)

45
64
59
168

56 $\frac{168}{300} \times 100$

लेग्यूमीनेसी कुल एवं तीनों उपकुलों के समान विभेदक लक्षण निम्न हैं—

(i) **आवास स्वभाव (Habit and Habitat)**—पौधे वृक्ष (tree), क्षुप (shrub) अथवा शाक (herbs) हैं । ये वितरण में विश्वव्यापी (cosmopolitan in distribution) हैं ।

(ii) **पत्ती (Leaf)**—द्विपच्छाकार संयुक्त (bipinnately compound) अथवा सरल (simple) होती है ।

(iii) **पुष्प (flower)**—मुख्यत: जाइगोमोरफिक, कभी-कभी एक्टीनोमोरफिक ।

(iv) **दलपुंज (Corolla)**—पृथक्‌दल (polypetalous) अथवा आँशिक रूप से जुड़े हुए ।

(v) **पुमंग (Androecium)**—पाँच से अनेक तक पुंकेसर (stamen), पृथक् पुंकेसर (polyadalphous) अथवा विभिन्न प्रकार से जुड़े हुए ।

(vi) **जायांग (Gynoecium)**—एक अण्डपी (monocarpellary) अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व- (superior) बीजाण्डविन्यास (placentation) सीमान्त (marginal) ।

(viii) **बीज (Seed)**—प्राय: अभ्रूणपोषी (non-endospermic) ।

उपरोक्त लक्षण तीनों उपकुलों में समान होने के कारण ही बैन्थम हुकर ने इन्हें एक कुल लेग्यूमीनेसी के अन्तर्गत रखा ।

तीनों उपकुलों को तुलना
(Comparison of the three sub-families)

लक्षण (Character)	पेपीलीयोनेटी (Papilonatae)	सीसलपीनीयडी (Caesalpinoidae)	माइमोसोयडी (Mimosoidae)
1 स्वभाव (Habit)	प्राय: शाक (herbs) कभी-कभी वृक्ष (tree) व क्षुप (shrub) भी	प्राय: वृक्ष (tree) अथवा क्षुप (shrub), कभी-कभी शाक (herb)	प्राय: वृक्ष (tree) अथवा क्षुप (shrub), कभी-कभी शाक (herb)
2. जड़ (Root)	ग्रन्थिम मूसला व शाखित जड़ (nodulated tap root branched)	शाखित मूसला जड़ (branched tap root)	शाखित मूसला जड़
3. स्तम्भ (Stems)	उर्घ्व (erect) कभी-कभी आरोही (climbers)	ऊर्घ्व (erect)	ऊर्घ्व (erect)
4. पत्ती (Leaf)	इसमे पिच्छाकार संयुक्त (imparipinnate compound)	समपिच्छाकर संयुक्त (peripinate compound)	द्विपिच्छाकार संयुक्त (bipinnately compound)
5. पुष्पक्रम (Inflorescence)	रेसीमोस (racemose)	रेसीम	साइमोस, हेड (head)
6. पुष्प (Flower)	जाइगोमोरफिक	जाइगोमोरफिक	एक्टीनोमोरफिक
7. बाह्यदल पुंज (Calyx)	पांच बाह्यदल (sepals) संयुक्त (fused)	पाँच बाह्यदल (petal), स्वतन्त्र (free), अथवा थोड़े से जुड़े हुए।	चार या पाँच बाह्यदल (sepals), संयुक्त (fused)
8. दलपुंज (Corolla)	पाँच दल (petals), बटर फ्लाई आकार का (butter fly shaped) अवरोही कोरछादी पुष्पदल विन्यास (descending imbricate aestivation)	पाँच दल (petal). स्वतन्त्र (free), आरोही कोरछादी पुष्पदल विन्यास (ascending imbricate aectivation)	चार या पाँच दल (petals) कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation)
9. पुमंग (Androecium)	पुंकेसर (stamens) दल द्विसंघी (diadalphous) [(9)+(1)]	दस पुंकेसर, स्वतन्त्र (free)	पुंकेसर अनेक व स्वतन्त्र (free)
10 जायांग (Gynoecium)	एक अण्डपी (monocarpellary) अण्डाशय (ovary), एककोष्ठीय (unilocular), सीमान्त बीजाण्ड विन्यास (marginal placentation)	Same	Same
11. फल (Fruit)	लेग्यूम (legume)	लेग्यूम	लेग्यूम अथवा लोमेंटम
12 पुष्प सूत्र (Floral formula)	·|· ⚥ $K_{(5)}C_{2+(2)+1}A_{(9)+1}\underline{G1}$	·|· ⚥ $K_5C_5A_{10}\underline{G1}$	⊕ ⚥ $K_{(4\ or\ 5)}C_{4\ or\ 5}A\alpha\underline{G1}$
13. पुष्प चित्र (Floral diagram)	See Fig. 30, 31	See Fig. 32, 33	See Fig. 34, 35

प्रश्न 73—लेग्यूमीनेसी के तीन उपकुलों में आप कैसे पहचान करेंगे ?
(*Rajasthan 84; Agra 83; Gorakhpuur 78*)

See Q. 77

प्रश्न 74—दलपुंज के आधार पर पेपीलियोनेटी, सीसलपीनोयडी तथा माइमोसोयडी उपकुलों में पहचान कीजिये ।

Distinguish between papilionatae, caesalpinoideae and mimosoideae on the basis of corolla only. (*Vikram 79*)

See Q. 77

प्रश्न 75—केवल पुष्प चित्र द्वारा पहचानिये—

Try to differentiate by floral diagrams only—

कुल पेपीलीयोनेटी का आर्थिक महत्व क्या है ?
(a) पेपीलीयोनेटी (b) सीसलपीनोयडी (c) माइमौसोयडी

What is the economic importance of sub family papilionatae ? Papilionatae (b) Caesalpinoideae (c) Mimosideae.

(*Jiwaji 78*)

See Q. 72 and 69

कुल 12—रोजेसी

Family 12—Rosaceae

(Rose Family)

प्रश्न 76—रोजेसी कुल का संक्षिप्त व सचित्र विवरण दीजिएगा ।

Give an illustrate and concise account of the family Rosaceae. (*Gorakhpur 80*)

प्रश्न 77—रोजेसी कुल के विभेदक लक्षणों का वर्णन करो । इस कुल के पांच आर्थिक महत्व वाले पौधों के नाम लिखो ।

Give the distinguishing features of Rosaceae and plants of this family which have economic value. (*Kanpur 83*)

प्रश्न 78—रोजेसी कुल के विभेदक लक्षणों का वर्णन करो तथा इस कुल से सम्बन्धित कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो ।

Give the diagnostic characters of the famiy Rosaceae and mention the botanical names of the plants of economic value belonging to this family.

वर्गीकृत स्थिति **(Sytematic position)—**

एंजोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली
केलसीफ्लोरी
रोजेल्स
रोजेसी
(Rosaçeae)
[बैंथम व हुकर के अनुसार]

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
लिगनोसी
रोजेल्स
रोजेसी
(Rosaceae)
[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 115 वंश (genera) तथा 3200 जातियाँ (species) सम्मिलित हैं। कुल के पौधे वितरण विश्वव्यापी (world wide in distribution) हैं। ये पौधे मुख्यत: शीतोष्ण (temperate regions) प्रदेशों में पाये जाते हैं तथा उत्तरी हिमालय पर ऐ पौधे बहुतायात में मिलते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Character)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे शाकीय (herbs), क्षुप (shurbs) तथा वृक्ष (trees) हो सकते हैं।

जड़ (Root)—मूसला (tap) अथवा (adventitious) जड़ होती है। यह भूमिगत अंगों तथा (cutting), से उत्पन्न होती है।

स्तम्भ (Stem)—शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody) ऊर्ध्व (erect) अथवा विसर्पी (creeping), बेलनाकार (cyiindrical), शाखित (branched), ठोस (solid) तथा पर्व व पर्वसन्धियों (nodes and internodes) में विभाजित होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—प्राय: सरल (simple) कभी-कभी संयुक्त (compound) प्राय: एकान्तर (alternate) कभी-कभी अभिमुख (opposite), अनुपत्री (stipulate) सवृन्त (petiolate) होती हैं। पत्तियों के किनारे प्राय: आरावत (serrate) तथा इसमें जलिकावत शिराविन्यास (unicostate raticulate venation) होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—इसमें पुष्पक्रम बहुत अधिक भिन्न (variable) होता है। कुछ मुख्य पौधों में निम्न प्रकार का पुस्पक्रम पाया जाता है—

(A) एकल (solitary) e. g. **Potentilla, Rosa etc.**
(B) रेसीम (Raeeeme) e. g. **Prunus nedaleusis.**
(C) कक्षीय अथवा साइम
(axillary or cyme) e. g. **Argimonia.**
(D) स्पाइक समान रेसीम
(spike like raceme) e. g. **Argimonia.**
(E) कोरिम्ब (corymb) e. g. **Pyrus becata.**
(F) संयुक्त कोरिम्ब (comyound corymb) e. g. **Pyrus lanata.**
(G) अग्रस्थ पेनकिल (terminal panical) e. g. **Potentilla.**

पुष्प (Flower)—पुष्प प्राय: सवृन्त (Pedlcillate), सहपत्री (bracteate), उभयलिंगी (bisdxual), कभी-कभी एकलिंगी (unisexual) नियमित (regular) त्रिज्यासम्मित (accinomorphic) जायांगधर (hypogynous) कभी-कभी परिजायांगी (perigynous) जायांगोपरिक (epigynous) होते हैं।

बाह्य दल (Calyx)—इसमें प्राय: संयुक्त बाह्य दली (gamosepalous) चार या पाँच बाह्यदल (sepales) होते हैं। इनमें प्राय: कोरछादी (imbricate) अथवा कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) होता है। कभी-कभी सहपत्रक (bracteoles) इपीकेलिक्स (epicalyx) बना लेते हैं।

दलपुंज (Corolla)—इसमें प्राय: पाँच कभी-कभी चार दल (petals) होते हैं। ये पृथकदली (polypetalous) तथा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) युक्त होते हैं। कभी-कभी जैसे गुलाब में दलों (petals) की संख्या बहुत अधिक हो जाती। इसमें पुंकेसर (stamen) दल (petals) में परिवितत हो जाते हैं। कुछ पौधों में जैसे **poterium, alchemilla** आदि में दलपुंज (corolla) पूर्ण रूप से अनुपस्थित होता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: अनेकों (many) स्वतन्त्र (free) पुंकेसर (stamens) होते हैं। कभी-कभी पुंकेसरों की संख्या 5 या 10 होती है। पुंकेसर प्राय: एक से कई चक्करों (whorls) में [प्रत्येक चक्कर में पाँच पुंकेसर होते हैं] जायांग (gynoceium) के चारों ओर परिजायांगी (epigynous) होते हैं। पराग-कोष (anthers) छोटे, द्विकोष्ठकी (bicelled), अन्तरमुखी (introrse) पृष्ठ लग्न (dorsifixed) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—अण्डप (carpels) एक में अनेक (one to many) होते हैं। ये प्राय: स्वतन्त्र अण्डपी (apocarpus) कभी-कभी युक्ताण्डपी (syncarpous) होते हैं। सामान्यत: अण्डप (carpel) हाइपेन्थियम के अन्दर होते हैं तथा इसी कारण अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior) अधर (inferior) अथवा परिजायांगी (perigynous) अवस्था में होते हैं। युक्ताण्डपी (syncarpous) अवस्था में अण्डाशय (ovary) दो से पाँच कोष्ठीय (locular) होता है तथा इनमें स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) पाया जाता है। इनमें वर्तिकाग्र (stigma) की संख्या अण्डपी (carpels) की संख्या के समान होती है। एक अण्डपी (monocarpellaay) अवस्था में अण्डाशय एक कोष्ठीय (unilocular) होता है तथा इसमें आधारी (basal) बीजाण्ड विन्यास (placentation) होती है। इनकी वर्तिकाग्र नली स्वतन्त्र (free) सहजात (connate) होती है इनका वर्तिकाग्र (stigma) फूला हुआ अथवा समुण्ड (cpitate) होता है।

अण्डपों (carpels) की संख्या निम्न प्रकार होती हैं—

एक (one) —*e. g. Prunus.*
दो (two) —*e. g. Argimonia.*
तीन से पाँच तक [3 to 5 तक]—*e. g. Spiracea.*
अनेक (many) —*Rosa species.*

फल (Fruit)—इस कुल के फलों के प्रकार भी भिन्न-भिन्न होते हैं।

एक बीजी ड्रूप (one seeded drupe)—*e. g. Prunus.*
दो से पाँच कोशीय पोम (2 to celled Pome) *e. g. Pyrus.*
पायरीफोर्म बेरी (Fyriform Berry)—*e. g. Ertabotrya japonica*
फोलीकल (Follic'e) —*e. g. Neilia.*
एटीरीयो ऑफ ड्रूपस (ataerio of drupes)—*e. g.. Rubus*
एटीरीयो ऑफ एकीनस (ataerio of achenes)—*e. g. Potentillae.*
एटीरीयो ऑफ फोलीकल्स (ataerio of follicles)—*e. g. Spiraea.*
स्यूडोबकेट फल (Pseuboducate fruit)—*e. g. Rosa.*

बीज (Fruit)—अभ्रूणपोषी (non-endospermic)।


FLOWERING BRANCH
V. S FLOWER
FLORAL DIAGRAM
CALYX TUBE
ACHENES
V.S. FRUIT

Fig. 36—Rose indica (Rosa, Vern, Gulab). (family Rosaceae)

परागण (Pollination)—कीटों (insect) द्वारा ।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$\oplus$ ⚥ $K_{(5)}C_5$ to $\alpha A\alpha G\alpha$ or 1 or (2) to (5)

आर्थिक महत्व Economic Importance)--यह कुल (family) आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है । इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

(1) **गुलाक (Rosa indica syn Rosa chinensis)**—यह उत्तर प्रदेश के पुष्पों से गुलाब जल, इत्र, गुलकन्द आदि बनाया जाता है ।

(2) **आड़ू (Peach) [persica syn. Amygbalus perica syn. Persica vulgaris]**

इस पौधे के फल अत्यधिक स्वादिष्ट तथा विटामिन्स युक्त होते हैं । ये फल खाने योग्य होते हैं ।

(3) **अलूचा आलू बोखारा (Plum) [Prunus domestica** sub species **insitita** syn **Prunus communis** variety **insitita]**


FLORAL DIAGRAM
HABIT SKETCH

Fig. 37—Pyrus communis (family Rosaceae)


FLOWER OF PYRUS MALUS
FLOWER OF PRUNUS
FLOWER OF SPIRAEA
FLOWER OF RUBUS

Fig. 31—Various flowers of Family Rosacea. in L. S.

इन पौधों के स्वादिष्ट व विटामिन युक्त फल खाने योग्य होते हैं।

(4) बादाम (Almond)—[Prunus amygdalus syn. **P. commnnis** or Amygdalus **communis]**

इस पौधे के फलों के बीज खाने योग्य होते हैं। ये अत्यन्त स्वास्थ्यवर्धक आँखों की ज्योतिवर्धक एवं दिमागी ताकत वर्धक होते हैं।

(5) लौकाट (Louqat) [Eribotrya japonica]—इस पौधे के फल स्वादिष्ट खाने के योग्य एवं विटामिन युक्त होते हैं।

(6) नाशपाती, नख (Pear) [Pyrus communis]—इस पौधे के फल खाने के योग्य होते हैं।

(7) सेब (Apple) [Malus sylvestris syn. **Pyrus malus or Malus pumil]**—इस पौधे के फल अत्यन्त स्वादिष्ट, स्वास्थ्यवर्धक एवं खाने योग्य होते हैं।

(8) खूबानी जर्दालू (Apricot) [prunus armenia syn. **Armeniaca vulgaris]**—इस पौधे के फल अत्यन्त स्वादिष्ट एवं खाने योग्य होते हैं।

प्रश्न 79—उचित चित्रों एवं उदाहरणों की सहायता से रोजेसी कुल में पुष्पीय एवं फलों की रचना में भिन्नता का वर्णन करो।

With the help of suitable example, describe, the range of floral and fruit structure in the family Rosaeeae. (*Lucknow 1981*)



FLORAL DIAGRAM OF PRUNUS PERSICA

FLORAL DIAGRAM OF POTENTIL

Fig 39—Floral Diagrams of family Rosaceae.



FLORAL DIAGRAM OF PYRUS



FLORAL DIAGRAM OF SPIRAEA

प्रश्न 80—रोजेसी कुल में जायांग की भिन्नता का वर्णन करो।

Describe the range of gynoecium iu Rosaceae.

(*Allahabad 83*)

प्रश्न 81—रोजेसी कुल के पुष्प की रचना में भिन्नता का वर्णन करो। इस कुल के आर्थिक महत्व के पौधे के नाम भी लिखो।

Describe the range of floral structures witnin the family Rosaceae. Name few plants of economic importance.

(*Agra 1981*)

Refer Q. 81 for above questions.

गण—मिर्टेल्स
(Order—MYRITALES)

इस कुल के पौधे में युक्ताण्डपी (syncarpous) अधर (inferior) अंडाशय (ovary) वाला होता है। इनमें एक वर्तिका (simple style) अक्षीय बीजाण्ड-

विन्यास (axile placentation) होते हैं। इसके बीज अभ्रूणपोषी (nonendospermic) होते हैं।

बैन्थम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण (order) के अन्तर्गत निम्न छः कुल हैं।

1. राइजोफोरेसी (Rhizoporaceae)
2. कोम्बरीटेसी (Combretaceae)
3. मिर्टेसी (Myrtaccae)
4. मेलास्टोमेबी (Melastomabeae)
5. लायथ्रेसी (Lythraceae)
6. ओनागरेसी (Onagraceae)

कुल 13—मिर्टेसी
(Family MYRTACEAE)

प्रश्न 82—कुल निर्टेसी के विभेदक लक्षण एवं कुल आर्थिक महत्व वाले प्रसिद्ध पौधों के नाम लिखो।

Discuss the distinguishing features of Myrtaceae and give a few familiar plants of economis importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

[बैन्थम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]
एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीडीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली	लिगनोसी
केलीसीफ्लोरी	मिर्टेल्स
मिर्टेल्स	**मिर्टेसी**
मिर्टेसी	(Myrtaceae)
(Myrtaceae)	

वितरण (Distribution)--मिर्टेसी कुल के अन्तर्गत लगभग 80 वंश (genera) तथा 300 जातियाँ (species) हैं। इस कुल के पौधे मुख्यत: उष्ण प्रदेशों (tropical regions) में वितरित होते हैं। आस्ट्रेलिया एवं उष्ण अमेरिका इस कुल के पौधों के मुख्य वितरण केन्द्र हैं। भारतवर्ष में भी इस कुल के अनेक पौध सामान्य रूप में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—ये पौधे प्राय: वृक्ष (tree) अथवा क्षुप (shrub) होते हैं। कभी-कभी में शाक (herb) अथवा आरोही (climber) हो सकते हैं।

जड़ (Root)—जड़ मूसला (tap) व शाखित (branched) होते हैं।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: शाखित (branched), ऊर्ध्व (erect), काष्ठीय (woody), एवं ठोस (soild) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), छोटं वृन्त वाली (shortly petioled) सदैव हरी रहने वाली (ever green), अननुपत्री (exstipulate) अथवा कभी-कभी सूक्ष्म अनुपत्रों युक्त (with small stipules) होती है। पत्तियाँ सामान्यतः अभिमुख (opposite) कभी-कभी एकान्तर (alternate) होती हैं। प्राय: पत्तियों में अनेक तेल ग्रन्थि (oil glands) पायी जाती हैं। कभी-कभा कुछ शुष्कोद्भिद् (xerophytic) जातियों (species) में पत्ती सूच्याकार होती है।


FLORAL DIAGRAM
FLOWER
L.S. OF FLOWER
LEAF
FRUIT
TWIG

Fig. 40—Psidium guavava (vern. Amrood) (Family Myrtaceae)

पत्तियाँ प्राय: अछिन्नकोर (entire) तथा जालिकावत शिराविन्यास (unicostate raticulate venation) वाली होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्प क्रम (Inflorescence)—प्राय: ससीमाक्षी (cymose) प्रकार का होता है। यदा-कदा असीमाक्षी (racemose) प्रकार का भी हो सकता है। **मिर्टस कम्यूनिस** (myrtus communis) आदि में पुष्प एकल (solitary) भी हो सकते हैं।

पुष्प (Flower)—प्राय: सहपत्री (bracteate), संवृन्त (pedicillate) त्रिज्यासम्मित (actinormphic), उभयलिंगी (hermaphrodite) regular, पूर्ण (complete), चक्रीय (cyclic) उपरिजायांगी (epigynous) अथवा परिजायांगी (perigynous) होता है।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: चार या पाँच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये सामान्यत: पृथक् बाह्यदली (Polysepalous) तथा कभी-कभी संयुक्त बाह्यदली (gamosepalous) होते हैं। कभी-कभी बाह्यदल (sepals) अनुपस्थित भी हो सकते हैं। इनमें प्राय: कोरछादी (imbricate or quincunicial) पुष्पदलविन्यास (aestivation) होता है।

दलपुंज (Corolla)—प्राय: चार या पाँच दल (petals) होते हैं। ये पृथकदलीय (polypetalous) होते हैं। **यूकेलिप्टस** (eucalyptus) में प्राय: दल (petals) पूर्णरूप से संयुक्त (unite) होकर एक टोपी (cap) समान रचना बना लेते हैं। इनमें पुष्पदल-विन्यास (aestivation) प्राय: कोरछादी (imbricate or quincuncial) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: अनेक (many) पुंकेसर (stamen) पाये जाते हैं। पुंकेसर प्राय: स्वतन्त्र (free) कभी-कभी जुड़े हुए होते हैं। **केलिस्टेमान** (callistemon) में पुंकेसर एकसंघी (monoadalphous) होते हैं। पुंकेसरों (stamens) के वृन्त (filaments) लम्बे तथा रंगीन होते हैं। परागकोष (anthers) पृष्ठ लग्न (dorsifixed) अथवा मुक्तदली (versatile) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary) से बहुअण्डपी (multicarpellary) तक होता है। यह युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है तथा इनमें अण्डाशय (ovary) प्राय: अधर (inferior) अथवा अर्ध अधर (half inferior) होती है। अण्डाशय (ovary) प्राय: बहुकोष्ठकी (multilocular) तथा प्राय: स्तम्भीय (axile) कभी-कभी भित्तिय (parietal) बीजाण्ड-विन्यास (placentation) वाला होता है। वर्तिका (style) प्राय: लम्बी व टेढ़ी-मेढ़ी (flexamose) तथा वर्तिकाग्र (stigma) समुन्ड (capitate) होता है।

फल (Fruit)—प्राय: बेरी (berry) जैसे **सीडियम (Psidium)** में, केप्सूल (capsule) जैसे **यूकेलिप्टस (Eucalyptus)** में अथवा ड्रूप (drupe) जैसे **यूजीनिया (Eugenia)** में होता है।

बीज (Seed)—अभ्रूपणी (non-endospermic)।

परागण (Pollinattion)—प्राय: कीट परागण होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$Br \oplus ⚥ K_{(4}OR_{5)}C\,(_4OR_5)C(_4OR_5)\ A_{\alpha}\,G\overline{(2)\ \text{or many)}}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल का आर्थिक दृष्टिकोण से पर्याप्त महत्व है। इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

(1) **अमरूद (Guava [Psidium guavava)**—इस पौधे के फल अत्यधिक विटामिन युक्त एवं दस्तावर होते हैं। इनका प्रयोग खाने के लिये सामान्य रूप से किया जाता है।

(2) **लौंग (Clove) [Syzyzium aromaticum Syn. Eugenia aromatic or Eugenia caryophyllata]**—इस पौधे से सुखाई गई पुष्प कलिकायें (लौंग) मसालों के रूप में तथा औषधि रूप में प्रयोग की जाती हैं।

(3) **जामुन (Javaplum) [Syzygium Cumini Syn. Myrtus Cumini**


LEAF
FRUITS
FLOWERS
STEM
A BRANCH OF
CALLISTEMON CITRINUS

Fig 41—Callistemon (Family Myrtaceae) (contd)


STIGMA
STAMENS
STYLE
PETAL
SEPAL
OVARY
OVULE
THALAMUS
ANTHER LOBE
CONNECTIVE
FILAMENT
STAMEN
STIGMA
STYLE
CALYX
OVARY
GYNOECIUM

L. S. FLOWER (CALLISTEMON CITRINUS)



FLORAL DIAGRAM.
(CALLISTEMON CITRINUS)


OVARY WALL
PLACENTA
LOCULE
OVULE

T S. OVARY

Fig 41—Callistemon (Family Myrtaceae)

or Eugenia Jambolena]—इस पौधे के फल खाने योग्न होते हैं। इन फलों के रसों से सिरका तैयार किया जाता है तथा पेट से बहुत से रोगों के लिये एक महत्वपूर्ण औषधि हैं।

(4) **यूकेलिप्टस गलोब्युस (Eucalyptus globulus)**—यह एक बहुत लम्बा वृक्ष है। इस पौधे की सूखी पत्तियों से तेल प्राप्त कर दमा आदि रोगों की औषधियों में प्रयोग किया जाता हैं ।इस पौधे से इत्र भी प्राप्त होता है। इस पौधे की लुग्दी (pulp) से कागज बनाया जाता है। इसका उपयोग पुल, रेल के स्लीपर, इमारती समान आदि बनाने में भी होता है।

(5) **लाल बोतल ब्रुश वृक्ष (Bottle Brush) [Callistemon citrinus Syn. callistemon lanceolatus]**—यह पौधा बगीचों की सुन्दरता के लिये उगाया जाता है।

प्रश्न 83—कैलिस्टोमोन का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये।

(*Agra 1979*)

Sec. Q. 82

प्रश्न 84—अमरुद का वनस्पति नाम, कुल का नाम, पुष्प चित्र एवं पष्प सूत्र दीजिये।

(*Indore 83*)

Refer Q. 82

प्रश्न 85—यूजीनिया व यूकेलिप्टस के कुल बताओ। इनके पुष्प सूत्र पुष्प चित्र व आर्थिक महत्व का वर्णन करो।

Refer Eugenia and Eucalyptus to their families Give floral diagrams and floral formulae. Also state the economic importance.

(*Vikram 80*)

Eugenia and Eucalyptus belong to family Myrtaceae Floral Formulae—

(1) Eugenia jambolana (Vern Jaman)—

$$\oplus\ ⚥\ K_{(4)}C_4A_{\alpha}\overline{G_{(2)}}$$

(2)Eucalyptus lanceolatus—

$$\oplus\ ⚥\ K_{(5)}C_{(5)}A_{\alpha}\ \overline{G_{(3)}}$$

Floral Diagrams—

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—.

The **Eugenia jambolana (Vern. Jaman)** is famous for its fruits, which are eaten as fruits dish are useful in various diseases. The wood of tree used for fuel and timber.

Eucalpytus is large tree which yields timber and oil.



FLORAL DIAGRAM

(A)



FLORAL DIAGRAM

(B)

Fig. 42—Floral diagrams of family Myrtacae.
A. EUGENIA JAMBOLANA
B. EUCALYPTUS LANCEOLATUS

प्रश्न 86—रोजेसी व मिर्टेसी कुल में पहचान कीजियेगा ।
Distinguish between Rosaceae and Myrtaceae.

रोजेसी (Rosaceae)	मिर्टेसी (Myrtaceae)
1. पौधे शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody) होते हैं।	1. पौधे प्रायः काष्ठीय (woody) हाते हैं।
2. पत्ती सरल (simple). एकान्तर (alternate) अनुपत्ती (stipulate) कभी-कभी संयुक्त (compound) होती है।	2 पत्ती सरल, अभिमुख (opposity) अनुपत्ती (exstipulate) तथा तेल ग्रन्थियों (oil gland.,) युक्त होती है।
3. पुष्प परिजांगी (perigynous) होते हैं।	3. पुष्प प्रायः उपरिजायांगी (epigynous) होते हैं।
4. बीजाण्डन्यास (placentation) स्तम्भीय (axile) या आधारी (basal) होता है।	4. बीजाण्डन्यास स्तम्भीय (axile) अथवा भित्तीय (parietal) होता है।
5. फल, ड्रप, पोम, एकीन अथवा फालिकिल (follicle) होता है।	5. फल बेरी (Berry), केप्सूल या ड्रूप होता है।

प्रश्न 87—मिर्टेसी कुल का वर्णन इसके विशिष्ट लक्षण बतलाते हुए करो। इस कुल के तीन आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम भी लिखो।

Give an account of the family Myrtaceae. Pointing out characteristic features. Give botanical names of at least three plants and mention their economic importance. (*Ravishankar 1979*)

कृपया प्रश्न 82 देखें।

प्रश्न 88—ऐसे कुल का विवरण दीजिये जिसमें **Inferior ovary with many stamens** पायी जाती हो।

(*Gorakhpur 1978*)

Refer Q. 82

गण—पेसीफ्लोरेल्स
(Order—PASSIFLORALES)

गण पेसीफ्लोरेल्स में प्रायः युक्ताण्डपी (syncarpous) अण्डाशय (ovary) होता है जिसमें प्रायः अधर (inferior) कभी-कभी उत्तराधर (superior) अंडाशय (ovary) होती है। अण्डाशय प्रायः एककोष्ठकी (unilocular) तथा भित्तीय बीजाण्ड विन्यास (parietal placentation) होता है।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस (order) के अन्तर्गत निम्न सात कुल आते हैं—

1. सेमीडेसी (Samydaceae) 2. लोएसेसी (Losceae)
3. टरनेरेसी (Turneraceae) 4. पेसीफ्लोरी (Passifloreae)
5. कुकरबीटेसी (Cucurbitaceae) 6. बिगनोनियेसी (Bignoniaceae)

कुल 14—कुकरबीटेसी
Family 14—CUCURBITACEAE
(Cucurbita Family)

प्रश्न ~~89~~—कुकरबीटेसी कुल के वानस्पतिक एवं पुष्पीय लक्षणों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये। इस कुल से सम्बन्धित आर्थिक महत्व के एक दर्जन पौधों के नाम लिखिए। *(Agra 1979, 1981)*

प्रश्न 90—कुकरबीटेसी कुल का सचित्र विवरण दो तथा इस कुल के किन्हीं छ: आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो।

Give an illustrated account of the cucurbitaceae and give botanical names of any six plants of this family which are of economic importance. *(Agra 83, 87)*

प्रश्न 91—कुकरबीटेसी कुल के मुख्य लक्षण लिखो तथा इसकी वर्गीकृत स्थिति समझाइये। इस कुल के कुछ प्रमुख पौधों के नाम लिखो।

Give the distinguishing features of cucurbitaceae. Discuss its systematic position. Name a few familiar plants of it. *(Lucknow 1979)*

प्रश्न 92—कुल कुकरबीटेसी के सामान्य लक्षणों का विवरण करो एवं आर्थिक महत्व को समझाइये।

Give a general account of economic importance of family cucurbitaceae. *(Gorakhpur 83)*

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली
केलीसीफ्लोरी
पेसीफ्लारेल्स
कुकरबीटेसी
(Cucurbitaceae)
(बेंथम व हुकर के अनुसार)

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीटन्स
लिगनोसी
कुकरबीटेल्स
कुकरबीटेसी
(Cucurbitaceae)
(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution) :

कुकरबीटेसी कुल के अन्तर्गत लगभग 100 वंश (genera) तथा 800 जातियाँ (species) आती हैं। इस कुल के सदस्य प्राय: ऊष्ण (tropical) व उपऊष्ण (subtropical) प्रदेशों में पाये जाते हैं। बहुत कम पौधे शीतोष्ण (temperate) प्रदेशों में पाये जाते हैं। भारतवर्ष में इस कुल के बहुत से सदस्य खाये जाने योग्य फलों एवं सब्जियों के लिये प्रयोग किये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे सामान्यत: वार्षिक (annuals) अथवा बहुवर्षीय (perennials) शाकी (herbaceous) तथा आरोही (climber) अथवा


FLOWER
TENDRIL
LEAF
STEM
A FLOWERING TWIG
PETAL
STIGMA
STYLE
SEPAL
OVULE
OVARY
PEDICEL
L.S. FLOWER (FEMALE)
LOCULE
OVARY WALL
OVULE
T.S. OVARY
ANDROECIUM
PETAL
STAMEN
PEDICEL
L.S. FLOWER (MALE)
FLORAL DIAGRAM (FEMALE)
FLORAL DIAGRAM (MALE)

Fig. 43—Cucurbita maxima (Vern Kadoo) (Family Cucurbitaceae)

आधारीय (prostrate) होते हैं। कुछ पौधे क्षुप (shrub) अथवा वृक्ष (trees) भी हो सकते हैं।

जड़ (Root)—प्राय: शाखित, मूसला जड़ (tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: शाकीय (herbaceous) कभी-कभी काष्ठीय (woody), शाखित (branched), आरोही (climbing), खोखला (hollow) पाँच कोणीय (pentangular), अरोमिल (glabrous) अथवा रोमिल (hairy) अथवा छोटे-छोटे काँटों युक्त होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), एकान्तर (alternate) कभी-कभी हस्ताकार (palmately) विभाजित (lobed), अननुपत्री (extipulate), सवृन्त (petiolate) तथा जालिकावत शिराविन्यास (raticulate venation) वाली होती है।

इस कुल के पौधे प्राय: अशाखित सरल अथवा शाखित प्रतानों (tendrils) युक्त होते हैं तथा प्राय: यह प्रतानें (tendrils) के दोनों पार्श्व भागों में आधार से लिपटे रहते हैं। इन प्रतानों (tendrils) की आकारिकी (morphology) के सम्बन्ध में वैज्ञानिकों के विभिन्न मत हैं। **मुलर (Muller)** के मतानुसार प्रतानों (tendrils) का कुण्डलाकार भाग (turning portion) रूपान्तरित पत्ती है तथा नीचे का कड़ा भाग (lower stiff portion) स्तम्भ (stem) है। **ब्राउन (Brown)** के मतानुसार प्रतान [tendril] सहपत्रक [bracteole] का रूपान्तरण है। **एन्गलर (Engler)** के मतानुसार प्रतान्त [tendril] अनुपत्रों [stipules] का रूपान्तरण है। हेगर अप [Hager up] 1930 ने मुलर [Muller] के मत का समर्थन किया तथा आधुनिक समय में यह माना जाता है कि प्रतान [tendril] **एक द्वि-प्रकृति (dual nature) है। इसमें नीचे का भाग स्तम्भ का तथा ऊपरी भाग तन्तु का रूपान्तरण है। (The tendril is of dual nature, the lower stiff basal part is the stem while upper twining portion is highly modified foliage leaf).**

पुष्पीय लक्षण (Floral Character)—

पुष्प-क्रम (Inflorescence)—प्राय: समीक्षावर्धी (cymose) एकल कक्षीय (solitary axillary) कभी-कभी पेनीकल (panicle) तथा बहुत कम (rarely) रेसीमोस (racemose) अथवा उपछत्रक (sub-umbellate) प्रकार का होता है। इनमें नर (male) व मादा (female) पुष्प एक ही पौधे पर (monoecious) अथवा पृथक पौधों पर (dioecious) हो सकते हैं। प्राय: नर पुष्पों से मादा पुष्पों की संख्या अधिक होती है।

पुष्प (Flower)—प्राय: एकलिंगी (unisexual), त्रिज्या सम्मित (actinomorphic) सवृन्त (pedicillate) अपूर्ण (incomplete), उपरिजापत्री (epigynous) बड़े (large and showy) होते हैं।

नर पुष्प (Male flower)—

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: पाँच बाह्य (sepals) होते हैं जो प्राय: युक्त बाह्यदली (gamosepalous), नोकीले (pointed) दलाभ (petaloid), एवं घंटाकार (companulate) होते हैं। इनमें कोरच्छादी (imbricate or quincunical) अथवा कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) पाया जाता है।

दलपुंज (Corolla)—पाँच दल (petals) होते हैं जो प्राय: संयुक्त दली (gamopetalous) जैसे *Momordica, cucurbita* में, तथा कभी-कभी पृथकदली (polypetalous) जैसे *luffa fevilea* में होते हैं। इनमें कोरछादी (imbricate) अथवा कोरस्पर्शी (valvate), पुष्पदल विन्यास (aestivation) होता है। कोरोला (corolla) प्राय: केलिक्स नलिका (calyx tube) पर जुड़ा हुआ घंटाकार (companulate), चक्राकार (rotate) अथवा दीपाकार (salverform) होता है।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamens) प्राय: पाँच (5) कभी-कभी तीन होते हैं। ये स्वतन्त्र (free) अथवा एक केन्द्रीय स्तम्भ (central column) बनाये हुये संयुक्त (combined) होते हैं। परागकोष (anthers) प्राय: बहिर्मुखी (extrorse) होते हैं। पुंकेसर (stanien) की अवस्थाओं में विभिन्नता के कुछ उदाहरण निम्न हैं—



Fig. 44—Difierent Type of Androecium in family cucurbitaceac.

1. *Cyclanthera* में एक-दूसरे में जुड़े तीन पुंकेसर (stamen) होते हैं।

2. *Luffa fevillea* में पाँच, स्वतन्त्र (free) पुंकेसर होते हैं।

3. *Thiadiantha* में पाँच पुंकेसर होते हैं। इनमें चार पुंकेसर दो समुदायों (groups) में तन्तु (filament) से जुड़े हुए तथा एक स्वतन्त्र पुंकेसर होता है।

4. *Sicydium* में पाँच पुंकेसर उपरोक्त की भाँति होते हैं। परन्तु इनके संयुक्त पुंकेसर आधार पर अधिक जुड़े होते हैं।

5. *Cirtullus, momordica, cucurbita* में पाँच पुंकेसर होते हैं। इनमें से चार पूर्ण रूप से दो समुदायों में संयुक्त तथा एक स्वतन्त्र होता है।

मादा पुष्प (Female Flower)—

बाह्यदल पुंज (Calyx)—नर पुष्प के समान होता है।

दलपुंज (Corolla)— ,, ,, ,,

पुमंग (Androeium)—अनुपस्थित (absert), कभी-कभी बन्ध पुंके (sterile stamens) पाये जा सकते हैं।

जायांग (Gynoeium)—प्रायः त्रिअण्डपी (tricarpellary), युक्ताअण्ड (syncarpous), अण्डाशय (ovary) अधर (inferior) एक कोष्ठकी (unil cular) तथा भित्तीलग्न (parietal) बीजाण्ड विन्यास (placentation), वा होता है। कभी-कभी अण्डाशय (ovary) त्रिकोष्ठीय (trilocular) होता है त इसमें बीजाण्ड विन्यास (placentation) स्तम्भीय (axiles) सा प्रतीत होने लग है। वर्तिका (style) प्रायः छोटी तथा वर्तिकाग्र (stigma) त्रिविभाज्य (trifi होता है।

फल (Fruit)—प्रायः कड़े छिलके वाला सरल (sucullent berry) हो है जिसे पेपो (papo) कहते हैं।

बीज (Seed)—प्रायः चपटे व exalbuminous होते हैं।

परागण (Pollination)—प्रायः कीट परागण होता है।

पुष्प सूत्र (floral formula)—

Male flower $\oplus$ ♂ $K_{(5)}C_{(5)}A_3$ or $\underline{5}\ G_0$
Female flower $\oplus$ ♀ $K_{(5)}C_{(5)}\ A_0\ G_{(3)}$

आर्थिक महत्व (Economic importance)—

इस कुल के पौधे अत्यन्त आर्थिक महत्व के हैं चूँकि ये फल व सब्जी के र में प्रयोग किये जाते हैं।

1. **सीताफल (Cucurbita maxima)**—इस पौधे के फल सब्जी के खा के लिये प्रयोग किये जाते हैं।

2. **लौकी (Lagenaria siceraria Syn. vulgaris)**—इस पौधे के फ भी समस्त भारत में सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

3. **घिया तोरई (Vegetable sponge) [Luffa cylindrica Sy Luffa aegytiaca or momordia cylindrica]**—इस पौधे से फल खाने के लि सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

4. **काली तोरई (Luffa acutangula Syn. cucumis actangulus)**—इस पौधे के फल सब्जी के लिए समस्त भारत में प्रयोग किये जाते हैं।

5. **करेला (Bitter gourd) [Mamordica charantia]**—इस पौधे के फल सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

6. **परवल (Trichosanthes dioica)**—इस पौधे के फल सब्जी के रूप मे प्रयोग किये जाते हैं।

7. **खरबूजा (Musk melon) (Cucumis melo)**—इस पौधे के फल कच्चे ही खाये जाते हैं।

8. **ककड़ी (Cucumis melo variety utilissimus)**—इस पौधे के फ खाये जाते हैं।

9. **खीरा (Cucumber) [Cucumis sativus]**—इस पौधे के फल खा जाते हैं।

10. टिण्डा (Round ground) [citrullus vulgaris vareity fistulous] इस पौधे के फल सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

11. तरबूज (Water melon) (citrullus vulgaris)—इस पौधे के फल अत्यन्त स्वादिष्ट व खाने योग्य होते हैं।

12. कन्दूरी (Coccinia indica Syn. C. cordifolia)—इस पौधे के फल भी सब्जी रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

प्रश्न 93—ऐसे कुल के वर्धी एव पुष्पीय लक्षणों का वर्णन कीजिये जिनमें Pepo fruit पाये जाते हों। (*Agra 1978*)

Refer Q. 92

प्रश्न 94—कुकरबीटेसी कुल के लक्षण दीजिये तथा पाँच आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो। (*Kanpur 1981*)

Refer Q. 92

प्रश्न 95—कुकरबीटेसी कुल के आर्थिक महत्व का विवरण दीजिये। (*Gorakhpur 1981*)

Refer Q. 92

प्रश्न 96—सीताफल का वनस्पतिक नाम, कुल नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र दीजिये। (*Vikram 83*)

Refer Q. 92

97—कुकरबीटेसी कुल के वर्धी लक्षण का वर्णन करो।

Discuss the vegatative characters of cucurbitaceae. (*Agra 1979*)

See Q. 92

प्रश्न 98—कुकरबीटेसी कुल में **tendril morphology** तथा इसकी **systematic position** दीजिये। (*Rajasthan 1978*)

Refer Q. 92

गण—अम्बीलेल्स

(Order—-UMBELLAES)

गण (order) अम्बीलेल्स के सदस्यों में प्रायः अधर (inferior) अथवा कभी-कभी ऊर्ध्व (superior) युक्ताण्डपी (syncarpous) अण्डाशय (ovary) काष्ठीय (woody), पत्ती संयुक्त (compound), पुष्प उभयलिंगी (hermaphrodite) व पृथकदलीय (polypetalous), जायांग (gynoecium) द्विअण्डपी (bicarpellary) तथा स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) युक्त होती है।

बैन्थम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण (order) के अन्तर्गत निम्न तीन कुल (Families) आते हैं।

(i) अम्बेलीफेरी (Umbelliferae)
(ii) अरेलियेसी (Araliaceae) :ae)
(iii) कोरनेसी (Cornaceae)
(iii) कोरनेसी (Cornaceae)

कुल 15—अम्बेलीफे

(Family 15—UMBELLIFERAE

(Coriander Famil

प्रश्न 99—अम्बेलीफेरी कुल के वर्गीकीय लक्षणों का वर्णन पुष्पसूत्र पुष्पचित्र सहित कीजिये। (*Rohelkhand*

प्रश्न 100—अम्बैलीफेरी कुल के विभेदक लक्षणों पुष्प सूत्र, पुष्प चित्र आर्थिक महत्व का वर्णन दीजिये।

State the distinguishing features and economic importance umbellifeare. (*Jabalpur 8*

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

(बैन्थम हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)
एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
पोलीपेटली	हर्बेसी (Herbaceae)
कलीसीफ्लोरी	अम्बीलेल्ज
अम्बीलेल्स	**अम्बेलीफेरी (Umbelliferae)**
अम्बेलीफेरी (Umbelliferae)	

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 270 वंश (genera) तथा 2900 जाति (species) आती हैं। इस कुल पौधे संसार के लगभग सभी भागों में पाये जा हैं। मुख्य रूप से इस कुल के पौधे शीतोष्ण कटिबन्धों (temperate regions) पाये जाते हैं। भारतवर्ष के मैदानी भागों में इस कुल के पौधे प्रायः शरद ऋ (winter season) में उगाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (habit)—इस कुल के पौधे प्रायः एकवर्षीय (annual) द्विव (biennial) अथवा बहुवर्षीय (perennial) शाक (herbs) होते। बहुत क कभी-कभी कुछ पौधे क्षुपीय (shrubs) भी हो सकते हैं जैसे (*Bupalerumfalc aium*)। इन पौधों में तेज गन्ध (aromatic odour) होती है।

जड़ (Root)—प्रायः शाखित (branched) मूसला जड़ (tap root) होत है। कभी-कभी भोजन संचय (storage of food) के कारण माँसल (fleshy) हे जाती है जैसे गाजर में।

तना अथवा स्तम्भ (Stem)—प्रायः ऊर्ध्व (erect) कभी-कभी विसर्प (prostrate), शाखित (branched), शाकीय (herbaceous), पोला (fistular पूर्व सन्धियों (nodes) पर फूला हुआ, अरोमिल (glabrous) तथा हरा होता है

पत्तियाँ (Leaves)—प्रायः पिच्छाकार संयुक्त (pinnately compound अथवा विसंयुक्त (decompound) तथा कभी-कभी सरल (simple) होती है

पत्तियाँ प्राय: अननुपत्री (exstipulate), सवृन्त (petiolate) एकान्तर (alternate) होती हैं। इनमें प्राय: गन्ध युक्त तेल ग्रन्थियाँ (aromatic oil glands) पायी जाती हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: सरल (simple) अथवा संयुक्त (compound) अम्बेल (umbel) होता है। वह रेसीमोस प्रकार के पुष्पक्रम की ही एक किस्म है। *hydroctyle* में अम्बेल में केवल एक पुष्प पाया जाता है। गाजर (*Dacus caruta*) में अग्रीय पुष्प (terminal flower) अम्बेल (umbel) में केन्द्र में होता है तथा इस प्रकार umbel cymose प्रकार का हो सकता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: त्रिज्यासमित (actinomorphic) कभी-कभी एक व्यास समित (zygomorphic), सवृन्त (pedicillate) प्राय: सहपत्री (bracteate) कभी-कभी असहपत्री (ebracteate), नियमित (regular) उभयलिंगी (hermaphrodite) कभी-कभी एकलिंगी (unisexual), जायांगोपरिक (epigynous) होती है।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: पाँच वाह्यदल (sepals) होते हैं। ये अधिकांश संयुक्त बाह्यदली (gamosepalous) तथा कभी-कभी पृथक बाह्यदली (polysepalous) होते हैं। वाह्यदल (sepals) प्राय: अण्डाशय (ovary) से जुड़े रहते हैं। इसमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) प्राय: कोरस्पर्शी (valvate) होता है।

दलपुंज (Corolla)—प्राय: पाँच (5) दल (petals) होते हैं जो पृथक् दलीय (polypetalous) तथा कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं। कभी-कभी- दल (petals) असमान आकार के भी होते सकते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्राय: पाँच (5) दल स्वतन्त्र (free) पुंकेसर (stamens) होते हैं जो प्राय: दलों के एकान्तरित (alternate) एक जायांगोपरिडिस्क (epigynous disc) पर लगे होते हैं। परागकोष (anthers) प्राय: आन्तरमुखी (introrse), पृष्ठ लग्न (dorsifixed), द्विकोशिकी (dithecous) तथा लम्बाई में फटने वाले होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी होता है। अण्डाशय (ovary) प्राय: अधर (inferior), द्विकोष्ठकी (bilocular) तथा स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) युक्त होता है। प्रत्येक कोष्ठक (locules) में एक बीजाण्ड (ovule) पाया जाता है। अण्डाशय (ovary) के ऊपर एक nector disc styopodium पायी जाती है। इनमें वर्तिकानली (style) के दो तथा वर्तिकाग्र (stigma) समुण्ड (capitate) होते हैं।

फल (Fruit)—क्रीमोकार्प (cremocarp) होता है।

बीज (Seed)—अएल्बुमिनी (exalbuminous) होते हैं।

परागण (Pollination)—कीट परागण होता है।

पुष्पसूत्र (Floral formula)—

$$\oplus \text{ or } \cdot|\cdot\ ⚥\ K_5 \text{ or } _{(5)}\ C_5\ A_5\ \overline{G_{(2)}}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

आर्थिक दृष्टिकोण से यह कुल पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इस कुल के कुल प्रमुख पौधे निम्न हैं—

1. **धनिया (Coriander)** [*Coriandrum sativum*] :

इस पौधे के फल व बीज मसालों (species) के रूप में, पत्तियाँ चटनी आदि के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

2. **जीरा (Cuminum Cyminum)** :

इस पौधे के फल मसाले के रूप में तथा पेट रोगों में औषधि रूप में प्रयो किये जाते हैं।

3. **अजवाइन** [*Korum capicum Syn. Trachyspermum ammi*] :

इस पौधे के फल मसाले के रूप में तथा अनेक पेट रोगों के लिये औषधि में उपयोगी हैं।

4. **गाजर (Carrot)**[*Dacus carota variety sativa*] :

इस पौधे की जड़ (root) विटामिनों से युक्त होती हैं तथा सामान्य खाने के लिए प्रयोग की जाती है।

5. **ब्रह्मी (Asiatic pennywort)** [*Hydrocotile asiatica Syn. Cent asiatica*] :

यह पौधा हैजा, पागलपन तथा कुष्ठ रोग निवारण के लिए औषधि रू प्रयोग किया जाता है।

6. **हींग (Ferula assafoetida)** :

इस पौधे की जड़ों से प्राप्त गोंद (gum) मसाले एवं औषधि रूप में प्र किया जाता है।

7. **सौंफ (Foeniculum vulgare)** :

इस पौधे के फल मसालों के रूप में तथा औषधि रूप में उपयोगी हैं।

प्रश्न 101 - उस कुल के पुष्पीय लक्षणों का वर्णन करो। जिसमें अ पुष्पक्रम पाया जाता है। (*Rohelkhand*

प्रश्न 102—कोरिएन्डम सैटाइवम किस कुल का पौधा है? इस कु विशिष्ट लक्षण लिखिये। (*Agra 19*

प्रश्न 103—कोरिएन्ड्रम (coriandrum) का पुष्प सूत्र व जायांग का कीजिये। (*Rajasthan 19*

प्रश्न 104—कोरिएन्ड्रम का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये। (*Rajasthan*

प्रश्न 105—गाजर का वनस्पतिक नाम, कुल नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प दीजिये। (*Vikram*

Refer Q. 100 for all.


STIGMA
STYLE
OVARY
PEDICEL
GYNOECIUM
STAMEN
STYLE
CONNECTIVE
PETAL
SEPAL
OVULE
PEDICEL
ANTHER LOBES
LEAF
INFLORESCENCE
STEM
A PORTION OF PLANT
L.S. FLOWER
A STAMEN
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T.S. OVARY
⊕
⊕
FLORAL DIAGRAM (INNER FLOWER)
FLORAL DIAGRAM (OUTER FLOWER)

Fig. 45—Coriandrum sativum (Vern. Dhania)
(Family—Umbelliferae)


INFLORESCENCE
B
A
TWIG
FLOWER
C
FRUIT
D
FLORAL DIAGRAM
Hydrocotyl asiatica
E

Fig. 46—Hydrocotyl asiatica Brahmi Buti) (Umbelifer-e)

5

द्विबीजपत्री (क्रमशः) युक्तादली

श्रेणी—इनफेरी

[Dicotyledons (Contd) Gamopetalae]

Series—INFERAE

गेमीपेटली समुदाय के अन्तर्गत वे द्विबीजपत्री एन्जोस्पर्मस जाते हैं जिनके पुष्पों में दल (petals), संयुक्त (fused), बाह्यदल (sepals) संयुक्त, पुंकेसर (stamens) प्राय: दल पुन्ज (corolla) से जुड़े हुए होते हैं। इस समुदाय के अन्तर्गत प्राय: निम्न तीन श्रेणियाँ (series) आती हैं—

1. इनफेरी (Inferae),
2. हेट्रोमेरी (Heteromereae),
3. बाईकारपीलेटी (Bicarpellatae)।

श्रेणी इनफेरी के अन्तर्गत अधर अण्डाशय (inferior ovary) वाले पुष्प आते हैं तथा इनमें पुंकेसरों (stamens) की संख्या दलों (petals) के समान होती है।

बैन्थम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इनफेरी (Inferae) श्रेणी के अन्तर्गत निम्न तीन गण (Order) आते हैं—

1. रुबियेल्स (Rubiales),
2. एस्ट्रेम्स (Asterales),
3. केम्पेनेल्स (Campanales)।

गण—रुबियेल्स

(Order—Rubiales)

इस गण (Order) के सदस्यों में प्राय: पुंकेसर (stamen) दल लग्न (epipetalous), जायांग (gynoecium) द्विअण्डपी (bicarpellary), द्विकोष्ठीकी (bilocular) तथा अधर अण्डाशय (inferior ovary) वाले होते हैं। इनमें प्राय: साइमोस पुष्पक्रम (inflorescence) व पत्तियाँ अभिमुख (opposite) होती हैं।

गण रुबियेल्स के अन्तर्गत निम्न दो कुल (family) आते हैं—

1. केपरीफोलियेसी (Caprifoliceae),
2. रुबियेसी (Rubiaceae)।

कुल 61—रुबियेसी

(Family 16—Rubiaceae)

(Ixora Family)

प्रश्न 106—रुबिएसी कुल का सविस्तार वर्णन करो तथा इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो।

Describe in detail the family Rubiaceae and state a few plants of economic inportance

प्रश्न 107—रुबियेसी कुल के वर्धी एवं पुष्पीय लक्षणों का वर्णन कीजिये। इनका पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये। कुनैन एवं काफी का वनस्पतिक नाम लिखिये। (*Indore 84*)

प्रश्न 108—रुबिएसी कुल का वर्णन कीजिये तथा इस कुल का आर्थिक महत्व बताइये। (*Lucknow 1980*)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	लिगनोसी
रुबिएल्स	रुबिएल्स
रुबिएसी	**रुबिएसी**
(Rubiaaceae)	**(Rubiaceae)**
(बैंथम हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)—इस कुल के अन्तर्गत लगभग 400 वं (genera) तथा 500 जातियाँ (species) हैं। इस कुल के सदस्य वितरण में विश्व-व्यापी (world wide in distribution) हैं। इस कुल के सदस्य मुख्यतः ऊष्ण कटिबन्धों (tropical regions) में तथा कुछ सदस्य शीतोष्ण कटिबन्ध (temperate regions) में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्रायः वृक्ष (trees), अथवा क्षु (shrub) तथा कभी-कभी शाकीय (herbs) होते हैं। कुछ पौधे आरोही (climbing) अधिपादप (epiphytic) भी हो सकते हैं। इस कुल के कुछ पौधों जैसे **मिरमेकोडिय (Myrmecodia)** में ट्यूबर सदृश्य तना होता है तथा इसमें अनेक एक दूसरे से सम्बन्धित गैलिरियाँ पायी जाती हैं जिनमें चींटियाँ रहती हैं। इस प्रकार के पौ को **चीटीरागी (Myrmecophilous)** कहते हैं। इन पौधों तथा चींटियों में वास्तवि सम्बन्ध का पर्याप्त ज्ञान नहीं है।

जड़ (Root)—मूसला जड़ (tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्रायः ऊर्ध्व (erect), काष्ठीय (woody) अथवा कभी-कभी शाकीय (herbaceous) अथवा आरोही, ठोस (solid) व पर्वसन्धि पर फू हुए होते हैं।

पत्तियाँ (Leaves)—प्रायः सरल (simple), अभिमुख (opposite) अथ भ्रमिरूप (whorled), अनुपत्री (stipulates), अछिन्नकोर (entire) कभी-क दाँतों युक्त (toothed) होती हैं। इसमें अनुपत्र (stipules) अन्तरावृन्तक (interpetiolar) अथवा अन्तवृन्ती (intrapetiolar) होते हैं। कभी-कभी अनुप (stipules) एक दूसरे से संयुक्त (fuse) होकर स्तम्भ (stem) के चारों ओर ए आच्छेद जैसी (sheath like) की रचना बना लेते हैं। **गेलियम (galium)** आ में अनुपत्र (stipulate) बड़े तथा पत्ती के समान होते हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: ससीमाक्षी (cymose) प्रकार का होता है। प्राय: यह द्विशाखी (diehasial) तथा पेनीकिल युक्त (panicled) ससीमाक्ष (cyme) होता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: त्रिज्यासम्मित (actinomorphic), उभयलिंगी (hermaphrodite), पूर्ण (complete), उपरिजायाँगी (epigynous), असहपत्री (ebractetate), चतुतयी (tetromerous) अथवा पंचतयी (pentamerous) होते हैं। कभी-कभी पुष्प एकलिंगी (unisexual) [जैसे **Coprosma**] तथा एक व्यास सम्मित (zygomorphic) [जैसे **Henriquezia**] भी हो सकते हैं।



Fig. 47—Coffea arabica (Coffee) [Family Rubiaceae]

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: पाँच [कभी-कभी चार] बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये प्राय: युक्त बाह्यदली (gamosopalous) होती है तथा इनमें प्राय: कोरस्पर्शी (valvate) पुष्प दल विन्यास (aestivation) होता है। **मुसन्डा (Mussaenda)** आदि में एक बाह्यदल (sepal) पत्ती समान व रंगीन (coloured) हो जाती है।


FLOWER
LEAF
STEM
A FLOWERING TWIG
PETAL
STAMEN
STIGMA
STYLE
COROLLA TUBE
SEPAL
OVARY
OVULE
PEDICEL
THALAMUS
L. S. FLOWER
PLACENTA
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T S. OVARY
IXORA COCCINEA
FLORAL DIAGRAM

Fig. 47—Ixora parviflora (Family Rubiaceae)

दलपुंज (Corolla)—प्राय: पाँच [कभी-कभी चार] दल (petals) हैं। ये प्राय: युक्तदली (gamosepalous), नलिकाकार (tubular) (campanulate) अथवा चक्रिक (rotate) होता है। इनमें व्यावर्तित (contorted or twisted) अथवा कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: पाँच (कभी-कभी चार) पुंकेसर (stamens) होते हैं। ये स्वतन्त्र (free or polyandrous) तथा दल लग्न (epipetalous) होते हैं [अर्थात् पुंकेसर कोरोला नलिका को गर्दन पर आलग्न (inserted) होते हैं] पुंकेसर (stamens) दलों (petals) के एकान्तर (alternate) होते हैं। इसका परागकोष (anther lobe) द्विकोशिका (bicelled), आन्तरमुखी (introse) तथा लम्बी दरारों द्वारा फटने वाला होता है।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary) युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है। प्रत्येक कोष्ठक (locule) में एक या दो बीजाण्ड (ovules) होते हैं तथा अण्डाशय (ovary) में बीजाण्ड विन्यास (placentation) प्राय: स्तम्भीय (axile) होता है। कुछ पौधे जैसे **गार्डीनिया** (Gardenia) में अण्डाशय (ovary) एक कोष्ठकी (unilocualar) तथा भित्तीय बीजाण्ड विन्यास (parietal placentation) युक्त होती है। वर्तिका (style) व वर्तिकाग्र (stigma) (simple) होते हैं।

फल (Fruit)—प्राय: ड्रूप (drupe), केप्सूल (capsule) अथवा बेरी (berry) होता है।

बीज (Seeds)—प्राय: छोटे कभी-कभी पंखयुक्त तथा भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$$\oplus \; ⚥ \; K_{(5 \text{ or } 4)} \; \overbrace{C_{(5 \text{ or } 4)} \; A_{5 \text{ or } 4}} \; \overline{G(2)}$$

आर्थिक महत्व (Economic importance)—

यह कुल (family) आर्थिक दृष्टिकोण से पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। कुल के कुछ मुख्य आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

1. **सिनकोना (Quinine) [Cinchona calisaya]**—इस वृक्ष की छाल (bark) से मलेरिया ज्वर के लिए 'कुनीन' (quinine) नामक औषधि प्राप्त की जाती है।

2. **काफी (Coffee) [Coffea arabica]**—इस पौधे के बीजों से काफी (brak) प्राप्त की जाती है। यह पेय (beverage) के रूप में प्रयोग की जाती है।

3. **हल्दू (Saffron teak) [Adiua croditolio]**—इस वृक्ष की लकड़ी (wood) इमारतें, फर्श, रेल के डिब्बे आदि बनाने में उपयोगी हैं।

4. **कदम्ब (Kadamb) [Anthocephalus indicus syn. A cadamba]**—इस पौधे के फल खाने योग्य होते हैं तथा पौधे सुनहरे कत्थाई रंग के पुष्पों के लिये उगाये जाते हैं।

5. **जिलपाई (Torch tree)** [*Ixora parviflora syn. Ixora arboreca*]—यह सुन्दरता हेतु (ornamental) उगाया जाने वाला पौधा है।

6. **मनजीत (Rubia cordifolia)**—इस पौधे की जड़ों से एक प्रकार का रंग प्राप्त किया जाता है।

7. **पापरा (Gardenia latifolia)**—यह पौधे हेज (hedge) के रूप में उगाये जाते हैं।

प्रश्न 109—रूबियेसी कुल का पुष्प सूत्र, पुष्प चित्र एवं तीन आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो।

Give a floral diagram, formula and three examples of Rubiaceae. (*Bhopal 82*)

Refer Q. 108

प्रश्न 110—रूबियेसी कुल का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र लिखो। इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो।

Give the floral formula and floral diagram of family Rubiaceae. Give the botanical name of the plants of economic importance. (*Agra 81*)

Refer Q. 108

प्रश्न 111—रूबियेसी इनफेरी कुल के विभेदक लक्षणों का वर्णन करो।

Give the distinguishing features of Rubiaceae inferae.

(*Gorakhpur 86*)

Refer Q. 108

गण—एस्टरेल्स

(Order—ASTEALES)

गण (order) एस्टेरेल्स के पौधे प्राय: शाकीय (herbs) कभी-कभी क्षुप (shrub) अथवा वृक्ष (trees) होते हैं। इनमें पत्तियाँ प्राय: अनुपत्री (exstipulate), पुष्पक्रम मुण्डक (head or capitulum) तथा पुष्प छोटे होते हैं। इनमें पुमंग (androecium) प्राय: युक्तकोशी (syngenesious), अण्डाशय (ovary) एक-कोष्ठकी (unilocular) तथा आधारीय विन्यास (basal placentation) युक्त होती है। इस गण (order) के पौधे सर्वत्रव्यापी होते हैं।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण के अन्तर्गत निम्न चार कुल हैं—

(1) वेलीरीनेसी (Valerinaceae)
(2) डिपसेसी (Dipsaceae)
(3) केलीसेरी (Calycerae)
(4) कम्पोजीटी (Compositae)

कुल 17—कम्पोजिटी

(Family 17—COMPOSITAE)

(Sun Flower family)

प्रश्न 112—कम्पोजिटी कुल का सचित्र एवं संक्षिप्त वर्णन करो। इस कुल के आर्थिक महत्व पर भी टिप्पणी करो।

रुबियेसी

Give and illustrated and concise account of the family compositae. Also add a note on its economic importance.

(*Gorakhpur 84*)

र्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमीपेटली	हरबेसी
एस्टेरेल्स	एस्ट्रेल्स
कम्पोजिटी	**कम्पोजिटी**
(Compositae)	**(Compositae)**
[बैंथम हुकर के अनुसार[	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

कम्पोजिटी एन्जोस्पर्मस का सबसे विशाल (largest) कुल (family) है। इस कुल के अन्तर्गत लगभग 950 वंश (genera) तथा 20,000 जातियाँ (species) सम्मिलित हैं। इस कुल के पौधे प्रायः सर्वत्रव्यापी (world wide in distribution) होते हैं। इस कुल के सदस्य मुख्यतः उत्तरी शीतोष्ण प्रदेशों (north temperate regions) में पाये जाते हैं।

र्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के सदस्य प्रायः एकवर्षी (annual), द्विवर्षी (biennial) तथा बहुवर्षी (perennial) शाक (herb) होते हैं। कभी-कभी कुछ पौधे क्षुप (shrub) अथवा वृक्ष (trees) भी हो सकते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है। कभी-कभी जड़े (root) भोजन संग्रह के कारण फूल जाती हैं जैसे डहेलिया (Dahlia) में।

स्तम्भ (Stem)—प्रायः शाकीय (herbaceous), ऊर्ध्व (erect) अथवा भूशायी (prostrate), ठोस (solid), हरा (green) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple) कभी-कभी संयुक्त (compound) सामान्य रूप से एकान्तर (alternate) कभी-कभी अभिमुख (opposite) तथा बहुत कम चक्ककरदार (whorled) होती है। ये प्रायः अननुपत्री (ex-stipulate) सवृन्त (petiole), अरोमिल (glabrous) कभी-कभी रोमिल (hairy), अछिन्नकोर (entire) अथवा अरावत (serrate) तथा जालिकावत शिरा विन्यास (raticulate venation) युक्त होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—

प्रायः मुण्डक (head or capitulum) पुष्पक्रम होता है। इस पुष्पक्रम के नीचे प्रायः सहपत्री (bracts) का एक सहपत्र चक्र (involucre) पाया जाता है।


DISC FLORATE
RAY FLORATES
INVOLUCRE
RECEPTACLE
V.S. OF HEAD OR CAPITULUM
STIGMA
STYLE
COROLLA
BRACT
CALYX
OVARY
FLOWERING BRANCH
ANTHERS
DISC FLORATE
COROLLA
FILAMENT
CALYX
OVULE
BRACT
RAY FLORATE
SYNGENESIUS STAMENS
V.S. DISC FLORATE
FLORAL DIAGRAM OF DISC FLORATE
FLORAL DIAGRAM OF RAY FLORATE

Fig. 49—Helinathus annus (Sunflower) (Family compositae)

पुष्प (Flower)—इसमें पुष्प प्राय: पुष्पक (florates) कहलाते हैं। बहुत से छोटे-छोटे (पुष्पक) मिलाकर विभिन्न आकृति के पुष्पक्रम बना लेते पुष्पक (florates) प्राय: दो प्रकार के होते हैं—(1) बाहर की ओर पाये जाने (marginal ones) **रश्मि पुष्पक** (ray florates) तथा दूसरे केन्द्र की

(central ones) पाये जाने वाले **बिम्ब पुष्पक** (disc florates) होते हैं। प्राय: रश्मि पुष्पक जीभिकाकार (ligulate) तथा बिम्ब पुष्पक नलिकाकार (tubular) होते हैं। कभी-कभी सभी पुष्पक एक ही प्रकार के हो सकते हैं।

एक मुण्डक (head or capitulum) पर सभी पुष्पक (florate) [ray and disc florates] एक ही प्रकार के नलिकाकार (tubular) तथा त्रिज्या सम्मित (actinomorpic) हो सकते हैं जैसे—**एजीरेटम** (ageratum), **वरनोनिया** (vernonia) आदि में।

लाउनिया (Lunea) व **सोन्कस** (Sonchus) आदि में सभी पुष्पक (florates) जीभिकाकार (ligulate) तथा एक व्यास सम्मित (zygomorphic) होते हैं।

वरनोनिया (Vernonia), **एजीरेटम (Ageratum)** आदि में रश्मि पुष्पक व बिम्ब पुष्पक (ray and disc florates) द्विलिंगी (bisexual) होते हैं। **न्टीपीडा (centipeda)**, **इरीगेरोन (erigeron)** आदि में रश्मि पुष्पक (ray florates) मादा (female) तथा बिम्ब पुष्पक (disc florates) द्विलिंगी (bisexual) होते हैं। **केनटयूरिया (cantaurea)** में रश्मि पुष्पक (ray florates) नपुंसक (neutral) होते हैं।

सामान्य रूप से बिम्ब पुष्पक (disc florates) नलिकाकार (tubular), केन्द्रीय (central), द्विलिंगी (bisexual) होते हैं तथा रश्मि पुष्पक (ray florates) बाहरी (outer) एकलिंगी (unisexual) तथा जीभिकाकार (ligulate) होते हैं। जैसे गेंदा, सूरजमुखी आदि में।

बिम्ब पुष्पक (Disc Florates)—ये प्राय: अवृन्त (sessile), नियमित (regular), त्रिज्यासम्मित (actinomorpic), पूर्ण (complete) द्विलिंगी (bisexual). सहपत्री (bracteate) एवं उपरिजायांगी (epigynous) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: अनेक रोमों (hairs) जैसी रचना जिसे पस (pappus) कहते हैं, के रूप में पायी जाती है।

दल पुंज (Corolla)—प्राय: पाँच दल (petals) होते हैं। ये युक्तादली (gamopetalous) नलिकाकार (tubular) होते हैं तथा इनमें कोरस्पर्शी पुष्प दल विन्यास (valate aestivation) पाया जाता है।

पुमंग (Androecium)—इनमें प्राय: पाँच (five) दल लग्न (epipetalous) पुंकेसर (stamens) होते हैं। पुंकेसर दलों (petals) के एकान्तरिक (alternate), इनके परागकोष (anthers) अन्तरमुखी (introse), द्विकोशिकी (bicelled), युक्त कोशी (syngenesious) तथा लम्बी दरारों द्वारा फटने वाले होते हैं। इन पुंकेसरों (stamens) के तन्तु (filaments) स्वतन्त्र (free) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous),अण्डाशय (ovary) एककोष्ठकी (unilocular), अधर (inferior) तथा एक प्रतीक (antaropus) बीजाण्ड (ovule) युक्त होता है। इसमें बीजाण्ड विन्यास (palcentation) आधारी (basal) होता है। वर्तिका (style) सरल तथा वर्तिकाग्र (stigma) द्विभाजित (bilobed) होता है।


INFLORESCENCE
INFLORESCENCE IN L.S.
DISE FLORATE
L.S. DI FLO
LEAF
RAY FLORATE
STEM
STAMEN
TWIG
INVOLUCR OF BRACT
FLORAL DIAGYAM DISC FLORATE
FLORATE DIAGRAM RAY FLORATE

Fig. 50—Tagetes species (family compositeae)



पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$\oplus$ ⚥ K Pappus $\overbrace{C_{(5)}\ A_{(5)}}$ $G_{\overline{(2)}}$

फल—सिप्लेसा (cypsela)

बीज—अभ्रूणपोषी (non-endospermic)

रश्मि पुष्पक (Ray Florates—ये बाहरी (outer) अवृन्त (sessile), एक व्यास सम्मित (zygomorphic) अनियमित (irregular), जीभिकाकार (ligulate), कभी-कभी द्विओष्ठी (Bilabiate) एकलिंगी (unisexual)—प्रायः मादा (female) कभी-कभी नपुंसक (neutral), उपरिजायांगी (epigynous) तथा सहपत्री (bracteate) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्रायः पेपस (pappus) के रूप में होता है।

दलपुंज (Corolla)—प्रायः पाँच दल (5 petals), युक्ता दली (gamopetalous) जीभिकाकार (ligulate) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्रायः अनुपस्थित होता है।

जायांग (Gynoecium)—जब कभी उपस्थित होता है तब यह बिम्ब पुष्पक (disc florate) की भाँति होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

·|· ⚥ K pappus $C_{(5)}A_0$ $G_{\overline{(2)}}$

कुछ पुष्प सूत्र (Some Floral Formulae)

(A) रश्मि पुष्पक (Ray florates)—

1. Ligulate and Female e. g. *Tegetes* (*Vern.* Genda)

   ·|· ⚥ K pappus $C_{(5)}$ $G_{\overline{(2)}}$ A_0

2. Ligulate and Neutral e. g. *Helianthus* (Sunflower)

   ·/. ⚥ Neutral, K pappus $C_{(5)}A_0G_0$

3. Ligulate and Bisexual e. g. *Sonchus*

   ·|· ⚥ K pappus$\overbrace{C_{(5)}\ A_{(5)}}$ $G_{\overline{(5)}}$

4. Tubular Bisexual e. g. *Agreatum*

   $\oplus$ ⚥ K pappus $\overbrace{C_{(5)}\ A}_{(5)}$ $G_{\overline{(1)}}$

5. Tubular and Neutral e. g. *Centauraea*

   $\oplus$ ♂ K pappus $C_{(5)}$ $A_{(0)}$ $G_{\overline{(0)}}$

(B) Disc Florates—

1. Tubular and bisexual e. g. *Helianthus* (sun flower)

   $\oplus$ ⚥ K pappus $C_{(5)}$ $A_{(5)}$ $G_{\overline{(2)}}$

2. Ligulate and bisexual e. g. *Launaea*

·|· ⚥ K pappus $C_{(5)}$ $A_{(5)}$ $G_{\overline{(2)}}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

यह कुल पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

(A) सुन्दरता प्रदान करने वाले पौधे (Ornamental plants)—

1. **Helianthus annus** (sun flower) (सूरजमुखी)
2. **Tagetes erecta** (Genda) (गेंदा)
3. **Chrysanthemum** (Guldauodi) (गुलदाऊदी)
4. **Zinnia** (जिनया)
5. **Cosmos** (कोसमोस)

(B) औषधियों के पौधे (Medicnial Plants)

6. **Vernoma anthelmintca** (Somraj) (कालीजीरी)
7. **Artemisia maritlma** (करन माला)
8. **Xanthium** (जैंथिम)
9. **Eclipta alba** (इकलैपटा एल्बा)

(C) खाद्य पौधे (Vegetable value)

10. **Lectuca sativa** (Salad) (सलाद)

(D) कीटनाशक (Insectisides)

Species of *chrysanthemum* yield pyrethrin

प्रश्न 113—यथोचित उदाहरण देते हुए कम्पोजिटी कुल के पुष्प की रचना परिसर का विवेचन कीजिये। (*Vikram 83*)

Refer Q. 112

प्रश्न 114—कम्पोजिटी कुल का विस्तृत वर्णन करो तथा इस कुल के तीन आर्थिक महत्व के पौधों के नाम तथा उनके उपयोग लिखो।

Give a detailed account of compositae and mention at least three plants of economic importance and their uses. (*Nagpur 1979*)

Refer Q. 112

प्रश्न 115—आपके विचार से कौन सी कुल सर्वाधिक विकसित है? कारण सहित लिखो।

Which in your opinion, is the highest evolved family and why? (*Rohilkhand 1980*)

प्रश्न 116—कुल कम्पोजिटी एन्जोस्पर्मस में सर्वाधिक विकसित क्यों समझा जाता है।

Why is the family compositae considered to be the most highly evolved among Angiosperms. (*Agra 78*)

प्रश्न 117—"कम्पोजिटी कुल द्विबीज पत्री समुदाय का सर्वाधिक विकसित कुल है" इस पर अपना मत प्रकट करो ।

"Compositae is one of the most highly evolved families amongst the dicotyledons." Substantiate this statement. (*Indore 82*)

प्रश्न 118—"कम्पोजिटी सर्वाधिक विकसित कुल है" स्पष्ट करो ।

"Compositae is the highest evolved family." Justify.
(*Kanpur 77, 79*)

कम्पोजिटी कुल एन्जोस्पर्मस सर्वाधिक विकसित कुल (family) समझा जाता है। प्राय: सभी पादप वर्गिकी विशेषज्ञ (taxonomist) इस मत से सहमत हैं यद्यपि उनकी विचारधारायें भिन्न-भिन्न हैं । पादप वर्गिकी विशेषज्ञ (taxonomist) इस बात से सहमत हैं कि निम्नलिखित में अधिकांश लक्षण विकसित लक्षण (advanced characters) हैं ।

(1) यह कुल एन्जोस्पर्मस का सबसे अधिक बड़ा कुल है । इसके अन्तर्गत लगभग 950 वंश (genera) तथा 2000 जातियाँ (species) हैं । ये सभी पौधे वितरण में विश्वव्यापी (cosmopolitan in distribution) हैं ।

(2) पौधे प्राय: शाकीय (herabacous) स्वभाव (habit) के होते हैं ।

(3) इन पौधों में बहुत से छोटे-छोटे पुष्प एकत्रित होकर मुण्डक (capitulum) पुष्पक्रम में विन्यसित हो जाते हैं । ये सभी पुष्प सहपत्रों (bracts) द्वारा घिरे रहते हैं। अधिक पुष्पों के एक साथ एकत्रित होने के कारण इनमें कीट परागण (insect pollination) सुविधापूर्वक हो जाता है तथा एक ही कीट (insect) द्वारा सभी पुष्प कर समय में परागित (pollinated) हो जाते हैं ।

(4) इन पौधों के पुष्पों में पराग क्रिया (Pollen mechanism), पराग रक्षा (Pollen protection) आदि पर परागण (cross pollination) के लिये विशेष प्रकार व्यवस्थित होती है ।

(5) पुष्प प्राय: प्रोटेन्ड्रस (Protandrous) होते हैं जिससे कि इनमें स्वयं परागण (self pollination) नहीं हो पाता है । लेकिन परपरागण (cross pollination) असफल होने पर वर्तिकाग्र (stigma) मुड़कर स्वयं परागण कर लेती है ।

(6) पुष्पीय भाग चक्रिक (whorled) होते हैं तथा ये प्रारूपिक रूप से पंचमयी (pentamerous) होते हैं । K_5 (pappus) $\overset{\frown}{C_5\ A_5}\ G\overline{(2)}$ इनमें कोरस्पर्शी (valvate) पुष्प दल विन्यास (aestivation) होता है तथा बाह्यदल पुंज (calyx) pappus के रूप में पाया जाता है । पुष्पीय भागों की reduction एक advancement का लक्षण है ।

(7) जायांग (gynoecium) पूर्ण तथा अधर (inferior) होता है ।

(8) पुष्प कलिकायें (floral buds) सहपत्रों के चक्र (involucre bracts) द्वारा रहती है।

(9) दल पुंज (corolla) नलिका (tube) प्राय: छोटी होती है तथा इ द्वारा वर्तिका (style) के आधार पर पाये जाने वाली nectary से necter की द्वारा लिया जाता है। इस कारण से इन पुष्पों पर अनेकों प्रकार के कीट (insec आते हैं।

(10) परिपक्व (ripening fruit) भी पुष्पों की भाँति सहपत्रों के (involucre of bracts से घिरा रहता है। ये फल परिपक्व होने पर बहुत होते हैं तथा इन पर रोंमीय (hairy) पेपस (pappus) होने के कारण इन विकिरण (dispersal) वायु द्वारा आसानी से हो जाता है।

इस प्रकार कम्पोजिटी कुल एन्जोस्पर्मस का सर्वाधिक विकसित कुल म जाता है।

प्रश्न 119—द्विबीजपत्री पौधों के किस कुल को आप अधिकतम वि मानते हैं और क्यों ? इस कुल के पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र भी दीजिये।

(*Rohalkhand*

Refer Q. 112, 118

प्रश्न 120—किसी आवृत्त बीजों का सबसे अधिक विकसित कुल के अभिलक्षणों का वर्णन कीजिये। इसे सबसे अधिक विकसित क्यों समझा जाता है

(*Bundelkhand*

Refer Q. 112, 118

प्रश्न 121—कुल कम्पोजिस्टी, अम्बेलीफेरी व रूबियेसी में पहिचान क

Distinguish between—family Compositae, Umbelliferae Rubiaceae.

कम्पोजिटी (Compositae)	अम्बेलीफेरी (Umbelliferae)	रूबियेसी (Rubicaeae)
1. प्राय: शाकीय (herb) होते हैं।	1. प्राय: शाकीय (herb) होते हैं।	1. शाक (herb) अथवा (woody) होते हैं।
2. पत्ती सरल (simple) एकान्तर (alternate) व अननुपत्री (exstipulate) होती है।	2. पत्ती संयुक्त (compound) पिच्छाकार विभाजित (pinnately dissected) व एकांतर (alternate) होती है।	2. पत्ती सरल (opposite) व (stipulate) होती है।
3. पुष्पक्रम मुण्डक (head infloresence) होती है।	3. छत्रक पुष्क्रम (umbel inflorescence होता है।	3. सीमाक्षी पुष्पक्रम (c inflorescence) होती

कम्पोजिटी (Compositae)	अम्बेलीफेरी (Umbelliferae)	रूबियेसी (Rubicaeae)
4. पुष्प एकलिंगी (unisexual अथवा द्विलिंगी (bisexual), एक्टीनोमोरफिक अथवा जाइगोमोरफिक तथा ऊपरी-जायांगी (epigynous) होते हैं।	4 पुष्प द्विलिंगी:(bisexual) एक्टीनोमोरफिक तथा ऊपरी-जायांगी (epigynous) होता है।	4. अम्बेलीफेरी की भाँति
5. बाह्यदल पुंज (calyx) पेपर्स (pappus) के रूप में होता है।	5. बाह्यदल पुंज (calyx) में पाँच बाह्यदल(sepals) होते हैं।	5. पाँच या चार बाह्यदल (sepal) होते हैं।
6. दल(petals)पाँच युक्तादली (gamopetalous) कोरस्पर्शी पुष्पदल विन्यास (valvate aestivation) होते हैं।	6. दल (petal) पाँच युक्तादली, कोरछादी (imbricate) होते हैं।	6. दल चार या पाँचहोते हैं।
7. पुंकेसर (stamens)पाँच, युक्तकोशी (syngenesious) तथा दल लग्न (epipetalous) होते है।	7. पुंकेसर पाँच व स्वतन्त्र होते हैं।	7 पुंकेसर चार या पाँच, स्वतन्त्र व दल लग्न (epipetalous) होते हैं।
8. आधारीय बीजाण्ड विन्यास (basal placentation- होता है।	8. स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (placentation axile) होता है।	8. स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास होता है।
9. फल सिपसेला (fruit cypsela) होता है।	9. फल ड्रूप (drup) अथवा भरी (berry) होता है।	9. फल केप्सूल (capsule) अथवा भरी (berry) होता है।

प्रश्न 122—निम्न में पहिचान करिये—

(अ) अम्बेलीफेरी व कम्पोजिटी में।

(ब) रूबियेसी व कम्पोजिटी में।

Distinguish between—

(a) Umbelliferae and compositae. (*Kanpur 78, 81*)

(b) Rubiaceae and compositae. (*Kanpur 82*)

See Q. 126

प्रश्न 123—अपने कोर्स की अधर अण्डाशय वाले फूलों का संक्षिप्त वर्णन करो। उनकी आप कैसे पहिचान करोगे।

Enumerate the families characterized by inferior ovary in your course. Draw an artificial key to identify them. (*Lucknow 84*)

Refer Q. 112

प्रश्न 124—**कम्पोजिटी कुल के प्रमुख वनस्पतिक तथा पुष्प लक्षणों का वर्णन कीजिये। वनस्पति जगत में यह कुल सबसे अधिक विकसित माना जाता है। इस कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिये।**

Describe the salient vegetative and floral characters of the family compositae. Discuss your views regarding family being considered as most highly evolved in the vegetable kingdom.

(*Rajasthan 80*)

Refer Q. 112, 118

प्रश्न 125—**Inferior ovary वाले कुलों के नाम लिखिये। इनके वर्धी एवं पुष्पीय लक्षणों का वर्णन करो तथा कुछ आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखिये।** (*Agra 85*)

Refer Q. 112

6

द्विबीजपत्री (क्रमशः) युक्तादली (क्रमशः) श्रेणी–बाइकारपीलेटी

Dicotyledons—[Contd.] Gamopetalae [Contd.] (Series—BICARPELLATE)

बाइकारपीलेटी (Bicarpellatae) श्रेणी के अन्तर्गत सदस्यों में प्रायः दो अण्डपी (two carples) उत्तराधर अण्डाशय (superior ovary) तथा पुंकेसर (stamens) दलों (petals) की संख्या के समान होती है।

बाइकारपीलेटी श्रेणी के अन्तर्गत बैंथम हुकर के वर्गीकरण के अनुसार चार गण (order) आते हैं—

(i) जैन्शियेनेलीज (Gentianales),
(ii) पोलीमोमियेलीज (Polemoniales),
(iii) परसोनेलोज (Personales),
(iv) लेमियेलीज (Lamiales)।

गण—जैन्शियेनेल्स
(Order—Gentianales)

इस गण के सदस्यों में प्रायः पत्तियाँ अभिमुख (opposite), पुंकेसर (stamens) की संख्या दलों (petals) के समान, द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) तथा अण्डाशय (ovary), द्विकोष्ठकी (bilocular) तथा स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (Axile placentation), युक्त होता है।

इस गण (order) में बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार 6 कुल (families) हैं—

1. ओलीयेसी (Oliaceae)
2. साल्वेडोरेसी (Salvadoraceae)
3. एपोसाइनेसी (Apocynaceae)
4. एस्कलीपीडेसी (Asclepiadaceae)
5. लोगेनियेसी (Loganiaceae)
6. जैन्शियेसी (Gentianceae)

कुल 18—एपोसाइनेसी
(Family 18—Apocynaceae) [Nerium Family]

प्रश्न ~~126~~—एपोसाइनेसी कुल के मुख्य लक्षणों का वर्णन करो तथा इस कुल के पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो।

State the important character of Apocynaceae and write the botanical names of few familiar plants of this family.


CORONAL APPENDAGE
FLOWER
APPENDAGE
ANTHER
FILAMENT
A STAMEN
T.S. OVARY
COILED APPENDAGE
COROLLA
ANTHER
STIGMA
OVARY
L.S. FLOWER BUD
FLORAL DIAGRAM

Fig. 51—Nerium odorum (Vern. Kaner)
(Family Apocynaceae)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	लिमनोसी

जैन्शियेल्स
एपोसाइनेसी
(Apocynaceae)
[बैंथम व हुकर के अनुसार]

एपोसाइनेल्स
एपोसाइनेसी
(Apocynaceae)
[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 300 वंश (genera) तथा लगभग 1300 जातियां (species) सम्मिलित हैं। ये पौधे प्रायः विश्वव्यापी (cosmopoliton in distribution) हैं। परन्तु वे अधिकांश रूप से ऊष्ण कटिबन्धों (tropical regions) में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)—

स्वभाव (Habitat)—इस कुल के पौधे बड़ें या छोटे वृक्ष (tree) जैसे **प्लूमेरिया एक्यूटीफोलिया (Plumeria acutifolia)** में अथवा झाड़ियां (shrubs) जैसे **थेवेसिया नीरोफोलिया (Thevetia nerifolia)** में अथवा शाक (herbs) होते हैं जैसे **विनका रोजया (Vinca rosea)** में होते हैं। कभी ये आरोही झाड़ियां भी हो सकते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody), ऊर्ध्व (erect), शाखित (branched), ठोस (solid), चिकना (glabrous) होता है।

पत्तियां (Leaves)—प्रायः सरल (simple) संवृन्त (petiolate), अभिमुख (opposite) अथवा भ्रमिकय (whorled) यदाकदा एकान्तर (alternate) होती हैं। पत्तियां प्रायः अननुपत्री (exstipulate) कभी-कभी अनुपत्री (stipulate) होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorecsence)—प्रायः ससीमाक्षी (cymose) प्रकार कभी-कभी एकल (solitary) तथा कोरिम्बो ससीमाक्षी (corymbose cymes), अथवा शिरीय ससीमाक्षी (terminal cymes) अथवा अम्बेल जैसे शाखित पेनीकिल युक्त ससीमाक्षी (umbellate branched penicled cymes) प्रकार का होता है।

पुष्प (flower)—प्रायः सहपत्री (bracteate), सवृन्त (pedicillate), उभयलिंगी (hermaphrodite), त्रिज्यासममित (actinomorphic) कभी-कभी जाइगोमोरफिक regular पूर्ण (complete) जायांगधर (hypogynous) व पंचतयी (pentamerous), यदाकदा चतुर्तयी (tetramerous) होते हैं।

बाह्य दल (Calyx)—प्रायः पाँच कभी-कभी चार बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये प्रायः युक्ता बाह्यदली (gamosepalous), गहराई तक विभाजित (deeply lobed) तथा कोरछादी (imbricate or quincuncia) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।

दलपुंज (Corolla)—प्रायः पाँच कभी-कभी चार दल (petals) होते हैं। ये युक्तावली (gamopetalous), दीपाकार (salver shaped) अथवा कीपाकार

(funnel flower) होते हैं। कोरोला नली में प्रायः रोमिल उपांग (ha appendages) पाये जाते हैं। इनमें प्रायः व्यावर्तित (contorted or twist कभी-कभी कोरस्पर्शी (Valvate) पुष्पदलविन्यास (aestivation) होता है।


FLOWER BUD
PETAL
CORONARY OUTGROWTH
LEAF
FLOWER
STEM
A FLOWERING BRANCH
STIG
STAMEN
HAIRS
OVULE
STYLE
SEPAL
OVARY
DISC
THALAMUS
PEDIC
L.S. FLOWER
STIGMA
ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
STAMEN
STYLE
PLACENTA
LOCULE
OVARY
DISC
OVULE
PEDICEL
OVARY WALL
GYNOECIUM
T.S. OVARY
FLORAL DIAGRAM

THE VETIA
Fig. 52—Thevetia nerifolia (Family Apocynaceae)

पुमंग (Androecium)—प्राय: पाँच कभी-कभी चार दल लग्न (epipetalous) पुंकेसर (stamens) होते हैं। पुँकेसर (stamen) प्राय: छोटे तन्तु (filament) वाले होते हैं। पुंकेसर प्राय: दलों (petals) के एकान्तर होते हैं। परागकोष (anther) अन्तरमुखी (introrse), सहजात (connate) तथा लम्बे होते हैं। कभी-कभी परागकोष (anthers) वर्तिकाग्र (stigma) से आसंजित (adhere) होते हैं। पुंकेसर (stamens) पृथक पुंकेसरी (polyandrous) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary) होता है। यह प्राय: सहजात युक्ताण्डपी (syncarpous) तथा कभी-कभी केवल वर्तिका (style) द्वारा जुड़ी (fused) होते हैं। अण्डाशय (ovary) प्राय: ऊर्घ्व (superior) कभी-कभी आंशिक रूप से अधर (inferior) होती है। अण्डाशय एक कोष्ठकी (unilocular) तथा भित्तीय वीजाण्डविन्यास (parietal placention) युक्त होती है। जब अण्डाशय (ovary) द्विकोष्ठी (bilocular) होता है तब प्रायः स्तम्भीय बीजाण्ड-विन्यास (axile placentation) युक्त होती है। पृथक अण्डपी (Apocarpous) अवस्था सीमान्त बीजाण्ड विन्यास (marginal placention) होता है। जायांग (gynoecium) के नीचे प्राय: एक मकरन्द स्रावित (necter secreting) डिस्क (disc) पाई जाती है। वर्तिका (style) सरल तथा वर्तिकाग्र (stigma) मोटा व द्विपालिका (bilobed) होता है।

फल (Fruit)—प्राय: मांसल ड्रूप (fleshy drupe), भरी (berry) फालिकिल (follicle) अथवा समारा (samara) होता है।

बीज (Seed)—प्राय: पंखयुक्त (winged) अथवा रोयेदार (hairy) तथा भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$\oplus$ ⚥ $K_{(5)}\overbrace{C_{(5)}A_5}G\underline{(2)}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)

यह कुल आर्थिक दृष्टिकोण से पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इसके कुछ पौधे सुन्दरता के लिये, कुछ पौधे औषधी गुणों के कारण उगाये जाते हैं। इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

(1) **कनेर (Oleander) [Nerium indicum syn. N. odorum or N. oleander]**—ये पौधे सुन्दरता एवं औषधी गुणों के लिये उगाये जाते हैं।

(2) **छोटा चाँद (Rauvolfia serpentin syn. ophioxylon sepentinum)**—इस पौधे की जड़ (root) से प्राप्त औषधि मानसिक रोगों के लिये अत्यन्त उपयोगी है।

(3) **गोबर चम्पा (Plumeria rubraforma syn. P. acutifolia)**—यह सुन्दरता के लिये उगाया जाता है। इस पौधे में अनेक औषधि गुण भी पाये जाते हैं।

(4) **पीली कनेर (Yellow oleander) [Theveia peruvlana syn. T. nerifolia]**—यह पौधा सुन्दरता के लिये उगाया जाता है; इस पौधे का रबड़ क्षीर (latex) विषैला होता है।

(5) सदाबाहर (Vinca rosea)—यह एक सुन्दरता के लिये उगाया जाने वाला पौधा है।

(6) करोंदा (Karonda) [Carissa Carandus]—यह एक कांटेदार झाड़ी है। इस पौधे के फल सब्जी व अचार के लिये उपयोगी होते हैं।

प्रश्न 127—नेरियम का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दो।

Give the floral diagram and floral formula of Nerium.

(*Lucknow 78*)

Refor Q. 126

प्रश्न 128—एपोसाइनेसी कुल के वर्धी व पुष्पीय लक्षणों का वर्णन करो।

Describe the vegetative and floral characters of Apocyanaceae.

(*Agra 79*)

Refer Q. 126

कुल 14—एस्कलेपिडेसी

(Family—Asclepiadaceae) (Calotropis Family)

प्रश्न 129—एस्कलेपिडेसी कुल का सचित्र एवं संक्षिप्त वर्णन करो।

Give a brief illustrated account of the family Asclepiadaceae.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	लिग्नोसी
बाइकारपीलेटी	एपोसाइनेल्स
जैन्शियेल्स	एस्कलेपीडेसी
एस्कलेपीडेसी	(Asclepiadaceae)
(Asclepiadaceae)	
(बैन्थम हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)—इस कुल के अन्तर्गत लगभग 280 वंश (genera) तथा लगभग 1800 जातियाँ (species) आती हैं। ये वितरण में विश्वव्यापी (cosmopoliton in distribution) हैं परन्तु ये अधिकांश संसार के ऊष्ण (tropical) भागों में पाये जाते हैं। इस कुल के पौधे तथा दक्षिणी अमेरिका के शुष्क भागों में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)—

स्वभाव (Habit)—प्राय: शाक (herbs) कभी-कभी क्षुप (shurb) अथवा आरोही (climbing) होते हैं। इस कुल के पौधे प्राय: मरुदभिद (xerophytes) होते हैं। इन पौधों में प्राय: क्षीर (latex) पाया जाता है।

जड़ (Root)—प्राय: शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती हैं। कभी-कभी झकड़ा जड़ें (Adventitious roots) भी हो सकती हैं।

तना (Stem)—प्राय: ऊर्ध्व (erect), शाखीय (branched), नीचे से काष्ठीय (woody) तथा ऊपर से शाकीय (herbaceous), आक्षारियुक्त (with


PETAL
GYNOSTEGIUM
CORONARY OUTGROWTH
STYLE
OVARY
SEPAL
PEDICEL
L.S. FLOWER
FLOWER BUD
LEAF
STEM
A FLOWERING TWIG
CORPUSCULUM
RETINACULUM
POLLINIUM
TRANSLATOR
⊕
OVARY WALL
PLACENTA
LOCULE
OVULE
T.S. OVARY
FLORAL DIAGRAM

Fig. 53.—Calotropis procera (vern. Akk) (Family Asclepiadaceae)

latex), ठोस (solid) तथा मोम की सतह से ढके हुए (covered with wa coating) होते हैं।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple), स्तम्भिक (cauline), अननु (exstipulate), अभिमुख (opposite), चरखीदार (decussate); कभी-क एकान्तर (alternate), ओधोष्मवृन्त (subsessile), अछिन्नकोर (entire), मो (thick), रोमिल (hairy), मोमी (waxy) तथा एक शिरीय जालिका रूपी वि विन्यास (unicostate raticulate venation) युक्त होती हैं। कभी-कभी पत्ति (succulent) जैसे **Hoya** में अथवा कभी-कभी कांटों (thorns) में रूपान्तरित सकती है जैसे **stapelia** में।

पुष्पीय लक्षण (Floral Character)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्रायः छत्रक ससीमाक्षी (umbellate cy होता है। कभी-कभी रेसीमोस (racemose) प्रकार का भी हो सकता है।

पुष्प (Flower)—प्रायः सवृन्त (pedicillate), सहपत्री (bractea उभयलिंगी (hermaphrodite), त्रिज्या सम्मित (actinomophic), अधो (hypogynous), पंचतयी (pentamerous) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्रायः पाँच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये पृ बाह्यदलीय (Polysepalous), तालाकार (lanceolate), निशिताग्र अग्रम (ac apex) तथा प्रायः कोरछादी (quincuncial) कभी-कमी कोरस्पर्शी (valva पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।

दल पुंज (Corolla)—प्रायः पाँच दल (petals) होते हैं ये युक्त (gamopetalous), चक्रीय (rotate) तथा प्रायः व्यावर्तित (contorted) कभी-क कोरस्पर्शी (valvate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) युक्त होता है।

पुमंग (Androecium)—प्रायः पाँच (five) दल लग्न (epipetalo पुंकेसर (stamens) होते हैं। इन पुंकेसरों (stamens) के पुतंतु (filame मिलकर पुंकेसर नली (staminal tube) बनाते हैं। परागकोष (anthers) प (lateral) में जुड़कर एक पाँच्र कोशीय (pentangular) शंकु (cone) की र करते हैं तथा यह प्रायः अन्दर की ओर वर्तिकाग्र (stigma) के सिर से सं (fuse) होकर **गायनोस्टीजियम** (gynostegium) बनाता है। प्रत्येक आधे पराग (half anther) में परागकण (pollen grain) एक थैले समान रचना पराग **पालीनियम (Poilinium)**] में उपस्थित रहते हैं। इस प्रकार प्रत्येक पराग (anther) दो पराग पुंजों (pollinio) का बना होता है। दो पराग पुंज (po nium) आपस में प्रेक्षक (translatoa) से जुड़े होते हैं। प्रेक्षक (translator) प्र दो भागों का बना होता है—(1) कृष्ण बिन्दु (carpusculum) (2) परिवाह अथवा बाहुओं (retinaculi=connectives) का एक जोड़ा (Pair)।

पराग कोषों (anther) प्रायः सींघनुमा प्रक्षेपजी (projections, appendage) भी निकलते हैं। जिन्हें कुकला (cuculii) कहते हैं। ये उ (appendages) एक कोरोना बनाती है जिसे पुंकेसरी कोरोना (stami corona) कहते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्रायः द्विअण्डपी (bicarpellary) होते हैं

युक्ताण्डपी (syncarous) होते हैं तथा इनमें प्राय: अण्डाशय (ovary) नीचे से पृथक तथा वर्तिका (style) संयुक्त (fused) होकर एक फूले हुए वर्तिकाग्र (stigma) में परिवर्तित हो जाता है। वर्तिकाग्र (stigma) पंचकोणीय (pentangular) होता है। अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), एक कोष्ठकी (unilocular) तथा सीमान्त बीजाण्ड विन्यास (marginal placentation) युक्त होती है।

फल (Fruit) —प्राय: फालीकिलों का युग्म (pair follicles) होता है।

बीज (Seed)—चपटे तथा रोम गुच्छ युक्त (hairy) होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\oplus\ \text{⚥}\ K_5[\widehat{C_{(5)}A_5}\ G\overline{(2)}]$$

आर्थिक महत्व (Ecocomic Importance)—

इस कुल के आर्थिक महत्व के कुछ पौधे निम्न हैं—

1. **काकातूंदी (Blood Flower) [*Asclepias curassavica*]**—इस पौधे की जड़ (root) बवासीर नामक रोग की औषधि निर्माण में उपयोगी है।

2 **आक (Madar) [Calatropis gigantea]**—इस पौधे के सभी भाग औषधि निर्माण में उपयोगी हैं। इसके बीजों से प्राप्त रेशे (fibers) तकिये आदि भरने में भी काम आते हैं।

3. **सफेद आक [Calotropis procera Syn. *Asclepias gigantea*)**—इस पौधे के सभी भाग औषधि निर्माण में उपयोगी हैं इसके बीजों से प्राप्त रेशे (fibers) तकिया आदि भरने के काम आते हैं।

4. **विलायती बखांदी (Crypostegia grandiflora)**—यह एक सुन्दर आरोही झाड़ी है तथा बगीचों में सुन्दर गुलाबी पुष्पों के लिये उगायी जाती है।

5. **मगराबू (Indian sarsapurilla)**—इस पौधे की जड़े टानिक (tonic) के रूप में, भूख की कमी में, ज्वर में, चर्म रोगों में, गठिया आदि में उपयोग की जाती है।

6. **दूधिया लता (Oxystelma esculentum)**—इस पौधे के पत्ते खाने योग्य होते हैं। इस पौधे का क्षीर (latex) घाव धोने तथा खुजली की औषधि निर्माण में उपयोगी है।

प्रश्न 130—उस कुल का नाम, पुष्प एवं पुष्पचित्र दीजिये जिसमें Pollinium पाया जाता है। (*Rohelkhand 84*)

Refer Q. 129

प्रश्न 131—केलोट्रोपिस प्रोसेरा का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र तथा कुल नाम दीजिये। (*Agra 83, Rajasthan 80*

Refer Q. 134

प्रश्न 132—एस्क्लीपिडेसी कुल के पुष्पीय लक्षण, परागण तथा वर्गी स्थिति का वर्णन करो।

Describe the floral characters, Pollination and systema Position of Asclepidaceae.

पुष्पीय लक्षणों (normal characters) व वर्गीकृत स्थिति (Systema position) के लिए प्रश्न 129 देखें।

एस्केलीपिडियेसी कुल के परागण (Pollination in family Asclepediaceae)—

एस्केलीपीडेसी कुल के पौधों जैसे मदार (calotropis) में परपरा (cross pollination) क्रिया कीटों (insects) की सहायता से होती है। इन पौ के पुष्पों में प्रायः पांच पुंकेसर (5 stamens) के दलचक्र (corolla) के आध से निकलते हैं तथा इन पुंकेसरों (stamens) के पुतन्तु (filaments) जाय (gynoecium) के चारों ओर एक गोलाकार रचना बना लेते हैं। वर्तिका (stigma) व पुंकेसरों के परागकोष (anther) मिलकर जरायुस्तम्भ (gyn stegium) बनाते हैं परागकोष (anthers) परागकण (pollen grains) परस् संयुक्त होकर परागपुंज (pollinium) बना लेते हैं तथा प्रत्येक परागकोष परागपुंज (pollinia) प्रेषक (translator) द्वारा परस्पर जुड़े रहते हैं। प्रत्ये (translator) में कृष्ण विन्दु (corpusculum) व काडिकल (caudicle) होता है पुंकेसर स्तम्भ (staminal column) से पाँच शल्कीय मुकुट (corona) उत्प होते हैं।


CORONA LOBE
POLLOINIA
STIGMA PENTAGONAL
STIGMATIC DISC
POLLINIA
PETAL
CORONA LOBE
SEPAL
TRANSLATOR

Fig. 54—Pollination in calotropis.

परागण (pollination) के समय जब कीट शहद चूसने के हेतु पुष्प पर बैठता है तब इसकी टांग (legs) दो परागकोषों (anthers) के बीच की झिर्री में फंस जाती है तथा कृष्णबिन्दु (corpusculum) इससे चिपक जाता है। जब कीट (insect) अपनी टांग बाहर निकालता है तब इसके साथ कृष्णबिन्दु (corpusculum) व परागपुंज (pollinia) साथ आ जाते हैं। कीट के उड़ने पर कीटबिन्दु शुष्क हो जाता है तथा परागपुंज (pollinia) एक छल्ले के रूप में कीट की टांग पर चिपक जाता है। कीट जब दूसरे पुष्प पर जाते हैं जब परागपुंज (pollinia) वहीं रह जाते हैं। परागपुंज (pollnia) के फटने पर परागकण (pollen grains) वर्तिकाग्र (stigma) पर बिखर कर अंकुरित हो जाते हैं।

प्रश्न 133—कुल एपीसाइनेसी व एस्क्लेपीडीयेसी के विभेदक लक्षणों का वर्णन करो तथा प्रत्येक के दो आर्थिक महत्व के पौधों का वर्णन करो।

Give the distinguishing features of the families Apocynaceae and Asclepediaceae and give examples of two plants of economic importance in each case. (*Madras 80*)

See Q 129

प्रश्न 134—आप एपीकाइनेसी,एस्क्लीपिएसी,कानवोलव्यूलेसी कुल के पुष्पों में कैसे पहिचान करेंगे ?

How will you distinguish between the flowers of Apocynaceae, Asclepediaceae and convolvulaceae.

एपोसाइनेसी (Apocynaceae)	**एस्कलीपीडेसी (Asclepediaceae)**	**कोनवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)**
1. पौधे काष्ठीय (woody) अथवा शाकीय (herbaceous) होते है।	एपोसाइनेसी के समान	पोधे आरोहो (climber) कभी-कभी क्षुप (shrub) तथा क्षीर युक्त (milk sap) होते हैं।
2. पत्ती सरल (simple) अननुपत्री (extipulate) है। पत्ती अभिमुख (opposite) होती है।	एपोसाइनेसी के समान	पत्ती सरल, पाणिवत् (palmate), एकान्तर (alternate) अननुपत्री होते हैं।
3. कोरोना नहीं होता है।	कोरोना (corona) पाया जाता है।	कोरोना नहीं होता है।
4. पांच पुंकेसर (stamens) होते। परागपुंज (pollinia) नहीं होते है।	पांच पुंकेसर (stamens) होते हैं। परागपुंज (pollinia) पाये जाते हैं।	पांच दल लग्न (epipetalous) पुंकेसर (stamens) होते हैं। इनमें पोलिनिया (pollinia) नहीं होते हैं।

एपोसाइनेसी (Apocynaceae)	एस्कलीपीडेसी (Asclepediaceae)	कोनवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)
5. वर्तिकाग्र (stigma) सामान्य होता है।	वर्तिकाग्र (stigma) पंचकोणीय (pentangular) डिस्क (disc) के रूप में होता है।	वर्तिकाग्र (stigma) सामान्य होता है।
6. बीजाण्डविन्यास (placentation) सीमांत (marginal) अथवा स्तम्भीय (axile) होता है।	सीमांत बीजाण्डविन्यास (marginal placentation) होता है।	स्तम्भीय बीजाण्डविन्यास (axile placentation) होता है।
7. फल विभिन्न प्रकार के होते हैं।	फल सेवनिक (follicle) प्रकार का होता है।	फल कैप्सूल (capsule) अथवा भरी (berry) होता है।

प्रश्न 135—एपोसाइनेसी व एस्क्लेपीडेसी में प्राय; कैसे पहिचान करोगे।

Distinguish between Apocynaceae and Asclepiadeceae.

(*Gorakh. 81, 85; Kanpur 79, 81; Rajasthan 84*)

Refer Q. 134

गण—पोलीमोनियेल्स
(Order—POLEMONIALES)

गण (order) पोलीमोनियेल्स के अन्तर्गत बैन्थम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार निम्न पांच कुल (family) होते हैं।

1. पोलीमोनियेसी (Polemoniaceae)
2. हाइड्रोफिल्लेसी (Hydrophyllaceae)
3. बोरजीनी (Boraginea)
4. कानवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)
5. सोलेनेसी (Solanaceae)

कुल 20—कानवोलव्यूलेसी
(Family 20—CONVOLVULACEAE)
(Ipomoea Family)

प्रश्न 136—कानवोलव्यूलेसी कुल के विभेदक लक्षण तथा कुछ आर्थिक महत्व के पौधों के नाम लिखो।

Discuss the distinguishing features of convolvulaceae and state a few familiar plants of the family.

एस्कलीपीडेसी

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	हर्बेसी
बाइकारपीलेटी	सोलेनेल्स
पोलीमोनियेल्स	कानवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)
कानवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)	[हचिन्सन के अनुसार]
[बैन्थम व हुकर के अनुसार]	


TWIG
GYNOECIUM
LS OF FLOWER
FLORAL DIAGRAM

Fig. 55–Ipomoea palmata (Railway Creeper) (Family Convolvulaceae)

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 50 वंश (genera) तथा 1200 जाति (species) है। ये विश्व में प्राय: सर्वत्र पाये जाते हैं परन्तु ये ऊष्ण (tropical) उपऊष्ण (subtropical) प्रदेशों में अधिकता से पाये जाते हैं। भारत में इस कुल काफी संख्या में पौधे सामान्य रूप से पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—ये पौधे प्राय: एकवर्षीय अथवा बहुवर्षीय (annual perennial) शाक (herbs) होते हैं। प्राय: बल्ली (twiners) होते हैं। कभी-क ये पौधे क्षुप (shrub) तथा काँटेदार (thorny) भी हो सकते हैं। कुछ पौधे **अमर बेल (cuscuta species)** परजीवी (parasites) भी होते हैं।

जड़ (Root)—इस कुल के पौधों में जड़ (root) विभिन्न प्रकार की सकती है जैसे **कानवलवुलस आरवेन्सिस (convolvulus arvenses)** में जड़ें लम व पतली होती हैं। **आइपोमिया बटाटास (ipomoea batatas)** अथवा शकरक की जड़ें भोजन संग्रह के कारण छोटी हो जाती हैं। अमर बेल (*cuscuta reflex* जड़ (root) चूषकाग (haustoria) के रूप में होती है।



A FLOWERING BRANCH (CUSCUTA REFLEXA)

A FLOWER

COROLLA OPENED OUT (CUSCUTA REFLEXA)

Fig. 56—Cuscuta reflexa (Family Convolvulaceae) (Contd.)



FLORAL DIAGRAM
(CUSCUTA REFLEXA)

Fig. 56—Cuscuta reflexa (Family Convolvulaceae)

स्तम्भ (Stem)—प्रायः शाकीय (herbaceous) विसर्पी (twining) ठोस (solid), शाखित (branched) तथा क्षीरयुक्त (with latex) होता है। **कानवलवूलस स्कैमोनिया (convolvulus scammonia)** में स्तम्भ मोटा, गाँठदार प्रकन्द (rhizome) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple), अननुपत्री (exstipulate), संवृन्त (petiolate), व एकान्तर (alternate) होती है। अमर बेल (cuscuta reflexa) में पत्तियाँ प्रायः अनुपस्थित होती हैं। कभी-कभी इन पत्तियों की आकृति पाणिवत (palma e) होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—सामान्यतः द्विशाखी ससीमाक्ष (dischasial cyme) कभी-कभी एकलक्षीय (solitary axillary) बहुत कम असीमाक्षी (racemose) भी होता है।

पुष्प (Flower)—प्रायः सहपत्री (bractate), सवृन्त (pedicillate) त्रिज्यासम्मित (actinomorphic), उभयलिंगी (hermaphrodite), जायांगधर (hypogynous) व पंचतयी (petamerous) होते हैं। डाइकान्ड्रा **(dichondra)** में पुष्प क्लीइस्टोगेमस (cleistogamous) प्रकार के होते हैं।

बाह्य दलपुंज (Calyx)—प्रायः पाँच बाह्यदल (5 sepals) होते हैं। ये प्रायः पृथक बाह्यदली (polysepalous) कभी-कभी आधार पर सहजात (connate),

दीर्घ स्थायी (persistant) तथा कोरछादी पुष्पदल विन्यास (imbricate aestivation) युक्त होते हैं।

दलपुंज (Corolla)—इसमें प्राय: पाँच दल (5 petals) होते हैं। ये युक्तदलीय (gamopetalous), घण्टाकार (companulate) अथवा कीपाकार (funnel shaped) होते हैं। इनमें पुष्प दल विन्यास (aestivation) प्राय: अन्तर्गत जैसे **कस्कुटा** (cuscuta) में होता है।

पुमंग (Adroecium)—प्राय: पाँच पुंकेसर (stamens) होते हैं। ये पृथक पुंकेसरी (polyadalphous) तथा दललग्न (epipetalous) होते हैं। ये प्राय: दलों (petals) के एकान्तर (alternate) होते हैं। इसके परागकोष (anthers) द्वि-कोशिकी (bicelled) पृष्ठलग्न (dorsifixed), आन्तरमुखी (introrse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताअण्डपी (syncarpous) होता है। इसमें अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior) द्विकोष्ठकी (bilocular) कभी-कभी कूटपट (false septa) के कारण चार कोष्ठकी (tetralocular) होता है। प्रत्येक कोष्ठक में एक या दो बीजाण्ड (ovules) पाये जाते हैं। बीजाण्ड विन्यास (placentation) स्तम्भीय axile होता है। प्राय: वर्तिका style एक व सरल तथा वर्तिकाग्र (stigma) शिरीय (terminal) व मुण्डक (capitate) होता है।

फल (Fruit)—प्राय: केप्सूल (capsule) अथवा भरी (berry) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) छोटे व चिकने अथवा रोमिल (smoth or hairy) होते हैं।

परागण (Pollination)—परपरागण (cross pollination) कीटों (insects) द्वारा होता है।

पुष्पसूत्र (Floral formula)—

$$\oplus \; \text{⚥} \; K_5 \; \overset{\frown}{C_{(5)}\, A_{(5)}} \; G\underline{(2)}$$

आर्थिक महत्व (Economic importance)—

इस कुल के प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न प्रकार हैं—

1 **शकरकन्द** (Sweet potato) [Ipomoea batatas syn. convolvalus batatas edndlis]—इस पौधे की जड़ें (root) मोटी व मांसल होती हैं तथा इनका प्रयोग खाने के लिये एल्कोहल व स्टार्च निर्माण आदि के लिए किया जाता है।

2. **कलम सग गठियां** (Swamp cabbage) [Ipomoea aquatiea syn. I. raptans or convolvulus repans]—यह एक जलीय पौधा है इस पौधे की पत्तियां व कोमल तने सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

3. **रेलवे क्रीपर** (Railway creeper) [Ipomoea palmata syn. I. cairica or convolvulus cairicus]—यह एक आरोही बेल है तथा सुन्दरता के लिए बगीचों में उगाई जाती है।

4. **डेला** (Christamas vine) [Porana panniculate]—यह बगीचों में सुन्दरता के लिए उगाई जाने वाली एक झाड़ी (shrub) है।

5. अमर बेल (Dodder) [Cuscuta reflexa]—यह एक पत्ती रहित पूर्ण परजीवी पौधा है । इसके बीज कार्मीनेटिव होते हैं ।

6. शर्ख पुष्पी (Evolulus alsinodes)—यह पौधा पुरानी खाँसी, दमा व पेचिश रोगों की औषधि निर्माण में उपयोगी है ।

प्रश्न 137—अमर बेल का वनस्पतिक नाम, कुल का नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र दीजिये । (*Indore 83*)

Refer Q. 136

प्रश्न 138—आइपोमिया बटाटा के कुल का नाम लिखिये तथा इस कुल के विशिष्ट लक्षण बताइये । (*Agra 79*)

Refer Q. 136

प्रश्न 139—शकरकन्द के विभेदक लक्षण एवं आर्थिक महत्व का वर्णन करो ।

State the economic importance and distinguishing features of sweet potato (*Ipomoea batatas*). (*Bhopal 82*)

Refer Q. 136

प्रश्न 140—कस्कूटा के पुष्पीय लक्षण वर्गीकृत स्थिति का वर्णन करो ।

Give floral characters and systematic position of cuscuta (*Vikram 80*)

See Q. 136

कुल 21—सोलेनेसी

[Family 21—SOLANACEAE]

प्रश्न 141—सोलेनेसी कुल के प्रमुख लक्षणों का वर्णन करो तथा इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो ।

Discuss the important characters of Solanceae and give botanical names of few familiar plants of belonging to the family.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली
बाइकारपीलेटी
पोलिमोनियेल्स
सोलेनेसी
(Solanaceae)
(बैंथम व हुकर के अनुसार)

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
हर्बेसी
सोलेनेल्स
सोलेनेसी
(Solanaceae)
(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 85 वंश (genera) तथा 2000 जातियाँ

(species) आती हैं। ये प्रमुख रूप से ऊष्ण (tropical) के उप-ऊष्ण (sub-tropical) भागों में पाये जाते हैं। परन्तु शीतोष्ण (temperate) भागों में भी ये


FLOWER
FRUIT
STEM
LEAF
A FLOWERING TWIG
STIGMA
STYLE
OVARY
THALAMUS
GYNOECIUM
T.S. OVARY
STIGMA
ANTHER
STYLE
OVARY WALL
PETAL
OVULE
PLACENTA
CALYX
PEDICEL
L.S. FLOWER
FLORAL DIAGRAM

Fig. 57—Solanum Nigrum (Makoai Family Solanceae)


A
TWIG
STAMEN
COROLLA
B
FRUIT
C
D
L S. OF FRUIT
E
FLORAL DIAGRAM

Fig 58—Datura stramonium (Dathaura) [Family Solanaceae]

पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। भारतवर्ष में भी इस कुल के सदस्य सामान्य रू पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—प्राय: एकवर्षी (annual) अथवा बहुवर्षीय (pe nnial), शाक (herbs) अथवा क्षुप (shrub) अथवा वृक्ष (trees) होते हैं। क कभी ये आरोही (climbing) भी हो सकते हैं।

जड़ (Root)—प्राय: शाखित, मूसला (branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: शाकीय (herbaceous), ऊर्ध्व (erect), शा (branched), रोमिल (hairy) अथवा काँटेदार (spiny), ठोस (solid) हो है। कभी जैसे आलू (potato) में भूमिगत (underground) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), अननुपत्री (ex-stipula एकान्तर (alternate) कभी-कभी अभिमुख (opposite), अच्छिन्नकोर (enti होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—

प्राय: साइमोस (cymose) प्रकार का होता है। यह प्राय: कक्षीय सा (axillary cyme) अथवा डाइकेजियल साइस (dichasial cyme) अथवा क कभी हेलीकोकोयड (helicoid) प्रकार का होता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: सवृन्त (pedicitlate), असहपत्री (ebractea पूर्ण (complete), त्रिज्यासम्मित (actinomorphic) कभी-कभी जाइगोमोर नियमित (regular) व जायांगधर (hypogynous) होता है।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्राय: पांच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये निरलग्न (persistant), युक्ताबाह्यदली (gamosepalous) तथा कोरस्पर्शी (vate) अथवा कोरछादी (imbricate) पुष्प दल विन्यास (aestivation) होते हैं।

दल पुंज (Corolla)—प्राय: पाँच दल (petais) होते हैं। ये प्राय: दलीय (gamopetalous), कीपाकार (funnel shaped) अथवा चक्रा (rotate) अथवा नालिकाकार (tubular) होते हैं। इनमें पुष्प दल वि (aestivation) व्यवर्तित (twisted) अथवा कोरस्पर्शी (valvate) अथवा छादी (imbricate) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्राय: पाँच पुंकेसर (stamens) होते है पृथक पुंकेसरों (polyandrous); दललग्न (edipetalous) दलों के एका (alternate to petals) होते हैं। इनमें परागकोष (anthers) द्विकोशिकी (di cous) व अन्तरमुखी (introrse)होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ता (syncarpous) होता है। इनमें अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), द्विको (bilocular) कभी-कभी कूटपट (false septum) के कारण चार को (tetralocular) होते हैं। इनमें बीजाण्ड विन्यास (placentation) स्त

(axile) होता है । प्रायः बहुत से बीजाण्ड (ovules) फूले हुए (swollen) व (pellate) बीजाण्डसन (placenta) पर पाये जाये हैं। इनमें अण्डप (carpel) प्रायः पुष्प में कुछ तिरछे (oblique) placenta पर लगे होते हैं । Stigma समुण्ड (capitate) होता है ।


COROLLA
STAMEN
STYLE
OVARY
L.S. FLOWER
HABIT SKETCH
OVARY WALL
PLACENTA
OVULES
T.S. OVARY
FLORAL DIAGRAM

Fig. 59.—Petunia alba (Family Solanaceae)

फल (Fruit)—प्रायः भरी (berry) अथवा केप्सूल (capsule) होता है ।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) व सूक्ष्म होते हैं ।

परागण (Pollination)—कीटों (insects) द्वारा होता है ।

पुष्पसूत्र (Floral formula)—

$$\oplus \; ⚥ \; K_{(5)}\overset{\frown}{C_{(5)}\;A}\,G\underline{(2)}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)

आर्थिक दृष्टिकोण से यह कुल पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इस कुल कुछ पौधे निम्न है—

1. आलू (Potato) [Solanum tuberosum]—इस पौधे के भूमि तनों से मुख्य सब्जी आलू प्राप्त की जाती है। इसमें स्टार्च पर्याप्त मात्रा होता है।

2. बैंगन (Brinjal) [Solanum melongena]—इस पौधे के फल के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

3. कटेली (Kateli) (*Solanum xanthocarpum*)—इस पौधे की में पत्तियों से दमा, खाँसी व गठिया रोगों के लिये औषधि बनाई जाती है।

4. मकोय (Black night shade) (*Solanum nigrum*)—इस पौधे फल ज्वर, दस्तों, नेत्र रोगों, पेचिश आदि में उपयोगी होते हैं।

5. टमाटर (Tomato) [*Solanum lycopersicum* Syn. *Lycopersic esculentum*]—इस पौधे के फल विटामिन युक्त व खाने योग्य होते हैं।

6. मिर्च (Chilies) (*Capsicum frutescens*)—इन पौधे के फल मसा के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

7. तम्बाकू (*Nicotiana tobacum*)—इन पौधें की पत्तियों में एल्केलॉय होते है तथा इनका प्रयोग मुख्य रूप से धूमपान के लिये किया किया जाता है।

8. धतूरा (Thorn apple) *Datura stramonium*—इस पौधे की पत्ति में बीज नारकोटिक होते हैं तथा ये दमा की औषधि से उपयोगी होते हैं। ये अ रूप में भी प्रयोग होते हैं।

9. रसभरी (Cape goose berry) [*Physalis Pernviana* Sy *B. edulis*)—इस पौधे के फल खाये जाते हैं।

10. रात की रानी (Night Jessamine) [*Cestrum nocturnum*]- यह पौधे रात्रि में सुगन्धि के लिये बगीचों के उगाये जाते हैं।

प्रश्न 142—ऐसे कुल (family) के वर्गी एवं पुष्पीय लक्षण का वर्णन कीजि जिसमें oblique septum पाया जाता है। (*Agra*

Refer Q. 141

प्रश्न 143—सोलेनम ट्यूबरोसम किस कुल का पौधा है। इस कुल विशिष्ट लक्षण लिखिये। (*Agra 7*

Refer Q. 141

प्रश्न 144—सोलेनम नाइग्रम की वर्गीकृत स्थिति, कुल का नाम, पुष्प वि व पुष्प सूत्र दीजिये। (*Rohilkhand 84*

Refer Q. 141

प्रश्न 145—आप सोलेनेसी व कनवोल्व्युलेसी कुल में कैसे पहिचान करें

How will you distinguish between Solanaceae and convol aceae. (*Nagpur 79, Agra 75, Allahabad 77, Bundelkhand 8 Rajasthan 85, Gorakhpur 8*

सीलेनेसी (Solanaceae)	कानवोलव्यूलेसी (Convolvulaceae)
अण्डाशय द्विकोष्ठकी (bilocular) तथा तिरछे पट (oblique septum) युक्त होते हैं तथा इन पर बहुत से बीजाण्ड (ovules) लगे होते हैं।	इनमें अण्डाशय माध्यमिक (ovary medium), द्विकोष्ठीय अथवा चतुष्ओठीय होती है।
(Ovary bilocular with oblique septum ovules numerous perloculus)	(Ovary medium, 2 or 4 locular, ovules one or two per loculus.

गण—परसोनेल्स
(Order—Personales)

गण परसोनेल्स के सदस्यों में प्रायः युक्तादली (gamopetalous) अवस्था होती है तथा दलपुंज (corolla) प्रायः अनियमित (irregular) होता है। इसमें पश्च पुंकेसर (posterior stamen), स्टेमीनोड (staminode) के रूप में होता है। जायांग द्विअण्डपी (bicarpellary) होता है। बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण (order) के अन्तर्गत निम्न आठ कुल हैं—

1. स्क्रोस्यूलेरियेसी (Scrophulariaceae)
2. ओरोबेन्केसी (Orobanchaceae)
3. रेनटीब्यूलेरियेसी (Rentibulariaceae)
4. केलूमीलीएसो (Calumelliaceae)
5. जैंसनीरेसी (Gesneraceae)
6. बिगनोनियेसी (Bignoniaceae)
7. पीडोलीनी (Pedolinea)
8. एकेन्थेसी (Acanthaceae)

कुल 22—स्क्रोफ्यूलेरियेसी
(Family 22—Scrophulariaceae)
[Antirrhinum Family]

प्रश्न 146—कुल स्क्रोफ्यूलेरिनेसी के विशिष्ट लक्षणों एवं अर्थिक महत्व के पौधों का वर्णन करो।

Describe the characteristic feature of scorphulariaceae and state a few plants of economic value. (*Karpur 81*)

वर्गीकृत स्थिति (Systemetic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	हर्बेसी
बाइकारपीलेटी	परसोनेल्स

परसोनेलस
स्क्रोफ्यूलेरियेसी
(Scrophulariaceae)
[बैंथम व हुकर के अनुसार]

स्क्रोफ्यूलेरियेसी
(Scrophulariceae)
[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 210 वंश (genera) तथा 3000 जातियां (species) है। ये वितरण में विश्वव्यापी (cosmopoliton in their distribution) है। हमारे देश भारत में इस कुल के काफी वंश (genera) पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्रायः शाक (herbs) अथवा छोटी झाड़ियां (under shrubs) होते हैं। कभी-कभी कुछ पौधे वृक्ष (tree) भी हो सकते हैं। इस कुल के कुछ पौधे परजीवी (parasites) कुछ मृतोपजीवी (saprophytes) जैसे [*Melamprnm*], कुछ जलीय शाक [*Limnophila racemosal*] होते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: शाकीय (herbaceous), ऊर्ध्व (erect), कभी-कभी भूशायी (prostrate), ठोस (solid) शाखित (branched) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple) अननुपत्री (extipulate), अछिन्नकोर (entire) एकान्तर (alternate) अथवा अभिमुख (opposite) भ्रमिरूप (whorled) होती है।

पुष्पक्रम (Inflorescence)—इस कुल के विभिन्न पौधों में पुष्पक्रम विभिन्न प्रकार का होता है जैसे लाइनेरिया (Linaria), माइमुलस (Mimulus) आदि में पुष्प एकल (solitary) होते हैं, डाइजीटेलिस (Digitalis), वेरोनिका (Veronica) आदि में पुष्पक्रम सिरीय स्पाइक (terminal spikes) अथवा रेसीम (raceme) प्रकार का होता है। पुष्पक्रम कभी-कभी द्विशाखी ससीमाक्ष (dichasial cymes), अथवा कक्षीय (axillary) प्रकार का हो सकता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्प (Flower)—प्राय: सहपत्री (bracteate), सवृन्त (pediliate) एक व्यास सम्मित (zygomorphic) कभी-कभी त्रिज्यासम्मित (actinomorphic), जायांगधर (hypogydous), उभयलिंगी (hermaphrodite) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्रायः पाँच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये प्रायः युक्तबाह्यदली (gamopetalous) तथा कोरछादी (imbricate), पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाला होता है।

दलपुंज (Corolla)—प्रायः पाँच दल (petals) होते हैं। ये युक्तदल (gamopetalous) तथा प्रायः द्विकोष्ठी (bilipped) कभी-कभी दलपुट (spured) अथवा (saccute) होता है। इसमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) में कोरछादी (imbricate) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: चार पुंकेसर (stamens) होते हैं। कभी-कभी पुंकेसर पाँच (जैसे *Verbscum* में) तथा कभी-कभी दो (*Veronlca* में)


स्क्रोफ्युलेरीसी
A FLOWER
STEM
LEAF
FLOWER
A FLOWERING TWIG
STIGMA
STYLE
ANTHER
NECTARY
CALYX
V. S. FLOWER
FLORAL DIAGRAM
DIGITALIS PURPUREA

Fig. 60—Digitalis (Family Scrophulariacea)

होते हैं। पुंकेसर प्रायः दल लग्न (epipetalous) दलों में एकान्तर (alternate to petals) होते हैं। परागकोष (anthers) द्विकोशिकी (bicelled) अन्तरमुखी (introrse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्रायः द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है। इसमें अण्डाशय (ovary) उर्ध्व (superior), द्विकोष्ठकी (bilocular) कभी-कभी कोष्ठकी (unilocular) होता है। इसमें बीजाण्ड विन्यास (placention) स्तम्भीय (axile) होता है। वर्तिका (style) सरल व वर्तिकाग्र (stigma) द्विपालिकी (bilobed) होता है।

फल (Fruit)—केप्सूल (capsule) अथवा बेरी (berry) होते हैं।
बीज (Seed)—छोटे व भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।
परागण (Pollination)—कीटों (insects) द्वारा होता है।
पुष्प सूत्र (Floral formula) :

$$\oplus \; ⚥ \; K_{(5)} \; \overparen{C_{(5)} \; A_{2+2}} \; \underline{G}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

1. Linaria maroccana—यह पौधा सुन्दरता के लिए बगीचों में लगाया जाता है। यह डायबटीज रोग के उपचार में भी उपयोगी होता है।

2. Antirrhinum majus (Eng. Snapdragon)—इस पौधे के पुष्प बहुत अधिक सुन्दर होते हैं।

3. Celsia coromundaliana—इस पौधे का रस पेचिस व दस्तों में उपयोगी है।

4. Veronica beccabunga—इस पौधे के शिशु तने (young stems) सब्जी के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

5. Digitalis purpurea—इस पौधे की पत्तियाँ पेट सम्बन्धी रोगों के औषधि निर्माण में उपयोगी है।

प्रश्न 147—स्क्रोफ्यूलेरियेसी कुल के विशिष्ट पुष्पीय लक्षणों का वर्णन कीजिये। Refer Q. 146 (*Ravishanker 78*)

प्रश्न 148—Scrophulariaceae कुल का विस्तृत विवरण तथा आर्थिक महत्व के तीन पौधों के नाम लिखिये। Refer Q. 146 (*Gorakhpur 78*)

कुल 23—एकेथेन्सी
(Family 23—ACANTHACEAE)
(Acanthus Family)

प्रश्न 149—कुल एकेथेन्सी के सामान्य लक्षणों एवं आर्थिक महत्व का वर्णन करो।

Give the general characters of family Acanthaceace and state its economic importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position) :

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली
बाइकारपीलेटी
परसोनेल्स
एकेथेन्सी
(Acanthaceae)
[बैन्थम हुकर के अनुसार]

एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स
हर्बेसी (herbaceae)
परसोनेल्स
एकेथेन्सी
(Acanthaceae)
[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 240 वंश (genera) तथा 2200 जातियाँ (species) आती हैं। ये वितरण में विश्वव्यापी होते हैं परन्तु मुख्य रूप से ऊष्म (tropical), उप-ऊष्ण (sub tropical), दलदली एवं नम स्थानों पर पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters) :

स्वभाव (Habit)—प्रायः शाक (herbs) अथवा क्षुप (shurb) होते हैं। कुछ पौधे आरोही (climber) तथा कुछ पौधे शुष्कोद्भिद (xerophytic) व मृतोद्भिद् (halophyte) होते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः मूसला (tap) होती है।

स्तम्भ (Stem)—शाकीय (herbaceous) अथवा काष्ठीय (woody), ऊर्ध्व (erect), ठोस (solid), शाकीय (branched), कोणीय (angular) एवं चिकनी (glabrous) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple), अनुपत्री (exstipulate) अछिन्नकोर (entire), अभिमुख (opposite), सवृन्त (petiolate) तथा एक शिरीय जालिकावत शिराविन्यास (unicostae raticulate venation) युक्त होती हैं। इन पौधों की पत्तियों की इपीडर्मल कोशाओं (epidermal cells) में प्रायः कैलशियम कार्बोनेट ($CaCO_3$) का सिस्टोलिथ (cystolith) उपस्थित होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्रायः ससीमाक्षी (cymose) प्रकार का होता है। इसमें प्रायः पुष्पक्रम नीचे की ओर द्विशाखित ससीमाक्षी (dichasial cyme) तथा ऊपर की ओर एक शाखी ससीमाक्षी (monochasial cyme) होता है। कमी-कमी पुष्पक्रम रेसीमोम (racemose) प्रकार का भी हो सकता है।

पुष्प (Flower)—प्रायः सहपत्री (bracteate), सहपत्रकी (bracteate), उभयलिंगी (hermaphrodite), पूर्ण (complete), एक व्यास सम्मिति (zogomorphic), द्विओष्ठी (bilabiate) व जायाँगधर (hypogynos) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—प्रायः पाँच कभी-कभी चार या तीन बाह्यदल (sepals) पाये जाते हैं। ये युक्ता बाह्यदल (gamosepalous) होते हैं तथा इनमें व्यावर्ती (contorted) अथवा कोरछादी (imbricate) पुष्प दल विन्यास (aestivation) होता है।

दल पुंज (Corolla)—प्रायः पाँच कभी-कभी चार दल (petals) होते हैं। ये युक्तादली (gamopetalous) तथा द्वि-ओष्ठी (bilipped) होता है। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरछादी (imbricate) अथवा व्यावर्ती (twisted) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्रायः चार अथवा दो कभी-कभी पाँच पुंकेसर (stamens) होते हैं। पुंकेसर स्वतन्त्र (free) तथा दल लग्न (epipetalous) होते हैं।


INFLORESCENCE
STEM
LEAF
A Flowering twig
PETAL
STIGMA
STAMEN
STYLE
BRACT
SEPAL
OVARY
PEDICEL
L. S. of flower
ANTHER LOBE
CONNECTIVE
APPENDAGE
FILAMENT
Stamen
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T. S. of ovary
Floral Diagram

Fig. 61—Adhatoda (Family Acanthaceae)

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है। इनमें अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), द्विकोष्ठकी (bilocular) होता है। इसमें स्तम्भीय (axile) बीजाण्ड विन्यास (placentation)


LEAF
FLOWER
STEM

A FLOWERING BRANCH
(RUELLIA PROSTRATA)


PETAL
STIGMA
STAMEN
STYLE
SEPAL
OVARY
DISC
THALMUS
PEDICEL
SEED
JACULATOR
STIGMA
STYLE
OVARY

L. S. FLOWER

L. S. OF FRUIT

(RUELLIA)

GYNOECIUM

Fig. 62—Ruellia (Family Acanthaceae) (contd.)


PLACENTA
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T. S. OVARY
(RUELLIA PROSTRATA)
FLORAL DIAGRAM

Fig. 62—Ruellia (Family Acanthaceae)

होता है। वर्तिका (style) पतली व लम्बी तथा वर्तिकाग्र (stigma) द्विपालि (bilobed) होता है।

फल (Fruit)—प्राय: केप्सूल (capsule) कभी-कभी ड्रूप (drup होता है।

बीज (Seed)—प्राय: अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्राय: कीटों (insects) द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$$\cdot|\cdot \;\; ⚥ \;\; K_4 \text{ or } {}_{(5)} \;\; \overset{\swarrow\,-\,\searrow}{C(2/3) \;\; A_2} \text{ or } {}_{2+2} \;\; G(\underline{2})$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व के पौधे निम्न प्रकार हैं।

1. Adhatoda vasica syn. Jusitcia adhatoda [Eng. Malabar Hindi काला बांसा अथवा अड्सा]—इस पौधे की पत्तियों से बनी औषधियाँ खाँसी गठिया आदि रोगों में उपयोगी हैं।

2. Barleria cristata (Eng. Jhinti)—यह पौधा भी औषधि गु सम्पन्न होता है। यह सांप काटने के इलाज में भी उपयोगी है।

3. Ruellia prostrata—यह पौधा भी औषधि गुणों से युक्त होता है

4. Justicia betonica—यह पौधा हेज (hedge) के रूप में जाता है।

5. **Thumberigia grandiflora** (कुकुआलता)—यह सुन्दर बेल है तथा सुन्दरता के लिये लगाई जाती है।

6. **Peristrephae bicalyculata** (पत्री लाल)—इस पौधे से साँप काटने के उपचार के लिए दवाई बनाई जाती है।

प्रश्न 150—एकेन्थेसी कुल के विशिष्ट पुष्पीय लक्षणों का वर्णन कीजिये।
(*Ravishanker 78*)

Refer Q. 149

प्रश्न 151—आप कनवोलव्युलेसी व एकेन्थेसी के मध्य अण्डप (carpel) व पुंकेसरों (stamens) के आधार पर कैसे पहिचान करेंगे।

How you will distinguish between family Acanthaceae and convolulaceae on the basis of carpels and stamens. (*Agra 77*)

एकेन्थेसी (Acanthaceae)	कानवोलव्युलेसी (Convolvulaceae)
1. पौधे शाकीय (herbaceous) होते हैं।	1. पौधे आरोही (climber) छोटी क्षुप (shrub) व क्षीरयुक्त (latex) होते हैं।
2. पत्तियां सरल (simple) तथा सिस्टोलिथ (cystclith) युक्त होती हैं।	2. पत्ती सरल, एकान्तर न अननुपत्री (exstipulate) होती हैं।
3. बाह्यदल (sepals) चार या पाँच होते हैं।	3. बाह्यदल पांच होते हैं।
4. दल (petal) पांच व द्विओष्ठी (bilipped) होते हैं।	4. दल (petals) पांच होते हैं।
5. पुंकेसर (stamens) दो या चार दललग्न (epipetalous) होते हैं।	5. पुंकेसर पांच व प्रायः दललग्न होते हैं।
6. प्रत्येक कोष्ठक में (locule) में बीजाण्ड (ovule) दो अथवा अधिक होते हैं।	6. प्रत्येक कोष्ठक में प्रायः एक कभी-कभी दो बीजाण्ड होते हैं।
7. स्तम्भीय बीजाण्ड विन्याल (axile placentation) होता है।	7. स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास होता है।
8. फल केप्सूल (capsule) होता है।	8. फल केप्सूल अथवा बेरी (berry) होता है।

गण—लेमियेल्स

(Order—Lamiales)

गण लेमियेल्स के सदस्यों में दलपुंज (corolla) एक व्यास सम्मित (zygomorphic) बाह्यदल पुंज (calyx) चिरस्थायी (persistant) फल अस्फुटनशील (indehiscent) पश्च पुंकेसर (posterior stamen) प्रायः अनुपस्थित होता है।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस गण (order) के अन्तर्गत निम्न चार (family) हैं—

1. मायोपोरिनी (Myoporineae)
2. वरबीनेसी (Verbenaceae)
3. सिलेगीनी (Seleagineae)
4. लेबियेटी (Labiatae)


V.S. OF FLOWER
GYNOBASIC STYLE
FLOWER
TWIG
FLORAL DIAGRAM

Fig. 63—Ocimum species (Family Labiatae)

कुल 24—लेबियेटी
(Family 24—LABIATAE)
(Mint Family)

प्रश्न 152—लेबिऐटी कुल विभेदक लक्षणों का वर्णन करो। इस कुल के पुष्प की रचना एवं आर्थिक महत्व के पौधों का भी वर्णन करो।

Give the distinguishing characters of labiatae. Discuss its floral construction and name few plants of Eeonomic importance.
(*Kanpur 80*)

प्रश्न 153—ऐसे कुल के वर्धी एवं पुष्पीय लक्षणों का वर्णन कीजिये जिसमें वर्टी सिलास्टर पुष्पक्रम पाया जाता हो। (*Agra 80*)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
गेमोपेटली	हर्बेसी
बाइकारपीलेटी	लेमीएल्स
लेमीएल्स	**लेबिएटी**
लेबिएटी	**(Labiatae)**
(Labiatate)	
[बैंथम हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 200 वंश (genera) व 3200 जातियाँ (species) हैं। ये वितरण में विश्व व्यापी (world wide in distribution) हैं तथा ऊष्ण (tropical) व शीतोष्ण (temperate) दोनों ही प्रदेशों में समान रूप से वितरित होते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्रायः एकवर्षी, द्विवर्षीय तथा बहुवर्षीय शाक (herb) होते हैं। कभी-कभी ये क्षुप (shrub) अथवा वृक्ष (tree) भी होते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः मूसला जड़ (tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्रायः शाकीय (herbaceous) कभी-कभी काष्ठीय (woody), ऊर्ध्व (erect), चतुर्कोणीय (squarils), रोमिल (hairy) कभी-कभी भूमिगत (underground) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple) अभिमुख (opposite) अथवा भ्रमिरूप (whorled), अननुपत्री (exstipulate) तथा तेल ग्रन्थियों (oil glands) युक्त होती हैं। पत्र फलक (lamina) अछिन्नकोर (entire), दन्ती (toothed), पालिका (lobed) अथवा अत्यधिक कटा-फटा (dissected) होता है।

पुष्पीय (Floral Character)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्रायः वर्टीसिलास्टर (verticillaster) प्रकार का होता है। अर्थात् इसमें पुष्पों के चक्कर पर्वसन्धियों (nodes) पर उत्पन्न होते


FLOWER
STEM
LEAF

A FLOWERING BRANCH (SALVIA)


STIGMA
STYLE
PETAL
STAMEN
SEPAL
OVARY
DISC
THALAMUS
PEDICEL

L. S. FLOWER (SALVIA)



FLORAL DIAGRAM SALVIA OFFICINALIS

Fig. 64—Salvia otticinalis (Family Libiateae)

है। कभी-कभी पुष्पक्रम एकल (solitary) अथवा मुण्डक (capitulum) प्रकार भी हो सकता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: सहपत्री (bracteate) एक व्यास सम्मित (zygomorphic) [कभी-कभी त्रिज्यासम्मित (actinomorphic) जैसा मेंथा (mentha) में] उभयलिंगी (hermaphrodite) [कभी कभी एकलिंगी (unisexual) जैसे थाइमस (thymus) में], पूर्ण (complete) जायांगाधर (hypogynous) होते हैं।

बाह्यदल पुंज (Calyx)—पाँच बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये युक्ता बाह्यदली (gamosepalous), चिरस्थायी (persistant), द्विओष्ठी (bilobed)। (4/1) घण्टाकार (companulate) अथवा नलिकाकार (tubular) होते हैं। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) व कभी-कभी क्विन्नकसियल (quincuncial) होता है।



Fig. 65—Pollination in flower of Salvia.

दलपुंज (Corolla)—पाँच दल (petals) होते हैं। युक्तदली (gamopetalous), द्वि-ओष्ठी (bilabiate) (2/3), नलिकाकार (tubular) होता है। इनमें पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरछादी (imbricate) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: चार द्विदीर्घी (didynamous) अथवा दो पुंकेसर (stamen) होते हैं। ये दल लग्न (epipetalous), दल के एकान्तर (altarnate to petals) होते हैं। इनके परागकोष (anthers) द्विकोशकी (bicelled), अन्तरमुखी (introse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है। यह प्राय: मकरन्द स्रावित करने वाली डिस्क (nectar secreting disc) के ऊपर स्थित हो गया। अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior) द्विकोष्ठकी (bilocular) कभी-कभी चार कोष्ठकी (tetralocular) होता है। इसमें स्तम्भीय (axile placentation) पाया जाता है। वर्तिका (style) अण्डाशय (ovary) के आधार पर (base) उत्पन्न होती है तथा चार कोष्ठकों के बीच में स्थित होती है। इस प्रकार की वर्तिका (style) गाइनोबेसिक वर्तिका (gynobasic style) कहलाती है। वर्तिकायें (stigma) द्विपालिक (bilobed) होता है।

फल (Fruit)—फल corcerulus प्रकार का होता है। इसमें चार एक-बीजी नटलेट (4 one seeded nutlets) चिरस्थायी (persistant) बाह्यदल पुं (calyx) से ढका रहता है।

बीज (Seed)—अभ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

सालविया (Salvia) में परागण—इसमें परागण (cross-pollination) कीटों (insect) द्वारा होता है। इस पुष्प में दलचक्र (corolla), द्विओष्ठी होते हैं दलचक्र का निचला भाग नलिका के रूप में तथा ऊपरी भाग को ओष्ठों (lips में विभाजित होता है। निचले ओष्ठ (lower lip) पर आकर कीट (insec बैठता है तथा ऊपरी ओष्ठ (upper lip) एवं हुड (hood) का कार्य करता है इस पुष्प में दो पुंकेसर (stamens) होते हैं। प्रत्येक पुंकेसर में एक छोटा त (filament) व लम्बा योजी (connective) होता है। योजी (connective) एक 'T' प्रकार का उत्तोलक (lever) होता है। उत्तोलक की बड़ी भुजा पर उर्व पाली (fertile iobe of anther) तथा छोटी भुजा पर बन्धपाली (sterile lob होता है। वर्तिकाग्र (stigma) द्विखण्डित (bilobed) होता है।

परागण (pollination) के समय जब मधुमक्खी दलचक्र (corolla) निचले औष्ठ (lower lip) पर बैठती है तथा यह मधु (nectar) चूसने के लि अपना शैड (proboscis) अन्दर डालता है। ऐसा करने से बन्धक पालिया (steri lobes) ऊपर उठ जाते हैं तथा इनके उठने से उर्वर पालिया (fertile lobes anther) मधुमक्खी की पीठ पर झुक जाते हैं तथा परागण (pollen grains बिखर जाते हैं। अब जब मक्खी दूसरे पुष्प पर जाती है तो दूसरे पुष्प का वर्तिक झुककर कीट की पीठ से परागण ग्रहण कर लेता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\cdot|\cdot\ ⚥\ _{(1/4)}\ \widehat{C_{(4/1)}\ A_{2+2}}\ \underline{G_{(2)}}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

1. **कोलियस (Coleus)**—इस पौधे की पत्तियाँ रंग-बिरंगी होने के का यह पौधा बगीचों में सुन्दरता के लिये उगाया जाता है।

2. **Mentha arvensis (mint पौदीना)**—इस पौधे की पत्तियाँ पेट अनेक रोगों में उपयोगी है।

3. **Mentha Species (Peppermint)**—इस पौधे की पत्तियों से प्र वाष्पशील तेल इत्र, साबुन बनाने तथा औषधि के रूप में उपयोग होता है।

4. **Lavandula officinalis syn. L. vera L. spica**—इस पौधे पुष्पों से प्राप्त वाष्पशील तेल इत्र उद्योग में उपयोगी है।

5. **Ocimum sanctum (तुलसी)**—इस पौधे को हिन्दू लोग पवित्र मा हैं। यह पौधा औषधि गुणों युक्त होता है। इस पौधे की पत्तियों का रस खांसी, आदि में उपयोगी है।

6. **Salvia officianalis**—यह पौधा बगीचों में सुन्दरता के लिए उग जाता है।

प्रश्न 154—**सालविया का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये।** (*Agra*

See Q. 159

प्रश्न 155—Gynobasic style वाली family का नाम बताइये। (*Gorakhpur 78*)

See Q. 153

प्रश्न 156—Gynobasic style पर टिप्पणी कीजिये। (*Reeva 83*) (*Rohelkhand 87*)

Refer Q. 153

प्रश्न 157—लेबिएटी में परागण पर टिप्पणी कीजिये। (*Jabalpur 83*)

Refer Q. 153

प्रश्न 158—आप लेबिएटी व एकेन्थेसी कुल के मध्य किस प्रकार पहचान करोगे। (*Bundelkhand 87; 85; Allahabad 83; Gorakhpur 84*)

प्रश्न 159—आप सोलेनेसी, एकेन्थेसी व लेबिएटी कुल के पुष्पों के मध्य किस प्रकार पहचान करोगे ?

लेबिएटी (Labiateae)	एकेन्थेसी (Acanthaceae)	सोलेनेसी (Solanaceae)
1. पत्तिया, सरल (simple) अभिमुख (opposite) तथा एरोमेटिक ग्रंथियुक्त होती हैं।	1. पत्ती सरल, अभिमुख व सिस्टोलिथ (cystolith) युक्त होते हैं।	1. पत्ती सरल, एकान्तर अनुपत्ती (exstipulate) होती है।
2. पुष्पक्रम वरटीसिलास्टर (vertiillaster) प्रकार का होता है।	2. पुष्पक्रम समीमाक्षी (cymose) होता है।	2. पुष्पक्रम ससीमाक्षी होता है।
3. वर्तिका (style) गाइनोबेसिक (gynobasic) होता है।	3. वर्तिका सामान्य होती है।	3. वर्तिका सामान्य होती है।
4. अण्डाशय सामान्य प्रकार का होता है।	4. अण्डाशय सामान्य होता है।	4. अण्डाशय (ovary) में तिरछा (oblique) placenta होता है।
5. फल में चार नट लेट (nutlets) होते हैं।	5. फल कैप्सूल होते हैं।	5. फल बेरी (berry) अथवा केप्सूल (capsule) होता है।

7

द्विबीजपत्री (क्रमश

उपवर्ग–मोनोक्लेमाइ

श्रेणी–कर्वे

DICOTYLEDONS (Cont

Sub-class MONOCHLAMYDEA

(Incomplet

[Series—CURVEMBRYEA

इस उपवर्ग—मोनोक्लेमाइडी में पुष्प प्रायः एकलिंगी (unisexual) छो हरे तथा पेरिन्थ (perianth) युक्त होते हैं।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस उपवर्ग—मोनोक्लेमाइ (monochlamydeae) के अन्तर्गत निम्न श्रेणियाँ (series) आती हैं—

1. कर्वेम्ब्री (curvembryeae)
2. मल्टीओव्यूलेट एक्वेटी (multiovulate equatieae)
3. मल्टीओव्यूलेट स्थली (multiovulate terrestrial)
4. माइक्रोएम्ब्री (microembryeae)
5. डफेनेलीज (daphnales)
6. एक्लेमाइडोस्पोरी (achlamydosporae)
7. यूनिसेक्सलीज (unisexuales)
8. ओर्डीनीज एमोमेली (ordinesanomali)

प्रश्न 160 —मोनोक्लेमाइडी का संक्षिप्त विवरण दीजिये।

(*Lucknow 198*

प्रश्न 161—मोनोक्लेमाइडी पर टिप्पणी लिखो। (*Agra 198*

उपरोक्त विवरण तथा कुल पोलीगोनेसी एवं यूफोरबियेसी को देखें।

श्रेणी—कर्वे

[Series—CURVEMBRYEA

इस श्रेणी के सदस्यों में प्रायः भ्रूण (embryo) मुड़ा हुआ (curved) हो है। इनमें अण्डाशय (ovary) प्रायः एककोष्ठकी (unilocular) होता है तथा ए बीजाण्ड (ovule) युक्त होती है। पुष्पदल (petal) नहीं होते हैं तथा perian पाया जाता है।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत सात कु आते हैं जो निम्न प्रकार हैं—

1. निक्टेजीनेसी (nyctaginaceae)
2. इलेसीब्रेसी (illecebraceae)

3. एमेरेन्थेसी (amaranthaceae)
4. चीनोपोडियेसी (chenopodiaceae)
5. फाइटोलेसी (phytolaceae)
6. बैटिडी (batideae)
7. पोलीगोनेसी

कुछ 25—पोलीगोनेसी
(Family 25—POLYGONACEAE)
(The Buck wheat family)

प्रश्न 162—कुल पोलीगोनेसी का संक्षिप्त वर्णन करो। इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधे के नाम लिखो।

Give a brief and concise account of the family Polygonaceae. Give few important plants of the family.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
मोनोक्लेमाइडी	हरबेसी
कर्वेम्ब्री	पोलीगोनेल्स
पोलीगोनेसी	**पोलीगोनेसी**
(Polygonaceae)	**(Polygonaceae)**
[बैन्थम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 40 वंश (genera) व 800 जातियाँ (species) आती हैं। इस कुल के पौधे प्रायः संसार के उत्तरी शीतोष्ण प्रदेशों (north temperate regions) में पाये जाते हैं। कुछ पौधे ऊष्ण (tropical) प्रदेशों में भी पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—प्रायः एकवर्षीय, द्विवर्षीय तथा बहुवर्षीय शाक (herbs) होते हैं। कुछ पौधे आरोही (climbers) तथा कभी-कभी कुछ पौधे क्षुप (shrub) व वृक्ष (trees) होते हैं।

जड़ (Root)—शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है।

तना (Stem)—प्रायः शाकीय (woody) कभी-कभी कोष्ठीय (woody) पूर्व संधियों (nodes) पर फूला हुआ, शाखित, ऊर्ध्व (erect), ठोस, (solid) होता है। कुछ पौधों जैसे **Muchendbeckia** में शाखायें चपटी होकर क्लेडोड (cladode) अथवा फिल्लोक्लेड बनाती हैं।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple), एकान्तर (alternate), अछिन्नकोर (entire) व चिकनी होती हैं। इनमें आच्छेदी अनुपत्र (sheathing stipule) होता है। इनमें शिराविन्यास (venation) एकशिरीय जालिकावत (unicostate reticulate) होता है।


INFLORESCENCE
STIGMA
STYLE
STAMEN
TETAL
OVARY
LOCULE
OVULE
THALAMUS
PEDICLE
L. S. flower
ANTHER LOBE
CONNECTIVE
FILAMENT
Stamen
OCHREATE
STIPULE
LEAF
A
flowering
twig
STEM
Polygonum
STIGMA
STYLE
OVARY WALL
LOCULE
OVULE
OVARY
Gynoecium
T. S. Ovary
Floral Diagram

Fig 66. Polygonum (Family Polygonaceae)

पुष्प लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्रायः असीमाक्षी (racemose) प्रकार का होता है। इसमें बहुत से छोटे-छोटे पुष्प संयुक्त पुष्पक्रमों (compound inflorescences) में विन्यसित रहते हैं। कभी-कभी पुष्पक्रम एकल (solitary) होता है। कभी-कभी पुष्पक्रम पेनीकल रेसीमों (panicled racemes) प्रकार का होता है।

पुष्प (Flower)—प्रायः त्रिज्या सम्मित (actinomorphic), उभयलिंगी (hermaphrodite) कभी-कभी एकलिंगी (unisexual), नियमित (regular), त्रितयी (trimerous) कभी-कभी द्वितयी (dimerous) होते हैं।

परिदलपुंज (Perienth)—प्रायः छः परिदल पत्र (6 perienth leaves) दो-दो चक्करों (whorls) में विन्यसित होती है। कुछ पौधों में चार परिदलपत्र दो-दो के दो चक्करों में होते हैं। ये परिदल पत्र स्वतन्त्र (free) कभी-कभी कुछ जुड़े हुये होते हैं। इनमें पुष्पदलविन्यास (aestivation), कोरछादी (imbricate) होता है।

पुमंग (Androecium)—प्रायः छः कभी-कभी अधिक व कभी-कभी कम पुंकेसर (stamens) होते हैं तथा दो चक्करों में विन्यसित रहते हैं। इनके तनु (filament) स्वतन्त्र परागकोष (anthers), द्विकोशिकी (bicelled) व प्रायः अन्तरमुखी (introse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्रायः त्रिअण्डपी (tricarpellary) कभी-कभी द्विअण्डपी अथवा चतुअण्डपी भी होती है। यह युक्ताण्डपी (syncarpous) होती है। अण्डाशय (ovary) एक कोष्ठकी (unilocular), ऊर्ध्व (superior) होती है। इनमें बीजाण्डविन्यास (placentation), आधारी (basal) होता है। वर्तिका (style) दो से चार तक वर्तिकाग्र (stigma) मुण्डक (capitate) होता है।

फल (Fruit)—प्रायः तीन भुजी (three sided) कभी-कभी द्विभुजी (two sided) शुष्क, एक बीजी नट (nut) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होता है।

परागण (Pollination)—वायु अथवा कीटों द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\oplus \; ⚥ \; P_{3+3}A_{3+3}\underline{(G\text{ 2 to 4})}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

1. **Antigonium leptopus [Eng. coral creeper]**—यह एक सुन्दर गुलाबी पुष्पों वाली आरोही झाड़ी है। यह सुन्दरता के लिए बगीचों में लगाई जाती है।

2. **Muehlenbeckia platycladus syn. Coccoloba platyclada**—यह पौधा भी सुन्दरता के लिए उगाया जाता है।

3. **Polygonum**—इसकी विभिन्न जातियाँ (species) विभिन्न प्रकार के गुणों से जैसे औषधिय गुणों से युक्त होती है।

4. **Rheumemodi**—इस पौधे की जड़ों में प्राप्त औषधि दस्तावर व टानिक के रूप में उपयोगी है।

5. **Rumex**—इस पौधे की विभिन्न जातियाँ औषधि, रंगाई, खाने आदि के लिए उपयोगी हैं।


ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
Stamen
STIGMA
STYLE
OVARY
Gynoecium
OVARY WALL
OVULE
LOCULE
T. S. ovary
LEAF
INFLORESCENCE
A flowering twig
TEPAL
STAMENS
STIGMA
STYLE
LOCULE
OVULE
THALAMUS
PEDICEL
L. S. Flower
Floral Diagram
Rumex

Fig. 67. Rumex (Family Polygonaceae)

8

द्विबीजपत्री (क्रमशः) मोनोक्लेमाइडी (क्रमशः) सीरीज–यूनीसेक्युलीज

DICOTYLEDONS (Contd.)
MONOCHLAMYDEAE (Contd.)
(Series—UNISEXUALES)

इस श्रेणी के अन्तर्गत एकलिंगी पुष्पों (unisexual flowers) वाले पौधे आते हैं। इनमें पौधे शाक (herb), क्षुप (shrub) व वृक्ष (trees) होते हैं। पत्तियाँ प्राय: अनुपत्री (stipulate) होती हैं।

बैन्थम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत निम्न नौ कुल (families) आती हैं—

1. यूफोरबिएसी (Euphorbiaceae),
2. बेलेनोप्सी (Balanopseae),
3. अर्टीकेसी (Urticaceae),
4. प्लेन्टेनेसी (Plantanaceae),
5. लीटनेरी (Litnericeae),
6. जुगलेन्डी (Juglanpae),
7. मायरीकेसीरी (Myricacerae),
8. केज्यूराइनी (Casuerineae),
9. क्यूप्यूलीफेरी (Cupuliferae)।

कुल 26—यूफोरबियेसी
(Family 26—EUPHORBIACEAE)
(Euphorbia family)

प्रश्न 163—यूफोरबियेसी कुल के पुष्प आकारों का पुष्पचित्रों एवं पुष्प सूत्रों सहित वर्णन कीजिये। इस कुल के किन्हीं पाँच पौधों के वानस्पतिक नाम तथा आर्थिक महत्व भी लिखिये। *(Rohelkhand 88)*

प्रश्न 164—यूफोरबिएसी कुल के प्रमुख लक्षण तथा आर्थिक महत्व के छ: पौधों के नाम दीजिए। *(Kanpur 1982)*

प्रश्न 165—कुल यूफोरबिएसी के प्रमुख लक्षणों एवं पुष्पीय रचनाओं में विभिन्नताओं का वर्णन करो।

Write an account of the characteristic features of Euphorbiaceae and explain the range of variation of floral structures in family. *(Marathwada 78)*

प्रश्न 166—कुल यूफोरबिएसी के पुष्पीय लक्षणों एवं फलों का वर्णन करो।
Describe the floral features and fruits of Euphorbiaceae.
(*Bombay* 78)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
मोनोक्लेमाइडी	लिग्नोसी
यूनीसेक्सयूएल्ज	यूफोरबियेल्स
यूफोरबियेसी	**यूफोरबियेसी**
(Euphorbiaceae)	
(बैंथम व हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 283 वंश (genera) तथा 7300 जातियाँ (species) हैं। इस कुल के पौधे विवरण में विश्वव्यापी (world wide in distribution) हैं। इस कुल के पौधे ऊष्ण प्रदेशों (tropical regions) से शीतोष्ण प्रदेशों (temperate regions) तक फैले हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—प्राय: शाक (herb) कभी-कभी क्षुप (shrub) व वृक्ष (tree) होते हैं। कुछ पौधे कैक्टस (cactus) समान होते हैं। इस कुल के पौधों में प्राय: रबड़ क्षीर (latex) पाया जाता है।

जड़ (Root)—प्राय: शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: शाकीय (herbaceous) कभी-कभी काष्ठीय (woody), प्राय: ऊर्ध्व (erect) कभी-कभी आरोही, शाखित (branched), प्राय: बेलनाकार (cylindrical) कभी-कभी कोणीय (angular) अथवा चपटा, प्राय: ठोस (solid) कभी-कभी पोला (fistula), प्राय: चिकना (smooth) कभी-कभी काँटेदार (spiny) होता है। कभी-कभी तना फिल्लोक्लेड में रूपान्तरित होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), एकान्तर (alternate), कभी-कभी अभिमुख (opposite) अनुपत्री (stipulate) होती है कभी-कभी पत्तियाँ काँटों में परिवर्तित हो जाती है। अनुपत्र (stipules) भी काँटों के रूप में हो सकते हैं।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: विभिन्न प्रकार का होता है, पुष्पक्रम रेसीमोस (recemose), साइमोस (cymose) अथवा विभिन्न (special) प्रकार का होता है। सामान्यत: **यूफोरबिया (Euphorbia)** में पुष्पक्रम **साइथियम (cyathium)** प्रकार का होता है। इसके पुष्पक्रम में एक मध्य में स्थित सवृन्त स्त्री पुष्प (female flower) बहुत से सवृन्त नर पुष्प (male flower) [पुंकेसरों (stamens)] से घिरे रहते हैं तथा पूरे पुष्प सहपत्री (bracts) से घिर कर एक पुष्प के समान प्रतीत होते हैं। **क्रोटोन (Croton)**, **रिसिनस (Ricinus)** आदि में पुष्पक्रम सिरीय


STAMEN
PEDICEL
OVARY
GLANDS
LEAF
STIGMA
INVOLUCRE OF BRACT
INFLORESCENCE
INFLORESCENCE (CYTHIUM)
STYLE
OVARY
PEDICEL
PEDICEL
STAMEN
ANTHER
STALK
HAIRY STEM
PEDICEL
FLOWERING TWIG
L.S. OF INFLORESCENCE
STALK
MALE FLOWER
INFLORESCENCE DIAGRAM

Fig. 68—Euphorbia hirta (Family Euphorbiaceae)

रेसीम (terminal raceme) प्रकार का, जेट्राफा (**jatropha**) में साइमोस (cymose) प्रकार का होता ।

पुष्प (Flower)—पुष्प छोटे, सहपत्री (bracteate), नियमित (regular) एकलिंगी (unisexual), अपूर्ण (incomplete), त्रिज्यासम्मित (actinomorphic) व जायांगाधार (hypogynous) होते हैं ।


STIGMA
PARIANTH LEAF
STYLE
OVARY
PEDICEL
FEMALE FLOWER
BUD
FLOWER
LEAF
STAMEN (SESSILE)
COLUMN
PARIANTH
STEM
PEDICEL
MALE FLOWER
FLOWERING PLANT
FLORAL DIAGRAM OF FEMALE FLOWER
FLORAL DIAGRAM OF MALE FLOWER

Fig. 69—Phyllanthus niruri (Family) Euphorbiaceae)

परिदल पुंज (**Perianth**)—**क्रोटोन (Croton)** आदि पौधों में दल च (corolla) व बाह्यदल चक्र (Calyx) पाये जाते हैं रिसिनस कम्यूनिस (Ricin **communis**) में केवल केलिक्स (calyx) पाई जाती है तथा यूफोरबिया (Eupho **bia**) आदि में परिदल पुंज (perienth) अनुपस्थित होता है। परिदल पुंज (per ienth) में पुष्पदल विन्यास (aestivation) कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) होता है।

नर पुष्प (Male flower)—इनमें प्रायः परिदल पुंज नहीं होता है तथा नर पुष्प प्रायः एक पुंकेसर (stamen) के रूप में होता है। नर पुष्पों (पुंकेसरों) की संख्या बहुत अधिक होती है। कभी-कभी पुंकेसर शाखित भी होते हैं। सामान्य रूप से पुंकेसर में पुतन्तु (filament) व परागकोष (anther) होता है। परागकोष (anther) प्रायः द्विकोषी (dithecous) तथा introse होते हैं।

मादा पुष्प (Female flower) प्रायः नग्न (naked) अर्थात् परिदल पुंज (perienth) रहित होते हैं। प्रायः मादा पुष्प एक होता है। इसमें तीन अण्डाशय (three carpels or tricapellarv) होते हैं। ये युक्ताण्डपी (syncarpous) अण्डाशय (ovary) तीन कोष्ठी (trilocular), ऊर्ध्व (superior) होते हैं। इसमें बीजाण्ड विन्यास (placentation) स्तम्भीय (axile) होता है। वर्तिका (style) तथा वर्तिका (stigma) छः होते हैं।

फल (Fruit)—प्रायः मिदुर (schizocarpic), केप्सूल (capsule) अथवा होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्रायः कीटों (insects) द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

1. रिसीनस (Ricinus)—

$\oplus$ ♂ $K_{(5)}$ or $_{(4)}C_0\ A_5$ branched

$\oplus$ ♀ $C_{(2)}$ or $_{(5)}\ C_0\ G\underline{(3)}$

2. यूफोरबिया (Euphorbia)—

$\oplus$ ♂ $K_0\ C_0\ A_1$

$\oplus$ ♀ $K_0\ C_0\ G\underline{(3)}$

3. क्रोटोन (Croton)—

$\oplus$ ♂ $K_5\ C_5\ A_\infty$

$\oplus$ ♀ $K_5\ C_5$ or $_0\ G\underline{(3)}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

यह कुल पर्याप्त आर्थिक महत्व का है। इस कुल के कुछ प्रमुख पौधे निम्न हैं—

1. Croton tiglium (जमाल गोटा)—इस पौधे के बीजों से प्राप्त तेल जुल्लाब के रूप में प्रयोग होता है।

2. Euphorbia splendens Syn. E milii—यह पौधा बगीचों में सुन्दरता के लिये उगाया जाता है।

3. Euphorbia hirta (दुधी)—यह पौधा औषधि गुणों से युक्त हाता है।

4. Hevea brasilliensis (रबड़ वृक्ष)—इस वृक्ष से निकलने वाले लेटेक्स (latex) से रबड़ का निर्माण होता है।

5. Phyllanthus emblica Syn. Emblica officinalis (आंवला)—इस वृक्ष के फल खाये जाते हैं। इसका फल आयुर्वेदिक औषधि जैसे च्यवनप्रास, त्रिफला आदि के निर्माण में उपयोगी है।

6. Putranjiva roxburghi [English child life tree पुत्राजीवी]–
इस पौधे के फलों (nuts) से माला बनाई जाती है। हिन्दुओं में ऐसा विश्वास किया


FEMALE FLOWERS
BRANCHED STAMENS
ANTHERS
MALE FLOWERS
TEPAL
LEAF
MALE FLOWER (SPLIT OPEN)
A BRANCHLET OF STAMEN
STIGMAS
GLAND
CARUNCLE
OVARY
AXILLARY BRANCH
OVULE
APPENDAGES
STEM
PEDICEL
TEPAL
A FLOWERING BRANCH
L.S. FLOWER
OVULE
OVARY WALL
APPENDAGES
LOCULE
⊕
T.S. OVARY
⊕
FLORAL DIAGRAM (MALE)
FLORAL DIAGRAM (FEMALE)
RICINUS

Fig. 70—Ricinus Communis (Family Euphorbiaceae)

जाता है कि इन मालाओं के पहनने से बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है तथा वे दीर्घजीवी रहते हैं।

7. **Ricinus Communis** (Castor oil plant अरण्ड)—इस पौधे के बीजों से केस्टर आयल प्राप्त किया जाता है तथा ये ल्यूबीकेन्ट व जुल्लाब के रूप में प्रयोग किया जाता है। इसका प्रयोग पारदर्शी साबुन निर्माण, टाइपराइटर स्याही निर्माण आदि में भी होता है।

प्रश्न 167—अरण्डी का वनस्पतिक नाम, कुल नाम, पुष्प सूत्र व पुष्प चित्र दीजिये।

Refer Q. 166 (*Vikram 83, Kanpur 83*)

प्रश्न 168—यूफोरवियेसी कुल के जायांग का वर्णन कीजिये।

Refer Q. 166 (*Kanpur 79*)

प्रश्न 169—यूफोरबियेसी कुल के पुष्पीय लक्षणों का वर्णन उपयुक्त पुष्प सूत्रों व पुष्प चित्रों के साथ कीजिये। (*Rohelkhand 84*)

Refer Q. 166

कुल 27—मोरेसी
(Family 27—MORACEAE)

प्रश्न 170—मोरेसी कुल का संक्षिप्त विवरण व आर्थिक महत्व दो।

Write a brief and concise account of the family Moraceae. Give few important plants of the family.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
डाइकोटीलीडन्स	डाइकोटीलीडन्स
मोनोक्लेमाइडी	लिग्नोसी
यूनीसेक्सएल्स	आर्टीकेल्स
मोरेसी (Moraceal)	**मोरेसी (Moraceae)**
[बैंथम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 71 वंश (genera) व 1000 जातियाँ (species) हैं। इस कुल के पौधे विश्व के सभी ऊष्ण (tropical) व उपऊष्ण (subtropical) भागों में पाये जाते हैं। कुछ पौधे शीतोष्ण (temperate) भागों में भी पाये जाते हैं। इस कुल का सामान्य जीनस फाइकस (**ficus**) है।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्राय: वृक्ष (tree) अथवा क्षुप (shrub) होते हैं। कभी-कभी पौधे शाको (herbs) भी हो सकते हैं। इन पौधों में प्राय: रबड़ क्षीर (milky latex) उपस्थित होता है।

जड़ (Root)—शाखित मूसला जड़ (branched tap root) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: काष्ठीय (woody), ऊर्ध्व (erect), शाखित ठोस (solid) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), एकान्तर (alternate) कभी-कभी अभिमुख (opposite), अछिन्नकोर (entire), अनुपत्री (stipulate) होती है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—ससीमाक्षी (cymose) अथवा असीमाक्षी (racemose) प्रकार का होता है। कभी-कभी यह रूपान्तरित होकर केटकिन (catkin) अथवा हाइपेनथोडियम पुष्पक्रम बनाता है।

पुष्प (flower)—छोटे, अपूर्ण (incomplete), एकलिंगी (unisexual) त्रिज्यासम्मित (actinomorphic), जायांगधर (hypogynous) होते हैं।

नर पुष्प (Male Flower)—

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: चार परिदल पत्र (perienth leaves) होती हैं ये दो-दो चक्करों में स्थित रहते हैं। कभी-कभी इनकी संख्या 2 से 6 तक भी हो सकती है। ये प्राय: चिरस्थायी (persistant) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—पुंकेसर (stamens) की संख्या प्राय: परिदल पत्रों के समान होती है तथा पुंकेसर परिदल पत्रों के अभिमुख (opposite) होते हैं। इनमें परागकोष (anthers) द्विकोशिकी (two celled) व मुक्तदोली (versatile) तथा लम्ब स्फुटनशील होते हैं।

मादा पुष्प (Female Flower)

परिदल पुंज (Perienth)—नर पुष्प के समान होता है।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpus) होता है। अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), एककोष्ठकी (unilocular) वर्तिका दो तथा वर्तिकाग्र (stigma) सामान्य होता है।

फल (Fruit)—फल ड्रूप (drupe), एकीन (achene), नट (nut), सोसोरिस (sosoris) अथवा साइकोनस (syconus), प्रकार का होता है।

बीज (Seed)—छोटे अभ्रूणपोषी अथवा अभ्रूणपोषी होते हैं।

परागण (Pollination)—कीटों (insects) अथवा वायु द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

नर पुष्प (Male flower)—

$$\oplus\ ♂\ P_{2+2}A_4G_0$$

मादा पुष्प (Female flower)—

$$\oplus\ ♀\ P_{2+2}\ \text{or}\ _{(2+2)}\ A_0\ G_{\overline{(2)}}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

1. Atrocarpus heterophyllus Syn. **A. integgra** or **A. integrifolia** (Vern. Jack tree-कटहल)—इस पौधे के फल सब्जी के रूप में, छाल में तथा पत्तियाँ चर्म रोगों की चिकित्सा में उपयोगी है।


A PORTION OF PLANT (MALE)
A PORTION OF PLANT (FEMALE)
STIGMA
STYLE
TEPAL
OVARY
OVULE
L.S. FLOWER (FEMALE)
STAMEN
TEPAL
L.S. FLOWER (MALE)
⊕
⊕
FLORAL DIAGRAM (FEMALE)
FLORAL DIAGRAM (MALE)

Fig. 71—Morus ; alba (Family Moraceae)

2. Ficus benghalensis (**Banyan बरगद**)—यह वृक्ष हिन्दुओं में पवित्र माना जाता है। इस पौधे का लेटेक्स (latex) गठिया दर्द में उपयोगी होता है।

3. Ficus religiosa (**पीपल**)—यह वृक्ष भी हिन्दुओं में पवित्र माना गया

है। इसके बीज ठण्डे व दस्तावर होते हैं। इसकी छाल चमड़े की रंगाई में उपयोगी है।

4. Ficus carica (अन्जीर)—इस पौधे के फल खाने योग्य होते हैं।

5. Ficus elastica (Indian Rubber)—इस पौधे की रबर क्षीर (latex) से रबर (rubber) तैयार की जाती है।

6. Ficus glomerata (गूलर)—इस पौधे के फल खाने योग्य होते हैं। इस पौधे के रबर क्षीर (latex) में बवासीर व दस्तों की औषधि का निर्माण होता है।

7. Morus alba (शहतूत)—इस पौधे के फल खाये जाते हैं तथा इसकी लकड़ी से हॉकी बनाई जाती है।

प्रश्न 171—मलबेरी के कुल का नाम लिखो और इसके विभेदक लक्षणों का वर्णन करो।

Name the family of Mullberry (Morus alba) and state its distinguishing features. (*Lucknow 80*)

Refer Q. 170

प्रश्न 172—यूफोरबियेसी व मोरेसी कुल के मध्य आप कैसे पहिचान करोगे?

Distinguish between family Euphorbiaceae and Moraceae. (*Marthwada 78*)

यूफोरबियेसी (Euphorbiaceae)	**मोरेसी (Moraceae)**
1. पौधे शाक (herb), अथवा वृक्ष (trees) व क्षीर युक्त होते है।	1. पौधे प्राय: वृक्ष (trees) तथा क्षीर (latex) युक्त होते हैं।
2. पुंकेसर (stamens) 1 से अनेक (many) तक होते हैं।	2. पुंकेसर (stamen) एक से चार तक होते हैं।
3. जायांग (gynoecium) 2, 3, 4, अण्डपी (carpellary) होता है।	3. जायांग द्विअण्डपी (bicarpellary) होता है।
4. फल साइजोकार्पिक (schizocorpic) होते हैं।	4. फल कम्पोजिट (composite) होते हैं।

———

9

एकबीजपत्री
(MONOCOTYLEDONS)
श्रेणी—माइक्रोस्पर्मी
(Series—MICROSPERRMAE)

एकबीजपत्री (Monocotyledons) पुष्पोद्‌भिद् पौधों (flowering plants) का प्रमुख वर्ग (division) है। इस वर्ग के पौधों में निम्न विशिष्ट लक्षण पाये जाते हैं—

1. इनके बीजों (seeds) में एकबीजपत्र (single cotyledon) पाया जाता है।
2. ये पौधे शाकीय (herbaceous) होते हैं।
3. स्तम्भ में कन्जायन्ट (conjoint), बन्द (closed) वाहिनी पूल (vascular bundles) पाये जाते हैं।
4. इनमें द्वितीयक वृद्धि (secondry growth) प्राय: अनुपस्थित होती हैं।
5. इनकी पत्तियों में समानान्तर (parallel) शिरा विन्यास (venation) होता है।
6. पुष्प प्राय: त्रितयी (trimerous) होते हैं।

एकबीजपत्री (monocots) के अन्तर्गत बैंथम व हुकर के अनुसार निम्न सात श्रेणियां (series) आती हैं—

1. माइक्रोस्पर्मी (Microspermae)
2. इपीगाइनी (Epigynae)
3. कोरोनेरी (Coronarieae)
4. केलीसीनी (Calycineae)
5. न्यूडीफ्लोरी (Nudifloare)
6. एपोकार्पी (Apocarpae)
7. गल्यूमेसी (Glumaceae)

श्रेणी—माइक्रोस्पर्मी
(Series—MICROSPERMAE)

माइक्रोस्पर्मी श्रेणी के कुछ विशिष्ट लक्षण निम्न प्रकार हैं—

1. इनके पुष्पों में परिदल चक्र (perienth) दलाभ (petaloid) होता है।
2. इनके पुष्पों में अण्डाशय (ovary) इनफीरियर (inferior) होती है।

3. अण्डाशय (ovary) में बीजाण्ड विन्यास (placentation) अक्षीय (axile) होता है।

4. पुंकेसर (stamens) की संख्या में (reduction) होती है।

5. अण्डाशय (ovary) एककोष्ठीय (unilocular) से तीन कोष्ठीय (Trilocular) तक होती है।

6. इनमें बीज सूक्ष्म, अनेक तथा भ्रूणपोषी (endospermic) व अभ्रूणपोषी (non-endospermic) प्रकार के होते हैं।

वैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत निम्न तीन कुल आते हैं—

(i) हाइड्रोकेरीडी (Hydrocharideae),
(ii) बर्मेनियेसी (Burmanniaceae),
(iii) आर्कीडेसी (orchidaceae)।

कुछ 28—आर्कीडेसी
(Family 28—ORCHIDACEAE)
(orchid family)

प्रश्न 173—आर्कीडेसी कुल के विभेदक लक्षणों, पुष्प, चित्र, पुष्प सूत्र व आर्थिक महत्व का वर्णन करो। (*Jabalpur 83*)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
माइक्रोस्पर्मी	कोरोलीफेरी
आर्कीडेसी	आर्कीडेल्स
(orchidaceae)	आर्कीडेसी
[बैंथम व हुकर के अनुसार]	[हुचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 450 वंश (genera) तथा 14000 जातियां (species) होती हैं। इस कुल के पौधे विश्व के सभी शीतोष्ण (temperate) व उष्ण (tropical) प्रदेशों में पाये जाते हैं। मुख्य रूप से इस कुल के पौधे अधिपादप (epiphyte) के रूप में उष्ण प्रदेशों में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के कुछ पौधे स्थलीय (terrestrial) कुछ अधिपादप (epiphytic) व कुछ मृतोपजीवी (saprophytic) होते हैं। कुछ पौधे मरुद्भिद (xerophytes) भी होते हैं।

जड़ (Root)—जड़ें प्राय: अस्थानिक (adventitious) तथा वायुवीय (aerial) होती हैं। इनकी जड़ों में बाहर की ओर वायुमण्डल से पानी शोषित करने के हेतु स्पंज समान बेलामेन (velamen) ऊतक (tissue) पाया जाता है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: स्तम्भ संधिताक्षो (sympodial) प्रकार का होता है प्राय: ऊर्ध्व शाकीय कभी आरोही अथवा असत्य बल्ब के रूप में होता है।

पत्ती (Leaf)—प्राय: सरल (simple), अच्छिन्नकार (entire), एकान्तर (alternate) कभी-कभी अभिमुख) alternate) अथवा चक्करदार (whorled), रेखाकार (linear) कभी-कभी माँसल होता है। इनमें पत्र-आच्छेद उत्पन्न होकर तने को घेर लेती हैं। इनमें शिराविन्यास समानान्तर होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: असीमाक्षी (racemose), सामान्यत: स्पाइक (spike) होता है।

पुष्प (Flower)—सहपत्री (bracteate), उभयलिंगी (bisexual) कभी-कभी एकलिंगी (unisexual) जायांगोपारिक (epigynous) होते हैं।

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: छ: परिदल पत्र (petals) होते हैं ये तीन-तीन के दो चक्रों (whorls) में विन्यसित होते हैं। ये परिदल पत्र प्राय: स्वतंत्र (free) कभी-कभी संयुक्त (fused) होते हैं। बाह्य चक्र में परिदल पत्र कोरछादी (imbricate) होते हैं तथा भीतरी चक्र में प्राय: एक परिदल पत्र अधिक बड़ा व सपरिवर्तित होकर लेबेलम (Labellum) बन जाता है। प्राय: लेबेलम के पीछे एक बाह्यदल (sepal) लम्बा होकर सर (spur or sac) बना लेता है जिससे



A PLANT OF ORCHIS LATIFOLIA



FLOWER (PARTS) ORCHIS LATIFOLIA



T. S. FRUIT

Fig. 72—Orchis latifolia (Family Orchidaceae) (contd.)


HOOD
PERIANTH LEAVES
SESSILE ANTHERS
STAMINODE
ROSTILLUM (STIGMA)
TWO STIGMATIC AREAS
LABELLUM
INFERIOR TWISTED OVARY
SPUR OF LABELLUM

A FLOWER OF ORCHIS LATIFOLIA


LABELLUM
STAMEN

FLORAL DIAGRAM (ORCHIS)

Fig. 72. Orchis latifolia (family Orchidaceae)

मकरन्द जमा रहता है। प्रायः अण्डाशय द्वारा ऐंठन के कारण लेबेनम अग्र अपात्र स्थान पर जाता है।

पुमंग (Androecium)—प्रायः दो या तीन पुंकेसर (stamens) होते हैं। ये पुंकेसर प्रायः आपस में तथा जायांग (gynoecium) के बिस्तार (extension) से युक्त (fuse) होकर एक स्म्भ (column) बनाते हैं। परागकोष (anthers) प्रायः द्विकोशिकी (bicelled), आन्तरमुखां (introrse)होते हैं। इनके परागकण प्रायः लोचदार धागों में बन्धे हुए एवं दो मोमियाँ रचनाओं से चिपके हुए होते है। इन रचनाओं को **पालीनिया (pollinia)** कहते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्रायः त्रिअण्डपी (tricarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होती है। अण्डाशय (ovary), एककोष्ठकी (unilocular) कभी-कभी तीन कोष्ठकी (trilocular), अधर (inferior) होती है। इसमें बीजाण्ड विन्यास (placentation), स्तम्भ (axile) अथवा भित्तीय (parietal) होता है। वर्तिकाग्र (stigma) की तीन पालियों (lobes) में से प्रायः एक अग्र पालि (interior lobe), बन्धय (sterile) होकर एक पाकेट समान रचना **रास्टेलम (rostellum)** बनाती है। कभी-कभी रोस्टेलम का एक भाग विस्कामी डिस्क में परिवर्तित हो जाता है जिसे **विसीडियम** (viscidium) कहते हैं।

फल (Fruit)—प्रायः केप्सूल (capsule) होता है।

बीज (Seed)—सूक्ष्म व भ्रूणपोषी (non-endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—कीटों (insect) द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$\oplus$ ⚥ P_{3+3} or $_{(3+8)}$ A_1 or $_{2}G\,\overline{(3)}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

1. **Vanda roxburughi Syn. V. tessellata (रासना)**–यह एक अधिपादप (epiphytic) पौधा है इसकी जड़ें गठिया रोग के उपचार में भी उपयोगी हैं।

2. **Orchis latifolia (Eng. rochis सलप)**—यह काश्मीर में पाया जाने वाला पौधा है इसकी कन्दिल जड़ें खाने के लिये प्रयोग की जाती हैं।

3. **Vanilla planifolia syn. V. fragrans (Eng. vanilla)**–इस पौधे के फल मिठाइयों को सुगन्धित करने के लिये व इत्र निर्माण के लिये उपयोगी हैं।

4 **Vanda spathulata**—इस पौधे से दमे व तपेदिक के लिये औषधि निर्माण की जाती है।

5. Cypripedium
6. Orchis
7. Bulbophyllum polyrrhizum
8. Listera
आदि—आदि

} सभी आभूषणीय पौधे (ornamental plants) है।

10

एकबीजपत्री (क्रमश:

श्रेणी—इपीगाय

[MONOCOTYLEDONS (Contd

[Series—EPIGYNA

श्रेणी (series), इपीगायनी (epigynae) के सदस्यों में प्रायः भीतरी परिद (inner perienth), दलाभ (petaloid), अण्डाशय (ovary), अधर (inferior व स्पष्ट भ्रूणपोषी (endosperm copious) होता है।

वैंथम व हुकर के अनुसार इस श्रेणी के अन्तंगत निम्न सात कुल आते है—

1. साइटेमिनी (citamineae)
2. ब्रामेलियेसी (bromaliaceae)
3. हीमेड्रोसी (haemadraceae)
4. इरीडी (irideae)
5. अमाराइलिडी (amaryllideae)
6. टेकेसी (taccaceae)
7. डायोस्कोरियेसी (dioscoreaceae)

वैंथम हुकर ने कुल **म्यूजेसी** (**Musaceae**) की साइटेमिनी (scitamineae के अन्तर्गत ट्राइब (tribe) के रूप में रखा।

कुल 29—म्यूजे

(Family 29—MUSACEA

(The Banana famil

प्रश्न 174—म्यूजेसी कुल का संक्षिप्त एवं सचित्र वर्णन करो। इस कुल आर्थिक महत्ता पर प्रकाश डालिए। (*Bundelkhand*

Write a brief and illustrated account of family musace State its economic importance.

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
इपीगायनी	केलीसीफ्लोरी
म्यूजेसी	जिन्जीबरेल्स
(Musaceae)	**म्यूजेसी (Musaceae)**
[वैंथम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

म्यूजेसी

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 6 वंश (genera) व 80 जातियाँ (species) हैं। ये प्रायः ऊष्ण प्रदेशों (tropical regions) में नम स्थानों (moist places) पर पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative character)—

स्तम्भ (Stem)—इस कुल के पौधे प्रायः बड़े आकार के बहुवर्षी


SPATHE
FLOWERS
FRUITS
PENDUNCLE
MALE FLOWER
FEMALE FLOWER
FEMALE FLOWER
A PLANT
T. S. OVARY
FLORAL DIAGRAM

MUSA PARADISICA

Fig. 73. Musa paradisica Sub. Species spaiantum (Vern Kela) (Family Musaceae)

(perennial) शाक (herbs) होते हैं। इन पौधों में प्राय: भूमिगत तथा राइजोम (under ground rhizome) पाया जाता है।

जड़ (Root)—अस्थानिक (adventitious) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्राय: भूमिगत राइजोम (under ground rhizome) होता है। ऊपर का असत्य तना (pseudocerial stem) लम्बे मजबूत पत्र आच्छेदी (leaf sheath) के समूह से बन जाता है।

पत्तियाँ (Leaves) - सरल (simple), आकार में बड़ी, अच्छिन्नकोर (entire) अरोमिल (glabrous), सवृन्त (petiolate) होती हैं। इनमें एकशिरीय समानान्तर शिराविन्यास (unicostate parallel venation) होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral character)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—स्पेडिक्स (spadix) होता है। यह स्पेथ (spathe) सहपत्रों (bracts) द्वारा ढका रहता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: बड़े (large), सहपत्री (bracts), उभयलिंगी (hermaphrodite) कभी एकलिंगी (unisexual) जैसे **म्यूजा (Musa)** में, एक व्यास सम्मित (zygomorphic), उपरिजायांगी (epigynous) होते हैं। **म्यूजा (Musa)** में नर व मादा पुष्प एक पुष्पक्रम में होते हैं तथा नर पुष्प ऊपर तथा मादा पुष्प नीचे की ओर होते हैं।

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: छ: परिदलपत्र तीन-तीन के दो चक्करों (whorls) में होते हैं। ये संयुक्त परिदल (gamophyllous) कभी-कभी पृथक परिदलीय (polyphyllous) होते हैं। **म्यूजा (Musa)** के तीन बाहरी व दो अन्दर के परिदल संयुक्त होकर एक नलिका के समान रचना बन जाती है तथा भीतरी एक परिदल स्वतन्त्र (free) रहता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: छ: पुंकेसर (stamens) होते हैं। ये पृथक पुंकसरों (polyadalphous) तथा दो चक्करों (whorls) में होते हैं। प्राय: पाँच पुंकेसर पूर्ण व एक अनुपस्थित अथवा अल्प वर्धित (rudimantry) होता है जिसे बन्धय पुंकेसर (staminode) कहा जाता है। परागकोष (anther lobe) द्विकोशिका (bicelled), आधार लग्न (basifixed) व अन्तरमुखी (introrse) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: त्रिअण्डपी (tricarpellary,) युक्ताण्डपी (syncarpous) होती है। इसमें अण्डाशय (ovary) अधर (inferior), तीन कोष्ठकी (trilocular) होती हैं। प्रत्येक कोष्ठक में अनेक बीजाण्ड (ovules) होते हैं। वर्तिका (style) लम्बी तथा वर्तिकाग्र (stigma) त्रिशाखित (three branched) होता है।

फल (Fruit)—लम्बा सरल भरी (elongated berry) होता है। फल प्राय: बीज रहित होता है।

परागण (Pollination)—कीट ब चिड़ियों द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\cdot|\cdot\ ♂\ \text{or}\ ♀\ \text{or}\ ⚥\ P_{3+3}\ OR_{\ (3+2)+1},\ A_{3+3}\ OR_{\ 3+2+1}\ G_{\underline{(3)}}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

1. **Musa peradisace sub-species spientum [Banana केला]**— इस पौधे के फल खाने योग्य होते हैं तथा हिन्दू लोग इस पौधे को व इसके फलों व पत्तों को पवित्र मानते हैं।

2. **Musa chinensis [चीनिया केला]**—इस पौधे के फल छोटे परन्तु खाने में स्वादिष्ट व विटामिन, स्टार्च शर्करा युक्त होते हैं।

3. **Musa textilis (Eng. Manila hemp)**—इस पौधे से प्राप्त रेशों (fibers) से उच्च किस्म का कपड़ा व रस्सी का निर्माण किया जाता है।

4 रेवीनेला (Ravonla) } आभूषणीय पौधे हैं।
5. हेलीकोनिया (Heliconia) }

प्रश्न 175—केले का वनस्पतिक नाम, कुल नाम, पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये। (*Vikram 83*)

Refer Q. 174

प्रश्न 176—म्यूसा का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिये। (*Agra 1981*)

प्रश्न 177—म्यूसा के पुष्पीय लक्षण व वर्गीकृत स्थिति का वर्णन करो।
Write floral characters and systematic position of Musa.

Refer Q. 174 (*Vikram 78*)

प्रश्न 178—म्यूसा सैपिपेन्टस किस कुल का पौधा है ? इस कुल के विशिष्ट लक्षण लिखिये। (*Agra 79*)

क्रपय चित्र 174 देंखे।

प्रश्न 179—म्यूजेसी कुल के विशिष्ट लक्षण दीजिये।
Give the distinguishing characters of family musaceae.

Refer Q. 174 (*Gorakhpur 78*)

कुल 30—जिन्जीबरेसी

(Family 30—ZINGIBERAECEAE) (The Ginger Family)

प्रश्न 180—जिन्जीबरेसी कुल के विशिष्ट लक्षणों एवं आर्थिक महत्व का सचित्र वर्णन करो।

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)

एन्जोस्पर्मी	एंजोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
इपीगायनी	केलीसीफेरी
जिन्जीबरेसी	जिन्जीबरेल्स
(Zingiberaceae)	**जिन्जीबरेसी**
	(Zingiberaceae)
(बैंथम व हुकर के अनुसार	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 47 वंश (genera) व 1400 जातियाँ

(species) आती हैं। ये पौधे प्रायः संसार के ऊष्ण (tropical) प्रदेशों में पाये जा हैं। मुख्य रूप से इन्डो मलाया भाग (Indo Malaya region) में पाये जाते हैं। अदरक (*zingiber officinale*) इस कुल का सर्वाधिक सामान्य पौधा है।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—प्रायः बहुवर्षीय शाक (perennial herb) होती है।

जड़ (Root)—अस्थानिक जड़ें (adventious) होती है।

स्तम्भ (Stem)—प्रायः भूमिगत राइजोम (under ground rhizome) होता है। इससे कुछ शाखायें तिरछी होकर बाहर भी निकल आती हैं।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple) सवृन्त (petiolate) अथवा अवृ (sessile), पत्र आच्छेदन करती हुई (sheathing) अच्छिन्नकोर (cntire), लम् (linear), व समानान्तर शिराविन्यास (parallel venation) युक्त होती हैं। इन प्रायः एक लिग्यूल (ligule) भी उपस्थित रहता है।


A PLANT
STAMEMODES
STAMEN
PETAL
CALYX
A FLOWER
T.S. OVARY
POSTERIOR
FERTILE
STAMEN
BRACTEOLE
LABELLUM
BRACT
FLORAL DIAGRAM

Fig. 74—*Zingiber officinale* (Family Zingiberaceae)

पुष्पीय लक्षण (Floral characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: सीरीय (terminal), स्पाइक (spike) अथवा रेसीम (Receme) होता है तथा सहपत्रों (bracts) द्वारा प्राच्छादी होता है।

पुष्प (Flower)—सहपत्री (bracteate), एक व्यास सम्मिति (zygomorphic), उभयलिंगी (bisexual) होता है।

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: छः परिदल पत्र (petals) तीन-तीन के दो भ्रमिकों (whorls) में विन्यसित होते हैं। बाह्य चक्र के तीन परिदल पुंज (petals) युक्ताबाह्यदली (gamosepalous) तथा नलिकाकार अथवा घण्टाकार (companulate) होते हैं। अन्दर के तीन परिदल पत्र स्वतन्त्र दल (free) होते हैं।

पुमंग (Androecium)—त्रिअण्डपी (tricarpellary) युक्ताण्डपी (syncarpous) होती है। इनमें अण्डाशय (ovary inferior) त्रिकोष्ठकी (trilocular) कभी-कभी एककोष्ठकी (unilocular) व स्तम्भीय (axile) अथवा भित्तीय (parietal) बीजाण्ड विन्यास (placentation) युक्त होती है। वर्तिका (style) लम्बी व सरल तथा उर्वरक पुंकेसर (fertile stamen) से ऊपर होती है।

फल (Fruit)—प्राय: केप्सूल (capsule) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—कीटों (insects) द्वारा होता है।

पुष्पसूत्र (Floral Formula)—

$$\cdot|\cdot\ ⚥\ K_3\ C_2\ A_6\ \text{or}_1\ G_{\overline{(3)}}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न प्रकार हैं—

1. Zingiber officinale [Ginger अदरक]—इस पौधे का भूमिगत तना राइजोम मसाले, सलाद व सब्जी के रूप में प्रयोग होता है। यह औषधिय गुणों से भी सम्पन्न होता है।

2. Curcumn longa syn. C. domestica [Eng. Tumeric, हल्दी]—इस पौधे का राइजोम मसाले के रूप में प्रयोग किया जाता है। यह पेट दर्द में अत्यन्त उपयोगी है।

3. Amomum aromaticum [Eng. Bengal Cordamom बड़ी इलायची]—यह मसालों के रूप में भोज्य पदार्थों को सुगन्धित करने में प्रयोग की जाती है।

4. Rencalmia—यह सुन्दरता के लिये उगाया जाने वाला पौधा है।

5. Ebettria Cordamomum [छोटी इलायची]—इस पौधे के बीच मसालों आदि के रूप में प्रयोग किये जाते हैं।

11

एकबीजपत्री (क्रमश:)

श्रेणी—कोरोनेरी

[MONOCOTYLEDONS (Contd.)]

[Series—CORONARIEAE]

श्रेणी कोरोनेरी (series coronarieae) के सदस्यों की प्रमुख विशेषतायें निम्न प्रकार हैं—

1. परिदल पुंज (perienth) का भीतरी चक्र (inner whorl) दलाभ (petaloid) के समान होता है।

2. अण्डाशय (ovary) स्वतन्त्र (free) होता है केवल आधार पर जुड़ा रहता है।

3. इनमें भ्रूणपोष (endosperm) काफी स्पष्ट (copious) होता है।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत निम्न आठ कुल आते हैं—

1. रोक्सबर्घियेसी (Roxburghiaceae)।
2. लिलियेसी (Liliaceae)
3. पोन्टेंडीरियेसी (Pontenderiaceae)
4. फिलाइड्रेइयोई (Philydraoeae)
5. जाइरीडी (Zyrideae)
6. मायेसी (Mayaceae)
7. कोमेलीनेसी (Commelinaceae)
8. रापेटियेसी (Rapateaceae)

कुल 31—लिलियेसी

[Family 31—LILIACEAE]

(The Lily family)

प्रश्न 181—उचित चित्रों की सहायता से कुल लिलियेसी का विस्तृत वर्णन करो तथा इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधों के नाम लिखो।

Giving necessary sketches describe in detail the family Liliaceae and state a few plants of economic importance.

(*Marathwada 79, Vikram 80*)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
कोरोनेरी	कोरोलीफरी
लिलियेसी (Liliaceae)	लिलिएलीज
	लिलियेसी (Liliaceae)
(बैन्थम व हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)


FLOWER
SCAP
LEAF
A flowering plant
STIGMA
STYLE
OVARY
PEDICLE
Gynoecium
STIGMA
RIDGE
STAMEN
TEPAL
OVARY
OVULE
THALAMUS
PEDICEL
L.S. flower
ANTHER LOBE
CONNECTIVE
FILAMENT
Stamen
PLACENTA
OVULES
LOCULE
OVARY WALL
T. S. ovary
Floral Diagram

Fig. 75—Asphodelus tenuifolius (Piazi) (family Liliaceae)

वितरण (Distribution)—

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 240 वंश (genera) व 400 जातियाँ (species) हैं। ये पौधे वितरण में विश्वव्यापी (worldwide in distribution) हैं तथा मुख्य रूप से समशीतोष्ण (temperate) व उप-उष्ण (sub-tropical) में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Characters)—

स्वभाव (Habit)—प्राय: बहुवर्षीय शाक (perennial herbs) होते हैं। कुछ पौधे मरुद्भिदी (xerophytic) होते हैं। कुछ पौधे आरोही (climber) भी होते हैं।

जड़ (Root)—जड़ें अस्थानिक (adventitious) व रेशेदार (fibrous) होते हैं। कभी-कभी कुछ पौधों में जड़ें भोजन संग्रह के कारण मोटी हो जाती हैं।

स्तम्भ (Stem)—शाकीय अथवा काष्ठीय (herbaceous or woody) वायवीय (aerial) अथवा भूमिगत (underground) होता है। कुछ पौधों जैसे **रसकस (ruscus)**, **एसपेरेगस (asparagus)** आदि में स्तम्भ पत्ती समान हो जाता है तथा क्लेडोड (cladode) आदि में फिल्लोक्लेड (phylloclade) कहलाता है।

पत्ती (Leaf)—सरल (simple), मूलज (radicle) अथवा स्तम्भी (cauline), एकान्तर (alternate) अथवा चक्करदार (whorled) होती है। कुछ पौधों में पत्तियाँ कांटों के रूप में परिवर्तित हो जाती हैं। जैसे **रसकस (ruscus)** आदि में कुछ पत्तियाँ मांसल (fleshy) होती हैं। इनमें शिरा विन्यास (venation) समानान्तर (parallel) होता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: असीमाक्षी (racemose) प्रकार का होता है। कभी-कभी पुष्पक्रम सीमाक्षी (cymose), अम्बेल (umbel), स्पेडिक्स (spadix), एकल सिरीय, (solitary terminal) अथवा स्पाइक (spike) भी होता है।

पुष्प (Flower)—पुष्प प्राय: त्रिज्या व्यास सम्मित (actinomorphic) सहपत्री (bracteate) कभी-कभी असहपत्री (ebracteate), सवृन्त (pedicellate), उभयलिंगी (hermaphrodite), पूर्ण (complete), नियमित (regular), जायांगधर (hypogynous), व त्रितयी (trimorous) होता है।

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: तीन-तीन के दो चक्करों (whorls) में छः परिदल पत्र (petals) पाये जाते हैं। ये पृथक (free) तथा संयुक्त (fused) तथा कोरस्पर्शी (valvate) अथवा कोरछादी (imbricate) पुष्पदल विन्यास (aestivation) वाले होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्राय: तीन-तीन के दो चक्करों में छः पुंकेसर (stamens) होते हैं। ये पृथक् पुंकेसरी (polyandrous), परिदल लग्न (epiphyllous) होते हैं। इनके परागकोष द्विकोशिकी (dithecous), आन्तरमुखी (intorse) व आधार लग्न (basifixed) होता है।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: द्विअण्डपी (tricarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होता है। अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior) द्विकोष्ठकी (trilocular) होता है। इसमें बीजाण्ड विन्यास (placentation) स्तम्भीय (axile)

त्रितएसी होता है। वर्तिका (style) एक तथा वर्तिकाग्र (stigma) त्रिपालिक (three lobed) होता है।

पुष्प सूत्र (Floral Formula)—

$$\oplus \; ⚥ \; P_{(3+3)} \text{ or } _{(3+3)} \; A_{3+3} \; \underline{G(3)}$$

फल (Fruit)—बैरी (Berry) अथवा कैपसूल (capsule) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होता है।

परागण (Pollination)—कीटों (insects) द्वारा होता है।



Fig 56—Asparagus (Family Liliaceae)

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व के पौधे निम्न हैं—

1. Allium cepa (Onion; प्याज)—इसे पौधे का स्तम्भ (stem) सब्जी के रूप में तथा औषधि रूप में प्रयोग किया जाता है।

2. Allium sativum)Garlic,लहसन)—इस पौधे का स्तम्भ मसाले रूप में तथा औषधि के रूप में उपयोगी है।

3. Lilium condidium (Eng. Modonna lily)—यह एक सुन्दरता लिए उगाया जाने वाला बहुवर्षी पौधा है।

4, Asparagus racemosus(सतावर)—शाक सब्जी एवं औषधि के लिए प्रयोग किया जाता है।

5. Aloe barbadensis Syn. A vera (घीक्वार)—इस पौधे की पत्तियों से प्राप्त औषधि विभिन्न रोगों में उपयोगी है।

6. Colcicum luteum (हिरन तूतिया)—इस पौधे की जड़ें गठिया चिकित्सा में उपयोगी है।

प्रश्न 182—लिलियेसी कुल के विशिष्ट लक्षण, पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र बारे में लिखो तथा इस कुल के कम से कम तीन आर्थिक महत्व वाले पौधों वनस्पतिक नाम लिखो।

Describe the salient features of Liliaceae with the floral formula and floral diagram and give botanical names of at least thre plants of economic importance with their uses. *(Nagpur 79)*

Refer Q. 181

प्रश्न 183—लिलियेसी कल के दो पौधों के वनस्पतिक नाम तथा उनका आर्थिक महत्व दीजिये। *(Lucknow 81)*

See Q. 181

12

एकबीजपत्री (क्रमशः)

श्रेणी—केलीसीनी

(MONOCOTYLEDONS)

(Series—CALYCINEAE)

इस श्रेणी केलीसीनी (series calycineae) के सदस्यों के मुख्य लक्षण निम्न प्रकार हैं—

1. परिदल पुंज (perienth) का भीतरी चक्र (inner whorl) छोटा, दृढ़ (rigid) व दलाभ (petaloid) होता है।
2. इसमें अण्डाशय (ovary) स्वतन्त्र (free) होता है।
3. भ्रूणपोष (endosperm) प्राय: स्पष्ट (copious) होता है।

बैंथम व हुकर के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत निम्न तीन कुल आते हैं—

1. फ्लेजीलेरी (Flagellarieae),
2. जन्केसी (Juncaceae),
3. पामी (Palmae)।

कुल 32—पामी

(Family 32—Palmae or Palmaceae)

[The Palm Family]

प्रश्न 184—कुल पामी का वर्णन करो तथा इसके पांच आर्थिक महत्व वाले पौधों की महत्ता एवं वनस्पतिक नामों को लिखो।

Describe the family Palmae and give the botanical names of at least five plants of this family stating their economic importance

(*Gorakhpur 78*)

प्रश्न 185—Palmae कुल का पूर्ण विवरण दीजिये। (*Kanpur 81*)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
केलीसीनी	कोरोलीफेरी
पामी	पामेल्स
(Palmae)	**पामी (Palmae)**
[बैंथम व हुकर के अनुसार]	[हचिन्सन के अनुसार]

वितरण (Distribution)—इस कुल के अन्तर्गत लगभग 205 वंश (genera) तथा 4000 पौधे आते हैं। ये पौधे ऊष्णीय प्रदेशों (tropical regions) में पाये जाते हैं। हमारे देश में (भारत) पौधे प्राय: बिहार, मैसूर, मद्रास, असम, महाराष्ट्र, केरल में पाये जाते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative characters)—

स्वभाव (Habit)—प्राय: वृक्ष (tree) व क्षुप (shrub) होते हैं। कुछ पौधे कभी-कभी आरोही भी हो सकते हैं जैसे केन पाम (cane palms or rattans)।


LEAF
FRUITS
STEM
MALE FLOWER
FEMALE FLOWER
A FRUITING TREE
A BRANCH WITH MALE AND FEMALE FLOWERS
FLORAL DIAGRAM OF MALE FLOWER
FLORAL DIAGRAM OF FEMALE FLOWER

Fig. 77—Cocos nucifera (coconut or Naryal) [Family Palmae.]

जड़ (Root)—प्रायः अस्थानिक (adventitious) होती है ।

तना (Stem)—प्रायः लम्बा (tall), सीधा (erect), काष्ठीय (woody) अशाखित (unbranched) कभी-कभी शाखित (branched) होता है। तने के अग्रीय भाग पर पत्तियों का मुकुट (crown of leaves) होता है। स्तम्भ प्रायः विशिष्ट हुई पत्तियों के आधारों से ढका रहता है।

पत्ती (Leaf)—पत्तियाँ आधार से बड़ी तथा तने के अग्र भाग पर मुकुट के समान होती हैं। पत्तियाँ हस्ताकार विभाजित (palmately divided) व पिच्छाकार विभाजित (pinnately divided) होती हैं। इन्हें क्रमशः फैन पाम (Fan palm) कहा जाता है। पत्ती में एक बड़ा मजबूत वृन्त (petiole) होता है। इसका आधार चौड़ा व आच्छादी (sheathing) होता है।

पामी

पुष्पीय लक्षण (Floral Characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: स्पेडिक्स (spadix) होता है। यह साधारण (simple) अथवा स्पाइकलेट (spikelate) पेनीक्यूलेट (paniculate) होता है तथा एक या कई सहपत्रों (bracts or spathes) द्वारा ढका रहता है।

पुष्प (Flower)—प्राय: एकलिंगी (unisexual) [बहुत कम कभी-कभी द्विलिंगी), त्रिज्या सम्मित (actinomorphic), अपूर्ण (incomplete) जायांगधर (hypogynous), सवृन्त (sessile) अथवा छोटे वृन्त वाले, आकार में छोटे तथा संख्या में अधिक होते हैं। पौधे अधिकांश उभयलिंगीश्रयी (monoecious) होते हैं।

परिदल पुंज (Perienth)—प्राय: तीन-तीन के चक्करों (whorls) में छ: परिदलपत्र (petals) होते हैं। ये पृथकदलीय (polyphyllous) व चिरस्थायी (persistant) होते हैं इनमें कोरछादी (imbricate) पुष्प विन्यास (aestivation) होता है।

पुमंग (Androecium)—नर पुष्पों में पाये जाते हैं। प्राय: 6 पुंकेसर (stamens) होते हैं जो तीन-तीन के दो चक्करों (whorls) में पाये जाते हैं। कभी-कभी पुंकेसर की संख्या कम अथवा अधिक भी हो सकती है। ये प्राय: पृथक् पुंकेसर (polyandrous) होते हैं। परागकोष (anther) द्विकोशिकी (bicelled), वरसेटाइल (versatile) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—त्रिअण्डपी (tricarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होती है। कभी-कभी पृथक अण्डपी (apocarpous) भी हो सकते हैं। अण्डाशय (ovary) ऊर्ध्व (superior), एक, द्वि अथवा त्रिकोष्ठकी (uni, bi or trilocular) होती है। इनमें स्तम्भीय बीजाण्ड विन्यास (axile placentation) होता है। वर्तिका (style) छोटी व वर्तिकाग्र (stigma) सामान्य होता है।

फल (Fruit)—ड्रूप (drupe), बेरी (berry) अथवा नट (nut) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोष (endospermic) होता है।

परागण (Pollination)—प्राय: वायु द्वारा कभी-कभी कीटों द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

नर पुष्प (Male Flower)—

$$\oplus ♂ P_{3+3}A_{3+3}$$

$$\oplus ♀ P_{3+3}G_{\underline{(3)}} \text{ or } \underline{3}$$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

इस कुल के कुछ आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न प्रकार हैं—

1. **Areca catechu (Eng. Betelnut सुपारी)**—इस पौधे के नट पान में खाये जाते हैं।

2 **Cocos nucifera (Eng. Coconut नारियल)**—इस पौधे के फल खाये जाते हैं। इसमें तेल प्राप्त किया जाता है जो विभिन्न प्रकार से प्रयोग किया जाता है। इस पौधे के फल से कायर (coir) प्राप्त किया जाता है जो रस्सी आदि बनाने में उपयोगी है।

3. **Caryota urens (Eng. Toddly palm ताड़ी)**—इस पौधे के फलों का रस तपेदिक के रोगियों के लिये उपयोगी है। तने के पिथ से साबुदाना भी प्राप्त होता है।

4. Calamus rotang (Eng. Rattone बेंत)—इस पौधे के तने शाखाओं से टोकरियां, फर्नीचर व बेंत बनाई जाती हैं। इसकी जड़ पुराने (fever) में उपयोगी है।

5. Phoenix dachyiifera (Wild date, खजूर)—इस पौधे के फल जाते हैं।

6. Oreodoxa regia (Royal palm)—यह सुन्दरता के लिये बगीचों लगाया जाने वाला पौधा है।

प्रश्न 186—कुल पामी के आर्थिक महत्व का विस्तृत विवरण दो।

Give detailed account of thee conomic importance of palma

(*Ravishanker 78, Reeva 8*

Refer Q. 185

प्रश्न 187—केवल नामांकित चित्रों द्वारा पामी कुल के पुष्प को प्रद करो तथा इसमें परागण क्रिया समझाओ।

Show by means of labelled diagram only the structures the flower of any plant belonging to palmae and describe brie pollination mechanism. (*Lucknow 7*

See Q. 185 Fig. 75

Pollination in flowers of family Palmae

Usually anemophilous, Pollen produced in large quant Sometimes self pollination where male and female flowers are cl together on the same spike.

प्रश्न 188—पामी कुल का सामान्य विवरण व आर्थिक महत्व का वर्णन करो

Give a general account and economic importance of fami Palmae. (*Lucknow 8*

Refer Q. 185

प्रश्न 189—पामी कुल का आर्थिक महत्व दीजिये। (*Agra*

Refer Q. 185

प्रश्न 190—सुपारी का वनस्पतिक नाम व कुल लिखिये। (*Rajasthan*

Refer Q. 185

13

एकबीजपत्री क्रमशः
श्रेणी—ग्लयूमेसी

[MONOCOTYLEDONS (Contd.)]
[Series—GLUMACEAE]

श्रेणी ग्लूमेसी (glumaceae) सदस्य के कुछ विशिष्ट लक्षण निम्न कार हैं—

1. पौधे स्वभाव (habit) में घास समान (grass like or sedge like होते हैं।
2. इनमें छोटे-छोटे, पुष्प, स्पाइक पुष्पक्रम (spike inflorescence) से विन्यसित होते हैं।
3. इनमें परिदल पत्र (perienth leaves) छोटे-छोटे शल्कों (small scales or bristles) के रूप में होते हैं।
4. इनमें 3 या 6, तथा कभी-कभी अधिक पुंकेसर (stamen) होते हैं।
5. इनमें द्वि अथवा त्रिअण्डपी जायांग व ऊर्ध्व अण्डाशय (superior ovary) होती हैं।
6. बीज भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।
7. फल केरयोप्सिस (caryopsis) अथवा एकीन (achene) होता है।

बैंथम व हुकर के वर्गीकरण के अनुसार इस श्रेणी के अन्तर्गत निम्न पांच आते हैं—

1. इरीओकाली (Eriocauleae)
2. सेन्ट्रोलेपिडी (Centrolepideae)
3. रेस्टिएसी (Restiaceae)
4. साइप्रेसी (Cyperaceae)
5. ग्रेमिनी (Gramineae)

कुल 33—साइप्रेसी
(Family 33—CYPERACEAE)
(Sedge Family)

प्रश्न 191—संक्षेप में कुल साइप्रेसी के मुख्य लक्षणों का वर्णन करो तथा कुल के कम से कम पांच आर्थिक महत्व वाले पौधों के नाम लिखो।

Discuss briefly the important character of family Cyperaceae. ame at least five plants of economic importance belonging to this amily.


LEAF
STIGMA
STEM
A FLOWERING PLANT
SPIKELET
STAMEN
FLOWER
CYPERUS
FLORAL DIAGRAM

Fig. 78. Scirpus (Family Cyperaceae)

वर्गीकृत स्थिति (Systematic position)—

एन्जोस्पर्मी	एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स	मोनोकोटीलीडन्स
ग्लूयूमेसी	ग्लूयूमीफ्लारी
साइप्रेसी	साइप्रेल्स
(Cyperaceae)	साइप्रेसी (Cyperaceae)
(बैंथम व हुकर के अनुसार)	(हचिन्सन के अनुसार)

वितरण (Distribution)

इस कुल के अन्तर्गत लगभग 85 वंश (genera) व 3200 जातियाँ (species) हैं। ये पौधे विश्व में सर्वत्र पाये जाते हैं तथा मुख्य रूप से उत्तरी व दक्षिणी गोलार्द्धों के आर्कटिक व शीतोष्ण (temperate) प्रदेशों में मिलते हैं। इस कुल के पौधे दलदली स्थानों तक ह्यूमस भूमि में अधिक अच्छी प्रकार उगते हैं।

वर्धी लक्षण (Vegetative Character)—

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्राय: वहुवर्षीय शाक (perennial herbs) होते हैं तथा ये प्राय: भूमिगत राइजोमस (underground rhizomes) द्वारा चिरस्थायी रहते हैं। राइजोमस से ही वायवीय प्ररोह (aerial shoots) उत्पन्न होती हैं।

जड़ (Root)—प्राय: अस्थानिक रेशेदार (adventitious fibrous) होती हैं तथा राइजोमस में उत्पन्न होती हैं।

स्वभाव (Stem)—भूमिगत राइजोम, ठोस, तिकोना होता है। कभी-कभी भूस्तरी (runner) व लम्बा होता है।

पत्तियाँ (Leaves)—प्राय: सरल (simple), लम्बी (long), अवृन्त (sessile), घास के समान (grass like), तथा प्राय: दो अभिमुख (opposite), क्रमों (series) में विन्यसित होती है। पत्र आच्छेद (leaf enseathing) स्तम्भ को घेरे रहता है। पत्री के आधार पर एक रोमिल (hairs), लिग्यूल (ligule) भी पाया जाता है।

पुष्पीय लक्षण (Floral characters)—

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्राय: स्पाइकिकाओं का स्पाइक (spike of spikelets) अथवा पेनीकल (panicle) प्रकार का पाया जाता है।

पुष्प (Flowers)—प्राय: सहपत्री (bracteate), अवृन्त (sessile), उभयलिंगी (hermaphrodite) कभी-कभी एकलिंगी (unisexual) होते हैं। ये पुष्प तुष (glume) की कक्ष (axile) में उत्पन्न होते हैं। केरेस (*carex*) में पुष्प द्वितीय तुष (glume) की कक्ष (*axile*) पर उत्पन्न होते हैं। हति (uricle), अण्डाशय (ovary) के चारों ओर एक थैले समान रचना बनाता है। कभी-कभी पुष्प नग्न भी हो सकते हैं जैसे साइप्रस (*cyperus*), आदि में।

परिदल पुंज (Perianth)—साइप्रस (*cyperus*), केरेक्स (*carex*) आदि

परिदल पुंज अनुपस्थित होता है। **इरियोफीरम ग्रेसाइल** (*criophorum gacile*) में परिदल पुंज रोमों (hairs) के रूप में होना है। **सरपस लाकुस्ट्रिम** (*scirpus lacusiries*) में परिदल पुंज शूकों (bristles) का होता है। **आरिवोबोलम** (*oreobalus*) में छः परिदल पत्र (petals) होते हैं जो तीन-तीन के दो भ्रमियों में होते हैं।

पुमंग (Androecium)—प्राय: तीन कभी-कभी छः पुंकेसर (stamens) होते हैं। परागकोष (anther), द्विकोषी (bicelled), अन्तरमुखी (introrse), आधार लग्न (base fixed) होते हैं।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: त्रिअण्डपी (tricarpellary), कभी-कभी द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous) होता हैं। अण्डाशय (ovary), ऊर्ध्व (superior), एककोष्ठकी (unilocular) तथा आधारी बीजाण्ड विन्यास (basal placentation) वाला होता है। वर्तिका (style) सामान्य वर्तिकाग्र (stigma) दो या तीन व पक्षवत (feathery) होता है।

फल (Fruit)—एकीन (achene) अथवा (nut) होता है।

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होते हैं।

परागण (Pollination)—प्राय: वायु (air) द्वारा होता है।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

इस कुल के कुछ प्रमुख आर्थिक महत्व वाले पौधे निम्न हैं—

$$\oplus\ ⚥ \text{ or } ♂ \text{ or } ♀\ P_{3+3} \text{ or } {}_0A_{3+3} \text{ or } {}_3\underline{G_{(2 \text{ or } 3)}}$$

आथिक महत्व (Economic Importance)—

1. **Cyperus papyrus**—यह पौधा पुरातन-काल में ही कागज निर्माण में प्रयोग किया जाता है।

2. **Cyperus esculenta**—इस पौधे को राइजोम "कसेरू" कहते हैं तथा यह खाने के लिये प्रयोग किया जाता है।

3. **Eriphorum**—इस पौधे के पुष्प के परिदल (perienth) लम्बे रोम (hairs) जैसे हो जाते हैं तथा ये तकिया गद्दियों आदि के भरने में काम आते हैं।

4. **Ryllinga tricepus**—इस पौधे की जड़ों से डायवेटीज रोगियों के हेतु औषधि तैयार की जाती है।

5. **Scirpus lacustris**—इस पौधे से चटाइयाँ तथा कुर्सियों की सीटें तैयार की जाती हैं।

कुल 34—ग्रेमिनी

[Family 34—Gramineae]

(Grass Family)

प्रश्न 192—ग्रेमिनी कुल का सचित्र वर्णन करो। इस कुल के कम से कम पाँच आर्थिक महत्व वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो।

Give an illustrated account of the family Gramineae. Give

botanical names of at least five plants of economic importance, belonging to this family. (*Lucknow 1979; Gorakhpur 84; Jabalpur 1978; Sagar 1976; Kerala 1978; Agra 1977; Raj 86*)

प्रश्न 193—ग्रेमिनी कुल के पुष्प अभिलक्षण और पुष्प आरेख दीजिये। इस त का आर्थिक महत्व बताइये। (Bundelkhand 85–87)

प्रश्न 194—ग्रेमिनी कुल की वर्धी पुष्प रचना को समझाइये। इस कुल के म से कम आर्थिक महत्व के पाँच पौधों के वनस्पतिक नाम लिखिये। (*Agra 83*)

र्गीकृत स्थिति (Systematic Position)—

एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स
ग्लूमेसी
ग्रेमिनी
(Gramineae)

एन्जोस्पर्मी
मोनोकोटीलीडन्स
ग्लूसीफेरी
ग्रेमीनेलीज
ग्रेमिनी
(Gramineae)

तरण (Distribution)—

ग्रेमिनी कुल के अन्तर्गत लगभग 525 वंश (genera), 5000 जातियाँ pecies) है। ये वितरण में विश्वव्यापी (worldwide in distribution) हैं। रूप से इस कुल के सदस्य शीतोष्ण (temperate regions) प्रदेशों में मिलते परन्तु ये ऊष्ण (tropical) व उपऊष्ण भागों (subtropical regions) में भी जाते हैं। ये भारत में उत्तरी शीतोष्ण भागों में शरद ऋतु में पाये जाते हैं। ये सों व धान्य फसलों में पाये जाते हैं।

र्धी लक्षण (Vegetative Characters)

स्वभाव (Habit)—इस कुल के पौधे प्रायः वार्षिक शाक (annual herbs) ते हैं। कुछ पौधे द्विवर्षी (biennials), कुछ बहुवर्षी (perennials) कुछ आरोही limber), कुछ काष्ठीय (woody) भी होते हैं।

जड़ (Root)—प्रायः अस्थानिक (adventitious) व रेशेदार (fibrous) ती है। मक्का (maize) आदि में जड़ें अवस्तम्भ (stilt) प्रकार की होती हैं।

तना (Stem)—प्रायः शाकीय (herbs) कभी-कभी कोष्ठीय (woody), र्ध (erect) कभी-कभी शयान (prostrate) अथवा विसर्पी (creeping), प्रायः नीदार (fistular) कभी-कभी जैसे मक्का में ठोस (solid) होता है।

पत्ती (Leaf)—प्रायः सरल (simple), एकान्तर (alternate), लम्बी तथा नान्तर शिराविन्यास (parallel venation) युक्त होती है। इनमें प्रायः आच्छेद eaf sheath) पूर्ण रूप से विकसित होती है पर्ण आच्छेद प्रायः अथवा आंशिक र में स्तम्भ के पर्व (node) को ढके रहता है। पर्णाच्छेद (leaf sheath) व पर्ण क (lamina) के दूसरे के जुड़ने के स्थान पर पतली झिल्ली जैसे उर्द्धव (out wth) लिग्युल (ligule) होता है।

ीय लक्षण (Floral Characters)

पुष्पक्रम (Inflorescence)—प्रायः स्पाइकिकाओं का स्पाइक (spike of ikelets) तथा कभी-कभी पेनिकिल (panicle) होता है।


INFLORESCENCE
STEM
LEAF
A FLOWERING TWIG
STIGMA
STAMEN
LODICULE
PALEA
LEMMA
GLUME
OPENED SPIKE LET
STIGMA
OVARY
GYNOECIUM
ANTHER LOBES
CONNECTIVE
FILAMENT
STAMEN
STAMEN
PALEA
OVARY
LODICULE
FERTILE GLUME
FLORAL DIAGRAM

Fig. 79—Triticum vulgare.

इस कुल में पुष्प छोटे तथा सघन स्पाइकों (dense spikes) पर उत्पन्न होते हैं। ये स्पाइक्स (spikes or clustures) जटिल स्पाइक (complex spikes) बनाती हैं तथा मिलकर स्पाइकलेट (spikelet) के रूप में हो जाती हैं। प्रत्येक स्पाइकलेट (spikelet) एक ऊर्ध्व अक्ष (erect axis) होती है जिस पर प्रायः तीन से पांच तक पुष्प विशिष्ट सहपत्री (bracts) सहित पाये जाते हैं। प्रायः प्रत्येक स्पाइकिका (spikelet) के आधार पर बन्धय तुषों (sterile glumes) का एक युगल (pair) पाया जाता है। इन तुषों (glumes) के ठीक ऊपर के पुष्प


RACHILLA
PALEA
LEMMA
LODICULE
FIRST GLUME
SECOND GLUME

SPIKE LET OF TRITICUM


STERILE GLUME
INFLORESCENCE AXIS
FERTILE GLUME
OVARY
STAMEN
LODICULE
PALEA

SPIKE LET DIAGRAM

Fig. 80

(florates) होते हैं जो आंशिक रूप से तुषों (glumes) द्वारा ढके रहते हैं। प्रत्येक पुष्पक (florates) के आधार पर नीचे की ओर बाहरी (lemna) [इसे कभी-कभी अधर पेलिया भी कहते हैं] तथा इसके ऊपर एक पेलिया (palea) होता है। पेलिया पर प्राय: दो लम्बाकार कटक (longitudinal ridges) होते हैं। पुष्प का मुख्य अंग लेमा (lemma) व पेलिया (palea) के मध्य स्थित रहते हैं। पेलिया (palea) के ऊपर दो पतली रचनायें लोडीक्यूलस (lodicules) भी पाई जाती हैं। इनके ऊपर ही पुमंग (androecium) व जायांग (Gynoecium) पाया जाता है।

पुष्प (**Flower**)—प्राय: सहपत्री (bracteate), अवृन्त (sessile), उभय लिंगी (hermapharodite) कभी-कभी एकलिंगी (unisexual), एक व्यास सम्मित


SPIKELET WITH GLUMES
SPIKELET WITHOUT GLUME
FRUIT
A PANICLE
FLORAL DIAGRAM

Fig. 81—Avena sativa [Jai] (Family Gramineae)


FLORAL PARTS
E
INFLORESCENCE DIAGRAM
B PANICLE
C
SPIKELET
D
OPENED SPIKELET

Fig. 82—Oryza sativa (Chawal) (Family Gramineae)

(zygomorphic), जायाँगधर (hypogynous) व अनियमित (irregular) होते हैं।

परिदल पुंज (Perianth)—प्राय: अनुपस्थित होते हैं। लोडीक्यूलस (lodicules) को कभी-कभी अविकसित परिदल पुंज (reduced perianth) माना जाता है।

पुमंग (Androecium)—प्राय: तीन कभी-कभी जैसे चावल में छः पुंकेसर (satmen) होते हैं। इनके तन्तु (filament) लम्बे स्वतन्त्र होते हैं तथा परागकोष

(anther), द्विकोशिकी (bicelled), मुक्त दोलनी (versatile) व अन्तरमुखी (introse) होते हैं ।

जायांग (Gynoecium)—प्राय: एकअडण्पी (monocarpellary) होता है । अण्डाशय (ovary), ऊर्ध्व (superior), एककोष्ठकी (unilocular) व एक बीजाण्ड (ovule) युक्त होती है । वर्तिका (style) संख्या में दो होती हैं तथा वर्तिकाग्र (stigma), पिक्षवत (feathery) होता है । मक्का (maize) में वर्तिका (style) लम्बी रेशम समान (silky) होती है । इन अण्डाशय (ovary) में बीजाण्ड विन्यास (placentation), बेसल (basal) होता है ।

फल (Fruit)—प्राय: केरयोपसिस (caryopsis) होता है । कभी-कभी भरी (berry) व नट (nut) भी हो सकता है.'


STAMINATE INFLORESCENCE
SILK
PISTILLATE INFLORESCENCE
LEAF
STEM
A MAIZE PLANT
THE COBE

Fig. 83—Twig and cob of Zea mays: (Maize) (Family Gramineae)

बीज (Seed)—भ्रूणपोषी (endospermic) होता है ।

परागण (Pollination)—प्राय: पर-परागण (cross pollination), वायु द्वारा होता है ।

पुष्प सूत्र (Floral formula)—

$\cdot|\cdot$ ⚥ P_0 or$_2$ (lodicules) A_3 or 6 $G_{\underline{1}}$

आर्थिक महत्व (Economic Importance)—

ग्रेमिनी कुल पौधे के आर्थिक दृष्टिकोण से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इस कुल के पौधों से मनुष्यों के लिये अनाज, पशुओं के लिए चारा, तेल, शक्कर, बाँस आदि बहुत सी उपयोगी वस्तुयें प्राप्त होती हैं।

इस कुल के कुछ पौधे निम्न हैं—

1. Triticum vulgare (Wheat) (गेहूँ)
2. Oryza sativa (Rice) (चावल)
3. Zea Maizs (Mays;) (मक्का)
4. Hordeum vulgare (Barley) (जौ)
5. Avena sativa (Oat) (जई)
6. Sorghum vulgare (Jawar) (ज्वार)
7. Pennistum typhoides (Bajra) (बाजरा)

} इनका उपयोग मनुष्यों द्वारा भोजन के रूप में तथा पशुओं द्वारा चारे के रूप में किया जाता है।

8. Saccharum officinarum (Sugarcane) (गन्ना)—शक्कर (sugar) निर्माण में उपयोगी है।
9. Bambusa species (बाँस) Used for paper and building materials.
10. Andropogon odoratus (Ginger grass)—Used for Perfume Manufacture.
11. Vitiveria Zizaniodes (Khus-Khus)— ,, ,, ,, and have medicinal value
12. Sacchrum munja (मूँज अथवा सेंठा)—इस पौधे से मूँज प्राप्त होती है जो अनेक प्रकारों से उपयोगी है।

प्रश्न 195—ग्रेमिनी कुल के विभेदक लक्षणों तथा कुछ आर्थिक महत्व के पौधों का वर्णन करो। Refer Q. 194

Give the distinguishing features of the family graminae and mention the more important plant of economic value. (*Vikram 80*)

प्रश्न 196—साइप्रेसी व ग्रेमिनी कुल में आप कैसे पहचान करेंगे?

Distinguish between Gramineae and Cyperaceae.

(*Gorakhpur 78, Lucknow 81, Nagpur 78*)

ग्रेमिनी (Gramineae)	साइप्रेसी (Cyperaceae)
1. स्तम्भ (Stem) प्रायः बेलनाकार (cylindrical) व नालिकाकार (hollow) होते हैं। मक्का व ईख में स्तम्भ ठोस होता है।	1. स्तम्भ प्रायः ठोस व भूमिगत राइजोम होता है।
2. पत्ती सरल (simple), एकान्तर (alternate), पर्णाच्छेद (leaf sheath) व लिग्यूल (ligule) उपस्थित होता है।	2. पत्तियाँ तीन कतारों (three row) में तथा संकरी (narrow) होती हैं। कभी इनमें वायु गुहायें (air cavities) उपस्थित रहती हैं।

3.	पुष्प आधार पर दो तुषों (glumes) द्वारा ढका रहता है।	3.	पुष्प में एक glume होता है।
4	परिदल पुंज (perianth) प्राय: अनुपस्थित अथवा दो लोडीक्यूलस (lodicules) के रूप में होता है।	4.	परिदल पुंज अनुपस्थित अथवा रोमि (hairy) होता है।
5.	पुंकेसर (stamens) प्राय: तीन व मुक्त (versatile) होते हैं।	5	पुंकेसर प्राय: छ:, दो चक्रों में त आधार लग्न (basifixed) होते हैं।
6.	जायांग (gynoecium), एकअण्डपी (monocarpellary) होता है।	6.	जायांग द्विअण्डपी अथवा त्रिअण्ड (bi or tri-carpellary) होता है।
7.	फल प्राय: केरयोपसिस (caryopsis) होता है।	7.	फल प्राय: नट (nut) अथवा एकी (achene) होता है।

प्रश्न 197—ग्रेमिनी कुल में पुष्प के आवश्यक भागों की अकारिकी प टिप्पणी कीजिए। (*Agra 7*

Refer Q. 194

प्रश्न 198—होरडियम वालगेयर किस कुल का पौधा है इस कुल के विशि लक्षण बताइये। (*Agra 7*

Refer Q. 194

प्रश्न 199—ग्रेमिनी कुल में पुष्पक्रम का विवरण दीजिये। (*Reeva 83, Rajshthan 1981, 8*

Refer Q. 194

प्रश्न 200—Triticum का पुष्प चित्र व पुष्प सूत्र दीजिए। (*Avadh 1981, Kanpur 8*)

Refer Q. 194

प्रश्न 201—ज्वार (Jawar) का वनस्पतिक नाम व कुल लिखिये।

Refer Q. 194

प्रश्न 202—ग्रेमिनी कुल के आर्थिक महत्व का विवरण दीजिये। (*Agra 8*

Refer Q. 194

प्रश्न 99— ग्रेमिनी कुल के वर्गीकीय लक्षणों का वर्णन पुष्पसूत्र पुष्पचित्र सहित कीजिये। (*Rohelkhand 8*

Refer Q. 194

आवृबीजों की आकारिकी
अथवा
रचनाकारिकी
(Morphology of Angiosperms)

विषय प्रवेश

(Interoductory Remarks)

पादप आकारिकी (external morphology of plants) के अन्तर्गत हम पौधों की बाह्य रचना का अध्ययन करते हैं।

आवृतबीजी (angiosperms) वनस्पति जगत (plant kingdom) का सर्वाधिक विकसित एवं प्रमुख समुदाय है। इनके अन्तर्गत लगभग 410 कुल (family), 1000 वंश (genera) तथा 25,000 जातियाँ आती हैं तथा ये वनस्पति जगत का प्रमुख भाग बनाते हैं। ये बहुत अधिक अनुकूलन (wide range of adaptability) के कारण प्राय: विश्व (world) के समी प्रदेशों में मिलते हैं। ये गर्म झरनों, रेतीले स्थानों (sandy desert), पहाड़ों की चोटी तथा शायद अन्य सभी स्थानों पर, जहाँ जीवन सम्भव है, ये मिल जाते हैं। इस समुदाय के पौधे मृतोपजीवी (saprophytes), परजीवी (para sites) ऊपरीरोही (epiphytes), जलीय पौधों (hydrophytes), शुष्कोद्भिद् (xerophytes), आदि के रूप में भी सामान्य रूप से मिलते हैं। इनकी पुरानी खोज के आधार पर तथा प्राचीन इतिहास (history) से विदित होता है कि "angiosperms plants were hidden in the bowels of earth." इस वर्ग के पौधे आर्थिक दृष्टिकोण से भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। आवृतबीजी (angiosperms) के कुछ मुख्य लक्षण (salient features) निम्न हैं—

1. इस वर्ग के पौधे स्पोरोफाइट होते हैं तथा ये तना, पत्ती व जड़ में भिन्न (differentiated) होते हैं।

2. इनमें वाहिनी ऊति (vascular tissue) विकसित होता है। दारु (xylem) में vessels फ्लोयम (pholoem) में Companion cell होते हैं।

3. इसमें स्पोरोफिल (micro and megasporophyll) पुष्प में होते हैं। पुंकेसर (stamen) microsporophyll तथा carpel (जायांग) megasporophyll को प्रदर्शित करते हैं।

4 इनमें बीजाण्ड (ovules) अण्डाशय (ovary) के अन्दर स्थित रहते हैं इसलिये इनमें बीज फल के अन्दर रहते हैं।

5. ये heterosporous होते हैं अर्थात् इनमें दो प्रकार के बीजाणु (spores) होते हैं जिन्हें क्रमश: microspores व megaspore कहते हैं। microspore परागकण (pollen grain) बनाते हैं जो नर भाग हैं तथा megaspore से भ्रूणस्यून (embryo sac) बनाता है जिसमें मादा भाग अण्ड (egg) होता है।

6. Microspores or pollen grains परागण (pollination) द्वारा carpel (अण्डप) के वर्तिकाग्र (stigma) पर पहुँच जाते हैं।

7. बीजाण्ड (ovules) आवरणों (integuments) द्वारा घिरे रहते हैं तथा इनमें ही भ्रूणस्यून (embryo sac) बनता है।

8. इनमें नर व मादा दोनों ही अंग अचल (non-motile) होते हैं।

9. इसमें मादा युग्मक (female gametophyte) 8 नाभिकों वाली रचना है। इसमें आरचीगोंनिया नहीं होते हैं।

10. इसमें परागकण के एक नर नाभिक (male nuclei) तथा भ्रूणस्यून (embryo sac) के अण्ड (egg) मिलने से युक्ता (zygote) बनता है जो वाद में परिवर्धन कर भ्रूण (embryo) बनाता है।

11. इनमें दूसरा नर नाभिक (second male gamete) दो पोलर नाभिकों से मिलकर एक त्रिगुणित (triploid) रचना भ्रूणपोष नाभिक (endosperm nuclei) बनाता है। इस क्रिया को द्वि-निषेचन (double fertilization) कहते हैं।

12. इनमें भ्रूणपोष (endosperm) बनता है जो भ्रूण (embryo) के पोषण के काम आता है।

13. इनमें लिंगी प्रजनन (sexual reproduction) विषम युग्मक प्रकार का होता है।

14. इनके जीवन-चक्र में गेमीटोफाइट एवं स्पोरोफाइट अवस्थाओं का निश्चित पीढ़ी एकान्तरण (alternation of generation) होता है।

प्रश्न 1—संवृतबीजी पौधा क्या होता है ? इसके मुख्य लक्षणों का सचित्र वर्णन कीजिये।

What is an angiosperms ? Describe its chief characters by means of suitable diagrams. (*Kanpur 80*)

Please refer the above characters.

1

बीज
(SEED)

बीज की रचना (Structure of Seed)

प्रश्न 2—बीज शब्द की परिभाषा कीजिए। विभिन्न एकबीजपत्री व द्विबीजपत्री बीजों की रचना का वर्णन करो।

Define the seed. Describe tbe structure of various monocotoledonous and discotoledonous seeds.

बीज क्या है ? (What is Seed)

आवृतबीजों (angiosperm) में निषेचन (fertilization) व द्विनिषेचन (double fertilization) के फलस्वरूप बीजाण्ड (ovule) बीजों (seeds) में परिवर्तित हो जाते हैं जो प्राय: फलों (fruits) में धँसे (embeded) रहते हैं। प्राय: फल अण्डाशय (ovary) से बनते हैं। ये बीज प्राय: आवृतबीजों (angiosperms) के जीवन चक्र (life cycle) की सुप्त अवस्था (dormant phase) प्रदर्शित करते हैं। दूसरे शब्दों में बीज की परिभाषा निम्न प्रकार की जा सकती है—

बीज एक बाल बीजाणुजनक (young sporophyte) है जिसका विकास (development) रुक जाता है तथा प्राय: कवच (testa), टेगमेन (tegmen) द्वारा घिरा रहता है तथा इसमें प्राय: भ्रूणपोष (endosperm) व भ्रूण (embryo) होता है। (seed is young sporophyte where development is arrested and is enclosed in modified ovule having testa, tegman and endosperm).

दूसरे शब्दों में यह भी कहा जा सकता है कि बीज के अन्दर सुप्त अवस्था में भ्रूण (embryo) [young sporophyte] रहता है।

द्विबीजपत्री बीज की रचना
(Structure of Dicotyledonous Seed)

चना (gram) [cicer arietinum) मटर (pea) [Pisum sativum], अरण्डी (castor oil seed) [Ricinus communis), सेम (bean) आदि प्रमुख द्विबीजपत्री बीज हैं। प्रारुपिक द्विबीजपत्री के निम्न भाग होते हैं—

(1) बीज कवच (Seed coat or testa and tegmen) :

बीज के सबसे ऊपर का छिलका **testa** कहलाता है। यह सख्त (hard) तथा विभिन्न बीजों में विभिन्न रंगों का होता है जसे चने (gram) के बीज का testa


SEED COAT
HILUM
MICROPYLE
COTYLEDON
PLUMULE
RADICLE
RADICLE

Fig. 1—Structure of Dicot. Seeds


PERICARP
VENTRAL SUTURE
FUNICLE
SEED
EMBRYO
PERSISTENT CALYX
A
PLUMULE
RADICLE
COTYLEDON
SEED COAT
B
PLUMULE
RADICLE
COTYLEDONS
C

Fig. 2—Seed of *Pea* (Pisum sativum)


SEED COAT
EMBRYO
HYPOCOTYL
COTYLEDONS
BEAN SEED

Fig. 3—Bean seed (Sem seed)

भूरे (brown) रंग का मटर (pea) पीले रंग का अरण्डी (castor seed) का काले रंग का चित्तीदार होता है। प्रत्येक बीज में एक ओर एक छोटा छिद्र अण्डदार (micropyle) होता है। अण्डद्वार (micropyle) के समीप की एक चिन्ह वृन्तक (hilum) होता है; बीज इसी स्थान पर से जुड़ा रहता है।

Testa के नीचे एक पतली श्वेत झिल्ली **tegmen** होता है। अरण्डी (castor oil seed) में अण्डद्वार (micropyle) पर एक सफेद व स्पंजी रचना होती है जिसे बीजचोल (carnucle) कहते हैं। (Fig.)।


CARUNCLE
HILUM
TESTA
A
TEGMEN
B
RADICLE
TEGHEN
ENDOSPERM
COTYLEDON
C
RADICLE
COTYLEDON
D
RADICLE
PLUMULE
COTYLEDON
E

Fig. 4—Castor oil seed


RAPHE
CARUNCLE

CASTOR OIL PLANT SEED

Fig. 5—


SEED COAT
COTYLEDONS
ENDOSPERMS
PLUMULE
RADICLE
CARUNCLE
A
B

CASTER OIL PLANT SEED(L.S.)

Fig. 6—

(2) भ्रूण (Embryo) :

बीज कवच अर्थात् testa व tegmen को उतारने (removing) पर हम भ्रूण (embryo) को दो बीजपत्रों (cotyledons) के मध्य में स्थित पाते हैं। भ्रूण (embryo) में एक छोटी, गोल अक्ष (axis) होती है जिसके दोनों ओर दो बीजपत्र (cotyledons) होते हैं। भ्रूण अक्ष का ऊपरी भाग (upper region of embryo axis) **प्रांकुर (plumule)** व निचला भाग (lower region) **मूलांकुर** (radicle) कहलाता है। प्रांकुर (plumule) वृद्धि पर प्ररोह (shoot) तथा मूलांकुर (radicle) जड़ (root) बनाता है।

(3) भ्रूणपोष (Endosperm) :

भ्रूणपोष (endosperm) एक भोजन संग्रहक (food storage) ऊतक (tissue) जो द्विनिषेचन (double fertilization) के फलस्वरूप बनता है तथा बीजों में उपस्थित रहता है। चना (gram), मटर (pea), सेम (bean) में भ्रूणपोष (endosperm) पतली झिल्ली (thin papery) के रूप में होता है जबकि अरण्डी (castor oil seed) में भ्रूणपोष (endosperm) मांसल (fleshy) होता है। चने, मटर, सेम के बीज को **अभ्रूणपोष** (non endospermic) तथा अरण्डी के बीज को भ्रूणपोषी (endospermic) बीज कहते हैं।

एकबीजपत्री बीज अथवा दाने की रचना
(Structure of monocotyledonous seed or grain)

प्रश्न 3—किसी प्रारूपिक एकबीजपत्री बीज की रचना का वर्णन करो।

Describe the structure of typical monocot seed.

मक्का का दाना (maize grain) एक सामान्य बीजपत्री बीज है। वास्तव में मक्का का दाना एक बीज वाला फल है जिसमें बीज का testa व फल की फलभित्ति (pericarp) संयुक्त (fused) रहती है। मक्का का दाना प्रायः पीले रंग की लम्बी रचना होता है, यह आकार में तिकोना व चपटा होता है। दाने में चपटे भाग की ओर एक छोटी सफेद, लम्बी अण्डाकार रचना होती है जिसमें भ्रूण (embryo) स्थित रहता है।

मक्का के दाने की अनुलम्ब काट (longitudinal section) में निम्न रचनायें देखने को मिलती हैं—

(1) **बीज कवच (Seed coat)**—यह बीज के चारों ओर पीले रंग की पतली झिल्ली के रूप में होता है। वास्तव में बीजावरण (seed coat) व फलभित्ति (pericarp) पूर्णतः आपस में संयुक्त (fused) होते हैं।

(2) **भ्रूणपोष (Endosperm)**—मक्का दाना अपनी अनुलम्ब काट में एक पतली पर्त उतकला (epithelium) द्वारा जो असमान (unequal) भागों विभक्त रहता है। इसके ऊपरी बड़े व चपटे भाग को भ्रूणपोष (endosperm) कहते हैं। यह प्रायः पीले व सफेद रंग का होता है तथा इसमें भोज्य पदार्थ मांड (starch) के रूप में भरा रहता है। भ्रूणपोष (endosperm) सबसे बाहरी पर्त [जो बीजावरण (seed coat) में लगी रहती है] केवल प्रोटीन की बनी होती है तथा इस पत को एल्यूरोन पर्त (aleurone layer) कहते हैं।


SEED COAT
HORNY ENDOSPERM
STARCHY ENDOSPERM
EMBRYO
COTYLEDON
COLEOPTILE
PLUMULE
RADICLE
ROOT CAP
COLEORHIZA
PEDUNCLE
B
RADICLE
C
A
CORN GRAIN

Fig. 7—Structure of maize grain.

(A) Entire grain (B) L. S. of grain (C) Germinating grain

(3) भ्रूण (Embryo)—भ्रूणपोष (endosperm) के ठीक नीचे भ्रूण (embryo) स्थित रहता है। भ्रूण (embryo) के निचले भाग में ढाल के प्रकार का एकबीजपत्र (cotyledon) होता है जिसे बरूथिका (scutellum) कहते हैं। इस बरूथिका (scutellum) में ऊपर की ओर प्रांकुर (plumule) व नीचे की ओर मूलांकुर (radicle) पाया जाता है। प्रांकुर व मूलांकुर दोनों एक-एक आवरणों (layers) द्वारा ढके रहते हैं जिन्हें क्रमशः भ्रूणप्रचोल (coleoptile) व भ्रूणमूल-चोल (coleorhiza) कहते हैं।

बीजों का अंकुरण (Germination of Seeds)

प्रश्न 4—अंकुरण की परिभाषा करो तथा बीजों की अंकुरण की आवश्यक परिस्थितियों का वर्णन करो।

Define the term germination and state the various factors responsible for the germination of seeds.

अंकुरण (germination) बीच में उपस्थित प्रसुप्त भ्रूण (dormant embryo) के सक्रिय (active) अवस्था में आने तथा नये पौधे को जन्म देने की क्रिया है।

Germination may be defined as the activation of dormant embryo, so as to initiate growth with the result that the embryo comes out of seed in the form of seedling.

अंकुरण (germination) निम्न दो प्रकार का होता है—

(A) ऊपरिभूमिक अंकुरण (epigeal germination)

(B) अधोभूमिक अंकुरण (hypogeal germination)

(A) ऊपरिभूमिक अंकुरण (Epigeal germination)—इस प्रकार से अंकुरण के समय बीजपत्र (cotyledons) बीजोधर (hypocotyl) की शीघ्र वृद्धि के कारण भूमि की सतह से ऊपर प्रकाश हवा में आ जाते हैं तथा हरी पत्ती के समान हो जाते हैं, उदाहरण—अरण्डी (caster oil), सेम, लौकी, इमली आदि।

(B) अधोभूमिक अंकुरण (Hypogeal germination)—इस प्रकार के अंकुरण बीजपत्र (cotyledon) भूमि की सतह के नीचे ही रहती हैं, जैसे चना (gram), मटर (pea), मक्का (maize) आदि के।

कभी-कभी कुछ समुद्र अथवा नमकीन झीलों के किनारे उगने वाले पौधों जैसे **राइजोफोरा** (rhizophora) में बीजों का अंकुरण पौधों पर लगे फलों के अन्दर ही प्रारम्भ हो जाता है तथा कुछ समय पश्चात् पौधों से टूटकर कीचड़ में घंस जाता है। इस प्रकार के अंकुरण को **विवीपेरी** (vivipary) कहते हैं।

अंकुरण के लिये आवश्यक परिस्थितियाँ

बीजों के अंकुरण के लिये निम्न परिस्थितियाँ हैं—

(i) नमी (जल) [Moisture or water]

(ii) वायु (ऑक्सीजन) [Air or oxygen]

(iii) ताप [Temperature]

(iv) सूर्य का प्रकाश [Sunlight]

(v) खाद्य पदार्थ [Food material]

1. नमी अथवा जल (Moisture or Water)—जब बीजों के अंकुरण के लिये सबसे अधिक आवश्यक है। चूंकि प्ररस (protoplasm) अथवा खाद्य पदार्थों (food material) के अधिक सान्द्र घोल (concentrated solution) जीवित क्रियायें (vital activities) करने में असमर्थ हैं। बीज, जल को अण्डद्वार (micropyle) द्वारा घोषित करके बीज कवच (seed coat) को मुलायम तथा अक्रियाशील प्ररस (dormant protoplasm) को सक्रिय कर देता है।

2. ताप (Temperature)—बीजों के उचित अंकुरण व वृद्धि के लिए एक उपयुक्त ताप का होना आवश्यक है। सामान्यतः 25°C से 30°C तक का तापमान सामान्य होता है। प्रायः 50°C से नीचे तथा 45°C से ऊपर तापमान पर बीजों का अंकुरण नहीं हो पाता।

3. वायु (ऑक्सीजन) (Air or oxygen)—बीजों के अंकुरण के लिये आक्सीजन (हवा) अत्यन्त आवश्यक है चूंकि बीजों में अंकुरण के समय उपापचयन (metabolism) की क्रिया के कारण श्वसन क्रिया (respiration) की क्रिया भी

काफी तेजी से होती है। यही कारण है कि भूमि में अधिक गहराई पर बोये जाने वाले बीज वायु की कमी के कारण अंकुरित नहीं हो पाते हैं।

4. प्रकाश (Light)—यद्यपि प्रकाश बीजों के अंकुरण के लिये आवश्यक नहीं है। फिर भी अंकुरण के तुरन्त बाद से ही उचित वृद्धि के लिये आवश्यक है।

नमी (moisture), तापमान (temperature) व ऑक्सीजन की बीजों के अंकुरण की महत्ता को तीन सेम के बीज वाले प्रयोग (three bean experiment) द्वारा प्रदर्शित कर सकते हैं।

इन तीन सेम के बीज वाले प्रयोग (three bean experiment) में लकड़ी की एक प्लेट पर तीन शुष्क बीज चित्र 9 की भाँति बाँध कर एक पानी से भरे बीकर में इस प्रकार रख देते हैं कि मध्य का बीज पानी में आधा डूबा रहता है तथा ऊपरी शुष्क अवस्था में रहता है।

कुछ समय पश्चात् हम देखते हैं कि मध्य का बीज पूर्ण रूप से अंकुरित होने लगता है चूँकि इसे उचित मात्रा में पानी, ताप व वायु मिल रही है। निचला बीज कुछ ही अंकुरित हो पाता है चूँकि इसे वायु नहीं मिल पा रही है। ऊपरी बीज में नमी न मिलने के कारण अंकुरण नहीं हो पाता है।



Fig. 8—Three bean experiment.

प्रश्न 5—विभिन्न एकबीजपत्री व द्विबीजपत्री बीजों में अंकुरण क्रिया को समझाइये।

Describe the mode of germination of various monocotyledonous and dicotyledonous seeds of angiosperms.

अंकुरण वास्तव में अनेक दैहिक परिवर्तनों (physiological change) के फलस्वरूप होता है जो वास्तव में बीजों को उचित अवस्था मिलने पर होता है। अंकुरण के कारण बीज एक छोटे पौधे (seedling) में परिवर्तित हो जाते हैं।

अंकुरण के समय बीज अण्डद्वार (micropyle) द्वारा नमी शोषित करके फूल जाते हैं तथा इनका बीजकवच्च (testa) मुलायम होकर फट जाता है। पानी (water) के कारण प्ररस (protoplasm) व खाद्य-पदार्थ सक्रिय हो जाता है। भ्रूण (embryo) बढ़कर मूल (root) व स्तम्भ (stem) बनाता है।

आवृतबीजीय पौधों (Angiosperm) में अंकुरण निम्न प्रकार से हो सकता है—

1. **ऊपरी भूमिक अंकुरण (Epigeal germination)**—इस प्रकार के अंकुरण में बीजोधर (hypocotyl) की शीघ्र वृद्धि के कारण बीजपत्र (cotyledon)

भूमि की सतह के ऊपर प्रकाश एवं वायु में आ जाते हैं, तथा ये बीजपत्र प्रथम हरी पत्तियाँ (Ist foilage leaf) में परिवर्तित हो जाते हैं। इस प्रकार के अंकुरण सेम (bean), रेंडी (castor oil seed) आदि में परिवर्तित हो जाते हैं।


FIRST LEAVES
BUD
COTYLEDON
EPICOTYL
WITHERED COTYLEDON
POINT OF ATTACHMENT OF COTYLEDONS
HYPOCOTYL
HYPOCOTYL
ROOT
SEED
SEED COAT
PRIMARY ROOT
SECONDARY ROOTS

Fig. 9—Germination of bean seed.


PLUMULE
COTYLEDON
HYFOCOTYLE
TEGMEN
HYPOCOTYLE
RADICLE
COTYLEDON
RADICLE
SPLIT TESTA
RADICLE
ROOT CAP
ROOT HAIRS
SECONDARY ROOT

Fig. 10—Germination of castor oil seed.


LEAF
COLEOPTILE
ADVENTITICUS ROOT
EPICOTYL
CORN GRAIN
RADICLE
PRIMARY ROOT
SECONDARY ROOTS

Fig. 11—Germination of maize seed.

2. अधोभूमिक अंकुरण (Hypogeal germination)—इस प्रकार के अंकुरण में बीजपत्र (cotyledons) भूमि की सतह के नीचे रहते हैं। इनमें पत्र का ऊपरी भाग जिसे प्रांकुर (plumule) को ऊपर कर देता है जैसे मक्का, चना, मटर आदि में (Fig. 12 ABC)।


EPICOTYLE
RADICLE
PLUMULE
RADICLE

Fig. 12—Germination in gram seed.


STEM
EPICOTYLE
PLUMULE
RADICLE
HYPOCOTYLE
PRIMARY ROOT

Fig. 13—Germination in Pea seed.
Hypogeal germination of seed.

3. विवीपेरस अंकुरण (Viviparous germination)—यह एक विशिष्ट प्रकार का अंकुरण है। यह प्राय: समुद्र के किनारे दल-दल में पाये जाने वाले पौधों जैसे राइजोफोरा (rhizophora) में पाया जाता है। इन पौधों में बीज वृक्ष पर लगे फलों में ही अंकुर प्रारम्भ कर देते हैं तथा बाद में ये पौधे से टूट कर कीचड़ में धंस जाते हैं जहाँ पर ये वृद्धि करके नये पौधों को जन्म देते हैं (Fig. 15)।


DEVELOPING PLUMULE
PLUMULE
YOUNG EMBRYO
YOUNG PLANT WITH ROOTS
BASAL PORTION OF EMBRYO

Fig. 14—Viviparous germination in Rhizophora.

2

जड़ अथवा मूल
(THE ROOT)

प्रश्न 6—जड़ (मूल) की परिभाषा करो । जड़ के विशिष्ट लक्षण क्या हैं ? एक प्रारूपिक जड़ के विभिन्न भागों को बताइये ।

Define the term root. What are the characteristics of root ? Describe in brief the various parts of a typical root.

परिभाषा (Definition)—

जड़ पौधे का वह भाग है जो असाधारणत: भूमि के अन्दर पायी जाती है तथा भुरे या मटियाले (Brown) रंग का होता है । इस पर पत्तियों का सदैव अभाव रहता है । जड़ सदैव भूमि व पानी की ओर बढ़ती है तथा प्रकाश से दूर जाती है । इनका मुख्य कार्य भूमि से पानी व खनिज लवणों का शोषण करना तथा पौधे को भूमि में स्थिर (fix) रखने का है ।

जड़ों के विशिष्ट लक्षण
(Characteristic features of roots)

जड़ों के कुछ मुख्य लक्षण निम्न प्रकार हैं—

1. जड़ें भ्रूण (embryo) के मूलांकुर (radicle) से उत्पन्न होती हैं ।

2. जड़ें पृथ्वी में नीचे की ओर (positively geotropic) तथा प्रकाश से दूर (negatively phototropic) जाती हैं ।

3. जड़ें हरे रंग की नहीं होती हैं अर्थात् इसमें क्लोरोफिल नहीं पाया जाता है ।

4. जड़ों पर पत्तियाँ फूल, पुष्प, कलिकायें (buds) नहीं पाई जाती हैं ।

5. जड़ों पर सन्धि व पर्वसन्धि (nodes and internodes) नहीं पाये जाते हैं ।

6. जड़ों का अग्रिम भाग टोपी समान रचना **मूलछद** (root cap) द्वारा रक्षित रहता है ।

7. मूलछद (root cap) के पीछे अनेक छोटे-छोटे एककोशी (unicellular) मूलरोम (root hairs) पाये जाते हैं ।

8. जड़ों में वृद्धि अन्तरजाल (endogenous) पायी जाती है तथा पार्श्व मूल (lateral roots) आन्तरिक ऊतकों (internal tissues) से बनते हैं ।

एक प्रारूपिक जड़ के भाग
(Part of a typical young root)

प्रत्येक जड़ में नीचे से ऊपर की ओर देखने पर निम्नलिखित भाग मिलते हैं—

(i) **मूलछद (Root cap)**—यह जड़ कें ठीक अगले सिरे पर पाई जाती

है । यह टोपी के आकार की व चिकनी होती है तथा इसके द्वारा मूल का वर्धी अग्रक (growing apex) ढका रहता है ।

(ii) वर्धमान प्रदेश (Growing region)—यह भाग मूलछद (root cap) के ठीक पीछे होता है । इस भाग में कोशिकाओं (cells) का बराबर विभाजन होता रहता है ।

(iii) दीर्घभावी प्रदेश (Zone of elongation)—यह एक वर्धमान प्रदेश के ठीक ऊपर होता है । इसकी लम्बाई 2 से 5 मि० मी० तक होती है । इस प्रदेश में कोशाये लम्बी होने के फलस्वरूप जड़ को लम्बाई में बढ़ने में सहायता देती हैं ।


SLOW ABSORPTION OF WATER
ROOT HAIR ZONE
MOST RAPID ABSORPTION OF WATER
RAPID ABSORPTION OF WATER
SLOW ABSORPTION OF WATER
ELONGATION ZONE
ROOT CAP
RAPID ABSORPTION OF SOLUTES

Fig. 15—Tip of a young root showing various zones and regions of adsorption of water and solutes. (Detailed)

(iv) मूलरोम प्रदेश (Root hair zone or absorptive region)—यह भाग दीर्घभावी प्रदेश के ऊपर होता है । इसमें बाहरी कोशिकाओं से अनेक मूलरोम (root hairs) निकलते हैं । ये बहुत कोमल तथा एककोशीय होते हैं इनका कार्य भूमि से जल शोषित करने का है ।


COTYLEDON
SEED COAT
RADICLE
ROOT HAIR
ROOT CAP


PRIMARY ROOT
SECONDARY ROOT
TAP ROOT SYSTEM

Fig. 16—Parts of a young Root. Fig. 17—Typical Tap root with lateral roots.

(४) परिपक्व भाग (Mature region)—मूलरोम प्रदेश के ऊपर स्थित भाग को परिपक्व प्रदेश कहते हैं । यह भाग तने के आधार तक फैला रहता है । इस भाग से अनेक पार्श्व (lateral) जड़ें निकलती हैं । जड़ का यह भाग पौधे को भूमि में स्थिर रखने में सहायक होता है ।

जड़ों के रूपान्तरण (Modification of Roots)

प्रश्न 7—जड़ों के विभिन्न रूपांन्तरणों का वर्णन करो ।

Describe the various modifications of Roots.

अथवा (or)

प्रश्न 8—"जड़ें प्रकृति में विभिन्न रूप के अनुकुल हैं" इस कहावत को उदाहरण सहित समझाइये ।

"Roots are variously adopted in nature". Justify the statement giving common examples.

प्रश्न 2—जड़ों के विभिन्न रूपान्तरणों का उदाहरण सहित वर्णन करो । ये पौधे के किस काम आते हैं ।
(Reeva 1983)

साधारणत: जड़ें दो प्रकार की होती है ।

(1) प्रधान मूल अथवा अधिमूल (Tap roots) ।

(2) अस्थानिक मूल (Adventitious) ।

अधिमूल अथवा प्रधान मूल (Tap roots)—जड़ें साधारणत: द्विबीजपत्री पौधों में मिलती हैं । ये जड़ें मूलांकर (radicle) से बनी प्राथमिक मूल के बराबर

बढ़ते रहने से बनती हैं। इनका ऊपरी भाग छोटा तथा निचला सिरा क्रमशः पत होता चला जाता है। इससे द्वितीयक व तृतीयक जड़ें भी निकल सकती हैं तथा सब मिलकर टेप रूट सिस्टम बनाती हैं (Fig. 18)।


WHEAT
FIBROUS
ADVENTITIOUS ROOT
(C) ADVENTITIOUS ROOTS IN OXALIS
ADVENTITIOUS ROOTS
ADVENTITIOUS ROOTS
(B) FOLIAR ROOTS IN POGOSTEMON
(D) ADVENTITIOUS ROOTS IN COLEUS

Fig. 18—Adventitious root.

अपस्थानिक जड़ें (Adventitious roots)—ये जड़ें मूलांकुर (radicals) के अलावा पौधों के अन्य किसी भाग से निकल सकती हैं। इस प्रकार की जड़ें प्रायः एकबीजपत्री पौधे जैसे मक्का, गेहूँ आदि में पाई जाती हैं (Fig. 18)।

विभिन्न प्रकार की जड़ें तथा उनका रूपान्तरण
(Different types of Roots and their modification)

(A) टेप रूटस के रूपान्तरण (Modification of tap root)

1. तुर्क रूप (Fusiform)—इस प्रकार की जड़ें भोजन संचय के कारण बीच में से मोटी तथा दोनों ओर से पतली हो जाती हैं। जैसे ठण्डे देश में पायी जाने वाली मूली (Fig. 19 B)।


PRIMARY FUSIFORM ROOT
STEM
LEAF
STEM
PRIMARY CONICAL ROOT
STEM
SECONDARY ROOTS
SECONDRAY ROOTS
TUBEROUS ROOTS
STEM
PRIMARY ROOT
PRIMARY NEPIFORM ROOT
SECONDARY ROOT

Fig. 19 A to G—Tap root Modifications.
A—Conical root of Carrot. B—Fusiform Root of Raddish.
C—Napiform Root of Turnip. D—Tuberous root of sweet potato.
E—Napiform Root of Beta vulgaris.

2. शंकु रूप (Conical)—जड़ें भोजन संचय के कारण ऊपर से मोटी तथा नीचे से क्रमशः पतली होती चली जाती है जैसे गाजर (Fig. 19 A)।

3. कुम्भी रूप (Napiform)—ये जड़ें भोजन संचय के कारण ऊपर से बहुत मोटी गोलाकार हो जाती हैं तथा नीचे का भाग बहुत पतला तथा रेशेदार हो जाता है जैसे शलजम (Fig. 19 C and E)।


NODULATED ROOTS
NODULED

Fig. 20 F—Nodulated Root of pea.


FLOWER
PEDICEL
OVARY
SOIL LEVEL
SOIL
PEANUT
LEGUMINOUS BACTERIA

Fig. 21 G—Nodulated Root of groundnut (Mongr hali)


WHEAT
FIBROUS

Fig. 22 A—Fiborous roots of grass.


TUBEROUS ROOTS
(DAHLIA)

Fig. 24—Fasciculated Roots of Dahahlia



Fig. 25—Beaded Root of Mamordica.

4 कन्दिमूल (Tuberous roots)—इस प्रकार की जड़ें किसी स्थान पर फूलकर मोटी हो जाती हैं तथा इनकी निश्चित आकृति नहीं होती हैं जैसे शकरकन्द आदि में (Fig. 20 D)।

5. ग्रन्थिमय मूल (Nodulated roots)—लेग्यूमीनेसी कुल (family leguminaceae) के पौधे जैसे मटर, चना, अरहर, मूंगफली आदि में शाखित जड़ों पर कुछ ग्रन्थियाँ पायी जाती हैं जिनमें वायुमण्डल की नाइट्रोजन को स्थिर करने वाले जीवाणु (nitrogen fixing bacteria) पाये जाते हैं। इस प्रकार की जड़ों को ग्रन्थिमय मूल (nodulated roots) कहते हैं (Fig. 21)।



Fig. 22—Annulated root.

6. वलयित मूल (Annulated roots)—इस प्रकार की जड़ों में जड़ें फूलकर रिंग (ring) समान रचना बना लेती हैं जैसे **psychotria** cinchoaa आदि में (Fig. 23)।

(A) अस्थानिक जड़ों के रूपान्तर

(Modification of Adventitious Roots)

1. तन्तुमय (Fibreous roots)—ये जड़ें पतली तथा तन्तुरूप होती हैं। ये प्राय: तने के आधार में अथवा जमीन पर फैली घासों की पर्व सन्धियों से गुच्छों के रूप में निकलती हैं। प्याज के पौधे में ये जड़ें सामान्य रूप से देखने को मिलती हैं (Fig. 24)।

2. पलवत् मूल (Fasciculated roots)—इस प्रकार की जड़ों में अनेक मोटी व मांसल कन्दिल जड़ें (tuberous roots) तने के आधार से गुच्छे के रूप में निकलती हैं जैसे सतावर (asparagus) डेहलिया आदि में।

3. मणिकामय मूल (Beaded or Moniliform roots)—इस प्रकार की जड़ें कुछ निश्चित स्थान पर फूलकर एक मणिका समान रचना बना लेती हैं जैसे **ममोरडिका** (Mamordica) आदि में (Fig. 26)।

4. ग्रन्थिमय जड़ (Nodulose roots)—इस प्रकार की जड़ों में प्राय: जड़ का अग्र भाग फूलकर ग्रन्थि समान हो जाता है जैसे मेंगो जिंजर (mangoginger) में (Fig. 27)।

5. श्वसन मूल (Respiratory roots)—कुछ दलदल में उगने वाले पौधों में कुछ जड़ें भूमि की सतह के ऊपर खूंटों के रूप में निकली हुई दिखाई देती हैं। इन जड़ों के ऊपरी स्पंज की भाँति छिद्रयुक्त होते हैं चूंकि दलदल की मिट्टी में

वायु की कमी होती है अतः ये जड़ें वायुमण्डल में ऑक्सीजन न लेती हैं। इसलिए इन जड़ों को श्वसन मूल कहते हैं (Fig. 28)।

6 स्कम्भ मूल (Prop Root)—कुछ वृक्षों में जैसे बरगद आदि वृक्षों में शाखायें मोटी तथा भारी होती हैं। इन शाखाओं से वायवीय जड़ें निकलती हैं जो कुछ दिन तो हवा में लटकती रहती हैं तथा बाद में पृथ्वी में घुस जाती हैं और ये बड़े खम्भों की तरह कार्य करती हैं (Fig. 29)।


NODULOSE
ROOT

Fig. 26—Nodulose roots of ginger.


MAIN TRUNK
BREATHING ROOT

Fig. 27—Respiratory roots of Rhizophora.


C
PROP ROOTS
STEM
D

Fig9. 28—Prop roots of Ficus benghalensis.

7. जटा मूल (Stilt roots)— मक्का, ज्वार, गन्ना आदि पौधों में के निचले भाग से कुछ जड़ें निकल भूमि में घुस जाती है जो बाद में हो जाती हैं। ये जड़ें तेज हवा में कम पौधों को भूमि में स्थिर रखती (Fig. 30)।


LEAF
STEM
NODE
STILT ROOTS
STILT RO

Fig. 29 –Stilt root of Maize and Screwpine.


CLIMBING ROOTS

Fig. 30—Climbing roots of Ivy.


STEM OR SUPPORT
CLIMBING ROOTS
SUPPORT

Fig. 31—Climbing root of Bet

8. आरोही जड़ें (**Climbing roots**)—कुछ आरोही पौधों में जैसे–पान, टिकोमा पोथोस, आदि में तने के पर्व (internode) या पर्व सन्धि (internode) से कुछ जड़े निकल आती हैं जो पौधों को आरोहण में सहायता देती है (Fig. 31)।


PARASITE
HAUSTORIA
HOST

PARTIAL PARASITE

Fig. 31—Parasitic Roots.


FLOWERING STEM
YOUNG CORM
CONTRACTILE ROOT
ADVENTITIOUS ROOTS

Fig. 32—Contractile roots of crocuss ativus.


BUTTRESS ROOTS
STEM
MARSHY SOIL

Buttress Roots of Rubber

Fig. 33—Buttress roots of Rubber.

9. पराश्रयी जड़ें (Parasitic roots)—कुछ पराश्रयी पौधों में जैसे अमर बेल, बाँदा गाँठ आदि में पौधे के तने से जड़ें निकल कर होस्ट पौधे के तने में घुसकर उससे बनाया भोजन लेती हैं (Fig. 33)।

10. कोनट्रेक्टाइल मूल (Contractile Root)—ये जड़ें कार्म (Corm) जैसे भूमिगत (under ground stems) से निकलती हैं। ये जड़ें, मोटी, मांसल लम्बी तथा नीचे की ओर होती हैं। इन जड़ों पर मूल रोम (root hairs) नहीं होते हैं तथा ये कम आयु वाली होती हैं। ये जड़ें जब भूमि में पूर्णतया स्थिर हो जाती हैं तब इनका अग्र भाग सिकुड़ कर स्तम्भ को भूमि में ले जाते हैं जैसे लहसन (garlic), एस्पेरेगस आदि में।

11. बटरस मूल (Buttress Root)—इस प्रकार की जड़ें, सामान्य जड़ों से अनियमित द्वितीयक वृद्धि (unsymmetrical secondary growth) वाली स्तम्भ (stem) के आधार पर पायी जाती हैं। इसमें स्तम्भ व भूमि के मध्य बड़ी-बड़ी दरारें बन जाती हैं। ये जड़ें नाइट्रोजन स्थिरीकरण में सहायक होती हैं (Fig. 35)।

12. वायवीय जड़ें (Aerial roots or hygroscopic roots)—इस प्रकार की जड़ें प्राय: उपरिरोही पौधों (epithytic plants) में पायी जाती हैं तथा ये जड़ें वायुमण्डल में रस्सी के समान लटकी रहती हैं। इन जड़ों में बाह्य ऊतक (outer tissues) स्पंजदार विलोमेन (velamen) होता है जिसके द्वारा ये जड़ें वायुमण्डल में नमी शोषित करती है जैसे आरकिडस (orchids) (Fig. 36)।



Fig. 35—Aeaial roots of Orchid.


SPONGY PETIOLE
LAMINA
FRUIT
GREEN ROOTS
RHIZOME

Fig. 36—Photosynthetic Roots of Trapa.


NEW PLANT
ADVENTITIOUS ROOTS
BRYOPHYLLUM
FOLIAR BUD
ADVENTITIOUS ROOTS
BEGN.

Fig. 37—Leaf Roots of Bignonia and Bryophyllum.

13. **स्वीकत्री मूल अथवा प्रकाश संश्लेषक मूल (Assimilatory or Photosynthetic roots)**—कुछ पोधों की जड़ें पर्णहरिम (chlorophyll) की उपस्थिति के कारण हरे रंग की हो जाती हैं तथा ये प्रकाश संश्लेषण (photosynthesis) की क्रिया द्वारा भोजन निर्माण कार्य करती हैं। जैसे **टेनियोफाइलम**

taeniophyllum), सिंघाड़ा (trapa), टिनोस्पोरा (tinospora) आदि में (Fig. 37)।

14. पर्ण मूल (Leaf Roots)—कुछ पौधों की पत्तियों पर अस्थानिक (Adventitious roots) उत्पन्न हो जाती हैं तथा ये जड़ें मुख्य रूप से वर्धी प्रज (vegetative propagation) में सहायता करती हैं। जैसे ब्राइयोफाइलम (Bryo phyllum), बिगनोनिया (Bignonia) आदि (Fig. 38)।

प्रश्न 10—निम्न पर टिप्पणी करो। (Write notes on)।

(1) न्यूमेटोफोर (Pneumatopores) (*Agra 78, Vikram 7*

(2) गाजर का खाने योग्य भाग (Edible Part of carrot). (*Lucknow 7*

(3) शकरकन्द की जड़ें (Root of sweet potato) (*Lucknow 8*

(4) बटरेस मूल (Buttress Root) (*Agra 7*

(5) चूषांग (Haustoria)

कृपया प्रश्न 9 देखिये।

3

स्तम्भ अथवा तना
(STEM)

प्रश्न 11—स्तम्भ क्या है ? संक्षेप में इसके मुख्य लक्षणों एवं कार्यों का वर्णन करो।

Describe in brief the main characteristic features and functions of stem.

तना (stem) पौधे का वह भाग है जो साधारणतः भूमि की सतह के ऊपर भूमि जल और गुरुत्व (gravity) से दूर प्रकाश की ओर बढ़ता है तथा प्रांकुर (plumule) से विकसित होता है। तने के ऊपर पर्वसन्धि (nodes) तथा पर्व (internodes) पाई जाती हैं। इस पर पत्तियाँ तथा कलिकायें भी मिलती हैं।

शाकीय (Herbaceous) पौधों के तने हरे और मुलायम होते हैं जबकि वृक्ष तथा झाड़ियों में तने कड़े तथा कोष्ठीय होते हैं। तने प्रायः शाखान्वित होते हैं। वे बेलनाकार या कोणीय हो सकते हैं। तने शीर्षस्थ (Apical) कलिकाओं द्वारा बढ़ते हैं।

स्तम्भ के विशिष्ट लक्षण
(Characteristic Features of the Stem)

1. तना पौधे की मुख्य अक्ष का ऊपर चढ़ने वाला भाग है। यह प्रांकुर से उत्पन्न होता है।

2. स्तम्भ प्रायः भूमि के विपरीत (negatively geotropic) तथा प्रकाश की ओर (positively photoropic) वृद्धि करते हैं।

3. स्तम्भ में प्रायः पर्व व पर्व सन्धि (nodes and internodes) स्पष्ट होती है।

4. वाल अवस्था (young stage) में तना प्रायः हरा (green) होता है। बाद में यह भूरे रंग का व कड़ा हो जाता है।

5. स्तम्भ पर प्रायः बहुत बहुकोशीय (multicellular) रोम (hairs) होते हैं।

6. स्तम्भों पर फल, पुष्प, पत्ती कलिकायें आदि पायी जाती हैं।

7. तनों पर बहिर्जात (exogenous) पार्श्व शाखायें (lateral branches) पायी जाती हैं।

स्तम्भ के कार्य (Functions of Stem)

1. स्तम्भ का मुख्य कार्य जड़ों द्वारा शोषित पानी एवं खनिज लवणों का संवहन करना है।

2. स्तम्भ पौधे को सहारा प्रदान करता है।

3. तने विभिन्न रूप से रूपान्तरित होकर विभिन्न कार्य करते हैं जैसे—
A. नागफनी (Opuntia) में पत्ती का।
B. अंगूर में आरोही अंग का।
C. ड्यूरेन्टा (Duranta) में स्तम्भ कंटक (stem spine), अंग रक्षा (defensive) का।
D. राइजोम, बल्ब (Rhizome bulb) आदि द्वारा वर्धी प्रजनन (vegetative reproduction) का।

4. स्तम्भ फल, पुष्प, पत्तियों, कलिकाओं को धारण करता है।
5. स्तम्भ भोजन संग्रह (food storage) व भोजन निर्माण (food manufacture) का कार्य करते हैं।

प्रश्न 12—संक्षेप में तनों के विभिन्न रूपान्तरणों का वर्णन करो।

Describe in brief the various modifications of stem.

अथवा (Or)

प्रश्न 13—स्तम्भ अपनी आवश्यकतानुसार किस प्रकार रूपान्तरित हो जाते हैं।

How stems modify themselves according to their needs.

अथवा (Or)

प्रश्न 14—"पौधों की कार्यिकी में परिवर्तन पौधों में तथा उसके अंगों में रूपान्तरित कर देता है।" इस कथन की पुष्टि करो।

Citing examples from stem justify statement, "Changes in physiology brings about the modification of plants or its parts."

जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है कि तना (Stem) पौधे का वह भाग है जो साधारणतः भूमि की सतह के ऊपर भूमि, जल और गुरुत्व (gravity) से दूर प्रकाश की ओर बढ़ता है तथा प्रांकुर (Plumule) से विकसित होता है। तने के ऊपर पर्व सन्धि (nodes) तथा पर्व (inter nodes) पाई जाती हैं। इस पर पत्तियाँ तथा कलिकायें भी मिलती हैं।

तने साधारण रूप से दो प्रकार के होते हैं—

(1) हवाई तने (Aerial stems), (2) भूमिगत तने (Underground stem)।

1. हवाई तने (Aerial Stem)—इस प्रकार के तने सदैव हवा व प्रकाश में रहते हैं। ये प्रायः दो प्रकार के होते हैं :—

(A) सीधे खड़े तने (Erect stem) वाले पौधे—जैसे अमरूद, आम, पपीता आदि।

(B) कमजोर तने वाले पौधे (Weak stem plant)—ये पौधे हवा में सीधे खड़े रहने में असमर्थ होते है जैसे सेम, अंगूर आदि।

(A) सीधे वायवीय तने (Erect aerial stem)—ये तने प्रायः बेलनाकार (Cylindrical), दृढ़, शाखित अथवा अशाखित होते है तथा वायु में बिना किसी आधार के सीधे खड़े रहते हैं। बाँस (Bamboos) के पौधे तने पर्वी कल्म (culm) कहते हैं।

कुछ भूमिगत तने (underground stem) जैसे आलू, प्याज, अदरक आदि में वायवीय स्तम्भ (aerial stem) अनुपस्थित होता है तथा कभी-कभी भूमिगत तनों से कुछ सीधा वायवीय शाखायें (erect aerial branches) निकलती हैं जिन्हें स्केप (scape) कहते हैं।


STEM
A
TENDRIL
ADHESIVE DISCS
B
AXILLARY BUD
APICAL BUD TENDRIL
STEM
LEAF

Fig. 38—A, B, C—Stem tendrils.

(A) Axillary bud tendrils climber of Antigonon.
(B) Apical bud tendril or Virginia Creaper.
(C) Apical bud tendril of vinifets.

(B) कमजोर वायवीय तने (Weak aerial stem)—ये तने स्तम्भ भूमि की सतह से ऊपर होते हैं तथा ये बिना किसी आधार के सीधे खड़े नहीं हो पाते हैं। इन स्तम्भों को प्रायः निम्न तीन प्रकारों से विभाजित किया गया है।

(1) आरोही (Climbers), (2) बल्ली (Twiners),
(3) विसर्पी (Trailing)।

2. भूमिगत तने (Underground stems)—इस प्रकार के तने प्रायः भूमि की सतह के नीचे पाये जाते हैं तथा प्रायः निम्न चार प्रकार के होते हैं।

(1) प्रकन्द (Rhizome), (2) घनकन्द (Corm),
(3) कन्द (Tuber), (4) गुटिका (Bulb)।

तनों के संपरिवर्तित रूप (Stem Modifications)

पौधों के तने अथवा उनका कोई भाग कभी-कभी कुछ विशिष्ट कार्य करने हेतु विभिन्न रूप से रूपान्तरित हो जाते हैं। तनों के मुख्य रूपान्तरण निम्न प्रकार से हैं—

(A) वायवीय तनों के रूपान्तरण (Aerial stem modifications) :

1. स्तम्भ तन्तु (Stem tendrils)—स्तम्भ तन्तु (stem tendril) विशेष प्रकार की पत्ती विहीन धागे के समान रचनाएं हैं जो आधार के चारों ओर लिपट कर पौधे के अरोहण में सहायक हैं।

स्तम्भ तन्तु (stem tendril), कक्षस्थ कलिका (axillary bud) का रूपान्तरण जैसे **Antigonoa passiflora** में अथवा अग्रस्थ कलिका (apical bud) का रूपान्तरण जैसे अंगूर (Vitis vinifera) में होते हैं। **वर्जीनिया क्रीपर (Virginia creaper)** में तन्तु में चिपकने वाली गद्दियाँ (Adhesive disc) होती हैं (Fig. 39 ABC)।



Fig. 39—(A) Thorns of Duranta (b) Thorns of Karonda

2. स्तम्भ कन्टक (Stem thorns or spines)—स्तम्भ कंटक (Stem spines) वास्तव में रूपान्तरित तने हैं। इनके काँटे (thorns), कड़े, मजबूत सीधे व नुकीले होते हैं। ये प्रायः पत्ती के कक्ष में उत्पन्न होते हैं तथा इसका मुख्य कार्य पौधों की रक्षा करना है। स्तम्भ कटकों पर कभी-कभी पत्तियाँ फल व पुष्प भी

पाये जाते हैं। ये कंटक (thorns) पौधों के आरोहण में भी पाये जाते हैं। सामान्य स्तम्भ कंटकों के उदाहरण ड्यूरेन्टा (duranta), करोंदे (carissa), बोगनविलया (bougainviella), गुलाब (rose) आदि हैं। (Fig. ABCD)।


HOOKED STEM SPINE
LEAF
STEM
BOUGAINVILLEA
C
LEAFLETS
ADNATE STIPULES
PRICKLE
ROSE
D

(C) Thorns of Bougainvillea (D) Prickle of Rose

Fig. 39 —Stem thorns.

3. पत्र कन्द अथवा बुलबिल्स (Bulbils)—ये विशिष्ट प्रकार की बहुकोशीय रचनायें हैं जो कार्य में जननीय (reproductive) हैं। वास्तव में बुलबिल (bulbils) रूपान्तरित वर्धी (vegetative) अथवा पुष्प कलिकाये (floral buds) हैं जो पौधों से पृथक होने पर नये पौधों को जन्म देती हैं जैसे एगेव (agave), प्याज (onion) आदि में।


BULBILS
LILIUM TIGRINAM

Fig. 41—Bulbils in Lilium.

4. पर्णकार्य स्तम्भ (Phylloclades)—कुछ शुष्कोद्भिद् पौधों (xerophytic plants) में स्तम्भ पत्ती के समान रचना तथा पत्ती काँटों (spines) के रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। इस पत्ती के सदृश्य तने हरे होते हैं तथा इन पर कलिकायें (buds) पुष्प आदि पाये जाते हैं। तनों के इस प्रकार के रूपान्तरण को पर्णकार्य स्तम्भ कहते हैं। **नागफनी (Opuntia), एपीफाइलम (Epiphyllum),** रसकस (Ruscus), **कोकोलोबा (Cocoloba)** आदि में।


FLOWER
PHYLLOCLADE
SPINES
PHYLLOCL
EPIPHYLLUM

(A) Opuntia.

(C) Epiphyllum.


PHYLLOCLADE OF MUEHLENBECKIA
SCALE LEAF
PHYLLOCLA
BUD
SPINY LEA
STEM MODIFIED IN TO A LEAF LIKE STRUCTU
STEM

(B) Cocnoloba. Fig. 40—Phylloclades. (D) Ruscus.


PHYLLOCLADES
A PART OF PLANT
(EUPHORBIA TIRUCALLI)

Fig. 41—Phylloclades.

5. पर्णंक पर्व (Cladode)—कुछ पौधों में जैसे सतमूली (Asparagus) में स्तम्भ शाखायें (Stem branches) एक पर्व (one internode) लम्बी छोटी-


NEEDLE LIKE CLADODE
SCALE LEAF
STEM
LEAF SPINE
STEM

Fig. 42—Cladode of Asparagus.



Fig. 43—Twiner of bean plant.

छोटी सुच्याकार (needle like) रचनाओं में परिवर्तित हो जाते हैं जिन्हें पणंक पर्व (cladodes) कहते हैं। इसमें पत्तियाँ भी शल्कीय (scaly) हो जाती हैं (Fig. 43)।

6. Twiners—इस प्रकार के पौधों में तने कमजोर होते हैं तथा आधार पर चढ़ने के लिये कोई विशेष अंग नहीं होता है। इनमें तने स्वयं ही आकार के चारों ओर लिपट कर चढ़ते हैं। जैसे सेम, रेलवे क्रीपर, लोभिया आदि (Fig. 44)।

7. विसर्पी तने (Trailing Stems)—वास्तव में अर्ध वायवीय कमजोर तने (sub-aerial weak stem) हैं जो भूमि पर रेंगते (dike prostrate) हैं। ये निम्न प्रकार के हो सकते हैं—



Fig. 44—Runner of Doob grass.

(A) भूस्तारी (Runner)—ये लम्बे पर्व (long internode) वाले पतले, धांखित, कमजोर व भूमि पर रेंगने वाले तने हैं। इन स्तम्भों की पर्व सन्धियों (nodes) से अस्थानिक (adventitious) जड़ें उत्पन्न होती हैं। पर्वसन्धियों (nodes) पर कलिकायें (buds) होती हैं जो नई शाखाओं को जन्म देती हैं। ये पौधे पृथ्वी पर चारों ओर फैले रहते हैं जैसे दूबघास में।

(B) विरोहक (Stolon)—ये तने भूमिगत तनों से उत्पन्न होते हैं इनमें भूमि के अन्दर पितृ पौधे (parent plant) के तने की पर्वसन्धि (node) पर शल्कपत्र (Scaly leaves) होती हैं तथा इन शल्क पत्रों के कक्ष में स्थित कक्षस्थ कलिकाओं से विरोहक तने बनते हैं जैसे कोलोकेशिया (colocasia) (Fig. 46)।



Fig. 45—Stolon of Colocasia (Kachalu)

(C) भूस्तारिका (Offset)—इस प्रकार के तने


LEAF
STEM
ROOTS
OFFSET OF WATER LETTUCE

Fig. 46—Offset of Pistia (water lettuce)


MAIN STEM
NODE
SUCKER
ADV. ROOTS
MINT (PODINA)

Fig 47—Sucker or Chry anthemum.

भूमि पर रेंगने वाले छोटे व कुछ मोटे होते हैं। इन तनों के सिरों पर पत्तियों का समूह तथा नीचे की ओर जड़ों का गुच्छा निकलता है। प्रत्येक भूस्तारिका (offset) मातृ पौधे (parent plant) से अलग होकर नये पौधे को जन्म देती है जैसे **पिस्टीया (pistia)** (Fig. 47)।

(D) अधोभूस्तरी (Sucker)—इस प्रकार भूमि के अन्दर मातृ पौधे (parent plant) के स्तम्भ से उत्पन्न शाखायें तिरछी जाती हुई भूमि से बाहर आ कर नये पौधे बनाती हैं। ये शाखायें पितृ पौधे से पृथक होने पर नये पौधे को जन्म देती हैं जैसे पोदीना (mint), केला, गुलाब चन्द्रमालिका (**chrysanthemum**) आदि (Fig. 48)।

(B) भूमिगत तनों के रूपान्तरण (Underground stem modification) :

कुछ पौधों के तने भोजन संग्रह कर भूमि की सतह के नीचे पाये जाते हैं। ये तने प्राय: भूरे (brown) रंग के होते हैं तथा जड़ों (roots) से निम्न प्रकार भिन्न हैं—

(i) पर्व व पर्वसन्धि (nodes and internodes) पाई जाती हैं।

(ii) इनमें कक्षीय (axillary) व अग्रस्थ (terminal) कलिकायें (buds) पाई जाती हैं।

(iii) इन पर शल्कपत्र (scaly leaves) पाये जाते हैं। भूमिगत तने प्राय: निम्न चार प्रकार के होते हैं—

1. प्रकन्द (Rhizome)—प्रकन्द (rhizome) प्राय: मोटे (thick), छोटे (short) तथा पृथ्वी के अन्दर समान्तर बढ़ने वाले तने हैं। इन पर पर्व व पर्वसन्धियाँ (nodes and internodes) स्पष्ट होती हैं तथा पर्वसन्धियों (nodes) पर भूरे रंग (brown) के शल्कपत्र बनाये जाते हैं। इन शल्क पत्रों के कक्ष में कक्ष कलिकायें (axillary buds) पायी जाती हैं। इनके निचले सिरों से अस्थानिक जड़ें (adventitious roots) निकलती हैं। जैसे अदरक (ginger), कमल, वाटर लिली (water lily) आदि (Fig. 40)।



Fig. 48—Rhizome of Ginger.

2. कन्द (Tubers)—कन्द (tuber) विशेष प्रकार के भूमिगत तने हैं। इनमें तनों की भूमितग शाखायें भोजन संग्रह के कारण फूलकर गोलाकार अथवा अण्डाकार हो जाती हैं। इन तनों के धरातल पर छोटे-छोटे गड्ढे होते हैं जिन्हें आँखें (eyes) कहते हैं। वास्तव में ये आँखें (eyes) पर्वसन्धि (nodes) होती हैं।


SCALE LEAVES
ROOTS

Fig. 49—Allium sativum (Garlic)
—Scaly bulb.


BUD
INTERNODE
NODES
SCALE LEAVES
ROOTS

Fig. 50—Corm of Amorphalkis.

The Stem


RHIZOME
ADVENTITIOUS ROOT
TUBER
SCAR OF SCALE LEAF
GERMINATING EYE BUD
SCAR OF STEM
EYE

Fig. 51—Potato-tubers.

आँख (eyes) में शल्कपत्र पाये जाते हैं तथा इन शल्कपत्रों की पक्ष (axil) में कक्ष कलिकायें पायी जाती हैं। कन्द (tuber) भोजन संग्रह के साथ-साथ वर्धी प्रवर्धन (vegetative reproduction) का कार्य भी करते हैं। जैसे आलू (potato) (Fig. 50)।

3. गुटिका (Bulb)—इस प्रकार का भूमिगत तना छोटा, चपटा व तश्तरी के समान होता है। इस तने से नीचे की ओर अस्थानिक जड़ें (adventitious roots) तथा ऊपर की ओर सूखे व मांसल शल्कपत्र (scaly leaves) पाये जाते हैं, जैसे—प्याज लहसुन आदि (Fig. 51)।



Fig. 52—Allium Cepa [Onion]—Tunicated bulb.

4. घनकन्द (Corm)—घनकन्द (corm), छोटा (short), मोटा (thick), गूदेदार, ठोस भूमिगत तना है, जो केवल लम्बवत् दिशा में ही बनता है। घनकन्द की प्रकृति ऊपर से कुछ चपटी-सी होती है। यह प्रायः भूरे रंग के शुष्क पत्रों (scaly leaves) द्वारा ढका रहता है तथा इन शल्क-पत्रों के कक्ष में कक्ष कलिकाये होती हैं जो वर्धी प्रजनन में सहायक हैं। उदाहरण—अरवी (colocasia), कचालू (crocus) जिमीकन्द (colocasia), एमारफोफलस (amorphallus) आदि।

प्रश्न 15—ड्यूरेन्टा, बबूल, नागफनी व नींबू के कांटों के बारे में आप क्या जानते हैं ?

(*Indore 78*)

Refer Q. 14

प्रश्न 16—निम्न पर टिप्पणी लिखो तथा इनकी आकारिकी पर प्रकाश डालिये—

Write notes and discuss morphological nature of the following—

1. आलू का खाने योग्य भाग (Edible part of Potato) (*Lucknow 79*)
2. प्याज का खाने योग्य भाग (Edible part of Onion) (*Lucknow 1980*)
3. पर्णकार्य स्तम्भ (Phylloclade) (*Allahabad 83*)
4. अधोभूस्तरी (Sucker) (*Rohelkhand 87*)
5. एन्टीगोनन व विटीस के तन्तु (Tendrils of Antigonon and Vitis) (*Agra 79*)
6. अदरक का प्रकन्द (Rhizome of Ginger) (*Gorakhpur 78*)
7. घनकन्द (Corm) (*Nagpur 80*)
8. Offset (*Agra 79*)

Refer Q. 14

प्रश्न 17—विभिन्न प्रकार के भूमिगत तनों का उदाहरण सहित वर्णन करो। ये जड़ों से किस प्रकार भिन्न हैं ? इनका क्या कार्य है ?

Describe the types of underground stems with examples. How are they different from root ? What are their functions ?

कृपया प्रश्न 14 देखें।

प्रश्न 18—उन सामान्य भूमिगत तनों के जिन्हें आप बाजार में देखते हो नाम लिखो। इन्हें जड़ क्यों नहीं कहा जा सकता है ? इनके क्या कार्य हैं ?

Name and describe common underground stems which you daily see in the market. Why are they not regarded as roots ? What are their functions ?

कृपया प्रश्न 14 देखें।

प्रश्न 19—कमजोर तनों के आधार पर चढ़ने के विभिन्न रूपों का वर्णन करो।

Comment upon the various methods by which stemed plants climb over the support.

कृपया प्रश्न 14 देखें।

प्रश्न 20—Cladode एवं Phylloclade में विभेदन कीजिये। (*Rajasthan 83*)

Refer Q. 14

प्रश्न 21—निम्न पर टिप्पणी करो (Write notes on)—

(A) आवृतबीजी में कलिकायें (Buds in Angiosperms)
(B) स्तम्भों में शाखाविन्यास (Branching in stems)

(A) आवृतबीजों में कलिकायें (Buds in Angiosperms)—कलिकायें (buds) वास्तव में स्तम्भों (stems) का सघनित (condensed) रूप में जिनमें पर्व (internodes) बहुत छोटे हो जाते हैं तथा पत्तियाँ एक-दूसरे को ढक लेती हैं। जब कलिका (buds) में वृद्धि होती है तथा पर्व (internode) लम्बे हो जाते हैं तथा पत्तियाँ पृथक-पृथक हो जाती हैं। उदाहरण—बन्दगोमी (cabbage) (Fig. 50 AB)



Fig. 53. A—Position of buds on stem.



Fig. 53. B—L. S. of Cabbage Bud

कलिकायें (buds) अपनी स्थिति के आधार पर (depending on their situation) निम्न प्रकार की हो सकते हैं—

(1) अग्रस्थ कलिकायें (Apical or terminal buds)—ये स्तम्भ अथवा शाखाओं के अग्रकों (apicics) पर स्थित होती हैं।

(2) पार्श्वीय कलिकायें (Lateral buds)—ये कलिकायें (buds) प्रायः स्तम्भों व शाखाओं पर दाँयी ओर स्थित रहती हैं।

(3) कक्षस्थ कलिका (Axillary bud)—पत्ती कक्ष (axil) में पायी जाने वाली कलिका कक्षस्थ कहलाती है। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार की कलिकायें होती है।

(B) स्तम्भों में शाखाविन्यास (Branching of Stem)—स्तम्भ पर शाखाओं के लगने के क्रम को शाखाविन्यास (branching) कहते हैं। आवृतबीजों (angiosperms) प्रायः शाखायें कक्षस्थ कलिका (axillary buds) से उत्पन्न होती हैं।

स्तम्भों पर शाखाविन्यास (branching) प्रायः निम्न प्रकार का होता है—

(1) एक वर्ध्यक्षीय शाखाक्रम (Racemose branching)—इस प्रकार में स्तम्भ की अग्रस्थ कलिका (apical buds) अनिश्चित रूप से वृद्धि करती रहती है तथा इनके दोनों ओर से शाखायें निकलती रहती हैं। प्रायः नीचे की ओर लम्बी तथा ऊपर की ओर छोटी शाखायें उत्पन्न होती हैं।

(2) बहुवर्ध्य शाखाक्रम (Cymose branching)—इस प्रकार में स्तम्भ की अग्रस्थ कलिका की वृद्धि पुष्प आदि निर्मित होने के कारण रुक जाती है तथा पुनः पार्श्वीय शाखाओं (lateral branches) में निम्न प्रकार शाखायें उत्पन्न होती हैं—


FLOWER
LEAF
STEM
RACEME
BIPAROUS CYME
(DICHASIAL)
UNIPAROUS
SCORPOID
(MONOCHASIAL)
UNIPAROUS
HELICOID
(MONOCHASIAL)

Fig. 54—Different of branching stems.

LATERAL BRANCHING SYSTEM

(A) एक शाखी बहुवर्ध्य (**Uniparous or Monochasial cyme**)—इस प्रकार के शाखों क्रम में एक स्थान से एक शाखा उत्पन्न होती है। सभी शाखायें एक ही ओर उत्पन्न हो सकती हैं (helicoid type) अथवा शाखायें एक के बाद दूसरी तरफ विकसित होती हैं (Fig. 54)।

(B) द्विशाखी बहुवर्ध्य (**Biparous or Dichasial cyme**)—इस प्रकार में एक स्थान से दो शाखायें उत्पन्न होती हैं। (Fig. 54 B)।

(C) बहुशाखी बहुवर्ध्यक्ष (**Multiparous or Polychasial cyme**)—इस प्रकार में एक स्थान से अनेकों शाखायें उत्पन्न हो सकती हैं।

4

पत्ती
(THE LEAF)

प्रश्न 22—पत्ती शब्द की परिभाषा करो। विभिन्न प्रकार की पत्तियों का वर्णन एक सामान्य पत्ती की रचना देते हुए करो। पत्तियों के कार्य पर भी टिप्पणी करो।

Define the term leaf. Describe the various types of leaves in brief stating the structure of typical foliage leaves. Also make a comment on the function of leaf.

पत्ती (Leaf) पौधे का जीवन बनाने वाला एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है। यह प्राय: तने पर पर्व सन्धि (Node) से निकलती है और हरे रंग की होती है। पत्तियों का पेड़ पौधों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है चूंकि ये स्थान जीव जन्तुओं के लिये भोजन का कार्य करती है। वर्तमान वैज्ञानिकों के अनुसार पौधे की पत्तियों पर समस्त प्राणियों का जीवन निर्भर है।

पत्तियाँ पौधों के स्तम्भ की पर्वसन्धियों (nodes) पर चपटी (dorsoventrally flattened), पार्श्वीय (lateral) रचनायें हैं। प्रत्येक पत्ती के कक्ष (axil) में प्राय: एक कक्षस्थ कलिका (axillary bud) होती है।

पत्तियों के प्रकार (Types of Leaves) :

कुछ मुख्य प्रकार की पत्तियाँ निम्न हैं—

1. फोलियेज पत्ती (Foliage Leaves)—ये सामान्य हरी पत्तियाँ होती हैं तथा इनका मुख्य कार्य भोजन निर्माण है।

2. पुष्प पत्र (Floral Leaves)—ये पुष्प में पाये जाने वाले विभिन्न चक्र (whorls) जैसे दलपुंज (corolla), बाह्यदल पुंज (calyx) आदि।

3. बीजपत्र (Cotyledons)—ये पत्तियाँ प्राय: बीज के अन्दर स्थित रहती हैं।

4. शल्क पत्र (Scale Leaves)—ये छोटी, महीन (membranous) पत्तियाँ हैं जो स्तम्भों की पर्व सन्धियों (nodes) पर पायी जाती हैं। इन शल्क पत्रों का कार्य रक्षा एवं भोजन संग्रह होता है।

5. निपत्र (Bract Leaves)—ये पुष्पीय अक्ष (infloranous axis) पर पाई जाने वाली प्राय: रंगीन पत्तियाँ हैं जैसे—**बोगनबिलया (Bouganvillia)** में।

6. कुछ पत्तियाँ पर्णवृत वृन्त (phyllode), तनु (tendrils), कांटों (spines) आदि में भी परिवर्तित हो जाती हैं।

पत्ती की रचना (Structure of Leaf)

यदि हम किसी प्रारूपिक पत्ती (Typical leaf) ज़ैसे पीपल, आम, अमरूद आदि की पत्ती को देखें तो हम देखेंगे कि पत्ती की मुख्यतः तीन भाग होते हैं—(Fig. 28)।

1. फलक (Lamina),
2. पर्णवृन्त (Petiole),
3. (Leaf base),

पत्ती के हरे फैले हुए तथा चपटे भाग को फलक (lamina) कहते हैं इनको रखने वाले डंठल को पर्णवृन्त (petiole) कहते हैं। पत्ती का वह भाग जिसके द्वारा वह तने से लगी रहती है—पर्णधार (leaf base) कहलाता है। कुछ पत्तियों के डंठल (petiole) नहीं होते उन्हें अवृन्त (sessile) पत्ती कहते हैं। लेमिना का पतला तथा फैला हुआ भाग, शिराओं (veins) की उपस्थिति से सदैव दृढ़ तथा आलम्बन प्राप्त करता है, ये शिरायें पत्ती को दृढ़ता एवं भोजन के वितरण में महायता देते हैं। पत्ती में शिराओं के फैलने के क्रम को शिराविन्यास (venation) कहते हैं।



Fig. 55—Typical foliage leaf.

पत्तियाँ तने पर एक विशेष क्रम में लगती हैं। तना तथा उनकी शाखाओं में पत्तियों के लगने के निर्मित क्रम को पूर्ण विन्यास (phyllotaxy) कहते हैं।

पत्ती के कार्य (Functions of Leaf)

(A) मुख्य निर्माण (Manufacture of Food)

1. भोजन निर्माण (Manufacture of Food)—हरी पत्तियों में पर्णहरिम (chlorophyll) होता है तथा ये पत्तियाँ सूर्य के प्रकाश, CO_2 तथा पानी

से प्रकाश संश्लेषण (photosynthesis) क्रिया द्वारा कार्बोहाइड्रेट का निर्माण करती हैं ।

2. **श्वसन (Respiration)**—पत्तियों में स्थित रन्ध्रों (stomata) द्वारा पौधे के वायुमण्डल में आक्सीजन ग्रहण करते हैं तथा CO_2 बाहर निकालते हैं। गैसों के इस आदान-प्रदान से श्वसन क्रिया सम्पन्न होती है ।

3. **उत्स्वेदन (Transpiration)**—पत्तियों में स्थित रन्ध्रों (stomata) द्वारा जड़ों से शोषित अधिक पानी उत्स्वेदित किया जाता है ।

(B) अन्य कार्य (Secondary Functions) :

1. पत्तियाँ तन्तु (tendril), काँटों (spines) आदि में रूपान्तरित होकर पौधों के आरोहण (climbing) में सहायक होती हैं ।

2. पत्तियाँ मोटी व माँसल होकर जल व भोजन संग्रह करती हैं ।

3. कुछ पौधों में जैसे **ब्रायोफिलम** (Bryophyllum) में पत्तियाँ वर्धी प्रजनन (vegetative reproduction) में सहायक होती हैं ।

4. कुछ जलीय पौधों (aquatic plants) में पत्तियाँ पौधों के तैरने में सहायक होती हैं ।

5. कुछ पौधों की पत्तियाँ कीड़े मकोड़े पकड़ने वाली विशेष रचनाओं में संपरिवर्तित हो जाती हैं । इस प्रकार पत्तियाँ नाइट्रोजनमय भोजन को प्राप्त कर लेते हैं ।

अनुपत्र (Stipules) :

प्रश्न 23—अनुपत्र क्या है ? इनके विभिन्न रूपान्तरणों का वर्णन उदाहरण सहित करो ।

What are stipules ? Describe their various modifications giving examples. (*Nagpur 79, Bombay 78*)

परिभाषा (Definition) :

अनुपत्र (stipules) पत्ती के आधार पर पायी जाने वाली पार्श्व अतिवृद्धियाँ (lateral appanyages) हैं। अनुपत्र एक या दो स्वतन्त्र अथवा संयुक्त, छोटे, पत्ती समान हरी रचनायें हैं । अनुपत्र हरे होने पर प्रकाश संश्लेषण का कार्य तथा पत्तियों की रक्षा करना है ।

पत्तियों में यदि अनुपत्र उपस्थित होते हैं तो उन्हें **अनुपत्री** (stipulate leaves) तथा यदि अनुपत्र अनुपस्थित हों तो उन्हें अनुपत्री (ex-stipulate) पत्तियाँ कहते हैं ।

विभिन्न प्रकार के अनुपत्र
(Different Kinds of Stipules)

अनुपत्र (stipules) स्थिति,आकृति एवं कार्यों के अनुसार निम्न प्रकार के होते हैं—

1. **स्वतन्त्र पार्श्व अनुपत्र (Free Lateral stipules)**—इस प्रकार के अनुपत्र प्रायः स्वतन्त्र, छोटे व हरे, रंग के होते हैं तथा ये प्रायः पत्ती के आधार के दोनों ओर स्थित होते हैं । जैसे गुड्हल, कपास में (Fig. 57) ।


STIPULE
FREE LATERAL
SCALY
STIPULES
ADNATE
STIPULES
INTERPETIOLAR
STIPULES
SPINOUS
STIPULE
OCHREATE
STIPULES
FOLIACEOUS
YOUNG LEAF
STIPULE
TENDRILAR
CONVOLUTE

STIPULES

Fig. 57—

2. पत्रवत् अनुपत्र (Foliaceous Stipules)—ये दो बड़े हरे रंग की पत्ती के समान अनुपत्र होते हैं। इनका कार्य भी पत्ती के समान है। जैसे मटर (Pisum sativum) आदि में (Fig. 57)।

3. अभिलग्न अनुपत्र (Adnate Stipules)—इस प्रकार के अनुपत्र पर्णवृन्त (petiole) के साथ कुछ ऊँचाई तक बढ़ते हैं तथा बाद में पर्णवृन्त के साथ जुड़ कर एक पंख के समान रचना बना देते हैं। जैसे गुलाब, मूँगफली में (Fig 57)।

4. शल्की अनुपत्र (Scaly stipules)—इस प्रकार के अनुपत्र छोटे, हरे शुष्क तथा प्राय: दो होते हैं। ये शल्कीय अनुपत्र प्राय: पर्ण कलिकाओं (leafy buds) को सुरक्षित रखती हैं तथा ये अनुपत्र पत्तियों के खुलते ही नष्ट हो जाते हैं। जैसे कटहल, बरगद आदि।

5. नालचोली अनुपत्र (Ochereate Stipules)—ये अनुपत्र प्राय: एक खोल-सा बनाकर कुछ दूरी तक तने को ढक लेते हैं। जैसे **पोलीगोनम** (polygonum), **र्यूमैक्स** (Rumex) आदि में (Fig. 57)।

6. वृन्तमध्यक अनुपत्र (Interpetiolcr stipules) एवं वृन्त स्तम्भ मध्यक अनुपत्र (Interpetioler stipules)—

ये दो अनुपत्र होते हैं जो अभिमुख (opposite) अथवा चक्रीय (whorled) पत्तियों के पर्णवृन्तों के मध्य स्थित होते हैं। इन्हें वृन्तमध्यक अनुपत्र (interpetiole stipule) कहते हैं जैसे **कदम** (**Anthocephalous**), **इक्सोरा** (ixora) आदि में (Fig. 57)। Interpetiolar stipules में अनुपत्र कक्षीय (axillary) होते हैं तथा ये स्तम्भ व वृन्त के मध्य स्थित होते हैं जैसे चमेली (jasmine) में (Fig. 57)।

7. शल्कमय अनुपत्र (Spinous stipules)—

इस प्रकार के अनुपत्र (stipules) तेज व नोकदार (sharp and pointed) कांटों (spines) में परिवर्तित हो जाते हैं। ये शल्कमय अनुपत्र पौधों की रक्षा के लिए होते हैं। जैसे बबूल, बेर (*Zizypus*), छुई-मुई (**Mimasa pudica**) आदि (Fig. 57)।

8. तन्तुमय अनुपत्र (Tendrillas stipules)—

इस प्रकार में अनुपत्र पतले, मजबूत, धागे समान रचनाओं (tendril) में रूपान्तरित हो जाते हैं। ये अनुपत्र पौधों के आरोहण (climbing) में सहायक हैं। जैसे—**स्माइलैक्स (Smilax)** (Fig 57)।

प्रश्न 24—Andate stipule पर टिप्पणी कीजिये। *(Raj. 78)*

Refer Q.23

प्रश्न 25—आवृतबीजीय पौधों की पत्तियों में शिराविन्यास का सचित्र वर्णन करो।

Write a brief and illustrated account of venation in angiosperms leaves.

शिरा विन्यास (Venation)—

पत्तियों के पत्रदल (lamina or leaf blade) में शिराओं (veins and veinlets) के फैलने के क्रम को शिराविन्यास (vein) कहते हैं। शिरा अथवा नाड़ी (vein) वास्तव में संवहन ऊति (conducting tissue) है जो पत्रवृन्त (petiole) की संवहन ऊति (conducting tissue) के सम्पर्क में रहती है। शिराओं का कार्य संवहन (canduction) व यांत्रिक बल (mechanical support) देने का है।

ती

आवृतबीजीय (angiosperms) पौधों की पत्तियों में प्राय: निम्न दो प्रकार के शिराविन्यास पाया जाता है—

(i) जालिकावत शिराविन्यास (**Reticulate Venation**)

(ii) समानान्तर शिरा (**Parallel Venation**)

1. जालिकावत शिराविन्यास (**Raticulate Venation**)

इस प्रकार के शिराविन्यास में नाड़ी (veins) व सहायक नाड़ियाँ (veinlets) पत्ती के अन्दर एक अनिश्चित रूप से वितरित रहती हैं तथा एक जाल (net) समान बना लेती हैं। इनमें मध्य में एक मध्यनाड़ी (mid-rib) प्रधान होती है। प्रकार का शिराविन्यास द्विबीजपत्री पौधों की पत्तियों में सामान्य रूप से पाया ता है परन्तु कुछ एकबीज (monocot) पौधों से इस प्रकार का शिराविन्यास कता है जैसे स्माइलेक्स (smilex) में।



RETICULATE OR NETTED VENATION
IN BAUHINIA LEAF

Fig. 58.

54
67
59
60%

जालिकावत नाड़ी विन्यास निम्न प्रकार का हो सकता है—

(A) एक प्रनाड़ीक जालिकावत शिराविन्यास (**Pinnate unicostate ulate venation**)—

(i) इस प्रकार के शिराविन्यास में एक मजबूत मध्यशिरा (mid-rib)

होती है तथा इस मध्यक्षिरा में बहुत से पार्श्वीय उपशिरायें (lateral vei निकलती हैं तथा ये पत्ती के किनारों व अग्र तक पहुँच जाती हैं। जैसे आम, पी अमरूद आदि की पत्तियों में (Fig. 59 A)।



Fig 59—Pipal leaf showing unicostate raticulate venation.



Fig. 60 A—Divergent multicostate raticulate venation.



Fig. 60 B—Converge multicostate raticul venation.

(B) बहुप्रनाड़ीक जालिकावत शिराविन्यास (Palmate or multicost raticulate venation)

इस प्रकार के शिराविन्यास में अनेकों मध्यशिरायें (mid-rib) होती इनसे यदि मुख्य नाड़ियाँ (mid-rib), पत्रवृन्त (petiole) से निकलकर प (lamina) के किनारों (margins) तक पहुँच जाती हैं तब इसे अपसारी ब प्रनाड़ीक शिराविन्यास (divergent multicostate raticulate venation) है, जैसे पपीता, खीरा, अरण्ड आदि में (Fig. 60 B) तथा यदि सभी मध्यना (mid-ribs) पत्ती के अग्र (open) तक तिरछी रेखाओं के रूप में होती है तब अभिसारी बहुप्रनाड़ीक शिराविन्यास (convergent multicostate raticu venation) कहते हैं जैसे प्लम (plum) आदि में (Fig. 60 A)।

(ii) समानान्तर शिराविन्मास (Parallel venation)—इस प्रकार शिराविन्यास (venation) में नाड़ियाँ (veins) प्रायः एक-दूसरे के सामा होती हैं। इस प्रकार 'का शिराविन्यास मुख्य रूप से एकबीजपत्री (mono पौधों की पत्तियों तथा कभी-कभी कुछ द्विबीजपत्री (dicot) पौधों जैसे कैलोफि (calophyllum) में पाया जाता है। यह दो प्रकार का हो सकता है—

(A) पक्षाकार या एक प्रनाड़ीक समानान्तर शिराविन्यास
(Pinnate or unicostate parallel venation)

इस प्रकार के शिराविन्यास में पत्ती के मध्य भाग में एक मुख्य शिरा (main vein) होती है तथा इससे दोनों ओर एक-एक उपशिरायें निकलती हैं जो दूसरे के समानान्तर चलती हैं जैसे केला, अदरक आदि (Fig. 61)।

(B) पाणिवतया या बहुप्रनाड़ीक समानान्तर शिराविन्यास
(Palmate or multicostate parallel venation)

इस प्रकार के शिराविन्यास में अनेकों मध्यनाड़ियाँ (mid-ribs) होती हैं। ये मध्यनाड़ियाँ या तो पत्रवृन्त (petiole) के ऊपरी सिरे से निकलकर फलक



Fig. 61—Unicostate Parallel vention.



Fig. 62. A—Divergent multicostate parallel venation in fan palm.
B—Convergent multicostate parallel venation in bamboo leaf.

ina) के किनारे तक समानान्तर रूप से पहुँच जाती हैं। divergent अथवा जैसे ताड़ (fan palm) में (Fig. 62A) अथवा बहुत-सी मध्यनाड़ियाँ (petiole) के आधार से पत्ती के अग्र (apex) तथा समानान्तर होती हैं, मक्का आदि में [अभिसारी (convergent)] (Fig. 62 B)।

सरल एवं संयुक्त पत्ती (Simple and compound leaves)

प्रश्न 26—आप सरल व संयुक्त पत्ती से क्या समझते हैं ? विभिन्न प्रकार की संयुक्त पत्तियों को उदाहरण सहित समझाओ ।

What do you mean by simple and compound leaves ? Describe the types of compound leaves giving examples.

सरल पत्ती (Simple leaf) :

सरल पत्तियाँ वे हैं जिनका फलक (lamina or leaf blade) एक मात्र (one piece) होता है। पत्ती का फलक चाहे बहुत कटा-फटा हो परन्तु कटाव (incision), मध्यशिरा (mid-rib) तक न हो जैसे आम, पीपल, अमरूद का पत्ती (Fig. 63) ।

संयुक्त पत्ती (Compound leaf) :

संयुक्त पत्तियाँ वे हैं जिनका फलक (lamina) मध्यशिरा तक कटा-फटा हो तथा फलक (lamina) अनेकों छोटी-छोटी पत्ती समान रचनाओं में विभाजित हो जाता हैं जिन्हें पर्णक (leaflets) कहते हैं। पर्णक (leaflets) एक सामान्य अ (common axis) पर उपस्थित रहते हैं तथा इनके कक्ष (axis) में कोई कक्षी कलिका (axillary bud) नहीं होती है।



Fig. 63. Simple leaf.

संयुक्त पत्तियाँ दो प्रकार की हो सकती हैं—

1. पक्षवत् (Pinnate),
2. पाणिवत (Palmate)

(1) पक्षवत् संयुक्त पत्तियाँ (Pinnate compound leaves)—इस प्रकार की संयुक्त पत्ती में पर्णक (leaflets) एक अक्ष (common axis-Rachis) पर



UNIPINNATE AND PARIPINNATE

UNIPINNATE AND IMPARIPINNATE

BIPINNATE



TRIPINNATE

DECOMPOUND

Fig. 64—Various pinnately compound leaves.

स्थित होते हैं जो पत्ती का मध्य शिरा (mid-rib) प्रदर्शित करते हैं। जैसे इमली (Tamarind), अमलताश (cassia), बबूल (acacia) आदि में (Fig 43)।

पक्षवत् संयुक्त पत्ती (pinnately compound leaf) में यदि मध्य शिरा (mid-rib or rachis) में पत्रक (leaflets) निकलते हैं तब इसे एकपक्षवत्



PINNATELY COMPOUND
LEAF OF A LEGUME

Fig. 65.

(unipinnate) कहते हैं जैसे गुलाब (rose) में इन पत्तियों में यदि पत्रकों (leaflets) की संख्या सम (even) हो तब इसे **समपक्षवत्** (**peripinnate**) कहते हैं जै अमलताश (cassia) में। यदि पत्रकों (leaf-lets) की संख्या विषम (odd) तब इसे **असमपक्षवत्** (**imperipinnate**) कहते हैं जैसे गुलाब, कामिनी (murraya) में (Fig. 64)।

यदि संयुक्त पक्षवत् पत्ती (pinnately compound leaf) में पत्रक (leaf-let) मध्य शिरा (mid rib) के द्वितीय क्रम में उपस्थित हो तब इसे **द्विपक्षवत्** प (**bipinnate**) कहते हैं ज़ैसे कीकर (acacia), लाजवन्ती (mimosa) आदि (Fig. 64)। इसी प्रकार यदि संयुक्त पत्ती के पर्णक (leaflets) तृतीय क्रम स्थित हो तब इसे **त्रिपक्षवत्** (**tripinnate**) कहते हैं। जब पर्णक (leaflets) चतु या और अधिक क्रम में बदलते हैं तब इस पत्ती को **बहुसंयुक्त** (**decompou** कहते हैं जैसे गाजर (carrot), धनिया (corrander) आदि में।

(2) पाणिवत् संयुक्त पत्तियाँ (Palmate compound leaves)— प्रकार की संयुक्त पत्ती से सभी पर्णक (leaflets) पर्णवृन्त (petiole) के एक सिरे पर स्थित रहते हैं। ये पत्तियाँ निम्न प्रकार की हो सकती हैं।

(a) एकपत्रक (Unifoliate)—इस प्रकार की पत्ती में पर्णवृन्त (petio के सिरे पर एक पत्रक (leaflet) लगा रहता है जैसे नींबू (citrus), नारंगी में (Fig. 66 A)।

(b) द्वितीयक (Bifoliate)—इस प्रकार की पत्ती में रेकिस (rachis) सिरे पर दो पत्रक (leaflets) पाये जाते हैं जैसे **बेलनाटिस**।


UNIFOLIATE
TRIFOLIATE
QUADRI FOLIATE
A
B
C

Fig. 66—A, B, C—Palmate compound leaves


PALMATELY
COMPOUND LEAF

Fig. 67—Palmate compound leaves. (Multifoliate)

(c) **त्रिपत्रक (Trifoliate)**—इस प्रकार की पत्ती में रेकिस (rachis) तीन पर्णक (leaflets) लगे रहते हैं जैसे बेल, ऑक्सेलिस (oxalis) आदि में (Fig. 66 B)।

(d) **चतुर्पत्रक (Quadrifoliate)**—इस प्रकार की पत्ती में रेकिस (rachis) पर चार पत्रक (leaflets) लगे रहते हैं जैसे मारसिलिया (marsilea) में (Fig. 66 C)।

(e) **बहु पत्रक (Multifoliate)**—इस प्रकार की पत्ती में रेकिस के चार से अधिक पत्रक (leaflets) पाये जाते हैं जैसे बोम्बेक्स (bombax), (cotton) आदि में (Fig. 67)।

सरल व संयुक्त पत्ती में विशिष्ट अन्तर

(Main differences between compound leaf and simple leaf)

सरल पत्ती (Slimple leaf)	संयुक्त पत्ती (Compound leaf)
1. प्रत्येक सरल पत्ती के कक्ष (axil) में एक कक्षस्थ कलिका (axillary bud) पायी जाती है।	1. संयुक्त पत्ती के कक्ष में भी एक कलि पायी जाती हैं। कक्ष कलिका प्रत्येक पत्र (leaflets) के कक्ष में नहीं पाई जा है।
2. सरल पत्ती के फलक (lamina) में अनेक कटाव (incision) हो सकते हैं परन्तु वे कटाव इतने गहरे नहीं होते है कि पत्रक (leaflets) बन जायें।	2. संयुक्त पत्ती में गहरे कटाव (deep i sion) के कारण निश्चित पत्रक (leaf होते हैं।

पर्ण विन्यास (Phyllotaxy)

प्रश्न 27—पर्ण विन्यास क्या है ? उचित उदाहरणों सहित विभिन्न प्र का वर्णन करो।

What is phyllotaxy ! Describe its various types with suita example.

पर्ण विन्यास (Phyllotaxy) पत्तियों के स्तम्भ व शाखाओं पर ल क्रम को कहते हैं।

1. **एकान्तर (Alternate)**—इस प्रकार के पर्ण विन्यास में एक पर्व (node) से पत्ती तथा दूसरी पर्व सन्धि (node) में विपरीत दिशा में दूसरी निकलती है जैसे सूरजमुखी, आम आदि में (Fig. 68)।

2. **अभिमुख (Opposite)**—इस प्रकार के पर्ण विन्यास में एक ही सन्धि (node) से दोनों ओर एक-एक पत्ती निकलती है। यदि इन पत्तियों का जोड़ा दूसरे जोड़े लम्बवत् (right angle) हो तब इसे (**opposite decuss** कहते हैं जैसे मदार (calotropis) में परन्तु यदि सभी पत्तियों के जोड़े ver lines में हों तब इसे **opposite superposed** कहते हैं जैसे जामुन में (Fig. 6

3. **भूमिरूप (Whorled)**—इस प्रकार के पर्ण विन्यास में दो से पत्तियां एक ही पर्व सन्धि (node) पर उत्पन्न होती हैं जैसे कनेर (oleander (Fig. 68)।

पत्ती


WHORLED
ALTERNATE
OPPOSITE DECUSSATE
OPPOSITE SUPERPOSED

Fig. 68 – Arrangement of leaves.



Fig. 69 (A)—Plant with water storage leaves (cont.)



(B)

(C)

Fig. 69—Plant with water storage leaves.

प्रश्न 28—निम्न पर टिप्पणी लिखो (Write notes on)—

1. संयुक्त पत्ती (Compound leaf)
2. पर्ण विन्यास (Phyllotaxy)

(*Agra 77*)

कृपया उत्तर के लिये प्रश्न 27 देखें।

प्रश्न 29—पत्तियों के विभिन्न रूपान्तरणों का जिनका आपने अध्ययन किया हो, वर्णन कीजियेगा।

पत्तियों के रूपान्तरण (Modification of leaves)

पत्तियों के कुछ मुख्य रूपान्तरण (Modification) निम्न हैं।

1. जल संचय करने वाली पत्तियाँ (Water storage leaves)—कुछ सरस पौधों (succulent plants), जैसे घीकवार (aloe) एगेव (agave); युक्का (yucca) (Fig. 69) की पत्तियाँ बहुत मोटी व मांसल (thick and fleshy) हो जाती हैं। इन पत्तियों में कुछ विशिष्ट प्रकार के जल संचय (water storage)

पत्ती

ऊतक (tissues) होते हैं। ये पौधे इन जल संचय पत्तियों के कारण पानी की नमी वाले स्थानों पर उगाये जा सकते हैं (Fig. 69)।

2. पर्णायित वृन्त (Phyllode)—इस प्रकार से पत्ती का पर्णवृन्त (petiole) चपटा एवं हरा होकर पत्ती में परिवर्तित हो जाता है तथा इस रूपान्तरण को पर्णायित वृन्त (phyllode) कहते हैं। इस प्रकार का रूपान्तरण शुष्क अवस्थाओं के कारण होता है। इसमें समानान्तर शिरा विन्यास होता है। इसमें पत्ती द्विपक्षवत् (bipinnately) संयुक्त होती है। जैसे **अकेशिया मेलेनोजाइलान** (Acacia melanoxylon) (Fig. 70)।



Fig. 70—Phyllode of Acacia melenoxylon.

3. पर्ण तन्तु (Leaf tendrils)—कुछ कमजोर तने वाले पौधों में पत्तियाँ पूर्ण अथवा अपर्शक रूप से तन्तुओं (tendrils) में रूपान्तरित हो जाती हैं। यह तन्तु पौधों के आरोहण (climbing) में सहायक है।

(A) जंगली मटर (Lathyrus aphaca)—इसमें पूर्ण पत्ती सूत्रवत (tendriller) हो जाती है तथा अनुपत्र (stipule) पत्ती के समान होते हैं (Fig. 70 B)।

(B) देसी मटर (Pisum satim)—में कुछ ऊपरी पत्रक (leaflets) तन्तुओं (tendrils) में रूपाम्तरित होते हैं (Fig. 71 A)।

(C) ग्लोरिओसा (Gloriosa)—इसमें पत्ती का अग्रक (apex) सूत्रवत (tendriller) होता है (Fig 71 C)।

(D) क्लीमेटिस (Clematis) एवं **नस्टरशियम (Nasturtium)** में पत्रवृन्त (petiole) तन्तुओं (tendrils) में रूपान्तरित हो जाते हैं (Fig. 71 D)।


LEAFLET TENDRILS
LEAFLET
PETIOLE
RACHIS
FOLIACEOUS STIPULE
A
ENTIRE LEAF TENDRIL
MAINSTEM
FOLIACEOUS STIPULE
B

Fig. 71—(A) Leaflet tendril of pisum sativum.
(B) Entire leaf tendril of lathyrus.

4. घटपर्णी (Pitcher)—नीपेन्थीस (Nepenthes or pitcher plant) पौधे में पत्तियाँ एक कलश के समान रचना धारण कर लेती हैं। कलश स्वयं एक पत्ती के फलक का रूपान्तरण है, और इसका ढक्कन (lid) पत्ती के शिखर (apex) का रूपान्तरण है। कलश के मुख पर का भाग सुन्दर एवं रंगीन होता है तथा इसके मुंह पर कुछ शहद ग्रन्थियाँ होती हैं जिनसे शहद के समान मीठा रस निकलता रहता है। कलश के अन्दर की ओर दीवार पर छोटी-छोटी ग्रन्थियाँ होती हैं और इन ग्रन्थियों के नीचे चिकनी और फिसलने वाली सतह होती है। कलश के अन्दर एक अम्लीय (acidic) द्रव भरा रहता है। कीटाणु जब कलश के रंग एवं मीठे रस के कारण इसकी ओर आते हैं तो वे कलश में फिसल जाते हैं। ये वापस निकलने में


LEAF
LEAFLET TENDRIL
SUPPORT
B
LEAFLET PETIOE
SUPPORT
STEM
PELTATE
C

Fig. 71—(C) Leaf apex tendril of Gloriosa.
(D) Leaf petiole tendril of Nasturtium.


PITCHERS
NEPENTHES

Fig. 72—Pitcher Plant (Nepenthes)



Fig. 73—Drosera (sundew)

असमर्थ होते हैं और अन्त में तेज अम्लीय द्रव के कारण इनका पाचन हो जाता है और नाइट्रोजन यौगिक द्वारा शोषित कर लिये जाते हैं।

5. पत्र टेन्टीकिल्स (Leaf Tenticles)—(Fig. 73) **ड्रोसेरा** के पौधे छोटे-छोटे होते हैं तथा इसमें पत्तियों का क्रम (arrangement) गुलाबवत (rosette) होता है। हर पत्ती में एक पतला वृन्त (stalk) होता है जो आगे चलकर गोल फलक के रूप में फैल जाता है। फलक के ऊपर और किनारों पर बहुत से बड़े पिन की तरह लाल घुण्डी वाले ग्रन्थिरोग (tentacles) होते हैं जिनसे चिपचिपा द्रव निकलता रहता है। ये द्रव की बूंदे धूप में चमकती हैं। इसलिये जब कीड़े इन बूंदों को देखते हैं तो इनकी ओर आकर्षित हो जाते हैं और जैसे ही वे पत्ती पर बैठते हैं तो वे चिपचिपे द्रव से चिपक जाते हैं और ग्रन्थिरोम (tentacles) मुड़कर उस कीड़े को घेर लेते हैं। अब ग्रन्थियों के अन्दर से एक विकर (enzyme) निकलता है जो कि कीड़ों के पचने में सहायता करता है तथा प्रोटीन को सरल घुलनशील पदार्थों में परिवर्तित कर देता है। जब पत्ती द्वारा सारे नाइट्रोजन युक्त पदार्थ चूस लिये जाते हैं तो रोम (tentacles) फिर सीधे हो जाते हैं और कीड़ों का अपचित भाग बाहर गिर जाता है।

6. फ्लाई ट्रेप पत्ती (Fly trap leaf)—इनमें भी ड्रोसेरा की भाँति गुलाबवत (rossette) पत्तियाँ होती हैं जिनके बीच से एक पुष्पक्रम (Inflorescence) निकलता है। इस पौधे में प्रत्येक पत्ती का फलक पर्णवृन्त हरा तथा फलक (leaf blade) के समान होता है। पत्ती मध्य नाड़ी से दो भागों में विभाजित होती है और प्रत्येक अर्ध भाग के किनारों पर बाहर निकले हुए दाँत होते हैं तथा ऊपरी सतह पर तीन नुकीले रोम और गुलाबी रंग की ग्रन्थियाँ हैं। ये रोम ठोस पदार्थों के लिये बहुत संवेदनशील होते हैं जैसे ही कोई पत्ती पर बैठता है और इनके स्पर्श में आता है तो तुरन्त ही पत्ती के अर्ध भाग मध्य नाड़ों से मुड़कर बन्द हो जाते हैं और इस प्रकार पत्ती में फँसा हुआ कीड़ा पत्ती की पाचक ग्रन्थियों द्वारा पचित



Fig. 74—Venus fly Trap.

पत्ती
करके शोषित कर लिया जाता है। सभी नाइट्रोजन के यौगिकों के पाचन के बाद पत्ती खुल जाती है और कीड़ें का अपचित भाग गिर जाता है।



Fig. 75—Leaf Spines (Opuntia)

7. पत्र ब्लैडर (Leaf Bladder)—यूट्रिक्यूलेरिया के पौधे पानी में तैरते हुए मिलते हैं। इन पौधों में जड़ नहीं होती है तथा पत्तियाँ बहुत पतली तथा कटी फटी होती हैं। इन पत्तियों में कुछ पत्ती ब्लैडर का रूप धारण कर लेती हैं। प्रत्येक ब्लैडर एक खोखला कमरा-सा होता है—इसके मुंह पर संवेदनशील रोम होते हैं और प्रत्येक कमरे का द्वार केवल अन्दर की ओर खुलने वाले दरवाजे या volve से सुरक्षित रहता है। पानी में तैरते हुये छोटे-छोटे बीज ब्लैडर के मुंह पर उपस्थित रोमों में फँस जाते हैं और इनके द्वारा दरवाजे पर कुछ दबाव पड़ता है तो अन्दर की ओर खुल जाता है। वाल्व के इस प्रकार खुलने पर पानी के साथ-साथ कीड़े भी ब्लैडर के अन्दर पहुँच जाते हैं और ये कीड़े अन्दर ग्रन्थियों द्वारा पाचित करके शोषित कर लिये जाते हैं।

8. पत्र कण्टक (Leaf spines)—कुछ शुष्कोद्भिद् पौधों (xerophytic plants) में जैसे नागफनी (opuntia) में पत्तियाँ उत्स्वेदन (transpiration) की अधिकता को रोकने के लिये काँटों में रूपान्तरित हो जाती हैं तथा इन पौधों का स्तम्भ पत्ती का कार्य करता है (Fig. 75)।



Fig. 76—Utricularia or bladder wort.

प्रश्न 30—ग्लोरियोसा, मटर में tendril पर टिप्पणी कीजिये ।

(*Indore 78*)

Refer Q. 29

प्रश्न 31—Phyllode पर टिप्पणी कीजिये ।

(*Lucknow 81, Kanpur 79*)

Refer Q. 29 (*Rohelkhand 87*)

प्रश्न 32—निम्न पर टिप्पणी लिखिये । (Write notes on)—

(1) पत्तियों की अवधि (Duration of leaf)

(2) पक्ष युक्तवृन्त (Winged petiole) ।

1. पत्तियों की अवधि (Duration of leaves) :

(A) शीघ्रपाती पत्ती (Caducous leaf)—इस प्रकार की पत्तियाँ पौधों पर लगने के कुछ ही समय पश्चात् गिर जाती हैं जैसे यूफोरबिया स्पेलन्डस (**Euphorbia splendens**) ।

(B) पर्णपाती पत्तियाँ (Deciduous leaves)—इस प्रकार की पत्ती पौधे से प्राय: ऋतु के अन्त में गिरती हैं जैसे सेव (pyrus), आड़ू (prunus) आदि में।

(C) स्थायी पत्तियाँ (Persistant or ever green leaves)—इस प्रकार की पत्तियाँ पौधों पर एक ऋतु से अधिक समय तक स्थिर रहती हैं। जैसे आम, कनेर, गुड़हल आदि में।


LEAFLET
WINGED PETIOLE
STEM
WINGED PETIOLE CITRUS

Fig, 77—Winged petiole of citrus.

2. पक्ष युक्तवृन्त (Winged petiole) :

नींबू के पौधे में पत्तियों का वृन्त (petiole) compressed होकर एक पंख समान (winged) रचना बना लेता है जो प्रकाश संश्लेषण क्रिया में भी सहायक होती है (Fig. 54) ।

प्रश्न 33—आस्ट्रेलियन बबूल, जंगली मटर, नींबू एवं कलशपर्णी की पत्तियों का वर्णन कीजिये । *(Indore 76)*

कृपया उत्तर के लिए प्रश्न 32 देखें ।

5

पुष्पक्रम
(THE INFLORESCENCE)

प्रश्न 34—पुष्पक्रम की परिभाषा दीजिए तथा विभिन्न प्रकार के पुष्पक्रमों का उदाहरण सहित वर्णन करो।

Define inflorescence and describe their various types giving necessary sketches and examples. (*Bombay 78*)

पुष्प अक्ष (floral axis) पर पुष्पों के लगने के क्रम (arrangement) को पुष्पक्रम (inflorescence) कहते हैं।

पुष्पक्रमों (inflorescence) को निम्न मुख्य तीन प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है—

(1) एकवर्ध्यक्षीय या अनिश्चित पुष्पक्रम (Racemose inflorescence)
(2) बहुवर्ध्यक्षीय अथवा निश्चित पुष्पक्रम (Cymose inflorescence)
(3) विशेष प्रकार के पुष्पक्रम (Special type inflorescence)

1. एकवर्ध्यक्षीय अथवा अनिश्चित पुष्पक्रम
(Racemose Inflorescence)

इस प्रकार के पुष्पक्रम के मुख्य अक्ष (main axis) के अग्र (apex) पर पुष्प नहीं होता है तथा यह अक्ष (axis) वृद्धि करती रहती है। मुख्य अक्ष पर पुष्प पार्श्व रूप से (laterally) अग्रकाभिसारी क्रम (acropetal succession) में लगे होते हैं अर्थात् पुराने पुष्प नीचे की ओर तथा नये पुष्प ऊपर की ओर होते हैं। इस प्रकार के पुष्प पत्ती अथवा निपत्र (bract) के कक्ष (axis) में पाये जाते हैं। इस प्रकार का पुष्पक्रम निम्न प्रकारों का हो सकता है—

(i) **एकवर्ध्यक्ष अथवा असीमाक्षी (Raceme)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष (main axis) लम्बी होती है तथा दोनों ओर पुष्प होते हैं जो अग्रकाभिसारी क्रम (acropetal succession) में लगे होते हैं। ये पुष्प सवृन्त (pedicillate) होते हैं (Fig. 78)। जैसे सरसों, मूली आदि में।

(ii) **शूकी (Spike)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष लम्बा होता है तथा इसके दोनों ओर अग्रकाभिसारी क्रम (acropetal succession) में अवृन्त (sessile) पुष्प लगे रहते हैं (Fig. 79) जैसे पालक (spinach), चौलाई (amaranthus), एकाइरेन्थस (achyranthus) आदि में।

(iii) **अनुशूकी (Spikelet)**—अनुशूकी (spikelet) वास्तव में शूकी (spike) का ही सूक्ष्म रूप है जिसमें पुष्प कक्ष (floral axis) अत्यधिक छोटा हो जाता है तथा



Fig 78—Racemose inflorescence.



Fig. 79—Spike inflorescence


PALEA
EMPTY GLUME

Fig 8)—Spikelet inflorescence.


FLOWERS
BRACTS

Fig. 81—Catkin inflorescence.

पुष्पों की संख्या भी एक अथवा कुछ ही होती है। इस प्रकार के पुष्प पीलि नामक विपत्र (bract known palea) से ढके रहते हैं जैसे गन्ना (sugarcane), गेहूं (wheat) आदि में (Fig. 80)।

(iv) निलम्ब शूकी अथवा मंजरी (Catkin)—यह भी शूकी (spike) पुष् क्रम का ही एक प्रकार है। इसमें एक लम्बे व लटके हुए अक्ष (long and pendulous axis) पर अनेक एकलिंगी (unisexual) पुष्प लगे रहते हैं जैसे शहतू (mulberry) विलोयस (willows) आदि में (Fig. 81)।

(v) छद शूकी अथवा स्थूल मंजरी (padix)—यह भी एक विशेष प्रका की शूकी (spike) है। इसमें मुख्य अक्ष मांसल (fleshy) होती है तथा यह दोनों प्रकार के नर व मादा पुष्प रखती है। सभी पुष्प एक पत्ती सामान रचना पृथु पर्ण (spathe) द्वारा ढका रहता है। spathe हरा, सफेद, लाल; पीला अथवा अन्य किसी भी रंग का हो सकता है जैसे केला (banana), ताड़ (palm) आदि में (Fig. 82)।



Fig. 82—Spadix inflorescence.

(vi) समशिख (Corymb)—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष (main axis) छोटा होता है तथा सभी पुष्प सवृन्त (pedicillate) होते हैं। निचले पुष्पों के वृन्त लम्बे तथा ऊपरी पुष्पों के वृन्त कुछ कम लम्बे होते हैं तथा सभी पुष्प एक ही तल पर आ जाते हैं जैसे कैन्डीटफ्ट (candytuft) आदि में (Fig. 83)।

(vii) छत्रक (Umbel)—इस प्रकार के पुष्पक्रम में भी मुख्य अक्ष (main axis) छोटा होता है तथा पुष्प अक्ष के अग्रक (apex) से बहुत से सवृन्त पुष्प (pedicillate flowers) उत्पन्न होते हैं—सभी पुष्पों के वृन्तों की लम्बाई समान होने



Fig. 83—Corymb Inflorescence.



Fig. 84—Simple umbel.

पुष्पक्रम कारण सभी पुष्प एक ही तल (level) पर रहते हैं जैसे प्याज (onion), जंगली धनिया (wild coriander) आदि (Fig. 84) ।

(viii) संयुक्त छत्रक (Compound umbel)—इन प्रकारों के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष छोटी व शाखित होती है तथा प्रत्येक शाखा के अग्र भाग से बहुत से वृन्त पुष्प (pedicillate flowers) उत्पन्न होते हैं। सभी पुष्पों के वृन्तों की लम्बाई समान होती है तथा सभी पुष्प प्राय: एक ही तल (level) पर होते हैं। प्रत्येक छत्रक के नीचे निपत्र चक्र (involucre of bract) उपस्थित होता है जैसे धनिया (coriander) (Fig. 85) ।



Fig. 85—
Simple umbel inflorescence.


INVOLUCRE OF BRACTS

Fig. 86—
Compound umbel inflorescence.

(ix) मुण्डक (Head or Capitulum inflorescence)—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष बहुत छोटा व चपटा होता है तथा इसे receptacle कहते हैं। इस पर लगे पुष्प अवृन्त (sessile) होते हैं तथा निपत्र चक्र (involucre of bract) द्वारा ढके रहते हैं। इस प्रकार पुष्प (flowers or florates) दो प्रकार के


DISC FLORETS
RAY FLORETS
INVOLUCRE OF BRACTS
L. S. OF SUN FLOWER

Fig. 87—Head inflorcscence.

होते हैं जिन्हें Ray व disc florates कहते हैं जैसे सूर्यमुखी (sunflower) गेंदा (tagets) आदि में (Fig. 87) ।

2. बहुवर्ध्यक्ष अथवा निश्चित पुष्पक्रम (Cymose Inflorescence)

इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष (main axis) की वृद्धि इसके अग्र प एक पुष्प उत्पन्न होने क कारण रुक जाती है परन्तु इसकी पार्श्वीय कलिकाओं (lateral buds) द्वारा वृद्धि होती रहती है। ये पार्श्वीय अक्ष (lateral axis) भी कुछ समय बाद अपने अग्र (apex) पर पुष्प उत्पन्न कर अपनी वृद्धि रोक लेते हैं। इस प्रकार के पुष्पक्रम में पुष्प सवृन्त अथवा अवृन्त हो सकते हैं। इस प्रकार के पुष्प तलमिसारी क्रम (basipetal succession) में उत्पन्न होते हैं। अर्थात् नये पुष्प नीचे तथा पुराने पुष्प ऊपर की ओर लगे होते हैं। बहुवर्ध्यक्ष पुष्पक्रम (cymose inflorescence) निम्न प्रकार का हो सकता है।

(i) **एकल कक्षीय बहुवर्ध्यक्ष (Solitary axillary cyme)**—इस प्रकार में कक्षीय कलिका (axillary bud) पुष्प में परिवर्तित हो जाती है जैसे गुड़हल आदि (Fig. 88)।

(ii) **एकशाखी कुण्डलाकार बहुवर्ध्यक्ष (Uniparous helicoid cyme)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष एक पुष्प उत्पन्न कर समाप्त हो जाता है तथा पार्श्व शाखा से बार-बार शाखायें निकलती रहती हैं जो क्रमानुसार पुष्प उत्पन्न कर समाप्त होती रहती हैं जैसे आलू, बिगनोनिया आदि में।



Fig. 88—Solitary axillary cyme.



Fig. 89—Uniparous helicoid cyme.



Fig. 90—Uniparous scorpoid cyme.

(iii) **एकशाखी वाच्छिक बहुवर्ध्यक्ष (Uniparous helicoid cyme)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष एक पुष्प उत्पन्न कर समाप्त हो जाता है तथा पार्श्व शाखा से पुंजी शाखायें एक के बाद दूसरी ओर विकसित होती रहती हैं। जैसे अजवायन, कपास (cotton) आदि में (Fig 90)।

(iv) **द्विशाखी बहुवर्ध्यक्ष (Biparous cyme)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष के अग्र पर एक पुष्प उत्पन्न होकर अक्ष की वृद्धि को रोक देता है। इसके पश्चात् मुख्य अक्ष की पर्व सन्धि (node) से दो पार्श्व शाखायें (lateral branches) निकलती है तथा कुछ समय पश्चात् इन शाखाओं की वृद्धि भी पुष्प उत्पन्न होने के कारण रुक जाती है। इन शाखाओं से पुनः दो-दो शाखायें उत्पन्न होती हैं तथा इस प्रकार यह क्रम चलता रहता है जैसे चमेली (Jasmine), ठीक (Teak) आदि (Fig. 91)।

(v) **बहुशाखी बहुवर्ध्यक्ष (Multiparous cyme)**—इस प्रकार के पुष्पक्रम में मुख्य अक्ष की वृद्धि एक पुष्प को उत्पन्न करने से रुक जाती है तथा मुख्य अक्ष की पर्व सन्धि (node) से दो से अधिक शाखायें भ्रमि (whorl) में उत्पन्न होती हैं। ये शाखायें भी कुछ समय पश्चात् पुष्प उत्पन्न कर समाप्त हो जाती हैं। इन शाखाये से पुनः अनेक शाखायें निकलती हैं तथा यह क्रम इस प्रकार चलता रहता है जैसे हेमेलिया, आक (calotropis) आदि (Fig. 92)।



Fig. 91—Biparous cyme,



Fig. 92—Multiparous cyme

3. विशेष प्रकार के पुष्पक्रम
(Special Types of Inflorescence)

(i) **कटोरिया (Cyathium)**—यह वास्तव में एक रूपान्तरित बहुवर्ध्यक्ष (cymose) पुष्पक्रम है जो देखने में (apparently) एक पुष्प के समान लगता है। इस पुष्पक्रम के मध्य में एक मादा पुष्प (female flower) होता है बहुत से नर पुष्पों (male flowers) से घिरा रहता है। प्रत्येक मादा पुष्प, जायांग (pistil) द्वारा प्रदर्शित होता है तथा लम्बे वृन्त जायांगधर (gynophore) पर स्थित होता है। नर पुष्प केवल पुंकेसरों (stamens) द्वारा प्रदर्शित होते हैं तथा ये संख्या में अनेक होते हैं। सभी पुष्प निपत्रों के चक्र (involucre of bract) द्वारा ढके रहते हैं। इस पुष्पक्रम में मकरन्द ग्रन्थियाँ (necteries) भी पाई जाती हैं। उदाहरण यूफोरबिया (Euphorbia) की विभिन्न जातियों (species) में (Fig. 93)।

(ii) **भ्रमियुग्म (Verticillaster)**—भ्रूमियुग्म पुष्पक्रम वास्तव में द्विशाखी

बहुवर्ध्यक्ष (dichasial cyme) का संघनित्र रूप है। इस पुष्पक्रम में पत्तियों के कक्ष में प्रायः छः अथवा अधिक छोटे-छोटे अवृन्त पुष्पों का समूह होता है तथा ये पुष्प


STAMINATE FLOWER
(♂)
PISTILLATE FLOWER (♀)
PISTILLATE FLOWER
STAMEN
ANTHER
STAMINATE FLOWER
FILAMENT
NECTOR
THALAMUS
PEDICEL
HAIRY BRACTS
INVILUCRE
Staminate Flower
Cyathium Cut Open
Cyathium

Fig. 93—Cyathium inflorescence.


OLDER FLOWER
FLOWER
YOUNG FLOWER
LEAF
LEAF
VERTCILLASTER INFLORESCENCE

Fig. 94—Verticillaster inflorescence.

पर्वसन्धि (node) पर एक झूठी भ्रमि (false whorl) बनाता है। जैसे पोदीना (mint), तुलसी (ocimum), कोलियस (coleus) आदि में (Fig. 94)।

(iii) उदुम्बर (**Hypanthodium**)—यह पुष्पक्रम वास्तव में मुण्डक पुष्पक्रम (head inflorescence) का रूपान्तरित रूप है। इसमें पुष्प दण्ड (floral axis) माँसल, चपटा तथा प्यालेनुमा होता है। इस प्याले में एक छोटा सा छेद (pore) होता है जो प्रायः शल्क-पत्रों (scaly leaves) द्वारा ढका रहता है।


MALE FLOWER
STAMEN
CALYX
FEMALE FLOWER
MALE FLOWER
CARPEL
CAVITY OF RECEPTACLE
CALYX
FEMALE FLOWER

Fig. 95—L. S. of hypanthodium inflorescence.

इसमें पुष्प प्राय: अवृन्त एवं एकलिंगी (unisexual) होते हैं । प्राय: ऊपर की ओर नर पुष्प होते हैं तथा मादा पुष्प नीचे की ओर होते हैं । जैसे अंजीर (Fig.) बरगद (Banyan), पीपल आदि में (Fig. 95) ।

प्रश्न 35—रेसोमोस व साइमोस पुष्पक्रम में अन्तर बताइये ।

Refer Q. 34 (*Rohelkhand 80*)

प्रश्न 36—निम्न पर टिप्पणी करो—

(Write notes on)—

(A) **भ्रमिपुष्पक्रम ।**
(Verticillaster Infloresence) (*Lucknow 79, Agra 83*)

(B) **कटोरिया पुष्पक्रम ।** (*Reeva 83*)
(Cythium infloresence)
(*Gorkhpur 78, Kanpur 78, Agra 83*)

(C) **स्थूलमंजरी पुषपक्रम ।** (*Rajasthan 86, Lucknow 79, Agra 77*)

(D) **उदुम्बर पुष्पक्रम ।**
(Hypanthodium inflorescence) (*Allahabad 84*)

(E) **Spikelet of wheat ?** (*Rohelkhand 87*)

(F) **केपीट्लम** (*Rohelkhand 88; Agra 83*)

(G) **कोरिम्ब** (*Rohelkhand 87; Agra 83*)

(H) **द्विशाखी ससीमाक्ष ।**
(Dichasial cyme) (*Rajasthan 86*)

Refer Q. 34

प्रश्न 37—आप एकवर्ध्यक्षीय व बहुवर्ध्यक्षीय पुष्पक्रम में कैसे पहचान करोगे ? विभिन्न प्रकार के बहुवर्ध्यक्षीय पुष्पक्रमों का उदाहरण सहित वर्णन करो।

How would you differentiate between a cymose and a Racemose inflorescence ? Describe the various kinds of cymose inflorescences with examples.

Refcr Q. 34

प्रश्न 38—"पुष्प अक्ष पर विभिन्न रूप से विन्यसित रहते हैं।" टिप्पणी करो।

"Flowers are variously arranged on the axis." Justify the statement giving examples.

Refer Q. 34

प्रश्न 39—अंजीर के उदुम्बर की उन्नति एवं नामांकित लम्बवत् काट का चित्र बनाइये।

Give suitable labelled sketch of Longitudinal section of hypanthodium of fig. (*Gorakhpur 77*)

Refer Q. 34

प्रश्न 40—रेसीसोम व साइमोस पुष्पक्रम में क्या अन्तर है ? विभिन्न प्रकार के रेसीसोम पुष्पक्रमों का सचित्र उदाहरण सहित वर्णन करो।

Refer Q. 34 (Gantock -81)

प्रश्न 41—स्पाइक व स्पैडिक्स पुष्प क्रम में अन्तर कीजिये।

(*Rohelkhand 84*)

Refer Q. 34

———

6

पुष्प
(THE FLOWER)

प्रश्न 42—पुष्प क्या है किसी प्रारूपिक पुष्प की रचना का सचित्र वर्णन करो।

What is flower? Describe the structure of flower giving diagrams.

पुष्प पौधों का सर्वाधिक सुन्दर भाग होता है तथा यह एक विशेष प्रकार का प्ररोह (shoot) है जो जनन (reproductive) कार्यों के लिये विशेष रूप से परिवर्तित हो जाता है।

पुष्प की संरचना (Structure of Flower)—

पुष्प पौधों का सबसे सुन्दर भाग है तथा ये पौधों पर एक विशेष ऋतु में लगते हैं। पुष्प पौधों की सुन्दरता बढ़ाने के साथ-साथ फल एवं बीज भी उत्पन्न करते हैं।

भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधे के पुष्पों की रचना में पर्याप्त अन्तर होता है। किन्तु यदि हम एक प्रारूपिक पुष्प जैसे सरसों आदि को देखें तो हम देखेंगे कि पुष्प एक विशेष प्रकार के डठल (petiole) द्वारा तने से जुड़ा रहता है। वृन्त या डठल का ऊपरी भाग कुछ मोटा हो जाता है और इसे पुष्पासन (thalamus) कहते हैं। पुष्पासन के ऊपर ही पुष्प के निम्न चार भाग होते हैं—

1. बाह्यदल पुंज (Calyx)
2. दल पुंज (Corolla)
3. पुमंग (Androecium)
4. जायांग (Gynoecium)

बाह्यदल पुंज (Calyx) पुष्प का सबसे बाहर का भाग है। इसमें पंक्तियों के समान हरे रंग के कई बाह्य दल (sepals) होते हैं। ये कलिका (bud) अवस्था में पुष्प की वर्षा, धूप आदि से रक्षा करता है। यह हरी होने के कारण भोजन निर्माण में भी सहायक है। कुछ पौधों में sepals भी रंगीन हो जाते हैं। प्रायः इनकी संख्या 4 या 5 होती है।

दल पुंज (corolla) पुष्प का सबसे सुन्दर भाग होता है। इसमें पत्ती के आकार की रंगीन रचना को दल या petals कहते हैं। इनकी संख्या भी प्रायः 4 या 5 होती है। इनका मुख्य कार्य परागण के समय कीट पतंगों को आकर्षित करता है।

पुमंग (androecium), पुष्प का नर (male) भाग है तथा दल पुंज (corolla) के नीचे पाया जाता है। इसमें हथोड़े की आकृति के समान अनेक रचनायें पायी जाती हैं। जिन्हें पुंकेसर (stamen) कहते हैं। इनकी संख्या सरसों में

होती है तथा अन्य पुष्पों में 2 से अनन्त तक होती है। परन्तु पुंकेसर में एक पुंतन्तु (filament) तथा दो परागकोष या anther lobe होते हैं। इन परागकोषों में अनेक पराग कण (pollen grains) भरे रहते हैं। पुमंग का मुख्य कार्य पराग कण उत्पन्न करना होता। यह पराग कण ही जायाँग (gynoecivm) पर पहुँचे फल व बीज बनने में सहायक होते हैं।

जायांग (gynoecium) पुष्प का मादा (female) भाग होता है तथा सदैव पुष्प के केन्द्र में स्थित होता है। पुष्प के इस भाग में अंग (ovules) उत्पन्न होते हैं जो गर्भाधान (fertilization) की क्रिया के पश्चात् बीज बनाते हैं। प्रत्येग जायांग एक या अनेक अण्डों (carpels) का बना होता है और इसमें तीन भाग होते हैं—

1. नीचे का फूला हुआ भाग अण्डाशय (ovary),

2. वर्तिका के ऊपरी सिरे पर वर्तिकाग्र (stigma) होता है। stigma पराग कण को ग्रहण करता है। अण्डाशय (ovary) में अनेक बीजांड (ovules) होते हैं।



Fig. 96—A typical angiosperms flower—(Diagrammatic)

यह बीजाण्ड ही निषेचन (fertilization) के बाद बीजों (seeds) में परिवर्तित हो जाते हैं। भीतर की ओर अण्डाशय की दीवार से बीजाण्ड के लगने के स्थान पर कुछ फूली हुई रचना होती हैं। इस फूले हुए स्थान को जरायु (placenta) कहते हैं जरायु पर बीजाण्ड के लगने के क्रम को जरायुविन्यास (placentation) कहते हैं। यह भिन्न-भिन्न पुष्पों में भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है।

प्रश्न 43—पुष्प क्या है ? इसकी आकारिकीय प्रकृति की विवेचना करो।
What is flower ? Describe briefly its morphological nature.

Or

प्रश्न 44—'पुष्प एक रूपान्तरित शाखा है ?" इसकी पुष्टि करो।
"Flower is a modified shoot." Justify the statement.

प्रश्न 45—पुष्प की आकारिकी पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखो। विभिन्न पुष्पीय विभागों के कार्य समझाइये। *(Kanpur 80)*

Or

प्रश्न 46—पुष्प की आकारिकी एवं वर्धी प्ररोह के बीच समानताओं का वर्णन करो।

Describe the relationship between the morphology of flower and the shoot.

पुष्प की आकारिकीय प्रकृति (Morphological Nature of Flower)

पुष्प प्रारम्भ से ही आकारिकीय (morphological) तथा अन्त: आकारिकीय (anatomical) अध्ययन के अन्तर्गत रहा है तथा इसके विषय में वैज्ञानिकों में सदैव मतभेद रहा है। बहुत अनुसन्धानों (researches) एवं अध्ययनों के उपरांत भी पुष्प की आकारिकीय प्रकृति (morphological nature) तथा जाति वंश सम्बन्ध (phylogenetic relations) एक मतभेद का विषय है।

वैज्ञानिक गोयथे (Goethe) ने बताया कि **"पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह है"** (Flower is a modified shoot)। उनका यह मत धीरे-धीरे लगभग सभी वैज्ञानिकों को मान्य हो गया। गोयथे के मतानुसार, "केवल एक ही अंग विभिन्न रूप में प्रकट हो सकता है।" उन्होंने कहा कि फल एक प्रकार के पौधे का प्ररोह (shoot) है जो विशेष रूप से प्रजनन की क्रिया के लिये परिवर्तित हो जाता है। इस प्ररोह के अक्ष (axis) को पुष्पाक्ष (Thalamus) कहते हैं तथा इस पर लगी पत्तियाँ (leaves) विभिन्न पुष्प पत्रों (floral leaves) में रूपान्तरित हो जाती हैं।

"पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह (Flower is a modified shoot) है" इस कथन को हम निम्न प्रमाणों द्वारा सिद्ध कर सकते हैं—

1. वर्धी प्ररोह (vegetative shoot) की वृद्धि (growth) प्राय: अनियमित (unlimited) होती है जबकि पुष्पों की वृद्धि प्राय: सीमित (limited) होती है। लेकिन कुछ पुष्पों में देखा गया है कि पुष्पाक्ष (thalamus) में वृद्धि होती रहती है और कभी-कभी पुष्पाक्ष पुष्प को पार कर बढ़ती रहती है जिन पर पत्तियाँ आदि पैदा होती हैं (Fig. 97) जैसे गुलाब में।



Fig. 97—A twig of Rose with flower.

2. पुष्प वर्धीप्ररोह (vegetative shoot) की भाँति स्थिति में अक्षीय (axial) अग्रीय (teminal) हो सकते हैं।

3. पुष्पाक्ष (thalamus) वास्तव में शाखा का रूपान्तर होता है जिसमें पर्व (internode) संघनित (dense) तथा अविकसित अवस्था में होता है। पुष्पाक्ष से ही पुष्प पत्रों के चारों क्रम अर्थात् बाह्य पुंज, दल पुंज, पुमंग एवं एवं जायांग निकलती हैं। ये चारों क्रम पत्ती में समान होते हैं।

कुछ पुष्पों में कैपरिस (capparis) में पुष्पाक्ष लम्बा होकर गाइनोफोर (gynophore) बनाता है जो पर्व (internode) को प्रदर्शित करता है (Fig. 99) इसी प्रकार गाइनेन्ड्रोप्सिस (gynandropsis) में पुष्पाक्ष लम्बी होकर गाइनेन्ड्रोफोर (gynandrophore) बनता है जो पंखडी (petal) व पुंकेसर (stamen) के बीच की पर्व (internode) को प्रदर्शित करता है तथा इसके ऊपर स्त्रीकेसर (pistil) होते हैं (Fig. 98) अतः इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि पुष्प एक रूपान्तरित वर्धी-प्ररोह है।



A

Fig. 98—A

A Gynandropsis flower



B

Fig. 99—B

B Capperis flower

4. पुष्प कलिका (flower buds) में निदलों (sepals) व दलों (petals) का विन्यास (aestivation) सत्यपत्रों (foliage leaves) के पर्ण-कलिका विन्यास (perfoliation) की भांति होता है।

5. दलचक्र तथा पुटचक्र पुष्पाक्ष पर उसी भांति जुड़े रहते हैं जिस प्रकार शाखा पर पत्तियां चक्रीय (wheel) रूप में लगी रहती हैं।

6. निदल (sepals) पत्तियों के ही समान हरे होते हैं। मुसेण्डा (mussenda) में एक निदल (sepals) आकार में बड़ा होकर रंगीन पत्ती में बदल जाता है।

7. कभी-कभी दल (petals) हरे होकर पत्तियों के समान हो जाते हैं जैसे हरे गुलाबों में।

8. कुछ पौधों में जैसे नीलोफर (water lily) में बाह्य (calyx) में दल चक्र (corolla) व दलचक्र से पुमंग (androecium) बनने में परिवर्तन साफ प्रतीत होते हैं। इसी प्रकार जंगली गुलाब में केवल 5 दल (petal) तथा बहुत से पुकेसर (stamen) तथा घरेलू गुलाब (cultivated roses) में बहुत से दल (petal) व बहुत कम पुंकेसर (petals) होते हैं अर्थात् पुंकेसर धीरे-धीरे दल में बदल जाते हैं। कुछ गुलाब की जातियों में अण्डप (carpel) हरे होकर पत्ती का रूप ले लेते हैं। कभी-कभी पुंकेसर व अण्डप रंगीन होकर दलों (petals) का रूप ले लेते हैं जैसे जीनिया (Zinnia) में। इस प्रकार स्पष्ट है कि पुष्प के चारों चक्र पत्तियों का ही रूपान्तरण है जो पुष्पाक्ष पर चक्रीय विन्यास में लगे रहते हैं।



Fig. 100—Flower Mussaenda.

9. अण्डप (carpel) एक रूपान्तरित पत्ती है। इसे विभिन्न प्रमुख वैज्ञानिकों जैसे प्रो० वी० पुरी (भारतीय वैज्ञानिक) तथा प्रो० ईमस (Eams) आदि ने अपने विचारों एवं अनुसन्धानों से सिद्ध कर दिया है।

10. अगेव (Agave) आदि पौधों में पुष्पक्रम (inflorescence) पर स्थित पुष्प कलिकायें (flower buds) कभी-कभी पर्ण कलिकाओं (leafy buds) में रूपान्तरित होकर पत्रकन्द बनाती हैं जो वर्धी प्रजनन (vegetative repoduction) में सहायक होती है।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह (shoot) है।

प्रश्न 47—बाह्यदल पुंज व दल पुंजों के विभिन्न प्रकारों एवं कार्यों का वर्णन करो।

Describe the various forms of calyx and corolla and state their different functions.

बाह्यदल पुंज (Calyx)

बाह्यदल पुंज (calyx) पुष्प का सबसे बाह्य चक्र (outer whorl) है तथा यह सामान्य रूप से हरे रंग का होता है। बाह्यदल पुंज (calyx) में कई बाह्यदल (sepals) होते हैं। यदि बाह्यदल (sepals) स्वतन्त्र (free) हो तब इसे **पृथक् बाह्यदल** (Polysepalous) कहते हैं। अब, यदि बाह्यदल (petals) संयुक्त (fused) हो तब इसे संयुक्त **बाह्यदली** (Gamosepalous) कहते हैं। कुल कम्पोजिटी (family compositae) में बाह्यदल (sepals) रोम समान (hair like) हो जाते हैं, या इन्हें पेपस (pappus) कहते हैं। बाह्यदल (sepals) **शीघ्रपाती** (Cadcous) [जब बाह्यदल कलिका खिलते ही गिर जाते हों] अथवा **आशुपाती** (Deciduous)

[जब बाह्यदल पुष्प के मुरझाने पर गिरती हो] अथवा **चिरस्थायी** (persistant) [जब बाह्यदल फल निर्माण के बाद तक लगी रहती है] हो सकती है।

कभी-कभी बाह्यदल (sepals) दल समान (petaloid) होती है तथा कभी-कभी बाह्यदल स्पर युक्त (spured) हो जाती है जैसे लार्क स्पर (lark spur) में **सालविया** (Salvia) में बाह्यदल (sepals) द्विलिपिक (bilabiate) हो जाता है। कभी-कभी कुछ पौधों में यह नाल समान (tube like) रचना बना लेता है।

बाह्यदलों (sepals) का मुख्य कार्य बाल अवस्था (young stage) में पुष्प अंगों (floral parts) की रक्षा करना है। इसके साथ-साथ ये भोजन निर्माण किसी को आकर्षित करने तथा बीजों के वितरण (dispersal of seeds) में भी सहायक होते हैं।



Fig. 101—Various forms of Calyx.

दलपुंज (Corolla)

दलपुंज (Corolla) पुष्प का द्वितीय चक्र (second whorl) है। दलपुंज बड़ा (large) तथा विभिन्न प्रकार से रंगीन (coloured) होता है। दलपुंज (corolla) में कई दल (petals) होते हैं। यदि दल (petals) स्वतन्त्र (free) हों तब इसे पृथक् दलीय (polypetalous) कहते हैं तथा आर्य दल (petals) संयुक्त (fused) हों तब इसे संयुक्त दलीय (gamopetalous) कहते हैं। दल (coroll) जब कभी हरे रंग का होता है तब इसे sapaloid कहते हैं।

दलपुंज (corolla) नियमित (regular i.e., radially symmetrical) अथवा अनियमित (irregular or bilaterally symmetrical) हो सकता है।

नियमित दलपुंज (regular corolla) निम्न प्रकार का हो सकता है—

1. क्रास रूप (Cruciform)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) में चार स्वतन्त्र दल (petals) के रूप में विन्यसित (arranged) रहते हैं जैसे मूली आदि में।

2. कीपाकार (Funnel shaped)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) संयुक्त पाती (gamopetalous) होता है तथा इसकी आकृति एक कीप के समान होती है जैसे धतूरा, रेलवे क्रीपर (railway creeper) आदि में।



Fig. 102 A—Gamopetalous condition.



Fig. 103 B—Polypetalous condition.

3 चक्राकार (**Rotate or wheel shaped**)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) की जाल छोटी अथवा लम्बी व संकरी (narrow) होती है तथा दल चक्र पहिये के समान समकोण बनाता हुआ बाहर की ओर फैला रहता है जैसे आलू, गोली आदि में।

4. केरियोफाइलेसियस (**Caryophyllaceous corolla**)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) में प्राय: पाँच स्वतन्त्र दल (free petals) होते हैं। इनमें नख (claw) छोटे तथा फलक (limb) बड़े व बिखरे हुए (spread) होते हैं तथा नख फलक के साथ समकोण (right angle) बनाते हैं सेपोनेरिया (saponaria) डायन्थेस (dianthus) आदि में।

5 रोजेसियस (**Rosaceous corolla**)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) में भी स्वतन्त्र दल (free petals) होते हैं। इन दलों के नख (claws) बहुत छोटे तथा फलक (limb) बाहर की ओर फैले हुए होते हैं जैसे गुलाब, आड़ू आदि में।

6. नलिकाकार (**Tubular corolla**)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) दल संयुक्त होकर एक लम्बी नली समान रचना बना लेते हैं जैसे सूरजमुखी, गेंदा आदि के disc florates।

7. घण्टाकार (**Campanulate or bell shaped corolla**)—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) युक्तादली (gamopetalous) होता है तथा एक घण्टी (bell) के सदृश्य रचना धारण कर लेती है जैसे कुकरबिटस (cucurbitus) में।

अनियमित दलपुंज (irregular corolla) निम्न प्रकार का हो सकता है:

(1) अगास्तिक दलपुंज (**Papilionaceous or Butterfly like** corolla)—इस प्रकार का दलपुंज लेग्यूमीनेसी कुल के उपयुक्त पेपीलियोनेटी में पाया जाता है। इसमें पाँच स्वतन्त्र दल (petals) होते हैं। सबसे ऊपरी दल बड़ा होता है तथा ध्वज (standard) अथवा (vexillum) बदलता है। इसके नीचे दो दल पक्ष (wing) होते हैं तथा नीचे के दो दल संयुक्त होकर नोतल (keel) कहलाते हैं जैसे—मटर, सेम, चना आदि में।

(2) द्वि-ओष्ठी दलपुंज (**Bilabiate Corolla**)—इस प्रकार का दलपुंज


CRUCIFORM
CARYOPHYLLACEOUS
ROSACEOUS
CAMPANULATE
INFUNDIBULIFORM
HYPOCPATERIFORM
PAPILIONACEOUS
BILABILATE
TUBULAR
LIGULATE
URCEOLATE
SHAPES OF COROLLA

Fig. 104—Various forms of corolla.


BILABIATE
LIGULATE
PAPILIONACEOUS
GLOBOSE
CAMPANULATE
TUBULAR
CAURET
ROTATE
PERSONATE
SHAPES OF COROLLA

Fig. 105—Various forms of corolla.

(coralla) दो ओष्ठों (two lips) में विभाजित होता है जैसे तुलसी (ocimum), सेजविया (salvia) आदि में।

(3) **जीभाकार दलपुंज (Ligulate or strap shaped Corolla)**—इस प्रकार के दलपुंज (corolla) की आकृति जीव के समान होती हैं। इस प्रकार का कोरोला प्राय: कम्पोजिटी कुल के Ray florates में पाया जाता है।

(4) **दलपुट दलपुंज (Spurred Corolla)**—इस प्रकार के कोरोला में एक दल (petals) नलिका सदृश्य (tube like) अतिवृत्ति (outgrowth) बना लेता है जिसे दलपुट (spur) कहते हैं जैसे लार्कस्पर (larkspur) आदि में।

प्रश्न 48—क्रूसीफोरम व केरियो फिल्लोसियस दलपुंज में अन्तर बताइये। (*Rohilkhand 80*)

Refer Q. 47

प्रश्न 49—एक प्रारूपिक पुष्प का वर्णन करो तथा तीन प्रकार के दलपुंज का वर्णन करो।

Describe a typical flower and mention any three forms of Corolla. (*Nagpur 79*)

प्रश्न 50—क्रूसीफोर्म कोरोला पर टिप्पणी। (*Rajasthan 78*)

कृपया प्रश्न 47 देखें।

पुष्प दल विन्यास (Aestivation)

प्रश्न 51—पुष्पीय व्यक्तियों के पुष्पदल विन्यास पर टिप्पणी करो।

Write a note on aestivation of floral leaves.



Fig. 106—Various types of Aestivation

पुष्प पुष्पकलिका (floral bud) बाह्य दलों (sepals), दलों (petals) के एक दूसरे के साथ एक ही चक्र में लगने के विशेष क्रम (mode of arrangement) [with respect to the members of same whorl (calyx or corolla) को पुष्प दल विन्यास (aestivation) कहते हैं। यह निम्न प्रकार का होता है—

(1) कोरस्पर्शी (Valvate) पुष्प दल विन्यास—

इस प्रकार में बाह्य दल (sepals) अथवा दल (petals) के किनारे (margins) एक दूसरे के निकट रहते हैं परन्तु ये एक दूसरे को ढकते (over lap) नहीं है जैसे अनानास (pine apple) में (Fig. 106)।

(2) व्यावर्तित (Twisted or contorted) पुष्प दल विन्यास—

इस प्रकार में बाह्य दल (sepals) अथवा दलों (petals) का एक सिरा दूसरे के नीचे होता है अर्थात् ये ऐंठे हुए (twisted) होते हैं जैसे कपास, गुड़हल आदि (Fig. 106)।

(3) कोरछादी (Imbricate) पुष्प दल विन्यास—

इस प्रकार में प्राय: एक दल (petal) अथवा बाह्य दल (sepal) पूर्ण रूप से अन्दर तथा एक पूर्ण रूप से बाहर होता है तथा शेष एक दूसरे से एक किनारे से ढके रहते हैं जैसे अमलताश (cassia), बाहीनिया (Bauhinia), आदि में (Fig. 106)।

(4) ध्वजकीय (Vexillary) पुष्प दल विन्यास—

इस प्रकार में दल (petals) होते हैं। इसमें ऊपरी दल सबसे बड़ा होता है तथा standard कहलाता है। दोनों ओर दो पक्ष (wings) होते हैं तथा नीचे दो दल संयुक्त हो keel होते हैं जैसे मटर (pea) में (Fig. 106)।

प्रश्न 52—वैक्सीलरी एसटीवेशन पर टिप्पणी कीजिये। (*Kanpur 78*)

Refer Q. 51

प्रश्न 53—त्रिज्यासममित एवं एकव्याससममित पुष्प में पहचान करो।

Differentiate between actinomorphic and zygomorphic flower.



Fig. 107—

त्रिज्यासममित पुष्प (Actinomorphic flower)—

वे पुष्प होते हैं जिनमें पुष्पांग (flaral organs) इस प्रकार विन्यसित हों कि

पुष्प के मध्य से गुजरता हुआ कोई भी लम्बवत काट (verticle section) पुष्प को दो समान भागों में विभाजित कर दे जैसे सरसों का पुष्प (Fig 107)।

एकव्याससममित पुष्प (Zygomorphic flower)—

वे पुष्प होते हैं जिन्हें दो बराबर भागों में विभाजित करने के लिये एक-एक ही दिशा में काटा जा सकता है जैसे मटर (pea) आदि का पुष्प (Fig. (7)।

प्रश्न 54—पुष्प पत्रकों के पुष्पासन पर लगने के विभिन्न क्रमों को समझाइये।

Describe the various modes of insertion of floral leaves on the thalamus.

पुष्प पत्रकों (floral leaves) का पुष्पासन (thalamus) पर स्थित एवं लगने के क्रमानुसार पुष्प तीन प्रकार के हो सकते हैं—

(1) जायांगधर अथवा ऊधोजाय (Hypogynous)—

इन पुष्पों में पुष्पासन (thalamus) उत्तल (convex) एवं शंक्वाकार (conical) होता है तथा इस पुष्पासन पर अण्डाशय (ovary) सबसे ऊपर होती है। दल, बाह्यदल व पुंकेसर (petals, sepals, stamens) क्रमानुसार इसके नीचे होते हैं। इस प्रकार के पुष्पों में अण्डाशय (ovary) **उत्तरवर्ती** (superior) होती है। जैसे सरसों, बैंगन, गुड़हल (Fig. 108)।

(2) परिजाय अथवा परिजायांगी (Perigynous)—

इस प्रकार के पुष्पों में पुष्पासन (thalamus), अण्डाशय (ovary) के चारों ओर एक प्याले के समान रचना बना लेता है तथा अण्डाशय मध्य में स्थित रहता है।


STYLE
STAMEN
PETAL
SEPAL
OVARY
RECEPTACLE
Hypogynous
A
STYLE
STAMEN
PETAL
SEPAL
OVARY
FLORAL PARTS USED TO FORM A FLORAL TUBE
Perigynous
B

बाहर की ओर दल, बाह्यदल व पुंकेसर पाये जाते हैं। इन पुष्पों का अण्डाशय उत्तरवर्ती (Superior) होता है जैसे मटर (pea), गुलाब (rose) आदि में Fig. 108 B, C)।



Fig. 108—Insertion of floral leaves

(3) उपरिजय अथवा जायांगोपरिक (Epigynous)—

इस प्रकार के पुष्पों में पुष्पासन (thalamus) किनारों पर अधिक विकसित होकर अण्डाशय को पूर्ण रूप से ढक लेता है तथा दल (petals), बाह्यदल (sepals), पुंकेसर (stamens), अण्डाशय के ऊपर लगे रहते हैं। इस प्रकार के अण्डाशय (ovary) को अधोवर्ती (inferior) कहते हैं जैसे लौकी, खीरा आदि में (Fig 108)।

प्रश्न 55—Perigynous व epigynous पुष्पों में अन्तर कीजिये।

Refer Q. 54 (*Rooelkhand 84*)

प्रश्न 56—आसंजन एवं सलांग का क्या अर्थ है? पुंकेसर के सम्बन्ध में उचित उदाहरण दीजिये। पुंतन्तु के परागकोष से जुड़ाव पर भी टिप्पणी लिखो।

What is meant by Adhesion and Cohesion? Give suitable example with reference to stamens. Also add a note on attachment of filament of the anther.

आसंजन (Adhesion)

आसंजन (adhesion) शब्द द्वारा दो विभिन्न चक्रों के परस्पर जुड़ने का बोध होता है (**Adhesion is a phenomenon which expresses the union of two different whorls**) पुकेसर में (stamens) निम्न प्रकार का आसंजन (adhesion) पाया जाता है।

(1) परिदललग्न (Epiphyllous)–पुंकेसर (stamen) के पुंतन्तु (filament)


ANTHER LOBES
CONNECTIVES
FILAMENTS
MONOTHECOUS
DITHECOUS

Fig. 109—

परिदलों (perianth) से जुड़े रहते हैं तथा परागकोष (anther) स्वतन्त्र रहते हैं जैसे प्याज में ।

(2) **दल लग्न (Epipetalous)**—इनमें पुंकेसर (stamens) अपने पुंतन्तु (filament), परिदलों (perianth) से जुड़े रहते हैं जैसे सूर्यमुखी, आलू आदि।

(3) **पुजायांगी (Gynandrous)**—इसमें पुंकेसर (stamens), जायांग (gynoecium) से जुड़े रहते हैं जैसे सूर्यमुखी, आलू आदि ।

सलांग (Cohesion)

सलांग (cohesion) शब्द द्वारा एक ही चक्र में जुडाव (union of same whorl) का बोध होता है । जैसे बाह्यदल का बाह्यदल से (sepals with sepals), दल का दल से (petals with petals), पुंकेसर का पुंकेसर से (stamens with stamens) आदि-आदि ।


SYNAN DROUS
SYNGEN-ESIOUS
POLYADEL-PHOUS
DIADEL-PHOUS
MONADEL-PHOUS

Fig. 110—Cohesion of stamens.

पुंकेसरों में सलांग (cohesion of stamens) निम्न प्रकार का होता है—

1. **एकसंघी (Monoadelphous)**—इस प्रकार में सभी पुंकेसरों (stamens) के पुंतन्तु (filaments), संयुक्त (unite), होकर एक नली समान रचना बनाते हैं तथा परागकोष (anther lobes) स्वतन्त्र रहते हैं जैसे कुल मालवेसी (family malvaceae) के सदस्यों में कपास, गुड़हल में (Fig. 110)।

2. **द्वि-संघी (Diadelphous)**—इस प्रकार में पुंकेसर के पुंतन्तु संयुक्त होकर कई तण्डल बना लेते हैं जैसे मटर आदि में (Fig. 110)।

3. **बहुसंघी (Polyadelphous)**—इस प्रकार से पुंकेसरों के पुंतन्तु संयुक्त होकर कई बण्डल बना लेते हैं जैसे नीबू (citrus) में (Fig. 110)।

4. **युक्तकोषी (Syngenesious)**—इसमें पुंकेसरों के पुंतन्सु (filaments) स्वतन्त्र रहते हैं तथा परागकोष (anthers) एक दूसरे से जुड़े रहते हैं जैसे सूर्यमुखी में (Fig. 110)।

5. **समपुमंगी (Synandrous)**—इस प्रकार में पुंकेसर अपनी लम्बाई में (अर्थात् पुंतन्तु परागकोष) जुड़े (unite) रहते हैं जैसे कुकरबीटेसी कुल के सदस्यों (in members of family cucurbitaceae) (Fig. 110)।


FERTILE ANTHER LOBE
CONNECTIVE
CONNECTIVES
STERTILE ANTHER LOBE
APPENDIX
PEDICEL
DISCRETE
DIVARICATE
DISTRACTILE
APPENDICULATE

CONNECTIVES

Fig. 111—

पुंकेसरों की लम्बाई (Length of stamens)

1. **चतुर्दीर्घ अवस्था (Tetradynamous condition)**—इस अवस्था में छः पुंकेसरों में से चार पुंकेसर लम्बे व दो पुंकेसर छोटे होते हैं जैसे क्रूसीफेरी कुल के सदस्यों में (Fig. 113 B)।

2. **द्विदीर्घी अवस्था (Didynamous condition)**—इस अवस्था में चार पुंकेसरों में से दो लम्बे व दो छोटे होते हैं जसे लेबियेटी कुल के सदस्यों में।

परागकोष का पुंतन्तु से जुड़ाव
(Attachment of filament to the anther)

पुंकेसरों (stamens) में परागकोष (anther), पुँतंन्तुं (filament) से निम्न प्रकार जुड़े रहते हैं—



Fig. 112—Cohesion of stamens.


PISTIL
STAMEN
A
B

Fig. 113—(A) Didynamous stamen, (B) Tetradynamous condition of stamen.

A. आधार लग्न (Basifixed)—इस प्रकार के पुँतन्तु (filament) परागकोष (anther) से नीचे की तरफ आधार (base) पर जुड़ा रहता है जैसे सरसों (brassical), धतूरा आदि में (Fig. 114)।

B. संलग्न (Adnate)—इस प्रकार से पुंतन्तु परागकोष की दोनों पालियों


BASIFIXED
ADNATE
DORSIFIXED
A
B
VERSATILE

Fig. 114—Attachment of filament to the anther.

(lobes) के बीच आधार से अग्र (base of apex) तक होता है जैसे तम्बाकू (Nicotiana), मैग्नोलिया (Magnolia) आदि में (Fig. 114)।

C. पृष्ठलग्न (**Dorsifixed**)—इस प्रकार में पुंतन्तु परागकोष की पृष्ठ (dorsal) सतह से जुड़ा रहता है जैस पैसन पुष्प (passion flower) में।

D. मुक्तदोली (**Versatile**)—इस प्रकार में परागकोष पुंतन्तु से अपनी पृष्ठ सतह पर इस प्रकार जुड़ा रहता है कि यह हवा चलने पर किसी भी दिशा में हिल डुल सके गेहूँ, धान (rice), मक्का में। (Fig. 114)।

प्रश्न 57—Syngenesious anthers पर टिप्पणी कीजिये।

(*Kanpur 87, Allahabad 77, Lucknow 80*)

Refer Q. 56

प्रश्न 58—Tetradynamous Stamen पर टिप्पणी लिखिए।

(*Rajasthan 78*)

Refer Q. 56

प्रश्न 59—Polyadelphous stamen पर टिप्पणी लिखिये।

Refer Q. 56 (*Rajsthan 78*)

प्रश्न 60—Adelphous तथा Syngenesious condition में अंतर कीजिये।

Refer Q. 56 (*Rohelkhand 84*)

प्रश्न 61—आवृतबीजीय पौधों में पाये जाने वाले विभिन्न प्रकार के जायांगों का वर्णन करो।

Describe the various types of gynoecia met in angiosperms.

जायांग (gynoecium) पृष्ठ का सबसे भीतरी चक्र (inner most whorl of flower) है तना इसमें एक से अनेक तक अण्डप (carpels) होते हैं। अण्डप (carpel) एक फलास्क के समान रचना होती है जिसमें नीचे का फूला भाग अण्डाशय (ovary), नली समान रचना वर्तिका (style) तथा ऊपर चपटा घुँडीदार (flattened knobed). मान वर्तिकाग्र (stigma) होता है। कुछ पौधों में जैसे poppy, argemone में वर्तिका (style) छोटी अथवा अनुपस्थित होती है।

जायांग (gynoecium or pistil) में अग्डपों (carpels) की संख्यानुसार, जायांग (gynoecium), **एकअण्डपी** (monocarpellary), **द्विअण्डपी** (bicarpellary), **त्रिअण्डपी** (tricarpellary), चतु:अण्डपी (tetracarpellary), पंचअण्डपी (pentacarpellary) अथवा बहुअण्डपी (multicarpellary) हो सकता है।


UNILOCULAR


BILOCULAR


TRILOCULAR



TETRALOCULAR PENTALOCULAR

Fig. 115—Ovary.


ROSE
NELUMBIA
Apocarpous Pistils

Fig. 116—Apocarpus pistils.


PISTIL
RANUNCULUS
ARTABOTHYS
APOCARPOUS PISTILS

Fig. 117—Apocarpous pistils.

जब अण्डपों (carpels) की संख्या एक से अधिक हो तथा सभी अंडप स्वतन्त्र (free) अवस्था में हों तब इसे **वियुक्ताअण्डपी (Apocarpous)** कहते हैं रेननकुलस (ranunculus), गुलाब (rose) आदि।

जब अण्डपों (carpels) की संख्या एक से अधिक हो तथा सभी अण्डप परस्पर एक-दूसरे से जुड़े हों तब इस अदस्था को **युक्ता अण्डपी (syncarpous)** कहते हैं।

अण्डपों (carpels) का जुड़ाव (fusion) भी विभिन्न पौधों में विभिन्न प्रकार से हो सकता है। जैसे अलसी (linseed) में अण्डप (carpel), अण्डाशय


POD
PLACENTA
OVULE
PLACENTA
OVULE
POD
T.S. POD
FRUIT
T.S. FRUIT

Fig. 118—Cohesion of carpels.


STIGMA
STYLE
OVARY
THALAMUS
THALAMUS
FREE STIGMA
FREE STYLES
FREE OVARIES
FREE OVARIES

Fig. 119—Syncarpous pistils.

(ovary) भाग में संयुक्त (fused) रहता है तथा वर्तिका व वर्तिकाग्र (style and stigma) भाग में स्वतन्त्र रहता है। गुड़हल, कपास आदि में अण्डप अण्डाशय से वर्तिका के भागों में संयुक्त (unite) तथा वर्तिकाग्र (stigma) भाग में स्वतन्त्र रहते हैं। मदार (Calotropis) में अण्डप वर्तिकाग्र (stigma) भाग में जुड़े हुए तथा वर्तिका (style) व अण्डाशय (ovary) भाग में स्वतन्त्र रहते हैं।

प्रश्न 62—जरायुन्यास की परिभाषा करो। विभिन्न प्रकार के जरायुन्यासों का वर्णन करो।

Define placentation. Describe with diagrams the different types of placentation.

अथवा (Or)

प्रश्न 63—आवृतबीजी पौधों में जरायुन्यास पर निबन्ध लिखो।

Write a brief essay on placentation in angiosperms.

(*Vikram 78*, *Kanpur 79*)

जरायुन्यास (Placentatioa) :

जैसा कि हमने ऊपर पुष्प की रचना में देखा कि पुष्प के स्त्री जननांग (female reproductive organ) स्त्रीकेसर (pistil) में अण्डाशय (ovary) के अन्दर बीजाण्ड (ovules) स्थित रहते हैं। ये बीजाण्ड (ovule) प्राय: अण्डाशय के अन्दर एक तन्तु द्वारा जुड़े रहते हैं जिसे जरायु (placenta) कहते हैं।

बीजाण्डों (ovules) के जरायुओं (placenta) से अण्डाशय (ovary) में जुड़े रहने के क्रम को जरायुन्यास (placentation) कहते हैं।

अण्डाशय (ovary) में जरायुओं (placenta) के वितरण के आधार पर जरायुन्यास (placentation) निम्न प्रकार का होता है—

1. सीमान्त अथवा प्रान्तस्थ (Marginal placentation)—इनमें अण्डाशय सरल तथा एक कोष्ठीय होता है तथा इनमें जरायु (placenta) अक्षक सन्धि या अण्डपों (carpels) के संयुक्त स्थान से निकलता है। इसमें बीजाण्ड (ovules) अण्डाशयों (ovary) के उपान्तों (margins) पर स्थित होते हैं। जैसे मटर, चना आदि में (Fig. 120)।

2. अक्षीय या अक्षवर्ती जरायुन्यास (Axile placentation)—इसमें अण्डाशय बहुकोष्ठीय (multichambered) होता है। इसमें जरायु (placenta) अण्डाशय के मध्य अक्ष (central axis) से निकलता है तथा उन पर बीजाण्ड (ovules) स्थिर रहते हैं जैसे नींबू, सन्तरा, नारंगी आदि में (Fig. 120 E)।

3. मुक्त केन्द्रीय जरायुन्यास (Free central placentation)—इसमें अण्डाशय एककोष्ठीय (unilocular) होता है तथा जरायु (placenta) अण्डाशय के मध्य अक्ष (central axis of ovary) से बनता है जिस पर बीजाण्ड लगे रहते हैं। जैसे **स्टीलेरिया** (stellaria), **पिंक** (Dianthus) आदि में (Fig. 120)।

4. भित्तिलग्न जरायुन्यास आधार (Parietal placentation)—इसमें प्राय: अण्डाशय एक कोष्ठीय (unilocular) होता है लेकिन कभी-कभी कृत्रिम भित्ति बनाने के कारण यह द्विकोष्ठीय (Bilocular) हो जाता है जैसे सरसों में। जरायु

पुष्प

(placenia) अण्डाशय की दीवार के अन्दर की ओर किनारे पर समूह में होता है (Fig. 120) ।

5. आधार लग्न जरायुन्यास (**Basal Placentation**)—इसमें अण्डाशय प्राय: द्विअण्डपी (Bicarpellary) व एककोष्ठीय (unilocular) होता है । इसमें जरायु (placenta) अण्डाशय के आधार पर सीमा पुष्पाक्ष से लगा रहता है । इसमें जरायु (placenta) में प्राय: एक ही बीजाण्ड (ovule) होता है । जैसे सूरजमुखी, गेंदा में (Fig. 120) ।

6. तललग्न अथवा धरातलीय लग्न जरायुन्यास (**Superficial placentation**)—इसमें जण्डाशय बहुकोष्ठीय होता है, इसमें बीजाण्ड युक्त जरायु (placenta with ovule) अण्डाशय की भीतरी दीवार की सतह पर चारों ओर विकसित होते हैं। जैसे वाटर लिली (water lily) निम्फीया (Nymphaea) आदि में (Fig. 120) ।



Fig. 120—Different types of placentation.

प्रश्न 64—Free Central placentation को समझाइये ।

(*Kanpur 76, Rajsthan 78, 83*)

Refer Q. 63

प्रश्न 65—Placentation पर टिप्पणी कीजिये । (*Jiwaji 81*)

प्रश्न 66—Superficial plecentation पर टिप्पणी लिखिये ।

(*Gorakhpur 84*)

Refer Q. 63

प्रश्न 67—निम्न की टेक्नीकल टर्मस दीजियेगा—

Give technical terms of the following—

1. पुष्प जिसके प्रत्येक चक्र में पाँच होते हों ।
Flowers with five parts in each whorl.
उत्तर—पंचतयी (pentamerous)

2. पुष्पक्रम जिसमें एकलिंगी व द्विलिंगी दोनों प्रकार के पुष्प हों ।
Inflorescence having both unisexual and bisexual flowers.
उत्तर—मुण्डक (capitulum)

3. नर व मादा पुष्प पृथक्-पृथक् पौधों पर उत्पन्न हों ।
Male and female flowers born on separate plants.
उत्तर—Dioecious.

4. पुष्प जिसमें परागकोष के परिपक्व होने से पहले जायांग परिपक्व हो जाता हो ।
Flowers in which gynoecium mature before anther.
उत्तर—Protogamous flower.

5. जायाँग जिसमें स्वतन्त्र अण्डप हो ।
Gynoecium having free carpels.
उत्तर—वियुक्ताण्डपी (apocarpus)

6. पुष्प में दो लम्बे व दो छोटे पुंकेसर होते हों ।
उत्तर—द्विदीर्घी (didynamous)

7. नर व मादा पुष्प एक पौधे पर उत्पन्न हो रहे हों ।
Male and female flowers are born on the same plant.
उत्तर—Monoecious ।

प्रश्न 68—Marginal व Parietal placentation में अन्तर कीजिये।

Refer Q. 63 (*Rohelkhand 84*)

प्रश्न 69—Diplostemenous एवं obdiplostemenous Condition में चित्र द्वारा अन्तर बताइये ।

Refer Fig. 121



Diplostemonous CONDITION

OBDIPLOSTE MONOUS CONDITION

Fig. 121

7

परागण

(Pollination)

प्रश्न 70—पुष्पों में परागण विधियों पर संक्षिप्त में निबन्ध लिखो।

Write a short essay on the methods of pollination in flowers.

पुमंग (Androecium) के परागकोष (Anther lobes) से वर्तिकाग्र (stigma) पर पराग कणों (pollen grains) के स्थानान्तरण को परागण (pollination) कहते हैं। पराग कण जन उसी पुष्प के वर्तिकाग्र (stigma) पर पहुँचते हैं तो इस क्रिया को स्वयं परागण कहते हैं। इस प्रकार का परागण केवल उभयलिंगी (Bisexual) पुष्पों में हो सकता है। स्वयं परागित पुष्प प्राय: बहुत छोटे होते हैं और इनमें रंगीन दलों (petals) मकरन्द तथा सुगन्ध का अभाव होता है (चित्र 122)।



Fig. 122—Self Pollination.



Fig. 123—Cross Pollination.

पर परागण (Cross Pollination)—जब एक पुष्प के पराग कण उसी जाति के दूसरे पुष्पों के वर्तिकाग्र (stigma) पर पहुँचते हैं तो इस क्रिया को पर-परागण कहते हैं (चित्र 123)। अधिकांश पौधों में पर-परागण होता है। वास्तव में यह अधिक उपयोगी है क्योंकि पर-परागित पुष्पों के बीज अधिक स्वस्थ तथा पुष्ट होते हैं।

स्वयं परागण (Self Pollination)—

स्वयं परागण एक पुष्प के पराग कणों (pollen grains) का स्थानान्तरण (transferous) उसी पुष्प के वर्तिकाग्र (stigma of the same flowers) होने की क्रिया है। स्वयं परागण के लिये पुष्प द्वि-लिंगी (Bisexual) होने चाहियें तथा निम्न में कोई अनुकूलता (adaption) होनी चाहिये।

(1) **समपक्वता (Homogamy)**—इस प्रकार में द्विलिंगी पुष्प (Bisexual flowers) ऐसे होने चाहियें जिनमें जायांग (gynoecium) व पुमंग (androecium) साथ-साथ परिपक्व (mature) होते हों, जिससे कि स्वयं परागण सम्भव हो सके इस प्रकार के पुष्पों में परागकणों का स्थानान्तरण वर्तिकाग्र पर निम्न प्रकार से हो सकता है—

(a) पराग कण हवा या कीटों द्वारा वर्तिकाग्र तक पहुँच जाये।

(b) पुंकेसरों (stamen) के पुंतन्तुओं (filaments) का इस प्रकार मुड़ना कि पराग कोष (anther lobes) वर्तिकाग्र के समीप आकर फट जाये। जैसे मिरेबील्स (mirabils) में।

(c) वर्तिकाग्र (stigma) का लम्बा एवं कुण्डलित (coiled) होकर पराग कोषों (anther) को छूना जैसे सूरजमुखी में।

(2) **निमीलिता (Cleistogamy)**—वें पुष्प जो कभी नहीं खिलते हैं उन्हें **निमीलिता पुष्प** (cleistogamous flowers)कहते हैं। ये पुष्प द्वि-लिंगी (bisexual) छोटे एवं रंगहीन होते हैं। इन पुष्पों के वर्तिकाग्र एवं परागकोष एक दूसरे के बहुत समीप होते हैं तथा कभी-कभी एक-दूसरे के चारों ओर लिपटे रहते हैं। पराग कोष के फटने पर पराग कण उसी पुष्प के वर्तिकाग्र पर गिरकर क्रिया कर देते हैं जैसे मूंगफली (groundnut), कनकोआ (commelina bengalensis), नापोला (viola), आदि में।

स्वयं परागण से लाभ (Advantages of Self-pollination) :

(1) स्वयं परागण द्वारा पौधों में जातीय शुद्धता (purity of races) बनी रहती है।

(2) पराग कण (pollen grains) व्यर्थ नहीं जाते हैं।

(3) परागण के असफल होने की बहुत कम सम्भावना है।

स्वयं परागण से हानियाँ (Disadvantages of Self-pollination) :

(1) नई जातियाँ व नई किस्मों की उत्पत्ति रुक जाती है।

(2) निरन्तर स्वयं परागण होते रहने के कारण अगली पीढियाँ (generations) कमजोर होती रहती हैं।

पर-परागण (Cross Pollination)

पर-परागण (cross pollination) में एक पुष्प के परागकण दूसरे पुष्प के वर्तिकाग्र (stigma) पर गिरते हैं। इस प्रकार के परागण के लिये बाहरी साधनों की आवश्यकता होती है।

प्रायः पर-परागण निम्नलिखित चार विधियों से होता है—

(1) **वायु द्वारा (Wind Pollination or Anemophilous)**—जिन पुष्पों में वायु एक पुष्प के पराग कोष (anther lobes) से परागकण लेकर दूसरे फल के वर्तिकाग्र तक पहुँचने में सहायता देती है उन्हें वायु परागित पुष्प कहते हैं। ऐसे पुष्प प्रायः सफेद रंग के तथा बहुत छोटे होते हैं। इन पुष्पों में मकरन्द एवं सुगन्ध का भी अभाव रहता है। इनमें परागकण बहुत अधिक संख्या में उत्पन्न होते हैं। इनमें

परागकण प्रायः हल्के, सूखे और चिकने होते हैं। मक्का, गेहूँ, जौ, धान आदि इनके अच्छे उदाहरण हैं।

(2) **कीट परागण** (**Insect pollination or Entomophily**)—इस क्रिया में एक पुष्प परागकण दूसरे पुष्प के वर्तिकाग्र पर की पतंगों द्वारा पहुँचाये जाते हैं। अनेक प्रकार के कीट जैसे तितली, भौंरा, मधुमक्खी तथा अन्य छोटे-छोटे पतंगे परागकण क्रिया में सहायता देते हैं। कीट परागण पुष्प प्रायः बड़े रंगीन, सुगंधित, मकरन्द युक्त होते हैं। इस प्रकार का परागण सरसों, मटर, सालविया, अंजीर आदि में सामान्य रूप से पाया जाता है। इन पुष्पों के पारगकण प्रायः लसलसे या काँटेदार होते हैं जिससे ये कीट पतंगों की टाँगों से भली प्रकार चिपट सकें।

(3) **जल परागण** (**Water pollination or Hydrophily**)—इसमें एक पुष्प के परागकण दूसरे पुष्प के वर्तिकाग्र पर जल द्वारा पहुँचाये जाते हैं। यह क्रिया प्रायः कम पौधों में होती है क्योंकि जल में रहने वाले पौधों के पुष्प भी प्रायः जल से बाहर निकलते हैं और उसमें कीट परागण हो जाता है। जल परागित पुष्पों का सबसे अच्छा उदाहरण **वैलिसनैरिया** नाम का जलीय पौधा है। इस पौधे के पुष्प एकलिंगी होते हैं। नर पुष्प पानी की सतह पर तैरते रहते हैं। मादा पुष्प में एक लम्बा और कुण्डलित डण्ठल होता है जिससे पौधे अलग किये बिना ही ये पानी की सतह पर आ जाते हैं। नर पुष्प इनके पास पहुँच जाते हैं।



VALLISNERIA

Fig. 124—Water pollination in vallineria.

(4) जन्तु परागण (Animal pollination or Zoosphily)—इस क्रिया में एक पुष्प के परागकण दूसरे के पुष्प के वर्तिकाग्र पर कुछ जन्तुओं जैसे चिड़ियाँ, गिलहरी, हाथी द्वारा ले जाये जाते हैं।

पर-परागण से लाभ

(1) पर-परागित पुष्पों से बनने वाले बीजों का आकार व भार ज्यादा होता है।

(2) इन बीजों से उत्पन्न होने वाले पौधे अधिक स्वस्थ होते हैं और उनमें प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने में अधिक सामर्थ्य होती है।

(3) पर-परागण की विधि से रोग अवरोधक (disease resistant) जातियाँ उत्पन्न की जा सकती हैं।

(4) पर-परागण से नई जातियाँ उत्पन्न होने की सम्भावना रहती है।

पर-परागण से हानियाँ

(1) इसमें काफी मात्रा में परागकण व्यर्थ जाते हैं।

(2) पुष्पों को इस क्रिया के लिये बाहरी साधनों का सहारा लेना पड़ता है और यह क्रिया अनिश्चित होती है।

पर-परागण से हानियाँ होते हुए भी लाभ अधिक हैं अतः हमें पर-परागण को सफल बनाने का ही प्रयास करना चाहिये।

पर-परागण के लिए दशायें एवं प्रयुक्तियाँ
(Contrivances and conditions in favour of cross pollination)

पर-परागण को सफल बनाने के हेतु तथा स्वयं परागण को रोकने के लिए प्रायः पौधों या पुष्पों में निम्न प्रयुक्तियाँ (contrivances) पायी जाती हैं।

1. एकलिंगता (Unisexuality)—

इस प्रकार की प्रयुक्ति पुष्प एकलिंगी (unisexual) है। ये नर व मादा पुष्प एक ही पौधे पर अलग-अलग अथवा अलग-अलग पौधों पर हो सकते हैं।

2. पृथक्पक्वता (Dichogamy)—

इस प्रकार की प्रयुक्ति में द्विलिंगी पुष्पों (bisexual flowers) में पुंकेसरों (stamens) व जायांग (gynoecium) के परिपक्व (mature) होने का समय भिन्न-भिन्न होता है। जिन पुष्पों के पुंकेसर (stamen) जायांग से पहिले परिपक्व होती है उन्हें पूर्व पुंकेसी (protandrous) तथा जिनमें जायांग (gynoecium) पुंकेसर से पहिले परिपक्व होते हैं उन्हें पूर्व स्त्रीपक्व (protogynous) कहते हैं। इस प्रकार पृथक्पक्वता (dichogamy) स्वयं परागण को रोक कर पर-परागण में सहायता करती है।

3. अनान्यक परागणता (Herkogamy)—

ऐसे द्विलिंगी पुष्पों में जिनमें पुंकेसर (stamen) व जायांग (gynoecium) एक साथ ही परिपक्व होते हैं उन पुष्पों में स्वयं परागण को रोकने में कुछ रुकावटें पाई जाती हैं—उनमें से कुछ अग्र हैं—

(1) पुंकेसर व जायांग एक दूसरे से कुछ दूरी पर स्थित हों।

(2) कभी-कभी पुष्पों में दलपुंज (corolla) नलिकाकार (tube like) होता है तथा प्रायः परागकोष (anther lobes) इस नलिका के बाहर तथा वृत्तिकाग्र (stigma) नलिका के अन्दर रहता है जिससे स्वयं परागकण की सम्भावना कम तथा परपरागण की सम्भावना अधिक रहती है।

3. मदार (calotropis) आदि के पुष्पों में परागकण (pollen grains) परागपुंज (pollinium) के रूप में होते हैं तथा ये केवल कीटों (insects) द्वारा ही एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाये जाते हैं।

4. लिगाग अविकसित होना (Sex supression)—

कुछ पुष्पों में एक लिंग (cone sex) अविकसित होता है। अतः इन पुष्पों में केवल परपरागण ही सम्भव है।

5. असम वर्तिकाग्र (Hetero style)—

इन पुष्पों से वर्तिका नली (style) की लम्बाई पुंकेसरों (stamens) से कम अथवा अधिक होती है।

6. स्वयं बन्ध्यता (Self sterility)—

कुछ पुष्पों के परागकण (pollen grains) उसी पुरुष के वर्तिकाग्र (stigma) पर उगने के लिये असमर्थ होते हैं।

प्रश्न 71—पर परागण से आप क्या समझते हैं? पुष्पों में परागण को सफल बनाने हेतु कौन-कौन से अनुकूलन पाये जाते हैं। परपरागण से लाभ व हानियाँ बताइये। *(Reeva 83)*

Refer Q. 70

प्रश्न 72—उचित उदाहरण देते हुए स्ववं एवं परपरागण की प्रयुक्तियाँ समझाइये।

Describe giving suitable examples, various contrivance favouring cross and pollination. *(Agra 80)*

कृपया प्रश्न 70 देखें।

प्रश्न 73—पृथकपक्वता पर टिप्पणी करो।

Write note on Dichogamy. *(Vikram 78)*

कृपया प्रश्न 70 देखें।

प्रश्न 74—निम्न पौधों के पुष्पों में परागण विधि का वर्णन करो।

Describe the mechanism of Pollination in the following plants—

1. **सूरजमुखी (Helianthaus)** *(Agra 81)*
2. **मटर (Pisum sativum)** *(Lucknow 81)*
3. **मदार (Calotropis)** *(Agra 78)*
4. **सेलविया (Salvia)**

1. मदार के पुष्प में परागण क्रिया (Pollination in calotropis flower)

एस्क्लेपीडेसी कुल के पौधों जैसे मदार (calotropis) में पर परागण

(cross pollination) क्रिया कीटों (insects) की सहायता से होती है। इन पौधों के पुष्पों में प्रायः पांच पुंकेसर (stamens) दल चक्र (corolla) के आधार से निकलते हैं तथा इन पुंकेसरों (stamens) के पुंतन्तु (filaments) जायांग


STIGMATIC DISC
CORONA LOBES
A
POLLINA
B
COROLLA
GYNOSTEGIUM
POLLINIOM
CORONA
STYLE
OVARY
CALYX
V. S. FLOWER
CALOTROPIS)

Fig. 125 A to C—Pollination in calotropi

(gynoecium) के चारों ओर एक गोलाकार रचना बना लेते हैं। वर्तिकाग्र (stigma) व पुंकेसरों के परागकोष (anthers) मिलकर जरायुस्तम्भ (gynosteigum) बनाते हैं। परागकोष (anther) में परागकण (pollen grains) परस्पर संयुक्त होकर पराग पुंज (pollinium) बना लेते हैं तथा प्रत्येक पराग कोष के पराग पुंज (pollinium) प्रेषक (translator) द्वारा परस्पर जुड़े रहते हैं। प्रेषक (translatcr) में कृष्ण बिन्दु (carpusculum) व कांडिकल (caudicle) होता है। पुंकेसर स्तम्भ (staminal column) से पांच शल्कीय मुकुट (corona) उत्पन्न होते हैं।



T. S. GYNOSTEGIUM
AND CORONA
(CALOTROPIS)

Fig. 125 D—Pollination in calotropis

परागण (pollinatian) के समय जब कीट शहद चूसने के हेतु पुष्प पर बैठता है तब इसकी टांग (legs) दो पराग कोषों (anthers) के बीच की झिर्री में फंस जाती है तथा कृष्ण बिन्दु (carpusculum) इससे चिपक जाती है। कीट के उड़ने पर कृष्ण बिन्दु शुष्क हो जाता है तथा पराग पुंज (pollinia) एक छल्ले के रूप में कीट की टांग पर चिपक जाता है। कीट जब दूसरे पुष्प पर जाते हैं तब पराग पुंज (pollinia) वहीं रह जाते हैं। पराग पुंज (pollinia) फटने पर पराग कण (pollen grains) वर्तिकाग्र (stigma) पर बिखर कर अंकुरित हो जाते हैं।

2. सालविया में परागण (Pollination in salvia)

सालविया (Salvia) में परागण (cross pollination) कीटों (insects) द्वारा होता है। इस पुष्प में दलचक्र (corolla) द्विओष्ठों (bilabiate) होते हैं। दलचक्र का निचला भाग नलिका के रूप में तथा ऊपरी भाग दो ओष्ठों (lips) में विभाजित होता है। निचले ओष्ठ (lower lip) पर आकर कीट (insect) बैठता है तथा ऊपरी ओष्ठ (upper lip) एक हुड (hood) का कार्य करता है। इस पुष्प में दो पुंकेसर (stamen) होते हैं। प्रत्येक पुंकेसर में एक छोटा तन्तु (filament) व लम्बा योजी (connective) होता है। योजी (connective) में एक 'T' आकार का उत्तोलक (lever) होता है। उत्तोलक lever की बड़ी भुजा पर उर्वर पाली (fertile lobe of anther) तथा छोटी भुजा पर बन्धन पाली (sterile lobe) होता है। वर्तिकाग्र (stigma) द्विखण्डित (bilobed) होता है।

परागण (pollination) के समय जब मधुमक्खी दलचक्र (corolla) के निचले ओष्ठ (lower lip) पर बैठती है तथा यह मधु (nectar) चूसने के लिये अपना सूंड (proboscis) अन्दर डालता है। ऐसा करने से बन्ध्य पालियाँ (sterile


STYLE
ANTHER
FILAMENT
A
PRESSURE FROM BEES'S PRABOSCIS PUSHES ANTHERS DOWN AND POLLEN IS PLACED ON BEE
B
AN OLDER FLOWER WHOSE STYLE HAS GROWN OUT, RECEIVES POLLEN FROM BEE
C
Pollination in Salvia

Fig. 126—Pollination in Salvia.

lobes) ऊपर उठ जाते हैं तथा ऊपर उठने से उर्वर पालिया (fertile lobes of anther) मधुमक्खी की पीठ पर झुक जाते हैं तथा परागकण (pollen grains) बिखर जाते हैं। अब जब मधुमक्खी दूसरे पुष्प पर जाती है तो दूसरे पुष्प का वर्तिकाग्र (stigma) झुक कर कीट की पीठ से परागकण ग्रहण कर लेता है।

3. सूर्यमुखी के पुष्पों में परागकण

[Pollination in sunflower (Helianthus annum)]

सूरजमुखी (sunflower) कम्पोजिटी कुल (family compositae) का सदस्य है। इससे पुष्प मुण्डक (capitulum) पुष्पक्रम (inflorescence) में विन्यसित रहते हैं। इनमें पुष्प छोटे एवं अस्पष्ट होते हैं परन्तु संघनित अवस्था में होने के कारण इन पर कीट आर्कषित होते हैं। सभी पुष्प एक साथ विन्यसित होने के कारण एक कीट द्वारा एक ही समय में अनेकों पुष्पों में पर-परागण (cross pollination) क्रिया हो सकती है।

सूर्यमुखी में रश्मि पुष्पक (ray florates) व बिम्ब पुष्पक (disc florates) होते हैं। disc florate नलिकाकार, पूर्ण द्विलिंगी होते हैं तथा ray florate एकलिंगी होते हैं।


LIGULATE COROLLA
STIGMA
BRACTEOLE
STIGMA
STYLE
COROLLA
PAPPUS (CALYX)
OVARY
OVULE
BRACTEOLE

Fig. 127—Pollination in Sunflower.

पुष्प प्रायः पूर्व पुंकेसरी (protandrous) होते हैं तथा इनमें कीटों द्वारा पर-परागण (cross pollination) होता है। परागकणों के गिरने पर (after shedding of pollen grain) जायांग (gynoecium) विकसित है, वर्तिका नली (style) लम्बी हो जाती है तथा यह स्टेमीनल नली (staminal tube) से होती हुई, गिरे परागकण को लेती हुई बाहर आकर द्विभाजित हो जाती है जिससे कि परागकण फिर नीचे गिर जाते हैं तथा स्वयं परागण नहीं हो पाता है। अब वर्तिकाग्र (stigma) पर दूसरे पुष्पों के परागकण कीटों द्वारा आ जाते हैं तथा पर-परागण की क्रिया हो जाती है।

4. मटर के पुष्प में परागकण

(Pollination in Pisum sativum [Pea])

मटर के पौधे के पुष्प में प्रारूपिक अगास्तिक दलपुंज (papilionaceous corolla) होता है तथा इस दल पुंकेसर (stamen) द्विपुंजक (diadelphous) अवस्था, एकअण्डपी अण्डाशय (monocarpellary ovary) सुविकसित वर्तिका


STANDARD
INSECT
POLLENGRAINS
KEEL
WINGS

Fig. 128—Pollination in Pea flower.

(style) व वर्तिकाग्र (stigma) सहित होती है। इसमें पुंकेसर ताल (staminal tube) अण्डाशय (ovary) को ढके रहती है।

इन पुष्पों में परपरागण (cross pollination) कीटों द्वारा होता है। परागण के समय कीट पुष्पों के पक्ष्मों (wings) पर आकर बैठा जाते हैं तथा वे अन्दर मकरन्द की खोज में आते हैं—धीरे-धीरे कीट भार के कारण नौतल (keel) खुल जाता है और अन्दर से वर्तिकाग्र (stigma) व पराग कोष (anther lobe) दोनों ही कीट के शरीर से टकरा जाते हैं तथा इस प्रकार दूसरे पुष्पों से आये हुए परागकण.इस पुष्प के वर्तिकाग्र (stigma) पर आ जाते हैं और परपरागण cross pollination) की क्रिया हो जाती है।

प्रश्न 75—पेपीलीयोनेसी कुल में परागण विधि पर टिप्पणी कीजिये।

Refer Q. 74 (*Raj. 88*)

प्रश्न 76—सेलविया में परागण विधि पर टिप्पणी कीजिये।

(*Kanpur 81, Lucknow 81*)

Refer Q. 74

प्रश्न 77 सेलविया के पुष्प पर टिप्पणी कीजिये।

(*Allahabad 84, Bundelkhand 85*)

Refer Q. 74

———

8

फल
(THE FRUITS)

प्रश्न 78—फल क्या हैं ? विभिन्न प्रकार के फलों का वर्णन उदाहरण एवं चित्र सहित करो।

What is fruit ? Describe the various types of fruits giving diagrams and examples.

एक परिपक्व अण्डाशय (mature or ripened ovary) को फल कहा जाता है। सामान्य परागण (pollination) व निषेचन (fertilization) के पश्चात् अण्डाशय (ovary) फल में परिवर्तित हो जाती है—इसमें फल भित्ति (fruit wall or pericarp) अण्डाशय भित्ति (ovary wall) से तथा बीज (seeds) वीजाण्डों (ovules) से उत्पन्न होते हैं।

वे फल जो बिना निषेचन (without fertilization) के उत्पन्न होते हैं इन्हें parthenocarpic fruits कहते हैं। ये फल प्राय: बीजरहित (seedless) अथवा (abortive seeds) वाले होते हैं जैसे अंगूर, केला आदि में।

प्राय: फलों का निर्माण अण्डाशय (ovary) से होता है तथा इन फलों को सत्य फल (**true fruits**) कहते हैं। परन्तु कभी-कभी पुष्प अन्य भागों जैसे पुष्पासन (thalamus) आदि से भी उत्पन्न हो जाते हैं इस प्रकार के फलों को **असत्य फल** (**false fruits**) कहते हैं जैसे सेब (apple) में।

फलों के मुख्य कार्य निम्न हैं—

(1) वीजों एवं भ्रूण (embryo) की रक्षा करना।
(2) भोज्य पदार्थों को संग्रहित करना।
(3) वीजों के विकिरण में सहायता देना।

फलों के प्रकार (Types of fruits)—

फलों को निम्न तीन भागों में विभक्त किया जा सकता है—

(i) सरल फल (Simple fruits)
(ii) समूल फल (Aggregate fruits)
(iii) संग्रथित फल (Multiple or composite or compound fruits)

सरल फल (Simple Fruits)

सरल फल वे हैं जो एकअण्डपी (monocarpellary) अथवा युक्ताण्डपी बहुअण्डपी (syncarpous polycarpellary) अण्डाशय (ovary) वाले एक ही पुष्प से निर्मित होते हैं।

सरल फल दो प्रकार के होते हैं—

(1) शुष्क फल (dry fruits)
(2) सरस फल (succulent fruits)

सरल शुष्क फल (Simple dry fruits)

सरल शुष्क फलों में पतली एवं शुष्क फल भित्ति (thin and dry pericarp) होती है। ये निम्न प्रकार के हो सकते हैं—

(1) अस्फुटनशील (Achenial or Indehiscent)
(2) स्फुटनशील (Capsular or dehiscent)
(3) वेश्मस्फोटो (Schizocarpic)

1. सरल शुष्क अस्फुटनशील फल (Simple dry acenial fruits)

ये फल एक बीज वाले अस्फुटनशील फल (पकाने पर स्वयं न फटने वाले) होते हैं तथा निम्न प्रकार के हो सकते हैं—

(A) एकबीजास्फोटी या एकीन (Achene)—ये छोटे, शुष्क, एकबीजीय फल हैं जो एक अण्डपी (monocarpellary), उत्तरोत्तर (superior) एकवेश्मीय (unilocular) अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। इनमें फलभित्ति (pericarp) कड़ा (Tough and leathery) होते हैं तथा यह बीज कवच (seed coat) से पृथक रहता है जैसे क्लीमेटिस (clematis) में (Fig. 129)।



Fig. 129—Achene fruit of clematis.



Fig. 130—Caryopsis of Maiza.

(B) सचोलभित्ति (Caryopsis)—ये फल शुष्क, छोटे तथा एक बीज वाले होते हैं तथा ऊत्तरोत्तर (superior), एक अण्डपी (monocarpellary) अण्डाशय से उत्पन्न होते हैं। इन फलों में फलभित्ति (pericarp) वबीजकवच (seed coat) एक-दूसरे से संयुक्त (fused) रहते हैं। जैसे मक्का, गेहूँ आदि में (Fig. 130)।

(C) **सिप्सेला (Cypsela)**—ये एक बीज वाले फल होते हैं इनमें फलभित्ति (pericarp) बीज कवच (seed coat) से पृथक रहती है। ये फल द्विअण्डपी (bicarpellary) युक्ताण्डपी (syncarpous) अधर-अण्डाशय (inferior ovary) से उत्पन्न होते हैं जैसे सूर्यमुखी (sunflower), डेन्डेलियोन (dondelion) आदि में (Fig. 131)।



Fig. 131—Cypsela fruit.

(D) **सपक्ष (Samara)**—ये फल शुष्क, एक या दो बीज वाले होते हैं तथा इनकी फलभित्ति (pericarp) पंख (wing) समान रचना बना लेते हैं जैसे साल, (sal), इन्डियन एल्म (Indian elm) आदि में (Fig. 132)।



Fig. 132—Samara fruit.



Fig. 133—Nut fruit of Trapa.

(E) **काष्ठ फल (Nut)**—ये शुष्क फल एक बीजीय (one seeded) होते हैं तथा प्राय: उत्तरवर्ती (superior) युक्ताण्डपी (syncarpous); द्विअण्डपी सख्त (hard and stony) होती है तथा यह बीज कवच (seed coat) से पृथक रहती है जैसे ओक (oak), सिंघाड़ा (trapa) आदि में (Fig. 133)।

2. सरल, शुष्क, वेश्मस्फोटी फल (Simple, dry, schizocarpic fruits)

ये शुष्क फल बहुबीजी (many seeded) होते हैं तथा उत्तरावर्ती (superior) अथवा अधर (inferior) अण्डाशय से उत्पन्न होते हैं। ये फल परिपक्व होने पर अनेक एक बीजी भागों में तिड़क (split) जाते हैं। जिन्हें एकस्फोटी (mericarps) कहते हैं। ये फल निम्न प्रकार के हो सकते हैं—

(A) **युग्मवेश (Cremocarp)**—ये फल अभ्रर (inferior), द्विअण्डपी (bicarpellary) युक्ताण्डपी (syncarpous), द्विकोष्ठकी (bilocular) अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। ये फल परिपक्व होने पर दो, एक बीज वाले (mericarps) में split हो जाते हैं तथा दोनों mericarp एक मध्य अक्ष

(cardophore) द्वारा संयुक्त (fuse) रहते हैं जैसे गाजर (carrot), सौंफ (fennel) धनिया (coriander) आदि में (Fig. 134)।


MERICARP
CARPOPHORE

Fig. 134—Cremocarp fruit of coriandrum


PERICARP
FUNICU
ARIL

Fig. 135—Nut fruit of Litchi

(E) चतुद्विवेश्म (Carcerulus)—ये फल द्विअण्डपी (Bicarpellary), युक्ताण्डपी (Syncarpous), उत्तरवर्ती (superior), बहुकोष्ठीय (multilocular) अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। आरम्भ में इन फलों के पृथक कोष्ठक में अनेक बीज होते हैं परन्तु बाद में इनमें कूट पटियों (false septa) निर्माण के कारण अनेक बीज मेरीकार्प (mericarp) बन जाते हैं जैसी तुलसी, हालीहाक (holy-hock) आदि में (Fig. 135)।

(C) रेगमा (Regma)—ये फल त्रिअण्डपी से पंचाण्डपी (tri to penta carpellary) युक्ताण्डपी (syncarpous), उत्तरवर्ती (superior) अण्डाश


PERMANENT STYLE
MERICARP
CALYX
EPICALYX

Fig. 136—Carcerulus of Malva



Fig. 137—Regma fruits of castor.

(ovary) से उत्पन्न होते हैं। ये फल तीन से पांच कोष्ठकों वाले होते हैं तथा प्रत्येक कोष्ठक को कोकस (coccus) कहते हैं। ये कोकाई (cocci) एक मध्य अक्ष (carpophore) द्वारा जुड़े रहते हैं। परिपक्व होने पर ये एक बीजीय (one seeded), कोकाई (cocci) में पृथक हो जाते हैं जैसे अरण्डी (castor oil) में (Fig. 137)।

(D) **द्विपमक्ष (Double Samara)**—ये फल द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous), उत्तरवर्ती अण्डाशय (superior ovary) से उत्पन्न होते हैं तथा दोनों समक्ष (samara) एक साथ जुड़कर एक पंख युक्त (winged) रचना बनाते हैं जैसे मेपिल (maple) में (Fig. 139)।



Fig 138—Lomentum of Babul.



Fig. 139—Double Samara of maple.

(E) **अनुप्रस्थक (Lomentum)**—ये फल एक अण्डपी (monocarpellary), एक कोष्ठकीय (unilocular), उत्तरवर्ती अण्डाशय (superior ovary) से विकसित होती हैं। इनके फल कई एक बीजीय (mericarps) विभाजित हो जाते हैं जैसे बबूल (acacia), अम्लताश (amalta) आदि में (Fig. 138)।

3. सरल, शुष्क, स्फोटनशील फल (Simple, Dry, Capsular or Dehiscent fruits)—

स्फोटशील फल (capsularfruit) शुष्क बहुबीजी (many seeded) परिपक्वता पर फटने वाले होते हैं। ये फल मुख्य रूप से निम्न प्रकार के होते हैं—

(A) **शिम्ब या फल (Legume or Pod)**—ये फल एक अण्डपी (monocarpellary), उत्तरवर्ती (superior), एकोष्ठकी (unilocular), प्रान्तस्थ जरायुन्यास (marginal placentation) वाले अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। ये फल परिपक्व होने पर दोनों किनारों से फटते हैं (dehisces along both ventral and dorsal suture) तथा बीज फल के (ventral suture) में लगे


REMNANT OF STYLE
FUNICULUS
SEED
PERICARP
PLACENTA
ABORTED OVULE
SEPAL

Fig. 140—Legume of Pea.


FOLLICLES
SEED

Fig. 141—Follicle of calotropis.

रहते हैं। जैसे मटर (peas) मूँगफली (ground nut), चना (gram), सेम आदि में (Fig. 140)।

(B) एक सेवनीक (Follicle)—ये फल शिम्ब (legume) के समान हैं। ये फल केवल एक ही दरार से फटते हैं जैसे मदार (calotropis) आदि में (Fig. 141)।

(C) कूटपटीक (Siliqua)—ये लम्बे शुष्क व बेलनाकार (cylindrical) फल हैं जो उत्तरवर्ती (superior), द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ता-अण्डपी (Syncarpous) भित्तिमान जरायुन्यास (parietal placentation) वाले अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। इन फलों में प्रारम्भ में अण्डाशय एक कोष्टीय (unilocular) होता है परन्तु बाद में ही एक कूटपटी (false septum) बनने


STIGMA
STYLE
CARPELLARY VALVES
REPLUM
SEED
THALAMUS
PEDICEL

Fig. 142—Siliqua fruit of Mustard.

कारण द्विकोष्ठक (Bilocular) हो जाता है। ये फूल परिपक्व होने पर दोनों दरारों से नीचे ऊपर की ओर फटता है जैसे सरसों, मूली, शलजम, आदि में (Fig.142)।

(D) कूटपटिका (Siliculla)—ये फल Siliqua फलों के चपटे व छोटे रूप है जैसे कैन्डीटफ्ट (candytuft) आदि में (Fig. 143)।

(E) सम्पुटिका या प्रावर (Capsule)—ये फल अनेक बीजों वाले होते हैं जो बहुअण्डपी (polycarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous), अण्डाशय (ovary) में उत्पन्न होते हैं तथा एक अथवा बहुकोष्ठीय (multilocular) होते हैं। ये फल विभिन्न प्रकार का स्फुटन (dehiscence) दिखलाते हैं तथा निम्न प्रकार के हो सकते हैं—

(a) रन्ध्र स्फुटी (Porous or Porocidal)—इस प्रकार के फलों में सम्पुटिक छोटे-छोटे छिद्र द्वारा फटती है जिनमें बीज बाहर निकलते है जैसे पोस्त में (poppy) (Fig. 144)।



Fig. 143 –Siliculla of Candytuft.



Fig. 184—Capsule of poppy.

(b) अनुप्रस्थ स्फुटी (Transverse or Circuncissible)—इस प्रकार के फलों में सम्पुटिका (capsule) का ऊपरी भाग निचले भाग से टूटकर अलग हो जाता है जैसे चौलाई (amaranthus), पौरवुकाला (portulaca) आदि में (Fig. 144)।

(c) कपाटीय स्फुटी (Valvular or longitudinal)—ये फल पूर्ण अथवा अपूर्ण रूप से परिपक्व होते पर लम्बाकार रूप में कई टुकड़ों या कपाटों में फट जाते हैं जैसे भिण्डी (bhindi) धतूरा आदि से (Fig. 144)।

सरल सरस फल (Simple Succulent Fruits)

सरस फलों में या तो पूरी फलभित्ति (pericarp) अथवा इसकी कोई माध्यक रचना रसदार एवं मांसल हो जाती है। सामान्य रूप से इन फलों में बाह्य स्तर (epicarp) पतली छिलके के रूप में मध्य स्तर (mesocarp) रसीली एवं मांसल तथा अन्तः स्तर (endocarp) झिल्लीदार व काष्ठीय होती है।

सरस फल निम्न प्रकार के होते हैं—

(1) अष्ठि फल (Drupe or Stone Fruits)

ये फल एक अण्डपी अथवा बहुअण्डपी (monocarpellary or polycarpellary), युक्ताण्डपी (syncarpous), उत्तरवर्ती (superior) अंडाशय


SEEDS
LID
PERSISTANT CALYX
PERICARP
COTTON FIBRE
EPICARP

Capsule of Cotton
Fig. 145—Capsule fruits.
(a) Poppy (b) Portulaca (c) Bhindi (d) Cotton.

(ovary) में बनते हैं। ये फल मांसल (fleshy) तथा एक अथवा अधिक बीज युक्त होते हैं। इन फलों में फलभित्ति (pericarp), बाह्य पतली epicarp, मध्य मांसल mesocarp तथा अंतःकाष्ठीय (stony) endocarp में विभाज्य होती है जैसे आम (mango), बादाम (almond), आड़ू (peach) आदि में (Fig. 145A)। नारियल (coconut) के फल में मध्य भित्ति रेशेदार (fibrous) होती है अतः इसे रेशे-

फल
दार अष्ठिफल (fibrous drupe) कहते हैं। नारियल में भ्रूणपोष (endosperm) खाने योग्य भाग होता है जबकि आम में मध्यभित्ति (mesocarp) खायी जाती है।


MESOCARP
ENDOCARP
EXOCARP
SEED
Peach
A
B
Cherry
Plum
C
Drupes

Fig. 145—Drupe.

(2) बेरी (Berry)—

ये सरस फल उत्तरवर्ती (hypogynous) अथवा अधरवर्ती (epigynous) पुष्प से उत्पन्न होते है जिनमें एक अण्डपी अथवा बहुअण्डपी (mono or polycarpellary), अण्डाशय (ovary) हों। इस प्रकार के फलों में फलभित्ति (pericarp) बाह्य पतली epicarp मध्य की रसीली गूदेदार (mesocarp) तथा अन्तः झिल्लीदार बीजयुक्त endocarp में भिन्न रहती है। बीज मध्यभित्ति (mesocarp) व


PERICARP
LOCULE
SEEDS
PLACENTA
Berry
Fruit of the tomato
(V. S.)

Fig. 146—Berry fruit of Tomato.

अन्तः भित्ति (endocarp) में रहते हैं। इन फलों में बीज, भित्ति, मध्य-भित्ति व अन्तःभित्ति सभी भाग खाये जाते हैं जैसे टमाटर, अंगूर, अमरूद आदि में (Fig. 146)।

(3) पेपो (Pepo)—ये रसीले (fleshy), बहुबीजी (many seeded) फल हैं जो प्रायः अधरवर्ती (inferior) एक या तीन कोशीय (one or three celled) युक्ताज्यी (syncarpous) अण्डाशय से उत्पन्न होते हैं। इन फलों में जरायुन्यास भित्ति लग्न (parietal placentation) होता है तथा बीज pulp में धंसे रहते हैं। इन फलों में बाह्य स्तर (epicarp) पतला, छिलके के समान, मध्य भित्ति (mesocarp) व अन्तः भित्ति (endocarp) मांसल व रसीली होती है। जैसे तरबूज, करेला, तोरई, खीरा आदि में (Fig. 147)।



Fig. 147—Pepo fruit of Karela and Cucumber.

(4) सेबीया (Pome)—ये बहुबीजी (many seeded)) सरल फल है जो पंचअण्डपी अथवा बहुअण्डपी (penta or poly carpellary) अक्षीय जरायुन्यास (axile placentation) वाले अण्डाशय (ovary) से बनते हैं। इन फलों में बीज एक कार्टीलेज के बने फलभित्ति (pericarp) के जुड़े भाग में स्थित रहते हैं तथा फल का वास्तविक खाने योग्य भाग पुष्पासन (thalamus) में बनता है। इस प्रकार के फलों को असत्य फल (false fruits) कहते हैं जैसे सेव (apple) आदि में (Fig. 148)।



Fig. 148—Pome fruit of apple.

(5) नारंगक (Hesperidium)—यह सरस, बहुबीजी (sucullent, many seeded) फल है जो बहुकोष्ठकी (multilocular), उत्तरवर्त्ती (superior) अक्षवर्ती जरायुन्यास (axile placentation) वाले अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं।


EPICARP
MESOCARP
ENDOCARP
SEEDS
T. S. FRUIT
ENTIRE FRUIT
EPICARP
ENDOCARP
RIND
JUICY ENDOCARPIC HAIRS
MESOCARP

Fig. 149—Hesperidium fruit of Lemon

इन फलों की बाह्य भित्ति (epicarp) कड़ी (strong) छिलके के रूप में, मध्य भित्ति (mesocarp) रेशीय (fibrous) तथा बाह्य भित्ति में संयुक्त होती है। इनमें अन्तः भित्ति (endocarp) अनेक वेश्मों (many locules) में विभक्त रहता है तथा इनमें अनेक सरस रोम (succulent hairs) होते हैं जोकि खाने योग्य होते हैं जैसे नींबू, सन्तरा आदि (Fig. 149)।

पुंज फल (Aggregate fruit)

ये फल अनेक लघु सरस फलों के समूह होते हैं जो बहुअण्डपी (polycarpellary), पृथक् अण्डपी (apocarpous) अण्डाशयों (ovaries) से उत्पन्न होते हैं। ये सभी अण्डप (carpels) मिलकर एक संयुक्त फल बना लेते हैं। फलों के समूह (group of fruits lets) को **etario** कहते हैं। ये फल निम्न प्रकार के होते हैं:—

(1) एक बीज स्फोटी फलों का समूह फल (Etaerio of achenes)—

ये फल पृथक् अण्डपी अण्डाशयों (apocarpous ovaries) से उत्पन्न होते

है । इनमें पुष्पासन (thalamus) मांसल (fleshy) अथवा स्पंजी (spongy) हो जाता है तथा इनमें अनेक एक बीज स्फोटी (achenes) धंस जाते हैं। जैसे कमल, स्ट्रॉबेरी आदि में (Fig 150)।


ACHENES
FRUIT
THALAMUS
(spongy)

Fig. 150—Etaerio of achenes of Lotus


SEEDS
VENTRAL
SUTURE
FRUIT
Calotropis

Fig. 151—Etaerio of follicles in calotropis

(2) एक सेवनीक फलों का पुंज फल (Etaerio of follicles)

इस प्रकार के फल सेवनीक (follicles) फलों के समूह हैं जो बहुअण्डपी (polycarpellary), पृथक् अण्डपी (apocarpous) अण्डपों (carpels) से



Fig. 15 —Etaerio of Berries of custard apple.


PERISTANT
CALYX

Fig. 153—Etaerio of drupes in Rasberry.

विकसित होकर आपस में संयुक्त रहते हैं। जैसे आँख (calotropis), चम्पा आदि में (Fig. 151)।

(3) बेरी फलों का पुंज फल (Etaerio of berries)

ये फल भरी (berry) फलों का समूह है। बहुअण्डपी (calotropis). पृथकाण्डपी (apocarpous) अण्डाशय (ovary) से उत्पन्न होते हैं। ये भरिया (berries) एकबीजी (one seeded), रसीली, गूदेदार तथा पुष्पासन (thalamus) में दबी होती है जैसे शरीफा (custard apple) आदि में।

(4) अष्ठि फलों का पुंज फल (Etaerio of drupes) :

ये फल अनेक अष्ठिफलों (drupes) का समूह है। ये फल पृथक् अण्डपी अण्डाशयों (apocarpous ovaries) में विकसित होकर गूदेदार पुष्पासन (fleshy thalamus) पर लग जाते हैं जैसे रसभरी (rasberry) में।

संग्रथित फल (Composite or Multiple Fruits)

ये फल पूर्ण पुष्पक्रम (entire inflorescence) से उत्पन्न होते हैं। ये फल निम्न प्रकार के होते हैं—

(1) सारसाक्ष (Sorosis) :

ये फल मंजरी (catkin) अथवा स्थूल मंजरी (spadix) पुष्पक्रम (inflorescence) से उत्पन्न होते हैं। अनन्नास (pine apple) व शहतूत (mulberry) इस प्रकार के प्रमुख फल हैं।



Fig. 154—Sorosis of pine apple and mulberry.

अनन्नास (pine apple) में अक्ष (axis), माँसल (fleshy) होती है तथा इस पर सभी पुष्प जुड़े (fused) एक-दूसरे में जुड़े रहते हैं। इसमें खाने योग्य फल पुष्प दण्ड (penduncle), परिदलपुंज (perianth) तथा निपत्र (bracts) होते हैं। इन फलों के ऊपर पत्तियों का ताज (crown of leaves) होता है (Fig. 154)।

शहतूत (mulberry) में एकलिंगी पुष्प (unisexual flowers) एक नीचे की ओर झुकी हुई (pendent) मुख्य अक्ष (main axis) पर लगे होते हैं। इसमें मादा पुष्पों (female flowers) में द्विअण्डपी (bicarpellary), युक्ताण्डपी हो जाती हैं। बाद में ये सभी फल एक रसीले व माँसल परिदल पुंज (perianth) द्वारा ढक जाते हैं। इस प्रकार पूरे पुष्पक्रम से एक फल बनता है।

(2) उदुम्बरक (Syconus) :

ये संग्रथिल फल (composite fruits), उदुम्बर पुष्पक्रम (hypanthodium inflorscence) से उत्पन्न होते हैं। इनमें पुष्पासन (thalamus) खोखला तथा प्याले के समान रचना वाला होता है जिसके अन्दर अनेक एकलिंगी अवृन्त पुष्प होते हैं। इनमें नर पुष्प ऊपर की ओर व मादा पुष्प नीचे की ओर होते हैं। परिपक्व होने पर पुष्पासन माँसल एवं रसीला खाने योग्य हो जाता है और पूरा पुष्पक्रम एक असत्य संग्रथिल फल (false composite fruit) बनाता है। जैसे पीपल, अंजीर (fig), बरगद (banayan) आदि में (Fig. 155)।



Fig. 155—Syconus fruit of fig.

प्रश्न 79—सिपसैला एवं कैरियोप्सिस में अन्तर कीजिये।

(*Rohelkhand 84*)

Refer Q. 78

प्रश्न 80—निम्न फलों का वर्गीकरण करो तथा इनके खाने योग्य भागों की प्रकृति लिखो।

Classify the following fruits and state the nature of their edible parts :

1. आम (Mango)
2. सेव (Apple)
3 लीची (Litchi)
4. सन्तरा (Orange)
5. अंजीर (Fig)
6. मूंगफली (Groundnut)
7. अमरूद (Guava)
8. केला (Banana)
9. आड़ू (Peach)
10. नारियल (Coconut)
11. अनार (Pomegranate)
12. स्ट्रावेरी (Strawberry)

1. आम (Mango) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
Drupe अष्टिफल (fruit)
खाने योग्य भाग—मांसलें मध्यभित्ति
(Edible part—Fleshy mesocarp)

2. सेव (Apple) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
Pome सेबायफल (fruit)
खाने योग्य भाग पुष्पासन (Edible part is thalamus)

3. लीची (Lichi) Classification : सरल (Simple)
शुष्क (Dry)
Achenial (indehiscent)
Nut कोष्ठीयफल (fruit)
खाने योग्य भाग एरिल (Edible part is aril)

4. सन्तरा (Orange) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
नारंगक फल (**Hespiridium fruit**)
खाने योग्य भाग अन्तभित्ति में निकले रसीले रेशे।
Edible part is fleshy hair like outgrowths of endocarp)

5. अंजीर (Fig) This is a composite **syconus** fruit developing from hypanthodium inflorecence. Edible part is receptacle and seeds.

6. मूँगफली (Groundnut)

Classification : सरल (Simple)
शुष्क (Dry)
स्फोटी (Dehiscent)
वेश्मफोटी (Shizocarpic)
अनुप्रथक फल (**Lomentum** fruits)

बीज के बीजपत्र खाने योग्य होते हैं।
(Edible parts are cotyledons of seeds)

7. अमरूद (Guava) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
भरी फल (**Berry** fruit)

पूर्ण फलभित्ति खाई जाती है।
[Edible part is thalamus and entire pericarp, mesocarp and endocarp) together with seeds]

8. केला (Banana) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
भरी फल (**Berry** fruit)

मध्य भित्ति व अन्त: भित्ति खाने योग्य है।
(Edible part is mesocarp and endocarp)

9. आड़ू Peach (Aru) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
अष्ठि फल (**Drupe** fruit)

मांसल मध्य भित्ति खाई जाती है।
(Edible part is fleshy mesocarp)

10. नारियल (Coconut) Classification : सरल (Simple)
सरस (Succuleet)
रेशीय अष्ठि फल (**Fibrous drupe**)

भ्रूणपोष खाया जाता है।
(Edible part is liquid+ mesocarp endocarp)

11. अनार (Pomegranate) (Anar)

Classification : सरल (Simple)
सरस (Succulent)
Blastula ब्लास्टुला

खाने योग्य भाग बीजों का सरदार बीजकवच है।
(Edible part is fleshy and juicy seed coats of seeds).

(Here the epicarp is hard rind, mesocarp is papery membrane covering seeds and endocarp is hard plate like on which seeds are borne Fig. 156).

12. स्ट्राबेरी (Strawberry) is an aggregate fruit of Etaeria of achenes type. The edible part is fleshy thalamus.


STALK
JUICY TESTA OF SEED
PERICARP
SEEDS
SEPALS
DRY. STAMENS

Fig 156—Pomegranate.

प्रश्न 81. फल क्या है ? निम्न फलों के लक्षण बताइये ।

सेव, आम, टमाटर, सन्तरा, स्ट्राबेरी ।

What is meant by a fruit ? Describe the characters of following fruits.

Apple, Mango, Tomato, Orange and Strawberry.

Refer Q. 78, 80

प्रश्न 82—निम्न पर टिप्पणी करो : (Write notes on) :

1. सारसाक्ष (Sorosis) (*Nagpur 79*)
2. युग्म वेश (Cremocarp) (*Kanpur 83*)
3. वेश्म स्फोटी फल (Schizocarpic fruits) (*Indore 77*)
4. पोम (Pome) (*Gorakhpur 78*)
5. रेगमा (*Kanpur 81*)
6. Syconus (*Lucknow 80*)
7. एकीन (*Gorakhpur 1984*)

Refer Q. 78

9

फलों तथा बीजों का प्रकीर्णन
(DISPERSAL OF FRUITS AND SEEDS)

प्रश्न 83—फलों एवं बीजों के विकिरण पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिये।
Write a short essay on dispersal of fruits and seeds.

जैसा कि हम जानते हैं कि एक ही पेड़ प्रतिवर्ष अनेक बीज (seeds) उत्पन्न करता है। प्रत्येक बीज को उगने के लिये स्थान, वायु, प्रकाश तथा भोजन की आवश्यकता होती है। यदि सभी बीज उसी पौधे (parent plant) से नीचे गिरते रहें तो स्थान, पोषक पदार्थ तथा प्रकाश की कमी होने के कारण बहुत कम बीजों का अंकुरण हो पाता है और जो बीज अंकुरित हो भी जाते हैं उनके पौधे अधिक स्वस्थ नहीं हो पाते। इसलिए यह आवश्यक है कि पौधों के बीज दूर-दूर स्थान पर जाकर गिरें और अंकुरित हों जिससे कि स्वस्थ हो सके।

विकिरण (Dispersal) ही एक ऐसी क्रिया है जिसके फलस्वरूप बीज तथा फलजनक पौधों (Parent plant) से दूर विभिन्न स्थानों पर पहुँच जाते हैं जिससे उनके अंकुरण के लिये आवश्यक सभी वस्तुयें उन्हें सहज ही में सुलभ हो जाती हैं।

फल तथा बीजों की रचना के अनुसार उनका विकिरण निम्न साधनों की सहायता से होता है :

(1) वायु प्रकीर्णन (Wind dispersal)
(2) जल प्रकीर्णन (Water dispersal)
(3) जन्तु प्रकीर्णन (Animal dispersal)
(4) फलों के फटने से (Explosive dispersal)
(5) मनुष्य द्वारा विकिरण (Human dispersal)

1. वायु विकिरण (Wind Dispersal)

फल एवं बीजों को दूर-दूर तक पहुँचने में वायु सबसे महत्वपूर्ण साधन है। इस प्रकार के फलों तथा बीजों में निम्न प्रकार के अनुकूलन (adaptations) मिलते हैं।

(A) हल्कापन (Lightness)—कुछ फल व बीज इतने हल्के व छोटे होते हैं कि वे साधारण वायु के झोंके से दूर तक उड़कर चले जाते हैं जैसे आरकिड, घास आदि के बीज।

(B) समक्ष बीज तथा फल (Winged fruits and seeds)—कुछ फल बीजों से जैसे माधवी लता, चिलबिल, चीड़ आदि में बीज व फल के चारों ओर

पंख के समान रचना बन जाती है। यह पंख बीज को वायु में उड़ते हुए वृक्ष से बहुत दूर पहुँचा देते हैं। ढाक में बाह्यदल पंखों का रूप धारण कर लेते हैं। सिरस व शिशम की चपटी फली टूटने पर वायु में बहुत दूर तक उड़ती रहती है।

(C) **रोमयुक्त (Hairy) बीज**—सूर्यमुखी, कपास, सेंमल आदि के बीज बालों से ढके रहते हैं। यह रोम (Hairs) वास्तव में इन फलों एवं बीजों के विकिरण में सहायक होते हैं। इन बालों के कारण ही बीज हवा के झोंकों में आसानी से उड़ते रहते हैं।


HAIRY SEED CALATROPIS
SEEDS OF GOSSYPIUM
WINGS SEED
SEED OF GOSSYPIUM
HAIRY STYLES OF CLEMATIS

Fig. 157 (a)—Hairy and Fibrous seeds.


WINGS
SEED
SEED
WING

(b) Winged seeds.


BEAK
ACTENE
RECEPT
SCALE
PEDUNCLE

(c) Seed of Latuca sceriota.

2. जल द्वारा प्रकीर्णन (Dispersal by water)

इस प्रकार का विकिरण जल के समीप उगने वाले पौधों में पाया जाता है। नारियल, कमल, नलिनी, सिंघाड़ा आदि इसके अच्छे उदाहरण हैं। इन फलों में भी ऐसे अनुकूलन मिलते हैं जिसमें वे जल की सतह पर सरलता से तरते रहते हैं और बहुत दूर तक बहते चले जाते हैं।

नारियल के फल बहुत हल्के होते हैं और समुद्र की लहरों के साथ हजारों मील तक बहते चले जाते हैं। यह फल जब बहते-बहते किनारे पर आ लगते हैं तो इसके भी कार्प व एपीकार्प गल जाते हैं और एण्डोकार्प बड़ा हो जाता है। इसके एक सिरे पर आँख के समान रचना होती है जिसमें से अंकुरण के समय अंकुर व मूलांकुर निकल कर एक नये पौधे को जन्म देता है।


FRUIT
EPICARP
FIBROUS MESOCARP
ENDOSPERM
EMBRYO
ENDOCARP

Fig. 158—Dispersal by water in cocount.


ACHENES
FRUIT
THALAMUS
(spongy)

Fig. 159—Water dispersal in fruits of Lotus

3. जन्तुओं द्वारा प्रकीर्णन (Animal Dispersal)

कुछ फल तथा बीजों के विकिरण में अनेक प्राणी कई प्रकार से सहायता देते हैं। ऐसे फल तथा बीजों के बाहरी भागों पर विशेष प्रकार की रचनायें मिलती हैं जिनके द्वारा यह पशुओं के बाल या मनुष्यों के कपड़ों से लिपट कर काफी दूर चले जाते हैं। ऐसे बीजों एवं फलों में प्राय: निम्न विशेषतायें पाई जाती हैं।

1 चिपकने वाले बीज—कुछ पौधों के बीज या फल चिपचिपे होते हैं। जैसे वेल बांदा (Loranthus etc.) जब चिड़ियाँ इन फलों को खाती हैं तो बीज इनकी

चोंच से चिपक जाते हैं और वह पेड़ पर बैठकर अपनी चोंच को साफ करते हैं तो यह बीज पेड़ की शाखाओं पर गिर जाते हैं और वहीं इनका अंकुरण हो जाता है।

2. उलझने वाले बीज तथा फल—बहुत से फलों की दीवारों पर काँटे पाये जाते हैं और यह प्रायः सिरों पर अंकुश (Hooks) के समान मुड़े रहते हैं।



Fig. 160—Hooked and spinous seeds.

जैसे जैन्थियम, लटजीरा, सिंघाड़ा, गोखरू, पालक चिरचिटा, गाजर आदि। कांटेदार फल व बीज, बैल, गाय, भैंस आदि की पूँछ में चिपक जाते हैं और इस प्रकार जंगलों में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँच जाते हैं। जल में पाये जाने वाले जंगली पौधों के गीले फल, भोजन की खोज में घूमने वाले जलीय पक्षियों (सारस, बगुला आदि) के पंजों में फंसकर उनकी उड़ान के साथ बहुत दूर तक पहुँच जाते हैं।

3. खाने योग्य फल (Edible fruits)—अनेक स्वादिष्ट फल जैसे टमाटर, आम, अमरूद, सन्तरा, जामुन, लौकाट आदि फल मनुष्यों एवं जन्तुओं द्वारा खाये जाते हैं। इन फलों में कुछ फलों की अन्तः भित्ति कठोर होती है अतः गूदा खाकर गुठली फेंक दी जाती है जो बाद में अंकुरित होकर फलों के वृक्ष बनाती है। कुछ फलों में जैसे टमाटर, अमरूद आदि जिनमें अन्तः भित्ति कठोर नहीं होती और बीज सहित खाये जाते हैं। इन फलों के बीजों पर पाचक रसों का कोई प्रभाव नहीं होता है अतः ये बीज विष्ठा (मल) के साथ बाहर निकल जाते हैं और अंकुरण के लिये उचित अवस्थायें पाकर अंकुरण हो जाता है। जंगली चूहे, गिलहरी, खरगोश आदि जन्तु अपने बिलों में भण्डार जमा करते हैं। वर्षा होने पर ये मिट्टी से दब जाते हैं और अनुकूल परिस्थितियाँ मिलने पर इन संग्रहित बीजों में अंकुरण हो जाता है।

4. रंगीन बीज—चोटली (रत्ती abrus) व रेंडी आदि के बीज खाने योग्य तो नहीं होते हैं परन्तु इनका रंग बहुत आकर्षक होता है और इनकी आकृति प्रायः कीड़ों के समान होती है कुछ चिड़ियाँ ऐसे बीजों को पंजों में दबाकर उड़ जाती हैं। और इन्हें कहीं पर भी जंगलों में फेंक देती हैं।

3. फलों के फटने से बीजों का विकिरण
(Explosive dispersal)

कुछ फल जैसे मटर की फली पकने पर स्वयं इस ढंग से फटते हैं कि उनमें भरे हुए बीज छिटक कर दूर जा गिरते हैं। इस प्रकार गु मेंहदी के केप्सूल फल

पकने के बाद जरा सा हाथ लगते ही एक झटके के साथ फटता है जिससे इसके बीज छिटक कर दूर जा गिरते हैं (Fig. 161 A)। इसी प्रकार **जंगली खीरा** (C. Squattering) फल में इसका दाब बहुत होता है। फल का डंठल इस रस को बाहर नहीं निकलने देता, किन्तु ज्यों ही फल पक कर नीचे गिरता है, फल के भीतर का रस बीजों सहित पिचकारी के रूप में बाहर निकल जाता है, जिससे इसके नन्हें-नन्हें बीज दूर जा गिरते हैं (Fig. 161 B)। इस प्रकार रूवेलिया तथा कालमेघ (Andrographis) बीज चारों ओर बिखर जाते हैं।



Fig. 161—Explosive dispersal of seeds

5. मनुष्य द्वारा विकिरण (Human Dispersal)

फल एवं बीजों के विकिरण में मनुष्य का भी हाथ होता है। मनुष्य अपने लिये उपयोगी पौधों के बीज सुरक्षित रखता है तथा उन्हें या तो अपने संग या दूसरे साधनों द्वारा दूर-दूर तक भेजता है। टमाटर, पपीता, तम्बाकू, मूंगफली आदि के बीज हमारे देश में दूसरे यात्रियों द्वारा ही लाये गये।

प्रश्न 84—पौधों के लम्बे वितरण में सहायक कौन से साधन हैं? अपने विचार व्यक्त कीजियेगा।

What is the most important single agency in long distribution of plants? Justify your opinion.

Refer Q. 83

प्रश्न 85—प्रकृति के फल व बीजों के प्रकीर्णन का क्या उद्देश्य हैं? किस प्रकार का फल व बीज वायु के विकिरण के अनुकूल हो जाते हैं।

What is the objects of dispersal of fruits and seed in nature. How are fruits and seeds adopted for dispersal or by wind.

Refer Q. 83 (*Gorokhpur 75*)

प्रश्न 86—निम्न पर टिप्पणी लिखो—

बीजों का वायु व चिड़ियों द्वारा प्रकीर्णन।

Write notes on—

Seed dispersal wind and birds. (*Karnataka 80*)

Refer Q. 83

आवृतबीजीय भ्रौणिकी
(Embryology of Angiosperms)

विषय प्रवेश

(Introduction)

सामान्य परिचय (General Introduction) :

सपुष्पोद्भिद (phanerogams or flowering plants), जिन्हें स्परमेटोफाइटा (spermatophyta or seed bearing plants) भी कहते हैं, वनस्पति जगत (plant kingdom) का प्रमुख समूह (group) है। इस समूह के अन्तर्गत लगभग 10,000 वंश (genera) व 25000 जातियाँ (species) आती हैं। इन पौधों में वितरण का प्रमुख अंग (cheif organ of distribution) **बीज** (seed) होता है। वास्तव में बीज (seed) हम उस रचना को कहते हैं जिसमें **भ्रूण** (Embryo) एक रक्षक स्तर (protective layer) **बीजकवच** (testa) द्वारा सुरक्षित रहता है। भ्रूण (embryo) में चारों ओर एक विशिष्ट पोषाहार (nutrition) प्रदान करने वाला भाग **भ्रूणपोष** (endosperm) होता है जिसमें भोज्य पदार्थ संग्रहित रहते हैं।

सपुष्पोद्भिद (phanerogams) अथवा स्पर्मेटोफाइट्स (spermatophytes समूह को दो मुख्य विभागों (divisions) में विभाजित किया जा सकता है, जो निम्न हैं :

1. **संवृतबीजी (Angiosperms)**—इनमें बीज (seed) अण्डाशय (ovary) में स्थित रहते है। (angiosperms=angion=बन्द (enclosed), + sperma=बीज (seed) तथा बीज फल में ढके (enclosed) रहते हैं। ये पौधे सर्वाधिक विकसित पौधे होते हैं जिनमें मूल (root) स्तम्भ (stem), पत्ती (leaf), पुष्प (flower) आदि पूर्ण विकसित होते हैं। इन संवृतबीजी पौधों को प्रायः दो मुख्य वर्गों में विभाजित किया जाता है जो (1) द्वि-बीजपत्री (dicotyledons) तथा (2) एकबीजपत्री (monocotyledons) हैं।

2. **नग्नबीजी (Gymnosperms)**—इन पौधों में फल नहीं बनते हैं तथा बीज प्रायः खुले या नग्न होते हैं इनमें बीज अण्डाशय (ovary) में स्थित नहीं होते हैं। (gymnosperms=gymnos=नग्न, +sperma=बीज) जैसे **पाइनस** साइकस।

संवृतबीजी अथवा आवृतबीजी (angiosperms)—वनस्पति जगत (plant kingdom) का सर्वाधिक विकसित एवं प्रमुख समुदाय है। इसके अन्तर्गत लगभग दो लाख जातियां (species) आती हैं तथा ये वनस्पति जगत का प्रमुख भाग बनाते हैं। ये बहुत अधिक अनुकूल (wide range of adaptability) के कारण प्रायः विश्व (world) के सभी प्रदेशों में मिलते हैं। ये गर्म झरनों, रेतीले स्थानों (sandy desert), पहाड़ों की चोटी तथा शायद अन्य सभी स्थानों पर, जहाँ जीवन सम्भव है, ये मिल जाते हैं। इस समुदाय के पौधे मृतोपजीवी (saprophytes), परजीवी (parasites), ऊपरीरोही (epiphytes) जलीय पौधों (hydrophytes), शुष्कोदभिद (xerophytes), आदि के रूप में भी सामान्य रूप से मिलते हैं इनकी पुरानी

खोज के आधार पर तथा प्राचीन इतिहास (history) से विदित होता है कि "angiosperms plants were hidden in the bowels of earth."

प्रश्न 1—भ्रूण विज्ञान से आप क्या समझते हैं ? संक्षेप में इसका ऐतिहासिक विवरण दीजिये ।

What is Embryology ? Describe in brief its history.

भ्रूणविज्ञान अथवा भ्रौणिकी क्या है ?

भ्रूणविज्ञान (embryology) विज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत हम भ्रूण (embryo) एवं बीज (seed) की रचना (Structure) एवं परिवर्धन (development) का अध्ययन करते हैं । विज्ञान की इस शाखा के अन्तर्गत हम नर व मादा जननांगों (male and female reproductive organs) की रचना एवं परिवर्धन (structure and development), निषेचन क्रिया (processes of fertilization) एवं अन्य समान क्रियाओं (other similiar processes) का भी अध्ययन करते हैं ।

भ्रूणविज्ञान का संक्षिप्त इतिहास
(Brief History of Embryology)

भ्रूणविज्ञान (embryology) का प्राचीन इतिहास ज्ञात करने के हेतु हमें अरस्तु (Aristotle) के काल (period) में वापिस जाना पड़ता है । यद्यपि उनके कार्य का अधिकांश भाग प्राप्त नहीं है फिर भी यह ज्ञात होता है कि उन्होंने पौधों में लिंगागों (sexes) की उपस्थिति नहीं बतायी । उनका विश्वास था कि नर व मादा अंग पौधों में नहीं होते हैं इनसे दूसरे वृक्षों का निर्माण स्वयं ही हो जाता है तथा पौधों में फल (fruit) निर्माण भोजन की अधिकता के कारण हो जाता है। इसके पश्चात् थीयोफ्रेस्टस (Theophrastus) ने तीसरी शताब्दी (3rd Century B.C.) में खजूर (date plant) में परागण (pollination) की क्रिया बताई। इसके पश्चात पौधों में लिंगागों (sex organs) के विषय में कोई ध्यान न दिया गया तथा वैज्ञानिक इस विषय में उदासीन रहे । 17 वीं शताब्दी (Seventeenth Century) में जब सूक्ष्मदर्शी (microscope) का आविष्कार हुआ तो बहुत से वैज्ञानिकों ने इस ओर ध्यान दिया तथा 1694 में वैज्ञानिको आर० जे० केमीरेरियस (R. J. Camerarius 1694) ने यह मत दिया कि बीज (seed) की उत्पत्ति (production) के लिये पुंकेसर (stamen) एवं स्त्रीकेसर (carpel) के बीच कुछ क्रिया होना आवश्यक है । इसके पश्चात् 1761 में जे० जी० कोलरीयुटर (J. G. Kolreuter 1761) में पौधों में लिगांगों (sexes) के विषय में कुछ शोध-प्रपत्र (research papers) प्रकाशित किये । 1824 में वैज्ञानिक अमीकी (G. B Amici) ने पराग नाल (pollen tube) की खोज की । 1837 में शीलडन (Schleiden) ने बीजाण्ड (ovule) की रचना, उत्पत्ति (origin) एवं विकास (development) के सम्बन्ध में शोध-पत्र प्रकाशित किया । उन्होंने यह भी बताया कि पराग नाल (pollen tube)बीजाण्ड (ovule) से अण्डद्वार (micropyle) से प्रवेश करती है तथा यह भ्रूणधानी (embryo sac) में पहुँचकर भ्रूण (embryo) का निर्माण करती है । एमीकी (Amici) ने शीलडन (Schleiden) के इस मत

खण्डन किया कि भ्रूण (embryo) पराग नाल (pollen tube) में बनता है तथा एमीसी (Amici) ने 1842 में यह सिद्ध करने का प्रयत्न कि भ्रूण (embryo) बीजाण्ड (ovule) से बनता है। वैज्ञानिक होफमिस्टर (W Hofmeister 1848) ने 1849 में 19 वंशों (genera) की 38 जातियों (species) में अध्ययन कर यह सिद्ध किया कि भ्रूण (embryo) भ्रूणधानी (embryo sac) में पहले से उपस्थित कोशा से बनता है। इसके लिए होफमिस्टर (Hofmeister) पर यद्यपि उचित विश्वविद्यालय डिग्री न होते हुए भी उन्हें रोस्टक विश्वत्रिद्यालय (University of Rostoc) ने (Doctor of Philosophy) की उपाधि (degree) प्रदान की। होफमिस्टर (Hofmeister) ने 1848 में नर जन्युजनक (male gametophyte) तथा 1847 से 1861 तक मादा जन्युजनक (female gametophyte) की रचनाओं एवं परिवर्धन का वर्णन किया। नर व मादा जन्युजनकों (male and female gametophyte) का अधिक विस्तृत अध्ययन 1870 में वैज्ञानिक स्ट्रास्बरगर (Strasburger 1879) ने किया। 1870 में वैज्ञानिक हैन्सटीन (Hanstein 1870) ने भ्रूण (embryo) विकास का पूर्ण अध्ययन किया। स्ट्रास्वरगर (Strasburger 1884) ने 1884 में युग्मन (syngamy) अर्थात् नर व मादा युग्मकों (gametes) की गलनाविधि (fusion) का वर्णन किया। 1898 में वैज्ञानिक एस० जी० नवाशचियन (S. G. Nawaschin) ने **द्विसंसेचन (double fertilization)** की क्रिया की खोज की, जिसमें नर युग्मक (second male gamete) दो ध्रुवीय नाभिकों (polar nuclei) से गलन कर त्रिगुणित नाभिक (triploid nucleus) (3 N) बना लेता है जो बाद में भ्रूणपोष (endosperm) बनाता है। इस प्रकार 1900 ई० तक आवृतबीजी पौधों के भ्रूणविज्ञान (angiosperms embryology) का काफी विकास हो गया तथा लगभग सभी तथ्य (facts) ज्ञात हो गये। इस सब कार्य का विस्तृत वर्णन 1903 ई० में गाउलटर एवं चेम्बरलेन (Goulter and Chamberlain 1903) ने अपनी पुस्तक "Morphology of Angiosperms" में किया। 1929 में वैज्ञानिक श्नारफ (Schnarf) ने भी भ्रूणविज्ञान (em bryology) का वर्णन एक सुप्रसिद्ध पुस्तक "Embryologieder Angiospermen" में किया।

20वीं शताब्दी (20th Century) में आवृतबीजी पौधों के भ्रूणविज्ञान (angiosperms embryology) में वहुत अधिक विकास हुआ तथा देश व विदेशों में इसका गहन अध्ययन हुआ जिसके फलस्वरूप इसकी एक नयी उपशाखा "प्रयोगात्मक भ्रूणविज्ञान" (**Experimental Embryology**) का विकास हुआ है। जिसमें निषेचन पर नियन्त्रण (control on fertillzation), बीज रहित फलों की उत्पत्ति (production of seedless fruits), भ्रूण संवर्धन (embryo culture) आदि का अध्ययन किया गया। इस प्रयोगात्मक भ्रूणविज्ञान (experimental embryology) का विशेष अध्ययन भारत (India) में स्व० प्रो० पी० महेंश्वरी की देख-रेख में देहली विश्वविद्यालय, देहली में प्रारम्भ हुआ था जो उनकी मृत्यु के पश्चात् प्रो० बी० एम० जोहरी की देख-रेख में चल रहा है। इसी विश्वविद्यालय में तथा अन्य विश्वविद्यालयों के प्रमुख भ्रूणविज्ञान विशेषज्ञ (Embryologists) अनुसन्धान कार्य (research work) में रत (busy) हैं तथा उनमें से प्रो० बी० एम० जोहरी, आर० एस० चोपरा, आर० एन० कपिल, आई० के० वेसिल (**I. K. Vasil**) एन० एस० रंगा स्वामी, मेरी ई० सैण्डरस (Mery E. Sanders), आर० सी० सैचार (R. D. Sachar), सी० डब्लू० वारडला (C. W. Wardlaw), के० स्टीफन

(K. Steffen) आदि का नाम प्रमुख है। आधुनिक युग (Modern age) में भ्रूण-विज्ञान (embryology) बहुत अधिक विकसित हुई है तथा इसका घनिष्ठ सम्बन्ध (intimate relation) वनस्पति विज्ञान (Botany) की दूसरी शाखाओं जैसे कार्यकी (Physiology), पैत्रागतिकी (Genetics) आदि से है तथा यह भविष्य में अनुसंधान कार्य के लिये एक नया क्षेत्र स्थापित करती है।

प्रश्न 2--किसी सुप्रसिद्ध भारतीय भ्रूण विज्ञान विशेषज्ञ का संक्षिप्त विवरण दीजिये।

Give a brief account of any famous Indian plant Embryologist.

सुप्रसिद्ध भारतीय भ्रूण विज्ञान (Embryology) विशेषज्ञ, वनस्पति शास्त्री

प्रो०—पंचानन महेश्वरी

(Famous Indian Plant Embryologists—Prof P. Maheshwari)

स्व० प्रो० पंचानन महेश्वरी दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली के वनस्पति शास्त्र विज्ञान (Botany Department) के भूतपूर्व अध्यक्ष (Head) थे। इनका स्थान विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों में है। इनके विषय में भूतपूर्व शिक्षा सांस्कृतिक कार्य सम्बन्धी मन्त्री प्रो० हुमांयु कबीर ने कहा था कि ये भारतीय विज्ञान के उज्जवल नक्षत्र हैं जिनसे देश को वहुत सी आशायें हैं।

प्रो० महेश्वरी का जन्म नवम्वर, 1904 में श्री विजयपाल महेश्वरी के घर जयपुर में हुआ। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा जयपुर में ही हुई। इनके पिताजी (जो राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य विभाग में कार्य करते थे) की तीव्र इच्छा थी कि ये अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। वे उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रयाग विश्वविद्यालय में गये तथा वहाँ उनके प्रथम अध्यापक डब्लयूडजन नाम के एक अमरीकन पादरी थे जिन्होंने भारत में सर्वप्रथम "भारतीय वनस्पति शास्त्र सोसाइटी" की नींव रखी।

प्रो० महेश्वरी ने अपना जीवन अध्यापक के रूप में आगरा कालिज, आगारा से प्रारम्भ किया तथा तत्पश्चात् वे क्रमशः इलाहाबाद, लखनऊ एवं ढाका विश्व-विद्यालय में विभिन्न पदों पर कार्य करते रहे। मार्च सन् 1939 में उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष (Head of Botany Department in University of Delhi) के पद का भार ग्रहण किया, और तब से ही वे वहाँ कार्य करते रहे। मई 1966 में उनका निधन हो गया।

प्रो० महेश्वरी का विशेष कार्य क्षेत्र पौधों का भ्रूणविज्ञान (Plant embryology) एवं आकारिकी (morphology) रहा है। इसके साथ-साथ वे पादप क्रिया विज्ञान (Plant Physiology) में भी विशेष रूचि लेते रहे हैं। इन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग को (जो 1946 में स्थापित हुआ था) अपनी तीव्र लग्न एवं दृढ़ संकल्प से बहुत विशाल एवं उन्नतिमय बनाया जिसमें उच्च अध्ययन एवं अनुसंधान (research) हेतु न केवल भारतीय अपितु विदेशी छात्र भी आते रहते हैं। प्रो० महेश्वरी प्रायः विदेशों से आये विद्वानों से वार्ता करते हुए, अथवा अपने सहयोगी अनुसंधानकर्त्ता से अनुसंधान सम्बन्धी विचार विमर्श करते हुए, अथवा अपने व्यक्तिगत अध्ययन में रत हुये पाये जाते थे। इनमें साठ वर्ष की आयु में भी युवकों जैसी स्फूर्ति और बच्चों के समान हास्य का अवलोकन होता था। प्रो० महेश्वरी को अंग्रेजी के अतिरिक्त जर्मन, फ्रेंच, संस्कृत आदि भाषाओं का बहुत अच्छा ज्ञान था।

प्रो॰ महेश्वरी 1950 से विश्व की भ्रूणविज्ञान पर सबसे अधिक प्रमाणिक पुस्तक An Introduction to the Embryolcgy of Angiosperms के लेखक है। सन् 1951 से ही फाइटोमोरफोलोजी (phytomorphology) जैसी समृद्ध शोधपत्रिका (journals) का सम्पादन भी किया। ये 1950 में ही भारतीय विज्ञान काँग्रेस की वनस्पति विभाग शाखा के सभापति बने और 1954 में देश की सबसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक संस्था "नेशनल इनस्टीट्यूट ऑफ साइन्सैज" के भी सदस्य बने। सन् 1959 में उन्हें "भारतीय वनस्पति सोसाइटी" के वीरबल साहनी पुरुस्कार के लिये चुना गया। इन्होंने अपना विशेष अध्ययन एवं अनुसन्धान लोरन्थैसी (Loranthaceae), संटेलेसी (Santalaceae) आदि परजीवी कुलों (Parasitic families) तथा अनावृतबीजी (gymnosperms) पौधों पर किया। इन्होंने भ्रूणविज्ञान (embryology) एवं पादप क्रिया विज्ञान (Plant Physiology) के सम्मिश्रण से एक नयी शाखा "प्रयोगात्मक भ्रूविज्ञान" (Experimental Embryology) का उत्थान किया जिसमें पुष्प के विभिन्न अंगों को कृत्रिम पोषण (Artificial culture) में वृद्धि करने की दिशा में आशातीत सफलता प्राप्त की गई है।

प्रो॰ महेश्वरी ने अमेरीका, सोवियत रूस, कनाडा, जर्मनी, इंगलैण्ड इण्डोनेशिया आदि अनेक देशों का भ्रमण किया तथा उचित आदर प्राप्त किया। सन् 1956 में उन्हें अमेरीकन एकादमी ऑफ आर्टस एण्ड साइन्सेज" का विदेशी वैज्ञानिक सदस्य चुना गया और सन् 1959 में पश्चिम जर्मनी की "कैसर लिख जर्मनी एकादमी डर नेतुर फोर्शर" ने भी इसी प्रकार सम्मानित किया। सन् 1959 में ही अमेरीका की मेकगिल यूनीवर्सिटी ने उनकी वनस्पति शास्त्र सम्बन्धी सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें डी॰ एस॰ सी॰ (D.Sc.) की उपाधि से विभूषित किया तथा इलिनोइस विश्वविद्यालय ने इनकी नियुक्ति "विजिटिग प्रोफेसर" के पद पर की। वे लगातार 1951, 1954, 1959, 1964 में विदेशों में होने वाली अन्तर्राष्ट्रीय वनस्पति शास्त्रीय समाओं में भारत के प्रतिनिधि के रुप में भाग लेते रहे तथा 1961 में जर्मन सरकार के निमन्त्रण पर वे 6 जर्मन विश्वविद्यालयों के भ्रमण के लिये गये सन् 1963 में उन्होंने नीदरलैण्ड में होने वाली "फिजीओलोजी ऑफ पोलन" की गोष्ठी में भाग लेकर भारत का सम्मान बढ़ाया। **प्रो॰ महेश्वरी भारत के दूसरे वनस्पतिज्ञ हैं जिन्हें 18 मार्च 1959 को ब्रिटेन की सबसे प्राचीन वैज्ञानिक संस्था" रायल सोसायटी" ने इन्हें अपना सदस्य निर्वाचित कर मान से सम्मानित किया तथा इन्हें एफ॰ आर॰ एस॰ (F. R. S) की उपाधि से अलंकृत किया।** प्रो॰ महेश्वरी अपने अनुसंधान कार्य में व्यस्त रहते हुए ही मई 1966 में क्रूर काल के ग्रास बन गये। ये वास्तव में भारतीय विज्ञान जगत के प्रमुख नक्षत्र थे।

प्रो॰ महेश्वरी एक ऐसे वैज्ञानिक थे जिन्होंने अपनी अधिकतर शिक्षा स्वदेश में प्राप्त की और उसी के आधार पर विश्व के वनस्पति विज्ञान विषयक मान-चित्र में भारत को रखने में सफल हुए। इनका दृष्टिकोण विशुद्ध भारतीय था।

प्रश्न 3—निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी करो।

(i) प्रो॰ पी॰ महेश्वरी। (*Gorakhpur 84; Kanpur 76;*

कृपया प्रश्न 2 देखिये। *BundelKhand 85*)

1

पुष्प
(The Flower)

प्रश्न 4—किसी प्रारूपिक, आवृबीजी पुष्प की रचना का सचित्र वर्णन करो।

Write an illustrated account of any typical Angiospermic flower.

एक प्रारुपिक संवृतबीजी पौधा (A typical Angiospermic plant) प्राय: जड़ (root), तने (stem) एवं पत्ती (leaf) में विभाज्य होता है। इन पौधों में प्रजनन (reproduction) प्राय: **वर्धी प्रजनन** (vegetative reproduction) या **लिंगी प्रजनन**(sexual reproduction) प्रकार का होता है। वर्धी प्रजनन प्राय: कलिका (buds), भूमिगत तना (underground stems) जैसे ट्यूबरस (tubers) आदि द्वारा होता है। इनके लैंगिक अंग (sexual reproductive organs) पुष्प से उत्पन्न होते हैं।

— पुष्प, पौधे का सर्वाधिक सुन्दर भाग होता है तथा यह वास्तव में रूपान्तरित प्ररोह (modified shoot) है। पुष्प में विभिन्न अंगों में निम्न समाजाततायें (homologies) होती हैं।

समजाततायें (homologies)

स्त्री केसर या अंडप (Carpel) =स्त्रीबीजाणुपर्ण (Megasporophyll)
बीजाण्ड (Ovule) =गुरुबीजाणुधानी (Megasporangium)
भ्रूणधानी (Embryosac) =मादा जन्युजनक (Female gametophyte)
अण्ड (Egg) =मादा युग्मक (Female gamete)
पुंकेसर (Pollengrain) =पुंबीजाणुपर्ण (Microsporophyll)
परागकण (pollen grain) =पुंबीजाणु (Microspore)
अंकुरित परागकण (Germinated pollengrain) =नर जन्युजनक (Male gametophyte)

एक प्रारुपिक पुष्प के विभिन्न भाग
(Parts of a typical flower)

पुष्प एक विशेष प्रकार का प्ररोह (shoot) है जो जनन (reproduction) के लिये विशेष रूप से परिवर्तित (modified) हो जाता है।

पुष्प

पुष्प पौधे का सबसे सुन्दर भाग है तथा पौधों पर एक विशेष ऋतु में लगते हैं। पुष्प पौधे की सुन्दरता बढ़ाने के साथ-साथ फल एवं बीज भी उत्पन्न करते हैं।

भिन्न-भिन्न प्रकार के पौधों के पुष्पों की रचना में पर्याप्त अन्तर होता है। किन्तु यदि हम एक प्रारूपिक पुष्प जैसे सरसों, आदि को देखें तो हम देखेंगे कि पुष्प एक विशेष प्रकार डंठल (petiole) द्वारा तने से जुड़ा रहता है। वृन्त या डंठल का ऊपरी भाग कुछ मोटा हो जाता है और इसे पुष्पासन (thalamus) कहते हैं। पुष्पासन के ऊपर ही पुष्प के निम्न चार भाग हो हैं।

1. बाह्यदल पुंज (Calyx)
2. दलपुंज (Corolla)
3. पुमंग (Androecium)
4. जायाँग (Gynoecium)

बाह्यदल पुंज (Calyx) पुष्प का सबसे बाहर का भाग है। इसमें पत्तियों के समान हरे रंग के कई बाह्यदल (sepals) होते हैं। ये कलिका (bud) अवस्था में पुष्प की वर्षा, धूप आदि से रक्षा करता है। यह हरी होने के कारण भोजन निर्माण में भी सहायक है। कुछ पौधों में sepals भी रंगीन हो जाते हैं। प्रायः इनकी संख्या 4 या 5 होती है।

दलपुंज या (corolla) पुष्प का सबसे सुन्दर भाग होता है। इसमें पत्ती के आकार की रंगीन रचना को दल या petals कहते हैं। इनकी संख्या भी प्राय: 4 या 5 होती है। इनका मुख्य कार्य परागण के समय कीट पतंगों को आकर्षित करना है।

पुमंग (androecium), पुष्प का नर (male) भाग है तथा दलपुंज (corolla) के नीचे पाया जाता है। इसमें हथौड़े की आकृति के समान अनेक रचनायें पाई जाती हैं जिन्हें पुंकेसर (stamen) कहते हैं इनकी संख्या सरसों में 6 होती है तथा अन्य पुष्पों में 2 से अनन्त तक होती है। प्रत्येक पुंकेसर में एक पुतन्तु (filament) तथा दो परागकोष या anther lobes होते हैं। इन पराग कोशों में अनेक परागकण (pollen grains) भरे रहते हैं। पुमंग का मुख्य कार्य परागकण उत्पन्न करना होता है। यह परागकण ही जायांग (gynoecium) पर पहुंच कर फल व बीज बनने में सहायक होते हैं।

जायांग (gynoecium) पुष्प का मादा (female) भाग होता है तथा सदैव पुष्प के केन्द्र में स्थित होता है। पुष्प के इस भाग में अंग (ovules) उत्पन्न होते हैं जो निषेचन (fertilization) की क्रिया के पश्चात् बीज बनाते हैं। प्रत्सेक जायांग एक या अनेक अण्डों (carpels) का बना होता है और उसमें तीन भाग होते हैं :–

1. नीचे का फूला हुआ भाग अण्डाशय (ovary),
2. अण्डाशय के ऊपर पतला तथा लम्बा भाग वर्तिका (style) तथा
3. वर्तिका के ऊपरी सिरे पर वर्तिकाग्र (stigma) होता है। stigma परागकण को ग्रहण करता है। अण्डाशय (ovary) में अनेक बीजाण्ड (ovules) होते हैं। यह बीजाण्ड ही निषेचन (fertilization) के बाद बीजों (seeds) में परिवर्तित हो जाते हैं। भीतर की ओर अण्डाशय की दीवार से बीजाण्ड के लगने



Fig. 1—A typical angiosperms flower—(Diagrammatic)

के स्थान पर कुछ फूली हुई होती है इस फूले हुए स्थान को जरायु (placenta) कहते हैं। जरायु पर बीजाण्ड के लगने के क्रम को जरायुविन्यास (placentation) कहते हैं। यह भिन्न-भिन्न पुष्पों में भिन्न-भिन्न प्रकार का होता है।

पुष्पों के प्रकार (Types of flowers)

1. **पूर्ण पुष्प (Complete flower)**—जिसमें पुष्प के चारों भाग होते हैं।

2. **अपूर्ण पुष्प (Incomplete flower)**—जिसमें पुष्प का कोई एक या एक से अधिक भाग अनुपस्थित हो।

3. **द्वि-लिंगी पुष्प (Bisexual or Hermaphrodite)**—वह पुष्प जिसमें नर या मादा भाग दोनों होते है।

4. **एकलिंगी पुष्प (Unisexual flower)**—जिन पुष्पों में केवल नर या मादा अंग होते हैं।

5. **बहुयुग्म पुष्प (Actinomorphic flower)**—इस प्रकार के पुष्प किसी भी समतल में काटने पर दो समान भागों में विभाजित किये जा सकते हैं जैसे सरसों, गुड़हल।

6. **एकयुग्म पुष्प (Zygomorphic flower)**—इन पुष्पों को केवल एन्टिरोपोस्टरियर, समतल में खड़ा काटने पर दो समान भागों में बांटा जा सकता है जैसे मटर।

प्रश्न 5--जरायुन्यास पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखो।

Write a brief essay on placentation in Angiosperme.

जरायुन्यास (Placentation)

जैसा कि हमने ऊपर पुष्प की रचना में देखा कि पुष्प स्त्री जननांग (female



V. S FLOWER
(MURRAYA EXOTICA)

Fig. B—V. S. of Flower.

reproductive organ)—स्त्रीकेसर (pistil) में अण्डाशय (ovary) के अन्दर (ovules) स्थित रहते हैं। बीजाण्ड (ovule) प्राय: अण्डाशय के अन्दर एक तन्तु द्वारा जुड़े रहते हैं जिसे जिरायु (placenta) कहते हैं।

बीजाण्डों (ovules), के जरायुओं (placenta) से अन्डाशय (ovary) में जुड़े रहने के क्रम को जरायुन्यास (placentation) कहते हैं।

अण्डाशय (ovary) में जरायुओं (placenta) के वितरक के आधार पर जरायुन्यास (placentation) निम्न प्रकार का होता है :—

1. **सीमान्त अथवा प्रान्तस्थ (Marginal placentation)**—इसमें अण्डाशय सरल तथा एक कोष्ठीय होता है तथा इसमें जरायु (placenta) अक्षक सन्धि या अण्डपों (carpels) से संयुक्त स्थान से निकलता है। इसमें बीजाण्ड (ovules) अण्डाशयों (ovary) के उपान्तों (margins) पर स्थित होते हैं जैसे मटर, चना आदि में (Fig. 2 A A)।

2. **अक्षीय या अक्षवर्ती जरायुन्यास (Axile placentation)**—इसमें अंडाशय बहुकोष्ठीय (multichambered) होता है। इनमें जरायु (placenta) अण्डाशय के मध्य अक्ष (central axis) से निकलता है तथा उन पर बीजाण्ड (ovules) स्थित रहते हैं जैसे नींबू, सन्तरा, नारंगी आदि में (Fig. 2 B)।

3. **मुक्त केन्द्रीय जरायुन्यास (Free central placentation)**—इसमें अण्डाशय एककोष्ठीय (unilocular) होता है तथा जरायु (placenta) अण्डाशय के मध्य (central axis of ovary) से बनता है जिस पर बीजाण्ड लगे रहते हैं जैसे स्टैलेरिया (stellaria), पिक (Dianthus) आदि में (Fig. 2 E)।

4. भित्तिलग्न जरायुन्यास (Parietal placentation)—इसमें प्राय: अण्डाशय एक द्विकोष्ठीय (unilocular) होता है लेकिन कभी-कभी कृत्रिम भित्ति बनाने के कारण यह द्विकोष्ठीय (Bilocular) होता है, जैसे सरसों में। जरायु (placenta) अण्डाशय की दीवार के अन्दर की ओर किनारों पर समूह में होता है (Fig. 2 C)।

5. आधार लग्न जरायुन्यास (Basal ;placentation)—इसमें अण्डाशय प्राय: द्विअण्डपी (Bicarpellary) व एककोष्ठीय (unilocular) होता है। इसमें जरायु (placenta) अण्डाशय के आधार पर सीधा पुष्पाक्ष से लगा रहता है। इस जरायु (placenta) में प्राय: एक ही बीजाण्ड (ovule) होता है जैसे सूरजमुखी, गेंदा आदि में (Fig. 2 D)।

6. तललग्न अथवा धरातीय लग्न जरायुन्यास (Superficial placentation)—इसमें अण्डाशय बहुकोष्ठीय होता है, इसमें बीजाण्डयुक्त जरायु (placenta with ovules) में अण्डाशय की भीतरी दीवार की सतह पर चारों ओर विकसित होते हैं जैसे वाटर लिली (water lily), निम्फीया (Nymphaea) आदि में (Fig. 2 F)।



Fig. 2—Different types of placentation.

प्रश्न 6—"पुष्प एक रूपान्तरित शाखा है।" इस कथन की पुष्टि करो।
"Flower is a modified shoot." Justify the statement.

पुष्प की आकारकीय प्रकृति (Morphological Nature of Flower)

पुष्प प्रारम्भ से ही आकारकीय (morphological) तथा अन्त:आकारकीय

(anatomical) अध्ययन के अन्तर्गत रहा है तथा इसके विषय में वैज्ञानिकों में सदैव मतभेद रहा है। बहुत अनुसंधानों (researches) एवं अध्ययनों के उपरान्त भी पुष्प की आकारकीय प्रकृति (morphological nature) तथा जाति वंश सम्बन्ध (phylogenetic relations) एक मतभेद का विषय है।

सन् 180 में वैज्ञानिक गोयथे (Goethe) ने कहा कि "**पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह है**" (Flower is a modified shoot)। उनका यह मत धीरे-धीरे लगभग सभी वैज्ञानिकों को मान्य हो गया। गोयथे के मतानुसार केवल एक ही अंग विभिन्न रूप से प्रकट हो सकता है।" उन्होंने कहा कि फूल एक प्रकार के पौधे का प्ररोह (shoot) है जो विशेष रूप से प्रजनन की क्रिया के लिए परिवर्तित हो जाता है। इस प्ररोह के अक्ष (axis) को पुष्पाक्ष (Thalamus) कहते हैं तथा इस पर लगी पत्तियाँ (leaves) विभिन्न पुष्प (floral leaves) में रूपान्तरित हो जाती है।

"पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह (Flower is modified shoot) है" इस कथन को हम अग्रलिखित प्रमाणों द्वारा सिद्ध कर सकते हैं :

1. वर्धी प्ररोह (vegetative shoot) की (growth) प्राय: अनियमित (unlimited) होती है जबकि पुष्पों की वृद्धि प्राय: सीमित (limited) होती है। लेकिन कुछ पुष्पों में देखा गया है कि पुष्पाक्ष (thalamus) में वृद्धि होती रहती है और कभी-कभी पुष्पाक्ष पुष्प को पार कर बढ़ती रहती है जिन पर पत्तियाँ आदि पैदा होती रहती हैं (Fig. 3) जैसे गुलाब में।

2. पुष्प, वर्धीप्ररोह (Vegetative shoot) की भाँति स्थिति में अक्षीय (axial) अग्रीय (terminal) हो सकते हैं।

3. पुष्पाक्ष (thalamus) वास्तव में शाखा का रूपान्तरण होता है जिसमें पर्व (internode) संवनित (dense) तथा अविकसित अवस्था में होता है। पुष्पाक्ष से पुष्प पत्रों चारों क्रम अर्थात् वाह्यदल पुंज, दल, पुंज पुमंग एवं जायांग निकलते हैं। ये चारों क्रम पत्ती के समान होते हैं।

कुछ पुष्पों में जैसे **कपिरस** (capperis) में पुष्पाक्ष लम्बा होकर गाइनोफोर (gynophore) बनता है जो पर्व (internode) प्रदर्शित करता है। (Fig. 4 B)। इसी प्रकार **गाइनेन्ड्रोपसिस** (gynandaopsis) में पुष्पाक्ष लम्बी होकर गाइनेड्रोफोर (gynandrophore) बनाता है जो पंखडी (petal) व पुंकेसर (stamen) के बीच का पर्व (internodes) को



Fig. 3—A twig of Rose with flowre

प्रदर्शित करता है तथा इसके ऊपर स्त्रीकेसर (pistii) होते (Fig, 4 A)। अतः इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि पुष्प एक रूपान्तरित वर्धीप्ररोह है।

4. पुष्प कलिका (flower buds) के निदलों (sepals) दलों (petals) का विन्यास (aestivation) सत्यपत्रों (foilage leaves) के पर्ण कलिका विन्यास (perfoliation) की भाँति होता है।

5. दलचक्र तथा पुटचक्र पुष्पाक्ष पर उसी भाँति जुड़े रहते हैं जिस प्रकार शाखा पर पत्तियाँ चक्रीय (wheel) रूप में लगी रहती हैं।

6 निदल (sepals) पत्तियों के ही समान हरे होते हैं। मुसेण्डां (mussenda) में एक निदल (sepal) आकार में बड़ा होकर रंगीन पत्ती में बदल जाता है (Fig. 5)।

7. कभी-कभी दल (petals) हरे होकर पत्तियों के समान हो जाते हैं जैसे हरे गुलाबों में।



Fig. 4 A—Gynandropsis flower.



Fig. 4 B—A capparis flower.

8. कुछ पौधों में जैसे नीलीफर (water lily) में बाह्यदल (calyx) से दलचक्र (corolla)। ये दलचक्र से पुमंग (androecium) बनने में परिवर्तन साफ प्रतीत होते हैं। इसी प्रकार जंगली गुलाब में केवल 5 दल (petal) तथा बहुत से पुंकेसर (stamen) तथा घरेलू गुलाब (cultivated roses) में बहुत से दल (petal) व बहुत कम पुंकेसर (stamen) होते हैं अर्थात् पुंकेसर धीरे-धीरे दल में बदल जाते हैं। कुछ गुलाब की जातियों में अण्डप (carpel) हरे होकर पत्ती का रूप लेते हैं। कभी-कभी पुंकेसर व अण्डप रंगीन होकर दलों (petals) का रूप ले लेते हैं जैसे जीनिया (Zinnia) में इस प्रकार स्पष्ट है कि पुष्प के चारों चक्र पत्तियों का ही रूपान्तरण हैं जो पुष्पाक्ष पर चक्रीय विन्यास में लगे रहते हैं।

9. अण्डप (carpel) एक रूपान्तरित पत्ती है। इसको विभिन्न प्रमुख



Fig. 5—A flower of Mussaenda.

वैज्ञानिकों जैसे प्रो० वी० पुरी (भारतीय वैज्ञानिक) तथा प्रो० ईंमस (Eams) आदि ने अपने विचारों एवं अनुसन्धानों से सिद्ध कर दिया है।

10. अगेव (Agave) आदि पौधों से पुष्पक्रम (Inflorescence) पर स्थित पुष्प कलिकायें (flower buds) कभी-कभी पर्ण कलिकाओं (leafy buds) में रूपान्तरित होकर पत्रकन्द बनाती हैं जो वर्धी प्रजनन (vegetative reproduction) में सहायक होती हैं।

इस प्रकार उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट है कि पुष्प एक रूपान्तरित प्ररोह (shoot) है।

प्रश्न 7—पुष्प क्या है ? इसकी आकारकीय प्रकृति की विवेचना करो।

What is flower ? Describe briefly its morphological nature.

कृपया प्रश्न 6 देखें।

प्रश्न 8—पुष्प की आकारिकी पर संक्षिप्त लेख लिखिये। विभिन्न पुष्पीय भागों के कार्यों को भी समझाइये। (*Kanpur 80*)

Refer Q. 6

2

पुँकेसर, माइक्रोस्पोरोजिनेसिस (पुँबीजाणुजनन) एवं नर युग्मकसु

(The Stamen-Microsporogenesis and Male Gametophyte)

प्रश्न 9—किसी सामान्य परागकोष के विकास का वर्णन इसके विस्फोटन के समय तक कीजिये।

Describe the development of typical anther till its dehiscence.
(*Kanpur* 79, 82)

प्रश्न 10—आवृतबीजी में माइक्रोस्पोरेंजियम के वर्धन और रचना का वर्णन कीजिये।
(*Rohelkhand* 87)

पुंकेसर (Stamen or microsporophyll) (Fig 6 AB and 7 AB) :

पुंकेसर (Stamen) आवृतबीजी पौधों (angiospermic plants) का नर प्रजननांग (male reproductive organ) है जिसमें प्राय: एक मुग्दाकार (club


VASCULAR BUNDLE
POLLEN SAC
POLLEN GRAINS
A

Fig. 6 A—T.S. of stamen


POLLEN SACS
ANTHER
CONNECTIVE
FILAMENT
B

Fig. 6 B—Stamens.

) बीजाणु युक्त (spore bearing) भाग-परागकोष (anther) तथा एक लम्बा, तन्तु (filament) होता है (Fig. 6 A)। परागकोष (anther) में दो पालियाँ (anther lobes) होते हैं जो एक महीन योजी (connective) जुड़े रहते हैं। प्रत्येक परागकोष पाली (anther lobe) में प्रायः दो प्रकोष्ठ mbers) होते हैं जिन्हें परागधानी (pollen sac) कहते हैं जिनके अन्दर बहुत (pollen grains) भरे रहते हैं तथा प्रत्येक परागधानी (pollen sac) चार या पाँच स्तरों वाली पराग भित्ति (anther wall) से घिरी रहती है। स्यों में जैसे कुल मालवेसी? में (family malvaceae) केवल दो पराग-(two pollen sac) होती हैं।



Fig. 6. C. T.S. of Anther

माइक्रोस्पोरोजिनेसिस (Microsporognesis)
अथवा
पुंकेसर, परागधानी एवं पराग कणों का विकास
(Development of stamen, pollen sacs and pollen grains)

पुंकेसर (stamen) पुष्पाक्ष (thalamus) पर मेरीस्टीमेटिक कोशाओं stematic cells) के निरन्तर विभाजन के फलस्वरूप एक छोटी सी अभिवृद्धि growth) के रूप में प्रकट होता है। यह अभिवृद्धि (out-growth) शीघ्रता र अग्र सिरे एक मुग्दाकार (club like) रचना परागकोश (anther) एवं पतले वृन्त-जन्तु (filament) में भिन्न (differentiate) हो जाते हैं।

एक बहुत तरुण परागकोश (young anther lobe) का अनुप्रस्थ प्राच्छेद verse section) काट कर देखने से विदित होता है कि यह मेरीस्टीमेटिक ओं का एक समूह है जो बाह्यस्तर (epidermis) द्वारा घिरा रहता है। र में अण्डाकार (oval in shape) होता है (Fig. 8 B)। इसके पश्चात्

शीघ्र ही यह चार पालियों (four lobed) वाली हो जाती है (Fig. 8 C)। इ मध्य में एक वाहिनी ऊति (procambial strand) भिन्न (differentiate) जाता है। यह बाद में वाहिनी बण्डल (vascular bundle) बनाता है तथा यो (connective) के भाग में स्थिर रहता है (Fig.8 C)

पराग धानी (pollen sac or microsporangium) का विकास प्र यूस्पोरेन्जीयेट (eusporangiate) प्रकार का होता है। परागधानी (pollen s के विकास के समय बाल परागकोश (youth anther) के चारों कोनों (corne पर बाह्य त्वचा (epidermis) के नीचे कुछ अधस्तरीय कोशाओं, (hypoderm cells) की पंक्ति (rows) अपने बड़े आकार, स्पष्ट एवं नाभिक (nuclei) प्ररस (dense protoplasm) के कारण अन्य कोशाओं से भिन्न हो जाते हैं। कोशाओं को **माइक्रोस्पोरेंजियल आदि कोशायें** (**microsporangial initial cell** कहते हैं (Fig.8 D)। परागकोश (anther) के अनुप्रस्थ आच्छेद (transver division) में तो प्रत्येक पराग धानी (pollen sac) में एक या कोशा जैसे डायोनि **बोरहाविया** (dionaea, boerthavia) आदि के पुंकेसर (stamen) में अथ बहुत-सी कोशाओं की पंक्ति जैसे **अरजीनिया** (**urginea**) के पुंकेसर में दिखाई दे है। आयाम प्राच्छेद (longitudinal section) में भी एक, दो ता बहुत- कोशायें हो सकती हैं।

प्रत्येक माइक्रोस्पोरेंजियल आदि कोशा एक पारित विभाजन (pericli division) द्वारा विभाजन होकर एक बाहरी **प्राथमिक भित्तीय कोशिका** (**pri mary partial cell**) तथा भीतरी कोक्षिका **प्राथमिक बीजाणुजनन कोशिका** (**pri mary sporogenous cell or archesporium**) बनाती है (Fig.8 F)। ये दो कोशायें निरन्तर विभाजित होती रहती हैं। Primary parietal cell तीन से पाँ तक भित्ति स्तर (wall layers) बनाता है तथा Primary sporongenons tiss लघुबीजाणु (microspore) बनाते हैं।

प्राथमिक भित्तीय कोशिका (primary parietal cell) जो बाह्य त्वच (epidermis) के ठीक नीचे होता है, बहुत से विभाजनों द्वारा विभाजित होकर से 5 तक परागधानी (pollen sac) का भित्तीय स्तर (wall layers) बनाती जो बीजाणुजनक ऊति (sporogenous tissue) को घेरे रहती है। परागध (pollen sac) की भित्ति (wall) में निम्न स्तर (layer) होते हैं तथा उन परिवर्धन निम्न प्रकार से होता है।

प्राथमिक भित्तीय कोशा (primary parietal cell) एक अनुप्रस्थ विभा (transverse division) द्वारा विभाजित होकर एक बाहरी **अन्त भित्ति** (**endothe cium or fibrous layers**) बनाती है इसकी कोशायें प्राय: मोटी होती हैं तथा पर स्पाइरल स्थूलता (spiral thicking) पाई जाती है जिसके कारण यह हाइ स्कोपिक (hygroscopic) होकर परागकोष (anther) के फटने (dehiscence) सहायक होती है। कुछ पौधों में जैसे कुल हाइड्रोकेरीटेसी (hydrocharitaceae) यह स्थूलता (spiral thicking) नहीं पाई जाती है। (महेश्वरी एवं जो 1950)। अन्त:भित्ति (endothecium) के नीचे वाली भित्तीयकोशा (parie cell) फिर से विभाजित होकर ऊपरी 1 से 3 कोशा मोटी **मध्य स्तर** (midd layer) तथा निचली **टेपीटम पर्त** (tapetum layer) बनाती है। मध्य-स्तर (middle layers) प्रायः शीघ्र ही नष्ट हो जाता है और वृद्धि करते हुए लघुबीजाणु (microspores) के पोषण में सहायक होते हैं। कुछ पौधों में जैसे **रेनक्यूलस** (*Ranunculus*) में दो मध्य स्तर (middle layers) अन्त तक देखे गये हैं। (Singh 1936) सबसे निचला भित्तीय स्तर (wall layer) **टेपीटम** (**tapetum**) होती है जो स्पोरोजीनस ऊति से लगी रहती है इसकी कोशायें बड़ी व लम्बी होती हैं। इस स्तर की काफी दैहिक विशेषता (physiological interest) होती है। यह टेपीटम स्तर भी प्रायः माइक्रोस्पोरस (microspores) के निर्माण से पहले ही नष्ट होकर उनके पोषण में सहायक हो जाती है।

इस प्रकार परिपक्व परागधानी (mature pollen sac) की भित्ती (wall) में बाह्य त्वचा (**epidermis**), **अन्तः त्वचा** (**endothecium**) मध्य स्तर (middle layers), एवं **टेपीटम स्तर** (tapetum layer) होती है (Fig. 8 HIJ)।

उपरोक्त प्रकार से परागधानी की भित्ति (wall of pollen sac) के निर्माण के साथ ही साथ प्राथमिक बीजाणुजनन कोशा (primary sporogenous cell or archesporium) दो या तीन विभाजनों द्वारा विभाजित होकर बहुत से लघु **बीजाणु मातृ कोशायें** (Microspore **mother cells** or pollen **mother cells**) का निर्माण करती है। कभी-कभी लेकिन बहुत कम ऐसा होता है कि प्राथमिक बीजाणुजनन कोशायें (primary sporogenous cells) ही बिना किसी विभाजन के (microspore mother cells) की भाँति कार्य करने लगते हैं। प्रारम्भ में microspore mother cells एक दूसरे के साथ मिले (closely packed) रहते हैं परन्तु बाद में ये अलग-अलग होकर गोलाकार हो जाते हैं। इनमें से कुछ spore mother cells नष्ट होकर माइक्रोस्पोरस के पोषण में सहायता देते हैं।



Fig. 7—Younger flower showing ontogeny.

इसके पश्चात् कार्य करने वाले लघु बीजाणु मातृ कोशा (functional microspore mother cells) एक अर्धसूत्रण (reduction division) विभाजन तथा एक सरल विभाजन (simple division) द्वारा विभाजित होकर चार लघु बीजाणु (microspores) बनाते हैं जो अगुणित (Haploid) होते हैं।


SPORANGIAL INTIAL
PROCAMBIAL STRAND
ANTHER MERISTEMATIC
A
B
PARIETAL LAYER
ARCHESPORIUM
C
D


ENDOTHECIUM
PRIMARY PARITAL CELL
ARCHESPORIUM
F
PARITAL CELL
SPOROGENOUS CELL
G
EPIDERMIS
ENDODERMIS
MIDDLE LAYER
TAPETAL LAYER
SPOROGENOUS TISSUE
H


EPIDERMIS
TAPETUM
ENDODERMIS
MIDDLE LAYER
SPOROGENOUS TISSUE
H
VASCULAR STRAND OF CONNECTIVE
ENDOTHECIUM
EPIDERMIS
MIDDLE LAYER
TAPETUM
POLLEN MOTHER CELL
TETRAD OF POLLEN GRAINS
I

Fig. 8. A to J—Different stages of Microsporogenesis of Angiosperms.
B—T. S of young anther
C to H—Developmental stage.
I—T S of mature anther.

इन चार माइक्रोस्पोरस (microspres) के निर्माण के समय भित्ति निर्माण (wall formation or cytokinesis) भिन्न-भिन्न प्रकार से हो सकता है। प्रायः द्वि


POLLEN MOTHER CELL (2N)
A
B
C
POLLEN TETRADS (N)
D
E
F

Fig. 9—Development of pollen grains from pollen mother cell.

बीज पत्री पौधों (dicots) में भित्तिनिर्माण (cytokinesis) युगपात (simultaneous) प्रकार का होता है अर्थात् इनमें भित्ति निर्माण क्रमशः (simultaneous) प्रकार का दूसरे विभाजन के पश्चात नाभिकों (nuclei) में होता है। (पहले विभाजन के पश्चात कोई भित्ति निर्माण नहीं होता है। इस प्रकार से चारों नाभिक, चार लघुबीजाणु


A
MICROSPORE
MOTHER
CELL
B
DYAD
C
METAPHASE II
D
TELOPHASE II
E
TETRAD
A
MICROSPORE
MOTHER
CELL
B
C
D
E
F
TETRAD

Fig. 10—Isobilateral Tetrad of microspores


A
B
C
D
E
F
ISOBILATERAL TETRAD
TETRAHEDRAL TETRAD
Tetrads of Microspores

Fig. 11—Tetrahedral Tetrads of Microspores.

जाणों (microspores) बनाते हैं जो चतुष्फल रीति (tetrahedral manners) विन्यस्त रहती है। एकबीजपत्री (monocots) पौधों में भित्ति (wall formation) शः (successive) प्रकार का होता है अर्थात् इसमें प्रत्येक विभाजन पश्चात् भित्ति बनती है जिससे चारों बीजाणु (microspores) एक ही तल (plane) में दिखाई देते हैं इस प्रकार के चतुष्क (tetrad) को समद्विपार्श्व (isobilateral tetrad) कहते हैं। कभी-कभी tetrahedral tetrad हैं जैसे कुछ पौधों में चारों बीजाणु (microspores) लम्बवत् चतुष्क रूप में (linear tetrad) में विन्यस्त (arrange) रहते हैं। कभी-कभी ये 'T' रूप में भी विन्यस्त (arranged) रहते हैं।

प्रायः लघुबीजाणु चतुष्क (microspore tetrads) से त्रीजाणु (micros-


TETRAHEDRAL
ISOBILATERAL
DECUSSATE
LINEAR
T-SHAPED

Fig. 12—Different types of tetrads.


CARPUSCULUM
CAUDICLE
POLLINIUM
POLLEN GRAIN
ANTHER LOBE
POLLINIA
CAUDICLE
DISC

Fig. 13—A—A pollinia of calatropis. B—Pollinia of orchids.

porty) पृथक्-पृथक् होकर परागधानी (pollen sac) में स्वतन्त्र रूप से बिखरे रहते हैं लेकिन कुछ पौधों में जैसा **टाइफा (typha) क्रिप्टोस्टीगया (cryptostegia)** आदि में चारों माइक्रोस्पोर एक साथ जुड़े रहते हैं तथा **संयुक्त परागकण (compound pollen grain)** बनाते हैं। कुछ पौधों में जैसे **केलोट्रोपिस (calotropis)** में सब माइक्रोस्पोरस मिलकर एक विशेष रचना **पोलिनियम (pollinium)** बनाते हैं (Fig. 13)।

परिपक्व परागकोष का विस्फोटन (Dehiscence of mature anther)—

परागकोश (anther) के परिपक्व (mature) होने पर प्रायः मध्य स्त


INNER LAYER
TAPETUM
ENDOTHECIUM (FIBROUS LAYER)
CONNECTIVE (VASCULAR STRAND)
EPIDERMIS
STOMIUM
POLLEN GRAINS (MICROSPORES)
POLLEN SAC (MICROSPORANGIUM)

Fig. 14—T. S. of a dehisced anther.

(middle layer) व टेपीटम स्तर नष्ट हो जाती है जो प्राय: माइक्रोस्पोरस के पोषण में काम आ जाती है। इस प्रकार माइक्रोस्पोरेंजियल भित्ति केवल बाह्य त्वचा (epidermis) व अन्त: त्वचा (endothecium) रह जाती है। प्राय: परागकोश (anther) का विस्फोटन आयाम दरारें (longitudinal slits) बनाने से होता है जो प्राय: दो पराग घानियों (pollen sacs) के मिलने के स्थान पर होता है। कभी-कभी अग्र दरारों (terminal slits) अथवा छिद्रों (pores) से जैसे टमाटर में अथवा hinged valve द्वारा (जैसे वारबेरी में भी परागकोशों (anthers) विस्फोटन हो जाता है। विस्फोटन के फलस्वरूप परागकण (pollen grains) स्वतन्त्र हो जाते हैं तथा विभिन्न माध्यमों जैसे पानी, हवा, कीड़ों आदि द्वारा मादा पुष्प के योनिक्षेत्र (stigma) पर पहुंच जाते हैं।

प्रश्न 11—Angiosperm में विभिन्न प्रकार के Microspore Tetrads का वर्णन करो।
(*Indore 84; Gorakhpur 85*)

प्रश्न 12—एन्जियोस्पर्मस में लघुबीजाणुजनन (Microsporogenesis) को परागधानी के विस्फोटन तक प्रदर्शित करने के लिये उपयुक्त चित्र बनाइये।
(*Agra 81*)

कृपया प्रश्न 9 देखिये।

प्रश्न 13—Dithecous anther के T. S. का नामांकित चित्र बनाइये।
(*Gorakhpur 85*)

Refer Q. 9

प्रश्न 14—Anther की रचना एवं development समझाइये।
(*Ravishanker 1979*)

कृपया प्रश्न 9 देखिये।

प्रश्न 15—आवृतजीवी पौधों में परागकण की रचना एवं विकास का वर्णन करो।

Describe the structure and development of microsporangium in angiosperms.
(*Gorakhpur 1978*)

नर जन्युजनक (Male gametophyte)

परागकण (pollen geains or microspores) आवृतबीजी पौधों (angiosperms) की नर इकाइयाँ (male units) हैं ये द्विगुणित (diploid) मातृ-कोशाओं (mother cells) से बनती हैं तथा स्वयं अगुणित (Haploid) होते हैं। परागकण (pollen grains) प्राय: पराग घानी (pollen sac) में स्थित हैं।

प्रत्येक परागकण प्राय: गोल या अण्डाकार होते हैं जो दो आवरणों (coverings) से ढका रहता है इसका बाह्य आवरण कठोर व खुरदार होता है तथा इसे वहिकवच (exine) कहते हैं। इस आवरण में कुछ छोटे-छोटे छिद्र पाये जाते हैं जिन्हें **अंकुर रन्ध्र (germ pore)** कहते हैं। एक लम्बे अंकुर छिद्र (germ pore) को (germinal furrow) कहते हैं। द्वि-बीजपत्री पौधों के पराग कणों में प्राय: तीन अंकुर छिद्र (germ pure) तथा एकबीजपत्री पौधों के परागकणों में प्राय: एक germinal furrow पाई जाती है। इन अंकुर छिद्रों (germ pores) द्वारा ही

परागनली (pollen tube) निकलती है। बहिकवच (exine) के नीचे पतली व कोमल आन्तर चोल (intine) होता है। परागकण में दोनों स्तरों के नीचे कोशारस (cytoplasm) एवं एक बड़ा नाभिक (nucleus) होता है (Fig. 15 A)।

सभी आवृतबीजी पौधों (angiosperms) में नर जन्युजनक (male gametophyte) का विकास प्राय: समान प्रकार का होता है। **पराग कण (pollen grain or microspore)** नर जन्युजनक (male gametophyte) की प्रथम कोशा (first cell) होती है। परागकणों का अंकुरण प्राय: विस्फोटन (dehiscence) से पूर्व ही परागधानी (pollen sac) के अन्दर ही प्रारम्भ हो जाता है। सर्वप्रथम परागकण का नाभिक (nucleus) परागकण भित्ति (wall of pollen grain) की ओर जाकर समसूत्री विभाजन (mitotic division) द्वारा दो केन्द्रों (uuclei) में विभाजित हो जाता है। इनमें बड़ा नाभिक, **वर्धी नाभिक (vegetative nuclei)** तथा छोटा नाभिक, **जनन नाभिक (generative nucleus)** कहलाता है। (Fig. 13 B) कुछ समय पश्चात् दोनों नाभिकों के मध्य में एक भित्ति निर्माण होता है जिसमें बड़ी वर्धी कोशा (vegetative cell) तथा छोटी जनन कोशा (generative cell) बन जाती है (Fig. 15 C)। प्राय: इस अवस्था में परागकण (pollen grains) परागधानी (pollen sac) से स्वतन्त्र हो जाते हैं तथा परागकण (pollination) की क्रिया द्वारा अण्डप (carpel) के योनिक्षेत्र (sitgma) पर पहुँच जाते हैं। लेकिन कुछ पौधों में जैसे **brassica oleratia** में परागकण तीन कोशा वाली अवस्था (three celled stage) में स्वतन्त्र होते हैं।



Fig. 15 ABD—Entire pollen grains of three different kinds
C—A pollen grain in section.

जनन कोशा (generative cell) के कोशारस (cytoplasm) में RNA नहीं होता है तथा वर्धी कोशा (generative cell) के कोशारस में RNA बहुत अधिक मात्रा में होता है। जनन नाभिक (generative nucleus) में DNA अधिक


GENERATIVE NUCLEUS
EXINE
INTINE
TUBE NUCLEUS
A
GERM PORE
GENERATIVE NUCLEUS
POLLEN TUBE
TUBE NUCLEUS
B
C
POLLEN TUBE
GENRATIVE NUCLEUS
MALE GAMETES
TUBE NUCLEUS

Fig. 16—Stages of pollen grain germination.
A—Two celled pollengrain.
B—Pollen tube formation.
C—Growth of pollen tobe.
D—A pollen grain with pollen tube in binucleate condition.
E—A pollen grain with pollen tube in three nucleate conditions.

तथा वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) में DNA कम होता है। जनन नाभिक के प्रोटीन तब भी अधिक होते हैं।

जब यह परिपक्व परागकण (mature pollen grain) [जो प्राय: द्वि-केन्द्रक (binucleate) होता है] वर्तिकाग्र (stigma) पर पहुँचता है जो यह वर्तिकाग्र (stigma) द्वारा स्रावित (secreted) शक्करीय द्रव (sugary liquid) को शोषित कर फूल जाते हैं तथा इनमें अंकुरण प्रारम्भ हो जाता है। आन्तर चोल (intine) बहिकवच (exine) को तोड़कर अंकुर रन्ध्र (germpore) द्वारा एक नली वनाता है जिसे परागनली (pollen tube) कहते हैं। इस नली में परागकण के दोनों नाभिक व कोशा रस आ जाता है (Fig. 16 A)। इस नली में अग्र भाग (apex) पर कुछ (enzyme) बनते हैं जो योनिक्षेत्र (stigma) व योनिसूत्र (style) के ऊतकों (tissue) को गला देते हैं और इस प्रकार इस नली को आगे बढ़ने में सहायता मिलती है। यह पराग नली योनिसूत्र (style) से होकर रजकण (ovule) की ओर बढ़ती है। दोनों वर्धी व जनन नाभिक (vegetative and generative nucleus) पराग नली में रहते हैं। प्राय: वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) पराग नली के अग्र पर स्थित रहता है तथा जनन नाभिक (generative nucleus) इसके पीछे रहता है (Fig. 16)। जनन नाभिक (generative nucleus) प्राय: पराग नली (pollen tube) में विभाजित होकर दो अचल (non-motile) **नर युग्मक (male gametes)** वनाता है। प्रत्येक नर युग्मक में एक नाभिक (nucleus) तथा कोशारस का पतला स्तर होता है। नर युग्मक (male gametes) spherical lantic curved प्रकार के होते हैं। प्राय: एक परागकण में एक ही पराग नली बनती है लेकिन कभी-कभी एक से अधिक भी पराग नलियां बन जाती हैं। कुछ अविकसित आवृत्तबीजी पौधों (primitive angiosperms) में पराग नली कवक जाल (fungal hyphae) की भाँति शाखित (branched) भी होती हैं।

वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) के विषय में प्राचीन वैज्ञानिकों का मत था कि यह पराग नली की वृद्धि में वहुत अधिक सहायक है लेकिन आधुनिक समय में प्रमाणों द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि इसका कोई प्रमुख कार्य नहीं है यह भी देखा गया है कि वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) सदैव ही पराग नली के अग्र भाग पर नहीं होता है बल्कि यह काफी पौधों में नर युग्मकों (male gametes) में पीछे भी देखा गया है। अत: सभी प्रयोगों एवं प्रमाणों से यह सिद्ध होता है कि वर्धी नाभिक एक व्यर्थं रचना (vestegial structure) है।

प्रश्न 16—आवृतबीजी पौधों में नर जन्युजनक के विकास का वर्णन करो।

Describe the development of male gametophyte in angiosperms.

(Gorakhpur 84)

प्रश्न 17—नरयुग्मोदभिक (Male gametophyte) से परिवर्धन का विवरण निषेचन तक की अवस्था तक कीजिये।

(Kanpur 77, 78)

कृपया प्रश्न 15 देखिये।

प्रश्न 18—आवृतवीजी पौधों से माइक्रोस्पोरोजेनेसिस की विधि एवं नर जन्युजनक के विकास का वर्णन करो।

Describe the process of microsporgenesis and the develop-nt of male gametophyte in an angiosperms plant.

(*Agra 87; Vikram 83, Jiwaji 78; Indore 83*)

प्रश्न 19—नामांकित चित्रों की सहायता से आवृतबीजी पौधों के male etophyte के development, pollen tube a formation तथा discharge f Male gametes का वर्णन कीजिये । (*Allahabad 84*)

Refer Q. 15

प्रश्न 20—एन्जोस्पर्मस के अन्दर माइक्रोगेमिटोजिनैसिस की क्रिया का त्र वर्णन कीजिये । (*Agra 79*)

कृपया प्रश्न 10 व 15 देखिये ।

प्रश्न 21—असामान्य प्रकार के जन्युजनकों का वर्णन करो ।

Give an account of abnormal type of male gametophytes in giosperms.

असामान्य प्रकार के नर जन्युजनक

(Abnormal Types of Male Gametophytes)

(1) कुल साइपरेसी (family cypraceae) के सदस्यों में पराग कण का



REDUCTION DIVISION
SIMPLE DIVISION
4 MICROSPORE NUCLEI (N)
MICROSPORE MOTHER CELL
vegetative nucleus
2 MALE GAMETES
FUNCTIONAL MICROSPORE
vegetative nucleus
NON FUNCTONAL MICROSPORES
generative nucleus
6 DEGENERATING NUCLEI

Fig. 17—Abnormal Male gametophyte in family cyperaceae.

विकास (development of pollen) एक विशेष प्रकार का देखा गया है। वैज्ञानिक ज्यूल एच० ओ० (H. O. Juel 1900), स्टाउट (Stout 1912) आदि ने बताया कि साइपरेसी (cyperaceae) कुल के सदस्यों में लघु बीजाणु मातृ कोशा (microspore mother cell) एक अर्धसूत्रण (reduction division) व एक सरल विभाजन द्वारा चार लघु बीजाणु (microspore) बनाते हैं जिनके मध्य में कोई भित्ति (wall) नहीं बनाती है। इन चार नाभिकों में से एक केन्द्र में तथा अन्य तीन परिधि की तरफ विन्यस्त (arranged) हो जाते हैं। केन्द्रीय नाभिक, कार्यशील रहता है तथा अन्य तीन परिधीय नाभिक छः नाभिक बनाकर नष्ट होने लगते हैं। केन्द्रीय नाभिक विभाजित होकर एक वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) तथा एक जनन नाभिक (generative nucleus) बना देता है। बाद में जनन नाभिक दो नर युग्मक (male gametes) बनाता है।

(2) नीमक (Nemec 1898) ने (hyacinthus orientalous) की (petaloid anther) में परागकणों में भ्रूणस्यून (embryo sac) समान आठ नाभिकीय (8 nucleate) रचना देखी। डीमोल (Demol 1923) ने भी इसे उसी पौधे की अन्य किस्म में देखा तथा उसने इसे (Nemec phenomenon) कहा। स्टो (Stow 1939–34) ने भी इसी प्रकार पराग कण lavictor में देखें। नेथानी (Naithani 1857) ने इस प्रकार के भ्रूणस्यून समान परागकण (embryo sac like pollen grain) yellow hammar में देखें। गिटलर (Gitler 1941) ने इस प्रकार के परागकण Orinthogalum nutans में देखें।

———

3

बीजाण्ड, गुरु बीजाणु जनन एवं मादा युग्मकसु

(The Ovule, Megasporgenesis and Female Gametophyte)

प्रश्न 22—निषेचन के समन बीजाण्ड की रचना का वर्णन करो।
Describe the structure of ovule at the time of fertillization.
(*Karnatak 78*)

अण्डप (Carpel) अथवा स्त्रीबीजाणुपर्ण (Megasporophyll)

आवृत्तबीजी पौधों (angiosperms) में अण्डप (carpel) वास्तव में स्त्रीबीजाणुपर्ण (megasporophyll) होता है। कुछ पौधों में प्रत्येक अण्डप (carpel) एक pistil बनाता है तथा कुछ में बहुत से अण्डप (carpel) एक साथ मिलकर जायांग (genoecium) अथवा pistil बनाते हैं। प्राय: प्रत्येक (carpel) में एक निचला फूला हुआ भाग **अण्डाशय (ovary)**, इसके ऊपर एक पतली नली समान रचना **वर्तिका नली या योनिसूत्र (style)** तथा इसके ऊपर एक घुण्डी के समान (knob like) रचना **योनिछत्र अथवा वर्तिकाग्र (stigma)** होती है। (Fig. 16 A)। अण्डाशय (ovary) के अन्दर बहुत-सी छोटी-छोटी गोलाकार रचनायें **बीजाण्ड या रजकण (ovule or megasporangia)** पाये जाते हैं (Fig. 16 B)।



CARPEL

A

बीजाण्ड (Ovule or Megasporangium)

बीजाण्ड (ovule) प्राय: अण्डाशय (ovary) के आधार (base) अथवा इसकी भीतरी भित्ति से उत्पन्न होता है। प्रत्येक बीजाण्ड (ovule) एक विशिष्ट वृन्त द्वारा अपने जरायु (placenta) से जुड़ा रहता है जिसे बीजाण्ड वृत्त (funiculus or funicle) कहते हैं, जिस स्थान पर वृत्त (stalk) बीजाण्ड (ovule) फ्युनीक्युलस से जुड़ा रहता है उसे वृन्तक (**Hilum**) कहते हैं। इसी स्थान पर बीजाण्ड (ovule) फ्युनीक्युलस से जुड़ा रहता है। फ्यूनिकिल



Fig. 18. A—Pistil showing ovary, style and stigma
B—A young ovule.
C—A mature ovule in L. S.

हाइलम के ऊपर एक लम्बी उभरी हुई रचना बनाता है जिसे **रेफी (raphe)** कहते हैं । बीजाण्ड (ovule) की मुख्य भाग जीवितक कोशिकाओं (parenchymatous cells) का बना होता है जिसे **बीजाण्डकाय (nucellus)** कहते हैं । यह बीजाण्डकाय (nucellus) वास्तव में गुरुबीजाणुधानी (megsporangium proper) है । यह बीजाण्डकाय (nucellus) प्राय: एक या दो **अध्यावरणों (integuments)** द्वारा घिरा रहता है । अध्यावरणों (integuments) के सिर पर (epex) पर एक छोटा छिद्र पाया जाता है जिसे **अण्डद्वार (micropyle)** कहते हैं । इस अण्डद्वार द्वारा ही परागनली (pollen tube) भ्रूणस्यून (embryo sac) में प्रवेश करती है (Fig. 16 C) ।

अध्यावरण (integuments) अधिकांश द्वि-बीजपत्री (dicots) एवं एक बीजपत्री (monocots) पौधों के बीजाण्ड (ovule) में दो होते तथा इन दो अध्यावरण (integuments) वाले बीजाण्डों (ovules) को **Bitegmic ovule** कहते हैं । कुछ उच्चवर्गीय द्वि-बीज पत्री (higher dicots) पौधों में जैसे कुछ कम्पोजिटी (family compositae) के सदस्यों में केवल एक अध्यावरण (integument) होता है । अत: इन्हें **unitegmic ovule** कहते हैं । कुछ परजीवी (parasites) पौधों जैसे चन्दन **(santalum)** लोरेन्थस (loranthus) आदि के बीजाण्डों (ovules) में अध्यावरण (integument) अनुपस्थित होते हैं । कुछ पौधों जैसे **एसफोडीलस (asphodelus aril)** में एक तीसरा अध्यावरण (integument) **aril** के रूप में पाया जाता है । कुछ पौधों में जैसे नागफनी (opuntia) में फ्यूनीक्यूलस (funiculus) बहुत लम्बा होकर बीजाण्ड (ovule) को पूर्णतया घेरे (surround) रहता है अर्थात् फ्यूनीक्यूलस एक तीसरे अध्यावरण (integument) के समान हो जाता है। इयूफोरबियेसी (euphorbiceae) कुल के अधिकांश सदस्यों जैसे अरण्डी (ricinus) में अध्यावरण से अभिवृद्धि भाग (integumentry outgrowth) निकलती है जिसे

nele कहते हैं। यह अण्डद्वार भाग (micropyler region) की ओर होती कुछ पौधों के बीजाण्डों (ovules) के अध्यावरण (integuments) में पर्णहरिम lorophyll) पाया जाता है (पुरी 1941) तथा कुछ में रन्ध्र (stomata) एवं र्णहरिम (chlorophyll) दोनों पाये जाते हैं (Moreland 1943)।

पूर्णपरिपक्व (mature) बीजाण्ड (ovule) में अण्डद्वार (microphyle) ओर प्रदेह (nucellus) से जुड़ी अन्दर की ओर एक अण्डाकार रचना होती है भ्रूणस्यून (embryo sac) कहते हैं। यह बीजाण्ड (ovule) का प्रमुख भाग है इसी में भ्रूण (embryo) बनता है। इस भ्रूणस्यून (embryo sac) में 6 कायें तथा 2 स्वतन्त्र नाभिक होते हैं। दोनों स्वतन्त्र नाभिक भ्रूणस्यून mbryo sac) के मध्य में रहते हैं तथा इन्हें **द्वितीयक नाभिक (secondary clei)** अथवा **पोलर नाभिक (Polar nuclei)** कहते हैं। अण्डद्वार (microphyle) पास वाले सिरे पर तीन कोशिकाओं का एक समूह होता है **जिसे अण्ड उपकरण** (egg apparatus) कहते हैं। इनके मध्य में एक बड़ी **अण्डकोश (egg cell)** तथा इधर-उधर **सहायक कोशायें** (synergids) होती हैं। नीचे की ओर प्रबीजाधर (chalazal end) वाले सिरे पर भी तीन कोशायें होती हैं जिनको **प्रतिध्रुव कोशायें** (antipodal cells) कहते हैं।

प्रश्न 23—निम्न पर टिप्पणी लिखो। (Write notes on)—

(अ) केम्पाइलोट्रोपस बीजाण्ड का उदग्र आच्छेद।

(V. S. of **Camphylotropus ovule**) (*Agra 80*)
(*Bhopal 81*)

कृपया नीचे देखें।

(ब) आवृतबीजों का बीजाण्ड। (Ovule in Angiosperms)
(*Bombay 80, Kanpur 81*)

कृपया प्रश्न 22 देखें।

(स) बीजाण्डों के प्रकार। (Ovule types among Angiosperms)
(*Rajasthan 81*)

बीजाण्ड के प्रकार (Forms of Ovule)—

वाह्य रचना एवं स्थिति के दृष्टिकोण से बीजाण्ड (ovules) निम्न प्रकार के होते हैं—

(1) **उदग्रमुखी अथवा ऋतु बीजाण्ड (Orthotropous Ovule)**—यह बीजाण्ड सीधा (erect) या बड़ा (upright) होता है। इसमें अण्डद्वार (micropyle), प्रबीजाधर (chalaza) तथा बीजाण्डवृन्त (funicle) एक ही खड़ी रेखा में होते हैं। अर्थात् बीजाण्डद्वार (micropyle) फ्यूनीकिल (funicle) एक ही खड़ी रेखा में होते हैं अर्थात् बीजाण्डद्वार (mycropyle) फ्यूनीकिल (funicle) की विपरीत अवस्था में होता है (Fig. 19)। बीजाण्ड (ovule) की यह किस्म (kind) प्रारम्भिक प्रकार (primitive type) की मानी जाती है तथा यह कुल पोलिगोनियेसी (polygoniaceae), यूट्रीकेसी (utricaceae) आदि के विभिन्न सदस्यों जैसे पान, काली मिर्च, र्‍यूमेक्स (Rumex) आदि में पाया जाता है।

(2) **अधोमुखी अथवा प्रतीत बीजाण्ड (Anatropous ovule)**—इस प्रकार के बीजाण्ड (ovule) अपने बीजाण्डवृत (funicle) पर मुड़कर उल्टा हो जाता है जिससे अण्डद्वार (micropyle) और वृन्त (funicle) समीप आ जाते हैं अर्थात् इनमें माइक्रोपाइल तथा कैलाजा (chalaza) एक उदग्र एवं सीधी रेखा में पाये जाते हैं। यह एक सामान्य प्रकार का बीजाण्ड (ovule) है जो अधिकांश पौधों में जैसे चना, मटर, सेम आदि में पाया जाता है (Fig 19) ।

(3) **अनुप्रथावर्त्त अथवा अनुप्रस्थ बीजाण्ड (Amphitropous ovule)**—इस प्रकार की बीजाण्ड (ovule) अनुप्रस्थ (transverse) रूप में अपने बीजाण्ड वृन्त (funicle) पर स्थित रहता है और एक समकोण (90° कोण) बनाता है। इसमें funicle, microphyle के पास आता है तथा माइक्रोपाइल व कैलाजा (chalaza) को मिलाने वाली उदग्र रेखा फ्यूनीकिल में समकोण बनाती है (Fig 19) । इस प्रकार का बीजाण्ड प्रायः कम पाया जाता है । यह प्रायः पोस्त, नींबू आदि में पाया जाता है ।



Fig. 19—Different Types of Ovules.

(4) **वक्रावर्त्त बीजाण्ड (Campylotropous)**—इसमें बीजाण्ड (ovule) मुड़ जाता है तथा इस अण्डद्वार (microphyle), माइक्रोपाइल surface of origin की तरफ मुड़ जाता है। (chalaza funicle) के (right angle) पर रहता है जैसे लीग्यूमीनैसी कुल के पौधे में ।

प्रश्न 24—Campylotropous ovule पर टिप्पणी कीजिये ।

(Rohelkhand 87)

Refer Q. 22

प्रश्न 25—आवृतबीजी में बीजाण्ड परिवर्धन का वर्णन भ्रूणस्यून बनने तक करो ।

Describe the structure and development of an ovule upto the formation of embryo sac.

(Kanpur 83)

बीजाण्ड का परिवर्धन (Development of Ovule)

बीजाण्ड (ovule) सर्वप्रथम अण्डाशय की गुहा (cavity of ovary) में (placenta) पर एक छोटी-सी अभिवृद्धि (out growth) के रूप में प्रकट होता है (Fig. 20)। बाद में यह अभिवृद्धि (out growth) निरन्तर कोशा विभाजन के फलस्वरूप **ovular** primodia में परिवर्तित हो जाती है तथा यह नवजात बीजाण्ड (nacent ovule) का प्रदेह (**nucellus**) होता है।



Fig. 20.



Fig. 21—Showing various stages of development of ovule from placenta.

तब इस प्रदेह (nucellus) के आधार से दो अव्यावरण (integument) निकलते हैं जो धीरे-धीरे प्रदेह (nucelus) को एक अग्र छिद्र (apical pore) छोड़कर चारों ओर से घेर लेते हैं। इस छिद्र को अण्डद्वार (micropyle) कहते हैं। प्रबीजाधार (chalaza) के लम्बे होने से funicle बन जाता है तथा प्रबीजाधर (chalaza) को (hilum) से जोड़ देता है।

गुरु बीजाणु जनन (Megasporogenesis) :

बाल बीजाण्ड (young ovule) में प्राय: मध्य में जीव तक कोशाओं (parenchymatous cell) का बना **प्रदेह (nucellus)** तथा इसको घेरते हुए एक या दो अव्यावरण (**integuments**) होते हैं (Fig. 22 A)। गुरु बीजाणु जनन (megasporogenesis) के समय प्रदेह (nucellus) एक अवस्तरीय (hypodermal) कोशा आकार से बड़ी होकर अन्य कोशाओं से भिन्न हो जाती है। इसे **प्राथमिक आरचीस्पोरियम कोशा (primary archesporium cell)** कहते हैं (Fig. 22 B)। यह कोशा एक प्रति विभाजन (periclinal division) द्वारा विभाजित होकर एक बाहरी


BOTH INTEGUMENTS
NUCELLUS
A
SPOROGENOUS CELL
ARCHESPORIAL CELL
PARIETAL CELL
B
C
PARIETAL CELL
MEGASPORE MOTHER CELL
2 MEGASPORES
RED. DIV.
D
E
PARIETAL CELL
DEGENERATING MEGASORES
LINEAR TETRAD OF 4 MEGASPORES
FUNCTIONAL MEGASPORE
F
G

Fig 22 A *to* G—Showing the megaspores development or megaspogenesis

भित्तीय कोशा (parietal cell) तथा भीतरी बीजाणु जनन कोशा (sporogenous cell) बनाती है (Fig. 22 C) भित्तीय कोशा (parietal cell) एक या दो बार विभाजित हो जाती है या फिर बिना विभाजन के ही रहती है। कभी-कभी भित्तीय कोशा (parietal cell) कई बार विभाजित होकर कई स्तरों वाली भित्ति (wall) का निर्माण करती है।

बीजाणुजनन कोशा (sporogenous cell) का पुनः विभाजन नहीं होता है और इसी प्रकार से **गुरु बीजाणु मातृ कोशा (megaspore mother cell)** की भाँति कार्य करने लगता है (Fig. 22 D) यह megaspore mother cell एक अर्धसूत्रण (meoisis) एवं एक सरल विभाजन (mitosis) द्वारा विभाजन होकर चार अगुणित (haploid) **गुरु बीजाणु (megaspore)** बनाता है जो प्राय: एक **लम्बवत् चतुष्क (linear tetrad)** में विन्यस्त (arranged) रहते हैं (Fig. 22 F) लेकिन कभी-कभी ‘T’ के आकार के या ‘ | ’ के आकार के भी चतुष्क (tetrads) बन जाते हैं (Fig. 23 AB)।

इस उत्पन्न हुये चार बीजाणुओं (4 megaspores) में प्राय: एक सबसे नीचे का [प्रबीजाधर (chalaza) की ओर का] गुरुबीजाणु (megaspore) क्रियाशील


MEGASPORE
LINEAR TETRAD
A
T SHAPED TETRAD
B
MEGASPORES
INVERTED T SHAPED TETRAD
C
DECUSSATE
D

Fig 23—Various shapes of megaspore tetrad.

(functional) रहता तथा बाकी तीन अक्रियाशील होकर शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं। कुछ पौधों में जैसे **बेलेनोफोरा (balanophora)** में अण्डद्वार (micropyler) के पास वाला megaspore क्रियाशील रहता है कम्पोजीटी कुल (compositae) के कुछ सदस्यों में दोनों micropyler व chalazal megaspore क्रियाशील रहते हैं। कभी-कभी चारों megaspore भी क्रियाशील हो जाते हैं।

उपरोक्त दिया गया विवरण सामान्य प्रकार का है लेकिन कभी-कभी इस प्रकार से गुरुबीजाणुजनन (megasporogenesis) में कुछ विभिन्नतायें (variations) आ जाते हैं। उनमें कुछ निम्न प्रकार हैं :—

(1) कभी-कभी दो या तीन आरचीस्पोरियल कोशायें एक पंक्ति में होती है जैसे—हाइड्रिला में।

(2) कभी-कभी भित्तीय कोशा (parietal cell) भी गुरु बीजाणु चतुष्क (megaspore tetrad) बनाते हैं जिससे दो megaspore tetrad बन जाते हैं, जैसे—अरजीनिया (urgenia) में।

(3) कुछ कुलों में (प्राय: sympetalae समुदाय की) भित्तीय कोशा (parietal cell) नहीं बनता है तथा आरचीस्पोरियल कोशा ही सीधी मेगोस्पोर मातृ कोशा (megaspore mother cell) की भाँति कार्य करती है।

(4) लिलयेसी कुल (Family liliaceae) के कुछ सदस्यों में जैसे **Allium** में गुरु बीजाणु मातृ कोशा (megaspore mother cell) केवल दो गुरु बीजाणु (megaspores) बनाता है।

(5) **लीलीयम (lilium)** में आरचीस्पोरियम कोशा, सीधे ही गुरु बीजाणु मातृ कोशा (megaspore mother cell) की भाँति कार्य करता है तथा फिर यह कोशा सीधे ही तीन बार विभाजन करके मादा जन्युजनक (female gametophyte) बनाता है।

मादा युग्मकसु (Female Gametophyte)
अथवा
भ्रूणस्यून या भ्रूणकोष (Embryo Sac)

कार्यशील गुरु बीजाणु (functional megaspore) मादा जन्युजनक (female gametophyte) की प्रथम कोशा (first cell) होती है। गुरु बीजाणु (megaspore) अगुणित (haploid) होता है। सामान्य प्रकार से नीचे का प्रबीजाणुघर (chalaza) समीप वाला गुरु बीजाणु (megaspore) क्रियाशील रहता है। यह क्रियाशील बीजाणु (functional megaspore) अपने आकार से बढ़ता है तथा प्रदेह (nucleus) के अधिकांश भाग को घेर लेता है। इसी बीच में मेगास्पोर का नाभिक विभाजित होकर दो जात नाभिक (daughter nuclei) बनाता है। दोनों नाभिक दोनों ध्रुवों (poles) की ओर बढ़ते हैं और इनमें से एक नाभिक माइक्रोपाइलर सिरे पर दूसरा नाभिक प्रबीजाघर (chalazal end) सिरे पर पहुँच जाता है (Fig 24)। ये दोनों जात नाभिक (daughter nuclei) पुन: एक विभाजन द्वारा चार जात नाभिक (four daughter nuclei) बनाता है। इस प्रकार प्रति ध्रुव (pole) पर दो नाभिक हो जाते हैं (Fig. 24) इसके पश्चात् पुन: नाभिकों में तीसरा विभाजन होता है जिससे आठ नाभिक बन जाते हैं जिसमें से


DEGENERATING MEGASPORE
FUNCTIONAL MEGASPORE
A
2 NUCLEATE STAGE
B
SYNERGIDS
4 NUCLEATE STAGE
C
EGG
POLAR NUCLEI
8 NUCLEATE STAGE
D
SYNERGIDS
EGG
E
SECONCARY NUCLEUS
ANTIPODALS
F
POLYGONUM TYPE OF EMBRYO SAC

Fig. 24—A to F—Development of Embryo sac.

चार माइक्रोपाइलर सिरे की ओर तथा चार कैलाजा सिरे (chalazal end) पर होते हैं (Fig. 24)।


Successive Stages Of Development Of Ovule
OVARY
FUNICLE
PLACENTA
A
B
INTEGUMENT
C
NUCELLS
D
MEGASPORE MOTHER CELL (2X)
INTEGUMENT
REDUCTION DIVISION
E
LOCULUS
NUCELLUS
F
OVARY WALL
G
MEGASPORE (X)
H
INTEGUMENT
DEGENERATING MEGASPORES
I
LOCULES
FUNCTIONAL MEGASPORE
K
MICROPHYLE
EMBRYO SAC
L
LOCULUS
MICROPHYLE
M
EMBRYO SAC
ANTIPODAL
N
SYNERGIDS
EGG
POLAR NUCEI

अब एक नाभिक माइक्रोपाइलर सिरे से तथा एक नाभिक कैलाजा सिरे (chalazal end) से केन्द्र की ओर बढ़ते हैं इन्हें **पोलर नाभिक (polar nuclei)** कहते हैं। दोनों पोलर नाभिक भ्रूणस्यून (embryo sac) के केन्द्र में आकार एक

दूसरे से मिलकर द्वितीयक नाभिक (secondary nuclei) बनाते हैं। माइक्रोपाइलर सिरे पर बाकी बचे तीन नाभिक कोशारस (cytoplasm) से फिर जाते हैं तथा एक नग्न (nacked) **अण्ड उपकरण (egg apparatus)** बनाते हैं इस egg apparatus में एक मध्य का बड़ा नाभिक मादा युग्म (female gamete) अथवा **अण्ड कोशा** (egg cell) कहलाता है तथा दोनों ओर दोनों नाभिक **सहायक कोशा (synergids or co-operating of helping cells)** कहलाती हैं। ये निषेचन (fertilization) के समय पराग नली (pollen tube) का पथ-प्रदर्शन करती है। synegids प्राय: potential egg समझे जाते हैं जो निषेचन (fertilization) के योग्य नहीं होते हैं। इसी प्रकार नीचे की (chalazal end) की ओर तीनों नाभिक कोशारस (cytoplasm) द्वारा घिर कर तीन **एन्टीपोडल्स (antipodals)** बना लेते हैं। इन प्रतिध्रुव (antipodals) कोशाओं का कोई निश्चित कार्य नहीं होता है तथा ये कुछ समय बाद नष्ट हो जाती है। कुछ वैज्ञानिकों के मतानुसार ये एन्टीपोडल (antipodals) कोशायें नर जन्युजनक (male gametophyte) के वर्धी नाभिक (vegetative nucleus) के समान हैं तथा ये पोषण (nutrition) में सहायक होते हैं (Fig. 24)।

आवृतबीजी पौधों (angiosperms) में विकसित होता हुआ भ्रूणस्यून (embryo sac) प्राय: प्रदेह (nucellus) पर पोषण के लिए निर्भर रहता है। भ्रूणस्यून (embryo sac) की पूर्ण सतह (entire surface) एक चूषक स्तर (absorphic layer) का कार्य करती है जो प्रदेह (nucellus) से सीधे ही भोजन का शोषण करती है। कभी-कभी भ्रूणस्यून (embryo sac) से चूषक अंग (haustoria) भी बन जाते हैं।

प्रश्न 26—निषेचन के समय Embryo sac की रचना का वर्णन कीजिये।
(*Agra 85*)

Refer Q. 25

प्रश्न 27—किसी प्रारूप आवृतबीजी में गुरुबीजाणुजनन का पूर्ण वर्णन करो।

Give a complete account of Megasporogenesis of typical Angiosperms. (*Bhopal 78*)

कृपया प्रश्न 25 देखें।

प्रश्न 28—एक प्रारूपिक आवृतबीजी पौधे में स्त्री गेमिटोफाइट (female gametophyte) की संरचना एवं विकास का सचित्र विवरण दीजिये।

Give an illustrated account of structure and development of the female gametophyte in the Typical Angisoperms. (*Kanpur 87*)

कृपया प्रश्न 25 देखें।

प्रश्न 29—आप मोनोस्पोरिक, बाइसपोरिक एवं टेट्रास्पोरिक भ्रूणस्यूनों से क्या समझते हैं। सामान्य प्रकार के भ्रूणस्यून की रचना एवं परिवर्धन का सचित्र वर्णन करो।

What do you understand by monosporic, bisporic and tetra-

sporic embryo sacs ? Write an illustrated account of development and organisation of normal type of embryo sac in Angiosperms.

(*Jabalpur 76*)

प्रश्न 30—Ovule development पर टिप्पणी कीजिये।

(*Gorakhpur 85*)

प्रश्न 31—Embryo sac development की main Types कौन-कौन हैं सचित्र उत्तर दीजिये।

(*Kanpur 79*)

भ्रूणस्यूनों (Embryo sacs) के प्रकार (Types)

उपर्युक्त प्रकार के वर्णन किये हुए सामान्य भ्रूणस्यून (normal type of embryo sac) के अतिरिक्त इनमें अन्य कई विभिन्नतायें हो सकती हैं। प्रो० महेश्वरी ने 1950 भ्रूणस्यूनों (embryo sacs) के विकास में भाग लेने वाले मेगोस्पोरस की संख्याओं के आधार, भ्रूणस्यूनों (embryo sacs) का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया।

(1) मोनोस्पोरिक भ्रूणस्यून (Monosporic embryo sac)
(2) बाइस्पोरिक भ्रूणस्यून (Bisporic embryo sac)
(3) टेट्रास्पोरिक भ्रूणस्यून (Tetrasporic embryo sac)

1. मोनोस्पोरिक भ्रूणस्यून (Monosporic embryo sac)

इस प्रकार के भ्रूणस्यून (embryo sac) के विकास में चार मेगास्पोरस में केवल एक ही मेगास्पोर क्रियाशील रहता है। यह निम्न दो प्रकार से देखा गया है।


DEGENERATING MEGASPORES
FUNCTIONAL MEGASPORE
A
B
2 NUCLEATE STAGA
4 NUCLEATE STAGE
C
2 POLAR NUCLEI
D
8 NUCLEATE STAGE
E
SYNERGIDS
EGG
EGG APPARATUS
SECONDARY NUCLEUS
ANTIPODALS
F
MATURE EMBRYO SAC

Fig. 25—Development of Polygonum type of Monosporic embryo sac.

(A) पोलीगोनम प्रकार का भ्रूणस्यून (Polygonum type of embryo sac)—यह सामान्य प्रकार का भ्रूणस्यून (embryo sac) होता है। इसमें chalaza का निचला एक megaspore functional रहता है। इस मेगास्पोर का तीन स्वतन्त्र विभाजनों के फलस्वरूप 8 नामिक बनाता है जिसमें से चार माइक्रोपाइलर सिरे पर तथा चार नाभिक नीचे प्रबीजधर (chalzal) सिरे होते हैं, ये नाभिक बाद में सामान्य भ्रूणस्यून (embryo sac) की भांति अण्ड (egg apparatus) प्रति-ध्रुव, कोशायें (antipodals) तथा पोलर नाभिक बनाता है (Fig. 25)। इन पोलीगोनम प्रकार के भ्रूणस्यून का विकास सर्वप्रथम (Strasburger) द्वारा 1879 में किया गया था।

(B) ओयीनोथेरा प्रकार का भ्रूणस्यून (Oenothera type of embryo sac)—यह सामान्य मोनोस्पोरिक भ्रूणस्यून का विभिन्न (variation) रूप है। यह (family onagraceae) के सदस्यों में पाया गया है। इसमें माइ-सिरे का मैगास्पोर क्रियाशील रहता है। इस मैगास्पोर का नाभिक दो विभाजनों द्वारा नाभिक बनता है जिसमें से तीन नाभिक अण्ड उपकरण (egg apparatus) तथा एक नाभिक केन्द्र में पोलर नाभिक (polar nuclei) बनता है। दूसरा पोलर नाभिक एवं एन्टीपोडल्स नहीं पाये जाते हैं (Fig. 26)।

बाइस्पोरिक भ्रूणस्यून (Bisporic embryo sacs)

यह भी एक आठ नाभिकों वाला भ्रूणस्यून (embryo sac) होता है (development) में भिन्न है। इसमें दो **मेगास्पोर क्रियाशील** रहते हैं भ्रूणस्यून (embryo sac) बनाते हैं। इसमें गुरु बीजाणु मातृकोशा (megaspore mother cell) अर्धसूत्रण विभाजन (reduction division) द्वारा दो बनाती हैं। अब दोनों मेगास्पोर के नाभिक में एक स्वतन्त्र (free nucleus) होता है जिससे प्रत्येक में दो megaspore nuclei बन जाते हैं। प्रायः के दो मेगास्पोर नाभिक नष्ट हो जाते हैं तथा नीचे के दो मेगास्पोर नाभिक रहते हैं। क्रियाशील दोनों मेगास्पोर नाभिक दो बार विभाजित होते हैं आठ नाभिक बन जाते हैं। जो सामान्य पोलगिनम प्रकार के भ्रूणस्यून की विन्यस्त (arranged) हो जाते हैं (Fig. 27)। इस प्रकार भ्रूणस्यून (embryo sac) का निर्माण स्ट्रास्बरगर (Strasburger) द्वारा 1879 में **एलियम** (**allium fistrulosum**) में अध्ययन किया गया था अतः इसको allium of embryo sac भी कहते हैं।

ट्रेट्रास्पोरिक भ्रूणस्यून (Tetrasporic type of embryo sac)

इस प्रकार के भ्रूणस्यून (embryo sac) परिवर्धन (development) के गुरुबीजाणु मातृकोशा (megaspore mother cell) एक अर्धसूत्रण (meiosis) सरल (mitosis) विभाजन द्वारा स्वतन्त्ररूप से बिना किसी भित्ति निर्माण विभाजित होते हैं जिससे चार स्वतन्त्र मेगास्पोर नाभिक बन जाते हैं और ये मेगास्पोर नाभिक भ्रूणस्यून परिवर्धन (embryo sac development) में लेते हैं। इन ट्रेट्रास्पोरिक (embryo sac) के भी विभिन्न प्रकार (variations) हैं जिनमें से कुछ प्रमुख निम्न प्रकार हैं :—


MEGASPORE MOTHER CELL
RED. DIV.
A
B
SIMPLE DIVISION
FUNCTIONAL MEGASPORE
C
MEGASPORES
D
DEGENERATING MEGASPORES
E
EGG APPARATUS
2 NUCLEI
F
4 NUCLEI
G
POLAR NUCLEI
EMBRYO SAC
H
OENOTHERA TYPE

Fig. 26—Showing development of oenothera type of monosporic embryo sac.


FUNCTIONAL MEGASPORE
DEGENERATING MEGASPORE
TWO MEGASPORE
FOUR NUCLEATE EMBRYO SAC
MEGASPORE MOTHER CELL
A
B
C
TWO NUCLEATE EMBRYO SAC
D
SYNERGIDS
EGG
POLAR NUCLEI
8 NUCLEATE EMBRYO SAC
F
POLAR NUCLEI
3 ANTIPODALS

Fig. 27—Development of Bisporic embryo sac.

(A) **पिपरोमिया के प्रकार (Pepromia type)**—केम्पबेल (Campbell 1899, 1901) एवं जोहनसन (Johnson 1900) ने **पिपरोमिया पैल्लोसिडा (Peperomia pellucida)** नामक पौधों में अध्ययन किया कि गुरुबीजाणु मातृ कोशा (megaspore mother cell) दो बार विभाजित होकर चार मेगास्पोर नामिक बनाते हैं ये चारों नाभिक पुनः दो बार स्वतन्त्र विभाजनों द्वारा विभाजित होकर 16 नामिक बनाते हैं। इन 16 नाभिकों में से दो नामिक माइक्रोपाइलर सिरे पर एक अण्ड कोशा (egg cell) एवं एक सहायक कोशा (synergid cell) बनाते हैं। 8 नामिक केन्द्र में आकर द्वितीयक नामिक (secondary nuclei) बनाते हैं तथा शेष बचे 6 नामिक भ्रूणस्यून (embryo sac) की परिधि (periphery) पर रहते हैं (Fig. 28)।

(B) **पिनया प्रकार (Penaea type)**—इसमें भी उपरोक्त पिपरोमिया प्रकार के भ्रूणस्यून (embryo sac) की भांति 16 नाभिक बन जाते हैं। ये 16 नाभिक चार-चार के चार समुदायों में भ्रूणस्यून (embryo sac) के चारों किनारों पर स्थित


MEGA SPORE MOTHER CELL (2X)
A
2MEGASPORE
B
4MEGASPORE (X)
C
D
8 NUCLEATE EMBRYO SAC
E
16 NUCLEATE
F
SYNERGID
EGG CELL
8 POLAR NUCLEI
6 NUCLEI (ANTIPODALS)
MATURE EMBRYOSAC

Fig. 28 (A to F)—Showing development of tetrasporic peperomia type of embryo sac.

रहते हैं । इन चारों किनारों पर स्थित तीन-तीन नाभिक, मिलकर चार अण्ड उपकरण (egg apparatus) बना लेते हैं तथा शेष चार नाभिक केन्द्र में आकर द्वितीयक नाभिक (secondary nucleus) बना लेती हैं (Fig. 29) ।


A
4MEGASPORE NUCLEI
B
8 NUCLEATE STAGE
C
16 NUCLEATE STAGE
D
MATURE EMBRYO SAC

Fig. 29 A—Development of embryo sac in Penaea mucronata.

(C) **ड्यूसा प्रकार (Dreusa type)**—हैकनसन (Hakensson 1923) ने ड्यूसा अपोजटिफोलमिवा (Drusa oppotilifolia) में अध्ययन कर बताया कि चार मेगास्पोर नाभिक 1 + 3 के अनुपात में विन्यास (arrange) हो जाते हैं। अब ये


MEGASPORE
MOTHER
CELL
Ttetrasporic
Embryosac
(Penaea Type)

Fig. 30

चारों नाभिक दो बार विभाजित होते हैं जिससे 2 + 6′ व 4 + 12 नाभिक बन जाते हैं। अब ऊपर के चार नाभिक में से तीन नाभिक अण्ड उपकरण (egg apparatus) तथा एक पोलर नाभिक बनाते हैं। नीचे के 12 नाभिक में 1 केन्द्र की ओर जाकर पोलर नाभिक तथा बाकी 11 नाभिक एन्टीपोडल्स बनाते हैं (Fig. 31)।


MEGASPORE
MOTHER
CELL
Ttetrasporic
Embryosac
(Dursa Type)

Fig. 32 (A to E)—Showing formation of Drusa type of tetrasporic embryo sac.

(D) **फिरीटीलेरिया प्रकार (Fritillaria type)**—ट्रेब (Treub) व मैलींक (Mellink) के lillum bulliferum पौधे में अध्ययन के अनुसार चार मेगास्पोर नाभिक 1+3 के अनुपात में विन्यस्त (arrange) हो जाते हैं। अर्थात् तीन मेगास्पर नीचे की ओर तथा एक नाभिक ऊपर माइक्रोपाइल की ओर रहता है तथा नीचे के

तीन नाभिक परस्पर मिलकर एक त्रिगुणित नाभिक (triploid nucleus) बनाते हैं जो फिर साधारण विभाजन द्वारा दो त्रिगुणित नाभिक बनाते हैं। पुनः दोनों अगुणित (haploid) माइक्रोपोलर नाभिक व दोनों नीचे त्रिगुणित नाभिक पुनः विभाजित होकर चार माइक्रोपोलर सिरे पर अगुणित नाभिक तथा चार निचले सिरे पर त्रिगुणित नाभिक बनाते हैं। परिपक्व भ्रूण स्यून (mature embryo sac) में


RED.
DIV.
MEGASPORE MOTHER CELL
A
2 MEGASPORES
B
4 MEGASPORES
C
D
EGG APPARATUS
E
POLAR NUCLEI
ANTIPODALS
EMBRYO SAC
F

FRITILLARIA TYPE OF EMBRYO SAC

Fig. 33—(A to F)—Diagram showing Fritillaria tetrasporic embryo sac.


MEGASPORE MOTHER CELL
A
2 MEGASPORES
4 MEGASPORES
B
C
4 MEGASPORES
D
EMBRYO SAC
E

PLUMBAGELLA TYPE OF EMBRYO SAC

Fig. 34—A to E—Showing development of plumbagella tetrasporic type of embryo sac.

माइक्रोपाइलर सिरे पर साधारण अण्ड उपकरण (egg apparatus) बनता है निचले सिरे पर तीन त्रिगुणित कोशा एन्टीपोडलस बनाते हैं तथा केन्द्र में एक अगुणित नाभिक (haploid nuclei) व एक त्रिगुणित नाभिक (triploid) मिलकर द्वितीय नाभिक बनाते हैं (Fig. 33) ।

(E) प्लमबेजीला प्रकार (Plumbegella type)—फेगरलिंड (Fagerlind 1928) के Plumbegella Microntha पौधों पर अध्ययन के अनुसार फिरटीलेरेरिया प्रकार के भ्रूण स्यून (firtiliaria type of embryo sac) की भांति ही चार मेगास्पोर नाभिक 1+3 के रूप में विन्यस्त हो जाते हैं तत्पश्चात् निचले तीन नाभिक गलन करके त्रिगुणिक नाभिक (triploid nucleus) बना लेते हैं। अब माइक्रोपाइलर अगुणित नाभिक व नीचे का त्रिगुणित नाभिक दोनों एक विभाजन द्वारा विभाजित होते हैं जिससे दोनों सिरों पर दो-दो नाभिकों में एक अण्डकोशा (egg cell) व दूसरा केन्द्र की ओर आकर द्वितीयक नाभिक बना लेता है तथा नीचे दोनों त्रिगुणित नाभिकों में से एक एन्टीपोडल तथा दूसरा केन्द्र की ओर बढ़कर द्वितीयक नाभिक बनाता है (Fig. 34) ।



PLUMBAGO TYPE OF EMBRYO SAC

Fig. 35 A to E—Showing development to Plumbago type of embryo sac, (tetrasporic)


MEGASPORES MOTHER CELL
RED.
DIV.
A
2 MEGASPORES
B
4 MEGASPORES
C
D
EGG APPARATUS
POLAR NUCLEI
ANTIPODALS
EMBRYO SAC
E

ADOXA TYPE OF EMBRYO SAC

Fig. 36 (A to E)—Showing development to Adoxa type of tetrasporic embryo sac.

(F) फ्लम्बेगो (Plumbago type)—हौप्ट (Haupt 1934) के Plumbago copensis पौधे पर अध्ययन के अनुसार चार मेगास्पोर नाभिक चारों किनारों पर विन्यस्त (arrange) हो जाते हैं। ये बाद में विभाजन द्वारा विभाजित होते हैं जिससे प्रत्येक किनारे पर दो नाभिक बन जाते हैं। चारों किनारों पर एक नाभिक अण्डकोशा (egg cell) बनाते हैं तथा बाकी चार नाभिक केन्द्र में आकर चार द्वितीयक नाभिक बनाते हैं (Fig. 35)।

(G) एडोक्सा प्रकार (Adoxa type)—जोनसन (Johonson 1879) के Adoxa moschatellina पौधे पर अध्ययन से अनुसार चारों मेगास्पोर नाभिक एक और विभाजन द्वारा विभाजित होकर आठ नाभिक बनाते हैं। ये आठों नाभिक सामान्य प्रकार के भ्रूण स्यून (embryo sac) की भाँति विन्यस्त (arrange) हो जाते हैं अर्थात् 3 नाभिक egg appartus, 3 नाभिक antipodals तथा शेष दो नाभिक केन्द्र में पोलर नाभिक बनाते हैं (Fig. 36)।

आवृतबीजी पौधों में मादा युग्मकसु का उद्भव

(Origin of Female Gametophyte in Angiosperms)

उपरोक्त के दिये विवरण में भ्रूणस्यून (embryo sac) परिवर्धन (development) अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि पोलीगोनम प्रकार का मोनोस्पोरिक भ्रूणस्यूनों (monosporic eight nucleate polygonum type of embryo sac) मबसे प्रारम्भिक (primitive) प्रकार का है तथा बाइस्पोरिक व टेट्रास्पोरिक भ्रूणस्यून (polygonum type of embryo development) सबसे प्राथमिक प्रकार का है (जैसा कि 1966 में स्कानारफ (Schnarf) ने कहा था कि, बी० जी० एल० स्वामी (B. G L. Swami 1945) प्रो० महेश्वरी (1950) एवं बालागलिया (Ballaglia 1951) आदि ने विभिन्न 'अण्डधानी सिद्धान्त' (archegonial theories) भ्रूणस्यून (embryo sac) के उद्भव (origin) को समझाने के लिये रखी। उनमें से कुछ प्रमुख निम्न है :

(1) नीटेलयिन सिद्धान्त (Gnetalean theory)—इस सिद्धान्त के अनुसार आवृत्तबीजी (angiosperms) का भ्रूणस्यून (embryo sac) नीटस (gnetum) जैसे पौधे के भ्रूणस्यून (embryo sac) से बनता है इसके सभी नाभिकों की morphological value समान होती है और उनमें से कोई भी नाभिक अण्डे (egg) की भांति कार्य कर भ्रूण (embryo) बना सकता है।

(2) पोचे का सिद्धान्त (Porsco's theory 1970)—इस सिद्धान्त के अनुसार आवृत्तबीजी पौधों का भ्रूणस्यून (embryo sac of Angiosperms) जिम्नोस्पर्मस (gymnosperms) मादा के जन्युजनक (female gametophyte) से उद्भित (originated) हुआ है जिसमें केवल दो अण्डधानी (Archegonia) होती हैं। इस मत के अनुसार माइक्रोपाइलर सिरा एक अण्डधानी (Archegonia) तथा दूसरे सिरे के नाभिक दूसरा आरचीगोनिया प्रदर्शित करते हैं।

(3) स्फरहाफ का सिद्धान्त (Schurhalf theory 1928)—इस सिद्धान्त के अनुसार एन्टीनोड कोशाओं का कोई निश्चित कार्य नहीं होता है तथा ये केवल पोषण में सहायक हो सकती हैं तथा ये मादा जन्युजनक (female gametophyte) को

करती हैं तथा अण्ड उपकरण (egg apparatus) दो अविकसित (redu- Archegonia को प्रदर्शित करता है।

उपरोक्त सिद्धान्तों में से कोई भी मत उचित नहीं जान पड़ता है और न ही भी मत का अर्थ स्पष्ट है। उपर्युक्त विवरण से यह अवश्य स्पष्ट होता है वर्गीय मत पौधों से अण्डधानी (Archegonium) की रचना सरल होती तथा आवृत्तबीजी पौधों (Angiosperms) में अण्डधानी (Archegonia) अनुपस्थित होती है। आवृत्तबीजी पौधों (Angiosperms) में द्वितीयक (Secondary nucleus) की उपस्थिति भी विशिष्ट प्रकार की है जो द्वि- (double fertilization) की क्रिया फलस्वरूप भ्रूणपोष (endosperm) है।

प्रो० महेश्वरी एवं बालागिया (Prof. Maheshwari and Ballagia) Archegonia theories की विवेचना की तथा प्रो० महेश्वरी ने कहा कि ऐसा होता है कि यदि यह कहा जाये कि आवृत्तबीजी पौधों (Angiosperms) में पहले अण्डधानी (Archegonia) वाली अवस्था पार कर चुके हैं अथवा इनमें fossil history के समय से अण्डधानी नहीं थी बालागिलया (Ballaglia) ने जिम्नोस्पमर्स से एन्जोस्पर्मस में मादा जन्युजनक (female gametophyte) का अण्डधानी (Archegonium) के अप्रकट (disapperance) होने में हुआ में सारांश में यह कहा जा सकता है। सम्भवतः angiosperms में yosac, gymnosperms के पौधे Gnetum के embryosac से उद्‌भित ived) हुआ है।

प्रश्न 32—आवृत्तबीजी पौधों में टेट्रास्पोरिक भ्रूणस्यूनों पर टिप्पणी ये।

Write note on tetrasporic type of embryo sac in an Angios-
(Kanpur 83)

कृपया प्रश्न 29 देखिये।

प्रश्न 33—विभिन्न प्रकार के बीजाण्डों का वर्णन करो तथा किसी प्रारुपित तबीजी में मेगास्पोरोजिनेसिस का वर्णन करो।

Describe the different types of ovules and give an account egasporogenesis in a typical Angiosperms. *(Gorakhpur 79)*

कृपया प्रश्न 29 देखें।

प्रश्न 34—निम्नलिखित पौधों में भ्रूण कोष (embryo sac) विकास का विवरण दीजिये।

(a) पोलीगोनम, (b) ओइनोथेरा, (c) एलियम, (d) एडोक्सा, (c) फ़्रिटीलेरिया। (*Indore 78*)

प्रश्न 35—पोलीगोनम प्रकार के भ्रूणपोष का विवरण कीजिये। (*Agra 77, 83, Kanpur 77*)

Refer Q 29

प्रश्न 36—मोनोस्पोरिक एम्ब्रियोसैक क्या होता है ? पोलीगोनम टाइप के एम्ब्रियोसैक की अभिवृद्धि का सचित्र वर्णन कीजिये। (*Agra 79*)

Refer. Q. 29

प्रश्न 37–बाइस्पोरिक एम्ब्रियोसैक पर टिप्पणी कीजिये।

Refer. Q. 29 (*Indore 83*)

प्रश्न 38 —Adoxa type के embryo sac पर टिप्पणी कीजिये।

Refer. Q. 29 (*Reeva 83*)

प्रश्न 39—मोनोस्पोरिक एव बाइस्पोरिक embryo में अन्तर बताइये

Refer. Q. 29 (*Gorkhpur 85*)

प्रश्न 40—Monosporic, Bisporic एव Tetrosporic embryo sac से आप क्या समझाते हैं। पोलीगोनम प्रकार के embryo sac के develpoment समझाइये। (*Bundelkhand 85*)

Refer. Q. 29

4

निषेचन

(Fertilization)

प्रश्न 41—निषेचन से आप क्या समझते हैं ? किसी आवृत्तिबीजी पौधे के पुष्प में इस क्रिया को सविस्तार से समझाओ।

What do you understand by the fertilization ? Give an illustrated account to it in a typical angiospermic flower.

परिचय (Introduction) :

नर व मादा जनन इकाइयों (Male and Female reproductive units) के समेकन (fusion) को निषेचन (fertilization) कहते हैं। आवृत्तबीजी पौधों में (Angiosperms) में यह क्रिया परागकण (pollengrain) के नाभिक से बने नरयुग्मक (Male gamete or sperm) व बीजाण्ड (ovule) में स्थित अण्डकोश (egg) के गलन (fusion) द्वारा होती है।

चूंकि आवृत्तवीजी पौधों (Angirosperms) में बीजाण्ड (ovules) अण्डाशय (ovary) के अन्दर स्थित रहते हैं, अत: परागकण (pollengrain) इनके सीधे सम्पर्क में नहीं आ सकते हैं। अत: परागकण (pollen grain) परागकोश (Anther lobe) से स्वातन्त्र होने पर परागकण (pollination) की क्रिया द्वारा अण्डप (carpel) के वर्तिकाग्र (Stigma) पर पहुंच जाते हैं। परागकण (pollen grains) वर्तिकाग्र (stigma) पर पहुंचने के पश्चात् अपना अंकुरण कुछ निश्चित समय के बाद प्रारम्भ कर देते हैं। यह समय भिन्न-भिन्न जातियों (Species) में भिन्न-भिन्न होता है।

परागकण का वर्तिकाग्र पर अंकुरण

(Germination of Pollen grain on Stigma)

परागकण (Pollen grains) वर्तिकाग्र (stigma) पर उपस्थित शक्करीय तरल पदार्थ (sugary liquid substance) को शोषित (absorb) पर फूल जाते हैं और अपना अंकुरण प्रारम्भ कर लेते हैं। सर्वप्रथम आन्तर चोल ntine) बाह्य चोल (exine) को तोड़कर किसी भी एक जनित छिद्र (germ pore) से एक नलिका के रूप में बाहर निकलती है ज़िमे **पराग नली (Pollen tube)** कहते हैं। प्राय: एक पराग नली (Pollen tube) का ही निर्माण होता है अर्थात् ये Monosiphonous होते हैं। लेकिन कभी-कभी कुछ पौधों में परागकणों (Pollen grains) में एक से अधिक पराग नली (Pollen tube) बन जाती है अर्थात् ये Polysiphonous होते हैं जैसे कुल मालवेशी एवं कुकरब्रीटयेसी (Family Malvaceae and Cucurbiteaceae) के सदस्यों में। कभी-कभी जिमनोस्पर्मस की भांति

एमेन्टीफेरी (Amentiferae) के सदस्यों में पराग नली (Pollen tube) शाखित (branched) हो जाती है।

पराग नली (Pollen tube) के निर्माण के बाद पहले इसकी वृद्धि वर्तिकाग्र (Stigma) द्वारा उत्तेजित (secreted) तरल शक्करीय (sugary liquid) पदार्थ द्वारा उत्तेजित (Stimulated) होती है। पराग नली (Pollen tube) में वर्धी केन्द्रक (vegetation nucleus) व जनन केन्द्रक (generative nucleus) सहित परागकण के समस्त पदार्थ आ जाते हैं। पराग नलिका (Pollen tube) के अन्त सिरे पर कुछ विकर (enzyme) निकलते हैं जो वर्तिकाग्र व वर्तिका नली (Stigma and Style) के ऊतकों (tissues) को गला देते हैं। अब यह पराग नलिका (Pollen tube) वर्तिका नली (Style) की लम्बाई के अनुसार बढ़ती है तथा वर्तिका (Style) द्वारा होती हुई बीजाण्ड (ovule) के पास पहुँच जाती है। पराग नलिका (Pollen tube) के वर्तिका (Style) में से जाने (Course of Pollen tube in Style) तथा वर्तिका नलिका में विभिन्न Transmission tissues की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति के आधार पर वर्तिका नली (Style) निम्न तीन प्रकार की हो सकती है—

(1) **खुली वर्तिका (Open Style)**—इस प्रकार की वर्तिका में एक सीधी नलिका समान रचना होती है जो केवल बाह्यस्तर (epidermis) द्वारा ढकी रहती है। इस प्रकार की वर्तिका (Style) पराग नली को बीजाण्ड (ovule) तक जाने के लिये एक सीधा व साफ पथ (clear passage) देती है जैसे कुछ पापावरेसी (Papavereaceae), अरस्टिोलोचाएसी (Aristolochiaceae), इरीकेसी (ericaceae) तथा कुछ एकबीजपत्री कुलों (Monocotyledonous families) में।

(2) **आधी बन्द वर्तिका (Half closed type)**—इस प्रकार की वर्तिका (Style) में भी एक नली (canal) होती है। लेकिन इनमें कहीं कहीं पर दो या तीन स्तरीय (two or three layers) Transmiting titsue पाया जाता है। इस प्रकार का वर्तिका (Style) प्रायः केकटेसी कुछ (family cactaceae) में पायी जाती है।

(3) **बन्द प्रकार की वर्तिका (Closed type of Style)**—इस प्रकार की वर्तिका (Styte) में कोई नलिका (canal) समान रचना होती है तथा वर्तिका ठोस (Solid) होती है। इसमें पराग नली (Pollen tube) वर्तिका (Style) कोशाओं में मध्य में स्थित अर्न्तकोशीय स्थानों (intercelular space) के बीजाण्ड (ovule) तक जाती है जैसे धतूरा व कपास में।

पराग नली का बीजाण्ड में प्रवेश (Entry of Pollen tube into ovule)।

पराग नली (Pollen tube) वर्तिका (Style) से होती हुई शीघ्र ही बीजाण्ड (ovule) के बीजाण्ड द्वारा (Micropyle) के समीप पहुँच जाती है। इस बीज पराग नली में स्थित जनन नामिक (generating nucleus) विभाजित होकर दो अचल नर युग्मक (Male gametes or sperms) बना लेता है। पराग नली (Pollen tube) अब बीजाण्ड (ovule) में प्रायः माइक्रोपाइल द्वारा तथा बहुत कम कभी-कभी अन्त मार्गों द्वारा प्रवेश करती हैं। जब पराग नली बीजाण्ड में बीजाण्ड द्वारा (Micropylar end) द्वारा प्रवेश करती है तो इसे **अण्डद्वारी प्रवेश (Porogamy)** कहते हैं। यह सर्वाधिक सामान्य विधि है। कुछ पौधों में जैसे केन्यु-

(Casuorina) में तथा Amentiferae के कुछ सदस्यों में प्राय: नली बीजाण्ड (Chalaza) द्वारा प्रवेश करती है तो इसको **विभागी युग्मन** (Chalazo-) कहते हैं। कभी-कभी परागनली (ovule) में कवच (Integu-) को तोड़कर प्रवेश करती है तो भेदी प्रवेश (Mesogamy) है जैसे कुल कुकरबीटेसी (Cucur-) के सदस्यों में।



Fig. 37—Showing entrance of pollen tube into embryo sac in L. S. of carpel.

नली का भ्रूणस्यून में प्रवेश (of Pollen tube into sac):

पराग नली (pollen tube) के में प्रवेश करने के पश्चात् यह (Nucellus) को भेदती (Pene-) हुई भ्रूणस्यून (embryo sac) पहुंच जाती है। पराग नली (tube) का अन्त सिरा अण्ड (egg apparatus) में सहायक (synergid) एवं अण्ड (egg cell) के बीच रिक्त से होकर अन्दर भ्रूणस्यून (sac) में प्रवेश करती है। पराग नली (Pollen tube) (embryo sac) में सहायक कोशिका (synergid) को भेदती हुई (Pene-) भी प्रवेश करती है।

युग्मकों का स्वतन्त्र होना (Discharge of Male gametes)

पराग नली (Pollen tube) के भ्रूणस्यून (embryo sac) में प्रवेश होने के इससे नर युग्मक (Male gametes) निम्न किसी विधि द्वारा स्वतन्त्र हो :

(1) पराग नली (Pollen tube) अण्ड उपकरण (egg apparatus) एवं नाभिक (secondary nuclei) के बीच में जाकर अगले सिरे पर से (burst) हो जाती है और दोनों नर नाभिक (Male nuclei) भ्रूणस्यून (sac) में स्वतन्त्र होकर बिखर जाते हैं।

कभी-कभी पराग नली (Pollen tube) अपने अग्र सिरे पर दो भागों में हो जाती है और इसका एक सिरा अण्ड उपकरण (egg apparatus) ओर तथा दूसरी द्वितीयक नाभिक (secondary nuclei) की ओर बढ़ता है। में ये दोनों भाग अपने अग्र सिरे पर से विघटित (burst) हो जाते हैं तथा एक नाभिक (Male gametes) अण्ड उपकरण (egg apparatus) की ओर तथा

दूसरा नर नाभिक (Male gametes) द्वितीयक नाभिक (secondary nuclei) की ओर बढ़ता है।

(3) कभी-कभी पराग नली (Pollen tube) के अग्र पर दो छिद्र (pores) बन जाते हैं तथा प्रति छिद्र से एक नर युग्मक (One Male gamete) स्वतन्त्र हो जाता है।

युग्मकों का गलन (Gametic fusion)

पराग नली (Pollen tube) द्वारा दोनों नाभिक (Both Male nuclei) भ्रूणस्यून (embryo sac) में स्वतन्त्र किये जाने के पश्चात् एक नर युग्मक (Male gamete) अण्ड कोश (egg cell) से गलन (fusion) कर एक द्विगुणित युग्मनज (diploid zygote) बनता है। इसको **सत्यनिषेचन (True fertilization)** या **संयुग्मन (Syngamy)** कहते हैं। साथ ही दूसरा नर युग्मक (Second Male gamete), द्वितीय नाभिक (Secondary nuclei) के साथ मिलकर एक द्विगुणित (Triploid) नाभिक (Nuclei) बना लेता है। इसको **त्रिसमेकन (Triple fusion)** तथा इस द्वितीय निषेचन को **द्विनिषेचन (double fertilization)** कहते हैं। संयुग्मन (Syngamy) के फलस्वरूप बना युग्मनज (Zygote) बाद में भ्रूण (embryo), बीज (Seed) एवं फल (fruit) के निर्माण में सहायक होता है तथा त्रिसमेकन (Triple fusion) से बना त्रिगणित नाभिक (Triple nucleus) बाद में भ्रूणपोष (endosperm) का निर्माण करता है जो प्रायः भ्रूण परिवर्धन (embryo development) के समय पोषण में प्रयोग हो जाता है।

एक नर युग्मक (Male gamete) × अण्ड (egg)
=युग्मनज (Zygote)
(One set of chromosomes [N]) + One set of chromosomes [N]
=2 sets of chromosomes (2N)
} **संयुग्कन (Syngamy)**

द्वितीय नर युग्मक (Second male gamete)
द्वितीयक नाभिक (Secondary Nucleus)
=भ्रूणपोषण कोषा (endosperm cell)
One set of chromosomes [N] 2 sets of chromosomes [2N]
=3 sets of chromosomes [N]
} **त्रिसमेकन अथवा द्विनिषेचन (Double Fertilization)**

निषेचन (fertilization) के पश्चात् सहायक कोशायें (synergids) एवं प्रतिध्रुव कोशायें (Antipodals) नष्ट हो जाती हैं। संयुग्मन (Syngamy) के पश्चात् प्रायः विश्राम अवस्था (resting period) आती है जो विभिन्न पौधों के लिए विभिन्न होती हैं। इस विश्राम अवस्था में भ्रूणस्यून (embryo sac) में कोशारस (Cytoplasm) सघन (dense) हो जाता है।


STIGMA
POLLEN GRAIN
SPERM
STYLF
POLLEN TUBE
ANTHER
FILAMENT
ANTIPODAL CELLS
STAMEN
EMBRYO SAC
POLAR NUCLEI
EGG
SEPAL
RECEPTACLE
OVULE STALK
L.S. flower

Fig. 34—L. S. flower at time of fertilization showing discharge of gametes.

द्विनिषेचन का महत्व (Significance of double fertilization)

द्विनिषेचन (double fertilization) की क्रिया आवृत्तबीजी (Angiosperms) पौधों में सामान्य रूप से पायी जाती है तथा इस क्रिया का वर्णन वैज्ञानिक एस० एन० नवासचियन (S. N. Nawaschian) द्वारा 1898 में किया गया था। विभिन्न वैज्ञानिकों के शोध पत्रों (research paper) से यह स्पष्ट होता है कि जिन पौधों में संयुग्मन (Syngamy) के साथ-साथ त्रिसमेकन (Triple fusion) की क्रिया नहीं होती है उनमें प्रायः अविकसित भ्रूण वाले बीज (seeds with less developed embryo) तथा भ्रूणहीन बीज (embryoless seeds) बनते हैं ये बीज (Non-viable) होते हैं। अतः उपयुक्त स्वस्थ एवं अच्छे बीजों के निर्माण के लिए आवृत्तबीजी पौधों (Angiosperms) में संयुग्मन (Syngamy) के साथ **त्रिसमेकन (triple fertilization)** भी आवश्यक है।

द्विनिषेचन (double fertilization) के फलस्वरूप द्वितीयक नाभिक व नर युग्मक मिलकर भ्रूणपोष (endosperms) बनाते हैं। ब्रिंक एवं कपूर (Brink and Cooper 1947) के मतानुसार भ्रूणपोष नाभिक (endosperm nuclei) में Maternal एवं paternal Chromosomes पाये जाते हैं तथा भ्रूणपोष ऊति (endospermic tissue), hybrid vigour के कारण Physiological aggressiveness प्रदर्शित करता है।

इस द्विनिषेचन (double fertilizaton) क्रिया के फलस्वरूप बना भ्रूणपोष (endosperm) भ्रूण (emrbryo) को भोज्य पदार्थ प्रदान करता है जिससे भ्रूण (embryo) का उचित परिवर्तन (development) होता है तथा अच्छे (viable) तथा स्वस्थ बीजों (seeds) का निर्माण होता है ।

प्रश्न 42—निम्न पर टिप्पणी लिखो—

Write notes on.

(1) द्विनिषेचन (Double fertilization) ।

(Bundelkhand 87,85, Madras 76, Karanatak 76, Jabalpur 83,
(Rohelkhand 87) Agra 83 85, Gorkhpur 84)

(2) त्रिसमेकन (Triple fusion) । *(Allahabad 83)*

प्रकृति के अनुसार फल एवं बीजों का निर्माण पुष्प में परागण (Pollination) एवं निषेचन (fertilization) के पश्चात् होता है । प्रायः यदि परागण या निषेचन नहीं हो पाता तो फल बीजों की उत्पत्ति नहीं होती है । लेकिन कुछ पौधों में ऐसा देखा गया है कि यदि परागण एवं निषेचन न हो फिर भी फल बन जाते हैं जो बीजरहित (seedless) होते हैं इस बीजरहित (seedless) फल का विकास **Parthenocarpy** कहलाता है । Parthenocarpic or seedless फलों का विकास निम्न कारणों से हो सकता है :

(1) पुष्प में परागण एवं निषेचन हो जाता है परन्तु कुछ समय बाद बीज निर्माण रूक जाता है तथा इस प्रकार बने फल में बहुत कम विकसित बीज होते हैं । जैसे अंगूर की कुछ किस्मों में (in some variety of grapes) स्टाउट (Stout 1936, 37) ने बताया ।

(2) पुष्प में परागण हो जाता है। परागण अंकुरित हो जाता है लेकिन चन नहीं हो पाता है। यशोदा (Yasuda 1939) ने बताया कि अंकुरित पराग- बिना निषेचन क्रिया ही अण्डाशय को फल बनाने के लिये उद्दीपन (stimulate) र देते हैं।

(3) मृत परागकण (inviable or pead pollen grain) भी फल निर्माण उद्भिनता (stimulation) करते हैं (Massort 1902, Fitting 1909)।

(4) पारथीनोकारपी की परिभाषा निम्न प्रकार कर सकते हैं।

"Parthenocarpy is the formation of a fruit without fertilization of the ovules."

Or

According to Wrinkler 1908–Parthenocarpy is the production f fruits without seeds or with empty seeds.

ारथीनोकारपी का वर्गीकरण (Classification of Parthenocarpy)

पारथीनोकारपी तीन प्रकार की हो सकती है :

(1) **अनुवंशिक पारथीनोकारपी (Genetical parthenocarpy)**—इस कार की पारथीनोकारपी कुछ अनुवांशिकी अनियमितायें (genetical irregularities) के कारण होती हैं जैसे अर्धसूत्रण विभाजन (meiosis) में अनियमितताय ने से असामान्य जन्तु (abnormal gametes) उत्पन्न हो जाते हैं। जिसमें gamete zygote sterility हो सकती है। Polyploidy के कारण भी parthenocarpic fruits उत्पन्न हो जाते हैं inter specific तथा interenetic hybirds से भी बीज-हित फल उत्पन्न हो जाते हैं। Mutation के कारण भी parthenocarpic fruits न जाते हैं।

(2) **वातावरणीय पारथीनोकारपी (Environmental parthenocarpy)**—ाय: देखा गया है कि निम्न तापक्रम (low temeprature) पर parthenocarpic fruits वन जाते हैं। वातावरण की इस दशा तथा कुछ अन्य दशाओं में प्रायः male gametes, non functional हो जाते हैं जिसमें बीजरहित फल बन जाते हैं। यह भी देखा गया है कि auxins भी environmental conditions के साथ-साथ parthenocarpic फल में सहायक होते हैं।

(3) **रासायनिक पारथीनोकारपी (Chemical parthenocarpy)**—गस्टा-सन (Gustafson) ने 1936 में यह सिद्ध किया कि synthetic auxsis के प्रभाव अपरागित (unpollinated) अण्डाशय (ovary) फल में बदल जाती है।

आधुनिक काल (moderu age) में बीजरहित फलों का निर्माण कुछ कृत्रिम चार देकर भी प्रयास किया जा रहा है। कुछ वैज्ञानिकों ने pollen extracts stigma पर डाल बीजरहित फलों का निर्माण किया उन्होंने petunia के pollen extract से बैंगन तथा मिर्च के, टमाटर के pollen extract को cucurbits वर्तिकाग्र पर डालने से उनके बीजरहित फल प्राप्त किये। यह देखा गया कि pollenextract में वृद्धि करने वाला पदार्थ पाया जाता है।

आधुनिक युग में यह भी सिद्ध हो चुका है कि कुछ auxins तथा hormo-से 2, 4 D phenoxy acetic acid, indole butyric acid आदि भी रहित फलों (parthenocarpic fruits) के निर्माण में सहायक होते हैं।

पारथीनोकारपी का महत्व (Signficance of Parthenocarpy) :

पारथीनोकारपी (parthenocarpy or production of seedless fruits) हमारे लिये विशेष रूप से बागवानी (horticulture) में अत्याधिक उपयोगी हैं चूंकि विश्व के लगभग सभी प्रमुख फल जैसे केला, ककड़ी, सन्तरा, पाइनऐपिल, अंगूर आदि या तो बीजरहित होते हैं या फिर इनमें बहुत कम व अविकसित बीज होते हैं। इसी कारण से आधुनिक युग में बीजरहित फलों के उत्पादन के लिये बहुत से कृत्रिम उपचार से प्रयोग किये जा रहे हैं।

असेचनजनन (Parthenogenesis) :

प्रकृति के नियमानुसार (egg) से एक नर नाभिक मिलकर युक्ता (zygote) बनता है जो बाद में भ्रूण निर्माण (embryo formation) करता है। लेकिन कभी-कभी नर युग्मक (male gamete) अण्डकोशा (egg cell) के साथ गलन (fusion) नहीं कर पाता है तथा यह अनिषेचित अण्ड (unfertilized egg) एक भ्रूण (embryo) में परिवर्तित हो जाता है। इस क्रिया को हम असेचनजनन (parthenogenesis) कहते हैं। जैसे alichemilla, antennosia, tarxacum, Salonum nigrum आदि में parthenogenesis या तो haploid (जो बहुत कम होता है) या फिर diploid प्रकार का होता है। कृत्रिम रीति से पौधों में parthengenesis उत्पन्न करना induced parthenogenesis कहलाता है।

असेचनजनन (parthenogenesis) का विशेष महत्व है चूंकि इस विधि से उत्पन्न पौधों में केवल maternal parents के ही लक्षण होते हैं ये पौधे genetically homozygous होते हैं : कृत्रिम रीति से parthenogensis का induce करने के लिये X-ray method, chemical अथवा उच्च व निम्न व तापक्रमों का प्रयोग किया जाता है।

स्थानिक भ्रूणों का उत्पादन
(Production of Adventive Embryony)

भ्रूणों (embryos) का (Nuceller Cells or Integuments) से निर्माण होना formation of adventive embryony कहलाता है। इन भ्रूणों (embryos) में Maternal plant full chromsome complement होते हैं। चूंकि यह क्रिया (Phenomenon) हमारे फल वाले वृक्षों जैसे आम, नींबू आदि के लिये बहुत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण है, अतः आधुनिक युग में यह प्रयत्न किया जा रहा है कि हम इन अस्थानिक भ्रूणों (adventive embryos) को कृत्रिम विधियों द्वारा उत्पादित कर सकें। आम में वे किस्म जिनमें अस्थानिक भ्रूण (adventive embryos) हो वे आसानी से बीजों द्वारा budding or grafting के समान उत्पादित की जा सकती है।

भ्रूण पालन (Embryo Culture)

प्रायः यह देखा गया है कि निषेचन (fertilization) के पश्चात् भी कभी-कभी बीज पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाते हैं और वे non-viable रहते हैं। आधुनिक शोध कार्यों (recent researches) से सम्बन्ध हो गया है कि हम इ non-viable seeds के भ्रूणों (embryos) को निकालकर उनको कृत्रिम पदा

tificial media) में वृद्धि करायें जिनमें नये पौधे (seeding) का निर्माण होता है। इस विधि को भ्रूण पालन (embryo culture) कहते हैं।

हैंनिग (Hanning) ने 1904 में सर्वप्रथम भ्रूण पालन (embryo culture) की दिशा में प्रयोग किये तथा उन्होंने कुछ क्रूसीफेरी कुल के सदस्यों जैसे (Rhaphanus, Cochllaaia में अध्ययन कर बताया कि इन पौधों के भ्रूण (embryo) वा परिवर्धन ऐसे कृत्रिम माध्यम (artificial medium) जिसमें शक्कर (sugar), निज लवण (mineral salts), जिलेटिन (gelatin) आदि हो सकते हैं। टिंगल (Stingle) ने 1906 में कुछ अनाजीय (cereals) पौधों के भ्रूणों का रिवर्धन (embryo development) दूसरे पौधों के भ्रूणपोष (endosperm) में किया। डिटरिच (Dietrich) ने 1924 में बहुत से पौधों के भ्रूण विकास के लिये नोपस घोल (Knop's solution) का प्रयोग किया।

लियाबेक (Liback) ने 1925, 29 में कृत्रिम भ्रूण विकास (artificial culture of embryos) के लिये बीज भ्रूण को disect करके उन्हें कृत्रिम माध्यम (artificial media) में रखकर उनसे बीजांकुर cseedling) तथा अन्त में पूर्ण णीय पौधे तक प्राप्त किए। इसके पश्चात से अब तक इस विषय में अनेक प्रयोग हुए तथा यह बहुत ही अधिक आर्थिक महत्व का सिद्ध हुआ है।

आधुनिक युग से भ्रूण पालन क्रिया (embryo culture technique) बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रही है चूंकि इस विधि द्वारा non viable seeds को भी प्रयोग में लाया जा सकता है। भ्रूण पालन (embryo culture) कभी-कभी सामान्य बीजों में प्रजनन चक्र (breeding cycie) को छोटा करके भी सहायक होती है। विशेष रूप से यह विधि लम्बे समय तक सुप्त अवस्था में रहने वाले बीजों में प्रयोग की जाती है। Rosacenus fruit trees में जिनके बीज लगभग 20 अथवा अधिक महीनों के पश्चात् अंकुरित करते हैं इस विधि द्वारा (embryo culture) लगभग आठ महीनों में बीजांकुर (seeding) बना देते हैं। इसी प्रकार अन्य पौधों जैसे iris, rosa, prunus आदि में भी इस विधि द्वारा breeding cycle बहुत छोटा हो जाता है।

भ्रूण पालन (embryo culture) वास्तव में विशिष्ट पदार्थों (specific substance) का प्रभाव भ्रूण आकारिकी (morphology of embryo) पर अध्ययन करने का विशेष यन्त्र है (नारायण स्वामी 1959), यह irradiated food material का जीवित ऊतकों (living tissue) पर cytological effect के सम्बन्ध में शोध कार्य (research) में सहायक है (स्वामी नाथन 1962) तथा यह विधि (embryo culture) वृद्धि (growth) के promoting or inhiliting की क्रिया पर tissue के extracts के testing में सहायक है (स्वामीनाथन एवं डी० माइलवा 1960)।

पौधों में भ्रूण पालन (Plant embryo culture) शोध कार्यों (research) की विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सहायक है। Plant embryo culture में बहुत निकट का सम्बन्ध biochemistry, physiology, morphology, morphogenesis तथा enetics से है। वास्तव में plant embryo culture technique का प्रयोग पौधे के परिवर्धन (plant development) समझने के लिये किया जा सकता है।

षेचन का नियन्त्रण (Control of fertilization) :

1900 ई० में मैंडल के नियमों के आविष्कार के पश्चात् plant breeders

भिन्न-भिन्न जातियों (species) एवं वंशों (generas) को नये प्रकार के पौधे उत्पादन हेतु परस्पर क्रास (cross) करने लगे। इनका मुख्य लक्ष्य था—नमी एवं उपयोगी किस्मों का उत्पादन करना। लेकिन उनके सामने निम्न कठिनाइयाँ थीं—

(a) दो पौधों के पुष्पोत्पादन के समय में dishormony होना।
(b) वर्तिकाग्र (stigma) पर परागकणों का अंकुरित न होना।
(c) पराग नलियों (pollen tube) की धीमी वृद्धि होना।
(d) वर्तिका नली (style) में पराग नली का फटना अथवा नष्ट हो जाना।

आधुनिक युग में स्वयं परागण (self pollination) को रोकना तथा cross pollination को बढ़ावा देकर निषेचन (fertilization) कराया जाता है जिससे नई तथा लाभदायक किस्में कृत्रिम विधियों द्वारा प्राप्त हो सकें।

प्रश्न 70—निम्न पर टिप्पणी लिखो (Write notes on)—

1. प्रसेचनजन (Parthenogenesis), (*Rohelkhand 83*)

2. भ्रूण पालन (Embryo culturpe)

3. पारथीनोकारपी (Parthenocarpy) (*Allahabad, 84 Reeva 83,*
(*Agra 87 85 Gorakhpur 85*)
(*Rohelkhand 88*)

Refer Q. 66

प्रश्न 71—Embryo culture तथा इसके महत्व का वर्णन कीजिये। (*Gorakhpur 83*)

Refer Q. 66

आर्थिक वनस्पतिकी
(Economic Botany)

1

पौधों की उपयोगिता

(Value of Botany)

प्रश्न 1—अर्थ वनस्पति विज्ञान से आप क्या समझते हैं ? पौधों की उपयोगिता पर संक्षिप्त लेख लिखिये ।

What is economic botany ? Write a brief essay on utility of plants.

परिचय (Introduction)—

आर्थिक महत्व (Economically valuable) के पौधों तथा उनके उपपादों (Products) के अध्ययन को **आर्थिक वनस्पति विज्ञान (Economic Botany)** कहते है। सामान्यतः पादप अध्ययन का यह चरण (Phase of plant study) इतिहास, (history), भूगोल (geography) समाज शास्त्र (sociology), कानून (law)-रसायन विज्ञान (chemistry), राजनीति शास्त्र (Politics), अर्थशास्त्र (economics) आदि आधुनिक विषयों के मनुष्य ज्ञान (human knowledge) पर एक झलक (impinges) सी डालता है। यह भी नियमानुसार (logically) सिद्ध किया जा सकता है कि लगभग वनस्पति विज्ञान (botany) की सभी आधुनिक शाखायें (modern branches) किसी न किसी प्रकार आर्थिक (economic) है; जैसे **पादप कार्यिकी** (plant physiology) का सम्बन्ध पौधे के पोषण (plant nutrition), भूमि प्रबन्ध (soil management) तथा उर्वरक (fertilizers) से होता है। इसी प्रकार **पादप वर्गीकरण** (plant taxonomy) आर्थिक महत्व वाले, विषैले, सुन्दरता बढ़ाने वाले आदि पौधों के वर्गीकरण एवं पहचान (indentification) करने में सहायक हैं। **पादप औतिकी** (plant anatomy) काष्ठ (wood) की रचना (struoture) में उपयोगिता जानने में सहायक है **पादप परिस्थितिकी** (plant ecology) भूमि संरक्षण (soil conservation), पौधों के लिए उपयुक्त जलवायु (suitable climate) ज्ञात करने में सहायक है। इस प्रकार वनस्पति शास्त्रियों (botanists) ने वनस्पति विज्ञान (botany) की लगभग प्रत्येक शाखा (every branch) को potentially economic बताया, परन्तु उन्होंने **आर्थिक वनस्पति विज्ञान** (economic botany) वनस्पति विज्ञान (botany) की उस शाखा (branch) को कहा, जिसके अन्तर्गत वनस्पति विज्ञान की अन्य शाखाओं (other branch of botany) से प्राप्त पौधों के आर्थिक महत्व वाली सभी सूचनायें (information) संग्रहित हों।

(The term **Economic Botany** is restricted to the more or less organized body of the information concerning economic use of plants, abstracted from the various other branches of botany.)

पेड़ पौधों की मनुष्य जाति के लिए उपयोगिता
(Value of Botany in the service of Mankind)

थोमस जेफरीरसन (Thomas Jefferson 1814) के अनुसार वनस्पति विज्ञान (botany) सबसे अधिक उपयोगी (most valuable) विज्ञान (science) है। जिनसे मनुष्य एवं जन्तु मुख्य रूप से भोज्य पदार्थ प्राप्त कर जीवित रहते हैं। इसके अतिरिक्त पौधों से हमारे खाने में स्वादिष्ट व्यंजन (delecious varieties of our table) पुष्पों से विशेष सुगन्ध, तेल, काष्ठ (wood) से फर्नीचर व मकान तैयार करने वाले पदार्थ (building material) तथा हमारे शरीर के लिए दवाइयाँ (medicines) प्राप्त होती हैं।

["Botany" said Thomas Jefferson (1814) "I rank with the most valuable sciences, whether we consider its subject as furnishing the principal substances of life to man and beast, delicious varieties for our tables, refreshment from our orchards, the odornments of our flower borders, shade and perfume of our groves, materials for our building and medicaments for our bodies."]

आर्थिक महत्व वाले पौधों (economically valuable plants) के बहुत ही संक्षिप्त (briefest) व साधारण (superficial) अध्ययन से यह स्पष्ट है कि मनुष्य प्रारम्भ से ही जीवित रहने के लिए (for his existance) पौधों पर निर्भर (dependent) है। मनुष्य बहुत प्राचीनकाल से ही सर्वप्रथम पौधों पर भोजन (food) के लिए, इसके पश्चात् उसके जीवन के कुछ थोड़ी सी जटिलता (slight advance in the complexity) आने पर रक्षण (shelter), कपड़ा (clothes), ईंधन (fuel) हथियारों (weapons) आदि के लिये पादप जगत (plant kingdom) पर निर्भर रहा। मनुष्य जीवन में और अधिक जटिलता तथा सभ्यता विकसित (more advancement in civilization of human life) होने पर आधुनिक युग (Mordern age) में पौधों से साबुन (soap), रबर (rubber), औषधियाँ (drugs), मसाले (spices), गोंद (gum), मोम (wax), फाइबरस (fibers) तथा अन्य बहुत से पदार्थ प्राप्त किये गये, जो मनुष्य जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। यद्यपि आधुनिक युग में ऐसा विश्वास किया जाता है कि मनुष्य ने प्रकृति के ऊपर नियन्त्रण (mastery over nature) प्राप्त कर लिया है, फिर भी यह स्पष्ट है कि मनुष्य आज भी प्रकृति (nature) तथा उसके उपपादों (products) पर अत्यधिक निर्भर (more dependent) है यद्यपि यह सत्य है कि आज मनुष्य जीवन (human life) से साबुन, रबर, टायरस, वार्निस, कागज, तम्बाकू, तेल, सुगन्धित पदार्थ, चाय, कॉफी, औषधियाँ आदि हटा ली जायें तो मनुष्य शायद जीवित रह सकता है परन्तु मनुष्य की सभ्यता (civilization) पूर्णरूप से परिवर्तित हो जायेगी तथा मनुष्य जीवन आज जितना आरामदायक (comfort), सुरक्षित (secure), स्वस्थ (healthy) है उतना नहीं रह पायेगा।

पौधों द्वारा उपरोक्त कही गई उपयोगिताओं के अतिरिक्त भी अन्य बहुत-सी उपयोगितायें हैं। बैक्टीरिया की बीमारियों की रोकथाम (disease control), उद्योग धन्धों (industries) जैसे एल्कोहल आदि के निर्माण में काफी महत्व है। पौधे बाढ़ नियन्त्रण (control of floods), भूमि संरक्षण (soil conservation)

ी काफी सहायक हैं। पौधे उपवन के पुष्प बगीचों की सुन्दरता बढ़ाकर उन्हें ित कर मनुष्य जीवन में सुखी (enjoyment) भर देते हैं।

पौधों व उनके उपपादों का विवरण एवं उत्पादन (production and tribution of plant products) का विश्व राष्ट्रों (nations of the world) आर्थिक (economic) एवं सामाजिक जीवन (social life) पर भी प्रभाव ता है तथा इनसे राष्ट्रीय (domestic) एवं अन्तर्राष्ट्रीय (international) न्ध भी प्रभावित होते हैं। वास्तव में पौधे ही राष्ट्र का धन (Wealth of ation) है तथा किसी भी देश की सम्पन्नता (prosperity) के प्रतीक कहाँ पाये ने वाले पौधे तथा उनके उपपादों (products) से है।

पौत्रों की उपयोगिता (Value of Botany) का मनुष्य जीवन में महत्व ी वाह्य रूपरेखा (outline) का संक्षिप्त ज्ञान निम्नलिखित विवरण (synopsis) े हो सकती है।

(1) भोजन (खाद्य पदार्थ) प्रदान करने वाले पौधे
(Food Plants)

लगभग सभी खाद्य पदार्थ जैसे अनाज, दाल, शर्कर, तरकारी, फल हमें पौधों से प्राप्त होते हैं जो कि हमारे जीवन के लिये अत्यन्त आवश्यक हैं।

अनाज (Cereals)—गेहूँ, जौ, चना, मक्का, चावल, ज्वार, बाजरा आदि सभी अनाज हमें पौधों से प्राप्त होते हैं। ये हमारे मुख्य भोजन हैं जिनसे हमें कार्य शक्ति प्राप्त होती है। गेहूँ व चावल हमारे देश के मुख्य अनाज हैं।

दालें (Pulses)— अरहर, मूँग, उर्द, चना, लोबिया, मटर आदि की दालें भी पौधों से प्राप्त होती हैं। इनमें स्टार्च व प्रोटीन की अधिक मात्रा होने के कारण ये हमारे भोजन का मुख्य भाग हैं।

तरकारियाँ (Vegetables)—हमारी तरकारियों में भिन्न-भिन्न पेड़ों से तने (आलू, अरबी, अदरक, प्याज), जड़ (जैसे गाजर, मूली, शलजम) पत्तियाँ (जैसे पालक, सरसों, पत्ता, गोभी), फूल (जैसे कनार, फूल गोभी), फल (जैसे टमाटर, लौकी, बैंगन आदि) से प्राप्त होती हैं। इन तरकारियों द्वारा हमें विटामिन और शरीर के उपयोगी लक्षण प्राप्त होते हैं।

फल (Fruits)—जैसे सन्तरा, लोकाट, केला, आम, जामुन, अमरूद आदि सब ही वृक्षों से प्राप्त होते हैं। ये फल हमारे भोजन में उत्तम स्वास्थ्य के लिये अति आवश्यक हैं। पिस्ता, काजू, बादाम, चिलगोजा आदि भी फल हैं जो सूखने पर मेवे के रूप में खाये जाते हैं ये भी काफ़ी पौष्टिक होते हैं।

चाय और काफी भी पौधों की पत्तियाँ हैं जो कि पेय रूप में प्रयोग की जाती हैं।

चीनी (Sugar)—चीनी हम गन्ने के पौधे के तने से प्राप्त करते हैं। यह हमारे लिये अत्यन्त आश्वयक तथा उपयोगी है। शहद फूलों से द्रव के रूप में निकलता है जिसे मधुमक्खी अपने छत्तों में जमा करती रहती है। इन्हीं छत्तों को तोड़कर शहद मनुष्यों द्वारा निकाल लिया जाता है। इसका प्रयोग दवा के रूप में किया जाता है।

तेल (Oils)—तेल हम मुख्यत: सरसों अरण्डी के बीजों से गुलाब, चमेली के फूलों से, चन्दन की लकड़ी से, नारियल के फल से प्राप्त करते हैं। तेल हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं चूंकि कुछ तेल जैसे नारियल का तेल, सरसों का तेल, मूँगफली का तेल हमारे खाने के काम आता है। मूंगफली के तेल को जमाकर ही डालडा घी बनाया जाता है। कुछ तेल जैसे लौंग का तेल,, अरण्डी का तेल दवा के रूप में प्रयोग किय जाते हैं।

पेट्रोल, मिट्टी का तेल आदि भी वास्तव में पेड़-पौधों का रूपान्तरण है जो सहस्र वर्षों तक भूमि में काफी ताप और दाब में पड़ें रहने के कारण है और कुछ रासायनिक क्रियाओं के उपरान्त इस रूप को प्राप्त होते हैं।

मसाले (Spices)—तरकारियों में डालने वाले मसाले भी वनस्पति जगत की ही देन हैं। ये मसाले भोजन को पाचक एवं स्वादिष्ट बनाने में सहायक होते हैं। मेथी, सौंफ, धनिया, अदरक, हल्दी, मिर्च, जीरा, दाल चीनी, लौंग, इलायची आदि मसाले भिन्न-भिन्न पौधों से प्राप्त होते हैं।

(2) वस्त्र तथा अन्य कार्यों के लिये रेशे प्रदान करने वाले पौधे

(Fiber Yielding Plants)

शरीर को ढकने के लिये वस्त्र (Cloth) एक आवश्यक वस्तु है। इसको पहनने से हमारा ठण्ड एवं गर्मी से बचाव होता है। भोजन प्रदान करने वाले पौधों के बाद इस श्रेणी के पेड़ों का ही महत्व सबसे अधिक है।

रूई (Cotton) हमें कपास के पौधों से मिलती है और हमारे वस्त्रों के बनने में काम आती है। इसकी पैदावार अमेरिका, मिस्र तथा भारत में मुख्यत: होती है।

जूट एक पौधे के तने से लम्बे रेशे के रूप में निकाला जाता है। इसको रस्सी पर्दे, बोरी आदि बनाने के लिये प्रयोग किया जाता है और यह बंगाल में बहुत अधिक होता है।

नारियल की जटा से भी रस्सी एवं चटाइयाँ बनाई जाती हैं। सन (hemp) भी एक पौधे के रेशे से बनता है। यह रस्सी तथा मोटे वस्त्र बनाने के काम आता है।

(3) ईंधन एवं लकड़ी उत्पादन करने वाले पौधे

(Fuel and Timber Plants)

विभिन्न वृक्षों के तने से हमें लकड़ियाँ मिलती हैं जो हमारे भिन्न-भिन्न कार्यों में आते हैं। लकड़ियाँ मकान बनाने, मेज, कुर्सी आदि फर्नीचर बनाने, नाव, जहाज, रेलगाड़ी के डिब्बे तथा नाना प्रकार के अन्य कार्यों में आती हैं। ये लड़कियाँ इंधन का भी कार्य करती हैं जिससे हमें ऊर्जा (Energy) व प्रकाश (light) मिलता है। शीशम; चीड़, देवदार, सागोन, बबूल, आम आदि से हमें उत्तम किस्म की लकड़ी मिलती है जो फर्नीचर एवं दरवाजे आदि बनाने में प्रयोग की जाती है।

(4) औषधियाँ प्रदान करने वाले पौधे

(Medicinal Plants)

लगभग सभी आयुर्वेदिक और यूनानी औषधियों में पौधे ही प्रयोग होते हैं।

के पेड़ों के फल, छाल, पत्तियाँ, जड़ दवा के काम में प्रयोग होते हैं जैसे बन-तुलसी, हरड़, पीपल, आंवला, सौंफ, मुलहटी आदि दवा के रूप में काम आते बहुत सी एलोपैथिक दवाइयां भी पौधों से प्राप्त होती हैं, जैसे सिनकोना नामक से कुनैन निकाली जाती है जो मलेरिया बुखार की अच्छी दवा है। नारियल के से कोकेन प्राप्त होती है जो दाँतों के रोगों में प्रयोग की जाती है। यूकेलिप्टस छाल से तेल निकलता है जो सर्दी, जुकाम के लिये लाभदायक है। मार्फिया दवा पोस्त से प्राप्त होती है। यह नींद लाने के लिये रोगी को दी जाती है। तीवीन एक पैनिलिलियम नामक कवक (Fungi) से निकाली जाती है जो अनेक गों के लिये उपयोगी है।

(5) पौधों के अन्य उपयोग

(Miscellaneous Uses of Plants)

कुछ पौधे हमारे लिये दूसरी प्रकार से उपयोगी हैं। इनका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है ;—

(A) कुछ पौधों में से काटने पर सफेद रंग का दूध (latex) निकलता है। इससे कई प्रकार की औषधि तथा रबर तैयार की जाती है। रबर से टायर, ट्यूब, ते तैयार किये जाते हैं। रबर कई पौधों से प्राप्त होता है जिनमें अधिकांश वृक्ष हैं। वे वृक्ष भूमध्य प्रदेशों के जंगलों में उत्पन्न होते हैं, **हीविया ब्रेसिलिएन्सिस** (Hevea brailiensis) एक रबर उत्पन्न करने वाला मुख्य वृक्ष है।

(B) **खाद (Manure)**—पत्तियों तथा पौधों से बचे भागों को सड़ाकर बनाई जाती है। बहुत से पौधों जैसे (सन आदि) को धरती में लगाने से पृथ्वी में खाद की मात्रा बढ़ जाती है जिससे भूमि की शक्ति बढ़ जाती है।

(C) **बहुत से रंग (Dyes)**—जैसे पीला रंग टेसू फूल से, हरा रंग मेंहदी के पत्तों से, कत्थई रंग कत्थे की छाल से, हल्दी से पीला रंग आदि हमें विभिन्न पौधों से प्राप्त होते हैं। नील भी एक प्रकार के पौधे से मिलती है।

(D) बहुत सी मादक वस्तुयें जैसे शराब (wine), तम्बाकू; गाँजा, भांग और अफीम हमें पौधों से प्राप्त होते हैं।

(E) **इत्र (Scents)**—प्राय: गुलाब, चमेली, केवड़ा, बेला, केसर आदि के फूलों से तैयार किया जाता है। खस की जड़ और चन्दन के तने से भी इत्र प्राप्त किया जाता है। इत्र वायु को शुद्ध करते हैं तथा मिठाइयों आदि में सुगन्ध के लिये प्रयोग किये जाते हैं।

(F) **सेल्यूलोज (Cellulose)**—सेल्यूलोज पौधों की कोशा भित्तियों में विशेष रूप से पाया जाता है। इसमें गम काटन (gum cotton), गैस मेंटल (gas mental), नकली रेशम (artificial silk), फोटो फिल्म आदि वस्तुयें बनाई जाती हैं।

(G) **कागज (Paper)**—बांस, चीड़ अनेक प्रकार की घासें जैसे हवाई, पार्टी आदि और गुड़ से बनाया जाता है। हमारे देश में बांस द्वारा कागज बहुत मात्रा में तैयार किया जाता है।

(H) पौधों के अन्य बहुत से उपयोग होते हैं जैसे—

(a) पौधों से वायुमण्डल साफ होता है ।

(b) पौधे वायु की तेजी को कम करके मकान आदि को नुकसान से बचाते हैं ।

(c) पौधे गर्मियों में शीतल छाया प्रदान करते हैं ।

(d) बाँस और बेत से टोकरियाँ बनाई जाती हैं तथा कुर्सियाँ बुनी जाती हैं ।

(e) कुछ मुलायम वृक्षों की लकड़ी से पेंसिल, पैन, होल्डर, पैमाना, दियासलाई आदि बनाई जाती हैं ।

(f) नीम तथा बबूल की मुलायम लकड़ियाँ दातून के रूप में प्रयोग की जाती है ।

(g) नीम, बबूल आदि से हमें गोंद प्राप्त होता है ।

(h) गुलाब, चमेली, गेंदा आदि के पौधे हमारे बगीचों की शोभा बढ़ाते हैं।

इस प्रकार उपरोक्त विवरण से हम कह सकते हैं कि पौधे हमारे जीवन के लिये अत्यन्त उपयोगी एवं आवश्यक हैं ।

पादप सुधार
(Plant Improvement Techniques)

जैसा कि हमें उपरोक्त विवरण से ज्ञात हुआ है कि पौधे मनुष्य जीवन के लिए अत्यन्त उपयोगी हैं तथा मनुष्य बहुत प्राचीन काल से पौधों पर निर्भर (dependent) रहा है । इसी कारण से वनस्पति विज्ञान वेत्ता (Botanists) इस कार्य में लग्नशील (busy) हैं कि किसी भी प्रकार से पौधों में गुणात्मक (qualitative) व गुणात्मक (quantitatively) सुधार (improvement) है । कुछ पादप सुधार (plant improvement) की विधियाँ निम्न हैं—

1. पादप जनन (plant breeding)
2. रासायनिक उर्वर एवं खाद का प्रयोग (use of chemical fertilizer and different types of manures)
3. अच्छी भूमि का चुनाव (selection of better soil)
4. उचित सिंचाई (proper irrigation)
5. फसल एकान्तर (rotation crops)
6. फसलों का रोगों एवं पेस्ट से बचाव करना (protection of crops against disease and pests)
7. Pure line selection
8. हाइब्रीडाइजेशन (hybridization)

उपरोक्त विधियों द्वारा बहुत से पौधों जैसे गेहूँ, चावल, तम्बाकू आदि में काफी सीमा तक पादप सुधार (plant improvement) हुआ है ।

प्रश्न 2—मनुष्य जाति के लिये पौधों की उपयोगिता पर एक संक्षिप्त लेख लिखो ।

Write a short essay on value of Botany in service of Mankind.
(*Agra 78*)

प्रश्न 3—"वनस्पति विज्ञान मनुष्य जीवन के लिये उपयोगी है।" इस पर एक लेख लिखो।

Write an essay on Botany in relation to human welfare.
(*B. H U. 80*)

प्रश्न 4—दानस्पतिक नामों सहित सात ऐसे पौधों का उदाहरण दीजिये जो आर्थिक महत्व के हैं। साथ ही साथ उनसे प्राप्त होने वाले पदार्थ बताइये और इनके ऊतक एवं अंगों का नाम बताइये जिनसे ये प्राप्त होते हैं।
(*Kanpur 79*)

———

2

रेशे एवं रेशेदार पौधे

(FIBERS AND PLANT FIBERS)

प्रश्न 5—पौधों से प्राप्त होने वाले महत्वपूर्ण रेशों (fibers) का विवरण दीजिये। (*Allahabad 84*)

प्रश्न 6—पादप रेशों की उत्पत्ति एवं आर्थिक महत्व का वर्णन करते हुए एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिये।

परिचय (Introduction) :

रेशे (fibers) पौधों में पाये जाने वाले दृढ़ोत्तक कोशायें (sclerenchymatous cells) होते हैं जो पादप कंकाल (plant skeleton) का कार्य करती है। पादप रेशों (plant fibers) की परिभाषा हम इस प्रकार कर सकते हैं कि **"पादप रेशे (plant fibers) धागे समान ऊतक (thread like tissues) हैं जो पादपकाय (plant body) के विभिन्न दृढ़ोत्तक (sclerenchymatous) से प्राप्त होते हैं।** ये प्राय: लम्बे (long), मोटी भित्ति वाले (thick walled) तथा नोकीले सिरों (pointed ends) वाले होते हैं (Fig. 1)। रेशे अथवा तन्तु (fibers) एकक (single) अथवा समूहों (groups) में पाये जाते हैं। सामान्यत: रेशे (fibers) ऊतकों की शीट (sheets of tissue) बना लेते हैं जिसमें प्रत्येक रेशा (fiber) दूसरे रेशे (other fibers) के साथ interlocked व overlapped रहता है।

तन्तु (fibers) उत्पत्ति (origin) के आधार पर **बास्ट फाइबर (Bast fibers), काष्ठ रेशे (wood fibers) एवं तलीय रेशे (surface fibers)** हो सकते हैं। अकारिकीय आधार (morphological basis) पर रेशे (fibers) कॉरटीकल (cortical), पैरासाइकिलिक (pericyclic), फ्लोयम (phloem) अथवा जाइलम (xylem) रेशों (fibers) में विभाजित किये जा सकते हैं।

रेशे (fibers) प्राय: पौधे के प्रत्येक भाग जैसे स्तम्भ (stem), पत्ती (leaf), जड़ों (roots), फलों (fruits), बीजों (seeds), में पाये जाते हैं। आर्थिक महत्व (economic importance) के रेशे प्रदान करने वाले पौधों (fiber yielding plants) प्राय: कुछ family ग्रेमीनी (gramineae), पाल्मी (palmae), म्यूजेसी (musaceae), एमेराइलीडेसी (Amaryllidaceae), यूट्रीकेसी (Utricaceae), मालवेसी (malvaceae), लाइनेसी (linaceae), बौम्बेसी (bombaceae), लैग्यूमीनेसी (leguminaceae), मारेसी (moraceae), टीलयेसी (tiliaceae) के होते हैं।

रेशे (fiber) प्रदान करने वाले पौधे निश्चित रूप से ही मनुष्य के लिये भोज्य पदार्थ प्रदान करने वाले पौधों (food yielding plants) के पश्चात् उप-

हैं। ये मनुष्य जाति के लिये कपड़ा (clothes) आदि प्रदान करते हैं, जो
हुई सभ्यता (advancement of civilization) को प्रभावित करते हैं।
रासायनिक (chemically) रूप से रेशों (fibers) की कोशा भित्ति (cell


SCLEREN CHYMA FIBERS IN L. S.
CLEREN CHYMA FIBERS IN T S
SINGLE FIBER OP SCLERENCHYMA

Fig. 1—Structure of Fiber.

wall) मुख्य रूप से सैल्यूलोज (cellulose) की बनी होती है। कोशा भित्ति में सैल्यूलोज के साथ-साथ कुछ प्रतिशत मात्रा लिग्निन (lignins), हेमीसैल्यूलोज (hemi-cellulose) तथा अन्य पदार्थ की भी होती है। इस प्रकार रेशों (fibers) में कार्बन (C), हाइड्रोजन (H) व आक्सीजन (O) एक विशेष क्रम (unique fashion), व्यवस्थित होकर सैल्यूलोज ($C_6H_{10}O_5$) का निर्माण करते हैं। **फ्लेक्स हैम्प** (Flex hemp) में सैल्यूलोज के साथ-साथ काफी मात्रा में पैक्टिक पदार्थ (pectic materials) भी पाये जाते हैं। **जूट** (Jute) के रेशे कड़े (hard) व लिग्नीफाइड (lignified) होते हैं। फाइबरस (fibers) के सैल्यूलोज में सल्यूलोज (cellulose) की अधिक प्रतिशत मात्रा उन्हें अधिक स्थाई बना देती है।

व्यापारिक (**commercially**) रूप से रेशों (fibers) के अन्तर्गत किसी भी पदार्थ के सभी छोटे (small), पतले (thin), स्लैण्डर (slender) टुकड़े आते हैं। ये रेशे (fibers) **खनिज उद्भव** (mineral origin) [जैसे एस्बसटोस (asbestos) स्पन ग्लास (spun glass) आदि] **जन्तु उद्भव** (Animal origin) [जैसे ऊन सिल्क, जन्तु रोम (animal hair) आदि] अथवा **पादप उद्भव** (plant origin) [जैसे कपास, जूट आदि] के हो सकते हैं। व्यापारिक रूप से पादप रेशों (Plant fibers of commerce) के अन्तर्गत स्तम्भों (stems), जड़ों (roots), बीजों (seeds) से प्राप्त रेशे (fibers) आते हैं।

पादप रेशों का वर्गीकरण (Classification of fibers)

पादप रेशों (plant fibers) को उनकी उपयोगिता के आधार पर निम्न प्रकारों में विभाजित कर सकते हैं।

1. वस्त्रीय रेशे (Textile fibers). 2. ब्रुश रेशे (Brush fibers)

3. प्लेटिंग एवं खुरदरी (स्थूल) बुनाई वाले रेशे (Plating and rough weaving fibers).

4. कागज निर्माण करने वाले रेशे (Paper making fibers).

5. भराई करने वाले रेशे (Filling fibers).

वस्त्रीय रेशे (Textile Fibers)

वस्त्रीय रेशे (Textile fibers) सर्वाधिक मुख्य (most important) प्रकार के रेशे (fibers) हैं। ये रेशे कपड़ा (fabrics), जाल (Neting) व सुतली (cordage) के निर्माण में सहायक होते हैं। वस्त्रों (clothes) के निर्माण के लिये रेशों को पहले ऐंठ (twisted) कर फिर इसकी बुनाई (woven) की जाती है जब कि रस्सी (cordage) के निर्माण में सामान्य रूप से रेशों (fibers) को एक दूसरे के साथ केवल ऐंठाया (twisted) जाता है।

वस्त्रीय रेशे (textile fibers), प्रायः लम्बे (long), अच्छे (fine) एक-समान (uniform) टिकाऊ अथवा स्थायी (durable), व आनम्यता (pleability) सलांगता (cohesiveness) गुणोयुक्त उच्च तनाव क्षमता (high tensile strength) वाले होते हैं।

वस्त्रीय रेशों (textile fibers) को आसानी के लिये (for convenience) निम्न तीन शीर्षकों (heads) के अन्तर्गत वर्णन किया जाता है—

रेशेदार पौंधे

1. पृष्ठ रेशे (surface fibers)	जैसे कपास (cotton)
2. मृदु रेशे (soft fibers)	जैसे जूट, सनहेम्प
3. दृढ़ रेशे (hard fibers)	जैसे कोयर (coir)

रेशे (Surface Fibers)

पृष्ठ रेशों अथवा छोटे रेशों (surface of short fibers) के अन्तर्गत मुख्य से कपास (cotton) आती है। रेशे प्राय: अच्छे (fine) बहुत छोटे (very) होते हैं तथा प्राय: बीज (seed) की बाह्य सतह (outer surface) से होते हैं। इसी कारण इन रेशों को पृष्ठ रेशे (surface fibers) कहते हैं।

(Cotton)

रूई अथवा कपास (cotton) विश्व (world) का सबसे अधिक प्रमुख important) रेशे (fibers) हैं यह मालवेसी कुल (family malvaceae) (genera) **गासीपियम (Gossypium)** की अनेक जातियों (species) में (seed) बाह्य सतह (outer surface) पर पाये जाने वाले रोमों (hairs) प्राप्त होता है। कपास (cotton) विश्व की सबसे औद्योगिक (industrial) (crop) है। वास्तव में कपास (cotton) वस्त्र उद्योग (cotton industry) आधार (base) है। भारत का वस्त्र उद्योग विश्व में अपने प्रकार का सबसे उद्योग है। कपास (cotton) से कपड़ा बुनने वाले (to weave cloth) सर्व- हिन्दू ही थे।

गासीपियम (gossypium) की खेती औद्योगिक फसल (industrial crop) में इसके बीच रोमों (seed hairs or lint) के लिये की जाती है। इसके के कोमल रोम (delicate seed hairs) एककोशीय (unicellular) होता तथा ये संख्या में प्रति बीज पर 1000 से 6000 तक होते हैं। ये रोम अथवा (seed hairs or fibers) प्राय: कम लम्बे, चौड़े (wide) व तंग गुहा (narrow men) वाले होते हैं। लगभग एक पौंड (pound) रुई अथवा कपास (cotton) लगभग 90 लाख (90 million) बीज रोम (seed hairs) होते हैं। बीज ed) के परिपक्व (mature) होने पर, बीज रोम (seed hairs) शुष्क (dry) कर एक दूसरे के साथ ऐंठ (twist) कर कपास (रूई) रेशे (fibers) मुख्यत: लोज (cellulose) के होते हैं। इन बीज रोमों (seed hairs) में ऐंठन isting) के कारण सलांगता (cohesiveness) स्थायीपन (durability) शक्ति rength), आतम्यता (pliability) के गुण आ जाते हैं। यह कपास (cotton) (weaving) होने के पश्चात् और अधिक शक्तिशाली हो जाती है तथा को वस्त्र प्रदान करती है।

व्यापारिक रूप से (commerce) लगभग 30 लाख गाठें कपास (30 illions bales of cotton) प्रतिवर्ष उत्पन्न होती हैं तथा एक गाँठ (bale) में 500 पौंड रूई होती है। भारत में 1964–65 में लगभग 5408000 गाठें ales) रूई उत्पन्न हुई लगभग ‘1 06 लाख रुपये कपास वस्त्र (cotton fabrics) देशों को (exported) भेजा गया।

कपास के रेशे (cotton fibers) प्रदान करने वाली **गासीपियम** (Gossy- um) मुख्य जातियाँ निम्न हैं—

1. **गासीपियम आरबोरियम (Gossipium arboreum)**
2. **गा० बारबेडेन्स (G. barbandence)**
3. **गा० हर्बेसियम (G. harbaceum)**
4. **गा० हिरसुटम (G. hirsutum)**
5. **गा० इंडकिम (G. indicum)**
6. **गा० नैगलकटम (G. neglectum)**
7. **गा० परयूवनिम (G. peruvianum)**

कपास (रूई) (cotton) का सर्वाधिक उद्देश्य उत्पादन यूनाइटिड स्टेटस (United States) में होता है। भारत व पाकिस्तान में कपास का उत्पादन द्वितीय स्थान पर है। भारत में कपास का उत्पादन मुख्य रूप से बम्बई, आन्ध्र प्रदेश, मद्रास, मध्य प्रदेश, मैसूर, पंजाब, राजस्थान तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होता है। इसके अतिरिक्त चीन, रूस, ब्राजील, जापान, वर्मा, ईरान आदि में भी कुछ मात्रा में कपास का उत्पादन होता है।

कपास का पौधा (cotton plant) एकवर्षीय (annual) पौधा है। यह



Fig. 2—Fruit of Gossipium showing cotton fibers.

कभी-कभी उचित अवस्थायें मिलने पर बहुवर्षीय भी हो जाता है। इस पौधे का स्तम्भ सीधा (erect), पत्ती पाणीआकार (plamatified) पुष्पक्रम पीले रंग के तथा फल केप्सूल (capsule) होते हैं। ये पौधे प्राय: 75°F तापक्रम 30" से 40" वर्षा वाले स्थानों में उचित प्रकार से उत्पन्न होते हैं। ये पौधे प्राय: वर्षा ऋतु के प्रारम्भ में बोये जाते हैं तथा इनमें शरद-ऋतु प्रारम्भ होते ही पीले रंग के पुष्प आते हैं जो शीघ्र ही निषेचन क्रिया (fertilization) के फलस्वरूप केप्सूलर (capsular) फलों में परिवर्तित हो जाते हैं।

कपास के पौधे के फलों के अन्दर बीज स्थिर रहते हैं। इन बीजों की बाह्य सतह (outer surface) पर एपीडर्मिस (epidermis) में एक कोशीय (unicellular) रोम (hair) निकलते हैं जो छोटे, सफेद रंग के तथा मुख्यत: सेल्यूलोज (cellulose) के बने होते हैं। कपास के फलों से इन बीजों को रोमों सहित (seeds with hairs) एकत्रित कर लिया जाता है तथा बाद में मशीनों द्वारा बीजों से रोम (hairs) पृथक कर लेते हैं जिसे सामान्य रूप से रूई (cotton) कहते हैं।



Fig. 3—Structure and growth of cotton fiber.

(a) Outer layer and cells of young cotton seed showing enlargement of same cells.
(b) Development of fibers (surface).
(c) Mature cotton fibers.
(d) T. S. of cotton fibers.

रासायनिक दृष्टिकोण (chemically) से **गासीपियम** (gossyipium) की विभिन्न जातियों (species) से प्राप्त रूई (cotton) में विभिन्न पदार्थ विभिन्न अनुपात में पाये जाते हैं। सामान्य रूप से कपास अथवा रूई के रेशे (fibers) में प्राय: 90% सेल्यूलोज, 1·3% प्रोटीन, 0·9% पैक्टिक पदार्थ 1·2 से 0·6% पानी तथा बहुत कम मात्रा (traces) में रंग द्रव्य (pigments) पाये जाते हैं।

कपास [रूई (cotton)] विभिन्न प्रक्रमों (process) से गुजर कर वस्त्र निर्माण करती है। इसके अतिरिक्त रूई तकियों (pillows) गद्दों (cushions) आदि में भरने (filling) के काम में आती है। रूई रबर से मिलकर टायर निर्माण में अति सहायक है। रूई (कपास) का सर्वाधिक उपयोग वस्त्र उद्योग में (cotton industry) है। रूई (कपास) स्वयं ही अथवा किसी अन्य पदार्थ के साथ मिलकर वस्त्र निर्माण करती है। रूई (कपास) को कास्टिक सोडा के साथ क्रिया कराकर मरसेराइजड वस्त्र (mercerized clothes) बनाये जाते हैं जिनमें अधिक चमक होती है तथा देखने में सिल्क के समान लगते हैं।

कपास उद्योग (Cotton Industry)

व्यापारिक दृष्णिकोण से कपास (cotton) एक सर्वाधिक मुख्य पदार्थ (most important article) है खेत से प्राप्त (cotton) को वस्त्र उद्योग (textile industry) के काम आने वाले कपास के रेशे (cotton fibers) में परिवर्तित करने हेतु पहिले कई परिवर्तन (operation) किये जाते हैं। संक्षेप में खेत से प्राप्त कपास को दानेदार (sawtook or roller gin) मशीन द्वारा ओटा (ginning) जाता है। इस क्रिया के फलस्वरूप कपास के बीज व रेशे (seeds and fibers) पृथक्-पृथक् हो जाते हैं। इस क्रिया के पश्चात् रूई (cotton) की गाँठें (bales) बाँध उन्हें मिल्स को भेज दिया जाता है। मिल (mill) में सर्वप्रथम रुई (cotton) की धुनाई होती है जिससे रुई के अतिरिक्त अन्य पदार्थ निकल जाते हैं तथा रुई का एकसा स्तर (uniform layer of cotton) बन जाता है। इसके पश्चात् कॉडिंग (carding), कोम्बिग (combing) व ड्राइंग (drawing) द्वारा ये छोटे रेशे (short fibers) ऐंठाकर (twist) धागे (thread) में परिवर्तित हो जाते हैं। ये धागे (thread) मशीनों द्वारा बुनाई देने पर वस्त्र निर्माण करते हैं।

मृदु रेशे (Soft Fibers)

मृदु रेशे (soft fibers) को बास्ट फाइबर (bast fibers) भी कहते हैं। ये रेशे प्राय: द्विबीजपत्रि (dicotyledons) पौधों के स्तम्भों (stems) के पेरीसाइकिल (pericycle) अथवा द्वितीयक फ्लोयम (secondary pholem) से प्राप्त किये जाते हैं। ये रेशे प्राय: उच्च कोटि (best grade) के वस्त्र (fabrics) व रस्सियाँ (cordages) निर्माण में प्रयोग होते हैं। मृदु रेशे (soft fibers) प्रदान करने वाले कुछ मुख्य पौधे निम्न प्रकार हैं—

1. फ्लेक्स अथवा सन (Flax Vern. Alsi अलसी)

यद्यपि फ्लेक्स (flax) अपनी quality व fineness में कपास (cotton) से अच्छा (superior) है फिर भी इसकी उपयोगिता (value) कपास के बाद द्वितीय स्थान पर है। फ्लेक्स (flax) लाइनेसी कुल (family !inaceae) के पौधे **लाइनम यूसीटेटीसीमम (Linum usitatissimum)** के स्तम्भ (stem) की पेरी-

(pericycle) से प्राप्त होता है। ये पौधे मुख्य रूप से यूरोप (Europe) (cultivated) जाते हैं। ये पौधे होलैंड (Holland), फ्रांस (France) (Belegium) तथा भारत (India) में भी उगाये (cultivated) भारत में इसकी खेती बहुत कम की जाती है तथा इसकी quality भी नहीं होती है। भारत में ये पौधे मुख्य रूप से लीनसीड तेल (linseed oil) उगाये जाते हैं। आधुनिक काल में इसका उपयोग कागज निर्माण में भी गया है।

लाइनम (linum) का पौधा एकवर्षीय शाकीय (annual herb) होता है कार्बनिक पदार्थों (organic matter) युक्त नम भूमि (moist soil) में उगता है। कपास की फसल (cotton crop) की अपेक्षाकृत अलसी (linum crop) में मेहनत अधिक (more labourious) होती है। लाइनम के पौधे पर प्रायः सफेद अथवा नीले रंग के पुष्प खिलते हैं। पौधा i फीट तक लम्बा, तथा पत्तियों वाला होता है।

लाइनम (linum) के पौधे परिपक्व पौधे का स्तम्भ व अन्य शाखायें and branches) को कुछ दिनों पानी के तालाबों में डुबा दिया है तथा कुछ दिनों पश्चात् जब तना व सड़ने लगती हैं तब तना व शाखाओं पीट-पीटकर रेशों (fibers) को पृथक्-(separate) कर लेते हैं। रेशों के इस पृथक् करने की विधि को रेटिंग ting) कहते हैं। वास्तव में रेटिंग (re-) विधि में एक विकर (enzyme) मध्य (middle lamella) के केलशियम (calcium pectate) को घुलित solved) कर रेशों (fibers) को स्वतन्त्र देते हैं। लाइनम (linum) पौधे के ये रेशे rs) मध्य परिचक्रक प्रदेश (pericyclic on) से प्राप्त होते हैं। इन रेशों (fibers) लम्बाई एक फीट से तीन फीट तक होती ये रेशे नुकीले (pointed) सिरों (end) तथा मोटी सैल्युलोज भित्ति (thick lose wall) वाले होते हैं।



A PART OF FLAX PLANT

Fig. 4—Linum plant

लाइनम (Linum) के ये रेशे लम्बे, (strong), लचीले (tensile) स्थायी able) एवं फाइन (fine) होते हैं। ये रेशे (linen), वस्त्र फर्श (carpet), कालीन, मछली का जल (fish lines) आदि उच्च की वस्तुओं के निर्माण में प्रयोग होते हैं। ये रेशे उच्च कोटि के कागज र) व इन्सुलेटिड पदार्थ (insulated material) में भी प्रयोग होते हैं।

2. पटसन (Hemp) अथवा भाँग (Bhang)

पटसन के रेशे (hemp fibre) कुल केनागी³सी (family cannabinaceae) के वंश (genera) **केनेबिस स्टाइवा** (canabis stavia) से प्राप्त होते हैं। ये पौधे केन्द्रीय एवं पश्चिमी एशिया (Central Western Asia) के मूल निवासी (native) हैं तथा यूरोप (Europe), रूस (Russia), इटली, संयुक्त राष्ट्र (United States) में सामान्य रूप से पाये जाते हैं। भारत व पाकिस्तान में ये पौधे व्यर्थ भूमि (waste land) पर जंगली (wild) रूप में उत्पन्न होते हैं।

केनेबिस स्टाइवा (cannabis sativa) के पौधे एकवर्षीय झाड़ी (annual shrubs) होते हैं। इनकी ऊँचाई लगभग 9″ से 12″ तक होती है तथा इनका स्तम्भ गहराई युक्त (growed) होता है, जिस पर एकान्तर क्रम (alternately) हस्ताक्षर (palmately) विभाजित पत्तियाँ लगी रहती हैं। परिपक्व पौधों के स्तम्भों व शाखाओं (stem and branches) से रेटिंग (retting) विधि द्वारा रेशे (fibers) पृथक कर लिये जाते हैं। पटसन के रेशे (hemp fiibers) मध्य परिचक्र प्रदेश (pericycle region) से प्राप्त होते हैं।



Fig. 5—Plant of cannabis sativa

पटसन के रेशे (hemp fibers) लगभग 3 से 5 फीट तक लम्बे होते हैं तथा इनका प्रयोग रस्सी निर्माण (ropes manufacture) सेल क्लोथ (sail cloth) याकीट कार्टेज (yachet chordage) फर्श, कालीन, बोरे (bags), कृत्रिम लिनन वस्त्र (artificial linen cloth) आदि में होता है।

✓3. जूट (Jute)

जूट (jute) एक बास्ट रेशा (bast fibers) है। यह **टिलयेसी** (Tiliaceae) कुल (family) के **कोरकस केप्सूलेरिस** (Corchorus capsularis) व **कोरकस ओलिटोरियम** (Corchorus olitorious) नामक पौधों के स्तम्भों के द्वितीयक फ्लोयम (secondary phloem) से प्राप्त होता है।

जूट के पौधे शायद मलाया अथवा लोन (Malaya or Ceylon) के मूल वासी (native) हैं। परन्तु अब लगभग र्ण रूप से भारतीय फसल (Indian op) रूप है। हमारे देश (India) में ट की फसल प्रमुख रूप से बंगाल, कल-ता में की जाती है।

जूट के पौधे एकवर्षीय शाक nnual herbs) होते हैं, ये पौधे प्राय: म्बे (8 से 10 फीट तक ऊँचाई वाले), ले तथा पीले पुष्पों वाले होते हैं। इन धों में पत्तियाँ एकान्तर (alternate) था केप्सूलर फल (capsular fruits) ते हैं। जूट की खेती प्राय: वर्षा में की ती है।

इन पौधों से रेशे (fiber) निकालने े लिये पौधों के स्तम्भों व शाखाओं को के पानी में डुबाकर सड़ा लेते हैं। इस मय में जीवाणुओं (bacteria) की क्रिया रा तथा कोमल भागों के सड़ने से रेशे fibers) ढीले (loose) हो जाते हैं।


FLOWER
LEAF
A FLOWER
STEM

A BRANCH OF CORCHORUS OLITORIUS

A


END OF THE FIBRE
LUMEN
CONSTRICTION IN LUMEN

L. S. OF JUTE FIBRES

B

Fig. 6 A—Twing of Corchorus olitorius
B—Jute fibers in L. S.

इसके पश्चात् इन तनों को पीट-पीटकर रेशों को Retting क्रिया द्वारा पृथक्-पृथक् कर लेते हैं।

जूट के ये रेशे (fibers) लगभग 6 से 10 फीट तक लम्बे, हल्के पीले रंग के फिलिन युक्त दृढ़ोत्तक कोशाओं के बने (made up from liquified sclerenchymatous cells), रेशम के समान चमकीले एवं मजबूत (strong) होते हैं।

जूट के ये रेशे (fibers) बोरे (bags), फर्श, कालीन, रस्से (cordages), घटिया प्रकार के कपड़े (coarse cloth) बान, दरियाँ, पर्दे आदि बनाने में प्रयोग किये जाते हैं। इनका प्रयोग कागज निर्माण में होता है।

4. सनई (Sunn hemp)

सनई (sunn hemp) या वास्ट रेशा (bast fiber) है जो leguminaceae family के **क्रोटोलेरिया जूनसिया (Crotalaria juncea)** नामक पौधे के मध्य परिचक्रक प्रदेश (pericyclic region) से प्राप्त किया जाता है। ये रेशे साधारण सन (sunn) की भाँति ही प्राप्त किये जाते हैं। दक्षिणी भारत (South India) व मद्रास (Madras) में इनकी खेती प्रमुख रूप से होती है।

ये रेशे (fibers) रस्से निर्माण (cordages), जाल (nets), कनवास (canvas), मोटे कपड़े (coarse cloth) आदि में प्रयोग होते हैं।



Fig. 7—Sunn hemp plant

दृढ़ रेशे (Hard Fibers)

दृढ़ (hard) अथवा रचनात्मक (structural) रेशे (fibers) प्राय: एकबीजपत्रीय (monocotyledonous) पत्तियों (leaves) से प्राप्त होते हैं। ये रेशे स्तम्भ एक फलों से भी प्राप्त हैं। इनका प्रयोग प्राय: घटिया प्रकार के वस्त्र (coarse textiles) में मुख्य रूप से होता है। कुछ प्रमुख दृढ़ रेशे (hard fibers) निम्न हैं :—

1. मनीला सन (Manilla Hemp or Abaca)

मनीला सन (manila hemp) विश्व का (world's) सर्वाधिक प्रमुख (premier) रस्से निर्माण (cordagematerial) करने वाले पदार्थ हैं। यह म्युजेसी (musaceae) कुल (family) के पौधे (मूसा टैक्सटाइलस (Musa textiles) में

होता है। रेशे (fibers) प्राय: पत्रवृन्त (leaf stalk) के ऊपरी भाग से प्राप्त है। यह पौधा केले के पौधे (banana plant) के समान होता है परन्तु इसके हाये नहीं जाते हैं। ये पौधे प्राय: भारत, फिलीपाइन, सुमात्रा व बर्मा rma) में उत्पन्न होते हैं।

रेशे पृथक् करने के लिये (for separation of fibers) पत्तियों में प्राय: क्व वृन्त (mature leaf stalks) नीचे से काट कर उन्हें लम्बाई में खोल है (split open lengthwise)। इसके पश्चात् रेशों (fibers) के मध्य में (pulp) पृथक् कर लिया जाता है। इसका प्रत्येक रेशा प्राय: 6 से 12 फीट लम्बा लचकदार (elastic), मजबूत (strong), स्थाई (durable) तथा पानी रोधक (water resistant) होता है।

ये रेशे (fibers) तथा उच्च कोटि के रस्से (high grade cordage) कर समुद्री केविल्स (marine cables) मोटे कागज (thick wrapping pers), निवाड़ आदि के निर्माण में प्रयोग किये जाते हैं।



Fig. 8—Coir fibers and rope made from it.

कोयर (Coir)

कोयर रेशे (coir fibers), पामी कुल (family palmae) ने पौधे कोकस फेरा (cocos nucifera) [नारियल (coconut)] के फल की मीजोकार्प esocarp) से प्राप्त होते हैं।

नारियल के पौधे (coconut tree) प्राय: लम्बे (tall) अशाखित (unhed) वृक्ष (trees) जिसमें स्तम्भ (stem) है के अग्र (apex) पर ताज

(crown) के रूप में पामेट पत्तियाँ (palmate leaves) पाई जाती हैं। इनकी पत्तियाँ लम्बी, व लम्बे लैन्सीयोलेट पर्णकों (lanceolate leaflets) वाली होती हैं। नारियल के पौधे भारत (India) सिलोन (Ceylon) में समुद्री तटों (sea coast) पर बहुतायत में पाये जाते हैं।


A FRUITING BRANCH OF COCONUT
DRUPE
MESOCARP
ENDOCARP
EYES
TESTA
SOLID ENDOSPERM
LIQUID ENDOSPERM
T. S. OF DRUPE

Fig. 9—Fibrous drupe of coconut.

कोयर रेशे (coir fibers) की प्राप्ति के लिए, पौधे के कच्चे फलों (unripe fruits) को समुद्री पानी (marine water) में डूबा दिया (dipped) जाता है तथा कुछ दिनों पश्चात् इनको पीट-पीट कर रेशे (fibers) को पृथक् करके धोकर सूर्य की धूप में शुष्क (dry) कर लेते हैं।

ये कोयर रेशे (coir fibers), छोटे (short), मोटे (coarse) एवं खुरदरे (rough) होते हैं। ये रेशे लचीले (elastic), पानी प्रतिरोधक (water resistant), हल्के (light) व अनियमित लिग्नीफाइड भित्ति (irregular lignified wall) वाले होते हैं। इन रेशों का रंग कुछ हल्का भूरा (brown) होता है।

ये कोयर रेशे (coir fibers) प्रायः रस्सी निर्माण (rope preparation), दरवाजों की चटाइयों (door mate), फर्श कवरों (floor coverings), बोरी (bags), ब्रुश (brushes) आदि के निर्माण में प्रयोग किये जाते हैं। इन रेशों का स्टर्फिग (stuffing) पदार्थ के रूप में चारपाई त्रिछावन (upholstery) एवं जीन (saddles) में भी होता है।

गेव फाइबरस (Agave fibers)

ये रेशे एगेवेसी कुल (family agavaceae) के पौधे एगेव फोर्क्रायीडाइस fourcroydes, A. funkoona, A. leeheguilla) आदि से प्राप्त होते रेशे (agave fiber) वहुत अधिक उपयोगी हैं तथा इन्हें कभी-कभी पिथा



Fig. 10—Coconut tree and its uses.

tha) भी कहते हैं। ये रेशे प्राय: रस्सी सुतली, समुद्री रस्से आदि बनाने में किये जाते हैं।

एगेव (agave) के पौधे शुष्कोद्भिद् (xerophytic) अवस्थाओं में उगने पौधे हैं इनमें स्तम्भ वहुत कम विकसित होता है तथा इनकी पत्तियां कांटेदार मांसल (fleshy) होती हैं।

(2) ब्रुश रेशे (Brush Fibers)

ब्रुश निर्माण करने वाले रेशे (brush making fibers) प्राय: मजबूत ong), स्टिफ (stiff), लचीले (elastic) एवं मुलायम (flexible) होते हैं। प्रकार के रेशे प्राय: वृन्त (leaf stalks) अथवा छोटी शाखाओ (small) अथवा पतले स्तम्भों (fine stems) अथवा पौधों की जड़ों से प्राप्त होते कुछ मुख्य ब्रुश रेशे (brush fibers) निम्न हैं—

(1) बेहिया पिसाबा (Bahia Piassaba) :

ये रेशे (fibers) पामी कुल (family palmae) के पौधे अटेलिया फ्युनीफेरा (Attalea funifera) की पत्तियों से प्राप्त किये जाते हैं।



Fig. 11—Agave plant.

ये रेशे भूरे रंग (brown coloured) के मजबूत (strong) व टिकाऊ (durable) होते हैं तथा इनका प्रयोग स्ट्रीट ब्रुश (street brush) व झाड़ू के निर्माण में किया जाता है।

(2) ब्रूम कौर्न (Broom corn) :

यह ग्रेमिनी (family gramineae) कुल के सदस्य सोरगम वल्गेयर वेराइटी टेक्नीकम (Sorghum vulgare technicum) का पुष्पक्रम (inflorescence) है जो एक ब्रुश के समान रचना होती है तथा इसका उपयोग कारपेट ब्रुश (carpet brush) के रूप में किया जाता है।

(3) पाल्मायरा रेशे (Palmyara fibers) :

ये रेशे पामी कुल (family palmae) के पौधे बोरासस फ्लेबेलिफर

Borassus flabellifer) से प्राप्त किये जाते हैं। इस पौधे के पत्र वृन्ती (leaf stalks) से ये रेशे प्राप्त होते हैं। ये रेशे ढीले (loose) तार समान (wiry), मजबूत (strong) व टिकाऊ (durable) होते हैं। इनका उपयोग मुख्य रूप से मशीन ब्रुशों (machine brushes) बनाने में होता है। इनके अतिरिक्त ये रेशे रस्सी, सुतली, कागज निर्माण में भी सहायक हैं। ये पौधे बंगाल, बिहार, मालाबार, गोवा व बम्बई में पाये जाते हैं।

(4) काइटुल अथवा सलोपा रेशे (Kittul or salopa fibers) :

ये रेशे कुल पामी (family palmae) के सिलोन (Ceylon) व ईस्ट इंडीज (East Indies) में पाये जाने वाले पौधे हैं। **केरीयोटा यूरेन्स (caryota urens)** से प्राप्त किये जाते हैं। ये रेशे प्राय: पौधे के पत्ती आवरण (leaf sheath) से प्राप्त किये जाते हैं। ये ऐसे फाइन (fine), मुलायम (soft), आनम्य (pliable) मजबूत (strong) एवं टिकाऊ (durable) होते हैं। इनका उपयोग मुख्य रूप से रस्सा (rope), मछली जाल (fishing nets), तीर धागा (bow string) व ब्रुश निर्माण में होता है।

3 प्लेटिंग एवं बुनाई वाले रेशे
(Plainting and rough weaving fibers)

कुछ पौधे के पदार्थ का उपयोग व्यापारिक महत्व की वस्तुओं के लिए प्लेटेड (plaited) अथवा मोटी बुनाई (coarse weaving) करके किया जाता है। इनके लिए स्तम्भ (stems), बीज (seeds), घास (grasses), बाँस (bamboos), पत्तियाँ, जड़ें आदि का प्रयोग किया जाता है। ये पदार्थ पूर्ण रूप से (entire) अथवा चीर (split) कर प्रयोग किये जाते हैं तथा इन पदार्थों को एक दूसरे के साथ बहुत ही साधारण रूप से बनकर (woven) अथवा ऐंठाकार (twist) बहुत सी उपयोगी वस्तुयें जैसे टोप (hats), चटाई (mats), पर्दे (screens), कुर्सियां (chairs); टोकरी (baskets) आदि के निर्माण में प्रयोग होते हैं। इस प्रकार के कुछ प्रमुख पौधे व उनके रेशे निम्न हैं—

(1) मूंज (Munj) :

यह ग्रेमीनी कुल (family gramineae) के सदस्य **सेक्रम मूंजा (Saccharum munja)** से प्राप्त होती है। ये उत्तरी भारत (Northern India) में पाये जाने वाले उपयोगी पौधे हैं। इन पौधों को भूमि बाँधने (sand binders) के रूप में लगाया जाता है। इन पौधों की पत्तियाँ व स्तम्भ विभिन्न रूप से प्रयोग किये जाते हैं। इनका स्तम्भ जिसे सेन्टा (senta) कहते हैं—कुर्सी, स्टूल, टोकरी तथा छप्पर निर्माण में सहायक है। इनकी पत्तियों को एक दूसरे के साथ ऐंठाकर (twist) चटाई बनाई जाती है। इसकी पत्तियों को पीटने से प्राप्त होने वाले रेशे से बान बनाये जाते हैं जो चारपाई की बुनाई के लिये उपयोगी है।

(2) रतन बेंत (Ratan cane or Rotating) :

यह पामी कुल (family palmae) के सदस्य **केलेमस (Calamus)** की विभिन्न जातियों (species) से प्राप्त होता है। ये आरोही पौधे (climbers) होते हैं जो आसाम, बंगाल व दक्षिणी भारत में पाये जाते हैं। इन पौधों के स्तम्भों

(stem) से प्राप्त रोटंग बेंत (rotang cane) व्यापारिक रूप से कीमती (valuable) होते हैं। ये मजबूत (strong) मुलायम (delicate), लचीली (tensile) तथा लम्बी होती हैं। इनका उपयोग पूरी (entire) तथा चीर कर (spliting) टोकरी, छड़ें (sticks), छाते (umbrella) के वृन्त (handles) आदि बनाने में होता है।

(3) स्क्रू पाइन (Screw pine) :

ये पामी कुल (family palmae) के पौधे **पैण्डेनस टेक्टोरियम** (**Pandanus tectorium**) की पत्तियाँ हैं। इनका उपयोग चटाई, चीनी के थैले (sugar bags) टोप (hats) के निर्माण में होता है। इनको छतों के लिये छप्परों (thatching of roofs) में भी प्रयोग करते हैं।

4. कागज निर्माण करने वाले रेशे (Paper making Fibers)

कुछ पादप रेशे (plant fibers) कागज निर्माण (paper manufacture) में भी प्रयोग किये जाते हैं। इन रेशों में सेल्यूलोज (cellulose) उपस्थित रहता है तथा ये रेशे प्रायः गन्ना (**sugar cane**), **यूलालियोप्सिस बाइनेटा** (eulaliopsis binata), **इम्प्रोरेटा सिलेन्ड्रिका** (impreata cylindrica) **स्टाइपा** (stipa) **साइप्रस** (cyprus), **पैपाइरस** (papyrus), **लाइजीयम** (lygeum) आदि से प्राप्त होते हैं।

5. प्राकृतिक रेशे (Natural Fibers)

कुछ पौधों की छाल (bark) उसमें स्थित रेशों (fibers) सहित स्तर (layer) रूप से प्राप्त करके रफ कपड़ों (rough clothes) के स्थान पर प्रयोग की जाती है। आधुनिक युग में इनका प्रयोग सामान्य रूप से नहीं होता है।

टापा (Tapa) वस्त्र एक उत्तम प्रकार का प्राकृतिक रेशा (fiber) है जो मोरेसी कुल (family moraceae) के सदस्य **ब्राउसोनिटिया पेपीरीफेरा** (broussonetia papyrfera) की छाल (bark) से प्राप्त होता है। यह पहले पोलीनेसिया (polynesia) के निवासियों (natives) द्वारा कपड़े के रूप में प्रयोग किया जाता है।

6. भराई वाले रेशे (Filling Fibers)

इन रेशों का प्रयोग प्रायः बिछावन (गद्दों) [cushions], तकियों (pillows) व सोफा भरने में होता है। इन रेशों का प्रयोग टूटने वाले (breakable) व कोमल (delicate) के पदार्थों के स्थानान्तरण (transportation) में भी होता है। ये फीलिंग रेशे (filling fiber) वास्तव में वे पृष्ठ रेशे (surface fibers) होते हैं जिनका वस्त्र उद्योग (textile industry) में विशेष उपयोग नहीं होता है। कुछ मुख्य फिलिंग फाइबर (filling fibers) निम्न हैं—

1. कपोक (Kapok)

ये रेशे बोम्बेसी कुल (Bombaceae family) के सदस्य **सिबिया पेंटान्ड्रा** (**cebia pentendra**) के फलों व फलियों (fruits pods) से प्राप्त किये जाते हैं। ये पौधे बड़े आशुपति (large decidous) होते हैं तथा इन्हें अमरीका (tropical America) का मूल निवासी (native) कहा जाता है। ये पौधे अण्डमान (Andaons), मलाया, अफ्रीका, पश्चिम घाट (Western Ghat) तथा दक्षिणी भारत पाये जाते हैं।

ये रेशे प्राय: फलियों (pods) को खोलकर (split) सेन्ट्रीफ्यूगल मशीन entrifugal machine) द्वारा बीजों के रेशे पृथक कर प्राप्त किये जाते हैं। के सिल्की फ्लोम (silky floss) सफेद चमकदार, लचीले तथा पानी प्रतिरोधक ते हैं। ये रेशे छोटे सफेद अथवा हल्के भूरे रंग के होते हैं तथा इनका प्रयोग रूप से गद्दों, सोफों में भराई के लिए होता है। ये रेशे पृथक्कीकरण पदार्थ sulating material) के रूप में ऊष्मा (heat) व ध्वनि (sound) के लिये रीरेजीरेटर (rifrigerators) आदि में प्रयोग होते हैं। इन रेशों का प्रयोग रेशों के साथ मिलाकर कारपेटस (carpets), फेल्ट टोप (felt hats) आदि के र्माण में भी होता है। कपोक (kapok) का प्रयोग मुख्य रूप से पश्चिमी देशों में ता है।

मदार (Madar or Oak)

ये रेशे एस्कलीपेडेसी (Asclepediaceae) कुल के सदस्य **केलोट्रोपिस प्रोसीरा** (*alotropis procera*) व **केलोट्रोपिस गाइजैन्टा** (*calotropis gigantea*) से प्राप्त



Fig. 12—Calotropis plant twig.

होते हैं। ये पौधे जंगली रूप (wild form) भारत व पाकिस्तान की व्यर्थ भूमि (waste land) पर शुष्कोद्भिद् (xerophytic) अवस्था में पाये जाते हैं। इनके बीजों से रेशे प्राप्त होते हैं जिनका प्रयोग भराई (stuffing) में किया जाता है।

3. सेमल (Semal)

ये रेशे बोम्बेकेसी (Bombacaceae) कुल (family) के सदस्य सेलमेलिया **मालाबेकम (salmalia malabaricum)** की फलियों (dods) से फ्लोस (floss) के रूप में प्राप्त होते हैं। ये रेशे हल्के (light), लचीले (elastic) तथा पानी प्रतिरोधक (impermeable to water) होते हैं। ये रेशे भराव (stuffing) में अत्यधिक उपयोगी हैं। इनका उपयोग सर्जिकल ड्रेसिंग (surgical dressing), पृथक्करण पदार्थ (insulating material) व पेकिंग पदार्थ (packing material) में भी होता है। ये पौधे भारतवर्ष में प्राय: सर्वत्र पाये जाते हैं।

प्रश्न 7—रुई (cotton) के स्रोत (source) पर टिप्पणी कीजिये।

भाग की *(Rohelkhand 88)*

प्रश्न 8—कपास के रेशे का आर्थिक महत्व तथा उक्त लाभ में आने वाले भाग की आकारिकी स्पष्ट कीजिये। Refer Q. 6 *(Indore 84)*

प्रश्न 8—उत्तर प्रदेश में तन्तु (fiber) देने वाले पौधों पर एक निबन्ध लिखिये। *(Lucknow 83)*

Refer Q. 6

प्रश्न 10—महाराष्ट्र में पाये जाने वाले रेशे उत्पादक वृक्षों के नाम लिखिये तथा इनकी उपयोगिता को समझाइये।

Give a list of four common fiber yielding plants of Maharashtra and state the uses of their fibers. *(Kolhapur 80)*

Refer Q. 6

प्रश्न 11—भारत के किन्हीं तीन मुख्य रेशों के गुण, साधन एवं उपयोगों का वर्णन करो।

Discuss the properties, sources and uses of three fibers of India. *(Agra 80)*

Refer Q. 6

प्रश्न 12—मुख्य रेशे प्रदान करने वाले पौधों के नाम लिखो तथा किसी एक का विस्तृत वर्णन करो।

Make list with botanical notes of the chief fiber yielding plants of India. Describe any one of them in detail. *(Allahabad 79)*

Refer Q. 6

प्रश्न 13—निम्न पदार्थ प्रदान करने वाले पौधों की आकारिकी का वर्णन करो।

Describe the morphology of plants which yield :

(a) Cotton—कपास *(Allahabad 84; Kanpur 77)*
(b) Jute—जूट *(Agra 77)*

Refer Q. 6

प्रश्न 14—Sunn hemp किस पौधे से प्राप्त होते हैं ? उसका वानस्पतिक म तथा कुल लिखिये । (*Rohelkhand 88*)

Refer Q. 6

प्रश्न 15—निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखो—

Write notes on—

1. Cotton—कपास (*Bundelkhand 85, Kanpur 79, 80, 83*)
2. Jute—जूट (*Rohelkhand 87, 88; Gorkhpur 84*)
3. Coir—कोयर (*Kanpur 78, 83*)
4. फ्लैक्स फाइबर (*Kanpur 81, 82*)
5. बास्ट फाइबर (*Agra 83*)
6. क्रोटालेरिया जन्सिया (*Rohelkhand 84*)
7. रेशे उत्पादक पौधे (*Agra 85*)

Refer Q. 6

प्रश्न 16—कपास किस पौधे में प्राप्त होती है, इसका वनस्पतिक नाम खिये । मनुष्य के लिये ये किस प्रकार उपयोगी है । (*Reeva 83*)

Refer Q. 6

वस्त्र उद्योग (Textile Industry or Cotton Industry)

प्रश्न 17—वस्त्रीय उद्योग का सचित्र वर्णन कीजिये ।

Give an illustrated account of textile industry.

रिचय (Introduction)

मनुष्य जीवन की तीन प्रमुख आवश्यकतायें भोजन, कपड़ा व मकान हैं । ग (textile industry) के लिये मनुष्य को पौधों पर कच्चे पदार्थों (raw terials) के लिये निर्भर रहना पड़ता है । वास्तव में पादप रेशे (plant fibers) न (wool), सिल्क तथा जन्तु रेशों (animal fibers) की अपेक्षाकृत अधिक योगी है । सभ्यता के विकसित होने से साथ-साथ पादप रेशों (plant fibers) की योगिता और अधिक बन गई है ।

आधुनिक युग में कपास (cotton) एक सर्वाधिक प्राचीन एवं भारत का ष्ट्रीय वस्त्र (national textile of India) हो गया है तथा यह लगभग सभी ष्ट्रों (nations) द्वारा प्रयोग किया जाता है ।

बहुत पुराने समय से कपास (cotton) की उपज बहुत अधिक होती रहती है तथा आधुनिक काल में शायद कपास का विश्व के व्यापार में प्रमुख स्थान है । न कपास की फसल का आर्थिक प्रभाव उत्पादक देश (producing country) प्रयोग करने वाले देश (consuming country) दोनों पर पड़ता है । आधु-

निक युग में पादप रेशों (plant fibers) का वस्त्र उद्योग में प्रमुख स्थान है तथा ये वस्त्र निर्माण करते हैं। वस्त्र निर्माण के पादप रेशों को ऐंठाकर (twisted) धागा (thread) बनाया जाता है तथा फिर उन्हें बुनकर (weavings) वस्त्र तैयार करते हैं।

आज के वस्त्र उद्योग (textile industry) का मुख्य पादप रेशा (plant fiber) कपास (cotton) है। कपास (cotton) मालवेसी कुल (family malvaceae) सदस्य गासपियम (gossypium) की अनेक ज़ातियों (species) के बीजों से प्राप्त होते हैं। कपास के ये रेशे पृष्ठीय (surface fibers) होते हैं। ये रेशे छोटे, सेल्युलोज के बने, एक से (uniform), लचीले व टिकाऊ (durable) होते हैं।

कपास (cotton) विश्व की सबसे प्रमुख औद्योगिक फसल (industrial सस्ती (cheapest) फसल है। यह विश्व में किसी लिखित रिकार्ड (written records) से काफी पूर्व की बात है। भारत में कपास का प्रयोग 1800 बी॰ सी॰ (B. C.) से पहले हुआ। हिन्दू कपास से कपड़ा बुनने वाले पहिले आदमी थे।

कपास का पौधा एकबहुवर्षीय क्षुप (perennial shrub) अथवा छोटा-सा वृक्ष होता है—कभी-कभी यह एकवर्षीय (annual) शाक (herb) होता है। यह लगभग 4 से 8 फीट तक लम्बा, शाखित पौधा है। यह भारत में वर्षा ऋतु में बोया जाता है तथा शरद ऋतु में इसके पुष्प आते हैं जो शीघ्र ही फल (capsule fruit) बनाते हैं तथा इन फलों में स्थित बीजों की सतह से रेशे निकल आते हैं। उन रेशों को बीजों सहित चुन (picking) लिया जाता है। बीजों से रेशे को मशीनों द्वारा पृथक् कर लेते हैं तथा इन रेशों को संयुक्त रूप से रूई (cotton) कहा जाता है।

कपास प्रदान करने वाले **गासिपियम** (Gossypium) की निम्न चार प्रमुख जातियाँ (species) हैं—

1. गासीपियम बारबेडन्स (Gossypium barbadense)

यह ऊष्ण दक्षिणी अमेरिका (Tropical South America) में पायी जाती है। इस कपास के पुष्प चमकीले पीले रंग के (bright yellow colour with purple spots) होते हैं :

दो विशिष्ट प्रकार की कपास निम्न हैं—

(A) समुद्री द्वीप कपास (Sea-Island Cotton)—यह कपास (cultivated cotton), फाइन (fine), मजबूत (strong), हल्के क्रीम रंग (light cream coloured) रेशों (fibers) वाली होती है। ये रेशे संख्या में नियमित (regular in number) तथा ऐंठन (twist) में एक से (uniform) होते हैं तथा देखने में सिल्क के समान प्रतीत होते हैं। इस कपास की माँग (demand) अच्छे किस्म के वस्त्रों (finest textiles), चिकने धागे (lace yarn) तथा मरसेराइजिंग (mercerizing) के लिये बहुत अधिक है।

(B) इजिपटियन कपास (Egyptian Cotton)—यह कपास मुख्य रूप से इजिप्ट के नील बेसिन (Nile basin of Egypt) में उगाई जाती है। इजिप्ट (Egypt) में इसका प्रवेश केन्द्रीय अमेरिका (Central America) से हुआ। इसका पौधा भी sea-island cotton के पौधे के लगभग देखने में समान होता है तथा

शायद hybrid origin का है । यह कपास अपने लम्बे, मजबूत व टिकाऊ रेशों के कारण धागों, अन्डरवीयर (under wear), टायर फेब्रिक्स (tire fabrics) व उच्च कोटि के वस्त्रों के निर्माण में काम आते हैं ।

2. गासीपियम हिरसुटम (Gossypium hirsutum)

इस कपास को सामान्य रूप में **अपलैन्ड कपास** (upland cotton) कहते हैं। यह उगने में आसान व सस्ती कपास है तथा विश्व के अधिकांश भागों में प्रयोग की जाती है । इसके पुष्प धब्बे रहित (unspotted) तथा सफेद या हल्के पीले रंग के होते हैं ।

3. गासीपियम आरबोरियम (Gossypium arboreum)

यह भारत, अरब व अफ्रीका में पाया जाने वाला बहुवर्षीय वृक्ष (perennial tree cotton) है ।

4. गासीपियम हरबेसियम (Gossypium herbaceum)

यह एशिया की मुख्य कपास है । यह भारत में बहुत प्राचीन काल से उगाई जाने वाली कपास है । इसका उपयोग निम्न कोटि के वस्त्र (low quality fabrics) कारपेटस (carpets), कम्बल (blankets) आदि में किया जाता है ।

कपास के रेशों की रचना (Structure of Cotton Fiber)

कपास के रेशे छोटे तथा सैल्यूलोज के बने होते हैं । इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (Electron Microscope) द्वारा अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि कपास का रेशा (cotton fiber) एक गोलाकार (spherical) अथवा बेलनाकार (cylindrical) रचना है । सैल्यूलोज (cellulose) का परमाणु (atom) काफी बड़ा दिखाई पड़ता है तथा ऐसा विश्वास है कि एक परमाणु (atom) में ग्लूकोज की 2000 इकाइयाँ (units) हैं ।


ARCH REPRESENT CRYSTALLINE PROPERTY OF CELLULOSE
UNCRYSTALIZED AREA (HAVING DIFFUSED SURFACE

Fig 13—X-ray diagram of cotton

कपास के रेशे **(cotton)** का एक्स-रे **(X-Ray)** द्वारा अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि यह एक गोलाकार रचना है जिसमें एक केन्द्रीय अक्ष तथा आर्क (arch) दिखाई देते हैं । ये आर्क (arch) सैल्यूलोज के रवेदार गुण (cystalline property of cellulose) को प्रदर्शित करते हैं । इसके साथ केन्द्र का बिना रवेदार (uncrystallized) क्षेत्र (area) होता है जिसकी सतह diffused होती है (fig. 9) ।

सिल्क (Silk) की X-ray रचना में केन्द्रीय अक्ष नहीं होती है, परन्तु इनमें रवेदार (crystalline) व बिना रवेदार (non-cystalline) क्षेत्र होते हैं ।

ऊन (wool) की X-ray रचना सिल्क की रचना के समान होती है इसमें α व β केरोटिन और पाये जाते हैं।

X-ray द्वारा अध्ययन के आधार पर वैज्ञानिकों ने यह बताया है कि कपड़ें में लचक, मुलायमपन इनके रेशे में उपस्थित अरवेदार क्षेत्र (uncrystallization) के कारण होती है।

रासायनिक दृष्टिकोण से कपास के रेशे 90 से में 95% सैल्यूलोज, 5 से 70% पैक्टिन होता है।

वस्त्र निर्माण (Manufacture of Cloth)

सभी प्रकार के कपड़ों का निर्माण रेशमी पदार्थों (fibrous matters) से होता है। रेशों (fiber) से कपड़ा निर्माण के मुख्य रूप से कताई (spinning) व बुनाई (weaving) दो क्रियायें होती हैं। कताई विधि (spinning process) में रेशों को एक दूसरे में ऐंठा (twist) कर धागे (thread) के रूप में परिवर्तित कर लिया जाता है। बुनाई विधि (weaving process) के रेशों से बने इन धागों (threads) को मशीनों द्वारा विशिष्ट प्रकार से संयुक्त कर कपड़ा निर्माण करते हैं।

वस्त्रों के प्रकार (Kinds of Cloth)

आधुनिक युग में निम्न प्रकार के कपड़े प्रयोग किये जाते हैं :

(1) प्राकृतिक रेशे (Natural fibers) से निर्मित कपड़े कपास (cotton), सिल्क (silk), ऊन (wool)।

(2) कपास (cotton) को रासायनिक विधि से उपचारित (chemically treated) करके निर्मित कपड़े जैसे रेयन (rayon)।

(3) रासायनिक रेशों (chemical fibers) से निर्मित कपड़े जैसे टैरीलीन (Terylenr), नाईलोन (Nylon) आदि।

सभी कपड़ा निर्माण करने वाले पदार्थों के परमाणु बड़े (large atoms) हैं तथा इनमें कुछ भाग रवेदार (crystalline) कुछ रवेदार (non-crystalline) होता है।

टेरीलीन एवं लायलोन उद्योग (Terylene and Nylon Industry)

टेरीलीन व नायलोन वस्त्र रासायनिक रेशे (chemical fibers) से बनते हैं। इनकी उत्पत्ति (origin) अचानक (all of a sudden) हुई। यह देखा गया है कि संघनन (condensation) तथा उचित मोनोमरस (monomers) का पोली-मराइजेशन में डालना (addition polymerisation of suitable monomers) ये पोलीमरस (polymers) बनाते हैं जिन्हें रेशों (fibers) में परिवर्तित किया जा सकता है। इस प्रकार condensation व polymerisation से उत्पन्न रेशों (fibers) नायलोन, आदि निर्मित होते हैं।

इन रेशों (fibers) से बने वस्त्रों में प्राकृतिक रेशों (natural fibers) से बने वस्त्रों की अपेक्षाकृत क्रीस प्रतिरोधक (crease resistance) व कम पानी को शोषित (low moisture absorption) करने का गुण होता है। टेरीलीन कपड़े

धुलने पर भी अपनी पहले जैसी आकृति (original shape) धारण कर इन पर प्रेस (ironing) करने की आवश्यकता नहीं है।

आज के युग में टेरीलीन का एक निश्चित अनुपात में कपास (cotton) के मिलाकर टेरीकोट (terycot) कपड़ा बनाया जाता है। इन वस्त्रों की अत्या-उपयोगिता के कारण इन कृत्रिम रेशों (artificial fibers) की माँग (dem- बढ़ गई है।

सिल्क अथवा रेयन उद्योग (Artificial Silk or Rayon Industry)

कपास अथवा रुई (cotton) से नाइट्रोसैल्यूलोज (nitrocellulose) बनता यह नाइट्रोसैल्यूलोज एल्कोहॉल अथवा ईथर (ether) से क्रिया कर कृत्रिम (artificial silk) अथवा रेयन (rayon) बनाने में सहायक होता है। रेयन सर्वप्रथम एक फ्रांसीसी (frenchman) द्वारा तैयार की गई थी।

रेयन (rayon) बनाने की निम्न प्रमुख विधियाँ हैं—

1. सैल्यूलोज नाइट्रेट विधि (cellulose nitrate process)
2. सैल्यूलोज एसीटेट विधि (cellulose acetate process)
3. क्यूप्रामोनियम (cuprammonium process)
4. विसकस विधि (viscose process)

आधुनिक युग में विसकस विधि (viscose process) कृत्रिम रेशम (artificial silk) बनाने के लिये अधिक प्रचलित है। इस विधि में cotton linters व pulp से सैल्यूलोज (cellulose) प्राप्त कर लेते हैं। इस सैल्यूलोज को लग- या 3 घन्टे 20% कास्टिक सोडा के घोल में डुबा (soaked) देते हैं। फिर घोल (alkaline solution) को निकाल कर बाकी बचे पदार्थ को कार्बन (CS$_2$) से परिचारित (treat) करते हैं। इससे हमें सैल्यूलोज जैन्थेन



Fig. 14—Manufacture of Rayon by Viscose Method.

(cellulose xanthates) का मिश्रण प्राप्त होता है। सोडियम हाइड्रोजन(NaOH में घुलकर सोडियम सैल्यूलोज जैन्थेम (sodium cellulose xanthates) बनाता है जिसे विस्को घोल (visco solution) कहते हैं। इसको spinneret द्वारा एक H_2SO_4 (dilute) के बर्तन में छानते (filter) हैं। अब यह पदार्थ गाढ़ा होकर रेयन (rayon) के रेशे बनाता है जो बाद में रेयन (rayon) वस्त्र का निर्माण करते हैं (Fig. 14)।

प्रश्न 18—विभिन्न प्रकार की cotton पर टिप्पणी कीजिये। (*Nagpur 83*

Refer Q. 15

प्रश्न 19—कपास, जूट, सन हेम्प व कोयर रेशे के वनस्पतिक नाम, तथा स्रोत का वर्णन कीजिये। (*Gorakhpur 85*

Refer Q. 16

प्रश्न 20—अपने पढ़े हुए किन्हीं तीन रेशों के स्रोत, बनाने की विधि त आर्थिक महत्व पर लेख लिखिये। (*Bundelkhand 87*

Refer Q. 6

टिम्बरस एवं टिम्बर पौधे

(Timbers and Timber Plants)

प्रश्न 21—टिम्बर क्या है ? यह किस प्रकार प्राप्त किया जाता है । इसके हरण सहित आर्थिक महत्व लिखिये । (*Bundelkhand 85*)

प्रश्न 22—टिम्बर क्या है ? किन पौधों से यह प्राप्त होता है ? इसके मुख्य योगों का वर्णन करो ।

What is timber ? From which plants it is obtained ? State s important uses. *Jabalpur 82 , Agra 1978*)

प्रश्न 23—अपने द्वारा अध्ययन किये गये टिम्बर प्रदान करने वाले पौधे के न तथा कुल लिखिये तथा प्रत्येक के गुण एवं तुलनात्मक महत्ता दीजिये । (*Kanpur 1981*)

रिचय (Introduction)

काष्ठ (wood) अथवा टिम्बर जो जंगलों से उत्पादित (forest product) हुत प्राचीन काल से ही मनुष्यों के लिये उपयोगी रहा है । काष्ठ (wood) का योग बहुत प्राचीन काल से ही ईंधन (fuel), रेयन व कागज उद्योगों (rayon d paper industry), फर्नीचर निर्माण आदि में होता रहा है। वास्तव में काष्ठ ood) पौधे से प्राप्त होने वाला एक बहुत ही उपयोगी पदार्थ है ।

काष्ठ (wood) प्रारम्भ से ही एक महत्वपूर्ण पदार्थ रहा है तथा इनसे बढ़ती ई सभ्यता (advancement of civilization) में पूर्ण रूप से योगदान (contri-uted its share) दिया है । प्रारम्भिक मनुष्य न केवल अपनी रक्षा हेतु निर्माण onstruction of his rude shelter) कार्यों में ही काष्ठ (wood) का प्रयोग ता है बल्कि वे काष्ठ (wood) से विभिन्न प्रकार के बर्तन औजार (utensils, plements) आदि का निर्माण भी करते थे । बाद में जब धातु यन्त्र (metal ol) प्राप्त हो गये जब काष्ट (wood) की उपयोगिता और अधिक बढ़ गई । ष्ठ (wood) ने आज भोजन व कपड़े के पश्चात् मनुष्य जीवन में अपना स्थान त कर लिया है । काष्ठ (wood) सस्ता (cheap), हल्का (light) होता है तथा जारों (tools) की सहायता से आसानी से कार्यान्वित (worked) किया जा कता है । काष्ठ से बनी रचनाओं (articles) को आसानी से पुनः निर्माण कर ebuilt) अथवा परिवर्तन (alter) कर आवश्यकतानुसार परिवर्तित कर (change) या जा सकता है । काष्ठ अपने भार के लिये बहुत मजबूत (very strong for s weight) होती है तथा इसमें शक्ति (strength), लचीलेपन (elasticity), ं दृढ़ता (toughness) के गुणों के संयोजन (combination) का कोई मुकाबला

(no rival) नहीं होता है। काष्ठ ताप (heat), विद्युत (electricity), एवं जंग (rust or crystallize) नहीं लगता है। काष्ठ के सुन्दर चित्र (beautiful figure) इसको उच्च कोटि का बना देते हैं तथा यह उच्च कोटि की वस्तुओं (articles) के निर्माण में प्रयोग होती है। काष्ठ का प्रयोग पतली चादरों (thin sheets) अथवा वेनीयर (veneers) के रूप में भी होता है।

इस प्रकार यह स्पष्ट है कि हर प्रकार से काष्ठ (wood), धातु (metal), से अच्छा (superior) है। आधुनिक युग में काष्ठ विज्ञान (wood technology) के अन्तर्गत काष्ठ को वस्त्रीय रेशों (textile fibers), कागज (paper), साबुन (soap), पशुओं का चारा (cattle feed) एवं मोटर ईंधन (motor fuel) आदि में परिवर्तित कर लिया जाता है।

काष्ठ क्या है ? (What is wood ?)

काष्ठ अथवा टिम्बर (wood or timber) द्विबीज पत्री (dicot angiosperms) पौधों एवं जिम्नोस्पर्मस (gymnosperms) पौधों के स्तम्भों (stem) में कम्बियम (cambium) की क्रियाशीलता के फलस्वरूप द्वितीयक वृद्धि (secondary growth) के समय बने द्वितीयक ऊतकों (secondary tissues) से प्राप्त होता है।

एकबीजपत्री (monocot angiosperms) में द्वितीयक वृद्धि (secondary growth) न होने के कारण काष्ठ (wood) निर्माण नहीं होता है।

काष्ठ (wood) मुख्य रूप से द्वितीयक दारु (secondary xylem) को कहते हैं। जाइलम (xylem) में ट्रेकीड्स (tracheids), वेसल्स (vessels), जाइलम



Fig. 15 (A)—Ring porous wood of hockberry (Celtis oceidentalis)

ाइमा (xylem parenchyma) एवं वुड फाइबर (wood fibers) होते इनमें wood fiber व tracheids यान्त्रिक सहायता (mechanical sup-) के लिये तथा vessels व wood parenchyma जल संवहन व वितरण ter conduction and distribution) के लिये होते हैं।

) काष्ठ के प्रकार (Types of wood)

काष्ठ वाहिनियों (vessles) की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति के आधार निम्न दो प्रकार की हो सकती हैं—

(i) छिद्रमय काष्ठ (Porous wood)

(ii) अछिद्रमय (Non-porous wood)



(B) Diffuse porous wood.



(C) Non-porous wood.

(i) छिद्रमय काष्ठ (Porous wood)—इस प्रकार की काष्ठ (wood) हिनियाँ (vessels) पाई जाती हैं जिनके कारण काष्ठ छिद्रमयी (porous) ती है। इस प्रकार की काष्ठ एन्जोस्पर्मस (angiosperms) में पाई जाती है। g. II B)।

(ii) अछिद्रमय काष्ठ (Non-porous wood)—इस प्रकार की काष्ठ में नियाँ (vessels) अनुपस्थित होती हैं तथा इस काष्ठ में कोई छिद्र (pore) होते हैं। इस प्रकार की काष्ठ जिम्नोस्पर्मस में सामान्य रूप में पाई जाती है। g. II C)।

छिद्रमय काष्ठ (porous wood) निम्न प्रकार की हो सकती है—

(a) वलय छिद्रमय काष्ठ (Ring porous wood)–इस प्रकार की काष्ठ हिनियाँ (vessels) केन्द्रिक गोलाई (concentric cycles) में व्यवस्थित nged) होती हैं। साथ ही साथ भीतरी व बाह्य भागों में वाहिनियाँ els) के आकार (size), संख्या (number) के आधार पर भिन्न होते हैं। क (oak), आश (ash), एल्म (elm), हिकोरी (hickory) आदि में g. II A)।

(b) डिफ्यूज पोरयूस काष्ठ (Diffuse porous wood)—इस प्रकार की

काष्ठ में लगभग सभी वाहिनियाँ (vessels) छोटी (small) व एक ही आकार की होती हैं तथा ये वाहिनियाँ (vessels) काष्ठ में अनियमित रूप से बिखरी रहती हैं जैसे बीच (beach), मेपिल (maple), वालनट (walnut) आदि में (Fig. 11 B)।

(B) काष्ठ (Wood)

प्रारम्भिक काष्ठ (early wood or spring wood) एवं लेट काष्ठ (late wood of autumn wood) प्रकार की भी हो सकती है। प्राय: ऐसा देखा जाता है कि पौधों में प्रत्येक वर्ष निश्चित ऋतुओं में निश्चित प्रकार की द्वितीयक वृद्धि (secondary growth) होती है जिसके फलस्वरूप वार्षिक वलय (annual rings) बनती हैं। बसन्त ऋतु (spring season) में पौधों में अत्यधिक वृद्धि होने के कारण बड़ी व पतली भित्ति वाली कोशायें बनती हैं। इसको early or spring wood कहते हैं। शरद् ऋतु के आने पर पौधों में वृद्धि कम होती है जिसके


LENTICEL
EPIDERMIS
CORK
BARK
CORK CAMBIUM
SECONDARY CORTEX
PERIDERM
COLLENCHYMA
CORTEX
SCLERENCHYMA
SECONDARY PHLOEM
CAMBIUM
AUTUMN WOOD
SECONDARY MEDULLARY RAY
SECOND ANNUAL RING
SPRING WOOD
SECONDARY WOOD
AUTUMN WOOD
SECONDARY MEDULLARY RAY
FIRST ANNUAL RING
SPRING WOOD
PRIMARY XYLEM
PITH

Fig. 16—T. S. of Dicot stem (after secondary growth) showing spring and autumn wood.

छोटी, मोटी भित्ति वाली कोशायें बनती हैं। इसे late or autumn कहते हैं (Fig 16)।

(C) प्रारम्भ में काष्ठ (wood) की सभी कोशायें सक्रिय (active) होती बाद में प्रायः यह देखा गया है कि केन्द्रीय भाग (central portion) की मृत (dead) हो जाती हैं तथा इस भाग का रंग भी गहरा भूरा सा हो है। इस केन्द्रीय काष्ठ भाग (central wood portion) को **हार्ट काष्ठ** wood) कहते हैं, यही काष्ठ भाग व्यापारिक महत्व की होती है। काष्ठ ी बचा परिघीय भाग (peripheral portion) जीवित कोशाओं (living ा होता है तथा इसके द्वारा समस्त जैविक क्रियायें (vital activities) है। इस परिधिय काष्ठ भाग को **सेप काष्ठ (sap wood)** कहते हैं (Fig. 13)।



Fig. 17—Segment of an oak tree stem showing heart and sap wood.

के गुण (Properties of wood)

टिम्बर अथवा काष्ठ के कुछ यान्त्रिक गुण (mechanical properties) जिसके कारण इसका उपयोगीपन (usefulness) तथा उचितपन (suitabi- विभिन्न उद्देश्यों (purposes) के लिए निश्चित किया जाता है। काष्ठ के गुण निम्न हैं—

(i) **शक्ति (Strength)**—काष्ठ में शक्ति (strength) होने के कारण ही प्रतिरोध बलों (resist certain definite forces) जैसे तोड़ना), खींचना (pulling) एवं फाड़ना (shearing) आदि के प्रति अपने योग्य सिद्ध करती हैं।

(ii) **दृढ़ता (Stifness)**—काष्ठ में दृढ़ता (stifness) का गुण होता है। ही आसानी से काष्ठ को मोड़, तोड़ कर इसकी आकृति परिवर्तित सकते हैं।

(iii) **टफनेस (Toughness)**—इसका अर्थ है कि काष्ठ (wood) के अन्दर (large amount) में शक्ति (energy), शोषित (absorb) करने की

क्षमता होती है तथा इसके द्वारा काष्ठ अचानक चलने वाली तेज हवाओं (sharp blows) के धक्कों (shock) को सहन कर लेता है।

(iv) **कड़ापन (Hardness)**—इस गुण द्वारा काष्ठ की शक्ति का मापन होता है। यह गुण काष्ठ के काटने, टूटने एवं सड़ने का प्रतिरोधक (resistant) बनाता है।

(v) **क्लीवेबिलिटी (Cleavability)**—इस गुण के कारण काष्ठ (wood) को आसानी से चीरा (spilt) जा सकता है।



Fig. 18—Formation of coal from plants of carboniferous age, their process of dugging and uses.

काष्ठ के उपयोग (Uses of wood)

काष्ठ (wood) अथवा टिम्बर हमारे लिये बहुत उपयोगी है तथा इसकी समस्त उपयोगिताओं का सविस्तार वर्णन सम्भव नहीं है। विश्व में प्रति वर्ष लगभग 56,000,000,000 घन फीट (cubic feet) का उपयोग (consume) होता है। काष्ठ के कुछ प्रमुख उपयोग निम्न हैं—

(1) **इंधन (Fuel)**—काष्ठ (wood) प्रायः ईंधन (fuel) के रूप में भारतीय घरों (Indian houses) व उद्योगों (industries) में प्रयोग किया जाता है। यह ऊष्मा (heat) व शक्ति (energy) का साधन है। काष्ठ अथवा लकड़ी के अतिरिक्त इंधन के रूप व प्रयोग होने वाला कोयला (coal) भी पादप अवशेषों (fossilized remains of plants) से भी प्राप्त होता है। कोयला ऊष्मा (heat) व शक्ति (energy) का सस्ता साधन है। इससे बहुत से रासायनिक पदार्थ जैसे तेल (Benzal; Neptha), कोल गैस (coal gas), अमोनिया, कोल तार (coal tar) आदि भी लगाये जाते हैं।

✓(1) **पेट्रोलियम (Petroleum)**—यद्यपि पेट्रोलियम के उद्भव (origin) का वास्तविक ज्ञान नही है फिर भी ऐसा विश्वास किया जाता है कि पेट्रोंलियम कार्बनिक उद्गम (organic origin) से है। यह विश्वास किया जाता है कि पेट्रोलियम सूक्ष्म तैरने वाले पौधों (minute floating plants) पर दबाव (pressure) से बनता है। कच्चे पेट्रोलियम (crude petroleum) के अनेकों लाभ हैं। इससे प्राप्त गैसोलीन (gasoline), मिट्टी का तेल (kerosene oil), मोम, पेट्रोलियम आदि अधिक उपयोगी हैं।

✓(3) **संरचनात्मक (Constructional)**—सदैव से ही भवन निर्माण (building) एवं अन्य बहुत सी वस्तुओं के निर्माण में धातु (metal) की अपेक्षाकृत टिम्बर अथवा काष्ठ (wood) को प्राथमिकता दी गई है चूंकि काष्ठ (wood) धातु (metal) की अपेक्षाकृत सस्ती (cheap) होती है तथा धातु (metal) पर जंग (rust) लगने का भय रहता है। विशालकाय टिम्बर प्रदान करने वाले वृक्ष, भवन तथा पुल बनाने में प्रयोग होते हैं। टिम्बर का प्रयोग गर्डर (girders), डांट (beam), दरवाजे (doors), खिड़की (windows), बक्स, पहिये, ट्रे आदि बनाने में होता है।

✓(4) **रेलवे में (Railways)**—रेलवे में टिम्बर अथवा काष्ठ का उपयोग डिब्बे (carriages wagons) तथा स्लीपरस (sleepers) बनाने में होता है।

✓(5) **पैंकिग में (Packing)**—प्राय: वस्तुओं का एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरित (Transfer) करते समय टिम्बर अथवा काष्ठ को किसी न किसी रूप में पेकिंग पदार्थ (packing material) की तरह प्रयोग किया जाता है। लकड़ी का बुरादा (saw dust) भी पेकिंग पदार्थ (packing material) के रूप में प्रयोग होता है।

✓(6) **चाय चेस्ट्स (Tea Chests)**—चाय के पेकिंग बक्स (packing cases) विशिष्ट प्रकार की प्लाई काष्ठ (plywood) से निर्मित होते हैं।

✓(7) **फर्नीचर (Furniture)**—फर्नीचर निर्माण के लिये विशेष रूप से शक्तिशाली (strength), दृढ़ (hard) व टिकाऊ (durable), काष्ठ (wood) का प्रयोग किया जाता है। फर्नीचर के लिए ओक (oak), मेपिल (maple), बीरच (birch), वालनट (walnut) आदि का काष्ठ (wood) प्रमुख है। फर्नीचर मनुष्यों के लिए अत्यन्त उपयोगी है। कुर्सी, मेज, स्टूल, सोफा सेट आदि सभी का निर्माण टिम्बर अथवा काष्ठ से होता है।

✓(8) **जहाज निर्माण (Ship building)**—लगभग 19वीं शताब्दी में जहाज उद्योग (ship industry) पूर्ण रूप से काष्ठ पर निर्भर थी। आज के युग में यद्यपि यह दशा नहीं है फिर भी बहुत से भाग काष्ठ द्वारा निर्मित होते हैं।

✓(9) **गाड़ियाँ (Carts)**—भारत एक कृषि प्रधान देश है तथा इसमें प्राय: किसान एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान ले जाने के लिए बैलगाड़ी (bullock carts) का प्रयोग करते हैं। यह गाड़ी (carts) काष्ठ की ही बनी होती है।

✓(10) **प्लाईवुड उद्योग (Plywood Industry)**—प्लाईवुड (plywood) हाल ही में टिम्बर काष्ठ से बनाई गई है तथा इसका प्रयोग दरवाजों (doors), दीवारों (walls), फर्श (floors), खाने (shelves), केबेनेटस (cabinets) तथा फर्नीचर निर्माण में होता है।

(11) तार, विद्युत एवं फैन्स के खम्भे (Telegraphic, Electric and Fence posts—विद्युत खम्भों (electric poles) तार के खम्भों (telegraphic poles) एवं फैन्स खम्भों (fence posts) में काष्ठ (wood) का उपयोग इतना अधिक है कि इसकी गणना आसानी से नहीं की जा सकती है। यूरोप (Europe) एवं अमेरिका में समस्त विद्युत एवं तार के खम्भे लकड़ी (wood) के होते हैं (भारत में खम्भे प्राय: धातु (metal) के होते हैं) फैन्स पोस्टस (fence posts) का उपयोग खेतों अथवा गरों की सीमा निर्धारित करने के लिये किया जाता है तथा ये लकड़ी (wood) के बने होते हैं।

(12) कार्क (Cork)—कार्क कुल फेगेसी (family fagaceae) के पौधे **क्यूरकस सुबर** (Quercus suber) के स्तम्भ (stem) की छाल (bark) से प्राप्त होता है। यह वृक्ष स्पेन (Spain) एवं पुर्तगाल (Purtgal) का मूल निवासी (native) है। यह फ्रांस (France) तथा उत्तरी अफ्रीका (North Africa) में पाये जाते हैं। इन पौधों की उचित वृद्धि के लिए शुष्क जलवायु (dry climate) व रेतीली भूमि (silicon soil) की आवश्यकता होती है।

इन वृक्षों के स्तम्भ (stem) में द्वितीयक वृद्धि (secondary growth) के समय द्वितीयक जाइलम व फ्लोयम (secondary xylem and phloem) समान मात्रा (equal quantity) अर्थात् 1 : 1 में बनता है जबकि अन्य सामान्य पौधों में द्वितीयक फ्लोयम (secondary phloem) व द्वितीयक जाइलम (secondary (xylem) का अनुपात 1 व 8 (1 : 8) होता है। ये वृक्ष लगभग 20 वर्ष की अवस्था में कार्क उत्पादन (production of cork) प्रारम्भ करते हैं। इस वृक्ष की छाल (bark) व्यापारिक कार्क (cork of commerce) का कार्य करती है। इस छाल (bark) को पौधे से बिना किसी दैनिक कार्य में बाधा (without causing any physiological distribution in tree) पृथक् (separate) कर सकते हैं। कार्क के नये स्तर (new layer of cork) प्रति वर्ष बनते रहते हैं। यह वृक्ष लगभग 100 से 500 वर्ष तक जीवित रहता है तथा लगभग 40 से 100 पौंड तक कार्क उत्पन्न करता है। कार्क बहुत हल्का तथा पानी प्रतिरोधक (impenious to water) होता है। यह स्थायी (durable) तथा ऊष्मा (heat) व ध्वनि तरंग (sound waves) के लिए असंचालक (bad conductor) होता है।

भारतवर्ष में इन कार्क वृक्षों की कमी के कारण **कृत्रिम कार्क** (artificial cork) भी प्रयोग किया जाता है। इसके लिये **इरीथ्रिना** (Erythrina) की जातियों (species) तथा **क्रिपटोमेरिया जैपोनिका** (Cryptomeria japonica) की हल्की काष्ठ (light wood) का प्रयोग किया जाता है। यह कृत्रिम कार्क बोतलों की गर्दनों (neck of bottles) में उतनी अच्छी प्रकार से जम नहीं सकती (can not grip) जितनी कि सामान्य कार्क।

कार्क का उपयोग बहुत से पदार्थ जैसे स्टोपर्स (stoppers), टोप (hats) हैन्डिल्स (handles), पैन होल्डर, चटाई, फाइल आदि बनाने में होता है, यह पृथक्कीकरण पदार्थ (insulating material) के रूप में रेफ्रीजीरेटर तथा कोल्ड स्टोरेज मशीनों में प्रयोग होता है। कार्क का प्रयोग तेज गति (high speed) से

Names
Distribution
producing
USGS



Fig. 19—Cork

बनने वाले वायुयानों (areoplanes) में कम्पन (vibration) कम करने के लिए तथा ध्वनि प्रूफ कमरों (sound proof rooms) से भी किया जाता है।

मुख्य टिम्बर प्रदान करने वाले भारतीय वृक्ष
(Important Timber yeieding plants of India)

(1) सागवान अथवा सागौन अथवा टीक (Saggon or Teak)—सागौन टीक (Teak) एक बहुत अधिक होने वाला प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण टिम्बर (Timber) है। यह वरबीनेसी (Verbenaceae family) कुल के वृक्ष **टेक्टोना ग्रान्डिस** (Tectona grandis) से प्राप्त होता है। ये वृक्ष बहुत अधिक मात्रा में मद्रास, बम्बई, मध्य प्रदेश में उत्पन्न होते हैं। टीक अथवा सागौन भारत का बहुत अधिक प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण टिम्बर (Timber) है। यह अपने स्थायित्व (durability) के गुण के कारण सर्व प्रसिद्ध है। टीक की ताजी लकड़ी (fresh wood) पीले (yellowish) रंग की होती है जो बाद में भूरे (brown) अथवा काले (black) रंग की हो जाती है। यह लकड़ी दीमक (Termites) व गलने सड़ने के प्रति अत्यधिक प्रतिरोधक (resistance) रखती है। यह लकड़ी बहुत अधिक दृढ़ (hard) होती है तथा मुड़ती (wrap) नहीं है।

टीक लकड़ी (Teak wood) बहुत उच्च कोटि की होती है। इसका प्रयोग प्रायः जहाज व नाव (ship and boat) के निर्माण में कीमती फर्नीचर निर्माण में रेलवे स्लीपर्स (Railway sleepers) डिब्बे (wagon) आदि के निर्माण में होता है।

2. साल (Saal)

यह काष्ठ (wood) कुल डिप्टेरोकार्पेसी (family depterocarpaceae) के वृक्ष **शोरिया रोबस्टा** (**Shorea robusta**) से प्राप्त होती है। ये वृक्ष आसाम, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में सामान्य रूप से उत्पन्न होते हैं। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रकार के **साल वृक्षों** (saal trees) का केन्द्र है।

साल की लकड़ी (saal wood) अपनी (strength) एवं स्थिरपन (durability) के कारण बहुत अधिक विख्यात है। इसकी लकड़ी में स्थिरता (durability) मुख्य रूप से इसकी वाहिनियों (vessels) में टायलोसिस (tyloses) की उपस्थिति के कारण होती है। यह काष्ठ (wood) भूरे रंग (brown colour) का होता है। इसका फर्नीचर, टैन्ट खम्बे (tent poles), रेलवे स्लीपरस, पुल निर्माण, गाड़ी के पहियों (wheels of cart) आदि के निर्माण में होता है।

3. शीशम (Shisham)

यह काष्ठ (wood) कुल लैग्यूमीनेसी, उपकुल पैपिलियोनेसी (family leguminaceae, sub-family papillonaceae) के वृक्ष **डलबरजिया सीसो** (Dalbergia sisso) से प्राप्त होती है। ये वृक्ष उत्तरी उत्तर प्रदेश, पंजाब में विस्तृत रूप में पाये जाते हैं। ये वृक्ष 300 फीट तक हिमालय (sub-Himalyan tract) पर भारत के मैदानी भागों में भी पाये जाते हैं। यह वृक्ष सड़कों पर भी साधारण रूप से उगाया जाने वाला छायादार वृक्ष है।

इन वृक्षों का काष्ठ (wood) लाल भूरे रंग का मजबूत व टिकाऊ (durable) होता है। इसका उपयोग उच्च कोटि का फर्नीचर, फ्रेम, दरवाजे, खेती उपकरण (Agriculture instruments) जैसे हल आदि तथा खेल-कूद (sports) का समान निर्माण करने में होता है। इसका प्रयोग कभी-कभी संगीत यन्त्र जैसे पियानों (Pianos), विज्ञान उपकरण (scientific instruments) आदि के निर्माण में भी होता है।

4. काला शीशम (Kala Shisham or Rose wood)

यह काष्ठ (wood) कुल लैग्यूमीनेसी (family leguminaceae) के वृक्ष **डलबरजिया लेटीफोलिया (Dalbergia latifolia)** से प्राप्त होता है। ये वृक्ष सिक्कम, बगाल, बिहार में प्रायः पाये जाते हैं। इसकी लकड़ी (wood) हल्की एवं टिकाऊ (durable) होती है। यह काष्ठ (wood) उच्च कोटि का फर्नीचर, केबिनेट (cabinets), पियानोघर (Piano cases) आदि के निर्माण में प्रयोग होता है।

5. सिरस (Siris)

यह काष्ठ (wood) **एल्बीजिया लीबक (Albizzia leebeck)** सामक वृक्ष से प्राप्त होती हैं। यह पौधा समस्त भारत में पाया जाता है। यह काष्ठ (wood) अपनी सुन्दर आकृति (beautiful figures) के लिए सर्वविदित है। इसकी काष्ठ (wood) मजबूत (strong), दृढ़ (hard) तथा टिकाऊ (durable) होती है। इनका प्रयोग फर्नीचर, कृषि यन्त्र तथा लकड़ी के मकान बनाने में किया जाता है।

6. तून (Tone)

यह काष्ठ (wood) जिम्नोस्पर्मस (gymnosperms) समुदाय के वृक्ष (Cedrella toona) से प्राप्त होती है। यह समस्त भारत में पाया जाने वाला हल्का टिम्बर (light timber) है। इसका प्रयोग सस्ते फर्नीचर (cheap furniture) एवं सिगार (cigar boxes) बनाने में होता है।

7. देवदार (Deodar)

देवदार (Deodar) की लकड़ी (wood) जिम्नोस्पर्मस समुदाय के वृक्ष **सीड्रस देयदारा (Cedrus deodara)** से प्राप्त होती है। ये पौधे पश्चिमी हिमालय पर 4000 फीट से 10000 फीट की ऊँचाई पर पाये जाते हैं। इन वृक्षों से कठोर

rd), भूरे रंग (brown coloured) काष्ठ (wood) प्राप्त होती है। इसका योग फर्नीचर, रेलवे स्लीपर, बेलगाड़ी आदि के निर्माण में होता है।

चीड़ (Cheer)

यह काष्ठ (wood), जिम्नोस्पर्मस समुदाय के पौधे **पाइनस लोंगीफोलिया** (Pinus longifolia) से प्राप्त होता है। ये पौधे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश एवं ाव में उत्पन्न होते हैं। यह लकड़ी (wood) प्राय: पैकिंग बॉक्स (packing box), सस्ते फर्नीचर (cheap furniture) आदि के निर्माण में प्रयोग होती है।

9. आम (Aam)

आम की लकड़ी (wood of Aam) एनाकारडियेसी कुल (family nacardiaceae) के पौधे **मेग्नीफेरा इन्डिका** (Magnifera indica) से प्राप्त होती है। यह समस्त भारत में सामान्य रूप से पाया जाने वाला पौधा है। इसकी कड़ी मुख्य रूप से ईंधन (fuel) के रूप में पाया जाने वाला पौधा है। इसकी लकड़ी (wood) का प्रयोग दरवाजे, खिड़कियाँ, स्टूल, सस्ते फर्नीचर आदि के निर्माण में भी होता है।

10. सेमल (Semal)

यह काष्ठ (wood) कुल बोम्बेसी (bombaceae) के **वृक्ष सेलमेलिया मालाबेरिका** (Salmalia malobrica) से प्राप्त होती है। यह काष्ठ (wood) कोमल, सफेद अथवा हल्के पीले रंग की होती है। इसका प्रयोग माचिस (match box) व तिल्लियों (match splints) के निर्माण में होता है।

11. ओक (Oak)

यह काष्ठ (wood) कुल फेगेसी (fagaceae family) के सदस्य **क्यूरकस सुबर** (Quercus suber) से प्राप्त होती है। इसकी heart wood बहुत अधिक स्थायी (extremely durable) होती है। इस काष्ठ (wood) का उपयोग दरवाजों छतों के बीम (roof beams) रेलवे वैगन (Railway wagons), नाव (boat), फर्नीचर, भारी मशीनों के स्तर (heavy machine beds) आदि के निर्माण में होता है।

12. लरूल (Lrul)

यह काष्ठ Xylia xylocarpa वृक्ष से प्राप्त होती है। यह एक बहुत ही अधिक मजबूत (strong) काष्ठ (wood) है तथा भारत में यह लोहा काष्ठ (iron wood) के नाम से प्रसिद्ध है। इस लकड़ी (wood) का प्रयोग उन स्थानों पर होता है। जहाँ पर मजबूती का विशेष महत्व है (where strength is main criteria) जैसे भवन निर्माण में, रेलवे स्लीपरस आदि में।

उपरोक्त काष्ठ प्रदान (wood yielding) वृक्षों के अतिरिक्त अन्य बहुत से वृक्ष भी काष्ठ प्रदान करने वाले हैं, जैसे—

बबूल (Acasia scorpiodes) एबीज पिन्ड्रो (Abies pindrow), बरगद (Ficus bengalsis) आदि।

प्रश्न 24—गोरखपुर के पास के क्षेत्रों में नीम व साल के cultivation तथा इनके आर्थिक महत्व पर टिप्पणी कीजिये। (*Gorakhpur 83*)

Refer Q. 23

प्रश्न 25—टीक का आर्थिक महत्व तथा उक्त भाग में आने वाले लाभ की अकारिकी स्पष्ट कीजिये। (*Indore 84*)

प्रश्न 26—कार्क पर टिप्पणी कीजिये। (*Agra 85*)

प्रश्न 27—भारतीय टिम्बर प्रदान करने वाले पाँच पौधों के नाम लिखो; उनके उपयोगों का भी वर्णन करो। (*Allahabad 83*)

प्रश्न 28—निम्न पर टिप्पणी लिखो—

(अ) टीक काष्ठ। (*Gorakhpur 84*; *Reeva 83*; *Kanpur 77*)
(व) भारत के प्रमुख टिम्बर पौधे। (*Vikram 79*)
(स) दो टिम्बर प्रदान करने वाले भारतीय वृक्ष।
(द) टिम्बर। (*Kanpur 79*)
(य) **Diffused porous** व **Ring porous** काष्ठ (*Agra 77; Gorakhpur 84*)
(ट) साल (Saal) (*Lucknow 83; Agra 77; Kanpur 82, 83*)
(प) दीयार की लकड़ी (*Rohelkhand 88*) (*Agra 83*)
(फ) शीशम (*Rohelkhand 87*)

प्रश्न 29—मुख्य काष्ठ परिणमन उत्पादों पर संक्षिप्त टिप्पणी करो।
Write brief account of main wood conversion products.

काष्ठ परिणमन उत्पाद (Wood Conversion Products)

1. पल्प व कागज (Pulp and Paper)

पल्प (लुग्दी) व कागज काष्ठ परिणमन उत्पाद (wood conversion product) के मुख्य पदार्थ हैं। मूल रूप से (basically) कागज में विभिन्न साधनों से प्राप्त बहुत से पृथक अथवा लिपटे (over lapping) फाइबर (fibers) [plant cells or group of plant cells] होते हैं। ये फाइबर (fibers) विभिन्न विधियों द्वारा कागज में परिवर्तित कर लिये जाते हैं। पल्प (लुगदी) इन फाइबर (fibers) का कागज निर्माण से पहले का मिश्रण होता है। कागज व पल्प का निर्माण विभिन्न रेशीय पदार्थों (fibrous materials) जैसे फ्लैक्स, सन, घास के पूर्ण तनों, गन्ने के व्यर्थ बचे भाग (खोई) (residue of sugarcane), गेहूं की स्ट्रा (straw of wheat), काष्ठीय तनों के स्तर (fiberous coating of woody stems), पत्तियों

(leaves) आदि से किया जा सकता है। काष्ठीय स्तम्भों (woody stems) से निर्मित काष्ठ पल्प (wood pulp) में सैल्यूलोज होता है। वास्तव में कागज निर्माण में कोशा भित्ति का सल्यूलोज महत्वपूर्ण है। अच्छे कागज (fine paper) प्रायः सैल्यूलोज, कार्बन, हाइड्रोजन व ऑक्सीजन के मिश्रण से बने होते हैं।

2. रेयन (Rayon)

रेयन (rayon) अथवा कृत्रिम सिल्क (artificial silk) सैल्यूलोज (cellulose) से उत्पादित मुख्य पदार्थ हैं। सैल्यूलोज अधिकता में शुद्ध रूप में वृक्षों से प्राप्त होता है। वृक्षों की काष्ठ (wood of trees) तथा कपास लिन्टरस (cotton linters) में बना पल्प (pulp) रेयन निर्माण में अत्यन्त उपयोगी है। रासायनिक विधियों द्वारा इस लुग्दी (pulp) [सेल्यूलोज] को धागे में परिवर्तित कर रेयन (rayon) प्राप्त करते हैं। रेयन रासायनिक दृष्टिकोण से सिल्क से भिन्न है। चूंकि सिल्क में प्रोटीन अथवा नाइट्रोजन नहीं होती है।

3. प्लास्टिक (Plastics)

सन् 1868 में यह देखा गया है कि कागज (cotton) से प्राप्त सेल्यूलोज नाइट्रेट (cellulose nitrate) को जब प्राकृतिक कपूर (natural camphor) से मिलाते हैं तब एक पदार्थ सैल्यूलोयड (celluloid) बनता है। इसका प्रयोग गेंद, खिलौनों, हैंडिल (handle) आदि बनाने में प्रयोग होता है। इसके पश्चात् यह भी देखा गया कि यदि नाइट्रेटिड सेल्यूलोज (nitrated cellulose) को अरंडी के तेल (castor oil) के साथ मिलाया जाये तो कृत्रिम चमड़ा (artificial leather) बन जाता है। आधुनिक युग में सेल्यूलोज को विभिन्न रूपों में विभिन्न पदार्थों के साथ मिश्रित कर प्लास्टिक निर्माण किया जाता है। बुरादा (wood flour) को विभिन्न पदार्थों के साथ मिलाकर भी प्लास्टिक गैस पदार्थों का निर्माण किया गया है।

काष्ठ आसवन (Wood distillation)

काष्ठ को गर्म करके (heating of wood) चारकोल (carbon or charcoal) प्राप्त होता है। इस काष्ठ आसवन (wood distillation) में चारकोल के साथ-साथ एसीटिक एसिड (acetic acid), मीथेनोल (methanol or wood alcohol) तथा अन्य बहुत से उपयोगी रासायनिक पदार्थ उत्पन्न होते हैं।

प्रश्न 30—कुछ पौधों के नाम बताइये जिनसे कागज प्राप्त होता है। कागज बनाने की विधि संक्षेप में समझाइये। (*Kanpur 79*)

Refer Q. 29

4

वेनिअर, प्लाईवुड एवं सीजनिंग ऑफ वुड
(VENEERS, PLYWOOD AND SEASONING OF WOOD)

वेनिअर (Veneers)

प्रश्न 31—वेनिअर क्या है ? इनके निर्माण एवं उपयोगों का संक्षेप में वर्णन करो ।

What are Veneers ? Discuss briefly the uses and manufacture of Veneers.

परिभाषा (Definition)—

वेनिअरस काष्ठ की एक सी मोटाई वाली पतली स्लाइस होती है । वेनिअरस की मोटाई प्राय: 1/20 इंच से 3/8 इंच तक हो सकती है । कभी-कभी वेनिअरस की मोटाई 1/10 इंच तक भी हो सकती है । वेनिअरस इजिप्टियन, रोमन एवं अन्य प्रारम्भिक सभ्यता वालों को विदित थे ।

निर्माण (Manufacture)—

वेनिअरस के निर्माण से लकड़ी के लट्ठे अथवा उनके टुकड़े पहले उबाल लिये जाते हैं तथा फिर इन्हें चाकू की सहायता से चीर लिया जाता है । प्राय: वेनिअरस को रोटेटरी प्रक्रम (rotatory process) से काटते हैं । इस विधि में एक स्थिर चाकू पर लकड़ी का लट्ठा घूमता है जिससे निरन्तर वेनिअर की पतली शीट बनती रहती है । वेनिअर निर्माण के लिए स्लाईसिग (slicing) एक दूसरी विधि है । इसमें लकड़ी के लट्ठे की पतली चौड़ाई काट लेते हैं तथा फिर स्थिर चाकू द्वारा स्लाइस (slice) काट लेते हैं । इस विधि से पृथक शीट तैयार होती रहती है । यह विधि अधिक सरल एवं उपयोगी है । इस प्रकार वेनिअरस प्राय: नम होते हैं तथा ये प्रयोग से पहले शुष्क कर लिए जाने चाहियें ।

वेनिअर के प्रकार (Type of Veneers)

काष्ठ से निर्मित होने वाले वेनिअर मुख्य रूप से निम्न प्रकार के होते हैं—

1. फेस वेनिअरस (Face veneers)—

ये वेनिअरस चयन किये हुये लकड़ी के लट्ठों के स्लाइस अथवा आरी (sawed) द्वारा निर्मित होते हैं तथा इनका प्रयोग उच्च प्रकार के कार्यों के लिये किया जाता है । प्राय: इसके लिये काला वाल नट, सफेद व लाल ओक, सुगर मेपिल आदि की काष्ठ का प्रयोग किया जाता है ।

2. व्यवसाय वेनिअरस (Commercial veneers)—

ये वेनिअरस रोटेटरी प्रक्रम (rotatory process) द्वारा तैयार किये जाते हैं । इनका प्रयोग प्लाइ काष्ठ के लिए किया जाता है । इसके निर्माण में प्राय: बीच ब्रिक, मेपिल, ट्यूलिप (tulip) आदि की काष्ठ का प्रयोग होता है ।

ाही वेनिअरस (Container veneers)—

ये सस्ते प्रकार के वेनिअर होते हैं जो किसी प्रकार की लकड़ी से बनाये ते हैं। इनका प्रयोग बक्से, क्रेटस (crates) तथा अन्य कन्टेनर बनाने के होता है।

ोमल काष्ठ वेनिअरस (Soft wood veneers)--

ये वेनिअर स्लाइसड अथवा रोटेटरी प्रक्रम (rotatory process) द्वारा जाते हैं। इनका निर्माण प्राय: डग्लस फर (Douglas fir) द्वारा किया जाता ये वेनिअरस प्राय: रचनात्मक प्लाइवुड में प्रयोग किये जाते हैं।

योग (Uses)—

प्रारम्भ में वेनिअरस का प्रयोग फर्नीचर आदि की रद्दी लकड़ी को ढकने में था। ये वेनिअर प्राय: महोगनी (mahogany), वाल नट (wall nut) आदि ढंग व दाने वाले काष्ठों से बनाये जाते थे।

आधुनिक युग में इन वेनिअरस का प्रयोग बक्से, टोकरी, दरवाजे, संगीत तथा अन्य कई वस्तुओं के बनाने में होने लगा है।

वेनिअरस में कम से कम भार तथा अधिक से अधिक मजबूती होती है। की कमी को छिपाने के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से वेनिअरस अत्यन्त उपयोगी महत्वपूर्ण है।

प्लाई वुड (Ply-Wood)

प्रश्न 32—प्लाइ-वुड पर संक्षिप्त टिप्पणी करो।

Write a note on ply-wood. (*Agra 79*)

प्लाई-वुड कुछ प्राकृतिक कमियों (Natural defects) वाली मोटी ड़ियों के निर्माण से की गई एक प्रकार की पतली काष्ठ है। एक प्लाई-वुड प्राय: से 9 तक पतले वेनिअरस (veneers) के जुड़ने (gluing) से बनती है। इसमें स्तर के दाने दूसरे के साथ एक कोण पर होते हैं! इसी कारण इनमें पुन: वितरित हो जाती है तथा एक स्तर की dimensional insta-ity दूसरे स्तर द्वारा पूरित हो जाती है तथा अन्य द्वारा कम हो जाती है। प्रकार अन्तिम उत्पाद बहुत अधिक मजबूत, स्थिर, बहुत ऐंठने अथवा मुड़ने ना हो जाता है। इनके सिरों पर पेंच कसने से प्लाई वुड के फटने का भय नहीं ता है।

प्लाई-वुड निर्माण में चिपक (adhesive) द्वारा वेनिमर लगाकर उनको क कर लिया जाता है। सामान्यत: प्लाई-वुड की मोटाई 3/8 इंच से 1/10 इंच होती है।

प्लाई-वुड वहुत उपयोगी है। इनका प्रयोग उच्च कोटि के दरवाजे, केबनेट, चर आदि में होता है। यह वायुयानों, नाव, रेलवे, कार आदि में गी प्रयोग की ती है।

सीजनिंग ऑफ वुड (Seasoning of wood)

प्रश्न 33—सीजनिंग ऑफ वुड (seasoning of wood) का संक्षिप्त रण दो।

(*Kanpur 78, Gorakhpur 84*)

काष्ठ में सदैव ही पानी की कम अथवा अधिक मात्रा पायी जाती है। काष्ठ में पानी की प्रतिशत मात्रा पौधे से भिन्न होती है। काष्ठ में पानी हाइग्रोस्कोपिक जल कोशा की गुहाओं (cell cavities) त्र कोशा भित्तियों में पाया जाता है। हाइग्रोस्कोपिक जल की भित्तियों के संतृप्त होने की आवश्यक मात्रा को फाइबर सेचुरेशन बिन्दु (**Fiber saturation point**) कहते हैं तथा यह लगभग शुष्क भार का 20 से 35 प्रतिशत तक होता है। नमी की मात्रा काष्ठ का एक प्रमुख भौतिक गुण है तथा नमी के ऊपर काष्ठ का घनत्व भार एवं शक्ति आधारित होती है। प्राय: यह देखा गया है कि काष्ठ में यदि पानी की मात्रा फाइबर सेचुरेशन बिन्दु से अधिक है तो काष्ठ का भार बढ़ जाता है परन्तु शक्ति में कोई परिवर्तन नहीं होता है। काष्ठ में पानी की मात्रा कम होने पर काष्ठ की मजबूती बढ़ जाती है चूंकि पानी निकलने पर कोशा भित्ति (cell wall) सिकुड़ती है तथा कोशायें घनिष्ठ (compact) होकर फाइबर (fiber) अधिक शक्तिशाली हो जाते हैं।

किसी भी काष्ठ में फर्नीचर अथवा अन्य सामान निर्माण करने से पूर्व इसमें पानी की मात्रा 10 प्रतिशत अथवा कम होनी चाहिये। इस विधि को अर्थात् काष्ठ (**wood**) **में से पानी की मात्रा कम करने को ही सीजनिंग ऑफ वुड** (**seasoning of wood**) कहते हैं। (The process of reduction of water contents in wood is known as seasoning of wood)। यदि फर्नीचर या अन्य वस्तुयें निर्माण करने से पहले काष्ठ का सीजनिंग (seasoning of wood) उचित प्रकार से नहीं करते हैं तो ये वस्तुयें मुड़-तुड़ जाती हैं। रेंपिंग में लकड़ी अनावश्यक रूप में ऐंठने लगती है तथा चैंकिंग में लकड़ी फट जाती है। ये दोनों ही अनावश्यक वस्तु हैं। लकड़ी में पानी की मात्रा कम होने पर फन्जाई (fungi) व बैक्टीरिया द्वारा बीमारी आदि का भय भी कम हो जाता है।

काष्ठ का सीजनिंग (seasoning of wood) निम्न प्रकार किया जा सकता है—

(1) वायु द्वारा सीजनिंग (Air Seasoning)

इस विधि में लकड़ी (wood) को खुले स्थान में [बिना किसी प्रकार की कृत्रिम ऊष्मा (artificial heat)] के बराबर पानी की मात्रा को कम किया जाता है। इस विधि में काष्ठ को उस समय तक खुले स्थान पर रखते हैं जब तक कि इसका भार कम न हो जाये। वायु सीजनिंग का मुख्य उद्देश्य भार को कम करना, सिकुड़न (shrinkage) एवं अन्य कमियों को दूर करके शक्ति को बढ़ाना है।

(2) किलन ड्राइंग(ClеanDrying)

इस विधि में किसी बन्द स्थान (enclosed space) में काष्ठ को ऊष्मा (heat) दी जाती है। इस विधि द्वारा काष्ठ में पानी की मात्रा शीघ्रता से दूर हो जाती है। इस विधि से काष्ठ scasoned wood में 4 से 12% तक की नमी रह जाती है। इस विधि से काष्ठ seasoned wood में प्राय: wraping, oracking नहीं होता है तथा यह काष्ठ फन्जाई (fungi)व बैक्टीरिया द्वारा भी नष्ट नहीं हो पाती है।

* * *

चर्मशोधन एवं रंग पदार्थ
(TANNING AND DRY MATERIAL.

प्रश्न 34—टेनिन क्या है ? पौधों से प्राप्त होने वाले विभिन्न टेनिनस का ंत करो।

What are tannins ? Describe briefly the various tannins ained from plants.

टेनिनस (Tannins)

रिचय (Introduction)—

टेनिन ग्लूकोसोयडल प्रकृति (Glucosoidal Nature) के तीव्र कसैले ry astringent) कार्बनिक पदार्थ हैं जिनमें अम्लीय प्रतिक्रिया होती है। इनकी ंरिक क्रिया विवादमय समस्या है। ये आर्क निर्माण अथवा रंग द्रव्य अथवा पौधे ी रक्षा से सम्बन्धित रहते हैं। टेनिन विशेष आर्थिक महत्व के पदार्थ हैं चूंकि इनमें ई प्रकार से प्रोटीनस से संयुक्त होने की क्षमता होती है जैसे ये जन्तु त्वचा से कर मजबूत लचकदार प्रतिरोध पदार्थ चमड़ा बना लेते हैं। टेनिन लोहे के णों से मिलकर व्यापारिक स्याही का निर्माण करते हैं। कुछ टेनिन औषधि र्माण में भी प्रयोग होते हैं।

टेनिन कोशा रस व अन्य निश्चित क्षेत्रों जैसे छाल, काष्ठ, पत्तियों, जड़ों व नों में पाये जाते हैं।

टेनिन का बहुत पुराना उद्योग (लगभग 5000 वर्ष पूर्व का) है। चाइना (China) निवासियों द्वारा लगभग 3000 वर्ष पूर्व चर्मशोधन किया गया था। रोमनं ारा ओक की छाल त्वचा टेनिन में प्रयोग की गई। भारत में भी चर्मशोधन उद्योग त पुरानी है। भारत में कानपुर व आगरा में मुख्य चर्मशोधन उद्योग (Tanning dustry) हैं।

टेनिन (Tannin) प्रदान करने वाले पौधे प्राय: जंगली होते हैं केवल कुछ ी वृक्ष उगाये जाते हैं। पौधों में किसी भी भाग—जड़, तने, पत्ती, फूल, फल से निन प्राप्त हो सकती हैं। अधिकांश रूप में टेनिन बार्क से मिलती है। टेनिन प्रदान रने वाले पौधे निम्न हैं—

छाल टेनिन (Bark Tannin)

1. बबूल की छाल (Babool Bark)—यह लेग्यूमोनेसी कुल के वृक्ष केशिया स्कोरपीयोडिस (Acacia scorpioides)—(old name—Acacia

arabica) से प्राप्त होती है। ये पौधे काफी संख्या में उत्तर प्रदेश, पंजाब, वम्बई तथा लगभग समस्त भारत में पाये जाते हैं। ये जंगली रूप से स्वयं उत्पन्न हो जाते हैं। कभी-कभी इनका उत्पादन भी किया जाता है।

इन पौधों की छाल प्रमुख रूप से प्रयोग में आने वाला चर्म शोधन पदार्थ है। इसका प्रयोग मुख्य रूप से भारी चमड़ा बनाने में होता है। वबूल की शाखायें चबाने के रूप में भी प्रयोग होती हैं। इन शाखाओं में टेनिन की उपस्थिति के कारण औषधि युक्त गुण होते हैं।

2. वेटिल (Wattle)—वेटिल छाल (wattel bark) **एकेशिया** (Acacia) की कई जातियों (species) जैसे *A. decussens* से प्राप्त होती है। इनसे प्राप्त टेनिन ग्रेट ब्रिटेन (Great Britain) में विशेष आर्थिक महत्व की है। इनकी छाल में 40, 50 प्रतिशत टेनिन होती है तथा यह सील के लिये मोटे चमड़े के निर्माण में प्रयोग होती है। ये पौधे मद्रास, आस्ट्रेलिया, दक्षिणी अफ्रीका, सिलोन (Ceylon), ब्राजील (Brazil) आदि देशों में पाये जाते हैं।

3. हेमलोक (Hemlock)—बहुत पुराने समय से ही यूनाइटिड स्टेटस (United States) में हेमलोक (Hemlock) टेनिन tannin) के रूप में प्रयोग हो रही है। यह *Tshga candensis* नामक वृक्ष की छाल से प्राप्त होती है। इस छाल में 8 से 14 प्रतिशत तक टेनिन होता है यह भेड़ की त्वचा (sheep skins) मोटे चमड़े के लियें प्रयोग होती है।

4. ओक (Oak)—ओक छाल (oak bark) **क्यूरकस मोनटाना**, (Quercus montana Q. velutina, Q. boreallis, Q. alba) वृक्ष से प्राप्त होती है। इसकी छाल में 6 से 11 प्रतिशत टेनिन होता है तथा यह भारी चमड़ा निर्माण में प्रयोग होता है।

5. टरमिन ली अरजुना (Terminalia arjuna of family combrataceae)—इसकी छाल में 20 से 25 प्रतिशत तक टेनिन होता है तथा यह चर्मशोधन व रंगाई में प्रयोग होता है। इसके द्वारा तयार चमड़ा उच्च कोटि का होता है। यह चमड़ा मुलायम तथा मजबूत होता है। ये पौधे समस्त केन्द्रीय दक्षिणी भारत (Central South India) में पाये जाते हैं।

इसके अतिरिक्त बार्क (bark) से टेनिन प्रदान करने वाले अन्य पौधे निम्न हैं—

6. **ब्रीडीलिया रैटयूसा**
   (**Bridelia retusa** of the family *Euphorbiaceae.*)
7. **कोशिया ओरीक्यूलाटा**
   (**Cassia auriculute** of the family *Leguminosae.*)
8. **कोशीया फिस्टला**
   (**Cassia fistula (Amaltas)** of the family *Leguminosae.*)
9. **केजयूराइना इक्वीसोटीफोलिया**
   (**Casuarina equisetifolia** of the family *Easuasinaceae.*)
10. **किरोपस टेगल**
    (**Ceriops tagal** of the family *Rhizophraceae.*)

11. इलारडेलड्रोन ग्लूपेकम
(Elardendron glaucum of the family *Celastraceae.*)

12. फेगेरस्टोमिया फारविफ्लोरा
(Fagerstoemia parviflora of the family *Lythraceae.*)

13. राइजोफोरा म्यूकरोनेटा
(Rhizophora mucronata of the family *Rhizophoraceae.*)

14. शोरिया रोबस्टा
(Shorea robusta (Saal) of the family *Dipterocarpaceae.*)

15. सोयामिडा फवरीपयुगा
(Soymida febrifugea of the family *Meliaceae.*)

16. जिजीपस जाइलोकारपस
(Zizypus xylocarpus (Ber) of the family *Rhamnuceae.*)

पत्ती से प्राप्त टेनिन (Leaf Tannins)

1. **सुयमक (Somac)**—रस ग्लेबरा (Rhus glabra, R. typhina and copallina) कुल एनाकारडियेएसी (family anacordiaceae) का यूनाइटिड (united states) में पाया जाने वाला प्रमुख वृक्ष है। इस वृक्ष की लाल की पत्तियों को पीसकर पाउडर बना लेते हैं जिसमें 10 से 25 प्रतिशत तक होता है।

2. **गैम्बीर (Gambier or white cutch)**—यह **यनकेरिया गैम्बीर (un-ria gambier)** (एक आरोही क्षुप—a climbing shrub) की पत्तियाँ व बाल शाखाओं से प्राप्त एक रेजीनियस पदार्थ है। इसकी पत्तियों को उबालने से टेनिन हो जाता है। इसमें लगभग 35 से 40 प्रतिशत तक टेनिन होता है तथा यह प्रकार के चमड़ों की रंगाई में प्रयोग होता है। गैम्बीर का प्रयोग औषधि में भी होता है।

3. **तेजपात (Tejpat)**—तेजपात लाउरेसी कुल (family lauraceac) के सनेमोम्म टेमला (cinnamomum tamla) की पत्ती से प्राप्त होता है तथा उपयोग टेनिन (tannin) के रूप में होता है। इस पौधे की छाल को **दाल-चीनी (Dalchini)** कहते हैं इनका प्रयोग भी टेनिन के रूप में होता है।

फल से प्राप्त टेनिन (Fruit Tannins)

1. **मायरोबालन (Myrobalan)**—(Fig. 20) माइरोवालन नटस (myro-balan nuts) **टरमीनेलिया चीबूला** (terimnalia chebula) व **टरमीनेलिया बेलीरीका** (terminalia bellerica) के कच्चे फल हैं। ये वृक्ष मध्य प्रदेश, मद्रास, बम्बई, बंगाल व उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से पाये जाते हैं। **टरमीनेलिया चीबूला** (Terminalia chebula) के कच्चे फल-हार (harr) तथा **टरमीनेलिया बेलीरीका** (Terminalia bellirica) के कच्चे फल-बेहरा (behra) में 30 से 40 प्रतिशत टेनिन होती है। ये टेनिन कपास, ऊन, चमड़े की रंगाई में प्रयोग होते हैं।



Fig. 20—Myrobalan nut the unripe fruits of terminalia·chebula.

जड़ से प्राप्त टेनिन (Root Tannins)

1. पालमिटो (Palmetto)—पालमिटो (palmetto) **Sabal palmetto** वृक्ष की जड़ें हैं। ये लगभग 10 प्रतिशत टेनिन रखती हैं।

2. जिरेनियम वेलीचीयेनम (Geranium wallichianum). (Family giraniceae)—इस पौधे की जड़ों से 25 में 35 प्रतिशत तक टेनिन होता है। इससे तैयार किया गया चमड़ा अच्छी क्वालिटी का होता है।

3. केनाग्री (Canaigre)–यह एक अमरीकन टेनिन (American tannin) पदार्थ है जो southern united states व Maxico के मूल निवासी पौधे **Rumex hymenosepalas** की जड़ों से प्राप्त होता है। इसमें 30 प्रतिशत तक टेनिन होता है तथा इससे मजबूत नारंगी चमड़ा तैयार होता है।

काष्ठ से प्राप्त टेनिन (Wood Tannins)

1. चेस्ट नट (Chest nut)—केसटेनीआ डेन्टाटा (Castanea dentata) की काष्ठ से टेनिन प्राप्त होती है। यह टेनिन उच्च तापक्रम पर काष्ठ के टुकड़ों से प्राप्त होती है तथा इनमें लगभग 30 से 40 प्रतिशत तक टेनिन होती है। इस टेनिन का उपयोग भारी चमड़े के निर्माण में होता है।

2. क्यूबेरेको (Quebracho)—यह साइनौपसिस लोरनटिजी (**Schinopsis Lorentzil**) नामक वृक्ष की हर्ट वुड से प्राप्त होती है। इससे 40 से 60 प्रतिशत तक टेनिन होता है। इसका उपयोग समस्त प्रकार के चमड़ों के निर्माण में होता है।

प्रश्न 35—टेनिन के पौधों के वनस्पतिक साधन, उद्गम व उनके उपयोगों का वर्णन करो।

Mention the botanical sources, places of origin and uses of Tannins.

कृपया प्रश्न 39 देखिये।

स्याही निर्माण

(The manufacture of ink)

प्रश्न 36—स्याही निर्माण पर टिप्पणी करो।

Write a note on manufacture of ink.

लिखने की स्याही का प्रयोग बहुत प्राचीनकाल से ही होता आया है। सर्व चारकोल, गोंद व वार्निश से मिलकर बनी **कार्बन स्याही (carbon ink)** का किया जाता है।

आधुनिक युग में विभिन्न प्रकार की स्याहियों (inks) का प्रयोग होने है।

कार्बन स्याही (carbon ink) एक स्थायी स्याही है। यह चीड़ की लकड़ी जलाकर काला कार्बन, धुएं के कण अथवा लैम्पों की कालिख को गोंद व ग्लू मिलाकर बनाई जाती है। **प्रिंटिंग स्याही** में कार्बनिक प्राकृतिक गैस से कर रेजिन, शुष्क होने वाला तेल प्रायः लिनसीड एवं अन्य किसी रासायनिक को मिलाकर तैयार की जाती है।

टेनिन स्याही (tannin ink)—इसका रंग गहरा नीला होता है तथा यह के युग में सामान्य प्रयोग की स्याही है। टेनिन इंक का वर्णन ग्यारहवीं दी से है। एलीपो (Aleppo) अथवा नट गेल्स (Nut gales), टेनिन nnin) का प्रमुख साधन है। ये नट गेल्स (Nut gales), एलीपो ऑक eppo oak) Querus infectoria की शाखाओं (twigs) पर अण्डे उत्पन्न वाले कीड़ों के कारण उत्पन्न चोट द्वारा उत्पन्न होते हैं। स्याही निर्माण में (gales) अथवा इनके रस (extract) को फैरस सल्फेट व गोंद तथा किसी के साथ मिश्रित करते हैं।

रंगीन स्याही (coloured ink)—का निर्माण natural dye stuff अथवा line dye को alum; पानी व गोंद के साथ मिलाने से होता है।

रंग एवं रंग द्रव्य (Dyes and Pigments)

प्रश्न 37—प्राकृतिक रंग क्या हैं ? पौधों से प्राप्त होने वाले विभिन्न रंगों वर्णन करो।

What are natural dyes ? Describe in brief the various dyes tained from plants.

प्राकृतिक रंग रंगने वाले पदार्थ हैं जो पौधे के विभिन्न भागों जैसे जड़, छाल, , पुष्प, फल, बीज आदि से प्राप्त होते हैं। पादप कोशाओं में विभिन्न रंग जैसे ments) उपस्थित होने के कारण ही रंग होता है। प्रायः सभी मुख्य रंग जैसे , पीला, हरा, भूरा पादप रंग द्रव्य से प्राप्त होते हैं।

रंगों का मुख्य प्रयोग वस्त्र उद्योग से है। वस्त्रों में तेज रंग देने के लिए कपड़ों को एल्युमीनियम आयरन अथवा क्रोमियम के हल्के घोल में भिगोना हिये। इसके रंग धातुओं के साथ मिलकर अघुलनशील यौगिक बना लेते हैं। इन का प्रयोग पेन्ट, वार्निश, चमड़े, स्याही कागज, काष्ठ, फर, भोज्य पदार्थ, षधियों आदि के रंगने में भी होता है।

समस्त रंगों का पूर्ण विवरण यहाँ पर सम्भव नहीं है। कुछ प्रमुख रंग) निम्न प्रकार से हैं।

काष्ठ रंग (Wood Dyes)

ये रंग काष्ठ से प्राप्त होते हैं।

1. हीमोटोक्सीलीन (Haematoxylin)

यह रंग (Dye or colouring matter) कुल लैग्यूमीनेसी (family leguminaceae) के एक छोटे काँटेदार वृक्ष **हीमेटोक्सलोन केम्पीचीयेनम** (**Haematoxylon compechianum**) की काष्ठ से प्राप्त होती है। यह पौधा मैक्सिको (Mexico) का मूल निवासी है। यह लाल रंग (purplish red colour) का होता है तथा इसे हीमेटोक्सलीन (haematoxylin) कहते हैं। यह प्राकृतिक रूप में (natural state) अथवा किसी mordant के साथ प्रयोग किया जाता है। इसमें काफी मात्रा में टेनिन भी उपस्थित होने के कारण यह लोहे के लवण प्रयोग से काला रंग बनाते है जो वस्त्र, ऊन, चमड़े आदि को रंगने में उपयोगी है। इनका प्रयोग स्याही निर्माण में भी होता है। हीमोटोक्सीलीन वनस्पति विज्ञान प्रयोगशाला में उत्तक भिन्न के लिए स्टेन के रूप में भी होता है।

2. कच (Cutch)

कच शब्द (Term cutch) विभिन्न प्रकार के रंग एवं टेनिन पदार्थों के लिए प्रयोग होता है। काला कच (black cutch of catechu) भूरे रंग का मुख्य साधन है। यह **अकेसिया कटेचू** (Acacia catechu) की heart wood से प्राप्त होता है। ये वृक्ष भारत व बर्मा में पाये जाते हैं। ब्लेक कच अथवा **कत्था** (black cutch or katha) काष्ठ के टुकड़ों को पानी में उबाल कर प्राप्त किया जाता है। यह गहरे रंग का पदार्थ है तथा इससे भूरे, खाकी रंग प्राप्त होते हैं। यह औषधि, पान व अन्य पदार्थों में प्रयोग किया जाता है।

3. लाल चन्दन (Red Sandal wood)

सैन्टेलिन रंग (Dye Santalin) एक गहरा लाल यंग (blood red colour) है जो लैग्यूमीनेसी कुल (family leguminaceae) के पौधे **पेट्रोकारपस सेन्टेलिनस** (Petrocarpus santalinus) की काष्ठ (wood) से प्राप्त होता है। यह कपड़ों व चमड़े के लिये गहरा गुलाबी रंग (fast pink colour) के लिये प्रयोग होती है। यह औषधियों को रंगने में भी प्रयोग में लायी जाती है।

4. बसन्ती (Artocarpus vern Basanti)

हल्के पीले रंग का बसन्ती रंग (Basanti Dye) **आरटोकारपस इनटिगरीफोलया** (Artocarpus integrifolia) तथा **आरटोकारपस हेटरोफाइला** (Artocarpus heterophylla) के काष्ठ के पाउडर से तैयार होता है। काष्ठ काँ पाउडर पानी में उबाल कर रंग तैयार कर लिया जाता है जो कपड़ों आदि को रंगने में प्रयोग होता है।

छाल से प्राप्त रंग (Bark Dyes)

पौधों की छाल से प्राप्त होने वाले मुख्य रंग निम्न है—

यूरोटिकरिन (Queroticrin)

यह एक चमकीले पीले रंग की डाई है जो ब्लैक ओक (black oak)—**ercus velutina** के वृक्ष की छाल से प्राप्त होती है। यह रंग चमड़े, कपड़ों, ी कपड़ों को रंगने में प्रयोग होती है।

लोको (Lokao)

लोको रंग (Lokao dye) अथवा chinese green **रेहमनस ग्लोबोसा** (hamnus globosa) व Rhamnus utilis की छाल से प्राप्त होता है। यह रंग मूर्ति व रेशमी वस्त्रों की रंगाई में प्रयोग होता है।

पत्ती से प्राप्त रंग (Leaf Dyes)

पत्ती से प्राप्त मुख्य रंग निम्न हैं :

नील (Indigo vern. Neel)

नील (Neel dye) लैग्यूमीनेसी कुल (family leguminasae) के पौधे **igoferea tinctora, I arrectia** एवं **I. suffruticosa** की पत्तियों से प्राप्त होती है। ये पौधे एकवर्षीय क्षुप (annual shrubs) हैं तथा भारत, जावा (Jawa) व नटाल (Natal) में उगाये जाते हैं। **भारत में इनका उत्पादन उत्तर-प्रदेश,** हार व मद्रास में मुख्य रूप से होता है।

नील (Indigo dye) भारत में बहुत प्राचीन काल से प्रयोग होता रहा है। पहले यह गहरा नील रंग (dark blue colour) समझा जारा था। यह पौधों में घुलनशील ग्लूकोसाइड इन्डिकन (Soluble glucoside indican) रूप में होती है जो पानी में घुलकर नीले रंग का नील (blue dye indigo) नाता है।

इस रंग को तैयार करने के लिये पुष्पकालीन पौधों को (fresh plants flowering season) को एक बड़े बर्तन में रखकर इनके ऊपर से रात भर नी गुजारते (stepped water for a night) हैं। इस द्रव को हिलाते रहते तथा इसे उबाल लेते हैं। अब इसे बारीक कपड़े से छानकर शुष्क करके neel प्त करते हैं।

नील (Neel) का उपयोग विश्व भर में होता है।

2. महेंदी (Henna vern. Mehndi)

महेंदी (Mehndi or henna) एक नारंगी रंग है। यह कुछ लायथेरेसी (family lythraceae) पौधे **लाऊसोनिया इनरीमिस (Lawsonia inermis)** की त्तियाँ एवं बाल शाखाओं से प्राप्त होती है। यह पौधा लगभग 6 से 8 फीट तक चाई में होता है तथा इजिप्ट (Egypt) का मूल निवासी है। यह पौधा भारत, रान के ऊष्ण प्रदेशों (tropical region) व समशीतोष्ण (sub tropical egions) में प्रमुख रूप से उगाया जाता है। इसकी पत्तियाँ शुष्क करके पीस ली ाती हैं। महेंदी एक तेज रंग है जो कपड़ों व चमड़ों की रंगाई में प्रयोग होता है।

भारत, पाकिस्तान व अन्य देशों में यह बालों के रंगने eye brows, finger nails आदि रंगने के लिये प्रयोग होता है।

3. पर्णहरिम (Chlorophyll)

पर्णहरिम (Chlorophyll) से हरा रंग प्राप्त होता है। यह प्राय: सभी हरे रंग पौधों से प्राप्त होता है। यह प्राय: पत्तियों से प्राप्त होता है। इसका प्रयोग भोज्य पदार्थों, साबुन, टूथपेस्ट, पाउडर आदि में होता है। यह एक हानि न पहुँचाने वाला रंग है।

प्रकन्द व जड़ों से प्राप्त रंग (Tubers and Root Dyes)

1. मदार (Madder)

यह चमकीला लाल रंग (bright red dye) है जो कुल रुबियेसी (family rubiaceae) के पौधे **रुबिया कार्डीफोलिया (Rubia Cardifolia)** की जड़ों से प्राप्त होती है। यह ग्रीस व एशिया (Greece and Asia) का जंगली पौधा है। यह रंग, ऊन, सूती कपड़ों, रेशमी कपड़ों आदि के रंगने में प्रयोग किया जाता है।

2. हल्दी (Turmeric Vern Haldi)

हल्दी भारत का एक मुख्य रंगाई वाला पदार्थ है। यह कुल जिन्जीबरेसी (family zingiberaceae) के पौधे **ट्यूमरिक डोमेस्टिका** (Turmeric domestica एवं T Zedoaria) के भूमिगत तनों (underground stem-tubers) से प्राप्त होती है। यह भोज्य पदार्थों एवं कपड़ों को पीला रंग देती है। यह रासायनिक सूचक (chemical indicator) के रूप में भी प्रयोग होता है। चूँकि इसका पीला रंग क्षार के सम्पर्क में आने पर लाल रंग में परिवर्तित हो जाता है।

पुष्पों से प्राप्त रंग (Flower Dyes)

1. सेफोलर (Safflower Vern. Kusum)

सेफोलर (safflower) कम्पोजीटी कुल (family compositate) के पौधे **कारथेमस टिनक्टोरियस** (Carthamus tinctorious) के पुष्पों से प्राप्त होता है। यह पौधा भारत का मूल निवासी है तथा ऊष्ण प्रदेशों में वितरित है। इस पौधे के शुष्क पुष्पों में लाल व पीले रंग प्राप्त होते हैं! ये रंग सूती वस्त्र, रेशमी वस्त्रों, खिलौने आदि रंगने में प्रयोग होते हैं।

2. सेफरोन अथवा केसर (Safforn Vern Kesar)

पीले रंग का केसर (yellow coloured dye saffron) के पुष्पों से (family iridaceae) के पौधे **कोरकस सेटाइवस (Crocus sativus)** के पुष्पों से प्राप्त होता है। यह पौधा ग्रीस (Greece) व एशिया (Asia minor) का मूल निवासी है परन्तु अब यह भारत, यूरोप, चीन आदि में भी उगाया जाता है। पुष्प के जायांग (gynoecium) के वर्तिकाग्र (stigma and tops of shyles) रंग बनाने में प्रयोग होते हैं। इनको पुष्प के खिलते ही कृत्रिम ताप द्वारा शुष्क कर लेती हैं। लगभग 4000 पुष्पों से एक औंस रंग तैयार होता है यह रंग पानी में अघुलनशील होने के कारण कपड़ों आदि की रंगाई में प्रयोग नहीं हो पाता है। भारत में इसका प्रयोग विशेषकर चावल, कढ़ी एवं अन्य कन्फैक्शनरी पदार्थों के रंगने एवं सुगन्धित करने में किया जाता है। **यह औषधियों के लिये भी मुख्य है।**

ाक (Dhak)

कुल लेग्यूमीनेसी (family leguminasae) के पौधे ब्यूटीया फ्रोन्डोसा a frondosa) के पुष्प नारंगी रंग के होते हैं तथा इन्हें टेसू (tessue) कहते नसे पीला रंग मिलता है। इस रंग का प्रयोग घरेलू कार्यों में होता है। यह हिंदुओं द्वारा होली के त्यौहारों पर भी काफी मात्रा में प्रयोग किया जाता है।

फल से प्राप्त रंग (Fruit Dyes)

र्सियन बेरीज (Fersian Berries)

यह रंग रेहमनस इनफेक्टोरिया (Rhamnus infactoria) [or buck rn] पौधे के शुष्क कच्चे फलों से प्राप्त होता है। ये पौधे दक्षिणी यूरोप, एशिया ान में उगते हैं। इनके फलों से पीले व हरे रंग प्राप्त होते हैं जो प्रायः यूरो- य देशों में प्रयोग किये जाते हैं।

मेला (Kamela)

यह रंग कुल यूफोरनीयसी (family euphorbiaceae) के पौधे मेलोटस ाइनेनसिस (mallotus philippinsis) के फलों से प्राप्त होता है। ये पौधे ा, मध्य प्रदेश व सबहिमालयन ट्रेक (Sub-Himalyan tracts) में पाये जाते । इस रंग का प्रयोग सिल्क व सूती वस्त्रों की रंगाई में होता है।

बीज से प्राप्त रंग (Seed Dyes)

न्नाटो (Annato)

यह चमकीला पीला रंग (bright yellow dye) है। यह कुल बिक्सेसी mily bixaceae) के पौधे बिक्सा ओरीलाना (Bixa orellana) के फलों it pulp) व बीजों से प्राप्त होता है। यह पौधा ऊष्ण अमेरिका (Tropical erica) का मूल निवासी है। ये पौधे सदैव हरे रहने वाले छोटी झाड़ियाँ होती । यह रंग यूरोप व अमेरिका में मक्खन को रंगने में प्रयोग होता है। भारत में का प्रयोग सिल्क व सूती वस्त्र रंगने, तेल, मक्खन रंगने आदि में किया जाता है।

प्रश्न 38—हीमोटोक्सीलीन प्रदान करने वाले पौधों का वनस्पतिक नाम ो। इसके क्या-उपयोग हैं?

Give the botanical name of the plant which yields Haemato-
lin. What are its uses?

(Allahabad 79)

Refer 37 देखिये।

———

6

गोंद एवं रेजिन

(GUMS AND RESINS)

प्रश्न 39—पौधों से प्राप्त होने वाले विभिन्न गोंद एवं रेजिन्स का वर्णन करो। इनके उपयोगों का भी विवरण दो।

Give a brief and illustrated account of gum aud resins obtained from plants. Mention their economic uses also.

वास्तविक गोंद (True gums) का निर्माण पौधों में गमोसिस (gummosis) की क्रिया द्वारा आन्तरिक ऊतकों के सेल्यूलोज के विच्छेदित होने से होता है। गोंद कोलायड अवस्था में पाया जाने वाला तथा पानी में घुलनशील पदार्थ है। यह एल्कोहल न अघुलनशील है। इनका प्रयोग चिपकाने में, छपाई व वस्त्र उद्योगों में किया जाता है। गोंद प्राय: शुष्क प्रदेशों में पाये जाने वाले पौधों से प्राप्त होता है। कुछ मुख्य प्रकार के गोंद निम्न हैं

1. गोंद अरेबिक (Gum Arabic)

यह लेग्यूमीनेसी कुल (family leguminceae) के पौधे **अकेशिया सेनीगल (Acacia senegal)** व अन्य इसकी जातियों से शुष्क गोंद के रूप में प्राप्त होता है। ये पौधे उत्तरी अफ्रीका के मूल निवासी हैं। ये पौधे भारत व सूडान में पर्याप्त मात्रा में लगाये जाते हैं। ये वृक्ष फरवरी, मई के मध्य जब इनके फल पक जाते हैं टेपड किये जाते हैं। इस विधि में छोटी कुल्डाड़ी के पौधे के स्तम्भ पर बाहरी छाल उतार कर छोटे-छोटे काट बना दिये जाते हैं। गोंद इन काटों से चिपचिपे द्रव के रूप में बाहर निकल कर कड़ा हो जाता है। कुछ दिनों पश्चात् पौधे के इन आँसू अथवा गोंद को एकत्रित करके, इससे अशुद्धियाँ दूर करके इसे गोंद की भाँति प्रयोग कर लेते हैं।

इसका प्रयोग औषधि निर्माण मिठाई में, स्याही निर्माण में, कपड़ों की रंगाई में चमक के लिए (in dyeing cloth to give lusture) होता है। इसका उपयोग प्राय: वस्त्र, म्यूसिलेज, पेस्ट, पालिश, पेन्टिग व कनफेक्शनरी उद्योगों (in the textile, mucilage paste, polish and confectionary industries and as a glaze in painting) में होता है।

2. गोंद टरगाकान्त (Gum Tragacanth)

यदि गोंद पौधों में पिथ व मैड्यूलरीरे की कोशाओं में म्यूसीलेजीनस पदार्थों (Mucilaginous substances) में परिवर्तन द्वारा बनता है तथा पौधों

तम्भों से स्वयं ही अथवा छाल को पंचर करने से वाहर आ जाता है। यह गोंद एस्ट्रेगलस गमीफर (**Astragalus gummifer**) तथा इसकी अन्य जातियों से होता है। ये पौधे पश्चिमी एशिया (Western Asia) तथा दक्षिणी-पूर्वी (South Eastern Europe) के वायवीय प्रदेशों (Arid regions) की काँटे-झाड़ियाँ (Thorn shrubs) होती हैं।

यह गोंद (Gum Tragacanth) केलिको प्रिंटिंग तथा अन्य उद्योगों में गी है। आधुनिक युग में यह गोंद औषधि के रूप में गस्सों के लिये adhesive का कार्य करता है तथा अविलेय पाउडरों में suspensions के लिए प्रयोग ता है।

राया गोंद (Karaya Gum)

यह गोंद स्टरक्यूलीयेसी (family sterculiaceae) के पौधे **स्टरकुलिया** (**Sterculia urens**) की छाल से प्राप्त होता है। यह वस्त्र, कान्तिवर्धक ार, पेस्ट व आइसक्रीम उद्योगों में प्रयोग होता है। यह पौधा केन्द्रीय भारत का वृक्ष है!

बबूल का गोंद (Babool Gum)

यह कुल लैग्यूमीनेसी (family leguminosae) के पौधे **एकेसिया अरेबिका** (**cacia arabica**) के स्तम्भों में प्राप्त होता है। यह एक निम्न कोटि का गोंद । इसका प्रयोग चिपकाने, छपाई, मिठाई आदि के लिये किया जाता है। ये पौधे त में पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं।

रेजिनस (Resins)

रेजिनस विभिन्न आवश्यक तेलों के आक्सीकृत उपप द हैं। ये अपने ायनिक संगठन से अत्यन्त जटिल होते हैं। रेजिन, कुछ विशिष्ट गुहाओं जिन्हें जिन केनालस कहते हैं, में पाया जाता है। रेजिन अत्यधिक रोगाणुरोधक होने के रण पौधों को सडने से बचाता है तथा साथ ही यह पौधों में उत्स्वेदन की क्रिया ो भी कम करता है। भारतवर्ष में रेजिन व्यापारिक रूप से निम्न पौधों से प्राप्त िया जाता है।

(A) डमार (Damar)

1. साल डमार (Sal damar) — *Shorea robusta*
2. श्वेत डमार (White damar) — *Vateria indica*
3. काला डमार (Black damar) —*Conarium strictum*

(B) शीलाक (Shellac)

1. **ब्यूटीआ मोनोस्पर्मा** (*Butea monosperma*)–Leguminasac (family)
2. **फाइकस रेलीगोसा** (*Ficus religiosa*) —Moraceae (,)
3. **केजेनस केजन** (*Cajanus cajan*) —Leguminosae(,,)
4. **जिजोफस जूजूबा** (*Zizyphus jujuba*) —Rhamnaceae (,,)

रेजिनस (Resins) के अन्दर कुछ विशिष्ट लक्षण होते हैं जिनके कारण नका कुछ उद्योगों में विशिष्ट महत्व है। इनके अन्दर तेल को वाष्पित करने तथा

स्वयं धीरे-धीरे कड़े होने के गुण के कारण यह व्यापारिक वार्निश निर्माण में उपयोगी है। ये रेजिनस विलेयकों में घोलकर पेन्ट के साथ मिश्रित कर उपयोग में लाये जाते हैं रेजिन पदार्थों (Resinous substances) का उपयोग जल रोधक स्तरों तथा सजावटी स्तरों के लिए भी होता है। इसका प्रयोग औषधि निर्माण, कागज के सज्जीकरण, सचिंग मोम निर्माण आदि बहुत से पदार्थों के निर्माण में भी होता है।

प्रश्न 40—पौधे से प्राप्त गोंद व रेजिन तथा उसके उपयोगों पर निबन्ध लिखो।

Write an essay on sources and uses of plants gums and resins. *(Kerala 82)*

प्रश्न 41—रेजिनस के वनस्पति प्राप्ति साधन एवं उपयोगों का वर्णन करो।

Mention the botanical sources, places of origin and use of Resins. *(Bombay 81)*

(उपरोक्त प्रश्नों के लिए प्रश्न 39 देखिये)

रबर एवं रबर प्रदान करने वाले पौधे

(RUBBER AND RUBBER YIELDING PLANTS)

प्रश्न 42—रबर प्रदान करने वाले पौधों के वनस्पतिक नाम लिखो। रबर पौधे के किस भाग में प्राप्त होती है तथा इसके क्या उपयोग हैं? सविस्तार लिखो।

Give the botanical names of the plants, which yield the Rubber. Mention the parts of the plants, from which they are obtained and describe their uses. (*Allahabad 80, Rajasthan 82*)

परिचय (Introduction)

रबर प्राय: कुल मोरेसी, यूफोरबीएसी एवं एपोसाइनेसी (moraceae euphorbiaceae and apocynaceae) के ऊष्ण एवं समऊष्ण प्रदेशों (tropical and subtropical regions) में पाये जाने वाले विभिन्न वृक्षों के क्षीर (latex of



Fig. 21—A. B. Lacticeferous tissue.
(A) Latex vessels is system of Lobella.
(B) Latex tubes in stem of Euphorbia,
(Non—articulate latex ducts)

milke juice) से प्राप्त की जाती है। रबर का सबसे बड़ा प्राप्ति साधन यूफोरबियेसी कुल (euphorbiaceae family) का सदस्य **हीवया ब्रेसीलीयनसिस (Hevea brasiliensis)**।

लेटेक्स (latex) हाइड्रोकार्बनस (hydrocarbons), तेलों (oils), प्रोटीनस (proteins), रेजिनस (resins), अम्लों (acids), शर्करा (sugars), विकरों (enzymes), लवणों (salts) तथा कायूटेजक्यू (cacutcheque) का एक श्वेत पानी समान (white watery) मिश्रण (mixture) है। लेटेक्स (letex) पौधे के अन्दर विशिष्ट गुहाओं (cavities), वाहिनियों (vessels) अथवा कोशाओं (cells) में पाया जाता है (Fig 17)। लेटेक्स (latex) के पौधों की महत्ता (significance of plants) का अभी पूर्ण ज्ञान नही है। लेटेक्स (latex) घाव भरने (healing of wounds), रक्षा (protection), पोषण (nutrition) पदार्थों के संवहन (transport of materials) तथा द्रव्य संग्रहक (fluid reservoir) आदि के रूप में कार्य करता है।

रबर के विषय में सर्वप्रथम कोलम्बस (columbus) ने यूरोपीयनस (Europens) को बतलाया था। प्रीस्टले (Priestley 1770) ने सर्वप्रथम रबर का नाम दिया चूँकि इसका प्रयोग पैंसिल के चिन्हों को साफ करने में क्रिया जा सकता है। मेक्निटोश (Mackintosh) ने 1823 में जलरोधक वस्त्रों के लिये एक नई विधि बनाई, लेकिन यह गुड इयर के वेल्कोनाईजिग विधि का आविष्कार 1839 में होने तक असफल रहा। इसके पश्चात् रबर उद्योग दिन-प्रति-दिन विकसित होता रहा तथा आज रबर के प्रयोग की बहुत अधिक महत्ता (value) बढ़ गई है। रबर अनेक लचक (elasticity), प्लास्टीसिटी (plasticity), विद्युत धारा प्रतिरोधक द्रव व गैसों के लिये अपारगम्य आदि गुणों के कारण अत्यन्त उपयोगी है।



Fig. 22—An Indian rubber tree (ficus elastica) with large prop. roots.

कुछ प्रमुख रबर प्रदान करने वाले पौधे एवं उनके कुल (families) निम्न

A. हीवया (Hevea Rubber or Para Rubber)—

1. *Hevea barsiliensis* — Euphorbiaceae.
2. *Hevea bentkamiana* — Euphorbiaceae.

B. पनामा रबर (Panama Rubber or Castilla Rubber)—

1. *Castilla elastica* — Moraceae.

C. सीरा रबर (Ceara Rubber)—

1. *Manithot glazioviti* — Euphorbiaceae.

D. इण्डिया रबर (India or Assam Rubber)—

1. *Ficus elastica* — Moraceae.

E. लागोस सिल्क रबर (Lagos Silk Rubber)—

1. *Funtumia elastica* — Apocynaceae.

F. लैन्डोफिया रबर (Landophia Rubber)—

1. *Landophia kirkii* — Apocynaceae.

G. गेयूली रबर (Guayule Rubber)—

1. *Parthenium orgenatatum* —

H. डेन्डीलोन रबर (Dandelion Rubber)—

1. *Taraxacum koksoghy* — Compositae.

यूफोरबिया इनटिसी (Euphorbia intisy), **क्रिप्टोस्टीजिया ग्रान्डीफ्लोरा** (yptosegia grandiflora), **एपोसाइनम केनाबियम** (Appocyanum canna-m) आदि रबर के साधन हैं। गुट्टा-पेरचा एवं बालाटा (gutta percha and lata) रबर, लचक रहित रबर है जो कुल सेपौटेसी (family sapotaceae) के सदस्यों से प्राप्त होती है।

रबर प्रदान करने वाले सर्वाधिक पौधों का विवरण निम्न प्रकार है।

हीव्या अथवा पेरा रबर
(Hevea or Para Rubber)

हीव्या रबर (heava rubber) यूफोरबियेसी कुल (family euphor-ceae) के रबर पौधे **हीव्या ब्रंसीलेनसिन (Hevea brasiliensis)** से प्राप्त ी है। ये पौधे दक्षिणी अमरीका (South America) के ऊष्ण प्रदेशों (tropical ions) के मूल निवासी हैं। ये पौधे वृक्ष होते हैं। ये निचले भाग में अशाखित ऊपर की ओर शाखित होते हैं। इन पौधों की ऊँचाई 60 फीट से 100 फीट तथा स्तम्भ का व्यास 8 से 12 फीट तक होता है। इसका स्तम्भ चिकना भूरे की छाल युक्त ट्राइफोलिएट पत्तियों तथा द्विलिंगी पुष्पों वाला होता है। इनके छोटे, केप्सूलर तथा तीन बीज वाले होते हैं। बीजों में लगभग 23 से 32 तक वसा तेल होता है। इस पौधे के स्तम्भ के कारटेक्स में बहुत-सी नियों में लेटेक्स पाया जाता है। ये पौधे लंका (Ceylon), इन्डोनेशिया

(Indonesia), मलाया (Malaya), संयुक्त राष्ट्र (United States), इंगलैण्ड (England), भारत (India), बर्मा (Burma), जावा (Java), सुमात्रा (Sumatra) में उगाये जाते थे।

दक्षिणी भारत व अन्य स्थानों पर इन पौधों के उगाने के लिये उचित प्रकार से सिंचित व लोमी भूमि की आवश्यकता होती है। इन पौधों की PH सहनशीलता 3 से 8 तक होती है लेकिन इसके लिये क्षारीय भूमि विशेष लाभप्रद है। इन पौधों में अच्छी से अच्छी वृद्धि के लिये 75°F से 95°F तक तापक्रम व 70 से 120 इन्च तक वर्षा आवश्यक है। पौधे बीजों अथवा cutting द्वारा उत्पादित होते हैं। लगभग 5 वर्ष का वृक्ष रबर प्रदान करने लगता है।

इन पौधों से रबर प्राप्त करने के लिये (for extraction of rubber) 5 से 7 वर्ष तक की आयु वाले वृक्षों के स्तम्भ (stem) पर गहरी काट कर दी जाती है तथा इन काटों के नीचे वे प्याले रख दिये जाते हैं। लेटेक्स एकत्रित करने वाले (seringuieros or natives who collect the latex) प्रति-दिन इन वृक्षों को देखते रहते हैं तथा कपों में लेटेक्स एकत्रित करके कोगुलेशन के नीचे भेज देते हैं। लेटेक्स फैक्ट्रीज में पहुँचने पर पहले अशुद्धियाँ दूर करने के लिये छान लिया जाता है, फिर इसे ऐसीटिक अम्ल अथवा फार्मिक अम्ल द्वारा कोगुलेट कर लिया जाता है तथा इसे लोहे के बड़े बर्तनों में डाल देते हैं जहां इससे रबर निर्माण हो जाता है। इस रबर को शुष्क कर लिया जाता है। यह रबर निम्न प्रकार की हो सकती है—



UTILITY OF RUBBER

Fig. 23—To collect rubber latex and its uses.

(i) सीट रबर (Sheet rubber)—यह पतली शीटश के रूप में होती है।

(ii) वोर्म रबर (Worm rubber)—यह नियमित आकार के टुकड़े होते हैं।

(iii) क्रेप रबर (Crape rubber)—यह छिद्रमयी स्ट्रेप के रूप में होती है।

(iv) स्प्रेड रबर (Sprayed rubber)—यह रबर के छोटे-छोटे टुकड़ों के रूप में होती है।

रबर का उत्पादन (Production of Rubber)

1938 से 1940 तक विश्व में लगभग 1,085,420 टन रबर का व्यापार हुआ। इसमें लगभग 99 प्रतिशत रबर दक्षिणी पूर्वी एशिया (South Eastern Asia) से प्राप्त होती है। ब्रिटिश मलाया ने 415918 टन, इन्डोनेशिया ने

2,745 टन तथा लंका (Ceylon) से 66,421 टन रबर का निर्यात (export) । इण्डोनेशिया, थाइलैंड, बोरनियो, भारत व बर्मा मुख्य उत्पादन करने वाले हैं। यूनाइटिड स्टेट (United States) में रबर का सर्वाधिक प्रयोग (greatest sumed) होता है।

रबर की उपयोगिता (Uses of Rubber)

रबर एक बहुत ही प्रमुख पादप उत्पादन (most indispensable of nt product) है तथा इसकी विभिन्न उद्योगों में अत्यधिक उपयोगिता है। भग 75 प्रतिशत कच्ची रबर टायर व ट्यूबस निर्माण में प्रयोग होता है। इसके रिक्त रबर, जूतों, यान्त्रिक समान जैसे जलरोधक कपड़े, बैल्ट आदि में, खिलौनों, द्युत उपकरणों आदि में प्रयोग होती है।

दृढ़ रबर कच्ची रबर को 30 प्रतिशत गन्धक के साथ वल्केनाइजिंग Vulcanizing) कर तैयार होती है। इसका उपयोग सर्जिकल उपकरण (surgical ppliances), टेलीफोन व रेडियो के भागों में किया जाता है। आधुनिक युग में र का प्रयोग सड़क-निर्माण में भी प्रारम्भ हो गया है।

प्रश्न 43—कुछ भारतीय वृक्षों के नाम लिखो जिनसे रबर प्राप्त होती है। न पौधों से रबर प्राप्त करने की विधि तथा पौधों के कुल (families) का वर्णन रो।

Name a few plants of India from which rubber is obtained. State the way of rubber extraction and the families to which those lants belong. (*Lucknow 78*)

प्रश्न 42 देखें।

प्रश्न 44—निम्न पर टिप्पणी लिखो—

(1) पैरा रबर।

(2) रबर।

Write note—

(1) Para Rubber (*Lucknow 82*)

(2) Rubber. (*Karnatak 81, Kanpur 77*)

प्रश्न 42 देखें।

———

8

तेल एवं तेल प्रदान करने वाले पौधे

(Oils and Oils Yielding Plants)

प्रश्न 45—पौधों से निकलने वाले तेलों पर निबन्ध लिखिये और उनके उपयोगों पर प्रकाश डालिये।

Write an essay on oils obtained from plants with reference to their uses.

परिभाषा (Definition)

तेल जटिल रासायनिक यौगिक हैं। ये ग्लिसरोल के ट्राईएस्टर (Triesters of glycerol) हैं जिनमें मुख्य रूप से पामेटिक एसिड (palmatic acid), स्टीयरिक एसिड (stearic acid) तथा ओलिक एसिड (oleic acid) आदि कार्बनिक अम्लों (organic acids) की लम्बी शृंखला (Long chain) होती है।

दूसरे पदार्थों की भाँति तेल भी पौधों के विभिन्न भागों में उपस्थित रहते हैं। आधुनिक युग में तेलों की उपयोगिता बहुत अधिक बढ़ गई है तथा ये मनुष्य जीवन की प्रतिदिन आवश्यकताओं में अत्यन्त आवश्यक हो गये हैं।

तेलों के प्रकार (Kinds of oils)

मुख्य रूप से तेल दो प्रकार में विभाजित किया जाता है—

1. आवश्यक तेल (Essential oils)
2. वसीय तेल (Fatty oils)

आवश्यक तेल (essential oils) खुले रखे जाने पर वाष्पित हो जाते हैं, तथा इनमें तेज एरोमेटिक गन्ध (aromatic smell) होती है। **वसीय तेल (Fatty oils)** प्रायः ठोस अवाष्पित होने वाले तथा एरोमेटिक गन्धहीन होते हैं।

1. आवश्यक तेल (Essential Oils)

आवश्यक तेल बहुत से पौधों में पाये जाते हैं दूसरे तेलों से अपनी वाष्पित प्रकृति, तेज गन्ध व pleasant taste के कारण पहिचाने जा सकते हैं। रासायनिक रूप से जटिल प्रकृति के होते हैं तथा प्रायः इनमें हाइड्रोकार्बनस (Hydrocarbons) Terpenes तथा ऑक्सीजीनेटिड (oxygeanted) व सल्फ्यूरेटिड (sulphurated) तेल होते हैं। आवश्यक तेल पादप उपापचय (plant metabolism) के उपपाद होते हैं तथा इनकी तेज गन्ध कीट पतंगों को परागण के लिये आकर्षित करने तथा पौधे की रक्षा के लिये शत्रुओं को भगाने में सहायक होती है। ये तेल बहुत सी कार्य की क्रियाओं में भी प्रमुख कार्य करते हैं।

आवश्यक तेल प्राय: सभी एरोमेटिक पौधों में पाये जाते हैं । ये प्राय: 60 (families) से सम्बन्धित पौधों में पाये जाते हैं, उनमें से कुछ प्रमुख कुल हैं—

लारेसी (Luaraceae), मिरटेसी (Myrtaceae), अम्बीलीफेरी (Umbe- ae), लेबियेटी (Labiatae), कम्पोजीटी (compositae), रोजेसी (Rosa-), रूटेसी (Rutaceae) आदि ।

ये तेल पौधे के किसी भी भाग में जैसे गुलाब के पुष्पों, नारंगी के फलों में, (mint) की पत्ती में, सिनेमन (cinnamon) [दाल चीनी] की छाल में न के बीजों में, उपस्थित रहते हैं ।

यक तेलों का निकालना (Extraction of Essential oils)

आवश्यक तेल पौधों के विभिन्न ऊतकों से उनके स्थायित्व के आधार पर न प्रकार से निकाले (extract) जा सकते हैं । इन तेलों के निकालने के लिए न तीन विधियाँ प्रमुख हैं ।

1. आसवन (Distillation)
2. व्यंजक (Expression)
3. विलेयक विधि (By solvent Method)

आसवन विधि द्वारा (By Distillation)—

इस विधि में तेल रखने वाले पौधे के भाग को एक कोष्ठ में रखकर इसके र से वाष्प प्रभावित करते हैं । इससे तेल वाष्पित होता है तथा वाष्प के साथ न में आ जाता है । ठंडा होने पर तेल पानी की सतह पर एकत्रित हो जाता है। आसवन विधि आवश्यक तेलों के निकालने की सामान्य विधि है ।

व्यंजक द्वारा (By Expression or Pressure)—

इस विधि में तेल युक्त पादप भागों को अधिक दबाव में रखते हैं जिससे तेल ल आता है । यह एक सामान्य विधि नहीं है ।

विलेयकों द्वारा (By Solvents)—

इस विधि में तेल पादप भागों से विलेयकों द्वारा निकाला जाता है । ये यक अवाष्पन वाले अथवा वाष्पन पदार्थ होते हैं । इस विधि में तेल युक्त पादप को बारीक टुकड़ों में तोड़कर कुछ उच्च तापक्रम पर विलेयकों के साथ मिश्रित ते हैं । इस प्रकार तेल विलेयक में विलेय हो जाता है । अब तेल इस विलेयक से किसी विधि द्वारा पृथक हो जाता है । यदि विलेयक अवाष्पन वाला वसा ा है तब इसे ईथाइल एल्कोहल पृथक कर लेते हैं । वाष्पन वाले विलेयक से ऊपरी पृथक कर लेते हैं तथा बाकी बचा भाग तेल रह जाता है जिसे शुद्ध कर लिया ता है।

आवश्यक तेलों के उपयोग (Use of Essential oils)

आवश्यक तेलों की उपयोगिता विभिन्न उद्योगों धन्धों में अत्याधिक है। इसकी कुछ मुख्य उपयोगिता निम्न हैं—

1. इनका (आवश्यक तेलों) का प्रयोग तेज गन्ध होने के कारण साबुन, सेंट, सुगन्धक व श्रृंगार सामान आदि में होता है।

2. इनका प्रयोग विभिन्न पदार्थों जैसे कैन्डी (car dy), आइसक्रीम, वलय द्रव (cordial liquors) तथा एल्कोहल रहित पेय में सुगन्धित पदार्थ के रूप में होता है।

3. इनमें चिकित्सीय (Therapeutic), रोगाणुरोधक (antiseptic or bactericidal) गुण होते हैं तथा इसलिये ये औषधि उद्योग में महत्वपूर्ण है।

4. इनका उपयोग औतिकी कार्यों (Histological work) में स्वच्छ कर कारक (clearing agent) की भाँति, पेंट व वर्निश उद्योगों में विलेयक के रूप में कीटनाशकारी एवं गन्धहर की भाँति होता है।

इनका उपयोग विभिन्न सुगन्धियों (synthetic odours) एवं सोरभि (perfumes) के रूप में विभिन्न पदार्थों जैसे चर्वक गम, तम्बाकू, पालिश, इंक, टुथपेस्ट आदि होता है।

आवश्यक तेलों के प्रकार (Kinds of Essential oils)—

यद्यपि आवश्यक तेलों का वर्गीकरण एक जटिल समस्या है क्योंकि एक तेल जैसे लोंग का तेल सुगन्धि के लिये, औषधि में, औतिकी (Histology) में प्रयोग किया जाता है। फिर भी आवश्यक तेलों को निम्न तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है—

A. सुगन्धित तेल (Perfume oils)

B. सुरस तेल (Flavouring oils)

C. औषधि एवं औद्योगिक तेल (Medicinal and Industrial oils)

A. सुगन्धित तेल (Perfumed oils)

सुगन्धित तेल बहुत प्राचीन काल से ही प्रयोग में रहे हैं। इजिप्ट (Egyptians) निवासी व प्राचीन हबरीऊस (Ancient Hebrews) ने इसका प्रयोग अपने व्यक्तिगत एवं धर्म उद्देश्यों के लिये किया था। प्राचीन काल से ही सुगन्धित तेल काफी स्वच्छकारक (hygenic) एवं सौन्दर्य मूल्य (aesthetic value) के रहे हैं। इन्होंने वास्तविक रूप से रोगाणुरोधक (antiseptic) एवं गंधहरों (deodorants) कार्य कर स्वच्छता से सहयोग दिया। आज भी सुगन्धित तेलों की बहुत अधिक माँग है।

कुछ मुख्य आवश्यक तेल जिनका प्रयोग सुगन्धि (perfume) के रूप में किया जाता है निम्न हैं :—

गुलाब का तेल अथवा इत्र गुलाब (Otto of Roses or Attar Gulab or Rose)

यह तेल रोजेसी कुल (Family Rosaceae) के पौधे रोजा डेमासकेना damascena) एवं रोजा सेन्टीफेलिया (Rosa centifalia) के पुष्पों से होता है । यह सर्वाधिक पसन्द किया जाने वाला बहुत अच्छी सुगन्ध वाला है। इस तेल के निर्माण के लिये गुलाब के पुष्पों को प्रात.काल के समय में तोड़-शीघ्र से शीघ्र आसावित करते हैं । प्रारम्भ में तेल रंगहीन होता है जो धीरे-पीले अथवा हरे रंग का हो जाता है । लगभग 1 पौंड तेल तैयार करने के लिये 000 पौंड पुष्पों की आवश्यकता होती है । यह गुलाब का तेल (Otto of es),बुलगारिया (Bulgaria), फ्रांस, भारत, इटली व उत्तरी अफ्रीका में निर्मित ufacture) किया जाता है ।

गुलाब के तेल (Otto of roses) का प्रयोग केश तेल, साबुनों एवं अन्य वर्धक (cosmetics) वस्तुओं के घोल में प्रयोग होता है । गुलाब के तेल का से आसवन के बाद बचा हुआ घोल (very dilute solution) गुलाब जल se water of Gulab jal) कहलाता है । यह गुलाब जल नेत्र औषधि (eye p), मिठाई निर्माण (sweet preparation) एवं अन्य कार्यों में अधिक योगी है ।

जिरेनीयम तेल (Geranium oil)

यह तेल पिलेरीगोनियम (Pelarigonium) नामक पौधे की पत्तियों से वन विधि (distillation method) द्वारा प्राप्त किया जाता है । इस तेल का गुलाब के तेल के स्थान (as substitute for otto of Roses) पर साबुन दि को सुगन्धित करने के लिये किया जाता है । ये पौधे अल्जीरिया (Algeria), नीन (Reunion), फ्राँस (France), स्पेन (Spain), फ्लोरीडा (Florida), सास (Taxas) तथा केलीफोरनिया (California) में उगाये जाते हैं ।

3. यांग-यांग (Yang -Yang)

यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण सुगन्धित तेल है। यह तेल एनोनेसी कुल Family Annonaceae) के पौधे कारानगा ओडोरेटा (*Caranga adorata*) से त होता है । पुष्प के प्रथम आसवन (first distillation) से उत्तम प्रकार का प्राप्त होता है । ये फिलीपाइनस, बर्मा, जावा, भारत, पाकिस्तान व फ्रांस में ये जाते हैं । इस तेल का प्रयोग मुख्य रूप से पाउडर या कृत्रिम सुगन्धियों के र्माण में होता है ।

4. निरोली तेल (Neroli oil)

निरोली का तेल रूटेसी कुल (Family Rutaceae) के पौधे सिट्रस ओरोएनटम (**Citrus aurantium** or bitter orange or khatta) के पुष्पों से सवन विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है। यह तेल दूसरी संश्लिष्ट सुगन्धों

(synthetic perfumes) के साथ मिश्रित कर प्रयोग में लाया जाता है। दक्षिणी फ्रांस (Southern France) इस तेल के उत्पादन का केन्द्र है।

5. लवाण्डर तेल (Lavander oil)

यह कुल लेबीएटी (Family Labiatae) के पौधे **लवानड्यूला ओफिसियेनेलिस (Lavandula Officinalis)** के पुष्पों से आसवन विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है। यह तेल सुगन्धित एवं कान्तिवर्धक साबुन आदि के निर्माण में प्रयोग होता है। यह तेल प्रायः स्नान करते समय पानी में मिश्रित कर लिया जाता है। ये पौधे दक्षिणी यूरोप (Southern Europe) के मूल निवासी हैं तथा इनको इंगलैंड में बहुतायत से उगाया जाता है।

6. रोजमेरी तेल (Rosemary oil)

यह तेल कुल लेबीएटी (Family Labiatae) के पौधे **रोजमेरीनस ओफिसियेनेलिस (Rosemarinus officinalis)** के पुष्पों से प्राप्त किया जाता है। यह तेल आसवन विधि द्वारा प्राप्त किया जाता है। ये पौधे मेडीटीरेनियन प्रदेश (Mediterranean region) के मूल निवासी हैं तथा ये यूरोप (Europe) व यूनाइटिड स्टेट्स (united states) में उगाया जाता है। यह तेल श्रृंगार साबुन एवं औषधि के निर्माण में प्रयोग किया जाता है।

7. चन्दन का तेल (Chandan oil)

चन्दन का तेल अथवा सैंडल वुड तेल सेन्टेलेसी कुल (Family Santalaceae) के सदस्य **सेन्टेलम एलबम (Santalum album)** की हर्ट वुड से आसवन द्वारा प्राप्त किया जाता है। ये पौधे भारत में मैसूर प्रदेश व दक्षिणी पूर्वी एशिया (South Eastern Asia) तथा अन्य देशों में पाये जाते हैं। इनका तेल सुगन्धित साबुन (Perfumary soap) व औषधियों के निर्माण में उपयोगी है। इस तेल का प्रयोग कीटाणु-नाशक (insecticide) व कीट भगाने (insect repellent) में भी किया जाता है।

8. चम्पा का तेल (Champa oil)

चम्प का तेल भारत व अन्य देशों का एक सुप्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण सुगन्धित तेल है। यहते लकुल मेगनोलियेसी (Family Magnoliaceae) के पौधे चम्पा (champa) अथवा **माइकेलिया चम्पेका (Michelia champaca)** के पुष्पों से प्राप्त किया जाता है। ये पौधे भारत में काफी मात्रा में उगाये (cultivated) जाते हैं। इस तेल का प्रयोग सुगन्धित (perfumes) के लिये तथा कई औषधियों के निर्माण के लिये किया जाता है।

9. नैयर तेल (Nair oil)

यह तेल कुल रुटेसी (Family Rutaceae) के पौधे **सिकीमिया लायूरीओला (skimmia leureola)** की पत्तियों से प्राप्त किया जाता है। ये पौधे काश्मीर व खासी (khashi) की पहाड़ियों (Hills) में उगते हैं। इसका तेल साबुन आदि को सुगन्धित करने में प्रयोग किया जाता है।

ग्रास तेल (Grass oil)

ये तेल ग्रास कुल (grass family) के विभिन्न सदस्यों से निकाला जाता है सुगन्धि के रूप में प्रयोग होते हैं। कुछ इस प्रकार के तेल निम्न हैं—

सिट्रोनीला तेल (Oil of Citronella)

यह तेल सिम्बोपोगोन नरडस (cymbopogon nards) की पत्तियों से (distillation) द्वारा प्राप्त किया जाता है। ये पौधे जावा (Java) व (Ceylon) में उगाये जाते हैं। यह पीले रंग का तेल सस्ते प्रकार (cheap) साबुन आदि को सुगन्धित करने में प्रयोग होते हैं।

लेमन घास तेल (Lemon grass oil)

यह तेल आसवन विधि (distillation) द्वारा **सिम्बोपोगोन सिट्रेटस** (cym-pogon citratus) की पत्तियों से प्राप्त किया जाता है। यह पीले लाल रंग का वाला, खट्टे स्वाद वाला तेल है। इसका उपयोग साबुन व औषधि निर्माण किया जाता है। इसका प्रयोग साबुन, श्रृंगार सामानों, कान्तिवर्धक वस्तुओं को सुगन्धित करने में भी किया जाता है। यह लैमन ग्रास (lemon grass) प्रदेशों (eastern tropics) में बहुत सामान्य है तथा भारत, लंका, पूर्वी अफ्रीका एवं मैडागासकर (Medagascor) में उगायी (cultivated) ती है।

(B) सुरस तेल (Flavouring Oils)

ये तेल भोज्य पदार्थों को सुरस (flavour) करके उन्हें खाने में स्वादिष्ट देते हैं तथा ये गेस्ट्रिक रस (gastric juices) की गति भी तेज कर देते हैं। मुख्य सुरस तेल (flavouring oils) निम्न हैं—

लौंग का तेल (Clove oil)

लौंग का तेल (clove oils), लोंग (long or clave) को पामी की वाष्प



Fig. 24—Clove plant.

(water steam) द्वारा अ सवन (distillation) से प्राप्त होता है। लौंग (clove) कुल मिरटेसी (family Myrtaceae) के पौधे साइजियम ऐरोमेटिकम (syzygium aromaticum syn. eugenia caryopyllata) की बंद पुष्प कलिकायें (unopened flower buds) हैं, यह शंकुकार (conical) छोटा (small) वृक्ष है। ये पौधे प्रायः पश्चिमी घाटों (western ghats) पर उगते हैं। लौंग (clove) बहुत अधिक एरोमेटिक (aromatic) होती हैं इसका तेल औषधि के रूप में प्रयोग होता है। यह पायरिया रोधक (antipyratic) तथा दांतों (toothache) में प्रयोग किया जाता है। ये साबुन आदि को सुगन्धित करने तथा औतिकी पदार्थों (histological preparation) को स्वच्छ (clearing) करने में भी प्रयोग किये जाते हैं। भोज्य पदार्थों में इनका प्रयोग अत्यधिक लाभकारी है।

2. पीपरमैन्ट तेल (Pipperment oil)

व्यापारिक पीपरमैन्ट कुल लेबीएटी (family labiatae) के पौधे मेन्थापाइपीरेट (menthapiperita) के वायवीय भागों (aerial parts) के आसवन (distillation) से प्राप्त होता है। इस तेल का उपयोग औषधि निर्माण में बहुत अधिक मात्रा में किया जाता है। पीपरमैन्ट तेल से इसके रवे (crystals) प्राप्त कर लिये जाते हैं जो भारतवर्ष में पान को सुगन्धित करने में प्रयोग होते हैं।

अन्य flavour oil प्रदान करने वाले पौधों के विषय में अध्याय 14 में वर्णन किया गया है।

C. औषधि एवं औद्योगिक तेल
(Medicinal and Industrial oil)

1. कपूर (Camphor)

कपूर (Camphor) कुल लाऊरेसी (family lauraceae) के पौधे सिनेमोमम केम्फोरा (Cinnamomum camphora) की काष्ठ (wood) की आसवन (distillation) से प्राप्त होने वाला उद्योगों (industries) में प्रयोग होने वाला प्रमुख आवश्यक तेल (essential oil) है। ये पौधे चीन, जापान व फोरमोसा के मूल निवासी (native) हैं, तथा अब ऊष्ण व समउष्ण (tropical and subtropical) देशों में उगाये जाते हैं। इन पौधों की काष्ठ (wood) व पत्ती (leaf) के पाउडर (powder) को वाष्प (steam) द्वारा आसवित (distillation) किया जाता है। कपूर (camphor) रवेदार रूप (form of crystals) में प्राप्त होते हैं। ये रवे (crystals) के रूप में शुद्धता (purification) के पश्चात् बाजार में मिलते हैं।

व्यापारिक कपूर कड़ा, श्वेत, अल्प पारदर्शी (translucent) व तेज गन्ध वाला होता है। यह सामान्य तापक्रम पर ठोस होता है तथा शीघ्र ही वाष्पित (volatile) हो जाता है। यह औषधि-निर्माण में प्रयोग होता है।

2. सीडर काष्ठ तेल (Cedor wood oil)

यह तेल जिम्नोस्पर्मस वर्ग (gymnosperms) के पौधे जूनिपेरस विरजीनाना (Juniperus virginana) व j. macropoda की काष्ठ (hard wood)

ष्प आसवन (steam distillation) से प्राप्त किया जाता है। ये पौधे बिलो-तान व हिमालय में पाये जाते हैं। यह तेल बहुत अधिक परावर्तक अंक fractive index) वाला है तथा औतिकी अध्ययन (anatomical studies) च्छ कारक (clearing agents) के रूप में प्रयोग होता है। यह तेल साबुन ुगन्धित करने, पालिश में कीट, भगाने (insect repellent) में प्रयोग ता है।

2. वसीय तेल (Fatty Oil)

रिचय (Introduction)

वसीय तेल (fatty oils or fixed oils) अवाष्पित (non-volatile) होते था इनमें ग्लिसरीन (glycerene) वसा अम्लों (fatty acids) युक्त होती है। ायनिक दृष्टिकोण से वनस्पति वसीय तेल (vegetable fatty oils), जन्तुवसा imal fats) के लगभग समान होती है। **वसीय तेल** (fatty oils) सामान्य क्रम पर द्रव (liquid) होते हैं तथा इनमें प्राय: ओलिक अम्ल (oilic acid) ता है। **वसा** (fats) सामान्य तापक्रम पर ठोस (solid) होते हैं तथा इनमें प्राया-टीयरिक अम्ल (stearic acid) अथवा पामेटिक अम्ल (palmitic acid) होता । ये वसीय तेल (fatty oils) पानी में अघुलनशील (insoluble in water) ा कई कार्बनिक बिलेयकों (organic solvents) में विलेय (soluble) होते हैं ब वसा (fat) को किसी क्षार (alkali) के साथ उबाला जाता है तब यह विच्छे-ित (decompose) होकर, वसा अम्ल (fatty acid) क्षार (alkali) के साथ ुक्त (combine) होकर साबुन (soap) बनाता है।

वसीय तेल (fatty oils) उष्ण (tropical) व शीतोष्ण (temperate) ों में पाये जाने वाले बहुत से कुल (families) में विभिन्न पौधों से प्राप्त होते हैं। ये तेल अधिकांश पौधों के बीजों में तथा कभी-कभी फलों, स्तम्भों तथा अन्य स अंगों में पाये जाते हैं। बहुत से वसीय तेल खाने योग्य (edible) होते हैं तथा नुष्यों द्वारा सुरक्षापूर्वक (safely) खाये जाते हैं। प्राय. खाने योग्य तेल (edible ls) हाइड्रोजीनेशन (hydrogenation) की विधि द्वारा तैयार किये जाते हैं।

सीय तेलों का निकालना (Extraction of fatty oils)

वसीय तेलों को प्राप्त करने के लिए (for extraction of fatty oils) ाः वसीय तेल युक्त बीजों को या तो महीन पाउडर में पीसकर (grind into a e powder) विलेयकों (solvents) द्वारा तेल पृथक कर लेते हैं अथवा इन बीजों ो मशीनों (तेल के कोल्हू अथवा एक्सपैलर) द्वारा बहुत अधिक दबाव (hydrau-c pressure) में रखते हैं जिससे बीजों से तेल पृथक हो जाता है तथा बाकी बचा टीन युक्त भाग (residue vern. khal) जानवरों के खाद्य (cattle feed) व रक (fertilizer) के रूप में प्रयोग होता है।

सीय तेलों की उपयोगिता (Uses of fatty oils)

वसीय तेल मनुष्य के जीवन के लिए अत्यधिक उपयोगी हैं। इनके कुछ मुख्य योग निम्न हैं—

1. बहुत से हाइड्रोजीनेटिड वसीय तेल (hydrogenated fatty oils) खाना बनाने के माध्यम (cooking medium) के रूप में प्रयोग होते हैं।
2. बहुत से वसीय तेल जैसे अलसी का तेल (linseed oil) पेंट उद्योग (paint industry) में प्रयोग होते हैं। कुछ तेल रेजिन (resins) रंगों (colours) के मिलाने से पेंट व वार्निश (paint and varnishes) में परिवर्तित किये जा सकते हैं।
3. बहुत से वसा अम्ल (fatty acids) व तेल (oils) साबुन निर्माण में प्रयोग होते हैं।
4. कुछ वसीय तेल जैसे सरसों का तेल खाना पकाने के माध्यम (cooking medium) के रूप में प्रयोग होते हैं।
5. कुछ वसीय तेल रोगाणुनाशक (insecticides), संश्लिष्ठ रबर (synthetic rubber) निर्माण में, प्रकाश करने में (in lighting) तथा अन्य कार्यों में प्रयोग होते हैं।

वनस्पति अथवा वसीय तेलों का वर्गीकरण
(Classification of vegetable or fatty oils)

वसीय तेल निम्न चार प्रकार के हो सकते हैं—

1. शुष्कन तेल अथवा सूखने वाला तेल (Drying oil)
2. मन्द शुष्कन तेल (Semi drying oil)
3. अशुष्कन तेल (Non drying oil)
4. वसा अथवा चरबी (Fats or tallows)

1. शुष्कन अथवा सूखने वाले तेल (Drying Oil)

ये तेल खुले रहने पर (on exposing) ऑक्सीजन शोषित कर शुष्क (dry) होकर एक पतला लचीला स्तर (thin elastic layer) बना लेते हैं। ये तेल प्रायः पेंट व वार्निश उद्योगों (paints and varnish industries) में प्रयोग होते हैं। कुछ मुख्य शुष्कन तेल निम्न हैं—

1. अलसी का तेल (Linseed Oil)

यह तेल लाइनेसी कुल (family linaceae) के पौधे लाइनम यूसीटेटीसीमम (**Linum usitatissimum vern flox plant**) के बीजों से प्राप्त होता है। लिनसिड तेल (linseed oil) पेंट व वार्निश उद्योग से प्रयोग होने वाला एक बहुत प्राचीन तेल है। बीजों में 31 से 43 प्रतिशत तक तेल होता है। तेल को मशीनों द्वारा अधिक दाब देकर अथवा विलेयकों (solvents) द्वारा निकाला जाता है। तेल निकलने के बाद बाकी बचा भाग जन्तु भोजन के रूप में प्रयोग होता है। यह तेल हल्के पीले अथवा भूरे रंग का होता है तथा इनमें अम्लीय स्वाद व गन्ध होती है। इस तेल का मुख्य उपयोग पेंट व वार्निश, लिनोलियम, मृदु साबुन

soap) एवं छपाई की स्याही के निर्माण में होता है। इन पौधों का मुख्य केन्द्र टाइना (Argentina) है—परन्तु ये भारत, चीन, कनाडा, हंगरी, यूनाइटिड ड, रूस आदि में पर्याप्त मात्रा में उगाये जाते हैं।

ग तेल अथवा चायना काष्ठ तेल (Tung oil or China wood oil)

यह तेल चीन के मूल निवासी इयूफोरब्रीएसी (euphorbiaceae) कुल mily) के पौधे **एल्यूरीटस** (**Aleurites, A. fordii and A. montana**) से होता है। यह तेल गहरे पीले अथवा भूरे रंग का होता है तथा जल रोधक व वस्त्र निर्माण में प्रयोग होता है। यह बहुत अच्छा संग्रहक तथा मौसम रोधक होने के कारण बाह्य पेन्टस में अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

सोयाबीन का तेल (Soybean oil)

यह तेल लैग्यूमीनेसी कुल (family leguminasae) के पौधे **ग्लायसीमैक्स** ine **max**) के बीजों से मशीनों की अधिक दाब द्वारा प्राप्त किया जाता है। तेल खाना पकाने के माध्यम के रूप में प्रयोग होता है। इस तेल का विभिन्न ों में भी अत्यधिक महत्व है। यह तेल मोमबत्ती, साबुन, वार्निश, ग्रीस, लिनो- म, रबर सबस्टीट्यूट (rubber subsitute) रोगाणुनाशकों (insecticides) के निर्माण में उपयोगी है। इसकी खल (oil cake) में 40 से 50 प्रतिशत प्रोटीन होती है तथा यह बहुत ही महत्वपूर्ण जन्तु खाद्य पदार्थ (cattle feed) । इसका उपयोग प्लास्टिक, फोम, ऊर्वरक व सश्लिष्ट वस्त्र व उपपाद अन्य र्माण में भी होता है।

पीरीला तेल (Perilla oil)

यह तेल कुल लेबिएटी (family labiatae) के पौधे **पीरीला फ्यूटेसेन्स** rilla frutescens) के बीजों से प्राप्त होता है। ये पौधे 3 से 5 फीट ऊँचाई े, शाखित, एकवर्षीय होते हैं। ये पौधे उत्तरी भारत, चीन व जापान के मूल वासी हैं। इस तेल का उपयोग कागज, छत्तरी, पानी रोधक वस्त्र, कृत्रिम चमड़ा, टिंग इंक आदि के निर्माण में होता है। यह तेल पेन्ट व वार्निश उद्योग में भी योगी हैं।

2. मन्द शुष्कन अथवा कम सूखने वाले तेल (Semi Drying)

ये तेल खुले रखे जाने पर धीरे-धीरे ऑक्सीजन शोषित कर बहुत समय बाद पतली पर्त बनाते हैं। ये तेल खाने में, प्रकाश करने तथा साबुन व मोमबत्ती के र्माण में प्रयोग होते हैं। कुछ प्रमुख मन्द शुष्कन तेल निम्न हैं—

पास का तेल (Cotton Seed oil)

यह तेल कुल मालवेसी (family malvaceae) के पौधे **गोसीपियम** ssypium) के बीजों से (expression) द्वारा प्राप्त किया जाता है। इन ों में 20 से 40 प्रतिशत तक तेल होता है। ये पौधे भारत, अमेरिका, जापान दि में प्रमुख रूप से पाये जाते हैं। इस तेल का उपयोग साबुन, कपड़े धोने

का पाउडर, तेलीय वस्त्र, कृत्रिम चमड़ा, गिलसरीन, नाइट्रोगिलसरीन आदि के निर्माण में होता है। इसकी खल एक मुख्य भोज्य पदार्थ होता है।

2. कोर्न तेल (Corn oil)

यह तेल ग्रेमीनी कुल (family graminae) के पौधे मक्का-जिया मेज (zea mays) के बीजों के भ्रूणों (embryo of seeds) से प्राप्त किया जाता है। मक्का भारत का एक मुख्य अनाज है। इसका स्वच्छ तेल खाने में तथा कच्चा तेल बहुत उद्योगों जैसे साबुन, सस्ते पेन्ट आदि के निर्माण में प्रयोग होता है। इस तेल का प्रयोग चिकनाई के लिये भी किया जाता है।

3. सरसों का तेल (Rape or mustard or sarson or kadwa oil)

यह भारत का एक प्रमुख तेल है। यह तेल क्रूसीफेरी कुल (family cruciferae) वंश ब्रैसीका (Brassica) की विभिन्न जातियों जैसे (**B. compestris, B. napus, B. rapa**) आदि के बीजों से प्राप्त किया जाता है। इन बीजों से लगभग 30 से 45% तक तेल होता है जो प्रायः एक्स्पेलर मशीन अथवा कोल्हू द्वारा निकाला जाता है। ये पौधे भारत, चीन, जापान व यूरोप में प्रमुख रूप से उगाये जाते हैं। यह लैम्पों में ऊनी सामानों, साबुन आदि के निर्माण में प्रयोग होता है। शुद्ध तेल खाने योग्य हैं। यह तेल मशीनों में चिकनाई के लिये तथा बालों के तेल के रूप में भी प्रयोग होता है। इसकी खल एक प्रमुख जन्तु खाद्य पदार्थ है।



Fig. 25—Brassica Fruit with seeds.

4. तिल का तेल (Sesame oil)

यह तेल कुल पैडिलयेसी (family pedaliceae) के एकवर्षीय शाखीय पौधे (annual herb) सीसेमम इन्डीकम (Sesamum indicum) के बीजों से प्राप्त होते हैं। यह भारत का एक प्रमुख तेल है तथा बहुत प्राचीन काल से ही ये पौधे चीन व भारत में उगाये जाते रहे हैं। इनके बीजों में लगभग 50% तेल होता है तथा तेल दाब द्वारा निकला जाता है। इसका शुद्ध तेल खाने में तथा औषधि निर्माण में प्रयोग होता है। यूरोपीय देशों में इस तेल का प्रयोग भोज्य पदार्थों में अनिवार्य रूप से किया जाता है। ये तेल साबुन बनाने व चिकनाई के रूप में भी प्रयोग होता है। इसकी खल एक अच्छा जन्तु खाद्य पदार्थ है।

3. अशुष्कन अथवा न सूखने वाले तेल (Non Drying Oil)

ये तेल सामान्य तापक्रम पर द्रव रहते हैं तथा ये कोई पर्त नहीं निर्मित करते हैं। ये तेल खाने योग्य होते हैं तथा इनका प्रयोग चिकनाई के रूप में व साबुन निर्माण में होता है। कुछ मुख्य अशुष्कन तेल निम्न हैं—

रण्डी का तेल (Castor oil or arandi ka tel)

यह तेल यूफोरबियेसी कुल (family euphorbiaceae) के पौधे रीसिनस ुनिस (Ricinus communis) पौधों के बीजों के भ्रूणपोष (endosperms) प्त होता है। यह तेल cold expression द्वारा निकाला जाता है तथा इसका कार्यों के लिये प्रयोग किया जाता है। इसकी खल कुछ विषैली होती है। तेल लिनोलियम (linoleum), साबुन, कृत्रिम, चमड़ा, तैलीय वस्त्र, प्लास्टिक, राइटर स्याही आदि बनाने में प्रयोग किया जाता है। यह तेल वायु इन्जिनों लिये विशेष चिकनाई है। यह तेल पायस (emulsion) के रूप में एक अच्छे (purgative) के रूप में प्रयोग होता है। यह लैम्पों में जलाने में भी प्रयोग ता है। अरण्डी का पौधा ऊष्ण (tropical) व शीतल (temperature) प्रदेशों उगाया जाता है। ये पौधे भारत, ब्राजील चीन व मैक्सीको में पर्याप्त मात्रा में जाते हैं।

मूंगफली का तेल (Pea nut oil or moongphali ka tel)

यह तेल लैग्यूमीनेसी कुल (family leguminaceae) के पौधे एरेकिस पोजिया (Arachis hypogea) (मूंगफली का पौधा) के बीज अथवा नट



Fig. 26—Ground nut (Moongphali) plant.

प्राप्त किया जाता है। यह पौधा शायद ब्राजील का मूल निवासी है तथा अब रत, यूनाइटिड स्टेटस ऑफ अमेरिका, चीन व अफ्रीका में उगाया जाता है। फली का पौधा एक विशेष प्रकार का पौधा होता है। चूंकि इनमें पुष्प वायवीय ते हैं तथा ये पुष्प परागण व निषेचन के तुरन्त बाद भूमि के अन्दर चले जाते तथा इस प्रकार इसके फल-मूंगफली भूमि के नीचे उत्पन्न होती है। पौधे बीजों

अथवा नट से तेल अधिक दाब द्वारा एक्सपैलर की सहायता से निकाला जाता है। इसका शुद्ध किया हुआ तेल हाइड्रोजीनेशन द्वारा वनस्पति घी में परिवर्तित करके मुख्य खाना पकाने का माध्यम के रूप में प्रयोग होता है। यह तेल साबुन बनाने, प्रकाश करने, चिकनाई आदि के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। इसकी खल प्रोटीन युक्त होती है तथा मुख्य जन्तु खाद्य पदार्थ है।

3. औलीव तैल (Olive oil)

यह तेल ओलिएसी कुल (family oleaceae) के पौधे **औलिया यूरोपीय** (olea europaeae) के फलों से प्राप्त होता है। ये पौधे दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, यूनाइटिड स्टेट्स एवं मैक्सिको में उगाये जाते हैं। यह तेल सुनहरे पीले रंग का होता है। इसका प्रयोग प्रायः खाना बनाने के माध्यम एवं औषधि निर्माण में होता है। निम्न कोटि का तेल साबुन बनाने में तथा चिकनाई के रूप में प्रयोग होता है। खल का प्रयोग जन्तु भोजन में होता है।

5. वसा अथवा चर्बी

(Fats or Tallows or Vegetative oil)

ये वास्तव में सूखने वाले वसा हैं जो पौधे के विभिन्न अंगों से कृत्रिम अथवा प्राकृतिक उष्मा (Artificial or Natural heat) द्वारा प्राप्त किये जाते हैं। ये खाने योग्य होते हैं तथा इनका प्रयोग साबुन व मोमबत्ती निर्माण में बहुत अधिक है। कुल भारतीय वसायें निम्न हैं—


A FRUITING BRANCH OF COCONUT
DRUPE
MESOCARP
ENDOCARP
EYES
TESTA
SOLID ENDOSPERM
LIQUID ENDOSPERM
T. S. OF DRUPE

Fig. 27 Coconut

रियल का तेल (Coconut oil)

यह तेल पामी कुल (family palmae) के पौधे **कोकोस न्यूसीफेरा** (cocos ra) के बीच के शुष्क भ्रूणपोष (dried endosperm) से प्राप्त किया जाता एक सर्वाधिक. प्रयोग होने वाला वसीय तेल है। यह तेल सफेद व हल्के का होता है **जो प्राय:** 78°F तापक्रम से नीचे ठोस तथा 78°F के ऊपर ता है। नारियल के फल को तोड़कर इसके ऊपरी भाग को पृथक् करके फल, नट को खोल लेते हैं तथा इसको कृत्रिम अथवा प्राकृतिक ऊष्मा से शुष्क कर । यह शुष्क भाग अब कोपरा (copra or meat) कहलाता है। इसको पीस-विभिन्न विधियों से निकाल लेते हैं। यह लगभग 65 से 60 प्रतिशत तक न करता है। शुद्ध नारियल का तेल खाने योग्य होता है तथा यह भोजन के की मात्रा में प्रयोग होता है। यह तेल उत्तम प्रकार के साबुन, कांतिवर्धक (cosmetics), शेविंग क्रीम, शैम्पू तथा अन्य शृंगार प्रसाधन (toilet ation) बनाने में प्रयोग होता है। केवल यही एक ऐसा तेल है जिसका समुद्री साबुन (marine soap) बनाने में किया जाता है।

नारियल के वृक्ष समुद्री किनारे पर पाये जाते हैं। ये प्राय: लंका, भारत, इन आदि में पाये जाते हैं। भारत में केरल, आन्ध्र प्रदेश, उड़ीसा, महाराष्ट्र, पश्चिमी बंगाल व आसाम मुख्य है जहाँ पर ये बहुतायत में मिलते हैं।



Fig. 28—Coconut tree and its uses.

2. पाम तेल (Palm oil)

यह तेल कुल पामी (family palmae) के वृक्ष **इलेयस क्यूनेनसिस** (Elacis quinensis) के फलों से प्राप्त होता है। यह तेल भी सामान्य तापक्रम पर ठोस होता है तथा इसका प्रयोग साबुन निर्माण में होता है। उच्च कोटि का तेल खाने योग्य होता है। यह पौधा अफ्रीका का मूल निवासी है तथा समस्त ऊष्ण प्रदेशों में पाया जाता है।

3. महुआ का तेल (Mohu oil or Mowra Fat or Mahua butter)

यह कुल सेपीटेसी (family sapetaceae) के पौधे **मधुका इण्डिका** (Madhuca indica) व **मधुका लोंगीफोलिया** (Madhuca longifolia) के बीजों से प्राप्त किया जाता है। इन बीजों में 55 से 35 प्रतिशत तक तेल होता है यह हल्के पीले रंग का होता है तथा खाना पकाने में प्रयोग होता है।

मोम (Waxes)

मोम प्राय: कुछ पत्तियों व फलों की बाह्य त्वचा (epidermis) में पाये जाते हैं। इसका मुख्य कार्य व गुण पौधों में उत्स्वेदन (transpiration) द्वारा पानी की अधिकता को वाष्पित होने को कम करना है। मोम, वसा से अधिक सख्त व उच्च गलनांक (high melting point) वाला होता है। रासायनिक दृष्टिकोण से वसा के समान है। परन्तु मोम ग्लिसीराइड के स्थान पर मोनोहाइड्रिक एल्कोहल (monohydric alcohol) के एस्टर (ester) है।

सर्वाधिक प्रमुख वनस्पति मोम **करनयूबा मोम** (carnauba wax) है। यह वैक्स पाम (wax palm) अथवा **कोपरनीसा सरसीफेरा** (copernnica cercifera) की पत्तियों पर आँसू (exudations) के रूप में पाया जाता है। यह पौधा ब्राजील का मूल निवासी है। इस पौधे से मोम निर्माण करने के लिये पौधे की बाल पत्तियों को एकत्रित करके, सूर्य की रोशनी में कई दिनों तक सूखा लेते हैं जिससे मोम आटे के समान होता है। इसको केक्स (cakes) में परिवर्तित कर आयात के लिये टुकड़ों में विभाजित कर लेते हैं।

मोम का प्रयोग मोमबत्ती, साबुन, पेन्ट, कार्बन पेपर, फोटोग्राफ प्लेटस, रिकार्ड, बेटरीज, फिल्म्स, मरहम आदि अनेकों उपयोगी पदार्थों के निर्माण में होता है।

प्रश्न 46—अपने पढ़े हुए तेल प्रदान करने वाले पौधों के नाम लिखो। उनके वनस्पतिक नाम, कुल तथा भागों का वर्णन, जिनसे तेल निकाले जाते हैं।

Give the name of 3 oil yielding plants. Give their botanical names and families to which they belong and mention the parts from which oil is extracted.

(Bundelkhand 87)

प्रश्न 47—भारत के कुछ तेलों की वनस्पति एवं उद्योगों का वर्णन करो।

Write an account of the Botanical and Industrial description of a few oils of India.

(Agra 80)

प्रश्न 48—मूंगफली व नारियल का आर्थिक महत्व तथा एक भाग वाले ही आकारिकी स्पष्ट कीजिये । *(Indore 84)*

प्रश्न 49—निम्न तेल जिन पौधों से प्राप्त होते हैं, उनके वनस्पतिक नाम, तथा प्रदान करने वाले अंगों का वर्णन करो ।

(अ) अरण्डी का तेल । (ब) चन्दन का तेल । (स) सरसों का तेल ।
(द) लौंग का तेल । (य) कपूर ।

Give the botanical names, families and parts of the plants which the following are obtained—

(a) Castor oil.
(b) Sandal wood oil.
(c) Mustard oil.
(d) Clove oil. *(Rohelkhand 84)*
(e) Camphor .
(f) Coconut oil.

प्रश्न 50—अपने प्रदेशों के किन्हीं पाँच तेल प्रदान करने वाले पौधों के तेल भागों की आकारिकी का वर्णन करो ।

Give botanical names of any five oil bearing plants and state morphological nature of the plants in which oil is present. *(Agra 79)*

प्रश्न 51—वसीय तेल प्रदान करने वाले पौधों का वर्णन करो तथा इन के विभिन्न उपयोगों का वर्णन करो ।

Write an account of the oil yielding plants and explain how various oils are used. *(Bundelkhand 85)*

प्रश्न 52—Brassica compestris पर टिप्पणी कीजिये । *(Rohelkhand 85)*

प्रश्न 53—निम्न पर टिप्पणी लिखो—

1. खस का तेल *(Rohelkhand 87, Agra 81)*
2. नारियल का तेल *(Agra 81)*
3. अलसी का तेल *(Kanpur 81)*
4. तारपीन का तेल *(Kanpur 81)*

5. मूंगफली का तेल (*Agra 83*)

6. सरसों का तेल (*Agra 83*)

प्रश्न 54—मध्य प्रदेश में वसीय तेल (**Vegetable oils**) प्रदान करने वाले किन्हीं चार पौधों का वर्णन कीजिये। डालडा कैसे बनाया जाता है ? (*Indore 83*)

प्रश्न 55—मूंगफली किस पौधे से प्राप्त होती है ? इसका वनस्पतिक नाम लिखिये। यह मनुष्य के लिये किस प्रकार उपयोगी है ? (*Reeva 83*)

प्रश्न 56—**Ground nut** पर टिप्पणी लिखिये। (**Rohelkhand 88**) (*Gorakhpur 84, Lucknow 83*)

प्रश्न 57—डालडा पर टिप्पणी कीजिये। (*Agra 85*)

Refer Q. 45 for all these Questions

शर्करा, माण्ड एवं सेल्यूलोज उत्पाद
(SUGARS, STARCH AND CELLULOSE PRODUCTS)

रिचय (Introduction) :

शर्करा (sugar), माण्ड (starch) एवं सेल्यूलोज (cellulose) महत्वपूर्ण पदार्थ (food material) हैं तथा इनके अनेकों औद्योगिक उपयोग हैं । ये कोशाओं (plant cells) से प्राप्त कर प्रयोग करने से पूर्व पूर्ण रूप से शुद्ध जाते हैं ।

कार्बोहाइड्रेटस प्राकृतिक रूप से जटिल कार्बनिक पदार्थ हैं, इनमें प्राय: र्बनिक हाइड्रोजन व ऑक्सीजन एक व दो अनुपात में मिलती है जैसे ग्लूकोज $-C_6H_{12}O_6$, सुकरोज $C_{12}H_{22}O_{11}$, स्टार्च $(C_6H_{10}O_5)_n$ आदि । इनमें अपेक्षाकृत सीजन की मात्रा अधिक होने के कारण ये वसा व तेल की अपेक्षा शक्ति के उत्तम न हैं। कार्बोहाइड्रेटस (शुगर) पौधों में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया के प्रथम ाद हैं । वास्तव में इन शुगर अणुओं में ऊर्जा (energy) बन्धी रहती है तथा ऊर्जा श्वसन में स्वतन्त्र हो जाती है तथा बहुत से जटिल पदार्थों जैसे स्टार्च ल्यूलोज, वसा, प्रोटीन आदि के निर्माण में सहायक होती है ।

शर्करा (Sugars)

प्रश्न 58—शर्करा का साधन, निर्माण एवं आर्थिक महत्व का वर्णन करो ।

Give a account of sources, method of preparation and onomic importance of sugar.

शर्करा जो कि मनूष्य जीवन का एक मुख्य खाद्य पदार्थ है, पौधों द्वारा ने भोजन के रूप में निर्मित होती है, इसी कारण प्राय: सभी पौधों में शर्करा ी जातीं हैं । पौधे इस शर्करा का कुछ भाग अपने लिए प्रयोग में ले आते हैं तथा वचा भाग पादप अंगों मे एकत्रित हो जाता है । शर्करा प्राय: चुकन्दर, गाजर, रस नाइपस की जड़ों में, गन्ने, मक्का आदि के स्तम्भों में पाम के पुष्पों आदि में ी जाती है । शर्करा सुकरोज अथवा ग्लूकोस फ्रक्टोज के रूप में पायी जाती है । पारिक शर्करा सुकरोज होती है ।

रासायनिक दृष्टिकोण से शर्करा एक कार्बोहाइड्रेट है जिसमें कार्बन, हाइड्रो- न व ऑक्सीजन होते हैं । इनमें हाइड्रोजन व ऑक्सीजन का अनुपात पानी (H_2O) समान अर्थात् 2 : 1 का होता है । शर्करा प्राय: सभी पौधों में पायी जाती है । मुख्य शर्करा प्रदान करने वाले पौधे (sugar yielding plants) निम्न हैं—

ईख अथवा गन्ना (Sugarcane)

गन्ना (Sugarcane)—ग्रेमीनी कुल (family gramineae) के पौधे **सेकेरम ओफीसिनेरम** (*Saccharum officinarum*) का स्तम्भ (stem) होता है तथा यह (गन्ना) व्यापारिक शर्करा अर्थात् सुक्रोज [vern. चीनी, गुड़, खांड] का मुख्य साधन है। यह पौधा उगाया जाता है तथा इसकी जंगली किस्म अज्ञात है। यह शायद-दक्षिणी पूर्वी एशिया अथवा ईस्ट-इण्डीज का मूल निवासी है। यह लगभग 327 बी० सी० (327 B.C.) से भारत की एक प्रमुख फसल रही है। आधुनिक समय में यह विश्व के सभी उष्ण व समउष्ण (subtropical regions) प्रदेशों में उगाया जाने लगा है। भारत, दक्षिणी चीन, जावा फ़िलीपाइन्स, पीरू (Peru), वैस्टइन्डीज, केन्द्रीय अमेरिका, ब्राजील, क्यूबा, इजिप्ट, पाकिस्तान, मेक्सीको, आस्ट्रेलिया तथा दक्षिणी अफ्रीका मुख्य ईख उत्पादक देश हैं। भारत में शर्करा (sugar) की सर्वाधिक खपत व उत्पादन उत्तर प्रदेश (U. P.) में है।



Fig. 29—Sugarcane plants.



Fig. 30—A typical sugar beet. (Beta vulgaris)

ईख के पौधे प्राय: सभी प्रकार की भूमि पर उग जाते हैं। इनके लिए 50" वर्षा तथा 60°F, तापक्रम व सूर्य के प्रकाश की आवश्यकता होती है। कलम द्वारा वर्धी प्रजनन करते हैं। ये पौधे तेजी से वृद्धि करते हैं तथा ऊंचाई लगभग 8 से 12 फुट तक तथा मोटाई 2" के लगभग हो जाती है। ये समूहों में लगते हैं तथा इनका स्तम्भ बांस के समान होता है। इनमें निचले पर जड़ तथा ऊपर पुष्प होते हैं। इन पौधों का स्तम्भ ठोस तथा कड़े छिलके रहता है। इस स्तम्भ में लगभग 80% रस होता है जिसमें शर्करा की मात्रा त्मक होती है।

कुछ गन्ना ग्रामों में गुड़ आदि के निर्माण में प्रयोग हो जाता है। इसके लिए के तनों अथवा गन्नों से क्रेशरस अथवा कोल्हू द्वारा रस निकाल लिया जाता है इनके पश्चात् इस रस को गुड़ अथवा खाँडसारी, शर्करा आदि के कच्चे माल रिवर्तित कर लेते हैं।

अधिकाँश गन्ना एकत्रित करके गाड़ियों, ट्रकों, रेलों आदि द्वारा मिलों में जाता है। मिल में सर्वप्रथम गन्ना क्रेशरस द्वारा छोटे-छोटे टुकड़ों में विभाजित दिया जाता है तथा फिर ये टुकड़े तीन रोलर के सैड से गुजरते हैं जिससे इनका निकल जाता है। ये रोलर बहुत अधिक दबाव डालते है। रस निकालने के बाद बचा भाग शुष्क करके ईंधन के रूप में तथा कागज निर्माण में प्रयोग किया है। यह रस गहरे भूरे रंग का द्रव होता है। यह प्रारम्भ में अशुद्ध होता है बाद में विभिन्न विधियों द्वारा शुद्ध किया जाता है। शुद्ध रस स्वच्छ एवं हल्के का होता है। पहले एक मेसीक्यूट (Massecuit-a sticky mass) के रूप में है। इसे फिर सेण्ट्रीफ्यूज (centrifuged) करके महीन छिद्रों के शोरे (Mo- sses) को निकालते हैं। इस प्रकार प्राप्त चीनी (sugar) रंगयुक्त एवं 96 प्रति- शुद्ध (pure) होती है इसके पश्चात् इसे और शुद्ध करके रंगहीन कर लेते हैं। रतवर्ष में लगभग पूरे विश्व की 25% शर्करा (sugar) उत्पन्न होती है। भारत 1966 में लगभग 338 लाख टन शर्करा उत्पन्न की।

आधुनिक युग में ईख की किस्मों को और अधिक अच्छी करने के लिए में बहुत से रिसर्च स्टेशन्स स्थापित किये गये हैं। इन रिसर्च स्टेशन्स पर पादप (plant breeding) कार्यक्रम होता है, जिसके फलस्वरूप गन्ने में शर्करा अधिक, अच्छे किस्म की शर्करा, गन्ने का रोग रोधक हो जाना आदि गुण होते हैं। Co. L. 29 गन्ने की एक स्टेण्टर्ड किस्म है। 1957 में P 4383 Co. 301 के क्रास (cross) से उत्पन्न एक नई किस्म Co. 1148 है। इसकी मात्रा बहुत अधिक है तथा यह रेडरोट रोधक (redrot resistant) आदि से युक्त हैं। यह किस्म गुड़ निर्माण के लिए अधिक अच्छी नहीं होती है। जगा- में उत्पन्न किस्म P 11996 को बहुत अधिक शर्करा प्रदान करने की क्षमता । कोयम्बटूर में 1969 में उत्पन्न एक नई किस्म में शर्करा की मात्रा 92 प्रतिशत है।

2. सुगर बीट (Sugar Beet)

शर्करा प्राप्ति का दूसरा मुख्य साधन चुकन्दर अथवा सुगर बीट का वनस्पति नाम **बीटा वुलग्रिस (Beta vulgaris)** है जो चीनोपोडियेसी (Chenopodiaceae) कुल का सदस्य है । भारतवर्ष में यद्यपि सुगर बीट का शर्करा निर्माण में अधिक उपयोग नहीं किया जाता है परन्तु यह दूसरे देशों में बहुत अधिक प्रयोग होता है ।

सुगर बीट क्रिसचन युग (Christian era) से भी पूर्व समय से ज्ञात है, परन्तु इसका शर्करा प्रदान करने का गुण 16वीं शताब्दी तक ज्ञात न था । 19वीं शताब्दी में (सन् 1879) में यूनाइटिड स्टेटस (United states) में सुगर बीट (Sugar beet) का प्रयोग शर्करा निर्माण में प्रारम्भ हुआ । सुगर बीट एक श्वेत जड़ों (white rooted) वाला द्विवर्षीय (biennial) पौधा है । यह 70°F तापक्रम वाले गर्म प्रदेशों में पाया जाता है ।

शर्करा, **बीटा वुलग्रिस** (Beta vulgaris) की जड़ों से प्राप्त की जाती है । इसकी जड़ें स्वच्छ करके पतली-पतली स्ट्रिप्स में काट ली जाती हैं । इसके पश्चात् ये बहते हुए पानी वाले टैंकों द्वारा गर्म (heated in running water in a series of tanks) किये जाते हैं । इस प्रकार इनसे लगभग 97 प्रतिशत शर्करा प्राप्त हो जाती है । इसका बाकी का गूदा पृथक कर दिया जाता है इससे अशुद्धियाँ दूर करके शर्करा निर्माण कर लेते हैं ।

शर्करा प्रदान करने वाले अन्य पौधे
(Some other sugar yielding plants)

कुछ अन्य शर्करा प्रदान करने वाले पौधे निम्न हैं—

शर्करा का नाम (Name of Sugar)	**पौधे का नाम** (Name of plant from which it is obtained)	**पौधे का कुल** (Family to which plant belongs)
(1) सुगर मेपिल (Sugar maple)	**1. एसर सेकरम** (Acer saccharum) **2. एसर नाइग्रम** (Acer nigrum)	एसीरेसी (Aceraceae)
(2) पाम सुगर (Palm sugar)	1. फोनिक्स सिल्वेस्ट्रिस (Phoenix sylvestris) 2. कोकोस न्यूसीफरा (Cocos nucifera)	पमी (Palmae)
(3) सोरगम सिरप (Sorghum syrup)	सोरगम वलगेयर (Sorghum vulgare)	ग्रेमीनी (Gramineae)
(4) फ्रक्टोज (Fructose)	डेहलिया पिन्नेटा (Dahlia pinnata)	कम्पोसीटी (Compositae)

माल्टोज	फैरेक्सीनस ओरनस (Fraxinus ornus)	ओलियेसी (Oleaceae)

प्रश्न 59—गन्ना किस पौधे से मिलता है उसका वनस्पतिक नाम लिखिये। मनुष्य के लिये किस प्रकार उपयोगी है। (*Reeva 83, Lucknow 83*)

Refer Q. 58

प्रश्न 60—Sugar beet पर टिप्पणी कीजिए। (*Gorakhpur 85*)

प्रश्न 58 देखिये।

प्रश्न 61—भारत के जिन पौधों से चीनी (शर्करा) उपलब्ध होती है उन एक निबन्ध लिखिए।

Write an essay on the sugar yielding plants of India.

(*Gorakhpur 81*)

प्रश्न 58 देखिये।

माण्ड (STARCHES)

प्रश्न 62—स्टार्च व सेल्यूलोज का संक्षिप्त विवरण दो : इनके प्राप्ति तों का भी वर्णन करो।

Write a concise account of starches and cellulose along with ir derivative and mention the name of their sources.

माण्ड हरे पोधों में संग्रहित प्रमुख खाद्य पदार्थ है। यह एक जटिल कार्बो-ड्रेट $[(C_5H_{10}O_5)_n]$ है, यह पतली भित्ति वाली कोशाओं में कणों के रूप में हित रहता है। माण्ड प्रायः प्रत्येक पौधे में भोज्य पदार्थ के रूप में अघुलनशील हैं तथा इनका पाचन विकरों द्वारा होता है। स्टार्च प्रायः अघुलनशील होने के रण व्यापारिक रूप में उद्योगों व खाद्य पदार्थों के लिये आसानी से प्राप्त किया सकता है। स्टार्च के मुख्य साधन अनाज, आलू, लैग्यूमस व नट आदि हैं। र्च घुलनशील अवस्था में वस्त्र उद्योग में रेशों को दृढ़ता तथा ढीले सिरों को ड़ने में बहुत उपयोगी होता है। यह केलिको प्रिंटिंग में मोरडेन्ट का कार्य करता है। कागज उद्योग में स्टार्च का प्रयोग आकार प्रदारक (sizing agent) के रूप से ता है। इसका (स्टार्च का) प्रयोग लॉन्डरी, औषधि, शृंगार समान निर्माण तथा डिंग पदार्थ में होता है। कुछ मुख्य व्यापारिक स्टार्च निम्न हैं—

1. **कार्न स्टार्च (Corn starch)**—मक्का के दानों से (from grains of **Zea mays**), कुल ग्रेमीनी (family graminae)
2. **आलू स्टार्च (Potato starch)**—आलू के ट्यूबर से (from tubers of **(Solanum tuberosum)** कुल सोलेनेसी (family solanaceae)
3. **गेहूं स्टार्च (Wheat starch)**—गेहूँ के दानों से (from grains of **(Triticum vulgare)** कुल ग्रेमीनी (family graminae)
4. **चावल माण्ड (Rice starch)** चावल के दानों से (from grains of **(Oryza sativa)** कुल ग्रेमीनी (family graminae)
5. **अरारोट स्टार्च (Arrow root starch) मेरानाटा अरानडीनेएसी (Maranta arundinaceae)** की जड़ों (roots) से—कुल (family मेरानटेसी (marantaceae)



Starch grain

Fig. 31—Starch grains

6. **सागो स्टार्च** (Sago starch)—**मेट्रोजाइलोन सागो** (Metroxylon sago) से स्तम्भों (stems) से कुल पामी (family palmae) ।

कार्न स्टार्च (Corn starch)

यह स्टार्च मक्का के दानों (grains of maize or Indian corn) से प्राप्त किया जाता है । दानों को गर्म पानी में डुबा लिया जाता है, तथा इसमें बहुत सूक्ष्म मात्रा में अन्तंकोशीय ऊतकों को पृथक् करने का किण्वीकरण को रोकने के लिये सल्फ्यूरिक एसिड (H_2SO_4) । डाल देते हैं मक्का के इन दानों को इस प्रकार पीस लिया जाता है कि भ्रूण सुरक्षित रहें । ये पीसे हुए दाने (grain) जर्म सेपरेटर में रखे जाते हैं, जिससे भ्रूण पृथक कर लेते हैं । यह स्टार्ची पदार्थ पुनः एक महीन पाउडर में पीस लिया जाता है तथा एक ब्लोटिंग पेपर युक्त छलनी में से छान लिया जाता है तथा बाद में शुष्क किलनस में एकत्रित कर लिया जाता है । अब यह स्टार्च बाजार के लिये तैयार होता है । अच्छे प्रकार के कार्न स्टार्च खाद्य पदार्थ के रूप में तथा निम्न कोटि का कार्न स्टार्च लान्डरी आदि में प्रयोग किया जाता है ।

सेल्यूलोज (Cellulose)

सेल्यूलोज एक बहुत अधिक जटिल कार्बोहाइड्रेट है, जो प्रायः सभी पौधों की कोशा भित्तियों में पाया जाता है । इनकी दृढ़ता के कारण, मोटी कोशा भित्ति वाली कोशायें बहुत प्राचीन समय से ही उद्योगों में उपयोग होते हैं । सेल्यूलोज की रसायन रचना, कार्बनिक रसायन शास्त्र का मुख्य भाग बन गया है । काष्ठ तकनीक के विज्ञान ने अब काष्ठ से सेल्यूलोज का निर्माण सम्भव कर दिया है तथा साथ ही साथ इसको उद्योगों के लिये कच्चे माल से भी परिवर्तित कर लेते हैं । जब किसी काष्ठ को सान्द्र अम्ल अथवा क्षार (concentrated acid or alkalies) से प्रतिक्रिया कराते हैं तो काष्ठ के फाइबरस एक दूसरे से पृथक हो जाते हैं तथा इन रेशों को जोड़ने वाला लिग्निन विलेय हो जाता है । इन रेशों से पर्याप्त मात्रा में सेल्यूलोज प्राप्त हो जाता है । ये रेशे पुनः रासायनिक पदार्थों से प्रतिक्रिया करने पर

निर्माण करते हैं। ये रेशे ही अन्य केमिकल्स द्वारा कृत्रिम रेशों, सेल्यूलोज स्टिक आदि में परिवर्तित किये जाते हैं।

कागज उद्योग (Paper Industry)

प्रश्न 63—कागज उद्योग का संक्षिप्त विवरण दो।
Give a brief Account of paper industry.

सेल्यूलोज का सर्वाधिक उपयोग कागज निर्माण है। कागज उद्योग एक बहुत न उद्योग है। सर्वप्रथम कागज का निर्माण इजिप्टीयनस (egyptians) द्वारा 0 B C. में **पेपायरस** papyrus नामक पौधे के पिथ (pith) से किया गया। 0 ई० में पेपर मिल व मशीन की स्थापना हुई। भारत में न्यूजप्रिंट मिल wsprint mill) सर्वप्रथम 1947 में मध्य प्रदेश में नेपा नगर में प्रारम्भ हुई। 4-65 में कागज का उत्पादन लगभग 4,94,000 टन था। 1968–69 में कागज उत्पादन 7,70,000 टन था।

कागज निर्माण के लिये, काष्ठ (wood) की छाल पृथक करके इसको धोकर छोटे टुकड़ों में विभाजित कर लेते हैं। इसके पश्चात् ये टुकड़े ग्राइन्डर में रख जाते हैं। ग्राइन्डिग के पश्चात् इसकी अशुद्धियाँ दूर करके इसे रोलरस के बीच गुजारते हैं जिससे अधिकांश जल पृथक हो जाता है। अब इस लुग्दी को धोकर लेपड करके विशेष मशीनों से गुजारते हैं जिससे कि यह जल व स्याही रोधक जाता है। इस प्रकार बना कागज शीट्स से रूप में बन जाता है। इन शीट्स को में शुष्क करके, पालिश के पश्चात् आवश्यकतानुसार आकारों में काट लिया ता है। रंगीन कागज के निर्माण के लिये लुग्दी में रंग लिया जाता है।

गज के प्रकार (Kinds of paper)

(i) **फाइन पेपर (Fine paper)**—इसका उपयोग किताबों, लिखने के कागज (writing paper) रजिस्टर आदि में होता है।
(ii) **अखबार का कागज (Newspaper)**
(iii) **रैपिंग पेपर (Wrapping paper)**
(iv) **ब्लोटिंग पेपर (Blotting paper)**
(v) **कार्बन पेपर (Carbon paper)**
(vi) **सिगरेट पेपर (Cigarette paper)** आदि।

प्रश्न 64—कागज की विभिन्न किस्मों तथा उनके उपयोग का संक्षिप्त वरण दीजिये।

Refer Q. 63

———

10

औषधीय पौध
(MEDICINAL PLANTS)

प्रश्न 65—औषधीय पौधों के महत्व एवं वर्गीकरण का संक्षिप्त विवरण दीजिये। विभिन्न पादप अंगों के प्राप्त होने वाली प्रमुख औषधियों का भी वर्णन करो।

अथवा

प्रश्न 66—संक्षेप में अपने पठित औषधीय पौधों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये। (*Agra 87*)

परिचय (Introduction)—

औषधीय पौधों का अध्ययन आर्थिक वनस्पति विज्ञान (Economic Botany) का महत्वपूर्ण एवं रोचक भाग है। औषधि पौधों का इतिहास, उनको एकत्रित करना, पहचानना, छाटना, संग्रहित करना, उनके औषधि-युक्त भाग को लाना एवं भेजना आदि का विवरण हम **फार्मेकोगनोसी (Pharmocognosy)** के अन्तर्गत करते हैं। फार्मेकोलाजी (pharmocology) के अन्तर्गत हम विभिन्न औषधियों की प्रतिक्रिया का अध्ययन मनुष्य शरीर पर करते हैं।

प्राचीन काल से ही पौधे मनुष्य जाति को विभिन्न रोगों से आराम दिलाते रहे हैं। सभी युगों के प्रारम्भिक मनुष्यों को औषधीय पौधों का कुछ न कुछ ज्ञान रहा है। आदि मनुष्यों का यह ज्ञान सभ्यता के विकास के साथ-साथ बहुत अधिक रूपान्तरित हो गया है। आज के युग में प्रायः सभी यूनानी एवं आयुर्वेदिक औषधियाँ पौधों के भाग से प्राप्त होती हैं। बहुत सी एलोपैथिक औषधियाँ भी पौधों से प्राप्त होती हैं।

औषधीय पौधे प्राय: जंगली (wild) होते हैं तथा इनमें से बहुत कम उगाये जाते हैं। ये औषधीय पौधे प्राय: एकत्रित करके औषधि निर्माण केन्द्रों पर भेज दिये जाते हैं जहाँ पर इन पौधों से औषधि निर्माण की जाती है।

औषधि पौधों की महत्ता इनके पादप ऊतकों (plant tissues) में उपस्थित रासायनिक पदार्थों के कारण होती है जो कि मनुष्य शरीर के कार्यकी कार्यों पर प्रभावकारी होते हैं। पौधों के ऊतकों में मुख्य रासायनिक पदार्थ एल्कोलोयड होते हैं जो कार्बन, हाड्रोजन, ऑक्सीजन व नाइट्रोजन के यौगिक होते हैं। पादप ऊतकों में उपस्थित ग्लोकोसाइड, आवश्यक तेल, वसीय तेल, रेजिन, म्यूसीलेज, टेनिन एवं गोंद भी उपयोगी होते हैं। इनमें से कुछ पदार्थ विषैले होते हैं। अतः औषधि निर्माण का कार्य चतुर फार्मेसिस्ट्स (Pharmacists) एवं फिजीशियनों (Physicians) द्वारा ही किया जाना चाहिये।

औषधियों का वर्गीकरण
(Classification of Drugs)

औषधि पौधों तथा पादप अंगों (plant and plant organs) के प्राप्ति के आधार पर निम्न प्रकार से वर्गीकृत की जा सकती है—

(1) निम्न श्रेणी के पौधे से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from lower plants)

(2) जड़ तथा अन्य भूमिगत भागों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from roots and underground parts.)

(3) स्तम्भों व वायवीय शाखाओं से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from stem and aerial branches)

(4) पत्तियों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from leaves.)

(5) पुष्पों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from flowers.)

(6) फलों व बीजों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from fruits and seeds.)

(7) छालों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ।
(Drugs obtained from barks.)

(i) निम्न श्रेणी के पौधों से प्राप्त औषधियाँ
(Drugs Obtained From Lower Plants)

शैवाल सें (From Algae)

(1) **एगर-एगर (Agar-Agar)**—यह एक श्लेष्मयी पदार्थ (gelatinous stance) है तथा शैवाल **जेलीडियम (Gelidium)**, **ग्रेसीलेरिया (Gracilaria)** से प्राप्त होता है। शैवालों को एकत्रित, साफ एवं शुष्क कर एक म्यूसीलेज प्राप्त किया जाता है जिसे एगर कहते हैं। इसका उपयोग औषधियों में नाई एवं शोषक पदार्थ के रूप में होता है।

टेरीडो फाइटस से (From Petridophytes)

(2) **लाइकोपोडियम क्लेवेटम (Lycopodium Clavatum)** तथा दूसरे मोसो के बीजाणु में एक प्रकार का तेल होता है, जिसका उपयोग पिल्स र के रूप में होता है।

कवकों से (From Fungi) : (a) औषधि (Drugs)

(3) **इरगोट (Ergot)**—यह घास पर परजीवी कवक **क्लेवीकेप्स पुरप्यूरा** **iceps purpuera)** के शुष्क फल पिंड से प्राप्त होती है। इसका प्रयोग रक्त को बढ़ाने, चाइल्ड बर्थ तथा दूसरे uternie disturbances में होता है।

(b) **प्रतिजीवाणु (Antibiotics)**—एन्टीबायोटिक्स (Antibiotics) वे षधियाँ अथवा पदार्थ हैं जिनका उत्पादन किसी हानि रहित सूक्ष्म जीव से हुआ था यह औषधि अथवा पदार्थ विभिन्न रोग उत्पन्न करने वाले जीवाणुओं hogenic bacteria) की वृद्धि एवं क्रियाशीलता को समाप्त करती है।

एन्टीबायोटिक्स का वास्तविक आविष्कार सर अलैक्जेन्डर फ्लेमिंग (Sir ander Fleming) ने 1928 में किया। उन्होंने पैंसिलीन (penicillin) कृति एवं गुणों का अध्ययन किया। उन्होंने निरन्तर 22 वर्ष तक कार्य में

रत रहकर पैन्सिलीन तथा लगभग अन्य 25 एन्टीबायोटिक्स का आविष्कार किया तथा इनको चिकित्सालयों (clinical medicines) में औषधि रूप में पहुंचाया। आधुनिक युग में एन्टीबायोटिक्स की परिभाषा इस प्रकार की होती है **"कि एन्टीबायोटिक्स वे सूक्ष्म जीवों (microbial) से उत्पन्न रासायनिक पदार्थ (chemical substances) हैं जिनमें सूक्ष्म जीवोरोधक (antimicrobial) गुण (activity) है।"**

HAL (हिन्दुस्तान एन्टीबायोटिक्स लिमिटेड) प्रेमपुरी निकट पूना, एक पर्याप्त बड़ी एन्टीबायोटिक्स उत्पादन करने वाली फैक्ट्री है। यहाँ पर पैन्सीलीन व स्ट्रेप्टोसीन विशेष रूप से तैयार की जाती है। इसी के समान एक दूसरी एन्टीबायोटिक फैक्ट्री वीरभद्रा के निकट हरिद्वार में स्थापित की गई है।

कुछ मुख्य एन्टीबायोटिक्स निम्न हैं—

4. पैन्सीलीन (Penicilline)

पैन्सिलीन एक सर्वाधिक ज्ञात एवं प्रसिद्ध एन्टीबायोटिक है जिसका प्रयोग एलोपैथिक औषधियों में होता है। इसका आविष्कार 1929 में अलैक्जैन्डर फ्लेमिंग (Alexander Flaming) ने किया था तथा 1940 में फ्लोरे (Florey) ने इस एन्टीबायोटिक को पृथक करके चिकित्सालयों में प्रयोग के लिये भेजा।

पैन्सीलीन—**पैनीसिलम नोटेटम** (penicillum notatum) नामक कवक से प्राप्त की जाती है। इसका कवकजाल, पैन्सीलीन के आधार पदार्थ जिलेटीन



Fig. 32—Penicillum notatum.

ावित करता है जिसे जिलेटिन द्रव में बदला जाता है। इस प्रकार प्राप्त पैन्सी- न को शुद्ध कर लिया जाता है। पैन्सीलीन एक कार्बनिक अम्ल है जो धनात्मक न जीवाणुओं के प्रति अत्यधिक क्रियाशील है। पैन्सीलीन एक बहुत महत्वपूर्ण धि है तथा इसका प्रयोग नमोनिया (pneumonia), ज्वर (rheumatic fever), ंतम (tonsillites), डिपथेरिया (diptheria), प्लेग (plague) आदि अन्य ों के उपचार (treatment) में होता है।

ट्रेप्टोमाइसिन (Streptomycin)

यह **स्ट्रेप्टोमाइसिस ग्रीसस** (Streptomyces griesus) नामक कवक से त होती है। इसका आविष्कार सकाटज बुगी (Chatz Bugi) एवं वेक्समेन akesman) ने 1944 में किया। यह एन्टीबायोटिक्स ग्राम ऋणात्मक जीवा- ों के प्रति काफी क्रियाशील है तथा इसका प्रयोग urinary व local infections ुछ प्रकार की तपेदिक में, नमोनिया (pneumonia) आदि के उपचार में ता है।

क्लोरोमाइसीटीन (Chloromycetin)

यह **स्ट्रेप्टोमाइसीस वेनीजुयेलो** (streptomyces venezuelae) नामक क में बुर्क होल्डर (Burk Holder) द्वारा 1947 में प्राप्त की गई। आज के ग में यह प्रायः संश्लेषित की जाती है। यह ग्राम निगेटिव व ग्राम पोजेटिव टीरिया के प्रति क्रियाशील है तथा इसका विशेष उपयोग टायफाइड ज्वर में ता है।

टेरामाइसीन (Terramycin)

यह **स्ट्रेप्टोमाइसिस रेमोसम** (streptomycis ramosus) नामक कवक से त होती है। इसका प्रयोग टायफाइड ज्वर, नमोनिया (pneumonia), आँत ntestinal) में रुकावट (infection) आदि के उपचारों में होता है।

(ii) जड़ों एवं अन्य भूमिगत भागों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ

(Drugs obtained from roots other underground plants)

एकोनाइट (Aconite)

यह औषधि—एकोनाइट, रेननकुलेसी कुल (family ranunculaceae) के य **एकोनाइट नेपोलस** (Aconitum napellus) ट्यूबरस जड़ों (tuberous ots) से प्राप्त की जाती है। ये पौधे यूरोप एवं एशिया के एल्प, पापरीनीस Pyrenees) तथा अन्य पर्वतों के मूल निवासी हैं। यह ठण्डे प्रदेशों में उगाया जाने ला प्रमुख पौधा है। ये पौधे जड़ों एवं पत्तियों से प्राप्त औषधि के कारण महत्वपूर्ण ते हैं। इन पौधों के ऊतकों में स्थित एल्कोलोयडस से एकोनाइट औषधि तैयार की ती है। यह प्रदास रोगों (inflammatory disease) एवं जठरीय (gastric) ोगों में अत्यन्त लाभप्रद है। यह तान्त्रिक शूल (neuralgia) एवं जठरीय gas- ic) रोगों में अत्यन्त लाभप्रद है। यह तान्त्रिक शूल (neura'gia) एवं गठिया heumatism) में बाह्य औषधि के रूप में उपयोगी है।

9. लाइकोरिस (Licorice)

यह औषधि लैग्यूमीनेसी कुल (family leguminaecae) के पौधे ग्लाइकोरीहजा ग्लेबरा (glycorrhiza glabra) की जड़ों से प्राप्त की जाती है। ये पौधे बहुवर्षीय शाक (perennial herbs) है तथा जंगली रूप में दक्षिणी यूरोप (Southern Europe) व पश्चिमी एवं केन्द्रीय एशिया (Western and Central Asia) में पाये जाते हैं ये पौधे पेशावर की घाटी, हिमालय घाटी व बर्मा में भी पाये जाते हैं। इन पौधों की शुष्क जड़ों के टुकड़े प्यास, हल्के बुखार (feverishness), दर्द, कफ, सांस लेने आदि के उपचारों में अत्यन्त उपयोगी हैं। यह बहुत सी मतली औषधियों (nauseous drugs) के निर्माण तथा इनके तीक्ष्ण स्वाद को परिवर्तन करने में प्रयोग होती है।

10. स्कवीलिस (Squills)

यह औषधि समुद्री यूनियो (sea unio) अथवा समुद्री प्याज अथवा स्कवीलिस (squillis) [urginea maritima and U, indica of family liliaceae] की श्वेत किस्म से प्राप्त किया जाता है। इसमें वल्ब की मांपल पत्तियों, को शुष्क करके औषधि बनाई जाती है। यह औषधि उत्तेजक (stimulant) के रूप में प्रयोग होती है।

11. कोलचकिम (Colchicum)

यह औषधि लिलयेसी कुल (family liliaceae) के पौधे **कोलचकिम ओटयूमनली** (colchicum autumnale), की जड़ों से प्राप्त होती है। इनकी जड़ों से एक एलकेलोयड (alkaloid) कोलचीसीन (colchicine) प्राप्त होता है। यह गठिया (rheumatism) एवं (gout) के उपचार में उपयोगी है। यह बाह्य रूप से दर्द फूले भागों पर प्रयोग होता है। कोलचसीन (colchicin) का प्रयोग आनुवंशिकी (genetical) अध्ययन में पित्र सूत्रों (chromosome) को double करने में भी होता है। ये शाकीय पौधे यूरोप व अफ्रीका में प्रमुख रूप से पाये जाते हैं।

12. संगा (Senega)

यह औषधि उत्तरी अमेरिका की एक बहुवर्षीय शाक (perennial herb) **पोलीगाला सैनोगा** (polygala senega) की जड़ों से प्राप्त होती है यह एक ग्लयूसोयडल औषधि (glucosidal drug) हैं तथा यह भारतीयों द्वारा सांप के काटने में प्रयोग की जाती है। यह उत्तेजक व कफोत्सारक (expectorant) के रूप में भी प्रयोग होती है।

13. जलाप (Jalap)

यह एक लसलसी (resinous) औषधि है जो **एक्सोगिनियम परगा** (Exogonium purgra) की मांसल जड़ों से प्राप्त होती है। ये पौधे मैक्सीको तथा भारत में उगाये जाते हैं तथा यह औषधि रेचक (purgative) के रूप में प्रयोग होती है।

उपरोक्त औषधियों के अतिरिक्त जड़ों व भूमिगत तनों से प्राप्त होने वाली अन्य अनेकों औषधियां हैं।

(iii) स्तम्भों एवं वायवीय शाखाओं से प्राप्त होने वाली औषधियाँ (Drugs obtained from stems and aerial branches)

इफीडरिन (Ephedrine)

यह एक जिम्नोस्पर्मस वर्ग के पौधे इफीड्रा (ephedra) से प्राप्त होने वाली लोयड औषधि (alkaloid drug) है। ये पौधे पत्तीविहीन झाड़ियाँ होती इनके पूर्ण पौधे से ही औषधि निकाली जाती है। ये पौधे भारत में हिमालय


NODE BEARING SCALE LIKE LEAVES
GREEN RIBBED STEM
FEMALE SHOOT
A
A BRANCH OF
(EPHEDRA SPP.)
INTGUMENT TIP
FEMALE STROBILUS
SCALE LEAF
B

Fig. 33—Ephedra Plant.

A. Plant in habit. B. A portion enlarged.

पाये जाते हैं। यह औषधि ठण्ड, खाँसी दमा तथा परागज ज्वर के उपचार में की जाती है।

15. आक (Aak)—यह एक दूधिया क्षीर है जो कुल एसक्लीपिडेयेसी Family Asclepediacease) के पौधे **केलोट्रोपिस परोसिरा** (calotropis pro- ra) के स्तम्भ से प्राप्त होता है। ये पौधे भारत में सर्वत्र जंगली रूप (wild m) में पाये जाते हैं। इनमें लेटेक्स का उपयोग गठिया (rheumatism) तथा (leprosy) के उपचार में होता है।



Fig. 34—Calotropis procera plant. (A twig)

16. चन्दन (Chandan)—चन्दन का काष्ठ (wood) अथवा इसका तेल (oil) औषधि के रूप में प्रयोग होता है। यह सेन्टेलेसी कुल (family sentalaceae) के पौधे सेन्टेलम एलबम (Santalum album) से प्राप्त होता है। ये पौधे भारत में विशेषकर मैसूर में पाये जाते हैं। इन पौधों की सुगन्ध का सुखदायक एवं ठण्डा प्रभाव होता है। इसकी काष्ठ का पाउडर ज्वर (fever) व सुजाक (gonorrhoea) के उपचार में प्रयोग होता है। यह बहुत सी त्वचीय बीमारियों में बाह्य प्रयोग (external application) में भी प्रयोग में लाया जाता है।

(iv) पत्तियों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ
(Drugs obtained from Leaves)

17. बेलाडोना (Belladona)—यह एक मुख्य एवं प्राचीन औषधि है, जो कुल सोलेनेसी (family solanaceae) के सदस्य **एट्रोपा बेलाडोना** (Atropa belladona) की शुष्क पत्तियों से प्राप्त की जाती है। यह एक लम्बा बहुवर्षीय शाकीय पौधा (perennial herb) है। जो हिमालय पर जंगली अवस्था में पाया जाता है। ये पौधे भारत, यूरोप व यूनाइटिड स्टेटस के विभिन्न भागों में उगाये जाते हैं। इन पौधों की पत्तियाँ एकत्रित कर ली जाती हैं। इन पत्तियों में अनेक एल्कोलोयड (alkaloids) होते हैं। बेलाडोना का प्रयोग बाह्य रूप से दर्द से आराम के लिये किया जाता है। यह औषधि दर्द, कफ व खाँसी में अत्यन्त लाभकारी है। इसके अन्दर एक एल्कोलोयड (Alkaloid), **एट्रोपिन** (atropin) होता है जो आँख दृष्टि परीक्षण के समय पुतली चौड़ाने (to dilate pupil) में प्रयोग की जाती है। यह अफीम के जहरीले प्रभाव को भी कम करने में प्रयोग होती है।

18. एलोय (Aloe Vern. Ghee Kawar)—यह एलोय (Aloe) की विभिन्न जातियों जैसे *A. barbadensis*, *A. perryi*, *A. ferox*, आदि से प्राप्त होती है। इनकी पत्तियाँ मांसल (fleshy) होती हैं। इन पत्तियों के रेजिनस रस (resinous jucice) में बहुत से ग्लूकोसाइड्स (glucocides) होते हैं। इन पत्तियों



Fig. 35—Atropa belladona plant.

रस वाष्पित होकर ठोस लसलसा हो जाता है तथा प्रायः रोचक (purgative) रूप में प्रयोग होता है।

कोकीन (Cocaine)—यह औषधि लाइनेसी कुल (family Linaceae) के **इरीथ्रोजाइलम कोका** (Erythroxylum coca) की पत्तियों से प्राप्त की जाती यह पौधा क्षुप (shrub) होता है जो पेरू (Peru) एवं बोलीविया (Bolivia) मूल निवासी है तथा दक्षिणी अमेरिका, जावा (Jawa), सिलोन (Ceylon) एवं में उगाया जाता है। भारतवर्ष में ये पौधे प्रमुख रूप से बम्बई, कलकत्ता, आदि में पाये जाते हैं। इन पौधों की पत्तियों में एल्कोलोयड (alkaloid), (Cocaine) होने के कारण ये तीक्ष्ण गन्ध वाली तथा कड़वी (bitter) ी है। यह प्रायः स्थानीय संवेदनाहरी (Local anaesthesia) उत्पन्न करने में होती है। यह डाक्टर की सलाह पर पाचन एवं तन्त्रिका तन्त्रों के लिए के रूप में भी प्रयोग की जाती है।

. तुलसी (Tulsi)

यह लेबीएटी कुल (family labiatae) के पौधे **ओसीमस सेन्कटम** (oci-



Fig. 36—Aloe.

mum sanctum) की पत्तियाँ होती हैं । यह पौधा पवित्र एवं औषधीय महत्व का हैं । यह पौधा शाकीय है तथा भारत के विभिन्न स्थानों पर बहुत अधिक वितरित है । इसकी पत्तियों में एल्केलोयड होते हैं जो मलेरिया में विशेष उपयोगी है । इनकी पत्तियों का रस नजला, जुकाम, कफ, खाँसी आदि के लिए भी अत्यन्त उपयोगी है ।

21. नीम (Neem)

मीलयेसी कुल (meliaceae family) वृक्ष एजाडीराकटा इन्डीका (Azadirachta indica) सामान्य रूप से नीम कहलाता है । ये पौधे भारतवर्ष में सामान्य रूप से पाये जाते हैं तथा इन पौधों का वहुत अधिक औषधीय महत्व है । इस पौधे के लगभग सभी भाग, फल, फूल, पत्तियाँ, स्तम्भ, छाल आदि का प्रयोग औषधियों में होता है । इस पौधे की पत्तियां कफोत्सारक (expectorant), वायुसारी (carminative) तथा कीटनाशी (insectidal) होती हैं । इनकी पत्तियों का रस विभिन्न त्वचीय रोगों में प्रयोग होता है । इसका प्रयोग कृमिहर (anthelmintic) की भाँति ही होता है ।

रतीय हैम्प अथवा भंग (Indian Hemp Vern. Bhang)—

यह केनाबीनेसी कुल (family cannabinaceae) के पौधे **केनाबिस स्टा-** annabis sativa) की पत्तियाँ होती हैं। इनकी पत्तियाँ प्रायः बहुत कम पानी के साथ पीसकर खाई जाती हैं। ये पौधे एकवर्षीय शाकीय होते हैं तरी भारत में सामान्य रूप से नम जलवायु में पाये जाते हैं। इनकी पत्तियों ेलोइडस पाये जाते हैं तथा ये पेचिस (dysentry) आदि में उपयोगी हैं। इन चरस (charras) एवं गाँजा (ganja) भी प्राप्त होता है जो औषधीय के साथ-साथ मादक भी है।

ना (Sena)—

एक प्राचीन एवं प्रमुख औषधि है जो लैग्यूमीनेसी कुल (family legumi- e) के पौधे **केशिया** (cassia) की विभिन्न जातियों में पत्रकों (leaflets) से की जाती है। ये दस्तावर (purgative) के रूप में प्रयोग होती है।

(v) पुष्पों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ
(Drugs obtained from flowers)

ेमोमाइल (Chamomile)—

यह औषधि कम्पोजीटी कुल (family compositae) के पौधे **मारट्रीकोरिया** **िला** (Marticoria chamomilla) एवं **एनथीमस नोबिलस** (anthemis is) के पुष्पक्रमों से प्राप्त होती है। यह शुष्क पुष्प एक आवश्यक तेल प्रदान है जिनका प्रयोग टानिक (tonic) एवं जठरीय उत्तेजक (gastric stimul-) के रूप में होता है। यह गठिया (rheumatism), खरोंच (bruises), मोच ains) में पुलटिस (poultice) के रूप में प्रयोग होती है।

ेनटोनिन (Santonin)—

यह एक महत्वपूर्ण औषधि है जो कम्पोजीटी कुल (family compositae) धे **अरटीमीसया साइना** (Artemisia cina) के बिना खुले पुष्पों से प्राप्त होती ह पौधा पश्चिमी एशिया का छोटा बहुवर्षीय अर्ध क्षुपीय (small semi bby perennial) पौधा है। यह औषधि अति कृमियों (intestinal worms) अत्यन्त उपयोगी है।

(vi) बीजों एवं फलों से प्राप्त होने वाली औषधियाँ
(Drugs obtained from fruits and seeds)

ोलोकिन्थ (Colocynth)—

यह कुकरबिटेसी कुल (Family Cucurbitaceae) के पौधे **सिट्रेलस कोलो-** (Citrullus colocynthis) से फलों के शुष्क पल्प से प्राप्त होती है। ये हुवर्षीय होते हैं तथा एशिया व अफ्रीका के उष्ण प्रदेशों के मूल निवासी हैं। लों के स्पंज पल्प में एक एल्केलोयड **कौलीकैन्थ** (colocynth) होता है। इसका कब्ज तोड़ने (In Constipation), ज्वर आदि में किया जाता है।

क्सा वमिका (Nux vomica)—

यह एक महत्वपूर्ण औषधि है जो लोगनेसी कुल (Family loganiaceae)

के पौधे स्ट्राइकोनस नक्स वोमिका (Strychonos nuxvomica) से प्राप्त होती है। ये पौधे भारत (दक्षिणी भारत, उड़ीसा, बंगाल एवं गोरखपुर), लंका (Ceylon), कोचीन, चीन व आस्ट्रेलिया के मूल निवासी हैं। इन पौधों के परिपक्व बीजों में स्ट्राइकीन (Strychine) एवं बुकीन (Bucine) नामक एल्केलोयडस (alkaloids) होते हैं। यह औषधि टॉनिक एवं उत्तेजक के रूप में प्रयोग होती है। इस औषधि का प्रयोग नाड़ी अनियमितता (Nervous disorder) एवं लकवे (Paralysis) में भी किया जाता है। यह औषधि विषैली (poisonous) होती है। अतः इसका उपयोग डाक्टर की सलाह पर ही किया जाना चाहिये।



A STRYCHNINE TWIG
(NUXVOMICA)

Fig. 37—Nuxvomica plants

28. पाइसीलियम (Psyllium) अथवा इसबगोल की भूसी (Isabgul ki Bhusi)—

यह प्लांटेजीनेसी (Plantaginaceae) कुल (family) के पौधे प्लांटेगो (Plantago) की विभिन्न जातियों (species) के बीज होते हैं। यह पौधा भारत में उगाया जाता है। इनके बीजों में स्वादहीन श्लेष्मयी पदार्थ होता है जो मृदु विरेचक (laxative) होता है। यह पेचिश (dysentry) तथा अमाशीय (gastric troubles) में भी उपयोगी है।

29. केस्टरायल (Castor oil vern. Arandi ka Tel)—

यह यूफोरबियेसी कुल (Family Euphorobiaceae) के पौधे रिसीनस कोम्यूनिस (Ricinus Communis) के बीजों से प्राप्त तेल है। यह एक बहुत अच्छी दस्तावर (Purgative) औषधि है। ये पौधे समस्त भारत में पाये जाते हैं।

30. क्रोटान तेल (Croton oil vern. Jamal gota)

यह तेल (जमाल घोटा) यूफोरबियेसी कुल (Family Euphorbiaceae) के पौधे क्रोटोन टिगलियम (Croton tiglium) के बीजों से प्राप्त होता है। ये पौधे छोटी झाड़ी अथवा वृक्षों के रूप में भारत में पाये जाते हैं। यह तेल एक बहुत तेज दस्तावर (Purgative) पदार्थ है। इसका प्रयोग गठिया (Rheumatism), लकवे (Paralysis), जोड़ों में दर्द आदि में भी उपयोगी है।

काली मिर्च (Black Pepper vern. Kali Mirch)

काली मिर्च पाइपरेसी कुल (family piperaceae) के पौधे पाइपर नाइग्रम iper nigrum) के बेरी फल होती है। ये तीक्ष्ण गन्ध वाली (aromatic)


LEAF
PENDULOUS DENSE SPIKE
PEPPERCORN
EMBRYO
EXOCARP + MESOCARP
ENDOCARP
TESTA
PERISPERM
ENDOSPERM
L. S. OF PEPPERCORN
FRUITING BRANCH OF PIPER NIGRUM

Fig. 38—Plant of Kali Mirch.

ाचक (digestive), वायुसारी (carminative) होती है। इसका प्रयोग औषधि प में कफ, नजला, खाँसी, सुजाक (gonorrhoea), मस्सों (piles) आदि में किया ाता है।

32. अफीम (Opium vern. Afeem)

यह पापावरेसी कुल (family papaverace) के पौधे पेपेवर सोमनीफेरम (Papaver somniferum) के फलों से प्राप्त की जाती है। अफीम पोस्त के पौधे (Poppy plant) के फलों के कच्चे फलों के शुष्क क्षीर (latex) से प्राप्त होती है। सको प्राप्त करने के लिये कच्चे फलों को महीन सुइयों द्वारा छिद्रित (incised) सके क्षीर (latex) निकालते हैं जो सख्त होकर अफीम में परिवर्तित हो जाता है।



A FLOWERING BRANCH (GARDEN POPPY)

Fig. 39—Opium plants.

इस अफीम में लगभग 25 एल्केलोयड (Alkaloids) होते हैं जिसमें से मोरफीन (Morphine), कोडियन (Codeine), नेक्रोटाइन (Nacrotine) आदि प्रमुख हैं। यह औषधि दर्द में आराम (to relieve pain) नींद लाने के लिए (to induce sleep) आदि में उपयोगी है। इसकी अधिक मात्रा का विषैला प्रभाव होता है।

पोस्त के पौधे (opium plants) एक वर्षीय बड़े पुष्पों वाले शाकीय पौधे हैं तथा इनको भारत, चीन व अन्य देशों में उगाया जाता है।

(vii) छाल से प्राप्त होने वाली औषधियाँ

(Drugs obtained from barks)

33 कुनेन (Quinine)

कुनेन एक प्रमुख भारतीय औषधि है, जो रुबियेसी कुल (Family Rubiaceae) के पौधे सिनकोना (*cinchona*) की विभिन्न जातियों (species) जैसे *C. Calisaya ledgeriana, C. officinalis, C. succirubra* आदि की छाल (Bark) से प्राप्त होती है।

सिनकोना की छाल (cinchona bark) भारतीयों को लगभग 1938 ई० से ज्ञात है जबकि इसका उपयोग पेरू के वायसराय (viceroy) की औरत (wife of the viceroy of Peru) के मलेरिया के उपचार के लिए किया गया था। ये पौधे दक्षिणी अमेरिका के मूल निवासी हैं तथा भारत, जावा व अन्य देशों में उगाये (cultivated) जाते हैं। भारत में ये पौधे दार्जिलिंग, आसाम की खाड़ी पहाड़ियों, उटकमण्ड, सिक्कम आदि में पाये जाते हैं। इन पौधों के लिए लगभग 60 से 70°F. तापमान व 100 से 150 इंच वर्षा की आवश्यकता होती है।

लगभग 12 वर्षीय पौधों की छाल से कुनेन तैयार की जाती है। कुनेन एक सफेद रंग का दानेदार, कडवा पदार्थ है जिससे लगभग 30 एल्केलोयडस (alkaloids) पाये जाते हैं। यह औषधि मलेरिया में सर्वाधिक उपयोगी है। यह टॉनिक के रूप में जीवाणुरोधक (antiseptic) के रूप में तथा ज्वर उपचार में भी प्रयोग होती है।

प्रश्न 67—सिनकोना पर टिप्पणी कीजिये। (*Rohelkhand 84*)

प्रश्न 68—निम्न किन पौधों से प्राप्त की जाती है। इसके उपयोग तथा के कुलों का विवरण भी दो :

(अ) कुनेन, (ब) कास्टरायल, (स) अफीम, (द) पेन्सीलीन।

From which plants the following are obtained. State their and name the families to which they belong :

- (a) **Quinine** (*Bundelkhand 85, Agra 80*)
- (b) **Castor oil** (*Gorakhpur 85*)
- (c) **Opium** (*Gorakhpur 85, Allahabad 83, Kanpur 82,* (*Rohelkhand 88, Bundelkhand 85*)
- (d) **Pencillin.** (*Agra 79*)
- (e) **वेलेडोना** (*Bundelkhand 87*)

Refer Q. 66

प्रश्न 69—किन्हीं तीन मुख्य औषधि प्रदान करने वाले पौधों के नाम एवं अंगों का वर्णन करो।

Name three plants which yield important drugs and mention parts from which they are obtained. (*Gorakhpur 79*)

प्रश्न 70—दो पौधों के नाम दीजिये जिनकी पत्ती तथा बीज से औषधि ती हो। उनके औषधिय गुणों का वर्णन करो। *Gorakhpur 83*)

Refer Q. 66

11

खाद्य पौधों का इतिहास, प्रकृति एवं महत्ता

(THE HISTORY, NATURE AND IMPORTANCE OF FOOD PLANTS)

प्रश्न 71—संक्षेप में खाद्य पौधों का इतिहास एवं महत्ता का वर्णन करो।

Describe briefly the history and Importance of Food Plants.

प्राचीन काल से ही मनुष्यों के लिए बहुत से खाद्य पादप उपलब्ध हो रहे हैं तथा मनुष्य सदैव ही पौधों पर खाद्य पदार्थों के लिए निर्भर रहा है। बहुत पुराने युगों में मनुष्य चलवासी अथवा खानाबदोश (nomad) था तथा वह एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूमकर खाने योग्य फलों, दानों, बीजों आदि को एकत्रित करते थे तथा इन्हें अस्थायी रूप से कम मात्रा में संग्रहित करते थे। इसके पश्चात् सभ्यता के धीरे-धीरे विकास के साथ-साथ उन्होंने लाभप्रद पौधों को उगाना प्रारम्भ कर दिया है।

खाद्य पौधे आज की भाँति ही प्राचीन कालों में मनुष्यों को ज्ञात थे। ए० डो० केन्डोले (Alphonse De Candolle) द्वारा 1883 में प्रकाशित "L" "origine desplant cultivees" से स्पष्ट होता है कि आज ज्ञात अधिकांश अन्न, तरकारी, फल, चाय आदि के पौधे मनुष्यों को अब से हजारों वर्ष पूर्व भी ज्ञात थे। डी केन्डोले (De Candolle) द्वारा उगाये जाने वाले पौधों के मूल निवास स्थान के विषय में कुछ नहीं बताया गया। यह सम्भव हो सकता है कि शायद ये पौधे जंगली पित्रों से उत्पन्न हुये हैं।

वेवीलो (Vavilow) ने 1926 में उगाये जाने वाले पौधों के उद्गम (origin) के विषय में कुछ प्रमुख कार्य प्रकाशित किया। इन्होंने इन पौधों की औतिकी (anatomy), आनुवंशिकी (genetics), कोशिका विज्ञान (cytology) वितरण (distribution) आदि गुणों पर विचार किया। वेवीलो (Vavilow) के अनुसार अधिकाँश उगाये जाने वाले पौधों का उद्गम (origin) बहुपद है। उदाहरण के लिए गेहूँ के कम से कम दो मुख्य वितरण केन्द्र हैं। मृदु गेहूँ दक्षिणी पश्चिमी एशिया से तथा दृढ़ गेहूँ मेडीटरेनियन प्रदेश (meditetranean region) से आया है। इसी प्रकार जो दक्षिणी पश्चिमी एशिया उत्तरी अफ्रीका व दक्षिणी पूर्वी एशिया से आया है कि ये मुख्य फसलों के साथ घासों के रूप में पायी जाती थीं। किसानो द्वारा ये नष्ट न की जा सकीं तथा कुछ प्रदेशों में ये घासें (weeds), प्रधान (dominent) हो गईं तथा बाद में भी उगाई जाने वाली फसल हो गई। उनका यह मत है कि प्राय: सभी उगाई जाने वाली फसलें पहाड़ी इलाकों में वितरित थीं। अब लगभग सिद्ध हो चुका है कि आर्थिक महत्व वाले सभी पौधों के निम्न मुख्य वितरण केन्द्र थे जहाँ से वे बाद में पूरे विश्व में वितरित हुए। ये मुख्य चार केन्द्र निम्न थे—

1. दक्षिणी पश्चिमी अथवा केन्द्रीय एशिया (The mountainous region India to Asia minor and transcaucasia).
2. मेडीटरेनियन प्रदेश (Mediterarnean region)
3. दक्षिणी पूर्वी एशिया (South Eastern Asia)
4. उष्ण अमेरिका का हाइलैंड (Highland of tropical America)

खाद्य पौधों की प्रकृति एवं महत्ता
(Nature and Importance of Food Plants)

जैसा कि हमें विदित है कि भोजन समस्त जीवित प्राणियों के जीवित रहने लिये अत्यन्त आवश्यक है तथा हम यह भी, जानते हैं कि वास्तव में हरे पौधे ने पदार्थों से खाद्य पदार्थों का निर्माण करते हैं। मनुष्य एवं जन्तु इन पौधों से र भोजन को ग्रहण करते हैं अर्थात् ये पौधों पर निर्भर है। हमें यह भी ज्ञात है पौधे आवश्यकता से अधिक भोजन का निर्माण करते हैं तथा इसे भविष्य के लिए भिन्न अंगों को संग्रहित रखते हैं। पौधों से प्राप्त शाकाहारी भोजन में आवश्यक त्रा में कार्बोहाइड्रेट्स, वसा, प्रोटीन, खनिज लवण, कार्बनिक अम्ल, विटामिन्स; ाइम आदि मिल जाते हैं।

पौधों में संग्रहित भोजन जड़, तनों, पत्तियों, फलों, बीज आदि में पाया जाता है। समस्त विश्व में पाये जाने वाले समस्त खाद्य पौधों की नामावली बनाना सम्भव हीं है। कई जातियाँ (उगाई हुई अथवा जंगली) कुछ ही निश्चित क्षेत्रों में प्रयोग ाई जाती हैं। अगले अध्ययन मे मुख्य खाद्य पौधों का धान्य (cereals), लेग्यूमस egumes), शाक (vegetables) एवं फलों के अन्तर्गत वर्णन किया गया है।

कुछ खाद्य पदार्थ निम्न पौधों शैवाल (algae), कवक (fungi) आदि से भी प्त होते हैं। **लेमेनेरिया** (laminaria), **पोरफायरा** (porphyra) आदि मुख्य द्य रूप में प्रयोग होने वाली शैवाल (algae) है। बहुत से पौधे जैसे साँप की तरी (agaricus), गुच्छी (morchella) आदि मुख्य खाने योग्य कवक (edible ungi) हैं।

12

सीरियल्स (धान्य)
[खाद्य ग्रेन]
(THE CEREALS]
[FOOD GRAINS]

प्रश्न 72—भारत के मुख्य धान्यों का वर्णन करो तथा संक्षेप में इनके उगाने की विधि समझाओ।

Discuss important cereals of India and state briefly the methods of cultivation.

Or

प्रश्न 73—अपने देश के खाद्य पदार्थ प्राप्त होने वाले पौधों पर एक निबन्ध लिखिये। (*Kanpur 78*)

अनाज (धान्य अथवा सीरियल) पौधों से प्राप्त होने वाला मनुष्यों के लिये मुख्य भोज्य पदार्थ है। सीरियल (cereal) शब्द रोमन द्वारा मनाये जाने वाले देवी सिरी (Goddess Ceres) के रोमन त्यौहार से प्राप्त हुआ। इस देवी की पूजा धान्य प्रदान (giver of grain) करने वाली देवी के रूप में होती थी। सभी अनाज (धान्य) कुल ग्रेमीनी (family gramineae) के अन्तर्गत आते हैं तथा इनमें विशिष्ट फल केरयोपसिस (characteristic fruit karyposis) पाया जाता है। वास्तविक धान्य (true cereals) गेहूं, जौं, चावल, मक्का, जई व राई हैं। इनमें से गेहूँ, चावल व मक्का सर्वाधिक प्रमुख हैं। कभी-कभी कुछ मोटे अनाज (millets) जैसे ज्वार (Sorghum), बाजरा आदि भी अनाज (cereals) के अन्तर्गत आते हैं। अनाजों (cereals) में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन की प्रतिशत मात्रा काफी अधिक होती है। इनमें कुछ मात्रा में वसा होती है।

मुख्य धान्य (Major Cereals)

(i) गेहूं (Wheat Vern. Gehun) [Triticum vulgare]

गेहूँ (Wheat) एक मुख्य अनाज है जो प्राय: ग्रेमीनी कुल (family gramineae) के पौधे **ट्रीटिकम वलगेयर (triticum vulgare)** से प्राप्त किया जाता है। यह अनाज लगभग 600 वर्षों से भी पूर्व समय से उगाया जाता रहा है। गेहूं के पौधे का मूल निवास स्थान संदेहात्मक है।

गेहूँ की प्राय: 8 किस्में होती हैं जो विभिन्न 8 जातियों (8 species) से प्राप्त की जाती हैं। ये निम्न प्रकार हैं—

रयलस (धान्य)

त का नाम me of species)	किस्म (Kind)	पित्र सूत्र संख्या (Chromosome number) [$2n=$]	उगाने वाले देश (Cultivating countries)
ीटिकम वलगेयर (Triticum vulgare)	सामान्य (common)	42	समस्त विश्व में
ीटिकम मोनोकोकम (Triticum monococum)	इनक्रोन (Eincron)	14	स्पेन में
ीटिकम डाइकोकम (Triticum dicoccum)	इमर (Emmer)	28	स्पेन, इटली में
ीटिकम स्पेलटा (Triticum spelta)	स्पेल्ट (Spelt)	42	यू० एस० ए०, स्पेन में
ीटिकम पायोनीकम (Triticum poionicum)	पालिश गेहूँ (Polish wheat)	28	पोलैन्ड में
ट्रीटिकम टरजीडियम (Triticum turgidium)	पोलरड गेहूं (Poulard wheat)	28	इंगलैंड में
ट्रीटिकम केम्पेक्टम (Triticum compactum)	क्लब गेहूं (Club wheat)	42	एबीसाइना (Abyssinia)
ट्रीटिकम ड्यूरम (Triticum durum)	ड्यूरम गेहूं (Durum wheat)	28	भारत, रूस, स्पेन में

गेहूं आज भी तथा प्राचीन कालों से ही मनुष्यों द्वारा मुख्य खाद्य पदार्थ के में प्रयोग किया जाता रहा है। भूगर्भीय (geological) प्रमाणों से स्पष्ट है यह लगभग 6000 वर्ष पूर्व से उगाया जा रहा है तथा यह सम्भवतः मेडीटरेनियन (mediterranean area) से उद्‌भित (originated) हुआ है।

गेहूं का पौधा एकवर्षीय शाकीय (annual herb) पौधा है यह एक महत्वपूर्ण पादप (valueless food plant) है तथा वितरण में बहुत ही अधिक व्यापक orld wide in distribution) है। ये पौधे मुख्य रूप से यूनाइटिड स्ट्रेट्स, रूस, नाडा, फ्रांस, पाकिस्तान, चीन, अर्जेन्टाइना, आस्ट्रेलिया तथा न्यूजीलैंड में उगाये ते हैं। भारतवर्ष में गेहूं का उत्पादन मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व पंजाब होता है।

गेहूं के पौधे मुख्य रूप से शीतोष्ण प्रदेशों की फसल है, जहाँ पर वर्षा गभग 20 इंच से कम होती है। ये पौधे 2 फीट से 5 फीट तक ऊँचे होते हैं तथा नके अग्र पर पुष्प विन्यास (inflorescence) स्पाइक (terminal spike) होता है था प्रत्येक में लगभग 15, 20 स्पाइकलेट (spikelets) उत्पन्न होते हैं। प्रत्येक दाना निर्माण होता है। गेहूं के परिपक्व दानों (mature graius) लगभग 6% ण (embryo), 80 से 86% स्टार्च युक्त भ्रूणपोष (starchy endosperm), से 4 प्रतिशत नाइट्रोजन युक्त एल्यूरोन स्तर (aleurone layer) तथा 8–9% सा (husk) होता है।



(A)

भारतवर्ष में गेहूँ की फसल शरद ऋतु में उगाई जाती है गेहूं की खेती के लिये क्ले व लोम भूमि अधिक उपयुक्त है। अक्टूबर, नवम्बर के महीने में खेत तैयार करके गेहूं के बीज बो दिये जाते हैं। शीघ्र ही इन बीजों का अंकुरण प्रारम्भ हो जाता है तथा लगभग 15 दिन में ही पत्तियाँ उत्पन्न होने लगती हैं। गेहूं की फसल मार्च, अप्रैल में एक (maturing) कर कटाई के लिये तैयार हो जाती है। फसल की कटाई दरांती अथवा कटाई मशीनों द्वारा की जाती है। मशीनों द्वारा अथवा साधनों से गेहूं के पौधे को एकत्रित करके इसके दाने प्राप्त करने के लिए इन्हें मशीनों अथवा बैलों द्वारा गहाया जाता है इसके पश्चात् इसको वायु द्वारा उड़ाकर अनाज गेहूं प्राप्त कर लिया जाता है। अब कुछ ऐसी मशीनें भी उपलब्ध हो गई है जिनमें कटाई, सफाई, गहराई तथा गेहूं प्राप्ति साथ ही साथ होती रहती है। इस प्रकार की मशीनें भारतवर्ष में भी उपलब्ध हैं। इस प्रकार गेहूं के पौधों से गेहूं के दाने पृथक् करके बोरों में भरकर बाजार में आ जाता है तथा भूसा शेष रह जाता है।

गेहूं के दानों का प्रयोग सामान्यतः आटे में परिवर्तित करके अथवा ऐसे ही होता है। गेहूं की रोटी का प्रयोग मनुष्यों द्वारा बहुत ही प्राचीन काल से होता आया है। बाइबीकल के समय में गेहूं तथा जौ के बने टुकड़े मुख्य आहार पदार्थ थे। सैन्ट जीरोम (St. Jerome) ने 338 A. D. में लिखा था "कि वह धनवान है


MAIZE
RICE
OATS

(B)

Fig. 40. A, B—Various cereal Plants.

जिसके पास गेहूं की रोटी की कमी नहीं है" (he is rich who does not want for bread)। कुछ रोटियाँ लगभग 4000 वर्ष पूर्व इजिप्टियन मन्दिर (Egyptian tomb) से भी प्राप्त हुई थीं।

गेहूं का सर्वाधिक उपयोग इसके आटे से रोटी निर्माण करना है जो कि मनुष्यों का सर्वप्रथम आहार है। इसके अतिरिक्त गेहूं के आटे से रोटी, रोल्स, बिस्कुट्स, पेस्ट्रीज आदि अन्य पदार्थ भी निर्माण किये जाते हैं। गेहूं का प्रयोग शराब तथा एल्कोहल निर्माण में भी होता है। गेहूं का भूसा भी काफी शक्तिशाली होता है इसका प्रयोग कुर्सी, गद्दियों में भरने में, टोप, टोकरियाँ निर्माण में होता है। भूसे का उपयोग पशुओं के चारे (fodder) के लिए भी किया जाता है।

भारतवर्ष में फसलों (crop plants) पर पर्याप्त मात्रा में पादप जनन का कार्य हुआ है। भारत में पादप जनन में कार्योन्नति के लिए भारत सरकार ने विभिन्न स्थानों पर कृषि अनुसंधान संस्थान (Indian Council of Agricultural Research) [I.C.A.R] के अन्तर्गत अनुसंधान प्रयोगशालायें स्थापित कीं। भारतवर्ष के कुछ प्रमुख पादप जनन अनुसंधान केन्द्र (plant breeding research centres) निम्न हैं।

1. भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान, नई दिल्ली।

   (Indian Agricultural Research Institute, New Delhi)
2. पोटेटो रिसर्च इन्स्टीट्यूट, शिमला।
3. सुगर केन ब्रीडिंग इन्स्टीट्यूट कोयम्बटूर (Coimbatore)।
4. पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना।
5. उत्तर प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पन्त नगर।

इन अनुसंधान केन्द्रों (research centres) व अन्य केन्द्रों पर कई सौ वैज्ञानिक कृषि उत्पादन (agriculture production) को बढ़ाने में व्यस्त हैं। जिससे कि देश खाद्य आवश्यकताओं के लिये आत्म निर्भर हो जाये। आज के युग में अन्न संकट को दूर करने का केवल यही एकमात्र उपाय है कि खाद्य पौधों की अधिक अन्न प्रदान करने वाली किस्में उत्पन्न की जायें तथा ये किस्में ठंड, रोग, कीट, शुष्कता आदि की रोधक हों।

भारत में पादप जनन कार्य ने काफी सफलता प्रदान की है तथा बहुत नई किस्में इच्छित गुणों वाली उत्पन्न हुई हैं। उदाहरण के लिये गेहूं की नई किस्में—लरमा रोजा (Lerma roja), सी० 306 (C. 306) पी० वी० 18 (P. V. 18), कल्याण 227 (Kalyan), सोनेरा 64 (Sonara 64) आदि हैं जिनके द्वारा उत्पादन पहली किस्मों से अधिक है इसी प्रकार की नई किस्में अन्य पौधों में प्राप्त की गई हैं।

इन नई अच्छी किस्मों का उत्पन्न होना ही केवल कृषि समस्याओं का समाधान नहीं है। पौधों की वातावरणीय परिस्थितियाँ, सिंचाई, खाद का प्रयोग आदि भी कृषि समस्या में काफी महत्वपूर्ण हैं।

भारत में गेहूं के पौधे पर किया गया मुख्य जनन कार्य

Main Plants Breeding work done on wheat plant of India)

गेहूं (wheat), [Triticum vulgare] सर्वाधिक सामान्य अनाज (food) है। यह कुल ग्रेमिनी (family graminae) का पौधा है तथा hexaploid

यह पौधा सुधार के लिए बहुत प्राचीन काल से ही विचारणीय रहा है। दप जनन का कार्य अधिक अनाज प्रदानता, अधिक बड़े आकार के दानों में मात्रा बढ़ाने, आटे की उत्तम रोटी बनाने के गुण विद्यमान करने हेतु, पौधों एवं शुष्कता प्रतिरोधक बनाने के लिया किया जाता है।

पंजाब व हरियाणा में C 591, C 273, C 281, C 286, C 518, की किस्में हैं। सन् 1964 में गेहूं की नई किस्म C 306 उपन्न की तका अन्न प्रदान करने का गुण सभी अन्य पुरानी किस्मों (varieties) से था।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली (I.A.R.I. New Delhi) में N.P. 125, N.P. 166, मध्य प्रदेश के A.O. 68, A.O. 90, 115, गेहूं महाराष्ट्र की Bansi 974, जय (Jay), विजय (Vijay), D. 4 किस्में भारतीय किस्में रहीं हैं।

पिछले कुल वर्षों में गेहूं की नई किस्में मेक्सीकन बौने गेहूं (Mexicon wheat) के साथ जनन कार्य कर प्राप्त की गई। कुछ आधुनिक एवं प्रमुख नई किस्में निम्न हैं—

रमा रोजा (Lerma Roja)

यह मैक्सीकन (Mexicon) गेहूं की अर्ध बौनी (semi dwarf) जाति है एक जीन बौनेपन के लिए होता है। यह किस्म बहुत अधिक गेहूं प्रदान तथा रस्ट प्रतिरोधक होती है। इसके दाने छोटे तथा लाल रंग के होते हैं।

सोनेरा 64 (Sonara 64)

